भारतीय ज्ञानपीठ काशी

स्व० पुण्यश्लोका माता मूर्तिदेवी की पवित्र स्मृतिमें
तत्सुपुत्र सेठ शान्तिप्रसादजी द्वारा

संस्थापित

ज्ञानपीठ मूर्तिदेवी जैन ग्रन्थमाला

इस ग्रन्थमालामें प्राकृत, संस्कृत, अपभ्रंश, हिन्दी, कन्नड, तामिल आदि प्राचीन भाषाओंमें उपलब्ध आगमिक, दार्शनिक, पौराणिक, साहित्यिक और ऐतिहासिक आदि विविध-विषयक जैन साहित्यका अनुसन्धानपूर्ण सम्पादन होकर मूल और यथासंभव अनुवाद आदिके साथ प्रकाशन होगा। जैन भण्डारोंकी सूचियाँ, शिलालेख-संग्रह, विशिष्ट विद्वानोंके अध्ययन-ग्रन्थ और लोकहितकारी जैन-साहित्य ग्रन्थ भी इसी ग्रन्थमाला में प्रकाशित होंगे।

ग्रन्थमाला सम्पादक—[प्राकृत और संस्कृत विभाग]

डॉ० हीरालाल जैन, एम० ए०, डी० लिट्०, नागपुर
डॉ० आदिनाथ उपाध्याय, एम० ए०, डी० लिट्०, कोल्हापुर

प्राकृत ग्रन्थांक ४

प्रकाशक—
अयोध्याप्रसाद गोयलीय,
मन्त्री, भारतीय ज्ञानपीठ
दुर्गाकुण्ड रोड, बनारस

मुद्रक—देवताप्रसाद गहमरी, संसार प्रेस, काशीपुरा, बनारस

स्थापनाब्द
फाल्गुण कृष्ण ९
वीर नि० २४७०

विक्रम सं० २०००
१८ फरवरी १९४४

भारतीय ज्ञानपीठ, काशी

स्वर्गीय मूर्तिदेवी, मातेश्वरी सेठ शान्तिप्रसाद जैन

JÑANA-PĪTHA MŪRTIDEVI JAINA GRANTHAMĀLĀ
PRAKRIT GRANTHA No. 4

MAHABANDHO

[MAHADHAVAL SIDDHANTA SHASTRA]

2. Bidio Tthidi bandhahiyaro

Vol. II

STHITI BANDHADHIKARA

WITH

HINDI TRANSLATION

Editor
Pandit PHOOL CHANDRAJI
Siddhant Shastry.

Published by
Bhāratīya Jnānapītha Kāshi

First Edition
1000 Copies.

MAGHA, VIR SAMVAT 2479
VIKRAMA SAMVAT 2009
FEBRUARY, 1953,

Price
Rs. 11/-

BHĀRATĪYA JÑĀNA-PĪTHA KĀSHI

Founded by

SETH SHANTI PRASAD JAIN

IN MEMORY OF HIS LATE BENEVOLENT MOTHER

SHRĪ MŪRTI DEVĪ

JÑĀNA-PĪTHA MŪRTI DEVĪ JAIN GRANTHAMĀLĀ

IN THIS GRANTHAMALA CRITICALLY EDITED, JAIN AGAMIC, PHILOSOPHICAL PAURANIC, LITERARY, HISTORICAL AND OTHER ORIGINAL TEXTS AVAILABLE IN PRAKRIT, SANSKRIT, APABHRANSA, HINDI, KANNADA & TAMIL ETC., WILL BE PUBLISHED IN THEIR RESPECTIVE LANGUAGES WITH THEIR TRANSLATIONS IN MODERN LANGUAGES

AND

CATALOGUES OF JAIN BHANDARAS, INSCRIPTIONS, STUDIES OF COMPETENT SCHOLARS & JAIN LITERATURE OF POPULAR INTEREST WILL ALSO BE PUBLISHED.

General Editors of the Prakrit and Samskrit Section

Dr. HIRALAL JAIN, M. A., D. Litt.
Dr. A. N. UPADHYA, M. A., D. Litt.

PRAKRIT GRANTHA No. 4

PUBLISHER

AYODHYA PRASAD GOYALIYA
SECY., BHĀRATĪYA JÑĀNAPĪTHA,
DURGAKUND ROAD, BANARAS.

Founded in Falguna Krishna 9, Vira Sam. 2470

Vikrama Samvat 2000
18th Feb. 1944

प्रास्ताविक

जब आजसे लगभग छह वर्ष पूर्व महाबन्धका प्रथम खण्ड प्रकाशित हुआ था, तब आशा यह की जाती थी कि इस परमागमके शेष खण्ड भी जल्दी-जल्दी अनुक्रमसे पाठकोंके हाथोंमें दिये जा सकेंगे। किन्तु इस प्रकाशनके लिए ज्ञानपीठकी बड़ी तत्परता और उत्साह होते हुए भी सम्पादन सम्बन्धी कठिनाईके कारण वर्षपर वर्ष निकलते चले गये, पर द्वितीय खण्डकी सामग्री संस्थाके पास न पहुंच सकी। अन्ततः प्रथम खण्डके सम्पादकसे सर्वथा निराश होकर तथा अधिक विलम्ब करना अनुचित समझकर अन्य सम्पादककी व्यवस्था अनिवार्य हो गई।

इस खण्डके सम्पादक पं० फूलचन्द जी शास्त्रीसे विद्वत्समाज भलीभांति परिचित है। धवल सिद्धान्त के सम्पादन व प्रकाशन कार्यमें उनका बड़ा सहयोग रहा है, और अब पुनः सहयोग मिल रहा है। उन्होंने इस खण्डके सम्पादनका कार्य सहर्ष स्वीकार किया और आशातीत स्वल्पकालमें ही—केवल कुछ मासोंमें ही—इतना सम्पादन और अनुवाद करके सिद्धान्तोद्धारके पुण्यकार्यमें उत्तम योग-दान दिया है। इस कार्यके लिए ग्रंथमालाकी ओरसे हम उन्हें हार्दिक धन्यवाद देते हैं, और आशा करते हैं कि वे ऐसी ही लगनके साथ शेष खण्डोंका भी सम्पादन कर इस महान् साहित्यिक निधिको शीघ्र सर्वसुलभ बनानेमें सहायक होनेका पुण्य प्राप्त करेंगे। कार्य वेगसे किये जानेपर भी, सिद्धहस्त होनेके कारण, पण्डित जीके सम्पादन व अनुवाद कार्यसे हमें बड़ा सन्तोष हुआ है, और भरोसा है कि पाठक भी इससे सन्तुष्ट होंगे।

यहां हम ज्ञानपीठके संस्थापक श्री शान्तिप्रसाद जी तथा संस्थाके मन्त्री श्री अयोध्याप्रसाद जी गोयलीयकी प्रशंसा किये बिना नहीं रह सकते। एक तो उन्होंने विपत्तियों और विघ्नबाधाओंके कारण कभी अपने उत्साहको मन्द नहीं होने दिया और न क्षोभ उद्वेगको स्थान दिया। और दूसरे वे प्राचीन जैन सिद्धान्त सम्बन्धी साहित्यके प्रकाशनमें किसी व्यावसायिक लेखे-जोखेसे आशङ्कित नहीं होते। प्रत्युत उनकी भावना है कि जितना हो सके, जितनी उत्तम रीतिसे हो सके और जितने जल्दी हो सके, उतना जैन साहित्यका प्रकाशन किया जाय। हमें विश्वास है कि साहित्यिक विद्वान् उनकी इस उत्तम भावनासे लाभ उठावेंगे और इस संस्था को उपयोगी ग्रंथ अति सुन्दर ढंगसे विद्वत्संसारके सम्मुख उपस्थित करनेमें सहायता प्रदान करेंगे।

—हीरालाल जैन

—आदिनाथ नेमिनाथ उपाध्याय

ग्रन्थमाला सम्पादक

गिरिनगरकी चन्द्रगुफा

लेखक—डा० हीरालाल जैन

षट्खंडागमकी टीका धवलाके रचयिता वीरसेनाचार्यने कहा है कि समस्त सिद्धान्तके एक-देशज्ञाता धरसेनाचार्य थे जो सोरठ देशके गिरिनगरकी चन्द्रगुफामें ध्यान करते थे [षट्खंडागम, भाग १ पृ० ६७] उन्हें सिद्धान्तके संरक्षणकी चिन्ता हुई। अतः महिमानगरीके तत्कालवर्ती मुनिसम्मेलनको पत्र लिखकर उन्होंने वहाँसे दो मुनियोंको बुलाया और उन्हें सिद्धान्त सिखाया। ये ही दो मुनि पुष्पदन्त और भूतबलि नामोंसे प्रसिद्ध हुए और इन्होंने वह समस्त सिद्धान्त षट्खंडागमके सूत्ररूपमें लिपि-बद्ध किया।

इस उल्लेखसे यह तो सुस्पष्ट हो जाता है कि धरसेनाचार्य सौराष्ट्र (काठियावाड-गुजरात) के निवासी थे और गिरिनगरमें रहते थे। यह गिरिनगर आधुनिक गिरनार है जो प्राचीन कालमें सौराष्ट्रकी राजधानी था। यहाँ मौर्य क्षत्रप और गुप्तकालके सुप्रसिद्ध शिलालेख पाये गये हैं। बाईसवें तीर्थंकर नेमिनाथने भी यहाँ तपस्या की थी, जिससे यह स्थान जैनियोंका एक बड़ा तीर्थक्षेत्र है। आधुनिक कालमें नगरका नाम तो जूनागढ़ हो गया है और प्राचीन नाम गिरनार उसी समीपवर्ती पहाड़ीका रख दिया गया जो पहले ऊर्जयन्त पर्वतके नामसे प्रसिद्ध थी। अब प्रश्न यह है कि क्या इस इतिहास-प्रसिद्ध नगरमें उस चन्द्रगुफाका पता लग सकता है जहाँ धरसेनाचार्य ध्यान करते थे, और जहाँ उनके श्रुतज्ञानका पारायण पुष्पदन्त और भूतबलि आचार्योंको कराया गया था?

खोज करनेसे पता चलता है कि जूनागढ़में बहुत-सी प्राचीन गुफाएँ हैं। एक गुफासमूह नगरके पूर्वीय भागमें आधुनिक 'बावा प्यारा मठ' के समीप है। इन गुफाओंका अध्ययन और वर्णन बर्जेज साहबने किया है। उन्हें इन गुफाओंमें ईसवी पूर्व पहली दूसरी शताब्दि तकके चिह्न मिले हैं। ये गुफाएँ तीन पंक्तियोंमें स्थित हैं। प्रथम गुफापंक्ति उत्तरकी ओर दक्षिणाभिमुख है। इसीके पूर्वभागसे दूसरी गुफापंक्ति प्रारंभ होकर दक्षिणकी ओर गई है। यहाँकी चैत्य-गुफाकी छत अति प्राचीन प्रणालीकी समतल है और उसके आजू-बाजू उत्तर और पूर्व कोनोंमें अन्य सीधी सादी गुफाएँ हैं। इस गुफापंक्तिके पीछेसे तीसरी गुफापंक्ति प्रारम्भ होकर पश्चिमोत्तरकी ओर फैली है। यहाँकी छठवीं गुफा (F) के पार्श्वभागमें अर्धचन्द्राकार विविक्त स्थान (2PSE) है, जैसा कि ईस्वी पूर्व प्रथम–द्वितीय शताब्दिकी भाजा, कार्ली, बेदसा व नासिककी बौद्ध गुफाओं में पाया जाता है। अन्य गुफाएँ बहुतायतसे सम चौकौन या आयत चौकोन हैं और उनमें कोई मूर्तियाँ व सजावट नहीं पाई जाती। कुछ बड़ी-बड़ी शालाएँ भी हैं, जिनमें बरामदे भी हैं। ये सब गुफाएँ अत्यन्त प्राचीन वास्तुकलाके अध्ययनके लिए बहुत उपयोगी हैं। (Burgess : Antiquities of Kutchh and Kathiawar, 1874—75, P. 139 ff.) ये सब गुफाएँ उनके निर्माण कालकी अपेक्षा मुख्यतः दो भागोंमें विभक्त की जा सकती हैं—एक तो वे चैत्यगुफाएँ और तत्सम्बन्धी सादी कोठरियाँ जो उन्हें बौद्धोंकी प्रतीत होती हैं और जिनका काल ईस्वी पूर्व दूसरी शताब्दि अनुमान किया जा सकता है जब कि प्रथमवार बौद्धभिक्षु गुजरातमें पहुँचे। दूसरे भागमें वे गुफाएँ व शालागृह हैं जो प्रथम भागकी गुफाओंसे कुछ उन्नत शैलीकी बनी हुई हैं, तथा जिनमें जैन चिह्न पाये जाते हैं। ये ईस्वीकी दूसरी शताब्दि अर्थात् क्षत्रप राजाओंके कालकी अनुमान की जाती हैं। यहाँ हमारे लिए उन्हीं दूसरे भागकी गुफाओंकी ओर ध्यान देना है जिनमें जैन चिह्न पाये जाते हैं।

इनमेंकी एक गुफा (K) में स्वस्तिक, भद्रासन, नंदीपद, मीनयुगल और कलशके चिह्न खुदे हुए हैं। ऐसे ही चिह्न मथुराके जैनस्तूपकी खुदाईसे प्राप्त आयागपटों पर पाये गये हैं। (Smith : Jain Stupa (Arch. Survey of India XX, Pt. XI) यही नहीं, वहाँसे एक शिलालेख भी प्राप्त हुआ है, जिसमें क्षत्रप राजाओंके अतिरिक्त 'केवली' या केवलज्ञानका उल्लेख है। इस परसे उसके जैनत्वमें कोई संशय ही नहीं रहता। दुर्भाग्यतः इस अत्यन्त महत्त्वपूर्ण शिलालेखकी दुर्दशाकी बड़ी करुण कहानी है। उक्त गुफाके सम्मुख सन् १८७६ से पूर्व कुछ खुदाई हुई थी; उसीमें वह शिलापट्ट हाथ लगा। निकालनेमें ही उसका एक हिस्सा टूट गया। फिर उसे उठाकर कोई शहरके भीतर राजमहलमें ले गया और इसी समय उसके एक ओर कोनेको भारी क्षति पहुंची। जब बर्जेस साहब उसका फोटो लेने गये तब उसका पता लगना ही कठिन हो गया। अन्ततः वह महलके सामने गोल बरामदेमें एक जगह पड़ा हुआ मिला। (Arch : Survey of Western India. Vol. II P. 140.) फिर वह कुछ कालतक जूनागढ़ दरबारके छापखानेमें पड़ा रहा। तत्पश्चात् किसी और एक विपत्तिमें पड़कर उसके दो टुकड़े हो गये और इस हालतमें अब वह वहाँके अजायबघरमें सुरक्षित है।

वह शिलापट्ट दो फुट लम्बा चौड़ा और आठ इन्च मोटा है। इसके एक पृष्ठभागपर चार पंक्तियों-का लेख है जो १ फुट ६ इंच चौड़ी और ६ इंच ऊँची जगहमें है। एक-एक अक्षर लगभग आधा इंच बड़ा है। लेखको क्षति बहुत पहुँची है। बीचकी दो पंक्तियाँ कुछ सुरक्षित हैं, किन्तु प्रथम और चतुर्थ पंक्तिका बहुत-सा भाग अस्पष्ट हो गया है और पढ़नेमें नहीं आता। फिर एक ओरसे जो शिलापट्ट टूट गया है उसके साथ इन पंक्तियोंका कितना हिस्सा खो गया वह निश्चयतः नहीं कहा जा सकता। बुल्हर साहबके मतसे दूसरी और चौथी पंक्तियाँ प्रायः पूरी हैं, केवल कोई दो अक्षरोंकी ही कमी है। किन्तु यह अनुमान ही है, निश्चित नहीं। उसी कालके अन्य शिलालेखों परसे निश्चयतः तो इतना ही कहा जा सकता है कि दूसरी और तीसरी पंक्तियोंमें जयदामन् नरेशके पुत्र और पौत्रके नामोल्लेख तथा लेखके वर्षका उल्लेख, सम्भवतः अंकों और शब्दोंमें दोनों प्रकारसे अवश्य रहा होगा। लेखकी लिपि निश्चयतः क्षत्रपकालकी है। लेख टूटा हुआ होनेसे उसका प्रयोजन स्पष्टतः ज्ञात नहीं होता। किन्तु जितना कुछ लेख बचा है उससे इतना तो स्पष्ट हो जाता है कि उसका संबंध जैनधर्मकी किसी घटनासे है। उसमें 'देवासुरनागयक्षराक्षस' 'केवलि-ज्ञान' 'जरामरण' जैसे शब्द स्खलित पड़े हुए हैं, जिनसे अनुमान होता है कि उसमें किसी बड़े ज्ञानी और संयमी जैनमुनिके शरीरत्यागका उल्लेख रहा हो और उस अवसरपर देव, असुर, नाग, यक्ष और राक्षसोंने उत्सव मनाया हो। यह घटना 'गिरिनगर' (गिरनार) में ही हुई थी, इसका लेखमें स्पष्ट उल्लेख है। घटनाका काल चैत्र शुक्ल पंचमी दिया है, पर वर्षका उल्लेख टूट गया है। जिस राजाके राज्यकालमें यह घटना हुई थी उस राजाका नाम भी टूट गया है। पर इतना तो स्पष्ट है कि वह राजा क्षत्रपवंशके चष्टनका प्रपौत्र व जयदामनका पौत्र था। इस वंशके अन्य शिलालेखों व सिक्कोंपरसे क्षत्रपवंशकी प्रस्तुतोपयोगी निम्न परम्पराका पता चल चुका है—

अतएव यह अनुमान किया जा सकता है कि उक्त लेखमें चष्टनके प्रपौत्र और जयदामन्के पौत्रसे रुद्रदामन्के पुत्र दामदजश्री या रुद्रसिंहका ही अभिप्राय होगा। चष्टनका उल्लेख यूनानी लेखक टालेमीने अपने ग्रंथमें किया है। यह ग्रन्थ सन् १३० ईस्वी (शक ५२) के लगभग लिखा गया था। रुद्रदामन्के समयके सुप्रसिद्ध लेखमें शक ७२ (सन् १५०) का उल्लेख है। रुद्रसिंहके शिलालेख व सिक्कोंपर शक १०२ से ११० व ११३ से ११८-११९ तकके उल्लेख मिले हैं। शक संवत् १०३ का लेख अनेक बातोंमें प्रस्तुत लेखके समान होनेसे हमारे लिए बहुत उपयोगी है। जीवदामन्के शक ११६ से १२० तकके सिक्के मिले हैं। क्षत्रप राजाओंके राज्यकालकी सीमाएँ अभी बहुत कुछ गड़बड़ीमें हैं। इन राजाओंमें यह भी प्रथा थी कि राज्यपरम्परा एक भाईके पश्चात् उससे छोटे भाईकी ओर चलती थी और जब सब जीवित भाइयोंका राज्य समाप्त हो जाय तब नई पीढ़ीकी ओर जाती थी। इससे भी क्रमनिश्चयमें कुछ कठिनाई पड़ती है। तथापि पूर्वोक्त निश्चित उल्लेखोंपरसे हमें प्रस्तुतोपयोगी इतनी बात तो विदित हो जाती है कि उक्त लेख दामदजश्री या रुद्रसिंहके समयका है और इनका समय शक ७२से११९ अर्थात् सन् १५० से १९७ ई० तकके ४७ वर्षोंके भीतर ही पड़ता है। रुद्रसिंहके शक १०३ के गुंड नामक स्थानसे प्राप्त लेखको देखनेसे अनुमान होता है कि प्रस्तुत लेख भी उन्हींके समयका और उक्त वर्षके आसपासका हो तो आश्चर्य नहीं। अतः प्रस्तुत लेखका काल लगभग शक १०३ (सन् १८१) अनुमान किया जा सकता है।

हम षट्खंडागमके प्रथम भागकी प्रस्तावनामें षट्खंडागमके विषयके ज्ञाता धरसेनाचार्यके विषयमें बता आये हैं कि उन्होंने गिरिनगरकी चन्द्रगुफामें रहते हुए पुष्पदन्त और भूतबलिको सिद्धान्त पढ़ाया था। जैन पट्टावलियों आदि परसे उनके कालका भी विचार करके हम इस निर्णयपर पहुँचे थे कि उक्त ग्रन्थकी रचना शक ९ (सन् ८७) के पश्चात् हुई थी। अब हम जब गिरिनगरकी उक्त गुफाओं और वहाँके उक्त शिलालेखपर विचार करते हैं तो अनुमान होता है कि सम्भवतः जूनागढ़की ये ही 'बाबा प्यारा मठ' के पासकी प्राचीन जैन गुफाएँ धरसेनाचार्यका निवासस्थल रही हैं। क्षेत्र वही है, काल भी वही पड़ता है। धरसेनकी गुफाका नाम चन्द्रगुफा था। यहाँकी एक गुफाका पिछला हिस्सा—चैत्यस्थान-चन्द्राकार है। आश्चर्य नहीं जो इसी कारण वही गुफा चन्द्रगुफा कहलाती रही हो। आश्चर्य नहीं जो उपर्युक्त शिलालेख उन्हीं धरसेनाचार्य की स्मृतिमें ही अंकित किया गया हो। लेखमें ज्ञानका उल्लेख ध्यान देने योग्य है। यदि यह लेख पूरा मिल गया होता तो जैन इतिहासकी एक बड़ी भारी घटनापर अच्छा प्रकाश पड़ जाता। इस शिलालेखकी दुर्दशा इस बातका प्रमाण है कि हमारे प्राचीन इतिहासकी सामग्री किस प्रकार आज भी नष्ट-भ्रष्ट हो रही है।

यह लेख सर्वप्रथम सन् १८७६ में डा० बुल्हर द्वारा सम्पादित किया गया था और फोटोग्राफर तथा अंग्रेजी अनुवाद सहित Archaeological Survey of Western India Vol. II में पृष्ठ १४० आदि पर छपा था। यही फिर कुछ साधारण सुधारोंके साथ सन् १८९५ में स्याहीके ठप्पेकी प्रतिलिपि व अनुवाद सहित 'भावनगरके प्राकृत और संस्कृतके शिलालेख' के पृ० १७ आदिपर छपा। रैपसन साहबने अपने Catalogue of coins of the Andhra Dynasty etc; P. L. XI, No. 40 में इस लेखका संक्षिप्त परिचय दिया है तथा प्रो० लूडर्सने अपनी List of Brahmi Inscriptions में नं० ९६६ पर इस लेखका संक्षिप्त परिचय दिया है। यह लिस्ट एपीग्राफीआ इंडिका, भाग १० सन् १९१२ के परिशिष्टमें प्रकाशित हुई है। इस लेखका अन्तिम सम्पादन व अनुवादादि राखालदास बनर्जी और विष्णु एस०सुखतंकर ने किया है जो एपीग्राफिया इंडिका भाग १६, के पृ० २३९ आदिपर छपा है। और इसीके आधारसे हमने उसका पाठ लिखा है। उक्त गुफाओंका सर्वप्रथम वर्णन बर्जेज साहबने किया है, जो उनकी Antiquities of Kutchh and Kathiawar (1874—75) के पृष्ठ १३९ आदि पर छपा है। उनका परिचय हाल हीमें श्रीयुत एच० डी० सांकलियाने अपनी 'The Archaeology of Gujrat' (Bombay 1941) नामक पुस्तकमें कराया है।

प्राप्त लेख इस प्रकार है—

(पं० १)······स्तथा सुरगण [ा] [क्षत्रा] णां प्रथ [म]······

(पं० २)······चाष्टनस्य प्र [पौ] त्रस्य राज्ञः क्ष [त्रप] स्य स्वामिजयदामपे [ौ] त्रस्य राज्ञो म [हा]······

(पं० ३)······[चै] त्रशुक्लस्य दिवसे पंचमे ५ इ [ह] गिरिनगरे देवासुरनागय [क्ष] राक्षसे······

(पं० ४)······थ [पु] रमिव······केवलि [ज्ञा] न सं······नां जरामरण (I)

अनुवाद

······तथा सुरगण······क्षत्रियोंमें प्रथम······चष्टनके प्रपौत्रके, राजा क्षत्रप स्वामी जयदामके पौत्रके, राजा महा······चैत्र शुक्लकी पंचमीको ५ यहां गिरिनगरमें देवासुरनागयक्षराक्षस······पुरके समान······केवलिज्ञान सं०······के जरामरण··········

इस लेखकी राजवंशावलि आदिको समझने तथा लेखकी गति-विधिका कुछ आभास देनेके लिए हम चष्टनके प्रपौत्र, जयदामके पौत्र रुद्रदामके पुत्र स्वामी रुद्रसिंहके उस लेखको भी यहां उद्धृत कर देना उचित समझते हैं जो ठीक इसी लिपिमें लिखा हुआ गुण्ड नामक स्थानसे प्राप्त हुआ है, जो अपने रूपमें पूरा है और जिसमें १०३ वीं वर्षका स्पष्ट उल्लेख है—

गुण्डका शिलालेख

(पं० १) सिद्धं । राजो महक्षत्र [प] स्य स्वामिचष्टनपौत्रस्य राज्ञो क्षत्रपस्य स्वामिजयदाम पौत्रस्य

(पं० २) राज्ञो महक्षत्रपस्य स्वामिरुद्रदामपुत्रस्य राज्ञो क्षत्रपस्य स्वामिरुद्र—

(पं० ३) सीहस्य [व] र्षे [त्र] युत्तरशते १००३ वैशाखशुद्धे पंचमिधसतिथौ रो [हि] णि नक्ष—

(पं० ४) त्र मुहूर्ते आभीरेण सेनापतिबापकस्य पुत्रेण सेनापतिरुद्रभूतिना ग्रामेरसो—

(पं० ५) [प] द्रिये वा [पी] [ख] नि [तो] [बद्ध] । पितश्च सर्वसत्वानां हित-सुखार्थमिति ।

अनुवाद

सिद्धं । राजा महाक्षत्रप स्वामिन्चष्टनके, प्रपौत्र, राजा क्षत्रपस्वामी जयदामके पौत्र, राजा महाक्षत्रपस्वामी रुद्रदामके पुत्र, राजा क्षत्रपस्वामी रुद्रसिंहके वर्ष एक सौ तीन वैशाख शुद्ध पंचमी तिथिके रोहिणी नक्षत्रके मुहूर्तमें आभीर सेनापति बापकके पुत्र सेनापति रुद्रभूमिने ग्राम रसोपद्रियमें वापी खुदवाई और बंधवाई सब जीवोंके हित और सुखके लिए। इति ।

———

सम्पादकीय

अङ्गों और पूर्वोंके एकदेश ज्ञाता और सोरठ देशके गिरिनगरकी चन्द्रगुफामें निवास करनेवाले प्रातः स्मरणीय आचार्य धरसेनके प्रमुख शिष्य आचार्य पुष्पदन्त और भूतबलिने मिलकर जिस षट्खण्डागमकी रचना की है उसका महाबन्ध यह अन्तिम खण्ड है। इसके मुख्य अधिकार चार हैं—प्रकृतिबन्ध, स्थितिबन्ध, अनुभागबन्ध और प्रदेशबन्ध। इनमेंसे प्रकृतिबन्धका सम्पादन और अनुवाद कार्य श्री पं० सुमेरचन्द जी दिवाकर [शास्त्री, न्यायतीर्थ, बी० ए० एल-एल० बी०] ने अपने सहयोगी पं० परमानन्द जी साहित्याचार्य और पं० कुन्दनलाल जी न्यायतीर्थ सिवनीके साथ मिलकर किया था। इसे भारतीय ज्ञानपीठसे प्रकाशित हुए लगभग पाँच वर्षसे ऊपर हो गए हैं।

यह स्थितिबन्ध नामक दूसरा अधिकार है। प्रकृतिबन्धकी अपेक्षा शेष तीनों अधिकार परिमाणमें दूने-दूने हैं, इसलिए इस भागमें मूलप्रकृतिस्थितिबन्ध और उत्तरप्रकृतिस्थितिबन्धका एक जीवकी अपेक्षा अन्तरानुगम तकका भाग ही सम्मिलित किया गया है।

हस्तलिखित प्रतिका परिचय—

इसका सम्पादन और अनुवाद कार्य करते समय हमें महाबन्धकी केवल एक प्रति ही उपलब्ध रही है। यह प्रति मेरे जयधवला कार्यालयमें कार्य करते समय श्री अखिल भारतवर्षीय दि० जैन संघके साहित्य मंत्री श्री पं० कैलाशचन्द्र जी शास्त्रीने मूडबिद्रीसे प्रतिलिपि करा कर बुलाई थी। भारतीय ज्ञानपीठकी प्रबन्धसमिति और उसके सुयोग्य मन्त्री श्री० पं० अयोध्याप्रसादजी गोयलीयने जब यह निश्चय किया कि महाबन्धके आगेके भागोंका सम्पादन और अनुवाद कार्य मुझसे कराया जाय तब जयधवला कार्यालयसे इस प्रतिको प्राप्त करनेके लिए प्रयत्न किया गया। यद्यपि ऐसे अवसरों पर दूसरे बन्धु किसी ग्रन्थकी प्रति आदि देनेमें अनेक अड़चनें उपस्थित करते हैं। वे प्रबन्धके नाम पर उसके स्वामी बनने तकका प्रयत्न करते हैं। किन्तु इसे प्राप्त करनेमें ऐसी कोई अड़चन नहीं हुई। श्रीमान् पं० कैलाशचन्द्र शास्त्रीजीको इस बातके विदित होनेपर उन्होंने तत्काल इस प्रतिको प्रतिलिपिका लागतमात्र दिलवाकर ज्ञानपीठको सौंप दिया। वही यह प्रति है जिसके आधारसे महाबन्धका आगेका सम्पादन और अनुवाद कार्य हो रहा है। यह प्रति श्री. पं० वर्धमान पार्श्वनाथजी शास्त्रीके ज्येष्ठ बन्धु स्व० श्री पं० लोकनाथजी शास्त्रीने ताडपत्रीय प्रतिके आधारसे प्रतिलिपि करके भेजी थी। प्रति फुलस्केप साईजके कागजों पर एक ओर हाँसिया छोड़कर की गई है। अक्षर सुन्दर और अन्तरसे लिखे हुए होनेसे प्रेसकापीके रूपमें इसीका उपयोग हुआ है।

पाठान्तर—

श्री पं० सुमेरचन्द्रजी दिवाकरके पास जो प्रति है वह भी मूडबिद्रीकी ताडपत्रीय प्रतिके आधारसे की गई है और यह प्रति भी वहींसे लिपिबद्ध होकर आई है। ऐसी अवस्थामें इन दोनों प्रतियोंमें लेखकके प्रमादसे छूटे हुए या दुहराकर लिखे गये कुछ स्थलोंको छोड़कर पाठान्तरोंकी कोई भी शंका नहीं कर सकता। हमारा भी यही अनुमान था। हम समझते थे कि ये दोनों प्रतियां एक ही प्रतिके आधारसे लिपिबद्ध कराई गई हैं, इसलिए इनमें पाठभेद नहीं होगा पर हमें यह देखकर आश्चर्य हुआ कि पाठान्तर इनमें भी उपलब्ध होते हैं। यद्यपि हमारे सामने पं० सुमेरचन्द्र जी वाली प्रति नहीं है और न उसे प्राप्त करनेका कोई प्रयत्न ही किया गया है पर उस प्रतिके आधारसे जो प्रकृतिबन्ध मुद्रित हुआ है वह हमारे सामने है। उसके साथ आदर्श प्रति (जो प्रति हमारे पास है) के कुछ पृष्ठोंका हमने मिलान किया है। परिणामस्वरूप जो पाठान्तर हमें उपलब्ध हुए हैं उनमेंसे कुछ पाठान्तर उनका प्रकार दिखलानेके लिए हम यहां दे रहे हैं—

१. रुजगम्हि (आदर्श प्रति) । रुजुगम्हि (मुद्रित प्रति पृ० २१)
२. चउएणमुड्ढी (आ. प्र.) । चदुण्हं बुड्ढी (मु. प्र. पृ० २२)
३. तहा आरणच्चुदा (आ. प्र.) । तथ आरणअरणच्चुदा (मु. पृ. २३)
४. छुट्टिं गेवज्जया (आ. प्र.) छुट्ठी गेवज्जया (मु. प्र. पृ. २३)
५. किं सव्वबंधो ? णोसव्वबंधो । (आ. प्र.)
किं सव्वबंधो णोसव्वबंधो ? णोसव्वबंधो । (मु. प्र. ३० पंक्ति १)
६. बंधो वि (आ. प्र.) । बंधोपि (मु. प्र. पृ. ३०, पंक्ति ४)
७. आदेसेण य । तत्थ ओघेण णाणांतराइ– (आ. प्र.)
आदेसेण य । णाणांतराइ– (मु. प्र. पृ. ३०, पं. ६)
८. वेदणीयस्स आयुगस्स गोदस्स च किं जहण्णबंधो (आ. प्र.)
वेदणीय–आयु-गोदाणं किं जहण्णबंधो (मु. प्र. पृ. ३०, पं. ८)
९. तत्थ ओघेण सादियबंधो······संतीओ भूयो (आ. प्र.)
सादियबंधो·····संतिओ भूयो (मु. प्र. पृ. ३१, पं. १–२)
१०. एवं मूलपगदिअट्ठपदं भंगो कादव्वो (आ. प्र.)
एवं मूलपगदि–अट्ठपदभंगा कादव्वा मु. प्र. पृ. ३१, पं. ३)
११. ओघेण पंचणा० णवदंसणा० मिच्छत्तं सोलसकसायं भयं दुगुंच्छा तेजाकम्म० वएण०४ अगुरु० उपघा० णिमिणं पंचंतराइगाणं (आ. प्र.)
ओघेण पंचणाणावरण–णवदंसणावरण–मिच्छत्त–सोलसकसाय–भय–दुगुंच्छा–तेजा–कम्मइय–वण्ण०४–अगुरु०–उप०–णिमिण पंचंतराइयाणं (मु. प्र. पृ. ३१ पं. ५–६)
१२. तत्थ ओघेण चोद्दस जीवसमासा णादव्वा भवंति । तं जहा (आ. प्र.)
ओघेण चोद्दस–जीवसमासा णादव्वा भवंति । तं यथा (मु. प्र. पृ ३२, पं. २)
१३. चदुसंठाण–चदुसंघडण–तिरिक्खगदिपाओग्गाणुपुव्वि उज्जोवं–(आ. प्र.)
चदुसंठाण-चदुसंघाद–तिरिक्खगदिपा० उज्जो० (मु. प्र. पृ. ३३, पं. ६)
१४. णिद्दापयलाणं को बंधगो ? को अबंधगो ? अबंधो अपुव्वकरणपविट्ठसुद्धिसंजदेसु (आ. प्र.)
णिद्दापयलाणं को बंधगो, अबंधो को ? अबंधो मिच्छादिट्ठिपहुडि याव अपुव्वकरणपविट्ठसुद्धिसंजदेसु (मु. प्र. पृ. ३३, पं. ९-१०)
१५. को बंधगो अबं० ? (आ. प्र.) । को. बंधको, अबंधो ? (मु. प्र. पृ. ३४, पं. ४)
१६. को बं० को अबं० (आ. प्र.) । को बंधको को अबंधो (मु. प्र. पृ. ३४, पं. ८)
१७. देवगदि० पंचिंदि० वेउव्वि० तेजाक० वेउव्वि०अंगो० वएण०४ देवाणु० अगुरु०४ पसत्थवि० थिर-सुभ-सुभग-सुस्सर-आदे० णिमिणं को बंधो ? को अबंधो ? (आ. प्र.)
देवगदि० पंचिंदि० वेउव्वि० तेज्जाकम्म० समचदु० वेउव्वियं अंगोवंग-वण्ण०४ देवाणु० अगुरु०४ पसत्थविहायगदि० थीरा सुभ-सुभग-सुस्सर-आदेज्ज णिमिणं को बंधको को अबंधको ? (मु. प्र. पृ. ३५, पं. ६-९)
१८. यथा दामे (आ. प्र.) । यथा छामे (मु. प्र. पृ. ३५, पं. २)
१९. यस्स इयं (आ. प्र.) । जस्स इयं (मु. प्र. पृ. ४०, पं. १)
२०. आदेसेण णिरयेसु पंचणाणा० छदंसणा० सादासादं बारसकसा० सत्तणोक० मणुसगदि पंचिंदि० ओरालि० तेजाक० समचदु० ओरालिय०अंगो० वज्जरिस० वएण०४ (आ० प्र०)
आदेसेण णिरएसु पंचणाणावरण छदंसणावरण सादासादं बारसकसाय-सत्तणोकसायाणं मणुसगदि-पंचिंदिय-ओरालियतेजाकम्मइय-समचदुरससंठाण-ओरालिय०अंगोवंग-वण्ण० ४ (मु. प्र. पृ. ४१, पं. ३-५)

२१. णउंसग (आ. प्र.) णउंसक (मु. प्र. पृ. ४१, पं. ८)

२२. मणुसगदि मणुसगदिपा० को बंधो ? (आ. प्र.)
मणुसगदि-मणुसगदिपाओग्गाणुपुव्वि-उच्चागोदाणं को बंधको ? (मु. प्र. पृ. ४१, पं० १२)

२३. तेजाकम्म० (आ. प्र.) तेता कम्म० (मु. प्र. पृ. ४३, पं. ३)

२४. एवं सव्वअपज्जत्ताणं सव्वविगलिंदियाणं सव्वविगलिंदि० (आ. प्र.)
एवं सव्वअपज्जत्ताणं सव्वएइंदियाणं सव्वविगलिंदियाणं च । (मु. प्र. पृ. ४३, पं. ७)

२५. चदुआयु० तिरिक्खगदितिगं ओघं । (आ. प्र.)
चदुआयु० तिरिक्खगदि ओघं । (मु. प्र. पृ. ४७, पं० ७)

२६. अपचक्खाणावर०४ तित्थयरं जह० अंतो०, उक्क० तेत्तीसं साग० सादि० । अपच्चक्खणावर०४ जह० अंतो०, उक्क० तेत्तीसं साग० । देवगदि४ जह० एग०, उक्क० तिण्णि पलिदो० सादि० । (आ० प्र०)
अपचक्खाणात्र०४ तित्थयरं जह० अंतो० । उक्क० तेत्तीसं सा० सादि० । अपच्चक्खाण०४ जह० अंतो० उक्क० बादालीसं सा० सादि० । अथवा तेत्तीसं सा० सादिरे० परिज्जदि । दो आयु ओघं । मणुसगदिपंचगं जह० अन्तो० । उक्क० तेत्तीसं सा० । देवगदि०४ जह० एग० । तिण्णि-पलिदो० सादि० । (मु. प्र. पृ. ६१, पं. १–५)

२७. जह० एग०, उक्क० (आ. प्र.) जह० । उक्क० (मु. प्र. पृ. ६१, पं० ५)

२८. तिरिक्खाणुपु० परघादु० तस०४ (आ. प्र.)
तिरिक्खाणु० तस०४ (मु० प्र. पृ. ६३, पं. १)

२९. अणंताणुबं०४ जह० ए०, (आ. प्र.) अणंताणुबं० ४ एय० । मु. प्र. पृ. ६३, पं. ८)

यहाँपर हमने विविध तथ्योंको स्पष्ट करनेकी दृष्टिसे महत्त्वपूर्ण कुल २६ पाठान्तर ही उपस्थित किए हैं। इनके आधारसे निम्न निष्कर्ष फलित होते हैं-—

१. प्रतिलिपि करते समय कहीं कहीं मूल पाठको बहुत ही कम ध्यानमें रखा गया है।

उदाहरणार्थ—प्रथम पाठान्तरको ही देखिए। आदर्श प्रतिके आधारसे ज्ञात होता है कि मूल प्रतिमें 'रुजगम्हि' पाठ है जब कि पं० सुमेरचन्द्रजी को उनके सामने उपस्थित प्रतिमें 'रुजुगम्हि' पाठ उपलब्ध हुआ है। दूसरे, तीसरे और चौथे पाठान्तरोंसे भी यही ध्वनित होता है। इन पाठोंके देखनेसे तो यही जान पड़ता है कि मूल प्रतिमें आदर्श प्रतिके अनुसार ही पाठ होने चाहिए।

२. मूलके आधारसे प्रतिलिपि करते समय दृष्टिभ्रम या अनवधानताके कारण किसी अक्षर, पद या वाक्यका छूट जाना बहुत सम्भव है। उक्त दोनों प्रतियोंमें ऐसे अनेक स्खलन देखनेको मिलते हैं। इसके लिए देखो क्रमाङ्क ५, ७, ९, १२, १७, २२, २५, २७, २८ और २९ के पाठान्तर।

साधारणतः क्रमाङ्क ५ से सम्बन्ध रखनेवाला पूरा स्थल पाठकी दृष्टिसे विचारणीय है। मुद्रित प्रतिके जिस पाठका हमने यहाँ उल्लेख किया है वह शुद्ध है और आदर्श प्रतिमें वह त्रुटित है। तथापि 'दंसणावरणीयस्स कम्मस्स किं सव्वबंधो णो सव्वबंधो ?' इस पाठके आगे 'सव्वबंधो वा णोसव्वबंधो वा' इतना पाठ और होना चाहिए, जो दोनों प्रतियोंमें त्रुटित जान पड़ता है।

क्रमांक १३ में मुद्रित प्रतिमें 'चदुसंठाण' के बाद 'चदुसंघाद' पाठ है जो अर्थकी दृष्टिसे असंगत है। पाँच बन्धन और पाँच संघात प्रकृतियोंकी बन्ध प्रकरणमें अलगसे परिगणना नहीं की गई है, क्योंकि इनका पाँच शरीरोंमें अन्तर्भाव हो जाता है। आदर्श प्रतिमें 'चदुसंघाद' के स्थानमें 'चदुसंघडण' पाठ उपलब्ध होता है जो शुद्ध है। कारण कि मध्यके चार संहननोंका मिथ्यादृष्टि और सासादन सम्यग्दृष्टिके बन्ध होता है और यहाँ इन्हीं प्रकृतियोंके स्वामित्वका निर्देश किया है। क्रमांक १७ में भी इसी प्रकारका स्खलन देखनेको मिलता है। इसमें आदर्श प्रतिमें 'तेजाक०' के बाद 'समचदु०' पाठ स्खलित है। इसके साथ दोनों प्रतियोंमें

'पसत्थविहायगदि' के अनन्तर 'तस०-बादर-पज्जत्त-पत्तेय' इतना पाठ और होना चाहिए। जिसका दोनों प्रतियोंमें अभाव दिखाई देता है। अन्य पाठोंकी भी यही स्थिति है।

३. 'अपि' के अर्थमें प्राकृतमें 'वि' और 'पि' इन दोनों अव्यय पदोंका प्रयोग होता है। क्रमांक ६ में मुद्रित प्रतिमें 'बंधोपि' ऐसा पाठ मुद्रित किया गया है जब कि यह आदर्श प्रतिमें 'बंधो वि' उपलब्ध होता है। व्याकरणकी दृष्टिसे यहाँ आदर्श प्रतिका पाठ संगत प्रतीत होता है।

४. मुद्रित प्रतिमें प्रायः सर्वत्र 'को बंधको, को अबंधको' इत्यादि रूपसे पाठ उपलब्ध होता है। कहीं-कहीं 'णारक' ऐसा पाठ भी उपलब्ध होता है। देखो क्रमांक १५, १६, १७ व २१। प्राकृत व्याकरणके अनुसार ऐसे प्रयोगोंमें तृतीय अक्षर होनेका नियम है। हमने इस दृष्टिसे आदर्श प्रतिके भी पाठान्तर दिए हैं। उनके देखनेसे विदित होता है कि आदर्श प्रतिमें ऐसा व्यत्यय नहीं दिखाई देता है।

५. प्राचीन कानडी लिपिमें द और ध प्रायः एकसे लिखे जाते हैं। तथा ध और थ में भी बहुत ही कम अन्तर होता है। हमने यहाँ एक ऐसा पाठान्तर भी दिया है जिससे इस बातका पता लगता है कि पढ़नेके भ्रमके कारण ही यह पाठ दो प्रतियोंमें दो रूपसे निबद्ध हुआ है जब कि मूल पाठ इन दोनों पाठोंसे भिन्न होना चाहिए। देखो क्रमांक १८। आदर्श प्रतिमें यह पाठ 'दामे' उपलब्ध होता है और मुद्रित प्रतिमें 'धामे'। किन्तु मूल प्रतिमें इन दोनों पाठोंसे भिन्न 'थामे' पाठ होना चाहिए। खुद्दाबंधमें भी यह पाठ इसी रूपमें उपलब्ध होता है।

इस प्रकार दोनों प्रतियोंमें और भी स्खलन उपलब्ध होते हैं। यहाँ हमने उनका परिचय करानेकी दृष्टिसे कुछका ही उल्लेख किया है।

पाठ संशोधनकी विशेषताएँ—

जैसा कि पूर्वमें हम दो प्रतियोंके आधारसे प्रकृतिबन्धमें विविध स्खलनोंकी चरचा कर आये हैं उस तरहके स्खलन हमें प्रस्तुत भागमें भी पर्याप्त मात्रामें उपलब्ध हुए हैं। इनको कई भागोंमें विभक्त किया जा सकता है।

१. ऐसे पाठ जो मूलमें स्खलित हैं या जो ताडपत्रके गल जानेसे नष्ट हो गए हैं, उन्हें अर्थ और प्रकरणकी दृष्टिसे विचार कर [ ] इस प्रकारके कोष्ठकके भीतर दिया गया है।

उदाहरणके लिए देखो पृष्ठ २१, २३, २८, २६, ३०, ४५, ४८, ६८, ७४, ८२, १०४, १२८, १४२, १६६ और २०८ आदि। तथा ताड़पत्रके गल जानेसे स्खलित हुए पाठोंके उदाहरणके लिए देखो पृष्ठ १५, ३१, ३२, २०८ आदि।

२. ऐसे पाठ जो मूलमें प्रकरण और अर्थकी दृष्टिसे असंगत प्रतीत हुए उन्हें उसी पृष्ठमें टिप्पणीमें दिखाकर मूलमें संशोधन कर दिया गया है। पर ऐसा वहीं किया गया है जहाँ विश्वस्त आधारोंसे संशोधित पाठका निश्चय किया जा सका है। इसके लिए देखो पृष्ठ १६, ३१, ४४, ४५, ४६, ५२ और ५८ आदि।

३. एक दो ऐसे भी पाठ उपलब्ध हुए हैं जो या तो अव्यवस्थित ढंगसे लिपिबद्ध किए गये हैं या ताड़पत्रीय प्रतिमें ही उनके क्रममें दोष है। ऐसा एक पाठ महाबन्ध प्रकृतिबन्धमें भी उपलब्ध होता है। पं० सुमेरुचन्द्रजी दिवाकरके पास जो प्रति है उस आधारसे मुद्रित प्रतिमें उनके द्वारा उस पाठकी स्थिति इस प्रकार निर्दिष्ट की गई जान पड़ती है—

देवेसु पंचणा० छदंसणा० बारसक० भयदुगुं० ओरालिय० तेजाकम्म० वण्ण० ४ अगु० ४ बादर-पज्जत्त-पत्तेय-णिमिणं तित्थयरं पंचंतराइयाणं णत्थि अंतरं। थीणगिद्धितिगं मिच्छत्तं अणंताणु ४ जह० अंतो०। इत्थि० णवुंसक० पंचसंठा० जह० एग०, उक्क० अट्ठारस-सागरोवमाणि सादिरेयाणि। एइंदिय-आदाव-थावराणं जह० एग०, उक्क० बे साग सादिरे०। एवं सव्वदेवेसु अप्पप्पणो ट्ठिदिअंतरं कादव्वं। एइंदिएसु पंचणा० णवदंसणा० मिच्छत्तं सोलसक० भयदुगुं० ओरालियतेजाकम्म० वण्ण ४ जह० एग०, उक्क० अंतोमुहुत्तं। दो आयु० णिरयभंगो०। तिरिक्खगदि-तिरिक्खगदिपाओ० उज्जोवाणं जह० एग०,

उक्क० अट्ठारससागरोवमाणि सादिरेगाणि । एइंदिय-आदाव-थावराणं जह० एग०, वे साग० सादिरेयाणि । एवं सव्वदेवेसु अप्पप्पणो ट्ठिदिअंतरं कादव्वं ।

[मु. प्र., पृ. ७५-७६]

यह पाठ आदर्श प्रतिमें भी इसी प्रकार उपलब्ध होता है। किन्तु यह होना इस प्रकार चाहिए।

देवेसु पचणा०-छदंसणा०-बारसक-भय-दुगुं०-ओरालिय०-तेजा०-कम्म-ओरालियअंगों-वण्ण० ४ अगु० ४-बादर-पज्जत-पत्तेय-णिमिण-तित्थयर-पंचंतराइयाणं णत्थि अन्तरं । थीणगिद्धितिग-मिच्छत्त-अणंताणु० ४ जह अंतो०, उक्क० एक्कत्तीससाग० देसू० । सादासा०-पुरिस०-चदुणोक० मणुस०-पंचिदिय० समचदु-वज्जरिस०-मणुसाणु०-पसत्थवि-तस०-थिरादिदोण्णिगयुगल-सुभग-सुस्सर-आदेज्ज-जस०-अजस० जह एगस० उक्क० अंतोमु० । इत्थिवे० णवुंस-पंचसंठाण-पचसं० अप्पसत्थवि-दूभग-दुस्सर-अणादेज्ज-णीचुच्चा-गोदाणं जह० एगस०, उक्क० एक्कत्ती साग० देसू । दो आयु० णिरयभंगो । तिरिक्खगदितिरिक्खगदिपाओग्ग-उज्जोवाणं जह० एग०, उक्क० अट्ठारससागरोमाणि सादिरेगाणि । एइंदिय-आदाव-थावराणं जह० एग० उक्क० वेसाग० सादि० । एवं सव्वदेवेसु । णवरि अप्पप्पणो ट्ठिदि अंतरं कादव्वं ।

हमें प्रस्तुत प्रकरणमें इस प्रकारके जो पाठ उपलब्ध हुए उन्हें हमने पादटिप्पणमें देकर मूलमें संशोधन कर दिया है। इसके लिए देखो पृष्ठ २०६ आदि।

४. प्रतिमें कुछ प्रयोगोंमें दीर्घ ईकारकी मात्राके स्थानमें ह्रस्व इकारकी मात्रा दिखाई देती है। जान पड़ता है कि प्राचीन कनाडी लिपिमें ह्रस्व और दीर्घ स्वरका कोई भेद नहीं किया जाता रहा है। अतः हमने ऐसे स्थलोंपर व्याकरणके नियमानुसार ही ह्रस्व और दीर्घ स्वरके रखनेका प्रयत्न किया है।

५. आदर्श प्रतिमें 'वण्णफदि' शब्दके स्थानमें कहीं कहीं वणफदि' ऐसा प्रयोग भी दृष्टिगोचर हुआ है। इसे कहीं कहीं लिपिकारने पीछेसे लाल स्याहीसे संशोधित भी किया है। पर कहीं वह अशुद्ध ही रह गया है। हमने सर्वत्र 'वणप्फदि' पाठ ही रखा है।

६. प्राचीन कानडी लिपिमें द और ध प्रायः एकसे लिखे जाते हैं। इसके कारण आदर्श प्रतिमें 'उपणिधा' के स्थानमें प्रायः 'उपणिदा' पाठ उपलब्ध हुआ है। यह स्पष्टतः लिपिकारकी असावधानी है, इसलिए हमें जहां 'उपणिदा' पाठ उपलब्ध हुआ वहां उसे 'उपणिधा बना दिया है।

७. समग्र ग्रन्थमें किसी वाक्य या शब्दकी पूर्ति बिन्दु रखकर की गई है। कहीं कहीं ये बिन्दु जहां चाहिए वहां नहीं भी रखे गए हैं और कहीं कहीं उनकी आवश्यकता नहीं होनेपर भी वे रखे गये हैं। यह व्यत्यय आदर्श प्रतिमें सर्वत्र दृष्टिगोचर होता है। मुद्रित प्रतिके साथ आदर्श प्रतिका मिलान करनेसे तो यह भी विदित हुआ है कि इस बातका प्रायः बहुत ही कम ध्यान रखा गया है कि मूल प्रतिमें कौन शब्द या वाक्य कितना निर्दिष्ट है और कितने शब्दांश या वाक्यांशकी पूर्तिके लिए बिन्दुका उपयोग किया गया है। पहले हम मूल प्रति और आदर्श प्रतिके कुछ पाठान्तरोंकी तालिका दे आए हैं। उसके देखनेसे इसका स्पष्ट पता लग जाता है। ऐसी अवस्थामें हमें इस बातका स्वतन्त्र रूपसे विचार करना पड़ा है। फलस्वरूप जहां बिन्दुकी हमने अनावश्यकता अनुभव की वहांसे उसे हटा दिया है और जहाँ उसकी आवश्यकता अनुभव की वहां उसकी पूर्ति कर दी है।

८. आदर्शप्रतिमें अनेक स्थलोंपर सम्यक्त्व मार्गणाके प्रसङ्गसे खइगसं०, उपसमसं० सासणसं० वेदगसं०' ऐसा पाठ उपलब्ध हुआ है। यहां 'स' के ऊपर अनुस्वारकी आवश्यकता नहीं है। प्राचीन कनाडी लिपिमें अनुस्वार और वर्णद्वित्व बोधक संकेत एक बिन्दु ही होता है। सम्भव है कि इसी कारणसे यह भ्रम हुआ है, अतएव ऐसे स्थानोंपर हमने 'खइगस० उवसमस०, सासणसं०, वेदगस०' ऐसा संशोधित पाठ रखा है। कहीं कहीं 'जंहि' के स्थानमें 'जम्हि' और 'तंहि' के स्थानमें 'तम्हि' इसी नियमके अनुसार किया गया है।

९. मूलमें 'कायजोगि' पाठके स्थानमें 'काजोगि' पाठ बहुलतासे उपलब्ध होता है। मुद्रित प्रति (प्रकृतिबन्ध)में भी यह व्यत्यय देखा जाता है। मूलमें इस प्रकारके पाठके लिपिबद्ध होनेका कारण क्या है इसकी

पुष्टिमें यद्यपि हमें निश्चित आधार नहीं मिला है तथापि षट्खण्डागमके समग्र सूत्रोंमें 'कायजोगि' पाठ ही प्रयुक्त हुआ है यह देखकर हमने 'काजोगि' पाठके स्थानमें सर्वत्र 'काययोगि' पाठको स्वीकार किया है।

इसी प्रकार थोड़े बहुत संशोधन और भी करने पड़े हैं, पर ऐसा करते हुए सर्वत्र मूल पाठकी रक्षाका पूरा ध्यान रखा है।

मंगलाचरण—

हम यह पहले ही लिख आये हैं कि महाबन्धके मुख्य अनुयोगद्वार चार हैं—प्रकृतिबन्ध, स्थितिबन्ध अनुभागबन्ध और प्रदेशबन्ध। इन चारों अनुयोगद्वारोंकी रचना स्वयं आचार्य भूतबलिने की है। यद्यपि ग्रंथके प्रारम्भमें मङ्गल करनेकी परिपाटी पुरानी है पर षट्खण्डागमके जीवस्थान और वेदनाखण्डको छोड़कर शेष खण्डोंके प्रारम्भमें स्वतन्त्र मङ्गल सूत्र उपलब्ध नहीं होता। उसमें भी जीवस्थानके प्रारम्भमें मङ्गलसूत्रके कर्ता स्वयं पुष्पदन्त आचार्य हैं। आचार्य वीरसेनने मङ्गलके निबद्ध और अनिबद्ध ये दो भेद करते हुए लिखा है।

तच्च मंगलं दुविहं-णिबद्धमणिबद्धमिदि। तत्थ णिबद्धं णाम जो सुत्तस्सादीए सुत्तकत्तारेण णिबद्ध देवदाणमोक्कारो तं णिबद्धमंगलं। जो सुत्तस्सादीए सुत्तकत्तारेण कयदेवदाणमोक्कारो तमणिबद्धमंगलं। इदं जीवट्ठाणं णिबद्धमंगलं। [जीवट्ठाण-संतपरूवणा पृ० ४१]

'मङ्गल दो प्रकारका है—निबद्ध मङ्गल और अनिबद्ध मंगल। जो सूत्रके आदिमें सूत्रकारके द्वारा इष्ट देवता नमस्कार निबद्ध किया जाता है वह निबद्ध मङ्गल है और जो सूत्रके आदिमें सूत्रकारके द्वारा इष्ट देवता नमस्कार किया जाता है वह अनिबद्ध मङ्गल है। यह जीवस्थान निबद्ध मङ्गल है।'

इस निबद्ध और अनिबद्ध पदका अर्थ और अधिक स्पष्ट रूपसे समझनेके लिए वेदनाखण्डके कृति अनुयोग द्वारका यह उद्धरण विशेष उपयोगी है। यहां वीरसेन स्वामी लिखते हैं—

'णिबद्धाणिबद्धभेएण दुविहं मंगलं। तत्थेदं किं णिबद्धमाहो अणिबद्धमिदि ण ताव णिबद्धमंगलमिदं; महाकम्मपयडिपाहुडस्स कदियादिचउवीसअणियोगावयवस्स आदीए गोदमसामिणा परूविदस्स भूदबलिभडारएण वेयणाखंडस्स आदीए मंगलट्ठं तत्तो आणेदूण ठविदस्स णिबद्धत्तविरोहादो।'

निबद्ध और अनिबद्धके भेदसे मंगल दो प्रकारका है। उनमेंसे यह मंगल क्या निबद्ध है या अनिबद्ध? यह निबद्ध मंगल तो हो नहीं सकता, क्योंकि कृति आदि चौबीस अनुयोगोंमें विभक्त महाकर्मप्रकृतिप्राभृतके आदिमें गौतम स्वामीने इसकी रचना की है और भूतबलि भट्टारकने मंगलके निमित्त वहांसे लाकर इसे वेदनाखण्डके प्रारम्भमें स्थापित किया है, अतः इसे निबद्ध मंगल माननेमें विरोध आता है।'

इन दोनों उल्लेखोंसे स्पष्ट है कि जीवस्थानके प्रारम्भमें जो पञ्च नमस्कार सूत्र उपलब्ध होता है वह स्वयं आचार्य पुष्पदन्तकी कृति है और वेदनाखण्डके प्रारम्भमें जो ४४ मङ्गलसूत्र आये हैं वे हैं तो स्वयं गौतम-स्वामीकी कृति, पर आचार्य भूतबलिने उन्हें वेदनाखण्डके प्रारम्भमें लाकर मङ्गलके निमित्त स्थापित किया है।

इन दो खण्डोंके सिवा शेष खण्डोंके प्रारम्भमें स्वतन्त्र मङ्गल सूत्र क्यों नहीं रचे गये इस पर वीरसेन स्वामी वेदनाखण्डके प्रारम्भमें मङ्गलसूत्रोंका उपसंहार करते हुए कहते हैं—

'उवरि उच्चमाणेसु तिसु खंडेसु कस्सेदं मंगलं! तिण्णिखंडाणं। कुदो? वग्गणामहाबंधाणमादीए मंगलाकरणादो।' [पृ० १०५]

'आगे कहे जानेवाले तीन खण्डोंमेंसे किस खण्डका यह मङ्गल है? आगे कहे जानेवाले तीनों खण्डोंका यह मङ्गल है; क्योंकि वर्गणा और महाबन्ध इन दो खण्डोंके प्रारम्भमें मङ्गल नहीं किया गया है।'

इस उल्लेखसे यह स्पष्ट प्रतिभासित होता है कि वीरसेन स्वामीके मतानुसार वेदनाखण्डके प्रारम्भमें आया हुआ मङ्गल ही महाबन्धका मङ्गल है और इसीलिए वहां अलगसे मङ्गल नहीं किया गया है। पर मूडबिद्रीकी ताडपत्रीय प्रतिके आधारसे जो प्रति लिपि होकर हमारे सामने उपस्थित है उसमें प्रत्येक मुख्य अनुयोगद्वारके प्रारम्भमें 'णमो अरिहंताणं' यह मङ्गलसूत्र स्थापित किया गया है। प्रकृतिबन्धका प्रथम ताड़-

पत्र त्रुटित होनेके कारण उसके सम्पादनके समय यह समस्या उपस्थित नहीं हुई। वहां तो वीरसेन स्वामीकी सूचनानुसार वेदनाखण्डका मङ्गलाचरण लाकर उससे निर्वाह कर लिया गया। पर स्थितिबन्धके प्रारम्भमें 'णमो अरिहंताणं' इस मङ्गल सूत्रको देखकर हमारे सामने यह प्रश्न था कि इस सम्बन्धमें क्या किया जाय। हमने इस सम्बन्धमें एक दो विद्वानोंसे परामर्श भी किया। अन्तमें सबकी सलाहसे हम इसी निष्कर्ष पर पहुँचे कि यदि मूल प्रतिमें स्थितिबन्ध, अनुभागबन्ध और प्रदेशबन्धके प्रारम्भमें यह मङ्गल सूत्र उपलब्ध होता है तो उसे वैसा ही रहने दिया जाय। यद्यपि हम जानते हैं कि स्थितिबन्ध, अनुभागबन्ध और प्रदेशबन्धसे खण्डका प्रारम्भ नहीं होता। महाबन्ध खण्डका प्रारम्भ तो प्रकृतिबन्धसे होता है तथापि इन अनुयोगद्वारोंके प्रारम्भमें इस मङ्गलसूत्रका निवेश कब किसने किया इस बातका ठीक तरहसे निर्णय करनेका कोई साधन उपलब्ध न होनेसे उक्त मङ्गल सूत्रको यथास्थान रहने दिया गया है।

हमारे विचारसे ऐसा करनेसे एक बहुत बड़े सत्यकी रक्षा हो जाती है। पाठक जानते ही हैं कि अमरावतीसे जो धवलाका प्रकाशन हो रहा है उसके प्रत्येक भागके प्रथम व मुखपृष्ठपर भगवत्पुष्पदन्तभूतबलिप्रणीतः यह मुद्रित किया जाता है। जब कि सबको यह विदित है कि वीरसेन स्वामीके मतानुसार आचार्य पुष्पदन्तने केवल सत्प्ररूपणकी रचना की है और आचार्य भूतबलिने शेष छह खण्डकी रचना की है। जीवस्थानद्रव्यप्रमाणानुगमके मुद्रणके समय आदरणीय डा० हीरालाल जीके सामने भी यह प्रश्न उपस्थित था। उस समय हम वहीं धवला कार्यालयमें कार्य करते थे। प्रश्न यह था कि आचार्य पुष्पदन्तने आचार्य भूतबलिके पास जिनपालितको केवल सत्प्ररूपणा लेकर भेजा होगा या अपनी रूपरेखाका ज्ञान भी कराया होगा। विचार विनिमयके अनन्तर उस समय निश्चय हुआ था कि अधिकतर सम्भव तो यही है कि उन्होंने ग्रन्थ रचनाके सम्बन्धकी समस्त विशेष जानकारीके साथ ही सत्प्ररूपणा लेकर जिनपालितको आ० भूतबलिके पास भेजा होगा और इस तरह श्रुत रक्षाका कार्य इन दोनों महान् आचार्योंके संयुक्त प्रयत्नका फल जानकर तब यही निर्णय किया गया था कि प्रत्येक भागमें दोनों आचार्योंके नाम यथाविधि दिये जाने चाहिए।

इस समय जब हम महाबन्धके प्रत्येक अनुयोगद्वारके प्रारम्भमें जीवस्थानके मङ्गलाचरणको लिपिबद्ध देखते हैं तो आखोंके सामने उस समयका समग्र इतिहास साकार रूप लेकर आ उपस्थित होता है। धन्य है उन प्रातः स्मरणीय चन्द्रगुफानिवासी आचार्य धरसेनको जिन्होंने अपनी वृद्धावस्थाकी चिन्ता न कर श्रुत रक्षाकी पुनीत भावनासे अपने अनुरूप योग्य दो शिष्योंको प्राप्त कर उन्हें अपना समग्र ज्ञान समर्पित कर शान्तिकी सांस ली और धन्य हैं उन परम श्रुतधर आचार्य पुष्पदन्त और भूतबलिको, जिन्होंने गुरु आज्ञाको प्रमाण मानकर षट्खण्डागमकी रचना द्वारा न केवल अपने गुरुकी इच्छाकी पूर्ति की अपि तु सम्यक् श्रुतको जीवित रखनेका श्रेय प्राप्त किया।

आभार—

किसी भी कार्यको योग्यतापूर्वक सम्पन्न करनेके लिए अनुकूल साधन सामग्रीका सर्वोपरि स्थान है। हम दूसरोंकी नहीं कहते, अपनी ही कहते हैं। अनेक बार कुछ प्रमुख विषयोंपर हमने लिखनेका विचार किया, कई योजनाएं बनाईं पर अनुकूल साधनोंके उपलब्ध न होनेसे हम एक भी पूरी न कर सके। कुछका तो अब हमें ही स्वयं ज्ञान नहीं है।

महाबन्धके सम्पादनकी ओर मैं स्वयं ध्यान दूं यह अनुरोध चिरकालसे मेरे निकटवर्ती व दूरवर्ती मित्र मुझसे करते आ रहे हैं। उनकी अन्तःप्रेरणावश ही मुझे इस ओर ध्यान देना पड़ा है। मैं श्रीमान् डा० हीरालाल जीको अपना अन्यतम हितैषी मानता हूं। सम्पादन सम्बन्धी जो कुछ भी अनुभव और ज्ञान मुझे मिला है यह उनकी ही सत्कृपाका फल है। अब भी वे मुझे अनेक उपयोगी सूचनाओंसे अनुगृहीत करते रहते हैं। कुछ काल पूर्व उन्होंने मुझे एक अत्युपयोगी पत्र लिखा था। वे मेरी बिखरी हुई शक्तिको देखकर खिन्नसे हो उठे थे। मेरे लिए उनका वह पत्र स्वरूपसम्बोधनके समान था। उससे मेरी न केवल निद्रा भङ्ग हुई अपि तु मुझे अपने कर्तव्यका बोध हुआ। उसीका यह फल है जो इस समय पाठक देख रहे हैं।

महाबन्धका प्रकाशन भारतीय ज्ञानपीठसे हो रहा है। इसके संस्थापक श्रीमान् दानवीर सेठ शान्तिप्रसाद जी और अध्यक्षा उनकी सुयोग्य पत्नी श्रीमती रमारानी जी हैं। प्रारम्भसे ही इसके संचालनका उत्तरदायित्व श्रीमान् अयोध्याप्रसाद जी गोयलीय सम्हाले हुए हैं। वे ही इसके मन्त्री हैं। मुझे महाबन्धके सम्पादन और प्रथम प्रूफ पाठके लिए संस्थाकी ओरसे हर तरहकी सुविधाएं उपलब्ध हैं। भारतीय ज्ञानपीठके मैनेजर श्री बाबूलाल जी 'फागुल्ल' तो सब बातोंका ध्यान रखते ही हैं साथ ही श्री पं० महादेव जी चतुर्वेदी जी व्याकरणाचार्यका भी इस काममें हमें पूरा सहयोग मिलता रहता है। प्रथम प्रूफ हम उनके साथ ही मिलकर देखते हैं। इस प्रकार महाबन्धके सम्पादनमें उक्त महानुभवोंका प्रत्यक्ष और परोक्ष सम्बन्ध होनेसे ही हम इस कामका निर्वाह कर सके हैं अतएव इन सबके हम आभारी हैं।

अनुवाद और सम्पादनमें हमने बहुत ही सावधानीसे काम लिया है फिर भी भ्रम या अज्ञानवश कुछ दोष रह जाना बहुत सम्भव है। उदाहरणार्थ-पृष्ठ २१ पंक्ति ७ में 'कम्मट्ठिदी कम्म०' के पहले 'अबाहूणिया' पाठ होना चाहिए। इसी प्रकार पृष्ठ २३६ पंक्ति २ में भी कोष्ठकके भीतर 'आबाधू०' पाठ अधिक हो गया है। अतएव विशेषज्ञ और स्वाध्यायप्रेमी बन्धु पूर्वापरका विचार कर इसका स्वाध्याय करें और जो दोष उनकी समझमें आवें उनकी सूचना हमें अवश्य देनेकी कृपा करें।

फूलचन्द्र सिद्धान्तशास्त्री

प्रकाशन-व्यय

१४३४)॥ कागज २२ × २९ = २८ पौण्ड ६८ रीम १२ शीट	२३७५) सम्पादन-व्यय
२१८२) छपाई ६१ फार्म	२०४) कार्यालय व्यवस्था
१०००) जिल्द बँधाई	१२०) प्रूफ संशोधन
६०) कवर कागज	१०००) भेंट, आलोचना १०० प्रति
५०) कवर छपाई	१२५) पोस्टेज ग्रंथ भेंट भेजनेका
	२७५०) कमीशन, विज्ञापन, बिक्री इत्यादि

कुल लागत ११३००)॥

१००० प्रति छपी। लागत एक प्रति ११)।॥

मूल्य ११ रु०

कर्ममीमांसा

१. कर्मवादकी युक्ति

भारतीय दर्शनका अन्तिम लक्ष्य है मुक्ति प्राप्ति। इसमें जीवकी उत्क्रान्ति, गति, आगति और परलोक विद्याका युक्तियुक्त विचार उपस्थित किया गया है। सब आस्तिक दर्शन इस विषयमें एकमत हैं कि जीव अपनी कमजोरीके कारण बँधता है और उसके दूर होने पर मुक्त होता है। समयप्राभृतमें कहा है—

'रत्तो बंधदि कम्मं मुंचदि जीवो विरागसंपत्तो।
एसो जिणोवदेसो तम्हा कम्मेसु मा रज्ज ॥१५०॥'

तीर्थङ्करोंका उपदेश है कि रागी जीव कर्मोंको बाँधता है और वैराग्ययुक्त जीव उनसे मुक्त होता है। इसलिए शुभाशुभ कर्मोंमें अनुरागी होना उचित नहीं है।

प्राचीन ऋषियोंने जीवकी बद्ध और मुक्त दो अवस्थाएँ मानी हैं। इससे समस्त जीवराशि दो भागोंमें विभक्त हो जाती है—संसारी जीव और मुक्त जीव। जो संसार अर्थात् चतुर्गति योनिमें परिभ्रमण करते रहते हैं वे संसारी जीव हैं और जो इस प्रकारके परिभ्रमणसे मुक्त हैं वे मुक्त जीव हैं। प्रथम प्रकारके जीव राग, द्वेष और मोहके अधीन हो कर निरन्तर पाँच प्रकारके संसारमें परिभ्रमण करते रहते हैं। समीचीन दृष्टि, समीचीन प्रज्ञा और समीचीन चर्याके प्राप्त होनेके पूर्वतक वे इस परिभ्रमणसे मुक्ति प्राप्त करनेमें असमर्थ रहते हैं। इससे प्रथम प्रकारके जीव संसारी कहलाते हैं। और ये ही जीव संसारका उपरम हो जाने पर मुक्त कहलाने लगते हैं।

इनमेंसे संसारी जीव अनेक भागोंमें विभक्त हैं—कोई एकेन्द्रिय है और कोई द्वीन्द्रिय। त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय और पञ्चेन्द्रिय ये भी संसारी जीवोंके ही भेद हैं। एकेन्द्रिय जीव पृथिवीकायिक, जलकायिक, अग्निकायिक, वायुकायिक और वनस्पतिकायिकके भेदसे पाँच प्रकारके हैं। जिनके एक मात्र स्पर्शन (छू कर जाननेवाली) इन्द्रिय होती है उन्हें एकेन्द्रिय जीव कहते हैं। ये पाँचों ही प्रकारके जीव स्पर्शन इन्द्रिय द्वारा विषय ग्रहण करते हैं। इनके रसना (चखकर जाननेवाली इन्द्रिय) आदि अन्य इन्द्रियाँ नहीं होतीं, इसलिए ये एकेन्द्रिय कहे जाते हैं। द्वीन्द्रिय जीव वे हैं जिनके स्पर्शन और रसना ये दो इन्द्रियाँ होती हैं। लोकमें लट केंचुआ आदि ऐसे अगणित जीव देखे जाते हैं जो कभी तो स्पर्शन द्वारा विषय ग्रहण करते हैं और कभी रसना द्वारा, इसलिए इन्हें द्वीन्द्रिय जीव कहते हैं। त्रीन्द्रिय जीव वे हैं जिनके स्पर्शन, रसना और घ्राण (सुगन्ध और दुर्गन्धिका ज्ञान प्राप्त करनेवाली इन्द्रिय) ये तीन इन्द्रियाँ होती हैं। ये जीव इन इन्द्रियों द्वारा विषय ग्रहण करते हैं, इसलिए इन्हें त्रीन्द्रिय जीव कहते हैं। इनमें पिपीलिका, गोभी और यूक आदि जीवोंकी परिगणना की जाती है। चतुरिन्द्रिय जीव वे हैं जिनके स्पर्शन रसना, घ्राण और नेत्र ये चार इन्द्रियाँ होती हैं। ये जीव इन चार इन्द्रियों द्वारा विषय ग्रहण करते हैं, इसलिए इन्हें चतुरिन्द्रिय जीव कहते हैं। भ्रमर, पतङ्ग और मक्खी आदि जीवोंकी इनमें गिनती की जाती है। जिनके स्पर्शन, रसना, घ्राण, नेत्र और कान ये पाँच इन्द्रियाँ होती हैं वे पञ्चेन्द्रिय जीव हैं। समनस्क और अमनस्क ये इनके मुख्य भेद हैं। दूसरे शब्दोंमें इन्हें संज्ञी और असंज्ञी भी कहते हैं। उक्त पाँचों इन्द्रियोंके साथ जिनके हेय और उपादेय पदार्थोंका विवेक करनेमें दक्ष तथा क्रिया और आलापको ग्रहण करनेवाला मन होता है वे समनस्क जीव हैं और शेष अमनस्क जीव हैं। अमनस्क जीव मात्र तिर्यञ्चयोनिवाले होते हैं किन्तु समनस्क जीव नारक, तिर्यञ्च, मनुष्य और देव इन चार भागोंमें विभक्त हैं। इनमेंसे तिर्यञ्च और मनुष्य सबके प्रत्ययके विषय हैं और शेष दो प्रकारके जीव आगमसे जाने जाते हैं।

जैनदर्शनमें संसारके समस्त पदार्थ छह भागोंमें विभक्त किये गये हैं—जीव, पुद्गल, धर्म, अधर्म आकाश और काल। इनका विवेचन जैन आगममें विस्तारके साथ किया गया है। जीवके विषयमें समय-प्राभृतमें लिखा है—

"अरसमरूवमगंधं अव्वत्तं चेदणागुणमसद्दं।
जाण अलिंगग्गहणं जीवमणिद्दिट्ठसंठाणं ॥४९॥"

जो रसरहित है, रूप रहित है, गन्धरहित है, इन्द्रियोंके अगोचर है, चैतन्य गुणवाला है, शब्द रहित है, किसी चिन्हके द्वारा जिसका ग्रहण नहीं होता और जिसका आकार कहा नहीं जा सकता वह जीव है।

जीवका यह लक्षण त्रिकालान्वयी है। उसमें चेतन धर्मकी विशेषता है। यह जीवका असाधारण धर्म है; क्योंकि चेतनाकी जीवके साथ समव्याप्ति है। जीवकी पहिचानका यह प्रमुख चिन्ह है।

कुछ मतवादी चेतना की उत्पत्ति पृथिवी आदि भूतचतुष्टयके योग्य सम्मिश्रणका फल मानते हैं। उनका कहना है कि जिस प्रकार विशिष्ट प्रक्रिया द्वारा गेहूँ आदि पदार्थोंमें मादकताका प्रादुर्भाव होता है उसी प्रकार पृथिवी आदिके योग्य मिश्रणसे चेतनाकी उत्पत्ति होती है। जब तक इनका योग्य सम्मिश्रण बना रहता है तभी तक वहाँ चेतना वास करती है। इनका विघटन होने पर चेतना भी विघटित हो जाती है। न परलोक है, न कर्म है और न कर्मका फल है।

बौद्ध दर्शन भी जीवकी पृथक् सत्ता स्वीकार नहीं करता। बुद्धने जिन दस बातोंको अव्याकृत माना है उनमें आत्मा शरीरसे भिन्न है कि अभिन्न है, मृत्युके बाद वह रहता है या नहीं रहता ये प्रश्न भी सम्मिलित हैं। बौद्ध दर्शनमें आत्माको रूप वेदना, संज्ञा संस्कार और विज्ञानका पुञ्जमात्र माना गया है।[1] मिलिन्द प्रश्नमें भदन्त नागसेनने राजा मिलिन्दके सामने आत्मस्वरूपका वर्णन एक बड़ी सुन्दर उपमाके द्वारा किया है। नागसेनने राजासे पूछा कि इस दुपहरियेकी कड़कड़ाती धूपमें जिस रथ पर सवार होकर आप इस स्थान पर पधारे हैं। उस रथका इदमित्थं वर्णन क्या आप करते हैं? क्या दण्ड रथ है या अक्ष रथ है? राजाके निषेध करने पर फिर पूछा कि क्या चक्के रथ हैं या रस्सियाँ रथ हैं, लगाम रथ है या चाबुक रथ है? बार बार निषेध करने पर नागसेनने राजासे पूछा आखिर रथ क्या चीज है? अगत्या मिलिन्दको स्वीकार करना पड़ा कि दण्ड, चक्र आदि अवयवोंके आधारपर केवल व्यवहारके लिये 'रथ' नाम दिया गया है; इन अवयवोंको छोड़कर पृथक् रूपसे किसी अवयवीकी सत्ता नहीं दीख पड़ती। तब नागसेनने बतलाया कि ठीक यही दशा आत्माकी भी है। पञ्चस्कन्ध आदि अवयवोंसे भिन्न अवयवीके नितरां अगोचर होनेके कारण इन अवयवोंके आधारपर 'आत्मा' नाम केवल व्यवहारके लिये ही दिया गया है। आत्माकी वास्तविक सत्ता है ही नहीं। बुद्ध दर्शनने आत्माकी पृथक् सत्ता न मानकर भी निर्वाण और परलोकका निषेध नहीं किया है। प्रत्युत उनके चार आर्य सत्योंका उपदेश इसी आधार पर स्थित है।

इस प्रकार जीवके अस्तित्वको न माननेवाले या उसे संशयकी दृष्टिसे देखनेवाले मुख्य दर्शन दो हैं। शेष सभी पौर्वात्य दर्शनकारोंने उसकी स्वतन्त्र सत्ता किसी न किसी रूपमें स्वीकार ही है। इनमेंसे प्रथम मत बहुत प्राचीन है। लोकमें इसकी चार्वाक या लौकायतिक इस नामसे प्रसिद्धि है। यह मात्र इन्द्रिय प्रत्यक्षको प्रमाण मानता है, इसलिए यह अतीन्द्रिय जीव, धर्म, अधर्म आकाश और काल द्रव्यको तथा परलोक और मुक्ति आदि तत्वोंको स्वीकार नहीं करता।

किन्तु विचार करने पर ज्ञात होता है कि जीव पृथिवी आदिके योग्य सम्मिश्रणका फल नहीं है, क्योंकि पृथिवी आदि प्रत्येक तत्त्वमें चेतना गुणकी उपलब्धि नहीं होती, इसलिए उन सबके सम्मिश्रणसे भला उसकी उत्पत्ति हो ही कैसे सकती है। गेहूँ आदिके सड़ाने पर उसमें जो मादकता दिखाई देती है वह उनका नया धर्म नहीं है। किन्तु यह मादकता इन पदार्थोंमें न्यूनाधिकरूपसे सदा विद्यमान रहती है। सड़ाने आदिसे मात्र उसका विशेष रूपसे आविर्भाव देखा जाता है। एक मनुष्य भोजन करता है, उसे कम आलस्य आता है और

---

१. भारतीयदर्शनसे।

दूसरा मनुष्य भोजन करता है, उसे अधिक आलस्य आता है। इसका एक कारण इस मादकताकी न्यूनाधिकता भी है, इसलिए मदिराके दृष्टान्त द्वारा जीवको भूतचतुष्टयका परिणाम मानना उचित नहीं है।

जीव द्रव्य है और उसका स्वतन्त्र अस्तित्व है। इन्द्रियों द्वारा उसका अन्य स्थूल पदार्थोंके समान ग्रहण न होने पर भी उसके अस्तित्वको अस्वीकार करना बुद्धिकी विडम्बना मात्र है। लोकमें ऐसे अनेक पदार्थ हैं जिनका इन्द्रियोंके द्वारा ग्रहण न होने पर भी अनुमान प्रमाणके द्वारा उनका अस्तित्व सिद्ध होता है। उदाहरणार्थ पृथिवी आदिके आरम्भक परमाणुओंका चाक्षुप प्रत्यक्ष नहीं होता पर क्या इतने मात्रसे उनका असद्भाव माना जा सकता है ? कभी नहीं। इसी प्रकार यद्यपि जीव तत्त्वका इन्द्रियों द्वारा ग्रहण नहीं होता है तथापि अनुमान आदिके द्वारा उसका अस्तित्व सिद्ध होता है।

जिस प्रकार किसी यन्त्रप्रतिमाकी चेष्टाओंको देखकर उसके प्रयोक्ताका अस्तित्व जाना जाता है उसी प्रकार सम्भाषण, हलन-चलन, श्वासोच्छ्वासका ग्रहण करना और छोड़ना तथा आहारका लेना आदि क्रियाओंको देखकर ज्ञात होता है कि इस शरीरका प्रयोक्ता कोई अन्य पदार्थ है जो शरीरके प्रत्येक अवयवमें व्याप्त कर रह रहा है।

यह तो हम प्रत्यक्षसे ही देखते हैं कि जीवत् शरीरसे मृत शरीरमें मौलिक अन्तर है। जीवत् शरीरमें ऐसी किसी वस्तुका वास अवश्य रहता है जो श्वासोच्छ्वास लेता छोड़ता है, उस द्वारा क्रिया करनेमें सहायता प्रदान करता है, किसी वस्तुके विस्मृत हो जाने पर उसे याद करता है, इच्छा करता है, इच्छित भोगको स्वीकार करता है, और अनिच्छित भोगका त्याग करता है। स्व-परका भेद करता है, गणित व रुपया, आना, पाईका हिसाब लगाता है, यशकी कामना करता है और विश्वकी सुव्यवस्था व आत्मोन्नतिके उपाय सोचता है। यह कहना विशेष युक्तियुक्त प्रतीत नहीं होता कि भूत चतुष्टयके योग्य सम्मिश्रणसे चैतन्य तत्त्वकी उत्पत्ति होती है, क्योंकि जो शक्ति अलग-अलग पृथिवी आदिमें नहीं पाई जाती वह उनके सम्मिश्रणसे नहीं उत्पन्न हो सकती।

हम देखते हैं कि बालक जन्म लेते ही दुग्धपानकी इच्छा करता है। माताके स्तनसे उसका मुह लगाने पर वह दूध पीने लगता है। कुछ ऐसे भी बालक देखे गये हैं जो अपने पूर्वजन्मका वृत्तान्त सुनाते हैं। श्री रतनलालजीने अपनी आत्मरहस्य नामक पुस्तकमें देश विदेशकी ऐसी कई घटनाएँ निबद्ध की हैं। एक घटना बरेलीकी है। बात सन १९२६ की है। केकयनन्दन वकीलके यहां एक पुत्र उत्पन्न हुआ। जब वह बालक पाँच वर्षका हुआ और बोलना सीख गया तो वह अपने पूर्वजन्मकी बातें कहने लगा कि पूर्व जन्ममें मैं बनारस निवासी बबुआ पांडेका पुत्र था। उस बालकके पिता श्री केकयनन्दन कई मित्रोंके साथ उस बालकको बनारस ले गये और बालकके बतलाये हुए स्थान पर गये। उस समय बनारसके जिलाधीश श्री बी० एन० मेहता भी उपस्थित थे। बालक बबुआ महाराज तथा उस मोहल्लेके एकत्रित सज्जनोंको उनके नाम ले लेकर पुकारने लगा और उनसे मिलनेकी उत्सुकता प्रकट करने लगा। उसने अपने पूर्व जन्मके घर तथा बहुत सी वस्तुओंको पहिचान लिया और अनेक प्रश्न पूछने लगा कि अमुक अमुक वस्तुएँ कहाँ हैं और कैसी हैं। उस बालकका बतलाया हुआ पूर्व जन्मका वृत्तान्त बिलकुल सच निकला।

भूत प्रेतोंकी कथाएँ भी अक्सर लोग सुनाया करते हैं। कुछ पश्चिमीय विद्वानोंने इनका सप्रमाण संकलन भी किया है। भारतीय समाचार पत्रोंमें भी ये प्रकाशित होती रहती हैं। इनसे सम्बद्ध कई घटनाएँ ऐसी होती हैं जिन्हें असत्य नहीं माना जा सकता। अक्सर ये प्रेत वहीं पर क्रियाशील दिखाई देते हैं जहां पर इनका पूर्व जन्मका किसी न किसी प्रकारका सम्बन्ध होता है।

प्रश्न यह है कि यह सब क्यों होता है ? जीवको शरीरसे अभिन्न मानने पर न तो बालकको दूध पीने की इच्छा हो सकती है, न वह पूर्व जन्मकी स्मृति रख सकता है और न ही भूत-प्रेत योनिकी विविध घटनाओं का सम्बन्ध ही बिठाया जा सकता है, किन्तु यह सब होता अवश्य है। इससे ज्ञात होता है कि शरीरसे भिन्न कोई स्वतन्त्र व्यक्तित्व अवश्य है।

जब हम किसी बालकको शिक्षा दीक्षासे दीक्षित करते हैं तब हमें यह देखना होता है कि उसकी स्वाभाविक रुचि क्या है ? यदि उसकी इच्छाके अनुकूल सामग्री जुटा दी जाती है तो उसकी उन्नति होनेमें देर नहीं लगती और यदि इच्छाके प्रतिकूल कार्य किया जाता है तो उसे बड़ा निराश होना पड़ता है। विचारणीय यह है कि ऐसा क्यों होता है ? वह कौन सा तत्त्व है जो उससे ऐसा करता कराता है। वैज्ञानिकोंने प्राणी की इस प्रवृत्तिका सूक्ष्म निरीक्षण करनेका प्रयत्न किया है। वे तत्काल जीवके अस्तित्वके विषयमें एकमत भले ही न हो सके हों, पर इस तत्त्वकी सत्ताको अस्वीकार करना उनकी शक्तिके बाहर है।

यह बात हम प्रतिदिन के व्यवहारसे देखते हैं कि जब कोई अन्य व्यक्ति हमें दुःख पहुँचानेकी चेष्टा करता है तब हमें क्रोध आता है और यदि कोई अपमान करना चाहता है तो अहंकारसे हमारा आत्मा अभिभूत हो जाता है। किन्तु जल्दी या देरमें हम इस अवस्थासे हटना चाहते हैं। प्रकृतमें विचारणीय यह है कि इस प्रकार क्रोध करनेवाला या उससे हटनेवाला व्यक्ति कौन है ? क्या ऐसी विलक्षण मानसिक क्रिया-प्रतिक्रिया किन्हीं जड़ तत्त्वोंके सम्मिश्रणसे सम्भव हो सकती है ! 'हाँ' में इसका उत्तर देना कठिन है।

हमने ऐसे बहुतसे प्राणी देखे हैं जिनका किसी प्रकारका अनिष्ट करनेपर वे चिरकालतक उसकी वासना से अभिभूत रहते हैं और कालान्तरमें संयोग मिलनेपर वे उसका बदला लेनेसे नहीं चूकते। हम यहां यह कह सकते हैं कि ऐसी वासना वर्तमान जीवनतक ही सीमित रहती है, जन्मान्तरमें इसका अन्वय नहीं देखा जाता। किन्तु यदि जन्मान्तरकी बात छोड़ भी दी जाय तो भी यह तो देखना ही होगा कि एक पर्यायके भीतर ही चिरकालतक ऐसी वासना क्यों देखी जाती है ? क्या बिना स्मृतिके इस प्रकारकी वासनाका बना रहना सम्भव है। मालूम पड़ता है कि जड़ तत्त्वोंसे विलक्षण स्मृतिज्ञानका आधारभूत कोई स्वतन्त्र व्यक्तित्व अवश्य है। प्राचीन ऋषियोंने इसे ही जीवशब्दसे पुकारा है। प्राचीन साहित्यमें इसके गुणोंका ख्यापन अनेक प्रकार से किया गया है। नैयायिक वैशेषिक दर्शनने विश्लेषण करके संसारी जीवके बुद्धि, सुख, दुख, इच्छा, द्वेष, प्रयत्न, धर्म, अधर्म और संस्कार ये नौ विशेष गुण कल्पित किये हैं। इनकी तुलना हम जैन दर्शनके अनुसार कर्मनिमित्तक भावोंसे कर सकते हैं। जैन दर्शनमें जीवकी अनन्त अनुजीवी शक्तियां मानी गई हैं। उदाहरण स्वरूप ज्ञान, दर्शन, सम्यक्त्व, सुख, क्षमा, मार्दव, आर्जव, भोग, उपभोग और वीर्य ये जीवके अनुजीवी गुण हैं। पुद्गलोंके संयोगसे न होकर ये आत्माके स्वतन्त्र व्यक्तित्वको प्रख्यापित करते हैं।

प्राचीन साहित्यमें जीवका अस्तित्व सिद्ध करनेके लिए मुख्य हेतु 'अहंप्रत्ययवेद्य' दिया जाता है इसलिए यहां इस 'अहम्'का ज्ञान कराना आवश्यक हो जाता है। यह तो हम प्रत्यक्षसे ही देखते हैं कि जहाँ हमारा निवास है वहां हम अनेक पदार्थोंसे घिरे रहते हैं। उनमेंसे कुछ जड़ होते हैं और कुछ चेतन। ये प्रति दिन हमारे उपयोगमें आते हैं। इसलिए इनकी हम सम्हाल करते हैं। पर इन्हें हम अपने शरीर या आत्मासे अधिक प्रिय नहीं मानते। शरीर रक्षाका और मुख्यतः आत्मरक्षाका प्रश्न उपस्थित होनेपर हम इन्हें त्याग देते हैं। शरीरकी भी यही अवस्था होती है। जहांतक वर्तमान जीवनमें रति रहती है या शरीरके रहते हुए किसी प्रकारका अनिष्ट नहीं प्रतीत होता वहीं तक हम उसकी रक्षा करते हैं, अन्यथा उसका त्याग करनेमें भी हम संकोच नहीं करते। इस प्रकार वर्तमान जीवनकी घटनाओंसे हम देखते हैं कि इन विविध प्रकारके संयोग-वियोगोंमें भी हमारा 'अहम्' न तो भौतिक जगत्से सम्बन्ध रखता है और न बाह्य चेतन जगत्से ही। उसकी सीमा इन सबसे परे अपनेमें सुरक्षित रहती है। बड़े-बड़े ज्ञानी मुनियोंने अनुभव द्वारा उस अहंप्रत्ययवेद्य तत्त्वका निर्णय किया है। उनकी स्वानुभव पूर्ण वाणी क्या कहती है यह उन्हींके शब्दोंमें सुनिए—

'अहमिक्को खलु सुद्धो दंसणणाणमइओ सदारूवी।
ण वि अत्थि मज्झ किंचि वि अण्णं परमाणुमित्तं पि॥'

[आ० कुन्दकुन्द]

अहं प्रत्ययवेद्य मैं एक हूँ, शुद्ध हूँ, ज्ञानदर्शन स्वभाव हूँ और रूपादि भौतिक गुणोंसे रहित हूँ। ये सब बाह्य जगत्से सम्बन्ध रखनेवाले यहाँतक कि परमाणु मात्र भी मेरे नहीं हैं।

इसी बातको दूसरे शब्दोंमें उन्होंने यों व्यक्त किया है—

एगो मे सासदो आदा णाणदंसणलक्खणो।
सेसा मे बाहिरा भावा सव्वे संजोगलक्खणा॥

[आ० कुन्दकुन्द]

मेरा आत्मा शाश्वत होकर स्वतन्त्र तो है ही किन्तु उसका स्वभाव भी एकमात्र ज्ञान दर्शन है। इसके सिवा मुझमें और जो कुछ भी दिखलाई देता है वह सब संयोगका फल है।

इन प्रमाणोंसे आत्माके अस्तित्वपर सुन्दर प्रकाश पड़ता है। यहां मुख्य रूपसे आत्माको ज्ञान दर्शन स्वभाववाला बतलाया गया है क्योंकि इनका अन्वय एकमात्र चेतनके साथ देखा जाता है। जहाँ चेतना है वहाँ ज्ञान दर्शन है और जहाँ ज्ञान दर्शन है वहाँ चेतना है। इनकी परस्परमें व्याप्ति है।

प्राचीन साहित्यमें चेतनके मुख्य नाम तीन मिलते हैं—जीव, आत्मा और प्राणी। जीव यह नाम जीवन क्रिया की प्रधानता से रखा गया है। आत्मन् शब्दका व्युत्पत्ति लभ्य अर्थ है—आप्नोति व्याप्नोतीति आत्मा—जो स्वीकार करता है या व्याप्त कर रहता है। संसार अवस्थामें जीव इन्द्रियों द्वारा विषयोंको ग्रहण करता है और कैवल्य लाभ होनेपर सबका वह ज्ञाता द्रष्टा बनता है, इसलिये इसका आत्मा यह नाम भी सार्थक है। और प्राणी कहनेसे इसके विविध प्रकारके प्राणोंका बोध होता है। हमें मनुष्यके शरीरमें पाँच ज्ञानेन्द्रियोंकी उपलब्धि होती है। इन द्वारा वह विविध प्रकारके विषयोंको ग्रहण करता है। इनके सिवा वह मनसे सोचता विचारता है, श्वासोच्छ्वास लेता है, शरीरसे विविध प्रकारकी चेष्टाएँ करता है, वचन बोलता है और एकके बाद दूसरे शरीरको धारण करता है। पाँच इन्द्रियाँ, श्वासोच्छ्वास, आयु, कायबल, वचनबल और मनोबल ये दस प्राण हैं जिनसे इसका प्राणी यह नाम भी सार्थक है। ये ही दस प्राण व्यवहारसे जीवन क्रियाके प्रयोजक माने गये हैं। इन द्वारा भौतिक शरीरमें जीवके अस्तित्वका ज्ञान होता है।

हम पहले इसी जीवके मुक्त और संसारी ये दो भेद करके संसारी जीवके अनेक भेदोंका निर्देश कर आये हैं। प्रश्न यह है कि सब जीव एक समान स्वभाववाले होकर भी उनके ये विविध भेद क्यों दिखाई देते हैं। क्या बिना कारणके वे इन विविध प्रकारके भेदोंको और विविध प्रकारके शील स्वभावोंको धारण कर सकते हैं। जैन दर्शन इसी प्रश्नका उत्तर कर्मको स्वीकार करके देता है।

नेमिचन्द्र सिद्धान्त चक्रवर्ती कर्मके अस्तित्वको स्वीकार करते हुए गोम्मटसार जीवकाण्डमें कहते हैं—

"जह भारवहो पुरिसो वहइ भरं गेहिऊण कावडियं।
एमेव वहइ जीवो कम्मभरं कायकावडियं॥२०१॥"

जिस प्रकार भारको वहन करनेवाला पुरुष कावरके सहारे उसको ढोता है उसी प्रकार कायरूपी कावरका सहारा लेकर यह जीव कर्मरूपी भारका वहन करता है।

ये ही कर्म जीवकी इन विविध अवस्थाओंके कारण हैं।

साधारणतः इस विषयमें यह प्रश्न किया जाता है कि गर्भमें माता पिताके रज-वीर्यके मिलनेसे बालककी उत्पत्ति होती है। विश्वके सब संसारी जीव तीन भागोंमें बटे हुए हैं—कुछ जीव गर्भज होते हैं, कुछ जीव सम्मूर्च्छन होते हैं और कुछ जीव उपपादज होते हैं। इनमेंसे जिन जीवोंकी उत्पत्तिके जो साधन निश्चित हैं उन्हींसे उन जीवोंकी उत्पत्ति होती है।

इस समय वैज्ञानिकोंने विविध प्रकारकी वनस्पतियों पर कुछ प्रयोग किए हैं जिनमें उन्हें सफलता भी मिली है। वे खट्टे नीबूको प्रयोग द्वारा मीठा कर सकते हैं फूलोंका रंग और आकृति भी बदल सकते हैं। इंजक्शन द्वारा पशुओं और मनुष्योंकी नस्लमें भी वे सुधार कर सकते हैं। इससे भी अपने-अपने नियत साधनोंसे उस-उस जीवकी उत्पत्तिका ज्ञान होता है।

इसी प्रकार प्रत्येक जीवका शील-स्वभाव और शरीरकी रचना बाह्य परिस्थिति पर अवलम्बित जान पड़ती है। एक जीव क्रोधी होता है और दूसरा शान्त। यह भेद उस-उस जीवकी शरीर रचना और बाह्य

परिस्थितिपर अवलम्बित है। सामुद्रिक शास्त्रमें भी इसके कुछ निश्चित नियम दिए गए हैं। इसलिए यह शंका होती है कि जिन कारणोंसे जीवकी उत्पत्ति होती है या जिन कारणोंसे उनका शील-स्वभाव बनता है उनके सिवा इनकी उत्पत्तिका कर्म नामक अन्य अज्ञात कारण नहीं है। यदि कर्मकी सत्ता स्वीकार न की जाय तो भी विविध प्रकारके जीवोंकी उत्पत्ति, आकृति और शील-स्वभावमें जो अन्तर दिखाई देता है वह बन जाता है।

प्रश्न मार्मिक है और किसी अंशमें वास्तविक स्थिति पर प्रकाश डालनेवाला भी। पर यहाँ विचारणीय विषय यह है कि जीव द्रव्य स्वतन्त्र होकर भी इन विविध प्रकारके आकारों और शील-स्वभावोंको क्यों धारण करता है। वह कौनसा हेतु है जिसके कारण वह कभी मनुष्यके शरीरमें आकर वहाँ प्राप्त होनेवाली सामग्रीके अनुसार सुख-दुखका वेदन करता है और कभी तिर्यञ्चके शरीरमें आकर वहाँ प्राप्त परिस्थितिके अनुसार अपना विकास करता है। कभी क्रोधके निमित्त मिलने पर वह क्रोधी होता है और कभी मानके निमित्त मिलने पर वह मानी होता है। यह तो माना नहीं जा सकता कि वर्तमान जीवनके सिवा उसका पृथक् कोई व्यक्तित्व ही नहीं है, क्योंकि भूतचतुष्टयसे अहंप्रत्ययवेद्य और ज्ञान दर्शनलक्षणवाले जीवकी उत्पत्ति नहीं हो सकती। वैज्ञानिकोंने अपनी सूक्ष्म बुद्धिका उपयोग करके अणुबम और हाइड्रोजनबम बनाया है। बहुत सम्भव है कि उनका वैज्ञानिक अनुसंधान इसके आगे बहुत कुछ प्रगति करनेमें समर्थ हो पर इन सबमें जीवन डालनेमें उनका प्रयोग सफल होगा यह साहस पूर्वक नहीं कहा जा सकता है। इसलिए तर्क और अनुभव यही माननेके लिए बाध्य करता है कि इस शरीरमें पंचभूतोंके योग्य सम्मिश्रणके सिवा एक स्वतन्त्र और स्थायी व्यक्तित्व अवश्य विद्यमान है जो इन सब विविध अवस्थाओं और शील स्वभावोंको धारण करता है। माता पिताका रज वीर्य या अन्य प्राकृतिक तथा दूसरे साधन शरीरकी उत्पत्तिमें सहायक हो सकते हैं पर जिस कारणसे यह जीव इन साधनोंका उपयोग करनेमें समर्थ होता है और जो इसे अपने मूल स्वभावसे च्युत कर इन अवस्थाओंमें रममाण कराता है, मानना पड़ता है कि वह इन सब दृश्य कारणोंसे भिन्न है। दर्शनकारोंने उसे ही 'कर्म' शब्दसे सम्बोधित किया है यह कर्मवादकी युक्ति है। इसी बातको स्पष्ट करते हुए पञ्चाध्यायीकारने लिखा है—

'एको हि श्रीमान् एको दरिद्र इति च कर्मणः।'

[पञ्चाध्यायी अ. २, श्लोक ५०]

एक सुखी है और दूसरा दुखी इससे कर्मका अस्तित्व जाना जाता है।

२. जीव और कर्मका सम्बन्ध अनादि है

हम देख चुके हैं कि जीव क्या है और उसकी संसारमें क्या अवस्था हो रही है। जीवमें कर्मके निमित्त से राग, द्वेष आदिका प्रादुर्भाव होता है और इससे नये कर्मका बन्ध होता है। इनकी यह परम्परा अनादि है। इसी भावको व्यक्त करते हुए पञ्चास्तिकायमें लिखा है—

जो खलु संसारत्थो जीवो तत्तो दु होदि परिणामो।
परिणामादो कम्मं कम्मादो होदि गदीसु गदी ॥१२८॥
गदिमधिगदस्स देहो देहादो इंदियाणि जायंते।
तेहिं दु विसयग्गहणं तत्तो रागो य दोसो वा ॥१२९॥
जायदि जीवस्सेवं भावो संसारचक्कवालम्मि।

संसारमें स्थित जीवके राग, द्वेष और मोहरूप परिणाम होते हैं। उनके कारण कर्म बंधते हैं। कर्मोंसे गतियोंमें जन्म लेना पड़ता है। इससे शरीर मिलता है। शरीरके मिलनेसे इन्द्रियाँ होती हैं। इनसे यह जीव विषयोंको ग्रहण करता है। विषयोंको ग्रहण करनेसे राग द्वेष रूप परिणाम होते हैं। यह संसारका एक चक्र है। इसमें जो जीव स्थित है उसकी ऐसी अवस्था होती है।

प्रश्न है कि यह जीव संसार दशाको क्यों प्राप्त होता है। जब राग द्वेषके बिना कर्मबन्ध नहीं हो सकता है और कर्मबन्ध हुए बिना राग द्वेष नहीं हो सकता तब जीवकी यह अवस्था कैसे होती है ? समाधान यह है कि संसारकी यह चक्र परम्परा बीज वृक्ष या पिता पुत्रके समान अनादि कालसे चली आ रही है। बीजसे वृक्ष होता है और वृक्षसे बीज। यह कोई नहीं कह सकता कि इनमेंसे किसका प्रारम्भ सर्व प्रथम हुआ। हम तो इनका ऐसा ही सम्बन्ध देखते हैं। इससे अनुमान होता है कि इनकी यह परम्परा अनादि है। इसी प्रकार जीवके संसारके कारणभूत राग-द्वेष और कर्मबन्धकी परम्पराको भी अनादिकालीन मानना पड़ता है।

यद्यपि वर्तमानकालमें विकासवादके सिद्धान्तको माननेवाले यह कहते हैं कि मनुष्य अपनी प्रारम्भिक विकासकी अवस्थामें बन्दर था और धीरे धीरे उसे यह अवस्था प्राप्त हुई है। यह विकासवादका सिद्धान्त कुछ भी क्यों न हो किन्तु इससे उक्त मान्यतामें कोई बाधा नहीं आती। अतीत कालमें जहाँ भी जा कर हम प्राणियोंकी उत्पत्तिके क्रमका विचार करते हैं वहाँ हमें यही मानना पड़ता है कि जिस क्रमसे इस समय प्राणियोंकी उत्पत्ति होती है उसी क्रमसे अतीत कालमें उनकी उत्पत्ति होती रही होगी। यह नहीं हो सकता कि पहले उनकी उत्पत्ति बिना माता पिताके या बिना बीज वृक्षके होती थी और अब इनकी उत्पत्ति इस क्रमसे होने लगी है।

यद्यपि इस व्यवस्थासे ईश्वरवादी सहमत नहीं हैं। उनका कहना है कि विश्वकी उत्पत्तिका मुख्य कारण ईश्वर है। ईश्वरके मनमें यह इच्छा हुई कि 'एकोऽहं बहुः स्याम्' अर्थात् 'मैं एक बहुत होऊँ।' और फिर उसने विश्वकी सृष्टि की। इसकी विस्तृत चरचा मनुस्मृति और दूसरे वैदिक पुराण ग्रन्थोंमें की है वहाँ लिखा है—

'यह[1] संसार पहले तम प्रकृतिमें लीन था, इससे यह दिखलाई नहीं देता था। सर्वत्र गाढ निद्राकी सी अवस्था थी। तब अव्यक्त स्वयंभू अन्धकारका नाशकर पञ्च महाभूतों (पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश) को प्रकट करते हुए स्वयं व्यक्त हुए ....। अनेक प्रकारके जीवोंकी सृष्टि की। इच्छासे उस परमात्माने ध्यान करके सर्वप्रथम अपने शरीरसे जल उत्पन्न किया और उसमें शक्तिरूप बीज डाला। वह बीज सूर्यके समान चमकनेवाला सोनेका-सा अण्डा बन गया.........। उस अण्डेमें वह ब्रह्मा एक वर्ष तक रहा। तब उसने आप ही अपने ध्यानसे उस अण्डेके दो टुकड़े कर डाले। ब्रह्माने उन दो टुकड़ोंसे स्वर्ग और पृथिवीका निर्माण किया। मध्यमें आकाश, आठों दिशाएँ और जलका शाश्वत स्थान समुद्रका निर्माण किया। फिर आत्मासे मन और मनसे अहंकार तत्त्वको प्रकट किया। साथ ही बुद्धि, तीनों गुण (सत्व, रज और तम) और विषयोंको ग्रहण करनेवाली पाँचों इन्द्रियोंको क्रमशः उत्पन्न किया।...... - ......फिर उस ईश्वरने सृष्टिके आरम्भमें वेदके शब्दोंसे सबके अलग अलग नाम और कार्य नियत कर दिये। और उनकी संस्थाएँ बना दी। सनातन ब्रह्माने यज्ञसिद्धिके लिये अग्नि, वायु और सूर्यसे क्रमशः ऋग्वेद, यजुर्वेद और शामवेद इन तीनोंको प्रकट किया। फिर समय, समयके लिये विभाग, नक्षत्र, ग्रह, नदी, समुद्र और पहाड़ बनाए।

हिरण्यगर्भने अपने शरीरके दो भाग किए और आधेसे पुरुष और आधेसे स्त्री बन गया। उस स्त्रीमें उसने विराट पुरुषकी सृष्टि की। 'मैंने प्रजाओंकी सृष्टिकी इच्छासे अति दुष्कर तपस्या करके दस महर्षियोंको उत्पन्न किया।'.........इस प्रकार मेरी आज्ञासे इन महात्माओंने अपने तपयोगसे कर्म्मानुरूप स्थावर जङ्गमकी सृष्टि की।

इस पर प्रश्न यह उठता है कि ब्रह्मा या ईश्वरके मनमें इस क्रमसे विश्वकी रचनाका विचार क्यों आया। उसने जिस क्रमसे आदिमें पशु, पक्षी, मत्स्य, सरीसृप और मनुष्यकी उत्पत्ति की थी आज भी उसी क्रमसे वह उनकी उत्पत्ति क्यों नहीं करता। क्यों नहीं वह वन्ध्या या पतिविहीना स्त्रियोंको कमसे कम एक

---

१. जैनजगत्में प्रकाशित भदन्त आनन्दजीके लेखसे।

एक पुत्र दे देता है जिससे वे अपने वन्ध्यापन या पतिके अभावके दुखको भूल जाँय। वे मनुष्य जो कुष्ठसे जर्जर हो रहे हैं या जो धनाभावके कारण पशुओंका जीवन बिता रहे हैं उन्हें क्यों नहीं ऐसे साधन जुटा देता है जिनका आलम्बन पाकर वे अपने कष्टको कुछ कम करनेमें समर्थ हों। उनके पाप ईश्वरको ऐसा नहीं करने देते, इस कथनमें कुछ भी सार नहीं है, क्यों कि पुण्यके समान पापका निर्माण भी तो उसीने किया है? उसने पापका निर्माण ही क्यों किया?

एक यथार्थवादी होनेके नाते विचार करनेसे यही ज्ञात होता है कि इस प्रकार विश्वकी उत्पत्ति मानना कोरी कल्पना है। वे दर्शन जो ईश्वरवादी माने जाते हैं उनसे भी इस कल्पनाका समर्थन नहीं होता। ईश्वरवादका समर्थन करनेवाले मुख्य दर्शन दो हैं—एक न्याय और दूसरा वैशेषिक। किन्तु इनका विचार इस सृष्टिक्रमको स्वीकार नहीं करता।

इस प्रकार विचार करने पर ज्ञात होता है कि विश्वकी यह रचना अनादि है। थोड़ा बहुत जो उसमें समय समय पर परिवर्तन दिखलाई देता है उसमें किसीकी इच्छा कारण न होकर परस्परमें सम्बद्ध घटनाक्रम ही उसके लिये दायी है। सूर्य नियत समय पर उगता है और नियत समय पर अस्त होता है। इसमें किसी अज्ञात शक्तिका हाथ नहीं है। जगत्‌का यह क्रम अनादि कालसे इसी प्रकारसे चला आ रहा है और अनन्त काल तक चलता रहेगा। जिन विचारकोंका जगत्‌के इस स्वाभाविक क्रमकी ओर ध्यान गया है उन्होंने विश्व-की यथार्थ स्थितिका विश्लेषण करके विश्वमें स्थित अनन्त पदार्थोंके संयोग और स्वभावको ही इसका कारण माना है। जीव और कर्मका ऐसा स्वभाव है जिससे वे अनादि कालसे परस्पर सम्बद्ध हो रहे हैं और जब तक उन्हें परस्पर बन्धके कारणोंका संयोग मिलता रहेगा तब तक वे बन्धको प्राप्त होते रहेंगे। जीव और कर्मके अनादि सम्बन्धकी चरचा करते हुए गोम्मटसार कर्मकाण्डमें लिखा है—

'पयडी सील सहावो जीवंगाणं अणाइसंबंधो।
कणयोवले मलं वा ताणत्थित्तं सयं सिद्धं ॥ २ ॥'

कनकोपलके मलके समान जीव और कर्मका सम्बन्ध अनादि है। इसके अस्तित्वको सिद्ध करनेके लिये अन्य प्रमाणकी आवश्यकता नहीं है, वह स्वतःसिद्ध है।

ब्रह्मसूत्रमें संसारकी अनादिता इन शब्दोंमें स्वीकार की है—

न कर्माविभागात् इति चेत्? न; अनादित्वात्।

[ब्रह्मसूत्र २, १, ३५।]

इसका शंकर भाष्य है—

नैष दोषः, अनादित्वात् संसारस्य। भवेद् एष दोषो यदि आदिमान् संसारः स्यात्। अनादौ तु संसारे बीजाङ्कुरवत् हेतुहेतुमद्भावेन कर्मणः सर्गवैषम्यस्य च प्रवृत्तिर्न विरुद्धयते।

इसमें स्पष्टतः संसारकी अनादिता स्वीकार की गई है। इससे जीव और कर्मका सम्बन्ध अनादि सिद्ध होता है।

३. कर्म क्या है

कर्म क्या है? विचार करनेपर ज्ञात होता है कि जीवका स्पन्दन तीन प्रकारका होता है—कायिक, वाचनिक और मानसिक।

जीव शरीरसे कुछ न कुछ क्रिया करता है, वचनसे कुछ न कुछ बोलता है और मनसे कुछ न कुछ सोचता है। ये तीन क्रियाएँ हैं जो प्रत्येकके अनुभवमें आती हैं। ये बाह्य हैं। इनके सिवा तीन आभ्यन्तर क्रियाएँ भी होती हैं जिन्हें योग कहते हैं।

'कायवाङ्मनः कर्म योगः।'

[तत्त्वार्थसूत्र ६, १।]

'काय, वचन और मनका व्यापार योग है।'

योगका दूसरा नाम स्पन्दन है। कायके निमित्तसे जीवकी स्पन्दन क्रियाको काययोग कहते हैं। वचनके निमित्तसे जीवकी स्पन्दन क्रियाको वचनयोग कहते हैं और मनके निमित्तसे जीवकी स्पन्दन क्रियाको मनोयोग कहते हैं। काय, वचन और मन आलम्बन है और जीवकी स्पन्दन क्रिया कर्म है।

जीवकी यह स्पन्दन क्रिया यों ही समाप्त नहीं हो जाती, किन्तु जिन भावोंसे यह स्पन्दन क्रिया होती है उसका संस्कार अपने पीछे छोड़ जाती है।

'ये संस्कार चिरकालतक स्थायी रहते हैं इसका दृष्टान्त हमारे लिये अपरिचित नहीं है। हम जिसे स्मृति कहते हैं जिसके फलस्वरूप पूर्वानुभूत वस्तुका स्मरण होता है वह संस्कारके सिवा और है ही क्या? स्मृतिकी यह करामात हम प्रतिदिन देखते हैं। प्राकृतिक जगत्‌में भी संस्कारके कुछ कम दृष्टान्त नहीं हैं। फोनोग्राफ् यन्त्रके समीप यदि कोई गीत गाया जाय तो वह गीत संस्कारके रूपमें उस यन्त्रमें रक्षित रहता है। पीछे युक्तिसे उसका उद्बोधन करनेपर वही गीत पुनः श्रुतिगोचर होने लगता है[1]।'

किन्तु इन संस्कारोंका आधार जीव नहीं माना जा सकता, क्योंकि जीवका संसार पुद्गलके आलम्बनसे होता है, अतः जिन भावोंसे स्पन्दन क्रिया होती है उनके संस्कार क्षण-क्षणमें जीव द्वारा गृहीत पुद्गलोंमें ही संचित होते रहते हैं।

इसीलिये अकलंक देवने कहा है—

'यथा भाजनविशेषे प्रक्षिप्तानां विविधरसबीजपुष्पफलानां मदिराभावेन परिणामः तथा पुद्गलानामपि आत्मनि स्थितानां योगकषायवशात् कर्मभावेन परिणामो वेदितव्यः।'

[राजवार्तिक]

जिस प्रकार पात्रविशेषमें डाले गये अनेक रसवाले बीज, पुष्प और फलोंका मदिरारूपसे परिणमन होता है उसी प्रकार आत्मामें स्थित पुद्गलोंका भी योग और कषायके कारण कर्मरूपसे परिणमन होता है।

यद्यपि पुद्गलोंकी जातियाँ अनेक[2] हैं पर वे सब पुद्गल इस काम नहीं आते। मात्र कार्मण नामक पुद्गल ही इस काम आते हैं। ये अति सूक्ष्म और सब लोकमें व्याप्त हैं। जीव स्पन्दन क्रिया द्वारा प्रति समय इन्हें ग्रहण करता है और अपने भावोंके अनुसार इन्हें संस्कारित कर कर्मरूपसे परिणमाता है।

'कर्म' शब्द तीन अर्थमें प्रयुक्त होता है—(१) जीवकी स्पन्दन क्रिया, (२) जिन भावोंसे स्पन्दन क्रिया होती है उनके संस्कारसे युक्त कार्मण पुद्गल और (३) वे भाव जो कार्मण पुद्गलोंमें संस्कारके कारण होते हैं।

जीवकी स्पन्दन क्रिया और भाव उसी समय निवृत्त हो जाते हैं किन्तु संस्कार युक्त कार्मण पुद्गल जीवके साथ चिरकालतक सम्बद्ध रहते हैं। ये यथायोग्य अपना काम करके ही निवृत्त होते हैं।

ये कालान्तरमें फल देनेमें सहायता करते हैं, इसलिये इन्हें द्रव्यकर्म कहते हैं और इसीसे इनकी द्रव्य निक्षेपके तद्व्यतिरिक्त भेदमें परिगणना की जाती है[3]।

---

१. कर्मवाद और जन्मान्तरसे।

२. पुद्गलोंकी मुख्य जातियां २३ हैं। यथा—अणुवर्गणा, संख्याताणुवर्गणा, असंख्याताणुवर्गणा, अनन्ताणुवर्गणा, आहारवर्गणा, अग्राह्यवर्गणा, तैजसवर्गणा, अग्राह्यवर्गणा, भाषावर्गणा, अग्राह्यवर्गणा, मनोवर्गणा, अग्राह्यवर्गणा, कार्मणवर्गणा, ध्रुववर्गणा, सान्तरनिरन्तरवर्गणा, शून्यवर्गणा, प्रत्येकशरीरवर्गणा, ध्रुवशून्यवर्गणा, बादरनिगोदवर्गणा, शून्यवर्गणा, सूक्ष्मनिगोदवर्गणा, शून्यवर्गणा और महास्कन्धवर्गणा।

३. कहां किस अर्थमें किस शब्दका प्रयोग किया जाता है इसका ठीक तरहसे ज्ञान कराना निक्षेपका काम है। इसके मुख्य भेद चार हैं—नाम, स्थापना, द्रव्य और भाव। किसीका नाम रखना नाम निक्षेप है। इसमें उस शब्दसे ध्वनित होनेवाले क्रिया और गुण नहीं देखे जाते। उदाहरणार्थ—किसीका नाम महावीर रखनेपर उसमें गुण धर्म नहीं देखे जाते। एक पदार्थकी दूसरे पदार्थमें स्थापना कर तदनुकूल वचन व्यवहार करना स्थापना निक्षेप है। उदाहरणार्थ—महावीरकी प्रतिमाको महावीर मानना। द्रव्यकी जो अवस्था आगे होनेवाली है उसका पहले कथन करना द्रव्य निक्षेप है। यथा जो आगे आचार्य होनेवाला

अदृष्ट, भाग्य, विधि, भवितव्य और दैव ये द्रव्य कर्मके नामान्तर हैं और कहीं कहीं इन नामोंके अर्थमें व्यत्यय भी देखा जाता है।

कर्मका व्युत्पत्तिलभ्य अर्थ है = यत् क्रियते तत् कर्म = जो किया जाता है वह कर्म है। संसारी जीवके रागादि परणाम और स्पन्दन क्रिया होती है, इसलिये ये दोनों तो उसके कर्म हैं ही, किन्तु इनके निमित्तसे कार्मण नामक पुद्गल कर्मभाव (जीवकी आगामी पर्यायके निमित्तभाव) को प्राप्त होते हैं इसलिये इन्हें भी कर्म कहते हैं।

कहा भी है—

'जीवपरिणामहेदुं कम्मत्तं पुग्गला परिणमंति।
पुग्गलकम्मणिमित्तं तहेव जीवो वि परिणमइ॥'
[समयप्राभृत ८०]

जीवके रागादि परिणामोंका निमित्त पाकर पुद्गल कर्मरूपसे परिणमन करते हैं और पुद्गल कर्मोंका निमित्त पाकर जीव भी रागादि रूपसे परिणमन करता है।

यह कर्म (द्रव्य कर्म) का सुस्पष्ट अर्थ है। इसके द्वारा हम संसारमें होनेवाली अपनी विविध अवस्थाओंका नाता जोड़ते हैं।

४. कर्मबन्धके हेतु

हम देख चुके हैं कि जीवकी कायिक, वाचनिक और मानसिक तीन प्रकारकी स्पन्दन क्रिया होती है। उसका नाम कर्म है। किन्तु यह क्रिया अकस्मात् नहीं होती। इसके होनेमें जीवके शुभाशुभ भाव कारण पड़ते हैं। जीवके प्रति समय शुभ या अशुभ भाव होते हैं। कभी वह किसीको इष्ट मान उसमें राग करता है और कभी किसीको अनिष्ट मान उसमें द्वेष करता है। उसके इन भावोंकी सन्तति यहीं समाप्त नहीं होती, किन्तु वह प्रति समय अनेक प्रकारसे प्रस्फुटित होती रहती है। प्राचीन ऋषियोंने क्रियाके साथ इनकी पाँच जातियाँ मानी हैं—मिथ्यादर्शन, अविरति, प्रमाद, कषाय और योग।

मिथ्यादर्शनका लक्षण है 'स्व' की सत्ताका पृथक् रूपसे अनुभवमें न आना और 'पर' को 'स्व' मानना। संसारमें जीव और देहका संयोग है। इसलिये यह जीव मिथ्यादर्शनके प्रभाववश अपने ज्ञायक स्वभावको भूल पुद्गलको स्व मान रहा है। मिथ्यादर्शनका अर्थ है विपरीत श्रद्धान। संसारी जीवकी यह प्रथम भूमिका है। इसके सद्भावमें जीवकी अदेवमें देवबुद्धि, अगुरुमें गुरुबुद्धि और अतत्त्वमें तत्त्वबुद्धि होती है। धर्म अधर्मका स्वरूप भी पहिचानमें नहीं आता। यह दो प्रकारसे होता है। किसी जीवके निसर्गसे होता है और किसीके अन्यके उपदेशका निमित्त पाकर होता है।

विरतिका अभाव अविरति है। जीवके प्रति समय हिंसा, अनृत, स्तेय, अब्रह्म और अन्य वस्तुके संचयके भाव होते हैं। उसके जीवनमें यह कमजोरी घर किये हुए है कि अन्य वस्तुके बिना मेरा काम नहीं चल सकता, इसलिये कभी वह अन्य जीवके वधका विचार करता है, कभी असत्य बोलता है कभी उस वस्तुके संग्रहका भाव करता है जिसका उसने अपने पुरुषार्थसे न्याय्यवृत्तिसे अर्जन नहीं किया या जो उसे अन्यसे प्राप्त नहीं हुई, कभी अन्यमें रति करता है और कभी आवश्यकतासे अधिकका संचय करता है।

प्रमादका अर्थ है अपने कर्तव्यके प्रति अनादर भाव। यह भाव स्पर्शन आदि पाँच इन्द्रियोंके विषयमें तीव्र आसक्ति होनेसे, क्रोध मान माया और लोभरूप परिणाम होनेसे, स्त्रीकथा, राजकथा, देशकथा और भोजनकथाके निमित्तसे तथा निद्रा और स्नेहवश होता है, इसलिए इसके मुख्य भेद पन्द्रह हैं।

है उसे पहलेसे आचार्य कहने लगना द्रव्यनिक्षेप है। तथा जो साधन सामग्री आगामी कालमें कार्यके होनेमें सहायक होती है उसका अन्तर्भाव भी द्रव्यनिक्षेपमें होता है। वर्तमान अवस्थासे युक्त पदार्थको उसी नामसे पुकारना भाव निक्षेप है। यथा पढ़ाते समय अध्यापक कहना।

जो आत्माको कृश करता है, स्वरूप रति नहीं होने देता उसे कषाय कहते हैं। कषायके मुख्य भेद चार हैं—क्रोध, मान, माया और लोभ। हास्य, रति, अरति, शोक, भय, जुगुप्सा, स्त्रीवेद, पुरुषवेद और नपुंसकवेद ये भी इसीके भेद हैं। किन्तु ये ईषत् कषाय हैं, इसलिए इन्हें नोकषाय कहते हैं।

योगका अर्थ है आत्मप्रदेशोंका परिस्पन्द। यह मन, वचन और कायके निमित्तसे होता है, इसलिए इसके मनोयोग, वचनयोग और काययोग ये तीन भेद हैं।

जीवकी स्पन्दन क्रिया इन भावोंका निमित्त पाकर कर्मबन्धका कारण होती है इसलिए कर्मबन्धके हेतु रूपसे इनकी परिगणना की जाती है। तत्वार्थसूत्रमें कहा है।

मिथ्यादर्शनाविरतिप्रमादकषाययोगाः बन्धहेतव : ॥ ८-१ ॥

मिथ्यादर्शन, अविरति, प्रमाद, कषाय और योग ये बन्धके हेतु हैं।

प्रमादको पृथक् न गिनकर यह बात समयप्राभृतमें इन शब्दोंमें कही गई है—

सामण्णपच्चया खलु चउरो भणंति बंधकत्तारो।

मिच्छत्तं अविरमणं कसाय जोगा य बोद्धव्वा ॥ १०९ ॥

कर्मबन्धके कर्ता सामान्य कारण चार हैं—मिथ्यादर्शन, अविरति, कषाय और योग।

संसारी जीव परिणामोंके अनुसार कई भूमिकाओंमें विभक्त हैं। उनके आधारसे उक्त प्रकारसे बन्ध कारणोंका निर्देश किया है। प्रथम भूमिका मिथ्यादर्शनकी है। यह जीवकी ज्ञान चेतनाके अभावमें होती है। यहाँ किसीके कर्म फलचेतनाकी और किसीकी कर्मचेतनाकी प्रधानता देखी जाती है। इसमें बन्धके सब हेतु पाये जाते हैं। किन्तु उनमें मिथ्यादर्शनकी मुख्यता होनेसे यह मिथ्यादर्शनकी भूमिका कहलाती है। दूसरी तीसरी, चौथी और पाँचवीं ये अविरतिकी भूमिकाएँ हैं। आदिकी सब भूमिकाओंमें परिपूर्ण अविरति होती है और पाँचवीं भूमिकामें वह आंशिक होती है। इन भूमिकाओंमें मिथ्यादर्शनके सिवा बन्धके केवल चार हेतु होते हैं। किन्तु यहाँ अविरतिकी प्रधानता होनेसे इन्हें अविरतिकी भूमिका कहते हैं। छठी प्रमादकी भूमिका है। यहाँ मिथ्यादर्शन अविरतिके बिना बन्धके तीन हेतु होते हैं। किन्तु इसमें प्रमादकी प्रधानता होनेसे इसे प्रमादकी भूमिका कहते हैं। सातवीं, आठवीं, नौवीं और दसवीं ये कषायकी भूमिकाएँ हैं। यहाँ कषायकी प्रधानता होनेसे इन्हें कषायकी भूमिका कहते हैं। इनमें कषाय और योग ये दो बन्धके हेतु होते हैं। आगे तेरहवीं भूमिका तक मात्र योगका सद्भाव होता है। चौदहवीं भूमिका बन्ध और बन्धके हेतुओंसे रहित है।

आगममें इन भूमिकाओंकी गुणस्थान संज्ञा है। जीवके सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और साम्यक्चारित्र ये तीन गुण हैं। इनके यथायोग्य तारतम्यसे ये भूमिकाएँ निष्पन्न होती हैं।

इनमें जहाँ जितने बन्धके हेतु होते हैं उनके अनुसार वहाँ कर्मबन्ध होता है। उसमें भी सब कर्मोंके बन्धके मुख्य कारण योग और कषाय हैं। योगसे जीव और कर्मका संयोग होता है तथा कषायसे उसमें स्थिति और फलदान शक्तिका आविर्भाव होता है। कहा भी है—

'जोगा पयडिपदेसा ठिदिअणुभागा कसायदो होंति ॥'

[द्रव्यसंग्रह गाथा ३९]

योगसे प्रकृतिबन्ध और प्रदेशबन्ध होता है तथा कषायसे स्थितिबन्ध और अनुभागबन्ध होता है।

५. कर्मके भेद

हम पहले कह आये हैं कि जीवका संसार कर्मोंके संयोगसे होता है। संसार अवस्थामें कर्म जीवकी अनुजीवी और प्रतिजीवी दोनों प्रकारकी शक्तियोंका घात करता है। इससे इसके अनेक भेद हो जाते हैं। किन्तु वर्गीकरण करनेपर जातिकी अपेक्षा उसके मुख्य भेद आठ होते हैं—ज्ञानावरण, दर्शनावरण, वेदनीय, मोहनीय, आयु, नाम, गोत्र और अन्तराय।

ज्ञानावरण—जीवकी ज्ञान शक्तिको आवरण करनेवाले कर्मकी ज्ञानावरण संज्ञा है। इसके पांच भेद हैं।

दर्शनावरण—जीवकी दर्शन शक्तिको आवरण करनेवाले कर्मकी दर्शनावरण संज्ञा है। इसके नौ भेद हैं।

वेदनीय—सुख और दुखका वेदन करानेवाले कर्मकी वेदनीय संज्ञा है। इसके दो भेद हैं।

मोहनीय—राग, द्वेष और मोहको उत्पन्न करानेवाले कर्मकी मोहनीय संज्ञा है। इसके दर्शनमोहनीय और चरित्रमोहनीय ये दो भेद हैं। दर्शनमोहनीयके तीन और चरित्रमोहनीयके पच्चीस भेद हैं।

आयु—नरकादि गतियोंमें अवस्थानके कारण भूत कर्मकी आयु संज्ञा है। इसके चार भेद हैं।

नाम—नाना प्रकारके शरीर, वचन और मन तथा जीवकी गति इन्द्रिय आदिरूप विविध अवस्थाओंके कारणभूत कर्मकी नाम संज्ञा है। इसके तेरानवे भेद हैं।

गोत्र—सदाचारियों और कदाचारियोंकी परम्परामें जन्म लेने या उसे स्वीकार करनेकी कारणभूत कर्मकी गोत्र संज्ञा है। जैन धर्म जाति या आजीविकाकृत मनुष्योंके नीच उच्च भेद नहीं मानता। ये भेद गुणकृत माने गये हैं। साधु आचारवालोंकी परम्परामें जो जन्म लेते हैं, जो ऐसे मनुष्योंकी सङ्गतिको जीवनका उच्चतम कर्तव्य समझते हैं और जो जीवनके संशोधनमें सहायक आचारको अपने जीवनमें स्वीकार करते हैं वे उच्च गोत्री होते हैं और जो इनके विरुद्ध आचारवाले होते हैं वे नीचगोत्री होते हैं। नीचगोत्री अपने जीवनमें अशुभ मार्गका त्याग कर उच्चगोत्री हो सकते हैं। ऐसे मनुष्य श्रावकदीक्षा और मुनिदीक्षाके पूरे अधिकारी होते हैं।

अन्तराय—जीवकी दान, लाभ, भोग, उपभोग और वीर्य ये पांच अनुजीवी शक्तियां हैं। इनका आवरण करनेवाले कर्मकी अन्तराय संज्ञा है। इसके पांच भेद हैं।

इन आठों कर्मोंके प्रकारान्तरसे चार भेद हैं—जीवविपाकी, पुद्गलविपाकी- क्षेत्रविपाकी और भवविपाकी। जिनका विपाक जीवमें होता है उनकी जीवविपाकी संज्ञा है। इन कर्मोंके विपाकके फलस्वरूप जीवको अज्ञान, अदर्शन, सुख, दुख, राग, द्वेष और मोह आदि भावोंकी और नारक आदि पर्यायोंकी उपलब्धि होती है। जिनका विपाक जीवसे एक क्षेत्रावगाह सम्बन्धको प्राप्त पुद्गलोंमें होता है उनकी पुद्गलविपाकी संज्ञा है। इन कर्मोंके विपाकस्वरूप जीवको विविध प्रकारके शरीर, वचन और मनकी उपलब्धि होती है। जिन कर्मोंका विपाक भवमें होता है उनकी भवविपाकी संज्ञा है। इन कर्मोंके विपाकस्वरूप जीव नरक आदि गतियोंमें अवस्थान करता है। तथा जिन कर्मोंका विपाक क्षेत्रमें उपलब्ध होता है उनकी क्षेत्रविपाकी संज्ञा है। इन कर्मोंके फलस्वरूप जीव पुरातन शरीरका त्यागकर नूतन शरीरको प्राप्त करनेके लिए गमन करते हुए अन्तरालमें पूर्व शरीरके आकारको धारण करता है।

ये सब कर्म पुण्य और पापके भेदसे दो प्रकारके हैं। ये भेद फलदान शक्तिकी मुख्यतासे किये गये हैं। दान, पूजा, मन्दकषाय, साधुसेवा, दया, अलोभता, परगुणप्रशंसा, सत्समागम, अतिथिसेवा और वैयावृत्य आदि शुभ कार्योंके करनेसे और तदनुकूल मानसकी वृत्ति होनेसे जिन कर्मोंकी गुड, खाँड, शर्करा और अमृतोपम फलदान शक्ति उपलब्ध होती है उनकी पुण्यकर्म संज्ञा है और मदिरापान, मांससेवन, परस्त्रीगमन, शिकार करना, जुआ खेलना, रात्रि भोजन करना, चुगली करना, अतिथिके प्रति आदर भाव न रखना, दुष्ट पुरुषोंकी संगति करना, परदोपदर्शन, कषायकी तीव्रता और लोभातिरेक आदि अशुभ कार्योंके करनेसे और तदनुकूल मानस वृत्तिके होनेसे जिन कर्मोंकी नीम, काँजीर, विष और हलाहलके समान फलदान शक्ति उपलब्ध होती है उनकी पापकर्म संज्ञा है।

फलदान शक्ति घाति और अघातिके भेदसे दो प्रकारकी है। घातिरूप फलदान शक्तिके चार भेद हैं—लता, दारु, अस्थि और शैल। उत्तरोत्तर अनुभाग शक्तिकी कठोरताका ज्ञान करानेके लिए इसका यहाँ लता आदि रूपसे नामकरण किया है। इस प्रकारकी फलदान शक्तिसे युक्त सब कर्म पापरूप ही होते हैं। किन्तु अघातिरूप फलदानशक्ति पाप और पुण्यके भेदसे दो प्रकारकी होती है। यह भी प्रत्येक चार चार प्रकारकी होती है। इसके नामोंका निर्देश पहले किया ही है।

प्रत्येक जीवमें दो प्रकारके गुण होते हैं—अनुजीवी और प्रतिजीवी। जो केवल जीवमें होते हैं वेजीवके अनुजीवी गुण हैं और जो जीवके सिवा अन्य द्रव्योंमें भी उपलब्ध होते हैं वे उसके प्रतिजीवी गुण हैं। कर्मोंके घाति और अघाति इन भेदोंका कारण मुख्यता ये दो प्रकारके गुण ही हैं। ज्ञान, दर्शन सम्यक्त्व, चारित्र, वीर्य, दान, लाभ, भोग और उपभोग ये अनुजीवी गुण हैं। ज्ञानावरण, दर्शनावरण, मोहनीय और अन्तराय ये चार कर्म इन गुणों पर प्रहार करते हैं इसलिए इनकी घाति संज्ञा है और इनके सिवा शेष कर्मोंकी अघाति संज्ञा है।

६. कर्मका कार्य

कर्मका मुख्य कार्य जीवको संसारमें रोक रखना है। जीवके परावर्तनका नाम ही संसार है। वह पाँच प्रकारका है—द्रव्य, क्षेत्र, काल, भव और भाव। कर्मके निमित्तसे ही जीव इन पाँच प्रकारके परावर्तनोंमें परिभ्रमण करता है। चौरासी लाख योनियाँ और उनमें परिभ्रमण करते हुए जीवकी जो विविध अवस्थाएँ होती हैं उनका मुख्य निमित्त कर्म है। इसके कार्यका निर्देश करते हुए स्वामी समन्तभद्र आप्तमीमांसामें कहते हैं—

'कामादिप्रभवश्चित्रं कर्मबन्धानुरूपतः।'

'जीवके कामादि भावोंकी उत्पत्ति अपने अपने कर्मबन्धके अनुरूप होती है।'

हम जीवके दो भेदोंका उल्लेख करके यह बतला आये हैं कि मुक्त अवस्था जीवकी स्वाभाविक दशा है। इस अवस्थामें जीवकी प्रति समय जो परिणति होती है उसके होनेमें साधारण कारण काल द्रव्यको छोड़कर अन्य निमित्तकी आवश्यकता नहीं पड़ती और इसीसे वह परनिरपेक्ष होनेसे शुद्ध कहलाती है। किन्तु संसार अवस्थामें जीवकी प्रत्येक समयकी परिणति निमित्त सापेक्ष होनेसे बदलती रहती है। कभी वह एकेन्द्रिय होता है, कभी द्वीन्द्रिय होता है, कभी त्रीन्द्रिय होता है, कभी चतुरिन्द्रिय होता है और कभी पञ्चेन्द्रिय होता है। पञ्चेन्द्रिय होकर भी कभी नारक होता है, कभी तिर्यञ्च होता है, कभी मनुष्य होता है और कभी देव होता है। कभी वह कामी होता है, कभी क्रोधी होता है, कभी मानी होता है और कभी विद्वान् या मूर्ख होता है। एक जीव बहुत प्रकारके आकार और शील स्वभावोंको धारण करता है। इस प्रकार संसार अवस्थामें जीवकी प्रति समयकी परिणति जुदी-जुदी होती रहती है इसलिए इसके जुदे-जुदे निमित्त कारण माने गये हैं। ये निमित्त संस्काररूपमें आत्मासे सम्बद्ध होते रहते हैं और कालान्तरमें तदनुकूल परिणतिके उत्पन्न करनेमें सहायता प्रदान करते हैं। जीवकी शुद्धता और अशुद्धता इन निमित्तोंके सद्भाव और असद्भाव पर आधारित है। जब तक जीव इन निमित्तोंके सञ्चित होनेमें स्वयं सहायक होता है और वे उसकी प्रति समयकी अवस्थाके होनेमें सहायक होते हैं तब तक जीवकी अशुद्धता बनी रहती है और इस निमित्तनैमित्तिक सम्बन्धकी परम्पराका अन्त होने पर जीव शुद्ध दशाको प्राप्त हो जाता है। जैनदर्शनमें जीवकी अशुद्धताके कारणभूत इन्हीं निमित्तोंको कर्म शब्दसे पुकारा जाता है।

इस विषयमें कर्मकी आलोचना करनेवाले यह कहते हैं कि जिस समय जिस प्रकारकी बाह्य सामग्री उपलब्ध होती है उस समय संसारी जीवकी उसके अनुकूल परिणति होती है। सुन्दर सुखरूप स्त्रीके मिलने पर राग होता है। जुगुप्साकी सामग्री मिलने पर ग्लानि होती है। विष आदिके भक्षण करने पर मरण होता है। धन सम्पत्तिको देखकर लोभ होता है और लोभ वश उसके अर्जन करने, छीन लेने या चुरा लेनेका भाव होता है। ठोकर लगने पर दुःख होता है और मालाका संयोग होने पर सुख; इसलिए यह कहा जा सकता है कि केवल कर्म ही जीवकी विविध प्रकारकी परिणतिके होनेमें निमित्त नहीं है किन्तु अन्य पदार्थ भी उसके होनेमें निमित्त हैं।

किन्तु विचार करने पर यह युक्तियुक्त प्रतीत नहीं होता, क्योंकि अन्तरङ्गमें वैसी योग्यताके अभावमें बाह्य सामग्री कुछ भी करनेमें समर्थ नहीं है। उदाहरणार्थ—एक ऐसा योगी है जिसका चित्त स्फटिक मणिके समान स्वच्छ निर्मल है। यदि उसके सामने चित्तको मोहित करनेवाली स्त्री या अन्य सामग्री उपस्थित की जाती है तो भी उसके मनमें राग पैदा नहीं होता। या एक ऐसा व्यक्ति है जिसे विवक्षित वस्तु अनिष्टकर प्रतीत

होती है। भले ही वह वस्तु दूसरोंके लिए प्रिय है। तो भी वह व्यक्ति उस वस्तुको देखकर अप्रसन्नता ही व्यक्त करता है। इससे विदित होता है कि अन्तरङ्गमें योग्यताके अभावमें बाह्य वस्तुका कोई मूल्य नहीं है।

यद्यपि कर्मके विषयमें भी यही अनुपपत्ति उपस्थित की जाती है पर कर्म और बाह्य सामग्री इनमें मौलिक अन्तर है। कर्मका विशद विवेचन हम पिछले एक परिच्छेदमें कर आये हैं। उससे विदित होता है कि जिस समय आत्मा जो भाव करता है उस समय उस भावके संस्कारोंसे युक्त कर्मरज आत्मासे सम्बन्धको प्राप्त होते हैं और कालान्तरमें वे ही कर्म आत्माको सुख-दुःखके वेदन करानेमें सहायक होते हैं किन्तु बाह्य सामग्रीकी यह स्थिति नहीं है।

महर्षियोंने अपने अनुभव द्वारा दो प्रकारके निमित्त कारण स्वीकार किए हैं—कर्म और नोकर्म। नेमिचन्द्र सिद्धान्तचक्रवर्ती नोकर्मकी मीमांसा करते हुए कहते हैं—

'वस्त्र ज्ञानावरणका, प्रतीहार दर्शनावरणका, असि वेदनीयका, मद्य मोहनीयका, आहार आयुका, शरीर नामकर्मका, उच्च और नीच शरीर गोत्र कर्मका तथा भण्डारी अन्तराय कर्मका नोकर्म द्रव्य कर्म है।'

आगे पुनः वे कहते हैं—

'मतिज्ञान और श्रुतज्ञानका व्याघात करनेवाले वस्त्रादि पदार्थ मतिज्ञानावरण और श्रुतज्ञानावरण कर्मके नोकर्म द्रव्यकर्म हैं। अवधिज्ञान और मनःपर्ययज्ञानका व्याघात करनेवाले संक्लेशकर पदार्थ अवधिज्ञानावरण और मनःपर्ययज्ञानावरण कर्मके नोकर्म द्रव्यकर्म हैं। भैंसका दही आदि पदार्थ पाँच निद्रावरण कर्मोंके नोकर्म द्रव्यकर्म हैं। इष्ट अन्नपानादि साताका, अनिष्ट अन्न-पानादि असाताका, आयतन सम्यक्त्वका, अनायतन मिथ्यात्वका, विडौल पुत्र हास्यका, सुपुत्र रतिका, इष्टवियोग अनिष्टसंयोग अरतिका और मृत पुत्रादि शोकका नोकर्म द्रव्यकर्म है।'

इस कथनका मथितार्थ यह है कि कर्मके उदयसे जीवके विविध प्रकारके अज्ञान, अदर्शन, सुख, दुःख, मिथ्यात्व, क्रोध, मान, माया और लोभ आदि परिणाम होते हैं अवश्य पर इन भावोंके निमित्तभूत कर्मके उदय में प्रायः वस्त्र आदि बाह्य पदार्थोंकी सहायतासे ही वे परिणाम होते हैं। यतः ये कर्मके उदयमें सहकार करते हैं इसलिए इनकी नोकर्म संज्ञा है।

इसी भावको व्यक्त करते हुए कषाय प्राभृतके रचयिता गुणधर आचार्य कहते हैं—

'खेत्तभवकालपोग्गलट्ठिदिविवागोदयखओ दु॥'

विविध प्रकारके द्रव्य, क्षेत्र, काल, भव और भाव ये अपने-अपने योग्य कर्मके उदयमें सहकार करते हैं और इससे कर्मका उदय होकर जीव इष्टानिष्ट फलका भोक्ता होता है। उदाहरणार्थ—कोई मनुष्य क्षुधासे अत्यन्त व्याकुल हो रहा है। ऐसी अवस्थामें वहाँ एक दूसरा मनुष्य आता है और उसकी क्षुधाजन्य पीड़ाको देखकर उसे सुंदर सुस्वादु भोजन कराता है। इससे उसकी क्षुधाजन्य वेदना दूर होकर वह परम सुखका अनुभव करता है। यहाँ परम सुखके अनुभव करानेमें साताका उदय कारण है और साताके उदयमें दूसरे मनुष्य द्वारा दिया गया सुन्दर सुस्वादु भोजन कारण है। यह द्रव्य नोकर्मका उदाहरण है। इसी प्रकार क्षेत्र आदि पदार्थ कर्मके शुभाशुभ फलके प्रदान करनेमें नोकर्म होते हैं।

किन्तु जिस प्रकार विवक्षित कर्मका विवक्षित भावके साथ अन्वयव्यतिरेक सम्बन्ध है। उस प्रकार नोकर्म द्रव्यकर्मके साथ इन भावोंका अन्वयव्यतिरेक सम्बन्ध नहीं है। उदाहरणार्थ—जीवका अज्ञान भाव ज्ञानावरण कर्मके उदयसे ही होता है, अन्य प्रकारसे नहीं। यह नहीं हो सकता कि ज्ञानावरणका उदय रहा आवे पर अज्ञान-भाव न भी हो, या यह भी नहीं हो सकता कि ज्ञानावरणका नाश हो जाने पर भी अज्ञान भाव बना रहे। जब होंगे ये परस्पर सापेक्ष ही होंगे। जिसके ज्ञानावरणका उदय होता है उसके अज्ञान भाव अवश्य ही होता है। इसी प्रकार जिसके अज्ञानभाव होता है उसके ज्ञानावरणका उदय अवश्य ही होता है। इन दोनोंकी समव्याप्ति है। परन्तु इस प्रकार नोकर्मके साथ जीवके अज्ञान आदि भावोंकी समव्याप्ति नहीं है। जो वस्त्र आदि अज्ञानके कारण माने जाते हैं उनके रहनेपर भी किसीके अज्ञान होता है और किसीके नहीं भी होता। इसी अभिप्रायको ध्यानमें रखकर बाह्य पदार्थोंको नोकर्म संज्ञा दी है। कर्म वैसी योग्यताका सूचक है पर बाह्य सामग्रीका

वैसी योग्यताके साथ कोई सम्बन्ध नहीं है। कभी वैसी योग्यताके सद्भावमें भी बाह्य सामग्री नहीं मिलती और कभी उसके अभावमें भी बाह्य सामग्रीका संयोग देखा जाता है। किन्तु कर्मके सम्बन्धमें यह बात नहीं है। उसका सम्बन्ध तभीतक आत्मासे रहता है जबतक उसमें तदनुकूल योग्यता उपलब्ध होती है। इन दोनों तत्त्वोंको कर्म और नोकर्म संज्ञा देनेका यही कारण है।

इतने विवेचनसे हम यह जाननेमें समर्थ होते हैं कि कर्मका कार्य क्या है। तथापि इसे और अधिक विशदरूपसे समझनेके लिए सर्वप्रथम उसके वर्गीकरणपर दृष्टिपात कर लेना आवश्यक है। यह तो हम पहले ही बतला आये हैं कि मुख्य कर्म आठ हैं—ज्ञानावरण, दर्शनावरण, वेदनीय, मोहनीय, आयु, नाम, गोत्र और अन्तराय। इनमेंसे प्रारम्भके तीन और अन्तराय ये चार घातिकर्म हैं और शेष अघातिकर्म हैं। प्रकारान्तरसे ये आठों कर्म जीवविपाकी, पुद्गलविपाकी, भवविपाकी और क्षेत्रविपाकी इन चार भागोंमें बटे हुए हैं। जीवविपाकी कर्म वे हैं जिनका विपाक जीवमें होता है। जिनके विपाकस्वरूप शरीर, वचन और मनकी प्राप्ति होती है वे पुद्गलविपाकी कर्म हैं। भवके निमित्तसे जिनका फल मिलता है वे भवविपाकी कर्म कहे जाते हैं और क्षेत्र विशेषमें जो अपना कार्य करते हैं वे क्षेत्रविपाकी कर्म हैं। भवविपाकी और क्षेत्रविपाकी कर्म जीवविपाकी कर्मोंके ही अवान्तर भेद हैं केवल कार्यविशेषका ज्ञान करानेके लिए इनका अलगसे निर्देश किया है, इसलिए कर्मोंके मुख्य भेद दो हैं—जीवविपाकी और पुद्गलविपाकी। कर्मके कार्यको ठीक तरहसे हृदयंगम करनेके लिए ये दो भेद हमें प्रकाशका काम देते हैं।

यह तो हम पहले ही बतला आये हैं कि जीवका संसार जीव और पुद्गल इन तत्त्वोंके संयोगका फल है। अकेला जीव संसारी नहीं हो सकता और अकेला कर्म भी कुछ नहीं कर सकता। इन दो तत्त्वोंके मिलापके फलस्वरूप संसारकी सृष्टि होती है। इसलिए कर्मका प्रथम कार्य जीवको संसारी बनाना है। इसके बाद कर्मोंके उक्त वर्गीकरण पर दृष्टिपात करनेसे हम जानते हैं कि जीवकी नर नरकादि विविध अवस्थाएँ, सुख-दुःख और अज्ञान आदि भाव ये जीवविपाकी कर्मोंके कार्य हैं और विविध प्रकारके शरीर, मन वचन ये पुद्गल विपाकी कर्मोंके कार्य हैं। इस विवेचनके उपसंहारस्वरूप हम कह सकते हैं कि कर्मके निमित्तसे जीवकी विविध प्रकारकी अवस्था और भाव होते हैं और जीवमें ऐसी योग्यता उत्पन्न होती है जिससे वह योगद्वारा यथायोग्य शरीर, वचन और मनके योग्य पुद्गलोंको ग्रहणकर उन्हें शरीरादिरूपसे परिणमाता है।

इस विषयमें अधिकतर विद्वान् यह विचार व्यक्त करते हैं कि केवल इतना ही कर्मका कार्य नहीं है किन्तु धन सम्पत्ति, महल, बगीचा, राज्य, पुत्र, स्त्री आदि सम्पदाएँ भी कर्मके कार्य हैं। पुण्य कर्मके उदयसे जीवको सुखकर सामग्रियोंकी प्राप्ति होती है और पापके उदयसे दुःखकर सामग्री मिलती है। ऐसे ही विचार कुछ प्राचीन लेखकोंने भी व्यक्त किये हैं। पण्डित प्रवर टोडरमलजी मोक्षमार्गप्रकाशमें लिखते हैं—

'तहाँ वेदनीय करि तो शरीर विषै व शरीर तै बाह्य नाना प्रकार सुख दुःखनिको कारण पर द्रव्यनिका संयोग जुरै है।' —[पृ० ३५]

इसी अभिप्रायको उन्होंने दूसरे स्थलपर इन शब्दोंमें दुहराया है—

'बहुरि कर्मनिविषै वेदनीयके उदयकरि शरीर विषै बाह्य सुख दुःखका कारण निपजै है। शरीर विषै आरोग्यपनौ रोगीपनौ शक्तिवानपनौ दुर्बलपनौ अर क्षुधा तृषा रोग खेद पीड़ा इत्यादि सुख दुःखनिके कारण हो हैं। बहुरि बाह्य विषै सुहावना ऋतु पवनादिक वा इष्ट स्त्री पुत्रादिक वा मित्र धनादिक ...... सुख दुःखके कारण हो हैं। [मोक्षमार्ग प्रकाश पृ० ५९]

इन विचारोंके अनुरूप वातावरण बननेमें नीतिकारों, कथालेखकों और नैयायिक दर्शनसे बड़ी सहायता मिली है। नीतिकारों और कथालेखकोंकी यह प्रवृत्ति रही है कि जिस विषयकी उन्होंने प्रशंसा करना प्रारम्भ की उसे चरम सीमापर पहुँचाकर ही छोड़ा और जिस विषयकी उन्होंने निन्दा करना प्रारम्भ की उसकी दुर्गति बनाकर ही उन्होंने साँस ली। कर्मकी प्रशंसामें वे लिखते हैं—

'भाग्यं फलति सर्वत्र न च विद्या न च पौरुषम्।'

भाग्य ही सर्वत्र काम करता है, विद्या और पौरुष कुछ काम नहीं आता।

'जलधिगतोऽपि न कश्चित्कश्चित्तटगोऽपि रत्नमुपयाति ।'

पापी जीव समुद्रमें प्रवेश करनेपर भी रत्न नहीं पाता किन्तु पुण्यात्मा जीव तटपर बैठे ही उन्हें प्राप्त कर लेता है।

'लिखितमपि ललाटे प्रोज्झितुं कः समर्थः ।'

ललाटमें जो कर्मकी रेखा खिंच गई है उसे मेटनेके लिए कौन समर्थ है।

'जलनिधिपरतटगतमपि करतलमायाति यस्य भवितव्यम्।
करतलगतमपि नश्यति यस्य च भवितव्यता नास्ति ॥'

जिसका भाग्य अनुकूल होता है उसके समुद्रके उस पार गई हुई वस्तु भी हाथमें आ जाती है और जिसका भाग्य प्रतिकूल होता है उसके हाथमें आई हुई भी वस्तु नष्ट हो जाती है।

'नाभव्यं भवतीह कर्मवशतो भावस्य नाशः कुतः ।'

लोकमें जो होनेवाला नहीं है वह नहीं ही होता और जो होनेवाला होता है वह होकर ही रहता है। यह सब विधिविधान कर्मके आधीन है।

कथा लेखकों और पुराणकारोंकी स्थिति इससे भिन्न नहीं है। ऐसा करते हुए उन्होंने कर्मवादके आध्यात्मिक पहलूको भुलाकर मात्र पिछली कई शताब्दियोंसे चली आ रही सामाजिक व्यवस्थाके नियमोंको ही सदा अपने सामने रक्खा है। और इसलिए उन्होंने ईश्वरके समान कर्मका भी अस्त्रके रूपमें उपयोग किया है।

यहाँ हमें इन विचारोंके कारणोंकी छानबीनकर लेना उपयुक्त प्रतीत होता है। यह तो हम पहले ही लिख आए हैं कि परलोकवादी जितने दर्शन हैं उन सबने कर्मके अस्तित्वको स्वीकार किया है किन्तु इन सबका दार्शनिक दृष्टिकोण अलग-अलग होनेसे कर्मकी व्याख्या भी उन्होंने अपने-अपने दृष्टिकोणके अनुरूप ही की है। प्रकृतमें उपयोगी होनेसे यहाँ हम इस सम्बन्धमें नैयायिक दर्शनके दृष्टि कोणको उपस्थित करेंगे।

नैयायिक दर्शन कार्यमात्रके प्रति कर्मको कारण मानता है। वह कर्मको जीवनिष्ठ मानता है। उसका कहना है कि चेतनगत जितनी विषमताएँ हैं उनका कारण कर्म तो है ही साथ ही वह अचेतनगत सब प्रकारकी विषमताओंका और उनके न्यूनाधिक संयोगोंका भी जनक है। उसके मतसे जगत्में द्वयणुक आदि जितने भी कार्य होते हैं वे किसी न किसीके उपभोगके योग्य होनेसे उनका कर्ता कर्म ही है।

इस दर्शनमें तीन प्रकारके कारण माने गये हैं—समवायी कारण, असमवायी कारण और निमित्त कारण। जिस द्रव्यमें कार्यकी सृष्टि होती है वह द्रव्य उस कार्यके प्रति समवायी कारण है। संयोग असमवायी कारण है। और अन्य सहकारी सामग्री निमित्त कारण है। तथा काल, दिशा, ईश्वर और कर्म ये कार्यमात्रके प्रति निमित्त कारण हैं। इनकी सहायता बिना कोई कार्य नहीं होता।

ईश्वर और कर्म कार्यमात्रके प्रति साधारण कारण क्यों हैं, इस प्रश्नका उत्तर नैयायिक दर्शन इन शब्दोंमें देता है कि लोकमें जितने कार्य होते हैं वे सब चेतनाधिष्ठित ही होते हैं इसलिए तो ईश्वर सबका साधारण कारण है।

इस पर यह प्रश्न उपस्थित होता है कि जब सबका कर्ता ईश्वर है तब फिर उसने सब प्राणधारियोंको एक-सा क्यों नहीं बनाया। वह सबको एक-से सुख, एक-से भोग और एक-सी बुद्धि दे सकता था। स्वर्ग या मोक्षका अधिकारी भी सबको एक-सा बना सकता था। दुखी, दरिद्र और निकृष्ट योनिवाले प्राणियोंकी उसे रचना ही नहीं करनी थी। उसने ऐसा क्यों नहीं किया। जगत्में तो विषमता ही विषमता दिखाई देती है। इसका अनुभव सभीको होता है। क्या जीवधारी और क्या जड जितने भी पदार्थ हैं उन सबकी आकृति, स्वभाव और जाति जुदी-जुदी है। एकका मेल दूसरेसे नहीं खाता। मनुष्यको ही लीजिए। एक मनुष्यसे दूसरेमें मनुष्यमें बड़ा अन्तर है। एक सुखी है तो दूसरा दुखी। एकके पास सम्पत्तिका विपुल भण्डार है तो दूसरा दाने-दानेको भटकता फिरता है। एक सातिशयबुद्धिवाला है तो दूसरा निरामूर्ख। मात्स्यन्यायका सर्वत्र बोलबाला है। बड़ी मछली छोटी मछलीको निगल जाना चाहती है। यह भेद यहींतक सीमित नहीं है।

धर्म और धर्मायतनोंमें भी यह भेद दिखाई देता है। यदि ईश्वरने सबको बनाया है और वह मन्दिरोंमें बैठा है तो उसतक सबको क्यों नहीं जाने दिया जाता। क्या उन दलालोंका जो अन्यको मन्दिरमें जानेसे रोकते हैं उसीने निर्माण किया है? ऐसा क्यों है? जब ईश्वरने ही इस जगत्को बनाया है और वह करूणामय तथा सर्वशक्तिमान है तब फिर उसने जगत्की ऐसी विषम रचना क्यों की? यह प्रश्न है जिसका उत्तर नैयायिक दर्शन कर्मवादको स्वीकार करके देता है। वह जगत्की इस विषमताका कारण कर्मको मानता है। उसका कहना है कि ईश्वर जगत्का कर्ता है तो सही पर उसने विश्वकी रचना प्राणियोंके कर्मानुसार की है। जीव जैसा कर्म करता है उसीके अनुसार उसे योनि और भोग मिलते हैं। यदि अच्छे कर्म करता है तो अच्छी योनि और अच्छे भोग मिलते हैं। कविवर तुलसीदास जी इसी तत्त्वको स्वीकार करते हुए रामचरितमानसमें कहते हैं—

"करम प्रधान विश्व करि राखा। जो जस करहि सो तस फल चाखा॥'

ईश्वरने विश्वकी रचना कर्म प्रधान की है। जो अच्छा या बुरा जैसा काम करता है उसीके अनुरूप उसे फल मिलता है।

नैयायिक दर्शन कार्यमात्रके प्रति कर्मको साधारण कारण मानता है। इसके अनुसार जीवात्मा व्यापक है इसलिए जहां भी उसके उपभोगके योग्य कार्यकी सृष्टि होती है वहां उसके कर्मका संयोग होकर ही वैसा होता है। अमेरिकामें बननेवाली जिन मोटरों तथा अन्य पदार्थोंका भारतीयों द्वारा उपभोग होता है वे उनके उपभोक्ताओंके कर्मानुसार ही निर्मित होते हैं और इसीसे वे कालान्तरमें अपने-अपने उपभोक्ताओंके पास पहुँच जाते हैं। उपभोग योग्य वस्तुओंके विभागीकरणका कर्म तुलादण्ड है। जिसके पास विपुल सम्पत्ति है वह उसके कर्मानुसार है और जो निर्धन है वह भी अपने कर्मानुसार है। कर्म बटवारेमें कभी भी पक्षपात नहीं होने देता। गरीब और अमीरका भेद तथा स्वामी और सेवकका भेद मानवकृत नहीं है। अपने-अपने कर्मानुसार ही इन भेदोंकी सृष्टि होती है। इसी प्रकार जातिकृत भेद भी कर्मकृत ही है।

संक्षेपमें नैयायिक दर्शनका मन्तव्य यह है कि प्राणी जो भी अच्छे बुरे कर्म करता है उसके अनुसार ईश्वर उसके फलकी व्यवस्था करता है। यदि कोई मनुष्य किसीके धनका अपहरण करता है तो अगले भवमें उसके धनका अवश्य ही अपहरण होता है और वर्तमान भवमें वह किसीकी सहायता करता है तो अगले भवमें उसे अवश्य ही सहायता मिलती है।

किन्तु जैनदर्शनमें बतलाये गये कर्मवादसे इस मतका समर्थन नहीं होता। यहां कर्मवादकी प्राण प्रतिष्ठा मुख्यतया आध्यात्मिक आधारोंपर की गई है। ईश्वरको तो जैनदर्शन स्वीकार करता ही नहीं। वह निमित्तको स्वीकार करके भी कार्यके आध्यात्मिक विश्लेषणपर अधिक जोर देता है। नैयायिक और वैशेषिक दर्शनने कार्य-कारणभावकी जो व्यवस्था की है वह उसे मान्य नहीं है। उसका मत है कि पर्यायक्रमसे बदलते रहना यह प्रत्येक वस्तुका स्वभाव है। इसके मतसे जिस कालमें वस्तुकी जैसी योग्यता होती है उसीके अनुसार कार्य होता है। जो द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव जिस कार्यके अनुकूल होता है वह उसका निमित्त कहा जाता है। कार्य अपने उपादानसे होता है किन्तु कार्य निष्पत्तिके समय अन्य वस्तुकी अनुकूलता ही निमित्तताका प्रयोजक है। निमित्त उपकारी कहा जा सकता है कर्ता नहीं। जैनदर्शनने जगत्को अकृत्रिम और अनादि क्यों माना है इसका रहस्य यही है। वह यावत् कार्योंमें बुद्धिमान् निमित्तकी आवश्यकता स्वीकार नहीं करता। घटादि कार्योंकी उत्पत्तिमें यदि बुद्धिमान् निमित्त देखा भी जाता है तो इससे सब कार्योंमें बुद्धिमान्‌को निमित्त मानना उचित नहीं है ऐसा इसका मत है।

जैनदर्शन कर्मको स्वीकार करके भी यावत् कार्योंके प्रति उसे निमित्त कारण नहीं मानता। वह जीवकी विविध अवस्थाएँ, शरीर, इन्द्रिय, वचन, मन और श्वासोच्छ्वास इन कार्योंके प्रति ही कर्मको निमित्त कारण मानता है। इस दर्शनमें कर्मवादको जो व्यवस्था की गई है उसके अनुसार अन्य कार्य अपने अपने कारणोंसे होते हैं कर्म उनका कारण नहीं है। उदाहरणार्थ—पुत्रका प्राप्त होना, उसका मर जाना, रोजगारमें नफा नुकसानका होना, दूसरेके द्वारा अपमान या सन्मानका किया जाना, अकस्मात् मकानका गिर पड़ना, फसलका नष्ट

हो जाना, दुर्घटना द्वारा एक या अनेक व्यक्तियोंकी मृत्युका होना, ऋतुका अनुकूल या प्रतिकूल होना, अकाल या सुकालका पड़ना, रास्ता चलते-चलते अपघातका हो जाना, मनुष्य आदिपर बिजली आदि गिरकर उसका मर जाना, शरीरमें रोगादिकका होना तथा विविध प्रकारके इष्टानिष्ट संयोगों व वियोगोंका होना आदि जितने कार्य हैं उनका कर्म कारण नहीं है। भ्रमसे इन्हें कर्मोंका कार्य माना जाता है। पुत्रकी प्राप्ति होनेपर मनुष्य भ्रमवश उसे अपने शुभ कर्मका कार्य समझता है और उसके मर जानेपर भ्रमवश उसे अपने अशुभ कर्मका कार्य समझता है। पर क्या पिताके पापकर्मके उदयसे पुत्रकी मृत्यु या पिताके पुण्योदयसे पुत्रकी उत्पत्ति सम्भव है। कभी नहीं। सच बात तो यह है कि ये इष्टसंयोग और इष्टवियोग आदि जितने कार्य हैं वे पुण्य और पाप कर्मके कार्य नहीं हैं। निमित्त अन्य बात है और कार्य अन्य बात है। कर्मोदयके निमित्तको कर्मका कार्य कहना उचित नहीं है।

यहां प्रसङ्गसे हम उस मतकी आलोचना करेंगे जिसके अनुसार बाह्य इष्टानिष्टके संयोग-वियोगमें कर्मकी उपादेयता स्वीकार की जाती है।

प्रश्न यह है कि एक सम्पन्न घरमें उत्पन्न होता है और दूसरा दरिद्र घरमें। एक अल्पायु होता है और दूसरा दीर्घायु। एकको जीवनमें नाना प्रकारके पूजा सत्कारकी प्राप्ति होती है और दूसरा दर-दरका भिखारी बना फिरता है। एक स्वर्ग जाकर देवसुखका उपभोग करता है और दूसरा नरकका कीड़ा होकर अनन्त यातनाएँ सहन करता है। यदि इष्टसंयोग और इष्टवियोग आदि पुण्य और पाप कर्मका फल नहीं है तो यह सब क्यों होता है ?

यह तो हम देखते हैं कि लोकमें एक ऐश्वर्यशाली होता है और दूसरा दरिद्र। तथा हम आगमसे यह भी जानते हैं कि देव लोकमें भोगोपभोगकी विपुल सामग्री उपलब्ध होती है और नरकमें न केवल उसका सर्वथा अभाव ही दिखाई देता है प्रत्युत वहां बहुतायतसे दुखके साधन ही देखे जाते हैं पर ऐसा क्यों होता है इसका विचार हमें तात्त्विक दृष्टिसे करना चाहिए।

आगमें व्यवस्था दो प्रकारकी बतलाई है—एक शाश्वतिक व्यवस्था और दूसरी प्रयत्नसाध्य व्यवस्था। देवलोक, नरक और भोगभूमिमें शाश्वतिक व्यवस्था होती है। वहां अनादि काल पहले जो व्यवस्था थी वही आज भी है। जहां जितने विमान, नरक या कल्पवृक्ष आदि हैं वे सदा उतने ही बने रहेंगे। उनका जो शृङ्गार है वह भी उसी प्रकार बना रहेगा। उसमें तिलमात्र भी अन्तर नहीं हो सकता। इसलिए अपने पूर्वबद्ध आयुकर्मके अनुसार जो जहां उत्पन्न होता है उसे वहांकी सुख दुखमें निमित्त पड़नेवाली सामग्री अनायास मिलती है और जीवनके अन्तिम क्षणतक उसका संयोग बना रहता है। पुण्यातिशय न तो इसमें वृद्धि ही कर सकता है और न हीनपुण्य उसमें न्यूनता ही ला सकता है। हम यह तो कह नहीं सकते कि इन स्थानोंमें कर्मोंका विपाक एक समान होता है;क्योंकि एक तो आगममें इस प्रकारका कोई उल्लेख नहीं मिलता और मनुष्यकी युक्ति व विवेक भी इसे स्वीकार नहीं करता। आगममें तो यहांतक निर्देश किया है कि जिस प्रकार देवोंके साताका उदय होता है उसी प्रकार असाताका भी उदय होता है। नारकियोंके सम्बन्धमें भी यही बात कही गई है। आगमका यह कथन तभी युक्तियुक्त ठहरता है जब हम यह मान लेते हैं कि इन स्थानोंमें भी कर्मके विपाकमें न्यूनाधिकता व यथासम्भव फेर बदल देखा जाता है।

थोड़ी देरको हम इस सामग्रीको पुण्य और पापका फल मान भी लें तब भी हमारे सामने यह तो प्रश्न रहता ही है कि यदि देवलोककी सामग्री पुण्यसे मिलती है तो ऊपर ऊपरके देवोंके पुण्यातिशयकी विशेषता होनेसे उत्तरोत्तर विपुल सामग्रीकी उपलब्धि होनी चाहिए। किन्तु ऐसा नहीं होता। तत्त्वार्थसूत्रमें लिखा है कि ऊपर उपरके देव गति, शरीर परिग्रह और अभिमानसे हीन-हीन होते हैं। तत्त्वार्थसूत्रके इस कथनकी सार्थकता तभी बन सकती है जब हम बाह्य सामग्रीकी प्राप्ति पुण्यका फल नहीं मानते हैं। इस पर यह प्रश्न किया जा सकता है कि तो फिर इसकी प्राप्तिका कारण क्या है ? प्रश्न स्पष्ट है और उसका उत्तर भी स्पष्ट है कि बाह्य सामग्रीकी प्राप्तिका मूल कारण पुण्य न होकर प्राणीकी कषाय है। एक कषाय ही ऐसा पदार्थ है जिसके निमित्तसे यह प्राणी बाह्य परिग्रहको स्वीकार करता है, उसका अर्जन करता है, संचय करता है और

सञ्चित द्रव्यका संरक्षण करता है। आगममें बतलाया है कि अमुक लेश्यावाला जीव मरकर अमुक स्वर्ग या नरकमें मरकर उत्पन्न होता है और यह भी बतलाया है कि जो जीव जिस प्रकारके स्थानको प्राप्त करता है उसके मरणके पूर्व नियमसे उस प्रकारकी लेश्या हो जाती है। और यथासम्भव जीवन भर वह बनी रहती है। यह लेश्या क्या है? कषाय ही तो है। इसमें योगकी पुट देकर उसकी लेश्या संज्ञा रख दी है।

पुण्य और पापकी जिनागममें लोकोत्तर व्याख्या की है। पुण्यकर्मका उपदेश क्या इसलिए दिया जाता है कि वह इस जीवनमें हेय जानकर जिस बाह्य और अन्तरङ्ग परिग्रहका त्याग करता है अगले जन्ममें उसके फलस्वरूप उसे वह पुनः प्राप्त कर अनन्त संसारका पात्र बने। पुण्यकर्मकी इससे बड़ी और विडम्बना क्या हो सकती है। हेय जानकर जिन पदार्थोंका इस जीवनमें त्याग किया जाता है उसके फलस्वरूप वह संसार बन्धनोंको अंशतः ढीला करता है और यदि यह वासना चिरकाल तक बनी रहती है तो पुनः वह उसी मार्ग पर दृढ़तापूर्वक चलने लगता है जिसके फलस्वरूप ऐसा क्षण उपस्थित होता है जब वह समग्ररूपसे भवबन्धनको काटनेमें समर्थ होता है। यह पुण्यकर्मकी लोकोत्तर व्यवस्था है और इसलिए हम दृढ़तापूर्वक कह सकते हैं कि बाह्य सामग्रीकी प्राप्ति पुण्यकर्मका फल त्रिकालमें नहीं है।

अब हम इस लोककी ओर मुड़ते हैं। इस लोकमें हम अनेक प्रकारकी व्यवस्थाएँ देखते हैं। ये सब व्यवस्थाएँ किसने की? पुराकृत कर्म यदि इनका कारण है तब तो हमें उनके सम्बन्धमें बोलनेका अधिकार ही नहीं रहता। और यदि इनके निर्माणमें मनुष्यका हाथ माना जाता है तो हमें इन सब व्यवस्थाओंके प्रति मनुष्यकी कषायको ही दायी मानना चाहिए न कि कर्मको। कर्म व्यक्तिगत पुराकृत कार्योंका लेखा है और व्यवस्थाएँ समाजरचनाका अङ्ग हैं। इसलिए लोकमें एकका दरिद्र होना और दूसरेका राजा बनना यह कर्मका कार्य नहीं होकर समाजरचनाका फल है।

देखो, यहाँ सर्वप्रथम भोगभूमि थी। उस समय प्रकृतिसे प्राप्त साधनोंसे प्राणियोंकी आवश्यकताओंकी पूर्ति होती थी। धीरे धीरे इस स्थितिमें परिवर्तन होता है। साधनोंकी विरलताके साथ मनुष्योंकी आवश्यकताएँ बढ़ने लगती हैं। सब मनुष्य एक प्रकारके साधनोंके आधारसे आजीविका नहीं कर सकते यह देख विविध प्रकारके कला कौशल और उद्योगोंका निर्माण होता है। पृथिवी माताका पेट चीरकर साधन उपलब्ध करनेकी कला अवगत की जाती है। पुरानी व्यवस्थाओंका स्थान नई व्यवस्थाएँ लेती हैं। तब भी मनुष्योंके अभावकी पूर्ति नहीं होती, इसलिए मनुष्य अलग अलग समुदायोंमें विभक्त होकर पृथिवी माताका बटवारा करते हैं। सबके अलग-अलग नियम बनते हैं। चतुर चालाक मनुष्य आगे आते हैं। वे साधनों पर एकाधिकार स्थापित करते हैं और दूसरे प्रकारके मनुष्य पीछे रह जाते हैं। इससे मानव समुदायमें बेचैनी बढ़ती है। वह मिल कर व्यवस्थाको उलटनेका प्रयत्न करता है। इस समय हम विश्वमें जो अनेक वाद और व्यवस्थाएँ देख रहे हैं यह उनका संक्षिप्त लेखा है। इसके बाद भी यदि हम एकका गरीब होना और दूसरेका श्रीमान् होना आदिका कारण कर्मको मानते हैं तो कहना होगा कि यह वह कर्मवाद नहीं है जिसका उपदेश तीर्थङ्करोंने विश्वको दिया था।

साधारणतः प्राचीन साहित्यमें हमें दो तरहके मतोंका उल्लेख मिलता है जिनमें बाह्यसामग्रीकी प्राप्तिके कारणोंका निर्देश किया गया है। आगे इन दोनोंके आधारसे विचार कर लेना इष्ट है—

(१) षट्खण्डागम चूलिका अनुयोगद्वारमें प्रकृतियोंका नाम निर्देश करते हुए सूत्र १८ की टीकामें वीरसेन स्वामीने इनका विस्तृत विवेचन किया है। वहां सर्वप्रथम वे सातावेदनीय और असातावेदनीयके उसी स्वरूपका निर्देश करते हैं जो सर्वत्र प्रसिद्ध है और जो उनके जीवविपाकी प्रकृति होनेके अनुरूप है। किन्तु शंका समाधानके प्रसङ्गसे वे सातावेदनीयको जीवविपाकीके समान पुद्गलविपाकी भी मान लेते हैं। यद्यपि यह उनका व्यक्तिगत मत कहा जा सकता है पर इससे इस कथनका समर्थन होता है कि सातावेदनीयको पुद्गलविपाकी माने बिना उसे बाह्य सामग्रीकी प्राप्तिमें कारण नहीं माना जा सकता।

(२) तत्त्वार्थसूत्र अध्याय २ की सर्वार्थसिद्धि और राजवार्तिक टीकामें अरिहन्तोंको प्राप्त होनेवाली सिंहासन आदि विभूतिके कारणोंका निर्देश करते हुए लाभान्तराय आदि कर्मोंके क्षयको उसका कारण बतलाया

है। किन्तु सिद्धोंमें अतिप्रसङ्ग दोष देनेपर इसके साथ शरीर नामकर्म आदिकी अपेक्षा और लगा दी है।

ये दो मत हैं जिनमें बाह्य सामग्रीकी प्राप्तिके कारणोंका स्पष्ट निर्देश किया है। अधिकतर विद्वान् इन्हीं दोनों मतोंका आश्रय लेते हैं। कोई वेदनीयको बाह्य सामग्रीकी प्राप्तिका निमित्त कहते हैं और कोई लाभान्तराय आदिके क्षय व क्षयोपशमको।

साधारणतः यह धारणा हो जानेसे कि संसारी प्राणीको जो भी संयोग वियोग होता है वह पुराकृत कर्मके विपाकके बिना नहीं हो सकता, विद्वान् प्रत्येक प्रश्नका उत्तर कर्मवादसे देनेका प्रयत्न करते हैं। हम पहले नैयायिक सम्मत कर्मवादका निर्देश कर आये हैं। वहाँ यह भी बतला आये हैं कि यह दर्शन कार्यमात्रके होनेमें कर्मको कारण मानता है। अधिकतर अन्य लेखकोंने इस मतसे प्रभावित होकर ही भ्रान्ति की है।

हम रेलगाड़ीसे सफर करते हैं। हमें वहां अनेक प्रकारके मनुष्योंका समागम होता है। कोई हँसता हुआ मिलता है तो कोई रोता हुआ। इनसे हमें सुख भी होता है और दुख भी। तो क्या ये हमारे शुभाशुभ कर्मोंके कारण रेलगाड़ीमें सफर करने आये हैं? कभी नहीं। जैसे हम अपने कामसे सफर कर रहे हैं वैसे वे भी अपने-अपने कामसे सफर कर रहे हैं। उनके संयोग-वियोगमें न हमारा कर्म कारण है और न उनका ही कर्म कारण है।

हमारे मकानका मुख पूर्व और पश्चिम दोनों दिशाओंकी ओर है। उससे प्रति दिन सूर्य रश्मियाँ घरको आलोकित करती रहती हैं। जाड़ेके दिनोंमें वह प्रकाश हमें सुखद प्रतीत होता है और गर्मीके दिनोंमें दुखकर प्रतीत होता है तो क्या यह प्रकाश हमारे शुभाशुभ कर्मोंके कारण हमारे मकानमें स्थान पाता है? कभी नहीं। मकानका मुख पूर्व और पश्चिम दोनों दिशाओंकी ओर है, इसलिए सूर्य रश्मियोंको मकानमें प्रवेश करनेमें बाधा उपस्थित नहीं होती।

हमारी दुकान बम्बईमें है। हमने अपनी समझसे एक अच्छे आदमीको उसका मुख्याधिकारी नियुक्त किया है। वह वहाँका सब काम सम्हालता है। कभी दुकानमें लाभ होता है और कभी हानि। तो क्या हमारे शुभाशुभ कर्मोंके कारण वहाँ हानि-लाभ होता है? यदि हानिका कारण हमारा कर्म है तो हम मुनीमको क्यों दोष देते हैं और लाभके प्रति भी हमारा कर्म दायी है तो हम मुनीम की पीठ क्यों ठोकते हैं। पूर्वोक्त व्यवस्थाके अनुसार मुनीम तो एक प्रकारका यन्त्र है जो हमारे कर्मसे प्रेरित होकर काम करता है। उसका उसमें गुण-दोष ही क्या है?

हमारी पत्नीने मन पसन्द एक साड़ी खरीदी है। वह उसे बड़े जतनसे पेटीमें सम्हालकर रखती है। पेटीकी बगलमें एक सूराख है जिसका उसे ज्ञान नहीं है। उसकी समझसे साड़ी सुरक्षित रखी हुई है किन्तु प्रतिदिन एक चुहिया सूराखसे भीतर जाकर उसे कुतरती रहती है। जब तक उसे हानिका ज्ञान नहीं होता वह प्रसन्न रहती है किन्तु इसका ज्ञान होनेपर वह विकलताका अनुभव करने लगती है। यदि वह हानि उसके कर्मानुसार होती है तो जबसे यह हानि होती है तभीसे वह विकलताका अनुभव क्यों नहीं करती?

स्पष्ट है कि ये या इसी जातिके लोकमें और जितने संयोग वियोग हैं उनमें कर्मका रञ्चमात्र भी हाथ नहीं है। सातावेदनीय और असातावेदनीय कर्मोंकी व्याप्ति सुख और दुखके साथ की जा सकती है, बाह्य साधनोंके सद्भाव और असद्भावके साथ नहीं। यही कारण है कि श्रावकके अल्प परिग्रही और साधुके अपरिग्रही होनेपर भी वे उत्तरोत्तर पुण्यात्मा अर्थात् पुण्य कर्मके उपभोक्ता होते हैं, क्यों कि वे बहुपरिग्रही व्यक्तिकी अपेक्षा उत्तरोत्तर परम सुखका अनुभव करते हैं।

इसी प्रकार जब हम लाभान्तराय आदि कर्मोंके क्षय या क्षयोपशम जन्य कार्योंकी मीमांसा करते हैं तो हमें बलात् मानना पड़ता है कि इन कर्मोंका क्षय व क्षयोपशम भी बाह्य सामग्रीके संयोग वियोगका कारण नहीं हो सकता। कारण कि आत्माकी जो दान, लाभ, भोग, उपभोग और वीर्य ये पाँच अनुजीवी शक्तियाँ मानी गई हैं अन्तराय कर्म उनका ही आवरण करता है, अतएव अन्तराय कर्मके क्षय व क्षयोपशमसे ये अनुजीवी शक्तियाँ ही आविर्भूत होती हैं।

इस प्रकार यह ज्ञात हो जानेपर कि बाह्य साधनोंकी उपलब्धि न तो साता और असातावेदनीयके

निमित्तसे होती है और न लाभान्तराय कर्मके क्षय या क्षयोपशमसे ही होती है, हमें उनकी उपलब्धिके कारणोंपर अवश्य ही विचार करना होगा। लोकमें बाह्य साधनोंकी प्राप्तिके अनेक मार्ग दिखाई देते हैं। उदाहरणार्थ—उद्योग करना, व्यवसाय करना, मजदूरी करना, व्यापारके साधन जुटाना, राज्याधिकारियोंकी या साधन सम्पन्न व्यक्तियोंकी चाटुकारी करना, उनसे मित्रता बढ़ाना, अर्जित धनकी रक्षा करना, उसे व्याजपर लगाना, प्राप्त धनको विविध व्यवसायोंमें लगाना, खेती करना, झांसा देकर ठगी करना, जेब काटना, चोरी करना, जुआ खेलना, भीख माँगना, धर्मादायको संचितकर पचा जाना आदि बाह्य साधनोंकी प्राप्तिके साधन हैं। इन व अन्य कारणोंसे बाह्य साधनोंकी उपलब्धि होती है, कर्मोंसे नहीं।

शंका—इन सब उपायोंके या इनमेंसे किसी एक उपायके करने पर हानि देखी जाती है सो इसका क्या कारण है?

समाधान—प्रयत्नकी कमी, या बाह्य परिस्थिति या दोनों।

शंका—कदाचित् व्यवसाय आदिके नहीं करने पर भी धनकी प्राप्ति देखी जाती है सो इसका क्या कारण है?

समाधान—यहाँ यह देखना है कि वह प्राप्ति कैसे हुई है। क्या किसीके देनेसे हुई है या कहीं पड़ा हुआ मिलनेसे हुई है? यदि किसीके देनेसे हुई है तो इसमें जिसे मिला है उसके विद्या आदि गुण कारण हैं या देनेवालेकी स्वार्थसिद्धि और प्रेम आदि कारण है। यदि कहीं पड़ा हुआ होनेसे उसकी प्राप्ति हुई है तो इस मार्गसे प्राप्त हुआ धन पुण्यकर्मका फल कैसे कहा जा सकता है। यह तो चोरी है। अतः चोरीके भाव ही इस प्रकारसे धनकी प्राप्तिमें कारण है साता का उदय नहीं।

शंका—दो आदमी एकसाथ एकसा व्यवसाय करते हैं, फिर क्या कारण है कि एकको लाभ होता है और दूसरेको हानि?

समाधान—व्यापार करनेमें अपनी-अपनी योग्यता और उनकी अलग-अलग परिस्थिति आदि इसका कारण है, पाप पुण्य नहीं। संयुक्त व्यापारमें एकको हानि और दूसरेको लाभ हो तो कदाचित् हानि-लाभ पाप पुण्यका फल माना भी जाय। पर ऐसा होता नहीं, अतः हानि लाभको पाप पुण्यका फल मानना उचित नहीं है।

शंका—यदि बाह्य साधनोंका लाभालाभ पुण्य पापका फल नहीं है तो फिर एक गरीब और दूसरा श्रीमान् क्यों होता है?

समाधा—एकका श्रीमान् और दूसरेका गरीब होना यह सामाजिक व्यवस्थाका फल है, पुण्य पापका नहीं। जिन देशोंमें पूँजीवादी व्यवस्था है और व्यक्तिको संग्रह करनेकी कोई सीमा नहीं वहाँ अपनी अपनी योग्यता व साधनोंके अनुसार मनुष्य उसका संचय करते हैं। गरीब अमीर वर्गकी सृष्टि इसी व्यवस्थाका फल है। गरीब और अमीर इन भेदोंको पाप पुण्यका फल मानना किसी भी अवस्थामें उचित नहीं है। रूस ने बहुत कुछ हदतक इस व्यवस्थाका अन्त कर दिया है, इसलिए वहां इस प्रकारका भेद बहुत ही कम दिखाई देता है, फिर भी पुण्य पाप तो वहाँ भी है। सचमुचमें पुण्य पाप तो वह है जो इन बाह्य व्यवस्थाओंसे परे है और वह आध्यात्मिक है। जैन कर्मशास्त्र ऐसे ही पुण्यका निर्देश करता है।

शंका—यदि बाह्य साधनोंका लाभालाभ पुण्य पापका फल नहीं है तो सिद्ध जीवोंको उसकी प्राप्ति क्यों नहीं होती?

समाधान—बाह्य साधनोंका सद्भाव जहां है और जो कषाययुक्त हैं उन्हींके उनकी प्राप्ति सम्भव है। साधारणतः उनकी प्राप्ति जड़ और चेतन दोनोंको होती है, क्योंकि तिजोड़ीमें भी धन रखा रहता है, इसलिए उसे भी धनकी प्राप्ति कही जा सकती है। किन्तु जड़के रागादि भाव नहीं होता और चेतनके होता है, इसलिए वह ममकार और अहंकार भाव करता है।

शंका—यदि बाह्य साधनोंका लाभालाभ पुण्य पापका फल नहीं है तो न सही, पर सरोगता और नीरोगता यह तो पुण्य पापका फल मानना ही पड़ता है?

समाधान—सरोगता और नीरोगता दो प्रकारकी होती है आनुवंशिक और प्रयत्न साध्य। दोनों अवस्थाओंमें इसे पुण्य पापका फल नहीं माना जा सकता। जिस प्रकार बाह्य साधनोंकी प्राप्ति अपने-अपने कारणोंसे होती है उसी प्रकार सरोगता और नीरोगता भी अपने-अपने कारणोंसे होती है। इसे पाप पुण्यका फल मानना किसी भी अवस्थामें उचित नहीं है।

शंका—सरोगता और नीरोगताके क्या कारण हैं?

समाधान—अस्वास्थ्यकर आहार, विहार व संगति करना आदि सरोगताके कारण हैं और स्वास्थ्य वर्धक आहार, विहार व संगति करना नीरोगताके कारण हैं।

इस प्रकार कर्मकी कार्यमर्यादाका विचार करनेपर यह सुस्पष्ट प्रतीत होता है कि कर्म बाह्य सम्पत्तिके संयोग वियोगका कारण नहीं है। किन्तु जिस कर्मका जो नाम है उसीके अनुसार वह काम करता है। सम्पत्तिका संयोग और वियोग होता अवश्य है किन्तु कहीं वह अनायास होता है और कहीं कषायपूर्वक होता है इसलिए सम्पत्तिके संयोगका मुख्य कारण कषाय है और वियोगका कारण कहीं कषाय है और कहीं कषायका त्याग है। जो रागादिमें वशीभूत होकर उसका त्याग करते हैं उनके वियोगका करण रागादि परिणाम हैं और जो राग द्वेषकी हानि होनेसे उसका त्याग करते हैं उनके उसके वियोगका कारण राग द्वेषकी हानि है।

विषय–परिचय

महाबन्धके चार भागोंमेंसे प्रकृतिबन्धका प्रकाशन कई वर्ष पहले हो चुका है। यह स्थितिबन्ध है। इसके मुख्य अधिकार दो हैं—मूलप्रकृतिस्थितिबन्ध और उत्तरप्रकृतिस्थितिबन्ध। मूलप्रकृतिस्थितिबन्धके मुख्य अधिकार चार हैं–स्थितिबन्ध स्थानप्ररूपणा, निषेकप्ररूपणा, आबाधाकाण्डक प्ररूपणा और अल्पबहुत्व।

कुल संसारी जीवराशि चौदह जीव समासोंमें विभक्त है। इनमेंसे एक-एक जीव समासमें अलग-अलग कितने स्थिति विकल्प होते हैं; स्थितिबन्धके कारणभूत संक्लेशस्थान और विशुद्धि स्थान कितने हैं और सबसे जघन्य स्थितिबन्धसे लेकर उत्तरोत्तर किसके कितना अधिक स्थितिबन्ध होता है इन तीनका उत्तर अल्पबहुत्वकी प्रक्रिया द्वारा स्थितिबन्धस्थानप्ररूपणा नामक पहले अनुयोगद्वारमें दिया गया है।

निषेक प्ररूपणाका विचार दो अनुयोगोंके द्वारा किया गया है—अनन्तरोपनिधा और परम्परोपनिधा। अनन्तरोपनिधाके द्वारा यह बतलाया गया है कि आयुकर्मके सिवा शेष सात कर्मोंका जितना स्थितिबन्ध होता है उसमेंसे आबाधाके कालको कम करके जो स्थिति शेष रहती है उसके प्रथम समयमें सबसे अधिक कर्म परमाणु निक्षिप्त होते हैं और इसके आगे द्वितीयादि समयोंमें क्रमसे उत्तरोत्तर एक-एक चयहीन कर्मपरमाणुओंका निक्षेप होता है। इस प्रकार विवक्षित समयमें जिस कर्मके जितने कर्म परमाणुओंका बन्ध होता है उनका उक्त प्रकारसे विभाग हो जाता है। पर आयुकर्मकी अबाधा स्थितिबन्धमें सम्मिलित नहीं है, इसलिये इसको प्राप्त कर्म द्रव्यका विभाग आयुकर्मके स्थितिबन्धके सब समयोंमें होता है।

किस कर्मकी कितनी आबाधा होती है इस बातका भी यहां संकेत किया है। यहाँ जो कुछ बतलाया है उसका भाव यह है कि एक कोड़ाकोड़ी सागर प्रमाण स्थितिकी सौ वर्ष प्रमाण अबाधा होती है। इस हिसाबसे ज्ञानावरण, दर्शनावरण, वेदनीय और अन्तराय कर्मका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध तीस कोड़ाकोड़ी सागर होनेसे इनकी उत्कृष्ट अबाधा तीन हजार वर्ष प्राप्त होती है; मोहनीयका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध सत्तर कोड़ाकोड़ी सागर होनेसे इसकी उत्कृष्ट अबाधा सात हजार वर्ष प्राप्त होती है और नाम व गोत्र कर्मका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध बीस कोड़ाकोड़ी सागर होनेसे इनकी उत्कृष्ट अबाधा दो हजार वर्ष प्राप्त होती है। यह संज्ञी पञ्चेन्द्रिय पर्याप्त मिथ्यादृष्टि जीवके उत्कृष्ट स्थितिबन्ध होनेपर जो अबाधा प्राप्त होती है उसकी अपेक्षा जानना चाहिए। शेष तेरह जीव समासोंमें सात कर्मोंमेंसे जिसके जिस कर्मका जितना उत्कृष्ट स्थितिबन्ध होता है उसे ध्यानमें रख कर अबाधा जाननी चाहिए। वह कितनी होती है इसका निर्देश करते हुए वह अन्तर्मुहूर्त प्रमाण बतलाई है। कारण कि अन्तःकोड़ाकोड़ीके भीतर जितना भी स्थितिबन्ध होता है उस सबकी आबाधा अन्तर्मुहूर्त होती है ऐसा नियम है।

मात्र आयुकर्मकी आबाधाका विचार दूसरे प्रकारसे किया गया है। यहां मूल प्रकृति स्थितिबन्धका प्रकरण होनेसे संज्ञी पञ्चेन्द्रिय पर्याप्त जीवके आयुकर्मका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध तेतीस सागर कहकर उसकी अबाधा एक पूर्वकोटिका त्रिभाग प्रमाण कहा गया है। यह तो सुविदित है कि आयुकर्मका तेतीस सागर प्रमाण उत्कृष्ट स्थितिबन्ध मनुष्य और तिर्यञ्चके ही होता है। किन्तु यहां अबाधा एक पूर्व कोटिका त्रिभाग प्रमाण कहनेका कारण क्या है यह विचारणीय है

जीवट्ठाणके चूलिका अनुयोगद्वारकी छठवीं और सातवीं चूलिकामें क्रमसे उत्कृष्ट स्थितिबन्ध और जघन्य स्थितिबन्धका निर्देश किया है। वहां छठवीं चूलिकाके सूत्र क्रमांक २३ 'पुव्वकोडितिभागो अबाधा' व्याख्या करते हुए वीरसेन स्वामी लिखते हैं—

'पुव्वकोडितिभागमादिं काउण जाव असंखेपद्धा त्ति। जदि एदे आबाधावियप्पा आउअस्स सव्व-णिसेयट्ठिदीसु होंति तो पुव्वकोडितिभागो चेव उक्कस्सणिसेयट्ठिदीए किमट्ठं उच्चदे? ण; उक्कस्सावाधाए विणा उक्कस्सणिसेयट्ठिदीए चेव उक्कस्सावाधाउत्तादो।'

आशय यह है कि यहां पर सूत्रमें नरकायु और देवायुकी उत्कृष्ट आबाधा पूर्वकोटिका त्रिभाग

प्रमाण कही है उससे पूर्वकोटिके त्रिभागसे लेकर आसंक्षेपाद्धा कालतक जितने अबाधाके विकल्प होते हैं उन सबका ग्रहण होता है। इसपर प्रश्न यह होता है कि यदि आबाधाके ये सब विकल्प आयुकर्मकी सब निषेक स्थितियोंमें होते हैं तो उत्कृष्ट निषेक स्थितिकी उत्कृष्ट आबाधा पूर्वकोटिका त्रिभाग प्रमाण ही किसलिए कहते हैं? इसका समाधान करते हुए वीरसेन स्वामी लिखते हैं कि उत्कृष्ट आबाधाका कथन किये बिना उत्कृष्ट निषेक स्थितिमात्रसे उत्कृष्ट कर्मस्थिति नहीं प्राप्त होती है। यह बात बतलानेके लिए यहां उत्कृष्ट आबाधा कही है।

वीरसेन स्वामीके इस कथनका यह अभिप्राय है कि यद्यपि उत्कृष्ट आयुका बन्ध केवल उत्कृष्ट त्रिभागमें ही नहीं होता; वह उत्कृष्ट त्रिभागसे लेकर आसंक्षेपाद्धा कालके भीतर आयु बन्धके योग्य कालमें कभी भी हो सकता है पर यहां उत्कृष्ट कर्मस्थिति दिखलानेके लिए केवल उत्कृष्ट आबाधा कही है।

स्थिति दो प्रकारकी होती है—कर्मस्थिति और निषेकस्थिति। आयु कर्मकी उत्कृष्ट निषेक स्थिति तेतीस सागर प्रमाण है और कर्मस्थिति पूर्वकोटिका त्रिभाग अधिक तेतीस सागर प्रमाण है। यहां इसी कर्मस्थितिका ज्ञान करानेके लिए उत्कृष्ट आबाधा कही है यह उक्त कथनका तात्पर्य है।

श्वेताम्बर कर्मप्रकृतिमें चारों आयुओंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका निर्देश करते समय उसका इस प्रकार निर्देश किया है—

'तेत्तीसुदही सुरनारयाउ सेसाउ पल्लतिगं ॥' (कर्मप्रकृति बन्धनकरण, गाथा ७३)

अर्थात् देवायु और नरकायुका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध तेतीस सागर प्रमाण होता है।

किन्तु इसकी टीकामें 'पूर्वकोटित्रिभागाभ्यधिकानीति शेषः' यह वाक्य आया है। सो इस कथनसे भी वीरसेन स्वामीके कथन की ही पुष्टि होती है। अर्थात् आयु कर्मकी उत्कृष्ट निषेक स्थिति तेतीस सागर प्रमाण होती है और उत्कृष्ट कर्मस्थिति पूर्वकोटिका त्रिभाग अधिक तेतीस सागर प्रमाण होती है।

यद्यपि महाबन्धमें आगे भुजगार बन्धका निरूपण करते समय आयुकर्मका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध उत्कृष्ट त्रिभागके प्रथम समयमें कहकर आगे अल्पतर बन्धका ही निर्देश किया है। अब यदि वहां निषेक स्थितिका ग्रहण करते हैं तो पूर्वोक्त कथनके साथ बाधा आती है इसलिए वीरसेन स्वामीके अभिप्रायको ध्यानमें रखकर वहां कर्मस्थितिका ही ग्रहण करना चाहिए और इस प्रकार महाबन्धके पूरे कथनकी सार्थकता भी हो जाती है तथा यह भी ज्ञात हो जाता है कि आयुकर्मका उत्कृष्ट निषेक स्थितिबन्ध केवल उत्कृष्ट त्रिभागमें ही नहीं होकर आयुबन्धके योग्य किसी कालमें भी हो सकता है।

अब प्रश्न यह रह जाता है कि यदि मूलमें आयु कर्मका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध आबाधा सहित लिया गया है तो केवल तेतीस सागर प्रमाण न कह कर पूर्वकोटिका त्रिभाग अधिक तेतीस सागर प्रमाण कहना चाहिये था। किन्तु मूलमें ऐसा न कहकर केवल तेतीस सागर प्रमाण ही कहा है, इसमें आबाधा कालको सम्मिलित नहीं किया गया है सो इसका क्या कारण है?

वीरसेन स्वामीके सामने भी यह प्रश्न था। उन्होंने जीवस्थान चूलिकामें इस प्रश्नका समाधान किया है। वे कहते हैं कि आयुकर्मके स्थितिबन्धमें निषेक और आबाधा अन्योन्याश्रित नहीं हैं इस बातका ज्ञान करानेके लिए निषेकस्थितिके साथ आबाधाका निर्देश नहीं किया है। आशय यह है कि जिस प्रकार ज्ञानावरण आदि कर्मोंकी निषेकस्थिति और आबाधाका अन्योन्य सम्बन्ध है। अर्थात् यदि ज्ञानावरणका तीस कोड़ाकोड़ी सागर प्रमाण उत्कृष्ट स्थितिबन्ध होता है तो उसकी आबाधा तीन हजार वर्ष प्रमाण ही होगी और एक आबाधाकाण्डक न्यून उत्कृष्ट स्थितिबन्ध होता है तो एक समय कम तीन हजार वर्ष प्रमाण उत्कृष्ट आबाधा होगी, इस प्रकार जैसे यहां निषेक स्थिति और आबाधाका परस्पर सम्बन्ध है और इसलिए इन दोनोंका संयुक्त निर्देश किया जाता है उस प्रकार आयुकर्मकी निषेकस्थितिके साथ आबाधाका कोई सम्बन्ध नहीं है। किन्तु कितनी ही आबाधाके रहनेपर कितना ही निषेकस्थितिबन्ध हो सकता है। यही कारण है कि यहां आयु कर्मके प्रकरणमें निषेकस्थिति और आबाधाका संयुक्त विवेचन नहीं किया गया है।

यहां प्रकरण प्राप्त होनेसे एक बातका और निर्देश कर देना आवश्यक प्रतीत होता है। जीवस्थान

चूलिकामें इसी आयुके प्रकरणमें आबाधाका निर्देश करनेके अनन्तर सर्वत्र 'आबाधा' यह स्वतन्त्र सूत्र आता है।

इस प्रसंगसे वीरसेन स्वामीने जो कुछ कहा है उसका भाव यह है कि जिस प्रकार ज्ञानावरणादिके समयप्रबद्धोंमें बन्धावलिके बाद अपकर्षण और परप्रकृति संक्रमण रूपसे बाधा दिखाई देती है उस प्रकार आयुकर्मके निषेकोंमें अपकर्षण और परप्रकृति संक्रमण रूपसे बाधा नहीं होती, यह दिखलानेके लिए दूसरी बार 'आबाधा' इस सूत्रकी रचना की है।

प्रश्न यह है कि क्या आयुकर्ममें अपकर्षण और परप्रकृति संक्रमण आदि नहीं होते। यदि होते हैं तो यहां इनका निषेध क्यों किया गया है। और इस दृष्टिसे इसे बाधा रहित क्यों कहा है? समाधान यह है कि आयुकर्मकी आबाधा शेष भुज्यमान आयु प्रमाण मानी गई है। नियम यह है कि एक आयुका दूसरी आयुमें संक्रमण नहीं होता। यहां भुज्यमान आयु अन्य है और बध्यमान आयु अन्य है। मान लो कोई एक जीव मनुष्यायुका भोग कर रहा है और उसने पुनः मनुष्यायुका ही बन्ध किया है तो भी ये एक आयु नहीं ठहरतीं और इसलिए बध्यमान आयुका न तो भुज्यमान आयुमें अपकर्षण होता है और न भुज्यमान आयुका बध्यमान आयुमें संक्रमण होता है। यही कारण है कि यहां आबाधाके भीतर निषेक स्थितिको बाधा रहित बतलाने के लिए 'आबाधा' इस सूत्रकी स्वतंत्र रचना की है। कदलीघात आदिसे बध्यमान आयुकी आबाधा न्यून हो जाय यह स्वतन्त्र बात है पर बध्यमान आयुके द्वारा अपकर्षण होकर और भुज्यमान आयुके द्वारा संक्रमण होकर यह न्यून नहीं हो सकती यह उक्त कथनका तात्पर्य है।

अनन्तरोपनिधाका विचार करनेके बाद परम्परोपनिधाका विचार आता है। यहां बतलाया है कि प्रथम निषेकसे आगे पल्यके असंख्यातवें भाग प्रमाण स्थान जाने पर प्रथम निषेकमें जितने कर्म परमाणु निक्षिप्त होते हैं उनसे वे आधे रह जाते हैं। इसी प्रकार जघन्य स्थितिके प्राप्त होने तक उत्तरोत्तर पल्यके असंख्यातवें भाग-प्रमाण स्थान जाने पर वे आधे आधे रहते जाते हैं। प्रत्येक गुणहानिके प्रति चयका प्रमाण आधा आधा होता जाता है, इसलिए इस व्यवस्थाके घटित हो जानेमें कोई बाधा नहीं आती। मात्र कर्मस्थितिमेंसे आबाधा कालको न्यून करके जो स्थिति शेष रहती है उसमें यथासम्भव पल्यके असंख्यातवें भागका भाग देकर वहां प्राप्त द्विगुणहानिका प्रमाण ले आना चाहिए। एक उत्कृष्ट स्थितिमें पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण नाना द्विगुणहानियां होती हैं इसलिए यहां एक द्विगुणहानिका प्रमाण लानेके लिए पल्यके असंख्यातवें भागसे भाजित किया गया है।

मोहनीय कर्मकी उत्कृष्ट स्थिति सर्वाधिक है इसलिए उसमें सबसे अधिक नाना द्विगुणहानियां उपलब्ध होती हैं। शेष कर्मोंमें जिनकी जितनी न्यून स्थिति है उनमें उसी अनुपातसे वे न्यून उपलब्ध होती हैं। सब कर्मोंकी सब जीवसमासोंमें निषेक रचनाका यही क्रम है।

'आबाधाकाण्डक'का विचार करते हुए बतलाया है कि उत्कृष्ट स्थितिसे पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण स्थान जाकर इन सब स्थितिविकल्पोंका एक आबाधाकाण्डक करता है। अर्थात् इतने स्थितिविकल्पोंकी उत्कृष्ट आबाधा होती है। इसके बाद इतने ही स्थितिविकल्पोंकी एक समय कम आबाधा होती है। इस प्रकार जघन्य स्थितिके प्राप्त होने तक आबाधा ले आना चाहिए। यहां जितने स्थितिविकल्पोंकी एक आबाधा होती है उसकी एक आबाधाकाण्डक संज्ञा है। इसे लानेका क्रम यह है कि उत्कृष्ट आबाधाका भाग आबाधा न्यून उत्कृष्ट स्थितिमें देनेपर एक आबाधाकाण्डकका प्रमाण आता है। सब जीवसमासोंमें आबाधाकाण्डकका प्रमाण इसी विधिसे प्राप्त कर लेना चाहिए। मात्र आयुकर्ममें यह नियम लागू नहीं होता, क्योंकि वहां स्थितिबन्धके अनुपातसे आबाधा नहीं प्राप्त होती।

प्रश्न यह है कि जहां सागरों प्रमाण स्थितिबन्ध होता है वहां तो इस अनुपातसे आबाधाकाण्डककी उपलब्धि हो जाती है पर जहां अन्तःकोड़ाकोड़ी सागरकी आबाधा भी अन्तर्मुहूर्त कही है और अन्तर्मुहूर्त-प्रमाण स्थितिबन्धकी आबाधा भी अन्तर्मुहूर्त कही है वहां इस अनुपातसे व्यवस्था कैसे बन सकती है।

यह प्रश्न वीरसेन स्वामीके सामने भी था। उन्होंने जीवस्थान चूलिकामें इस प्रश्नका समाधान किया है। वे लिखते हैं कि न्यून या जघन्य स्थितिबन्धमें आबाधाकाण्डककी जाति इससे भिन्न होती है, इसलिए वहां

५

जो आबाधाकाण्डक हो उसका भाग देकर आबाधा ले आनी चाहिए। सब प्रकारके स्थितिबन्धोंमें आबाधा-काण्डक एक समान नहीं होता, किन्तु जहां संख्यात वर्ष प्रमाण स्थितिबन्ध होता है वहां अन्तर्मुहूर्त प्रमाण आबाधासे विवक्षित स्थितिके भाजित करनेपर संख्यात समय मात्र आबाधा काण्डक उपलब्ध होता है।

चौथे प्रकरणका नाम अल्पबहुत्व है। इसमें सब जीव समासोंमें जघन्य आबाधा, आबाधास्थान, आबाधाकाण्डक, उत्कृष्ट आबाधा, नानाप्रदेशगुणहानिस्थानान्तर, एकप्रदेशगुणहानिस्थानान्तर, जघन्य स्थितिबन्ध, स्थितिबन्धस्थान, और उत्कृष्ट स्थितिबन्ध इन सबके अल्पबहुत्वका निर्देश किया गया है।

अल्पबहुत्वका विवेचन करने पर स्थितिबन्धका सामान्य विवेचन पूरा होता है।

आगे पूर्वके विवेचनको अर्थपद मानकर निम्न अधिकारों द्वारा मूल प्रकृति स्थितिबन्धके विचार करनेकी सूचना की गई है। वे अधिकार ये हैं—अद्धाच्छेद, सर्वबन्ध, नोसर्वबन्ध, उत्कृष्टबन्ध, अनुत्कृष्टबन्ध, जघन्यबन्ध, अजघन्यबन्ध, सादिबन्ध, अनादिबन्ध, ध्रुवबन्ध,, अध्रुवबन्ध, स्वामित्व, बन्धकाल, बन्धान्तर, बन्ध-सन्निकर्ष, नाना जीवोंकी अपेक्षा भङ्गविचय, भागाभाग, परिमाण, क्षेत्र, स्पर्शन, काल, अन्तर, भाव और अल्पबहुत्व। इसके बाद भुजगारबन्ध, पदनिक्षेप, वृद्धिबन्ध, अध्यवसानसमुदाहार और जीवसमुदाहार इन प्रकरणों द्वारा भी मूलप्रकृति स्थितिबन्धका विचार किया गया है। भुजगारबन्धके १३ अनुयोगद्वार, पदनिक्षेपके ३ अनुयोगद्वार, वृद्धिबन्धके १३ अनुयोगद्वार, और अध्यवसान समुदाहारके ३ अनुयोगद्वार हैं। जीवसमुदाहार का अलगसे कोई अनुयोगद्वार नहीं है।

इन अनुयोगद्वारोंके जो नाम हैं उन्हींके अनुसार उनमें स्थितिबन्धके आश्रयसे विचार किया गया है। आगे उत्तर प्रकृति स्थितिबन्धका विचार भी इसी प्रक्रियासे किया गया है। मात्र मूलप्रकृतिस्थितिबन्धमें आठ मूल प्रकृतियोंके आश्रयसे विचार किया गया है और उत्तर प्रकृति स्थितिबन्धमें १२० उत्तर प्रकृतियोंके आश्रयसे विचार किया गया है। यद्यपि उत्तर प्रकृतियाँ १४८ हैं पर दर्शनमोहनीयकी सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्व ये दो अबन्ध प्रकृतियाँ हैं और पाँच बन्धनों व पाँच संघातोंका पाँच शरीरोंमें अन्तर्भाव हो जाता है तथा स्पर्शादिकके अवान्तर बीस भेदोंके स्थानमें स्पर्शादिक चारका ही ग्रहण किया गया है, इसलिए २८ प्रकृतियाँ कम होकर यहाँ कुल १२० प्रकृतियाँ ही ग्रहण की गई हैं।

स्थितिबन्धके मुख्य भेद चार हैं यह हम पहले कह आये हैं। स्थितिबन्धका कारण कषाय है। कहा भी है—'**ट्ठिदिअणुभागा कसायदो होंति।**'

स्थितिबन्ध और अनुभागबन्ध कषायसे होता है।

आगममें कषायके विविध भेदोंकी कषायाध्यवसान संज्ञा कही है। ये कषायाध्यवसान स्थान दो प्रकारके होते हैं—संक्लेशरूप और विशुद्धिरूप। इन्हें ही संक्लेशस्थान और विशुद्धिस्थान कहते हैं। असाताके बन्ध योग्य परिणामोंकी संक्लेश संज्ञा है और साताके बन्ध योग्य परिणामोंकी विशुद्धि संज्ञा है। ये दोनों प्रकारके परिणाम कषायस्वरूप होकर भी जातिकी अपेक्षा अलग अलग हैं। तत्त्वार्थसूत्र अध्याय सातमें साता और असाताके बन्धके कारणोंका निर्देश करते हुए लिखा है—

'दुःखशोकतापाक्रन्दनवधपरिदेवनान्यात्मपरोभयस्थान्यसद्वेद्यस्य ॥ ११ ॥
भूतव्रत्यनुकम्पादानसरागसंयमादियोगः क्षान्तिः शौचमिति सद्वेद्यस्य ॥ १२ ॥'

अपने आत्मामें, अन्यकी आत्मामें या दोनोंमें स्थित दुःख, शोक, ताप, आक्रन्दन, वध, और परि-देवन ये असातावेदनीयके आस्रवके कारण हैं। तथा जीवमात्रके प्रति अनुकम्पा, व्रतियोंके प्रति अनुकम्पा, दान और सरागसंयमका उचित ध्यान रखना और क्षान्ति व शौच ये साता वेदनीय कर्मके आस्रवके कारण हैं ॥ ११-१२ ॥

यह उल्लेख परिणामोंकी जातिका ज्ञान करानेके लिए बहुत ही स्पष्ट है। इससे संक्लेशरूप परिणामोंकी जाति क्या है और विशुद्ध परिणामोंकी जाति क्या है इसका स्पष्टतया बोध होता है। ये दोनों प्रकारके परिणाम एकेन्द्रियसे लेकर संज्ञी पञ्चेन्द्रिय तक प्रत्येक जीवके छटवें गुणस्थानतक होते हैं। सातवें आदि गुणस्थानोंमें प्रमादका अभाव हो जानेके कारण मात्र विशुद्ध परिणाम ही होते हैं।

साधारण नियम यह है कि तिर्यञ्चायु, मनुष्यायु और देवायुको छोड़कर शेष सब प्रकृतियोंका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध उत्कृष्ट संक्लेश परिणामोंसे होता है और इनसे विपरीत परिणामोंसे जघन्य स्थितिबन्ध होता है। इसी अभिप्रायको गोम्मटसार कर्मकाण्डमें इन शब्दोंमें व्यक्त किया है—

'सव्वट्ठिदीणमुक्कस्सओ दु उक्कस्ससंकिलेसेण।
विवरीदेण जहण्णो आउगतियवज्जियाणं तु॥'

इसलिए प्रश्न होता है कि तीन आयुओंको छोड़कर शेष सब प्रकृतियोंका बन्ध जब संक्लेश और विशुद्ध दोनों प्रकारके परिणामोंसे होता है, ऐसी अवस्थामें असाताके बन्धयोग्य परिणामोंकी संक्लेश संज्ञा है और साताके बन्धयोग्य परिणामोंकी विशुद्धि संज्ञा है यह लक्षण कैसे सुविचारित कहा जा सकता है। समाधान यह है कि संक्लेश परिणाम भी जघन्य मध्यम और उत्कृष्टके भेदसे अनेक प्रकारके होते हैं और विशुद्ध परिणाम भी जघन्य, मध्यम और उत्कृष्टके भेदसे अनेक प्रकारके होते हैं। इनमेंसे उत्कृष्ट संक्लेश परिणाम असातावेदनीयके उत्कृष्ट स्थितिबन्धके कारण है और जघन्य विशुद्ध परिणाम सातावेदनीयके उत्कृष्ट स्थितिबन्धके कारण है। आगममें जहाँ कहीं प्रशस्त और अप्रशस्त प्रकृतियोंका विभाग किये बिना उत्कृष्ट संक्लेश परिणामोंसे उत्कृष्ट स्थितिबन्ध होता है ऐसा कहा है वहाँ यही अभिप्राय लेना चाहिए। इस विषयको और अधिक स्पष्टतासे समझनेके लिए यह उल्लेख पर्याप्त है—

'सादस्स चदुट्ठाणबंधगा जीवा णाणावरणीयस्स जहण्णयं ट्ठिदिं बंधंति। तिट्ठाणबंधगा जीवा णाणावरणीयस्स अजहण्णमणुक्कस्सयं ट्ठिदिं बंधंति। बिट्ठाणबंधगा जीवा सादावेदणीयस्स उक्कस्सयं ट्ठिदिं बंधंति। असाद० बिट्ठाणबंधगा जीवा सट्ठाणेण णाणावरणीयस्स जहण्णयं ट्ठिदिं बंधंति। तिट्ठाणबंधगा जीवा णाणावरणीयस्स अजहण्णमणुक्कस्सयं ट्ठिदिं बंधंति। चदुट्ठाणबंधगा जीवा असादस्स चेव उक्कस्सिया ट्ठिदिं बंधंति।' [महाबंध, स्थिति० पृ० २१२]

साताके चतुःस्थानबन्धक जीव ज्ञानावरण कर्मकी जघन्य स्थितिका बन्ध करते हैं। त्रिस्थान बन्धक जीव ज्ञानावरण कर्मकी अजघन्यानुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करते हैं। द्विस्थानबन्धक जीव साता वेदनीयकी ही उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करते हैं। असाताके द्विस्थानबन्धक जीव स्वस्थानकी अपेक्षा ज्ञानावरण कर्मकी जघन्य स्थितिका बन्ध करते हैं। त्रिस्थानबन्धक जीव ज्ञानावरण कर्मकी अजघन्यानुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करते हैं। चतुःस्थानबन्धक जीव असाता वेदनीयकी ही उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करते हैं।

इसमें स्पष्टतः गुड और खांड इस द्विःस्थानिक अनुभागका बन्ध करनेवाले जीवोंको तो सातावेदनीयकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्धक कहा है और निम्ब, कांजीर, विष और हलाहल इस चतुःस्थानिक अनुभागका बन्ध करनेवाले जीवोंको असाता वेदनीयकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्धक कहा है। इससे स्पष्ट है कि सामान्यतः उत्कृष्ट संक्लिष्ट पदसे इन दोनों स्थानोंका ग्रहण होता है।

इसी विषयको श्वेताम्बर पञ्चसंग्रहमें इन शब्दोंमें व्यक्त किया है—

धुवपगईबन्धंता चउठाणाई सुभाण इयराणं।
दो ठाणगाइ तिविहं सट्ठाणजहण्णगाईसु ॥ १०९ ॥ [बन्धनकरण]

आशय यह है कि ज्ञानावरण आदि ४७ प्रकृतियोंका बन्ध करनेवाले जीव सातावेदनीय, देवगति, मनुष्यगति, पञ्चेन्द्रिय जाति, वैक्रियिक शरीर, आहारक शरीर, औदारिक शरीर, समचतुरस्रसंस्थान, वज्रर्षभनाराचसंहनन, तीनों आङ्गोपाङ्ग, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, देवगत्यानुपूर्वी, परघात, उच्छ्वास, आतप, उद्योत, प्रशस्त विहायोगति, त्रसादि दस, तीर्थङ्कर, तिर्यञ्चायु, मनुष्यायु, देवायु और उच्चं गोत्र इन परावर्तमान चौतीस शुभ प्रकृतियोंके चतुःस्थानिक, त्रिस्थानिक और द्विस्थानिक अनुभागको बाँधते हैं। तथा उन्हीं ध्रुव प्रकृतियोंका बन्ध करनेवाले जीव असातावेदनीय, तीन वेद, हास्य, रति, अरति, शोक, नरकायु नरकगतिद्विक, तिर्यञ्चगतिद्विक, एकेन्द्रिय आदि चार जाति, अन्तके पाँच संस्थान, अन्तके पाँच संहनन, अप्रशस्त विहायोगति, स्थावर आदि दस और नीचगोत्र इन परावर्तमान उनतालीस अशुभ प्रकृतियोंके द्विस्थानिक, त्रिस्थानिक और चतुःस्थानिक अनुभागको बाँधते हैं। यह अनुभाग स्वस्थानमें जघन्य स्थितिबन्ध आदिके होनेपर बँधता है। श्वेताम्बर कर्म-

प्रकृतिमें भी यह विषय इसी प्रकारसे निबद्ध किया गया है। किन्तु महाबन्धके उक्त उल्लेखसे इस कथनमें अन्तर है। महाबन्धमें विशुद्ध और संक्लेश परिणामोंके साथ केवल साता और असाताके अन्वय व्यतिरेककी व्यवस्थाकी गई है और यहां सब शुभ और अशुभ प्रकृतियोंके साथ अन्वय व्यतिरेककी व्यवस्थाकी गई है। किन्तु विचार करनेपर महाबन्धकी व्यवस्था ही उचित प्रतीत होती है। कारण कि गुणस्थान प्रतिपन्न जीवोंमें जहां केवल विवक्षित अशुभ प्रकृतिका बन्ध न होकर उसकी प्रतिपक्षभूत शुभ प्रकृतिका ही बन्ध होता है वहां पर संक्लेश और विशुद्ध दोनों प्रकारके परिणामोंके सद्भावमें उस प्रकृतिका बन्ध सम्भव है। उदाहरणार्थ चतुर्थ गुणस्थानमें मात्र पुरुषवेदका बन्ध होता है। यहां यह तो कहा नहीं जा सकता कि इस गुणस्थानमें केवल विशुद्ध परिणाम ही होते हैं और यह भी नहीं कहा जा सकता कि यहां केवल संक्लेश परिणाम ही होते हैं। परिणाम तो दोनों प्रकारके होते हैं, पर यहां स्त्रीवेद और नपुंसकवेदका बन्ध सम्भव न होनेसे मात्र पुरुषवेदका ही बन्ध सम्भव है। यदि यह कहा जाय कि उत्कृष्ट स्थितिसे क्रमसे हानि होते हुए जघन्य स्थितिको बाँधनेवाले जीवके परिणामोंकी 'विशुद्धि' संज्ञा है और जघन्य स्थितिसे क्रमसे वृद्धि होते हुए उपरिम स्थितियोंको बाँधनेवाले जीवके परिणामोंकी 'संक्लेश' संज्ञा है सो यह कहना भी ठीक नहीं है, क्योंकि ऐसा मानने पर उत्कृष्ट और जघन्य स्थितिका बन्ध करानेवाले परिणामोंको छोड़कर शेष मध्यम स्थितियोंका बन्ध करानेवाले सब परिणाम संक्लेश और विशुद्धि उभयरूप प्राप्त होते हैं। परन्तु ऐसा मानना उचित नहीं है, क्योंकि एक ही परिणाम संक्लेश और विशुद्धि उभयरूप नहीं हो सकता। इसलिए साता और असाताके बन्धके साथ इन परिणामोंकी जिस प्रकार व्याप्ति घटित होती है उस प्रकार अन्य प्रकृतियोंके बन्धके साथ नहीं। यही कारण है कि महाबन्धमें सब संसारी जीवोंको दो भागोंमें विभक्त कर दिया है—सातबन्धक और असातबन्धक। साताबन्धक जीव तीन प्रकारके हैं—चतुःस्थानबन्धक, त्रिस्थानबन्धक और द्विस्थानबन्धक। इसी प्रकार असाताबन्धक जीव भी तीन प्रकारके हैं—द्विस्थानबन्धक, त्रिस्थानबन्धक और चतुःस्थानबन्धक। इनमें जो साताके चतुःस्थानबन्धक जीव होते हैं वे सर्व विशुद्ध होते हैं, जो त्रिस्थानबन्धक जीव होते हैं वे संक्लिष्टतर होते हैं और जो द्विस्थानबन्धक जीव होते हैं,वे इनसे भी संक्लिष्टतर होते हैं। इसी प्रकार जो असाताके द्विस्थानबन्धक जीव होते हैं वे सर्व-विशुद्ध होते हैं, जो त्रिस्थानबन्धक जीव होते हैं वे संक्लिष्टतर होते हैं और जो चतुःस्थानबन्धक जीव होते हैं वे इनसे भी संक्लिष्टतर होते हैं।

यहां साताके चतुःस्थानबन्धक जीवको और असाताके द्विस्थानबन्धक जीवको सर्व विशुद्ध और शेप सबको संक्लिष्टतर कहा गया है। इस प्रकार संक्लेशरूप और विशुद्धिरूप परिणामोंमें भेद होकर भी उनका उल्लेख स्थितिबन्धके अनुसार सर्वविशुद्ध और संक्लिष्टतर इन्हीं शब्दोंके द्वारा किया जाता है, इसलिए जहां जिस पदसे जो विशेष अर्थ लिया गया हो वहाँ उसे जानकर ही उसका ग्रहण करना चाहिए।

यहां प्रसंगसे एक बात और कह देनी है। वह यह कि पाँच ज्ञानावरण आदि ४७ प्रकृतियोंका बन्ध अपनी अपनी बन्धव्युच्छित्ति होनेतक संक्लेशरूप और विशुद्धिरूप दोनों प्रकारके परिणामोंसे सदा काल होता रहता है, इसलिए उन्हें ध्रुवबन्धिनी प्रकृतियां कहा गया है। वे सैंतालीस प्रकृतियाँ ये हैं—

घादितिमिच्छकसाया भयतेजगुरुदुगणिमिणवण्णाओ।
सत्तेतालधुवाणं चदुधा सेसाणयं तु दुधा ॥ १२४ ॥ [गोम्मटसार कर्मकाण्ड]

मोहनीयके विना तीन घातिकर्मोंकी १९ प्रकृतियाँ, मिथ्यात्व, १६ कषाय, भयद्विक, तैजसद्विक, अगुरु-लघुद्विक, निर्माण और वर्णचतुष्क ये ४७ ध्रुवबन्धिनी प्रकृतियाँ हैं।

इस प्रकार यहाँ हमने महाबन्धके प्रस्तुत भागका सामान्य परिचय कराते हुए कुछ विशेष विषयोंकी ही पर्यालोचना की है। शेष विषयोंका यथास्थान विशेष ऊहापोह मूलमें किया ही है। यहाँ हमने पुनरुक्ति दोषके भयसे पुनः उनकी पर्यालोचना नहीं की है।

प्रस्तुत मुद्रित भागमें मूलप्रकृतिस्थितिबन्धका और उत्तरप्रकृतिस्थितिबन्धके एक जीवकी अपेक्षा अन्त-रानुगमतकके विषयका समावेश ही किया गया है।

विषय-सूची

संकेत विवरण

१	पंच सं०	पञ्चसंग्रह
२	गा०	गाथा
३	गो० क०	गोम्मटसार कर्मकाण्ड
४	मूलप्रति एवं आदर्शप्रति	मूल मेनुस्क्रिप्ट जिसके आधारसे अनुवाद और सम्पादन हुआ है
५	जीव० चू०	जीवस्थान चूलिका
६	ध० पु०	धवला पुस्तक
७	तत्त्वा०	तत्त्वार्थ सूत्र
८	बंधन क०	बन्धनकरण
९	मुद्रित प्रति	ज्ञानपीठसे प्रकाशित प्रकृतिबन्ध

सिरिभगवंतभूदबलिभडारयपणीदो

महाबंधो

बिदियो ट्ठिदिबंधाहियारो

णमो अरिहंताणं णमो सिद्धाणं णमो आइरियाणं।
णमो उवज्झायाणं णमो लोए सव्वसाहूणं॥

१. एत्तो ट्ठिदिबंधो दुविधो—मूलपगदिट्ठिदिबंधो चेव उत्तरपगदिट्ठिदिबंधो चेव। एत्तो मूलपगदिट्ठिदिबंधो पुव्वं गमणिज्जं। तत्थ इमाणि चत्तारि[1] अणियोगद्दाराणि णादव्वाणि भवंति। तं जधा—ट्ठिदिबंधट्ठाणपरूवणा णिसेयपरूवणा आबाधाकंडयपरूवणा अप्पाबहुगे त्ति।

सब अरिहन्तोंको नमस्कार हो, सब सिद्धोंको नमस्कार हो, सब आचार्योंको नमस्कार हो, सब उपाध्यायोंको नमस्कार हो और लोकमें साधुओंको नमस्कार हो॥१॥

१. आगे स्थितिबन्धका विचार करते हैं। वह दो प्रकारका है—मूलप्रकृतिस्थितिबन्ध और उत्तरप्रकृतिस्थितिबन्ध। आगे मूल प्रकृति स्थितिबन्धका पहले विचार करते हैं। उसके ये चार अनुयोगद्वार ज्ञातव्य हैं। यथा—स्थितिबन्धस्थानप्ररूपणा, निषेकप्ररूपणा, आबाधाकाण्डकप्ररूपणा और अल्पबहुत्व।

विशेषार्थ—राग, द्वेष और मोहके निमित्तसे आत्माके साथ जो कर्म सम्बन्धको प्राप्त होते हैं उनके अवस्थान कालको स्थिति कहते हैं। कर्मबन्धके समय जिस कर्मकी जो स्थिति प्राप्त होती है उसका नाम स्थितिबन्ध है। वह ज्ञानावरण आदि मूलप्रकृति और मतिज्ञानावरण आदि उत्तर प्रकृतियोंके भेदसे दो प्रकारका है। इस अनुयोगद्वारमें इन्हीं दो प्रकारके स्थितिबन्धोंका विविध प्रकरणों द्वारा विस्तारके साथ विचार किया गया है। सर्व प्रथम मूलप्रकृति स्थितिबंधका विचार किया गया है और तदनन्तर उत्तरप्रकृति स्थितिबन्धका विचार किया गया है। मूलप्रकृतिस्थितिबन्धका विचार करते हुए मुख्य रूपसे उसका चार अनुयोगद्वारोंके द्वारा विचार किया गया है। उपअनुयोगद्वार अनेक हैं। चार अनुयोगद्वारोंके नाम मूलमें ही दिये हैं। जिसमें स्थितिबन्धके स्थानोंका विचार किया जाता है वह स्थितिबन्धस्थानप्ररूपणा है। यहाँ स्थितिबन्धस्थान पदसे प्रत्येक कर्मके जघन्य स्थितिबंधस्थानसे लेकर उत्कृष्ट स्थितिबंधस्थानतकके कुल विकल्प

---

१. पंचसं० बंधनक० गा० ९९-१०० ।

ट्ठिदिबंधट्ठाणपरूवणा

२. ट्ठिदिबंधट्ठाणपरूवणदाए सव्वत्थोवा[1] सुहुमस्स अपज्जत्तस्स ट्ठिदिबंधट्ठाणाणि। बादरस्स अपज्जत्तस्स ट्ठिदिबंधट्ठाणाणि संखेज्जगुणाणि। सुहुमस्स पज्जत्तस्स ट्ठिदिबंधट्ठाणाणि संखेज्जगुणाणि। बादरस्स पज्जत्तस्स ट्ठिदिबंधट्ठाणाणि संखेज्जगुणाणि। बेइंदियअपज्जत्तस्स ट्ठिदिबंधट्ठाणाणि असंखेज्जगुणाणि। तस्सेव पज्जत्तस्स ट्ठिदिबंधट्ठाणाणि संखेज्जगुणाणि। तेइंदि० अपज्ज० ट्ठिदिबंध० संखेज्जगुणाणि। तस्सेव पज्जत्त० ट्ठिदिबंध० संखेज्जगुणाणि। चदुरिंदियअपज्ज० ट्ठिदिबंध० संखेज्जगुणाणि। तस्सेव पज्जत्त० ट्ठिदिबंध० संखेज्जगुणाणि। पंचिंदिय-असण्णिअपज्जत्त० ट्ठिदिबंध० संखे०गु०। तस्सेव पज्जत्त० ट्ठिदिबंध० संखे०गु०। पंचिंदिय-सण्णि-अपज्जत्त० ट्ठिदिबंध० संखे० गु०। तस्सेव पज्जत्त० ट्ठिदिबंध० संखेज्जगुणाणि।

परिगृहीत किये गये हैं। एक समयमें बद्ध कर्मोंका उस समय प्राप्त स्थितिमें जिस क्रमसे निक्षेप होता है उसकी निषेकरचना संज्ञा है। इसका विचार करनेवाली प्ररूपणाका नाम निषेकप्ररूपणा है। बँधनेवाले कर्म स्वभावतः या अपकर्षण आदिके निमित्तसे जितने काल बाद फल देनेमें समर्थ होते हैं उस कालका नाम आबाधाकाल है और जितने स्थितिविकल्पों के प्रति एक एक आबाधाकाल प्राप्त होता है उतने स्थितिविकल्पोंकी एक आबाधा होनेसे उसकी आबाधाकांडक संज्ञा है। इसका विचार जिस प्रकरण द्वारा किया जाता है उसे आबाधाकांडकप्ररूपणा कहते हैं। अल्पबहुत्व पदका अर्थ स्पष्ट ही है। इस प्रकार मूलप्रकृति स्थितिबंधकी प्ररूपणा चार प्रकारकी होती है।

स्थितिबंधस्थानप्ररूपणा

२. अब सर्वप्रथम स्थितिबंधस्थानप्ररूपणाका विचार करते हैं। उसकी अपेक्षा सूक्ष्म अपर्याप्तके स्थितिबंधस्थान सबसे स्तोक हैं। इनसे बादर अपर्याप्तकके स्थितिबंध-स्थान संख्यातगुणे हैं। इनसे सूक्ष्मपर्याप्तकके स्थितिबंधस्थान संख्यातगुणे हैं। इनसे बादर पर्याप्तकके स्थितिबंधस्थान संख्यातगुणे हैं। इनसे द्वीन्द्रिय अपर्याप्तकके स्थितिबंधस्थान असंख्यातगुणे हैं। इनसे द्वीन्द्रिय पर्याप्तकके स्थितिबंधस्थान संख्यातगुणे हैं। इनसे त्रीन्द्रिय अपर्याप्तकके स्थितिबंधस्थान संख्यातगुणे हैं। इनसे त्रीन्द्रिय पर्याप्तकके स्थितिबंध-स्थान संख्यातगुणे हैं। इनसे चतुरिन्द्रिय अपर्याप्तकके स्थिति बंधस्थान संख्यातगुणे हैं। इनसे चतुरिन्द्रिय पर्याप्तकके स्थितिबंधस्थान संख्यातगुणे हैं। इनसे पंचेन्द्रिय असंज्ञी अपर्याप्तकके स्थितिबंधस्थान संख्यातगुणे हैं। इनसे पंचेन्द्रिय असंज्ञी पर्याप्तकके स्थिति-बंधस्थान संख्यातगुणे हैं। इनसे पंचेन्द्रिय संज्ञी अपर्याप्तकके स्थितिबंधस्थान संख्यातगुणे हैं और इनसे पंचेन्द्रिय संज्ञी पर्याप्तकके स्थितिबंधस्थान संख्यातगुणे हैं।

विशेषार्थ—यहाँ किसके कितने गुणे स्थिति बन्धस्थान होते हैं इसका विचार चौदह जीवसमासोंके द्वारा किया गया है। सामान्यसे एकेन्द्रियके मिथ्यात्वका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध एक सागर और जघन्य पल्योपमका असंख्यातवाँ भाग कम एक सागर होता है। द्वीन्द्रियके मिथ्यात्वका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध पच्चीस सागर और जघन्य स्थितिबन्ध पल्यका संख्यातवाँ भाग कम पच्चीस सागर होता है। त्रीन्द्रियके मिथ्यात्वका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध पचास सागर

१. गो० क० गा० १४८, १४९, १५०। पंचसं० द्वार ५ गा० ५६।

२. सव्वत्थोवा सुहुमेइंदिय-अपज्जत्तस्स संकिलेसविसोधिट्ठाणाणि[1] । बादरे-इंदिय-अपज्जत्त-संकिलेसविसोधिट्ठाणाणि असंखेज्जगुणाणि । सुहुमेइंदिय-पज्जत्तसं-किलेस-विसोधिट्ठाणाणि असंखेज्जगुणाणि । बादरेइंदिय-पज्जत्त० संकिलेसविसोधि ट्ठाणाणि असंखेज्जगुणाणि । बेइंदिय० अपज्ज० संकिलेसविसोधिट्ठाणाणि असं-खेज्जगुणाणि । तस्सेव पज्जत्त० संकिलेस-विसोधिट्ठाणाणि असंखे०गु० । तेइंदिय-अपज्ज० संकिलेसविसोधिट्ठाणाणि असंखे गु० । तस्सेव पज्जत० संकिलेसविसोहि-ट्ठाणाणि अ'खे० गु० । चतुरिंदि० अपज्ज० संकिलेसविसोधिट्ठाणाणि असंखे० गु० । तस्सेव पज्जत्त० संकिलेसविसो० असंखे०गु० । पंचिंदियअसण्णि-अपज्ज० संकिलेसविसोधि० असखे०गु० । तस्सेव पज्जत्त० संकिलेसविसोधि० असंखे ज्जगु० । पंचिंदिय० सण्णि० अपज्ज० संकिलेसविसोधि० असंखेज्जगु० । तस्सेव पज्ज० संकिलेसविसोधि० अस० गु० ।

और जघन्य स्थितिबंध पल्यका संख्यातवाँ भाग कम पचास सागर होता है। इसी प्रकार चतुरिन्द्रिय और असंज्ञी पंचेंद्रियके मिथ्यात्वका उत्कृष्ट स्थितिबंध क्रमसे सौ और एक हजार सागर तथा जघन्य स्थितिबंध पल्यका संख्यातवाँ भाग कम अपनी-अपनी उत्कृष्ट स्थिति प्रमाण होता है। इस हिसावसे विचार करने पर एकेंद्रियके कुल स्थितिबंधविकल्प पल्यके असंख्यातवें भाग प्रमाण और द्वींद्रियसे लेकर असंज्ञी पंचेंद्रिय तक प्रत्येकके पल्यके संख्यातवें भाग प्रमाण प्राप्त होते हैं। यहाँ एकेंद्रियके चार और द्वींद्रिय आदि प्रत्येकके दो-दो भेद करके स्थिति स्थानोंका अल्पबहुत्व बतलाया गया है। यह तो स्पष्ट है कि एकेंद्रियोंके चारों भेदोंमें प्रत्येकके स्थितिबंध विकल्प पल्यके असंख्यातवें भाग प्रमाण हैं पर उनका अल्पबहुत्व किस क्रमसे है यही यहाँ बतलाया गया है। द्वीन्द्रियसे लेकर असंज्ञीतक प्रत्येकके दो दो भेदोंमें स्थितिबंधविकल्प पल्यके संख्यातवें भाग प्रमाण हैं पर एकेन्द्रियके स्थितिबंधविकल्पोंसे वे कितने गुणे हैं और परस्परमें किस क्रमसे कितने गुणे हैं यह भी यहाँ बतलाया गया है। पल्यके असंख्यातवें भागसे पल्यका संख्यातवाँ भाग असंख्यातगुणा होता है। इसीसे बादर एकेंद्रिय पर्याप्तके स्थितिबंधस्थानोंसे द्वींद्रिय अपर्याप्तके स्थिति-बंधस्थान असंख्यातगुणे कहे हैं। शेष कथन सुगम है।

२. सूक्ष्म एकेन्द्रिय अपर्याप्तकके संक्लेशविशुद्धिस्थान सबसे स्तोक हैं। इनसे बादर एकेन्द्रिय अपर्याप्तके संक्लेशविशुद्धिस्थान असंख्यातगुणे हैं। इनसे सूक्ष्म एकेन्द्रिय पर्याप्तके संक्लेशविशुद्धिस्थान असंख्यातगुणे हैं। इनसे बादर एकेंद्रिय पर्याप्तके संक्लेश-विशुद्धिस्थान असंख्यातगुणे हैं। इनसे द्वींद्रिय अपर्याप्तके संक्लेशविशुद्धिस्थान असंख्यातगुणे हैं। इनसे द्वींद्रिय पर्याप्तके संक्लेशविशुद्धिस्थान असंख्यातगुणे हैं। इनसे त्रींद्रिय अपर्याप्तके संक्लेशविशुद्धिस्थान असंख्यातगुणे हैं। इनसे त्रींद्रिय पर्याप्तके संक्लेशविशुद्धिस्थान असंख्यातगुणे हैं। इनसे चतुरिंद्रिय अपर्याप्तके संक्लेशविशुद्धिस्थान असंख्यातगुणे हैं। इनसे चतुरिंद्रियपर्याप्तके संक्लेशविशुद्धिस्थान असंख्यातगुणे हैं। इनसे पंचेंद्रिय असंज्ञी अपर्याप्तके संक्लेशविशुद्धिस्थान असंख्यातगुणे हैं। इनसे असंज्ञी पंचेंद्रिय पर्याप्तके संक्लेशविशुद्धि-स्थान असंख्यातगुणे हैं। इनसे पंचेंद्रिय संज्ञी पर्याप्तके संक्लेशविशुद्धिस्थान असंख्यातगुणे हैं और इनसे पंचेंद्रिय संज्ञी पर्याप्तके संक्लेशविशुद्धिस्थान असंख्यातगुणे हैं।

---

१. पंचसं० द्वार ५ गा० ५६ टीका म० ।

४. सव्वत्थोवा[1] संजदस्स जहण्णओ ट्ठिदिबंधो। बादरएइंदिय-पज्जत्तस्स जहण्णओ ट्ठिदिबंधो असंखेज्जगुणो। सुहुम-एइंदिय-पज्जत्तस्स जहण्णओ ट्ठिदिबंधो विसेसाहिओ। बादर-एइंदिय-अपज्ज० जहण्ण० ट्ठिदिबं० विसे०। सुहुमेइंदिय-अपज्जत्तस्स जह० ट्ठिदिबं० विसे०। तस्सेव अपज्ज० उक्क० ट्ठिदिबं० विसे०। बादरएइंदि० अपज्ज० उक्क० ट्ठिदिबं० विसे०। सुहुमएइंदि० पज्जत्त० उक्क० ट्ठिदिबं० विसे०। बादर एइंदि० पज्जत्त० उक्क० ट्ठिदिबं० विसे०। बेइंदि० पज्जत्त० जह० ट्ठिदिब० संखेगु०। तस्सेव अपज्ज० जह० ट्ठिदिबं० विसे०। तस्सेव अपज्ज० उक्क० ट्ठिदिबं० विसे०। तस्सेव पज्ज० उक्क० ट्ठिदिबं० विसे०। तेइंदि० पज्जत्त० जह० ट्ठिदिबं० विसे। तस्सेव अपज्ज० जह० ट्ठिदि० विसे०। तस्सेव अपज्ज० उक्क० ट्ठिदि० विसे०। तस्सेव पज्जत्त० उक्क० ट्ठिदि० विसे०। चदुरिंदिय-पज्जत्त० जह० ट्ठिदि० विसे०। तस्सेव अपज्जत्त० जह० ट्ठिदि० विसे०। तस्सेव अपज्ज० उक्क० ट्ठिदि० विसे०। तस्सेव पज्जत्त० उक्क० ट्ठिदि विसे०। पंचिंदिय-असण्णि-पज्जत्त० जह० ट्ठिदि० संखे० गु०। तस्सेव अपज्ज० जह० ट्ठिदि० विसे०। तस्सेव अपज्ज० उक्क० ट्ठिदि० विसे०। तस्सेव पज्ज० उक्क०

विशेषार्थ—ज्ञानावरण आदि कर्मोंके वन्ध योग्य परिणामोंकी संक्लेशविशुद्धिस्थान संज्ञा है। इनमेंसे जो साताके वंध योग्य परिणाम होते हैं। अर्थात् जिन परिणामोंके होनेपर असाता प्रकृतिका वंध न होकर साता प्रकृतिका वंध होता है उनकी विशुद्धि संज्ञा है और असाताके वंधके योग्य जो परिणाम होते हैं उनकी संक्लेश संज्ञा है। यहाँ स्थितिविकल्पोंको ध्यानमें रखकर संक्लेशविशुद्धिस्थानोंका यह अल्पवहुत्व कहा गया है।

४. संयतके जघन्य स्थितिवंध सवसे स्तोक है। इससे वादर एकेंद्रिय पर्याप्तके जघन्य स्थितिवंध असंख्यातगुणा है। इससे सूक्ष्म एकेन्द्रिय पर्याप्तके जघन्य स्थितिवंध विशेष अधिक है। इससे वादर एकेंद्रिय अपर्याप्तके जघन्य स्थितिवंध विशेष अधिक है। इससे सूक्ष्म एकेंद्रिय अपर्याप्तके जघन्य स्थितिवंध विशेष अधिक है। इससे सूक्ष्म एकेंद्रिय अपर्याप्तके उत्कृष्ट स्थितिवंध विशेष अधिक है। इससे वादर एकेंद्रिय अपर्याप्तके उत्कृष्ट स्थितिवंध विशेष अधिक है। इससे सूक्ष्म एकेंद्रिय पर्याप्तके उत्कृष्ट स्थितिवंध विशेष अधिक है। इससे वादर एकेंद्रिय पर्याप्तके उत्कृष्ट स्थितिवंध विशेष अधिक है। इससे द्वींद्रिय पर्याप्तके जघन्य स्थितिवंध संख्यातगुणा है। इससे द्वींद्रिय अपर्याप्तके जघन्य स्थितिवंध विशेष अधिक है। इससे द्वींद्रिय अपर्याप्तके उत्कृष्ट स्थितिवंध विशेष अधिक है। इससे द्वींद्रिय पर्याप्तके उत्कृष्ट स्थितिवंध विशेष अधिक है। इससे त्रींद्रिय पर्याप्तके जघन्य स्थितिवंध विशेष अधिक है। इससे त्रींद्रिय अपर्याप्तके जघन्य स्थितिवंध विशेष अधिक है। इससे त्रींद्रिय अपर्याप्तके उत्कृष्ट स्थितिवंध विशेष अधिक है। इससे त्रींद्रिय पर्याप्तके उत्कृष्ट स्थितिवंध विशेष अधिक है। इससे चतुरिंद्रिय पर्याप्तके जघन्य स्थितिवंध विशेष अधिक है। इससे चतुरिंद्रिय अपर्याप्तके जघन्य स्थितिवंध विशेष अधिक है। इससे चतुरिंद्रिय अपर्याप्तके उत्कृष्ट स्थितिवंध विशेष अधिक है। इससे चतुरिंद्रिय पर्याप्तके उत्कृष्ट स्थितिवंध विशेष अधिक है। इससे पंचेंद्रिय असंज्ञी पर्याप्तके जघन्य स्थितिवंध संख्यातगुणा है। इससे पंचेंद्रिय असंज्ञी अपर्याप्तके जघन्य स्थितिवंध विशेष अधिक है। इससे पंचेंद्रिय असंज्ञी अपर्याप्तके उत्कृष्ट स्थितिवंध विशेष अधिक है। इससे पंचेंद्रिय असंज्ञी पर्याप्तके उत्कृष्ट स्थितिवंध विशेष

१. 'पंचसं० बंधनक० गा० ९९-१००।

ट्ठिदि० विसे० । संजदस्स उक्क० ट्ठिदि० संखे० गुणो। संजदासंजदस्स जह० ट्ठिदि० संखेज्जगुणो । तस्सेव उक्क० ट्ठिदिबं० संखेज्जगु० । असंजदसम्मादिट्ठि-पज्जत्तस्स जह० ट्ठिदि० संखे०गु० । तस्सेव अपज्ज जह० ट्ठिदि० संखेज्जगु० । तस्सेव अपज्ज० उक्क० ट्ठिदि०संखेज्जगु० । तस्सेव पज्ज० उक्क० ट्ठिदि० संखेज्जगु० । पंचिंदिय-सण्णि-मिच्छादिट्ठि-पज्जत्त० जह० ट्ठिदि० संखेज्ज० । तस्सेव अपज्ज० जह० ट्ठिदि० संखेज्ज० । तस्सेव अपज्ज० उक्क० ट्ठिदि० संखेज्ज० । तस्सेव पज्जत्त० उक्क० ट्ठिदि० संखेज्ज० ।

एवं ट्ठिदिबंधट्ठाणपरूवणा समत्ता ।

अधिक है। इससे संयतके उत्कृष्ट स्थितिबंध संख्यातगुणा है। इससे संयतासंयतके जघन्य स्थितिबंध संख्यातगुणा है। इससे संयतासंयतके उत्कृष्ट स्थितिबंध संख्यातगुणा है। इससे असंयतसम्यग्दृष्टि पर्याप्तके जघन्य स्थितिबंध संख्यातगुणा है। इससे असंयतसम्यग्दृष्टि अपर्याप्त (निर्वृत्त्यपर्याप्त) के जघन्य स्थितिबंध संख्यातगुणा है। इससे असंयतसम्यग्दृष्टि अपर्याप्तके उत्कृष्ट स्थितिबंध संख्यातगुणा है। इससे असंयतसम्यग्दृष्टि पर्याप्तके उत्कृष्ट स्थितिबंध संख्यातगुणा है। इससे पंचेंद्रिय संज्ञी मिथ्यादृष्टि पर्याप्तके जघन्य स्थितिबंध संख्यातगुणा है। इससे पंचेंद्रिय संज्ञी मिथ्यादृष्टि अपर्याप्तके जघन्य स्थितिबंध संख्यातगुणा है। इससे पंचेंद्रिय संज्ञी मिथ्यादृष्टि अपर्याप्तके उत्कृष्ट स्थितिबंध संख्यातगुणा है। इससे पंचेंद्रिय संज्ञी मिथ्यादृष्टि पर्याप्तके उत्कृष्ट स्थितिबंध संख्यातगुणा है।

विशेषार्थ—यहाँ संयतके जघन्य स्थितिबंधसे लेकर संज्ञी पंचेंद्रिय पर्याप्त मिथ्यादृष्टि के उत्कृष्ट स्थितिबंध तक अल्पबहुत्वका विचार किया गया है। संयतके वेदनीयका बारह मुहूर्त, नाम और गोत्रका आठ मुहूर्त तथा शेष चार कर्मोंका अन्तर्मुहूर्त जघन्य स्थितिबंध कहा है और बादर एकेंद्रिय पर्याप्तके ज्ञानावरण, दर्शनावरण, वेदनीय और अन्तरायका एक सागरका पल्यका असंख्यातवाँ भाग कम तीन बटे सात भाग होता है। मोहनीयका पल्यका असंख्यातवाँ भाग कम एक सागर होता है और नाम और गोत्रका एक सागरका पल्यका असंख्यातवाँ भाग कम दो बटे सात भाग होता है। यही कारण है कि संयतके जघन्य स्थितिबंधसे बादर एकेंद्रिय पर्याप्तका जघन्य स्थितिबंध असंख्यातगुणा कहा है। बादर एकेंद्रिय पर्याप्तका उत्कृष्ट स्थितिबंध एक सागर होता है और द्वीन्द्रिय पर्याप्तका जघन्य स्थितिबन्ध पल्यका संख्यातवां भाग कम पच्चीस सागर होता है। यह कुछ कम पच्चीस गुणा है। यही कारण है कि बादर एकेंद्रिय पर्याप्तके उत्कृष्ट स्थितिबंधसे द्वीन्द्रिय पर्याप्तका जघन्य स्थितिबंध संख्यातगुणा कहा है। द्वीन्द्रिय पर्याप्तका उत्कृष्ट स्थितिबंध पूरा पच्चीस सागर है और त्रीन्द्रिय पर्याप्तका जघन्य स्थितिबंध पल्यका संख्यातवाँ भाग कम पचास सागर है। यह दूनेसे कुछ कम है। यही कारण है कि द्वीन्द्रिय पर्याप्तके उत्कृष्ट स्थितिबंधसे त्रीन्द्रिय पर्याप्तका जघन्य स्थितिबंध विशेष अधिक कहा है। त्रीन्द्रिय पर्याप्तका उत्कृष्ट स्थितिबंध पचास सागर है और चतुरिन्द्रिय पर्याप्तका जघन्य स्थितिबंध पल्यका संख्यातवाँ भाग कम सौ सागर है। यह दूनेसे कुछ कम है। इसीसे त्रीन्द्रिय पर्याप्तके उत्कृष्ट स्थितिबंधसे चतुरिन्द्रिय पर्याप्तका जघन्य स्थितिबंध विशेष अधिक कहा है। चतुरिन्द्रिय पर्याप्तका उत्कृष्ट स्थितिबंध सौ सागर है और असंज्ञी पंचेंद्रिय पर्याप्तका जघन्य स्थितिबंध पल्यका संख्यातवाँ भाग कम एक हजार सागर है। यह कुछ कम दसगुणा है। इसीसे चतुरिन्द्रिय पर्याप्तके उत्कृष्ट स्थितिबंधसे असंज्ञी पंचेंद्रिय पर्याप्तका जघन्य स्थितिबंध संख्यातगुणा कहा है। शेष कथन सुगम है।

इस प्रकार स्थितिबंधस्थानकी प्ररूपणा समाप्त हुई।

णिसेगपरूवणा

५. णिसेगपरूवणदाए तत्थ इमाणि दुवे अणियोगद्दाराणि—अणंतरोवणिधा परंपरोवणिधा य। अणंतरोवणिधाए पंचिंदियाणं सण्णीणं मिच्छादिट्ठीणं पज्जत्ताणं णाणावरणीय-दंसणावरणीय-वेयणीय-अंतराइगाणं तिण्णि वस्ससहस्साणि आबाधा[1] मोत्तूण जं पढमसमए पदेसग्गं णिसित्तं तं बहुगं। जं विदिय-समए पदेसग्गं णिसित्तं तं विसेसहीणं। जं तदियसमए पदेसग्गं णिसित्तं तं विसेसहीणं। एवं विसेसहीणं विसेसहीणं जाव उक्कस्सेण तीसं सागरोवमकोडाकोडीओ त्ति। पंचिंदियाणं सण्णीणं मिच्छादिट्ठीणं पज्जत्ताणं मोहणीयस्स सत्तवस्ससहस्साणि आबाधा मोत्तूण जं पढमसमए पदेसग्गं णिसित्तं तं बहुगं। विदियसमए पदेसग्गं णिसित्तं तं विसेसहीणं। तदियसमए पदेसग्गं णिसित्तं तं विसेसहीणं। एवं विसेसहीणं विसेसहीणं जाव उक्कस्सेण सत्तरिसागरोवमकोडाकोडीओ त्ति। पंचिंदियस्स सण्णिमिच्छादिट्ठिस्स वा सम्मादिट्ठिस्स वा आयुगस्स पुव्व-कोडितिभागं[2] आबाधा मोत्तूण जं पढमसमए पदेसग्गं णिसित्तं तं बहुगं। जं विदि-यसमए पदेसग्गं णिसित्तं तं विसेसहीणं। जं तदियसमए पदेसग्गं णिसित्तं तं विसेसहीणं। एवं विसेसहीणं विसेसहीणं जाव उक्कस्सेण तेत्तीसं सागरोवमाणि। पंचिंदियाणं सण्णीणं मिच्छादिट्ठीणं पज्ज० णामागोदाणं वेवस्ससहस्साणि

निषेकप्ररूपणा

५. अब निषेकप्ररूपणाका विचार करते हैं। उसके ये दो अनुयोगद्वार हैं—अनंत-रोपनिधा और परम्परोनिधा। अनंतरोपनिधाकी अपेक्षा पंचेंद्रिय संज्ञी मिथ्यादृष्टि पर्याप्त जीवोंके ज्ञानावरणीय, दर्शनावरणीय, वेदनीय और अंतराय कर्मोंके आबाधाको छोड़कर जो प्रथम समयमें कर्म परमाणु निक्षिप्त होते हैं वे बहुत हैं। जो दूसरे समयमें निक्षिप्त होते हैं वे विशेष हीन हैं। जो तीसरे समयमें निक्षिप्त होते हैं वे विशेषहीन हैं। इस प्रकार तीस कोड़ा-कोड़ी सागर प्रमाण उत्कृष्ट स्थितिके प्राप्त होने तक विशेष हीन विशेष हीन कर्म परमाणु निक्षिप्त होते हैं। पंचेन्द्रिय संज्ञी मिथ्यादृष्टि पर्याप्त जीवोंके मोहनीयके सात हजार वर्ष प्रमाण आबाधाको छोड़कर जो प्रथम समयमें कर्मपरमाणु निक्षिप्त होते हैं वे बहुत हैं। जो दूसरे समयमें कर्मपरमाणु निक्षिप्त होते हैं वे विशेषहीन हैं। जो तीसरे समयमें कर्मपरमाणु निक्षिप्त होते हैं वे विशेषहीन हैं। इस प्रकार सत्तर कोडाकोडी सागरप्रमाण उत्कृष्ट स्थितिके प्राप्त होनेतक विशेषहीन विशेषहीन कर्मपरमाणु निक्षिप्त होते हैं। पंचेंद्रिय संज्ञी मिथ्यादृष्टि या सम्यग्दृष्टि जीवके आयु कर्मके एक पूर्वकोटिकी त्रिभागप्रमाण आबाधाको छोड़कर जो प्रथम समयमें कर्मपरमाणु निक्षिप्त होते हैं वे बहुत हैं। जो दूसरे समयमें कर्मपरमाणु निक्षिप्त होते हैं वे विशेषहीन हैं। जो तीसरे समयमें कर्मपरमाणु निक्षिप्त होते हैं वे विशेषहीन हैं। इस प्रकार तेतीस सागरप्रमाण उत्कृष्ट आयुके प्राप्त होनेतक विशेषहीन विशेषहीन कर्मपरमाणु निक्षिप्त होते हैं। पंचेंद्रिय संज्ञी मिथ्यादृष्टि पर्याप्त जीवके नाम और गोत्र कर्मके दो हजार

---

१. पंचसं० द्वार ५ गा० ५० । गो० क०, गा० १६१, १६२ । २. गो० क०, गा० १६० ।

आबाधा मोत्तूण जं पढमसमए पदेसग्गं णिसित्तं तं बहुगं। जं विदिय० तं विसे०। जं तदिय० तं विसे०। एवं विसेसहीणं विसेस० जाव उक्कस्सेण वीसं सागरोवम-कोडाकोडीओ त्ति।

वर्षप्रमाण आबाधाको छोड़कर जो प्रथम समयमें कर्मपरमाणु निक्षिप्त होते हैं वे बहुत हैं। जो दूसरे समयमें कर्मपरमाणु निक्षिप्त होते हैं वे विशेषहीन हैं। जो तीसरे समयमें कर्म-परमाणु निक्षिप्त होते हैं वे विशेषहीन हैं। इस प्रकार बीस कोड़ाकोड़ी सागरप्रमाण उत्कृष्ट स्थितिके प्राप्त होनेतक विशेषहीन विशेषहीन कर्मपरमाणु निक्षिप्त होते हैं।

विशेषार्थ—अनन्तरका अर्थ व्यवधान रहित और उपनिधाका अर्थ मार्गणा है। जिस प्रकरणमें अव्यवधान रूपसे वस्तुका विचार किया जाता है वह अनन्तरोपनिधा अनु-योगद्वार है। यहां यह बतलाया गया है कि प्रति समय जो कर्म बंधते हैं वे अपनी स्थिति के अनुसार किस क्रमसे निक्षिप्त होते हैं। मूलमें इतना ही निर्देश किया गया है कि प्रथम समयमें बहुत कर्मपरमाणु निक्षिप्त होते हैं। दूसरे समयमें एक चय कम कर्मपर-माणु निक्षिप्त होते हैं। इस प्रकार अपनी अपनी उत्कृष्ट स्थितिके प्राप्त होने तक सब समयोंमें एक एक चय कम कर्मपरमाणु निक्षिप्त होते हैं। इसका विशेष खुलासा इस प्रकार है—मान लो किसी जीवने ६३०० कर्म परमाणुओंका बंध किया और उनकी उत्कृष्ट स्थिति ५१ समय पड़ी। यहाँ तीन समय आबाधाके हैं इसलिये उन्हें छोड़कर बाकीके ४८ समयोंमें उक्त ६३०० कर्म परमाणुओंको निक्षिप्त करना है जो उत्तरोत्तर विशेषहीन क्रमसे दिये जाते हैं। प्रथम गुणहानिमें चयका जो प्रमाण होता है दूसरीमें उससे आधा होता है। इस तरह अंतिम गुणहानिके अन्तिम निषेकतक उत्तरोत्तर चय आधा-आधा होता जाता है। ४८ समयोंमें निक्षिप्त परमाणुओंकी निषेक रचना इस प्रकार होती है—

५१२	२५६	१२८	६४	३२	१६
४८०	२४०	१२०	६०	३०	१५
४४८	२२४	११२	५६	२८	१४
४१६	२०८	१०४	५२	२६	१३
३८४	१९२	९६	४८	२४	१२
३५२	१७६	८८	४४	२२	११
३२०	१६०	८०	४०	२०	१०
२८८	१४४	७२	३६	१८	९

इस रचनामें प्रथम निषेकसे दूसरा निषेक विशेषहीन दिखाई देता है और यह क्रम अन्तिम निषेक तक चला गया है। अन्य कर्मोंसे आयु कर्ममें यही अन्तर है कि अन्य कर्मों की आबाधा स्थिति बन्धके भीतर परिगणित की जाती है पर आयु कर्ममें उसे स्थितिबन्ध से अलग गिना जाता है — यथा इस उदाहरणमें ५१ समयका स्थितिबन्ध मानकर ३ समय आबाधाके लिये छोड़ दिये गये हैं। इस प्रकार आयु कर्मके स्थितिबन्धके जितने समय

६. पंचिंदियस्स सण्णिस्स अपज्जत्तयस्स आयुगवज्जाणं सत्तण्णं कम्माणं अंतोमुहुत्तं आबाधा मोत्तूण जं पढमसमए० तं बहुगं। जं बिदियसमए० तं विसे०। जं तदियसमए० तं विसे०। एवं विसे० विसेसहीणं जाव उक्कस्सेण अंतोकोडाकोडि त्ति। आयुग० अंतोमुहुत्तं आबाधा मोत्तूण जं पढमसमए० तं बहुगं। जं बिदिय० तं विसे०। जं तदियस० तं विसेस०। एवं विसे० विसेसहीणं याव उक्कस्सेण पुव्वकोडि त्ति।

७. पंचिंदिय-असण्णि-पज्जत्ताणं आयुगवज्जाणं सत्तण्णं कम्माणं अंतोमु० आबाधा मोत्तूण जं पढमसम० तं बहुगं। बिदियसम० तं विसे०। तदियसम० तं विसेस०। एवं विसे० विसे० जाव उक्कस्सेण सागरोवम-सहस्स० तिण्णि-सत्त भागा सत्त-सत्त भागा, वेसत्त भागा पडिपुण्णा त्ति। आयुगस्स पुव्वकोडितिभागं आबाधा मोत्तूण जं पढमसम० तं बहुगं। जं बिदियसम० तं विसे०। जं तदियस० तं विसे०। एवं विसे० विसे० जाव उक्कस्सेण पलदोवमस्स असंखेज्जदिभागो त्ति।

८. पंचिंदिय-असण्णि-अपज्जत्ताणं सत्तण्णं कम्माणं आयुगवज्जाणं अंतोमु-

---

होते हैं उनमेंसे आबाधाके समय छोड़कर शेषमें निषेक रचना नहीं होती किन्तु जो स्थिति बन्ध होता है उन सबमें निषेक रचना होती है। प्रथम निषेकसे दूसरा और दूसरेसे तीसरा निषेक कितना हीन है इस प्रकार व्यवधानके विना यहां विचार किया गया है इसलिये इसे अनन्तरोपनिधा कहते हैं।

६. पंचेंद्रिय संज्ञी अपर्याप्तकके आयु कर्मके सिवा शेष सात कर्मोंके अंतर्मुहूर्तप्रमाण आबाधाको छोड़कर जो प्रथम समयमें कर्मपरमाणु निक्षिप्त होते हैं वे बहुत हैं। जो दूसरे समयमें कर्म परमाणु निक्षिप्त होते हैं वे विशेषहीन हैं। जो तीसरे समयमें कर्मपरमाणु निक्षिप्त होते है वे विशेषहीन हैं। इस प्रकार अंतःकोटाकोटि प्रमाण उत्कृष्ट स्थितिके अंतिम समयतक विशेषहीन विशेषहीन निक्षिप्त होते हैं। आयुकर्मके अंतर्मुहूर्तप्रमाण आबाधाको छोड़कर जो प्रथम समयमें कर्मपरमाणु निक्षिप्त होते हैं वे बहुत हैं। जो दूसरे समयमें निक्षिप्त होते हैं वे विशेषहीन हैं। जो तीसरे समयमें निक्षिप्त होते हैं वे विशेषहीन हैं। इस प्रकार पूर्व कोटिप्रमाण उत्कृष्ट स्थितिके अंतिम समयतक विशेषहीन विशेषहीन निक्षिप्त होते हैं।

७. पंचेन्द्रिय असंज्ञी पर्याप्तकोंके आयुकर्मके सिवा शेष सात कर्मोंके अंतर्मुहूर्तप्रमाण आबाधाको छोड़कर जो प्रथम समयमें कर्मपरमाणु निक्षिप्त होते हैं वे बहुत हैं। जो दूसरे समयमें कर्मपरमाणु निक्षिप्त होते हैं वे विशेषहीन हैं। जो तीसरे समयमें कर्मपरमाणु निक्षिप्त होते हैं वे विशेषहीन हैं। इस प्रकार एक हजार सागरके तीन बटे सात भाग, एक हजार सागरके सात बटे सात भाग और एक हजार सागरके दो बटे सात भाग प्रमाण परिपूर्ण स्थितिके अंतिम समयतक विशेषहीन विशेषहीन कर्मपरमाणु निक्षिप्त होते हैं। आयुकर्मके पूर्वकोटिके त्रिभागप्रमाण आबाधाको छोड़कर जो प्रथम समयमें कर्मपरमाणु निक्षिप्त होते हैं वे बहुत हैं। जो दूसरे समयमें कर्मपरमाणु निक्षिप्त होते हैं वे विशेषहीन हैं। जो तीसरे समयमें कर्मपरमाणु निक्षिप्त होते हैं वे विशेषहीन हैं। इस प्रकार पल्योपमके असंख्यातवें भागप्रमाण उत्कृष्ट स्थितिके अन्तिम समयतक विशेषहीन विशेषहीन कर्मपरमाणु निक्षिप्त होते हैं।

८. पंचेंद्रिय असंज्ञी अपर्याप्तकोंके आयुकर्मके सिवा शेष सात कर्मोंके अंतर्मुहूर्तप्रमाण

हुत्तं आवाधा मोत्तूण जं पढमसम० तं बहुगं। विदियस० तं विसे०। जं तदियस० तं विसे०। एवं विसे० विसे० जाव उक्क० सागरोवमसहस्सस्स तिण्णि-सत्त भागा सत्त-सत्तभागा बे-सत्तभागा पलिदोवमस्स संखेज्जदि भागेण ऊणिया त्ति। आयुगस्स अंतोमु० आवाधा मोत्तूण जं पढमस० तं बहुगं। जं विदियसम० तं विसे०। जं तदियस० तं विसे०। एवं विसे० विसे० जाव उक्क० पुव्वकोडि त्ति।

९. चदुरिंदि०-तेइंदि०-बेइंदि० पज्जत्ताणं सत्तण्णं कम्माणं आयुगवज्जाणं अंतोमु० आवाधा मोत्तूण जं पढमसमए तं बहुगं। विदियस० तं विसे०। जं तदियस० तं विसे०। एवं विसे० विसे० जाव उक्कस्सेण सागरोवमसदस्स सागरोवमपण्णारसाए सागरोवमपणुवीसाए तिण्णि-सत्त भागा सत्त-सत्त भागा बे-सत्त भागा पडिपुण्णा त्ति। आयुगस्स बे मासं सोलस रादिंदियाणि सादिरेयाणि चत्तारि वस्साणि आवाधा मोत्तूण जं पढम स० तं बहुगं। जं विदियस० तं विसे०। जं तदियस० तं विसे०। एवं विसे० विसे० जाव उक्कस्सेण पुव्वकोडि त्ति।

१०. चदुरिंदि०-तेइंदिय०-बेइंदिय० अपज्जत्ताणं सत्तण्णं कम्माणं आयुगवज्जाणं

आवाधाको छोड़कर जो प्रथम समयमें कर्मपरमाणु निक्षिप्त होते हैं वे बहुत हैं। जो दूसरे समयमें कर्मपरमाणु निक्षिप्त होते हैं वे विशेषहीन हैं। जो तीसरे समयमें कर्मपरमाणु निक्षिप्त होते हैं वे विशेषहीन हैं। इस प्रकार एक हजार सागरके पल्यका संख्यातवाँ भाग कम तीन बटे सात भाग प्रमाण, एक हजार सागरके पल्यका संख्यातवाँ भाग कम सात बटे सात भागप्रमाण और एक हजार सागरके पल्यका संख्यातवाँ भाग कम दो बटे सात भागप्रमाण उत्कृष्ट स्थितिके अंतिम समयतक विशेषहीन विशेषहीन कर्मपरमाणु निक्षिप्त होते हैं। आयुकर्मके अंतर्मुहूर्तप्रमाण आवाधाको छोड़कर जो प्रथम समयमें कर्मपरमाणु निक्षिप्त होते हैं वे बहुत हैं। जो दूसरे समयमें कर्मपरमाणु निक्षिप्त होते हैं वे विशेषहीन हैं। जो तीसरे समयमें कर्मपरमाणु निक्षिप्त होते हैं वे विशेषहीन हैं। इस प्रकार पूर्वकोटिप्रमाण उत्कृष्ट स्थितिके अन्तिम समयतक विशेषहीन विशेषहीन कर्मपरमाणु निक्षिप्त होते हैं।

९. चतुरिंद्रिय पर्याप्त, त्रींद्रिय पर्याप्त और द्वींद्रिय पर्याप्त जीवोंके आयुकर्मके सिवा सात कर्मोंके अंतर्मुहूर्त प्रमाण आवाधाको छोड़कर जो प्रथम समयमें कर्मपरमाणु निक्षिप्त होते हैं वे बहुत हैं। जो दूसरे समयमें कर्मपरमाणु निक्षिप्त होते हैं वे विशेषहीन हैं। जो तीसरे समयमें कर्मपरमाणु निक्षिप्त होते हैं वे विशेषहीन हैं। इस प्रकार क्रमसे सौ सागरका, पचास सागरका और पच्चीस सागरका तीन बटे सात भागप्रमाण, सात बटे सात भागप्रमाण और दो बटे सात भागप्रमाण परिपूर्ण उत्कृष्ट स्थितिके अन्तिम समय तक विशेषहीन विशेषहीन कर्मपरमाणु निक्षिप्त होते हैं। आयुकर्मके क्रमसे दो माह, साधिक सोलह दिनरात और चार वर्षप्रमाण आवाधाको छोड़कर जो प्रथम समयमें कर्मपरमाणु निक्षिप्त होते हैं वे बहुत हैं। जो दूसरे समयमें कर्मपरमाणु निक्षिप्त होते हैं वे विशेषहीन हैं। जो तीसरे समयमें कर्मपरमाणु निक्षिप्त होते हैं वे विशेषहीन हैं। इस प्रकार पूर्वकोटिप्रमाण उत्कृष्ट स्थितिके अंतिम समय तक विशेषहीन विशेषहीन कर्मपरमाणु निक्षिप्त होते हैं।

१०. चतुरिंद्रिय, त्रींद्रिय और द्वींद्रिय अपर्याप्तकोंके आयुके सिवा सात कर्मोंके अंत-

अंतोमु० आबाधा मोत्तूण जं पढमसम० तं बहुगं। जं विदियसम० तं विसे० । जं तदियसम० तं विसे० । एवं विसे० विसे० जाव उक्क० सागरोवमसदस्स सागरोवम-पण्णारसाए सागरोवमपणुवीसाए तिण्णि-सत्त भागा सत्त-सत्तभागा वे-सत्त भागा पलिदोवमस्स संखेज्जदिभागेण ऊणिया। आयुगस्स अंतोमु० आबाधा मोत्तूण जं पढमसमए० तं बहुगं। जं विदियसमए तं विसे० । जं तदिय स० तं विसे० । एवं विसे० विसे० याव उक्कस्सेण पुव्वकोडि त्ति ।

११. बादरएइंदियाणं पज्जत्ताणं सत्तण्णं कम्माणं आयुगवज्जाणं अंतोमु० आबाधा मोत्तूण जं पढम स० तं बहुगं, जं विदियस० तं विसे० । जं तदियस० तं विसे० । एवं विसे० विसे० जाव उक्क० सागरोवमस्स तिण्णि-सत्त भागा सत्त-सत्त भागा वे-सत्त भागा पडिपुण्णा त्ति । आयुगस्स सत्तवस्ससहस्साणि सादिरेयाणि आबाधा मोत्तूण जं पढमस० तं बहुगं। जं विदियस० तं विसे० । जं तदियस० तं विसे० । एवं विसे० विसे० जाव उक्क० पुव्वकोडि त्ति ।

१२. बादरएइंदियअपज्जत्ताणं सुहुमेइंदियपज्जत्तापज्जत्ताणं च सत्तण्णं कम्माणं आयुगवज्जाणं अंतोमु० आबाधा मोत्तूण जं पढमस० तं बहुगं। जं विदियस० तं

मुहूर्तप्रमाण आबाधाको छोड़कर जो प्रथम समयमें कर्मपरमाणु निक्षिप्त होते हैं वे बहुत हैं। जो दूसरे समयमें कर्मपरमाणु निक्षिप्त होते हैं वे विशेषहीन हैं। जो तीसरे समयमें कर्म-परमाणु निक्षित होते हैं वे विशेषहीन हैं। इस प्रकार क्रमसे सौ सागरका, पचास सागरका और पच्चीस सागरका पल्यका संख्यातवाँ भाग कम तीन बटे सात भाग, पल्यका संख्यातवाँ भाग कम सात बटे सात भाग और पल्यका संख्यातवाँ भाग कम तीन बटे सात भाग प्रमाण उत्कृष्ट स्थितिके अंतिम समय तक विशेषहीन विशेषहीन कर्मपरमाणु निक्षिप्त होते हैं। आयुकर्मके अंतर्मुहूर्तप्रमाण आबाधाको छोड़कर जो प्रथम समयमें कर्मपरमाणु निक्षिप्त होते हैं वे बहुत हैं। जो दूसरे समयमें कर्मपरमाणु निक्षिप्त होते हैं वे विशेषहीन हैं। जो तीसरे समयमें कर्मपरमाणु निक्षिप्त होते हैं वे विशेषहीन हैं। इस प्रकार पूर्वकोटि-प्रमाण उत्कृष्ट स्थितिके अंतिम समयतक विशेषहीन विशेषहीन निक्षिप्त होते हैं।

११. बादर एकेन्द्रिय पर्याप्त जीवोंके आयुके सिवा सात कर्मोंके अंतर्मुहूर्तप्रमाण आबाधाको छोड़कर जो प्रथम समयमें कर्म निक्षिप्त होते हैं वे बहुत हैं। जो दूसरे समयमें कर्म निक्षिप्त होते हैं वे विशेषहीन हैं। जो तीसरे समयमें कर्म निक्षिप्त होते हैं वे विशेषहीन हैं। इस प्रकार एक सागरके तीन बटे सात भाग, सात बटे सात भाग और दो बटे सात भाग प्रमाण परिपूर्ण उत्कृष्ट स्थितिके अंतिम समयतक विशेषहीन विशेषहीन कर्मपरमाणु निक्षिप्त होते हैं। आयुकर्मके साधिक सात हजार वर्ष प्रमाण आबाधाको छोड़कर जो प्रथम समयमें कर्मपरमाणु निक्षिप्त होते हैं वे बहुत हैं। जो दूसरे समयमें कर्मपरमाणु निक्षिप्त होते हैं वे विशेषहीन हैं। जो तीसरे समयमें कर्मपरमाणु निक्षिप्त होते हैं वे विशेषहीन हैं। इस प्रकार पूर्वकोटिप्रमाण उत्कृष्ट स्थितिके अंतिम समयतक विशेषहीन विशेषहीन कर्मपरमाणु निक्षिप्त होते हैं।

१२. बादर एकेंद्रिय अपर्याप्त, सूक्ष्म एकेंद्रिय पर्याप्त और सूक्ष्म एकेंद्रिय अपर्याप्त जीवोंके आयुकर्मके सिवा सात कर्मोंके अन्तर्मुहूर्तप्रमाण आबाधाको छोड़कर जो प्रथम समयमें कर्मपरमाणु निक्षिप्त होते हैं वे बहुत हैं। जो दूसरे समयमें कर्मपरमाणु निक्षिप्त

विसे० । जं तदियस० तं विसे० । एवं विसे० विसे० जाव उक्क० सागरोवमस्स तिण्णि-सत्त भागा, सत्त-सत्त भागा, वे-सत्त भागा पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागेण ऊणि-गा त्ति । आयुगस्स अंतोमु० आवाधा मोत्तूण जं पढमसमए० तं वहुगं । जं विदियस० तं विसे० । जं तदियस० तं विसे० । एवं विसे० विसे० जाव उक्क० पुव्वकोडि त्ति ।

एवमणंतरोवणिधा समत्ता ।

१३. परंपरोवणिधाए[1] पंचिंदिय-सण्णि-असण्णिपज्जत्ताणं अट्ठण्णं कम्माणं उक्क० आवाधा मोत्तूण जं पढमसमए पदेसग्गादो पलिदोवमस्स असंखेज्जदि-भागं गंतूण दुगुणहीणा । एवं दुगुणहीणा दुगुणहीणा जाव उक्कस्सिया ट्ठिदि त्ति ।

१४. पंचिंदियाणं सण्णि-असंण्णिअपज्जत्ताणं चतुरिंदि०-तेइंदि०-वेइंदि०-

---

होते हैं वे विशेषहीन हैं । जो तीसरे समयमें कर्मपरमाणु निक्षिप्त होते हैं वे विशेषहीन हैं । इस प्रकार एक सागरका पल्यका असंख्यातवां भागकम तीन बटे सात भाग, सात बटे सात भाग और दो बटे सात भागप्रमाण उत्कृष्ट स्थितिके अंतिम समयतक विशेषहीन विशेषहीन कर्मपरमाणु निक्षिप्त होते हैं । आयुकर्मके अंतर्मुहूर्तप्रमाण आवाधाको छोड़कर जो प्रथम समयमें कर्मपरमाणु निक्षिप्त होते हैं वे वहुत हैं । जो दूसरे समयमें कर्मपरमाणु निक्षिप्त होते हैं वे विशेषहीन हैं । जो तीसरे समयमें कर्मपरमाणु निक्षिप्त होते हैं वे विशेषहीन हैं । इस प्रकार पूर्वकोटिप्रमाण उत्कृष्ट स्थितिके अंतिम समयतक विशेषहीन विशेषहीन कर्म-परमाणु निक्षिप्त होते हैं ।

विशेषार्थ—संज्ञी पंचेन्द्रियसंवंधी दोनों जीवसमासोंके बंधनेवाले कर्मपरमाणुओंका सव स्थितियोंमें किस क्रमसे निक्षेप होता है इसका पहले विचार कर आये हैं । यहाँ शेष जीवसमासोंमें विचार किया गया है । सव जीवसमासोंमें वंधनेवाले कर्मपरमाणुओंके निक्षेपका क्रम एक ही है, उसमें कोई अन्तर नहीं है, फिर भी सव जीवसमासोंमें निक्षेप क्रमका पृथक् पृथक् विवेचन करनेका कारण यह है कि प्रत्येक जीवसमासमें आठों कर्मोंका उत्कृष्ट स्थितिवंध अलग अलग होता है इसलिये जिसके जिस कर्मका उत्कृष्ट स्थितिवंध जितना हो वहाँ तक ही प्रत्येक स्थितिमें उत्तरोत्तर विशेषहीन क्रमसे निक्षेपविधि जाननी चाहिये । मात्र आवाधाकालमें निषेकरचना न होनेसे वहां कर्मपरमाणुओंका निक्षेप नहीं होता है इतना विशेष जानना चाहिये ।

इस प्रकार अनन्तरोपनिधा समाप्त हुई ।

१३. परम्परोपनिधाकी अपेक्षा पंचेन्द्रिय संज्ञी पर्याप्त और पंचेन्द्रिय असंज्ञी पर्याप्त-के आठों कर्मोंके आवाधाको छोड़कर प्रथम समयमें निक्षिप्त हुए कर्मपरमाणुओंसे पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण स्थान जाकर वे द्विगुणहीन होते हैं अर्थात् आधे रह जाते हैं । इस प्रकार उत्कृष्ट स्थितिके प्राप्त होनेतक वे द्विगुणहीन द्विगुणहीन होते जाते हैं ।

१४. पंचेन्द्रिय संज्ञी अपर्याप्त, पंचेन्द्रिय असंज्ञी अपर्याप्त, चतुरिन्द्रिय पर्याप्त, चतु-रिन्द्रिय अपर्याप्त, त्रीन्द्रिय पर्याप्त, त्रीन्द्रिय अपर्याप्त, द्वीन्द्रिय पर्याप्त, द्वीन्द्रिय अपर्याप्त, वादर एकेन्द्रिय पर्याप्त, वादर एकेन्द्रिय अपर्याप्त, सूक्ष्म एकेन्द्रिय पर्याप्त और सूक्ष्म एके-

---

१, पञ्चसं० पञ्चम द्वार गा० ५१ ।

बादरएइंदिय०-सुहुमएइंदिय० पज्जत्तापज्जत्ताणं सत्तएणं कम्माणं आयुगवज्जाणं उक्कसिया आबाधा मोत्तूण जं पढमसमयपदेसग्गादो तदो पलिदोवमस्स असंखेज्जदि भागं गंतूण दुगुणहीणा। एवं दुगुणहीणा दुगुण० जाव उक्कस्सिया ट्ठिदि त्ति।

१५. एयपदेसियदुगुणहाणिट्ठाणंतराणि असंखेज्जाणि पलिदोवमवग्गमूलाणि। णाणापदेसदुगुणहाणिट्ठाणंतराणि पलिदोवमस्स वग्गमूल० असंखेज्जदिभागो।

१६. णाणापदेसदुगुणहाणिट्ठाणंतराणि थोवाणि। एयपदेसदुगुणहाणिट्ठाणंतरं असंखेज्जगुणं।

आबाधाकंडयपरूवणा

१७. आबाधाकंडयपरूवणदाए[1] पंचिंदियसण्णि-असण्णि-चतुरिंदिय-तेइंदिय-बेइंदिय-बादरएइंदिय-सुहुमेइंदिय-पज्जत्तापज्जत्ताणं सत्तण्णं कम्माणं आयुगवज्जाणं उक्कस्सादो ट्ठिदीदो समये समये पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागं ओसरिदूण एयमा-

---

न्द्रिय अपर्याप्त जीवोंके आयुकर्मके सिवा सात कर्मोंके उत्कृष्ट आबाधाको छोड़कर प्रथम समयमें निक्षिप्त हुए कर्मपरमाणुओंसे पल्योपमके असंख्यातवें भागप्रमाण स्थान जाकर वे द्विगुणहीन होते हैं। इस प्रकार उत्कृष्ट स्थितिके प्राप्त होने तक वे द्विगुणहीन द्विगुणहीन होते जाते हैं।

१५. एकप्रदेशद्विगुणहानिस्थानान्तर पल्योपमके असंख्यात प्रथम वर्गमूल प्रमाण हैं। नानाप्रदेशद्विगुणहानिस्थानान्तर पल्योपमके प्रथम वर्गमूलके असंख्यातवें भागप्रमाण हैं।

१६. नाना प्रदेश द्विगुणहानिस्थानान्तर स्तोक हैं। इनसे एक प्रदेश द्विगुणहानि स्थानान्तर असंख्यातगुणे हैं।

विशेषार्थ—पहले प्रथम निषेकमें कितना द्रव्य होता है और द्वितीयादिक निषेकोंमें वह कितना कितना कम होता जाता है इसका विचार कर आये हैं। यहाँ प्रथम निषेकके द्रव्यसे कितने स्थान जानेपर वह उत्तरोत्तर आधा आधा रहता जाता है इसका विचार किया गया है। मूलमें बतलाया है कि प्रथम समयमें निक्षिप्त हुए कर्म परमाणुओंसे पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण स्थान जानेपर वे आधे रह जाते हैं। इस प्रकार पुनः-पुनः पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण स्थान जानेपर वे उत्तरोत्तर आधे-आधे शेष रहते हैं। यहां नाना-प्रदेश गुणहानि स्थानान्तर पदसे नाना गुणहानियां ली गई हैं और एकप्रदेशगुणहानिस्थानान्तरपदसे एक गुणहानिके निषेक लिए गये हैं।

आबाधाकाण्डकप्ररूपणा

१७. अब आबाधाकाण्डककी प्ररूपणा करते हैं। इसकी अपेक्षा पंचेन्द्रिय संज्ञी पर्याप्त, पंचेन्द्रिय संज्ञी अपर्याप्त, पंचेन्द्रिय असंज्ञी पर्याप्त, पंचेन्द्रिय असंज्ञी अपर्याप्त, चतुरिन्द्रिय पर्याप्त, चतुरिन्द्रिय अपर्याप्त, त्रीन्द्रिय पर्याप्त, त्रीन्द्रिय अपर्याप्त, द्वीन्द्रिय पर्याप्त, द्वीन्द्रिय अपर्याप्त, बादर एकेन्द्रिय पर्याप्त, बादर एकेन्द्रिय अपर्याप्त, सूक्ष्म एकेन्द्रिय पर्याप्त और सूक्ष्म एकेन्द्रिय अपर्याप्त जीवोंमें आयुकर्मके सिवा सात कर्मोंका उत्कृष्ट स्थितिसे समय समय उतरते हुए पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण स्थिति उतर कर एक आबाधाकाण्ड करता

---

१. पञ्चसं० पञ्चम द्वार गा० ५३।

'बाधाकंडयं करेदि । एस कमो जाव जहण्णिया ट्ठिदि त्ति ।"

अप्पाबहुगपरूवणा

'१८. अप्पाबहुगे त्ति पंचिंदियाणं सण्णीणं पज्जत्तापज्जत्ताणं णाणावरणीयस्स सव्वत्थोवा जहण्णिया आबाधा'। आबाधट्ठाणाणि आबाधाखंडयाणि च दो वि तुल्लाणि संखेज्जगुणाणि। उक्कस्सिया आबाधा विसेसाहिया। णाणापदेसगुणहाणिट्ठाणंतराणि असंखेज्जगुणाणि। एयपदेसगुणहाणिट्ठाणंतरं असंखेज्जगुणं। एयमाबाधाखंडयमसंखेज्जगुणं। जहण्णओ ट्ठिदिबंधो असंखेज्जगुणो। ट्ठिदिबंधट्ठाणाणि संखेज्जगुणाणि। उक्कस्सओ ट्ठिदिबंधो विसेसाधिओ। एवं छण्णं कम्माणं।

है और यह क्रम जघन्य स्थितिके प्राप्त होने तक चालू रहता है।

विशेषार्थ—यहाँ कितनी स्थितिकी कितनी आबाधा होती है इसका विचार किया गया है। कर्मस्थितिविकल्प बहुत हैं और आबाधाके विकल्प थोड़े हैं, इसलिये जितने स्थितिविकल्पोंके प्रति एक आबाधाका विकल्प प्राप्त होता है उसे आबाधाकाण्डक कहते हैं। एक आबाधाकाण्डक यहाँ पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण बतलाया है इसका अभिप्राय यह है कि पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण स्थितिविकल्पोंके प्रति एक आबाधाविकल्प प्राप्त होता है। उदाहरणार्थ—सत्तर कोड़ाकोड़ीसागरप्रमाण दर्शनमोहनीयकी उत्कृष्ट स्थितिको ६४ मान लिया जाय, सात हजार वर्ष प्रमाण उत्कृष्ट आबाधाको १६ मान लिया जाय और पल्यके असंख्यातवें भागको ४ मान लिया जाय तो—६४, ६३, ६२ और ६१ इन चारकी १६ समय आबाधा होगी। यह एक आबाधाकाण्डक है। तथा ६०, ५९, ५८ और ५७ की १५ समय आबाधा होगी यह दूसरा आबाधाकाण्डक है। इस तरह जघन्य स्थितिके प्राप्त होनेतक एक एक आबाधाकाण्डकके प्रति आबाधाका एक एक समय कम होते हुए जघन्य स्थितिकी जघन्य आबाधा रह जाती है।

अल्पबहुत्वप्ररूपणा

१८. अब अल्पबहुत्वका विचार करते हैं। उसकी अपेक्षा पंचेन्द्रिय संज्ञी पर्याप्त और पंचेन्द्रिय संज्ञी अपर्याप्त जीवोंके ज्ञानावरणीयकी जघन्य आबाधा सबसे स्तोक है। इससे आबाधास्थान और आबाधाकाण्डक ये दोनों समान होकर संख्यातगुणे हैं। इनसे उत्कृष्ट आबाधा विशेष अधिक है। इससे नानाप्रदेशगुणहानिस्थान असंख्यातगुणे हैं। इनसे एकप्रदेशगुणहानिस्थानान्तर असंख्यातगुणा है। इससे एक आबाधाकाण्डक असंख्यातगुणा है। इससे जघन्यस्थितिबन्ध असंख्यातगुणा है। इससे स्थितिबन्धस्थान संख्यातगुणे हैं। इनसे उत्कृष्ट स्थितिबन्ध विशेष अधिक है। इसी प्रकार छह कर्मोंका अल्पबहुत्व जानना चाहिये।

विशेषार्थ—यहाँ अबतक स्थितिबन्धस्थानप्ररूपणा, निषेकप्ररूपणा और आबाधाकाण्डकप्ररूपणा इन तीन अधिकारोंमें जिन विषयोंकी चरचा की है उनमें कौन कितना अल्प है और कौन कितना बहुत है यह तुलनात्मक ढंगसे बतलाया गया है। यह अल्पबहुत्व जघन्य आबाधासे प्रारम्भ होकर उत्कृष्ट स्थितिपर समाप्त होता है। मात्र इसमें

---

१. पञ्चसं० बन्धनक० गा० १०१-१०२।

संयतकी अपेक्षा जघन्य स्थितिका निर्देश नहीं किया है। ज्ञानावरणकी जघन्य स्थिति संयतके होती है और सबसे जघन्य आबाधा उसीकी हो सकती है। इसलिये यह प्रश्न होता है कि इस अल्पबहुत्वमें यह जघन्य आबाधा किसकी ली गई है। आगे उत्तरप्रकृति स्थितिबन्धमें अल्पबहुत्वका निर्देश करते हुए कहा है कि 'सबसे स्तोक जघन्य आबाधा है और उससे जघन्य स्थितिबन्ध संख्यातगुणा है।' इससे वहाँ तो जघन्य आबाधा किसकी ली गई है इसका पता लग जाता है पर यहाँका प्रश्न इस दृष्टिसे विचारणीय रहता है। यहाँ ज्ञानावरणके अल्पबहुत्वको कहनेके बाद 'एवं छण्णं कम्माणं' ऐसा कहा है। संयतके क्षपक सूक्ष्मसाम्परायके अन्तिम समयमें छह कर्मोंका बन्ध तो होता है पर मोहनीयका नहीं होता। इसलिये इस निर्देशसे यही ज्ञात होता है कि इस अल्पबहुत्वमें संयतकी जघन्य स्थितिका कथन अविवक्षित रहा है। मालूम पड़ता है कि यहाँ मिथ्यादृष्टिकी जघन्य स्थितिकी आबाधा ली गई है, क्योंकि इस अल्पबहुत्वमें इस स्थितिका ग्रहण भी किया है। यह सबसे स्तोक होती है। आबाधके कुल विकल्प आबाधास्थान कहलाते हैं और इतने ही आबाधाकाण्डक होते हैं। ज्ञानावरणकी उत्कृष्ट आबाधा तीन हजार वर्षमेंसे जघन्य आबाधा अन्तर्मुहूर्तको कम कर एक मिला देनेपर कुल आबाधाके विकल्प होते हैं। ये विकल्प अन्तर्मुहूर्तप्रमाण जघन्य आबाधासे संख्यातगुणे होनेके कारण आबाधास्थान और आबाधाकाण्डकोंको जघन्य आबाधासे संख्यातगुणा कहा है। ज्ञानावरणकी उत्कृष्ट आबाधा पूरी तीन हजार वर्ष प्रमाण है जो आबाधास्थानोंमें अन्तर्मुहूर्तके जितने समय हों एक कम उतने समयोंके मिलानेपर प्राप्त होती है। इसीसे उक्त दोनों पदोंसे उत्कृष्ट आबाधाको विशेष अधिक कहा है। नानाप्रदेशद्विगुणहानिस्थानान्तरोंका प्रमाण पहले पल्यके प्रथम वर्गमूलके असंख्यातवें भागप्रमाण बतला आये हैं। यह प्रमाण तीन हजार वर्षके समयोंसे असंख्यातगुणा है। इसीसे उत्कृष्ट आबाधाके प्रमाणसे यह प्रमाण असंख्यातगुणा कहा है। एकप्रदेशगुणहानिस्थानान्तरका प्रमाण पहले पल्यके असंख्यात प्रथम वर्गमूलोंके बराबर बतला आये हैं। यह प्रमाण नानाप्रदेशद्विगुणहानिस्थानान्तरके प्रमाणसे असंख्यातगुणा है यह स्पष्ट ही है। इसीसे नानाप्रदेशद्विगुणहानिस्थानान्तरके प्रमाणसे इसे असंख्यातगुणा कहा है। एक आबाधाकाण्डकका प्रमाण पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण होता है यह एकप्रदेशद्विगुणहानिस्थानान्तरसे असंख्यातगुणा होनेके कारण असंख्यातगुणा कहा गया है। मिथ्यादृष्टिके ज्ञानावरणकर्मकी जघन्य स्थिति अन्तःकोटाकोटिसागर प्रमाण होती है जो एक आबाधाकाण्डकके प्रमाणसे असंख्यातगुणी होती है। इसीसे आबाधाकाण्डकसे जघन्य स्थितिको असंख्यातगुणी कहा है। उत्कृष्टस्थिति तीस कोटाकोटिसागरमेंसे अन्तःकोटाकोटिसागरको कम करके जो लब्ध आवे उसमें एक मिलानेपर स्थितिस्थान प्राप्त होते हैं। यतः ये जघन्य स्थितिके प्रमाणसे संख्यातगुणे हैं अतः जघन्य स्थितिके प्रमाणसे स्थितिस्थानोंका प्रमाण संख्यातगुणा कहा है। उत्कृष्ट स्थितिबन्ध पूरा तीस कोटाकोटिके समय प्रमाण होता है और स्थितिस्थान इसमेंसे अन्तःकोटाकोटिके समयोंको घटाकर एक मिलानेपर प्राप्त होते हैं। स्पष्ट है कि स्थितिस्थानके प्रमाणसे उत्कृष्ट स्थिति विशेष अधिक है। इसीसे स्थितिस्थानके प्रमाणसे उत्कृष्ट स्थितिका प्रमाण विशेष अधिक कहा है। यह संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्तकी मुख्यतासे अल्पबहुत्वका खुलासा है। मात्र इसमें इन्हींके अपर्याप्तकी अपेक्षा प्राप्त होनेवाला अल्पबहुत्व गर्भित है। आयुके सिवा दर्शनावरण आदि शेष छह कर्मोंके उक्त सब पदोंका अल्पबहुत्व इसी प्रकार घटित कर लेना चाहिये, क्योंकि उनके उत्कृष्ट स्थितिबन्ध आदिमें अन्तरके होनेपर भी उससे अल्पबहुत्वमें कोई अन्तर नहीं आता।

१९. पंचिंदियसण्णि-असण्णि-पज्जत्ताणं सव्वत्थोवा[1] आयुगस्स जहण्णिया आबाधा। जहण्णओ ट्ठिदिबंधो संखेज्जगुणो। आबाधाट्ठाणाणि संखेज्जगुणाणि। उक्कस्सिया आबाधा विसेसाधिया। णाणापदेसगुणहाणिट्ठाणंतराणि असंखेज्जगुणाणि। एयपदेसगुणहाणिट्ठाणंतरं असंखेज्जगुणं। ट्ठिदिबंधट्ठाणाणि असंखेज्जगुणाणि। उक्कस्सओ ट्ठिदिबंधो विसेसाहिओ।

२०. [2]पंचिंदियाणं असण्णीणं पज्जत्तापज्जत्ताणं चउरिंदिय०-तेइंदि०-बेइंदि० पज्जत्तापज्जत्ताणं सत्तण्णं कम्माणं आयुगवज्जाणं आबाधाट्ठाणाणि आबाधाखंडयाणि च दो वि तुल्लाणि थोवाणि। जहण्णिया आबाधा संखेज्जगुणा। उक्कस्सिया आबाधा विसे०। णाणापदेसगु० असंखे०गु०। एयपदेसगु० असं०गु०। एयं आबाधाखंडयं असं०गु०। ट्ठिदिबंधट्ठाणाणि असंखेज्जगुणाणि। जहण्णओ ट्ठिदिबंधो संखेज्जगुणो। उक्क० ट्ठिदिबं० विसे०।

२१. बादरएइंदिय-सुहुमएइंदिय-पज्जत्तापज्जत्ताणं सत्तण्णं कम्माणं आयुगवज्जाणं आबाधाट्ठाणाणि आबाधाखंडयाणि च दो वि तुल्लाणि थोवाणि। जहण्णि-

---

१९. पंचेन्द्रिय संज्ञी पर्याप्त और पंचेन्द्रिय असंज्ञी पर्याप्त जीवोंके आयुकर्मकी जघन्य आबाधा सबसे स्तोक है। इससे जघन्य स्थितिबन्ध संख्यातगुणा है। इससे आबाधास्थान संख्यातगुणे हैं। इनसे उत्कृष्ट आबाधा विशेष अधिक है। इससे नाना-प्रदेशगुणहानिस्थानान्तर असंख्यातगुणे हैं। इनसे एकप्रदेशगुणहानिस्थानान्तर असंख्यातगुणा है। इससे स्थितिबन्धस्थान असंख्यातगुणे हैं। इनसे उत्कृष्ट स्थितिबन्ध विशेष अधिक है।

२०. पंचेन्द्रिय असंज्ञी पर्याप्त, पंचेन्द्रिय असंज्ञी अपर्याप्त, चतुरिन्द्रिय पर्याप्त, चतुरिन्द्रिय अपर्याप्त, त्रीन्द्रिय पर्याप्त, त्रीन्द्रिय अपर्याप्त, द्वीन्द्रिय पर्याप्त और द्वीन्द्रिय अपर्याप्त जीवोंके आयुके सिवा सात कर्मोंके आबाधास्थान और आबाधाकाण्डक ये दोनों तुल्य होकर सबसे स्तोक हैं। इनसे जघन्य आबाधा संख्यातगुणी है। इससे उत्कृष्ट आबाधा विशेष अधिक है। इससे नानाप्रदेशगुणहानिस्थानान्तर असंख्यातगुणे हैं। इनसे एकप्रदेश गुणहानिस्थानान्तर असंख्यातगुणा है। इससे एक आबाधाकाण्डक असंख्यातगुणा है। इससे स्थितिबन्धस्थान असंख्यातगुणे हैं। इनसे जघन्य स्थितिबन्ध संख्यातगुणा है। इससे उत्कृष्ट स्थितिबन्ध विशेष अधिक है।

विशेषार्थ—यहाँ स्थितिबन्धस्थान पल्यके संख्यातवें भागप्रमाण हैं और जघन्य स्थिति पल्यका संख्यातवाँ भाग कम अपनी अपनी उत्कृष्ट स्थितिप्रमाण है। इसीसे यहाँ स्थितिस्थानोंके प्रमाणसे जघन्य स्थितिको संख्यातगुणा कहा है। शेष कथन सुगम है।

२१. बादर एकेन्द्रिय पर्याप्त, बादर एकेन्द्रिय अपर्याप्त, सूक्ष्म एकेन्द्रिय पर्याप्त और सूक्ष्म एकेन्द्रिय अपर्याप्त जीवोंके आयुकर्मके सिवा सात कर्मोंके आबाधास्थान और आबाधाकाण्डक ये दोनों तुल्य होकर स्तोक हैं। इनसे जघन्य आबाधा असंख्यातगुणी है। इससे

---

१. पञ्चसं० बन्धनक० गा० १०३–१०४। २. मूलप्रतौ पंचिंदि०..........याणं असंखेज्ज ....एइंदि० बेइंदि० इति पाठः।

या आबाधा असं०गु० । उक्क० आबाधा विसे० । णाणापदेसगु० असं०गु० । एयपदेसगु० असं०गु० । एयं आबाधाखंडयं असं०गु० । ट्ठिदिबंधट्ठाणाणि असं०-गु० । जह० ट्ठिदि० असं०गु० । उक्क० ट्ठिदि० विसे० ।

२२. अवसेसाणं बारसण्णं जीवसमासाणं आयुगस्स सव्वत्थोवा जहण्णिया आबाधा । जह० ट्ठिदिबं० संखेज्जगु० । आबाधाट्ठाणाणि संखेज्जगुणाणि । उक्क० आबाधा विसेसा० । ट्ठिदिबं० संखेज्जगुणाणि । उक्क० ट्ठिदि० विसेसा० ।

एवमप्पाबहुगं समत्तं

चउवीस-अणिओगद्दारपरूवणा

२३. एदेण अट्ठपदेण तत्थ इमाणि चउवीसमणियोगद्दाराणि णादव्वाणि भवंति । तं जहा, अद्धाच्छेदो सव्वबंधो णोसव्वबंधो उक्क० अणुक्क० जह० अजह०सादि० अणादि० धुवबं० अद्धुवबं० एवं याव अप्पाबहुगे त्ति । भुजगारबंधो पदणिक्खेओ वड्ढिबंधो अज्झवसाणसमुदाहारे जीवसमुदाहारे त्ति ।

उत्कृष्ट आबाधा विशेष अधिक है। इससे नानाप्रदेशगुणहानिस्थानान्तर असंख्यातगुणे हैं। इनसे एकप्रदेशगुणहानिस्थानान्तर असंख्यातगुणे हैं। इससे एक आबाधाकाण्डक असंख्यातगुणा है। इससे स्थितिबन्धस्थान असंख्यातगुणे हैं। इससे जघन्य स्थितिबन्ध असंख्यातगुणा है। इससे उत्कृष्ट स्थितिबन्ध विशेष अधिक है।

विशेषार्थ—इन जीवोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्ध एक सागरके भीतर होता है और आबाधा, आबाधाकाण्डक आदि उसी हिसाबसे होते हैं। यही कारण है कि इनके सात कर्मोंके सब पदोंका अल्पबहुत्व उक्त प्रमाणसे होता है।

२२. अवशेष रहे बारह जीवसमासोंके आयुकर्मकी जघन्य आबाधा सबसे स्तोक है। इससे जघन्य स्थितिबन्ध संख्यातगुणा है। इससे आबाधास्थान संख्यातगुणे हैं। इनसे उत्कृष्ट आबाधा विशेष अधिक है। इससे स्थितिबन्धस्थान संख्यातगुणे हैं। इनसे उत्कृष्ट स्थिति विशेष अधिक है।

विशेषार्थ—यहाँ अल्पबहुत्वमें आबाधाकाण्डक, नानाप्रदेशद्विगुणहानिस्थानान्तर, एकप्रदेशद्विगुणहानिस्थानान्तर और एक आबाधाकाण्डक परिगणित नहीं किये गये हैं। कारण कि इन बारह जीवसमासोंमें आयुकर्मका जितना स्थितिबन्ध होता है वह इतना अल्प है जिससे उसमें ये पद सम्भव नहीं हैं। शेष कथन सुगम है।

इस प्रकार अल्पबहुत्व समाप्त हुआ।

चौबीस अनुयोगद्वारप्ररूपणा

२३. इस अर्थपदके अनुसार यहाँ ये चौबीस अनुयोगद्वार ज्ञातव्य हैं। यथा—अद्धाच्छेद, सर्वबन्ध, नोसर्वबन्ध, उत्कृष्टबन्ध, अनुत्कृष्टबन्ध, जघन्यबन्ध, अजघन्यबन्ध, सादिबन्ध, अनादिबन्ध, ध्रुवबन्ध और अध्रुवबन्धसे लेकर अल्पबहुत्व तक। तथा भुजगारबन्ध, पदनिक्षेप, वृद्धिबन्ध, अध्यवसानसमुदाहार और जीवसमुदाहार।

विशेषार्थ—अध्रुवबन्धसे लेकर अल्पबहुत्वतक ऐसा सामान्य निर्देश करके शेष बारह अनुयोगद्वार गिनाये नहीं हैं। वे ये हैं—स्वामित्व, बन्धकाल, बन्धान्तर, बन्ध [illegible], नाना जीवोंकी अपेक्षा भंगविचय, भागाभाग, परिमाण, क्षेत्र, स्पर्शन, काल,

अद्धाच्छेदपरूवणा

२४. अद्धाच्छेदो दुविधो—जहण्णओ उक्कस्सओ च। उक्कस्सगे पगदं। दुविधो णिद्देसो—ओघेण आदेसेण य। तत्थ ओघेण णाणावरणीय-दंसणावरणीय-वेदणीय-अंतराइगाणं उक्कस्सओ ट्ठिदिबंधो तीसं सागरोवमकोडाकोडीओ[1]। तिण्णि वस्ससहस्साणि आबाधा[2]। आबाधूणिया कम्मट्ठिदी कम्मणिसेगो[3]। मोहणीयस्स उक्कस्सओ ट्ठिदिबंधो सत्तरिसागरोवमकोडाकोडीओ। सत्तवस्ससहस्साणि आबाधा। आबाधूणिया कम्मट्ठिदी कम्मणिसेगो। आयुगस्स उक्कस्सओ ट्ठिदिबंधो तेत्तीसं सागरोवमाणि। पुव्वकोडितिभागं आबाधा[4]। कम्मट्ठिदी कम्मणिसेओ[5]। णामागोदाणं उक्कस्सओ ट्ठिदिबंधो वीसं सागरोवमकोडाकोडीओ। वेवस्ससहस्साणि आबाधा। आबाधूणिया कम्मट्ठिदी कम्मणिसेगो। एवमोघभंगो सवणिरय-तिरिक्ख४-मणुस०३-देवो याव सहस्सार त्ति पंचिंदिय-तस०२-पंचमण०-पंचवचि०-कायजोगि-ओरालियका०-वेउव्वियका०-तिण्णिवेद०-चत्तारिकसा०-मदि०-सुद०-विभंग०-असंजद०-चक्खुदं०-अचक्खुदं०-पंचले०-भवसि०-अब्भवसि०-मिच्छादिट्ठि-सण्णि-आहारग त्ति। णवरि आयु०

अन्तर और भाव। आगे इन चौवीस अनुयोगद्वारोंका आश्रय कर स्थितिबन्धका विचार करके पुनः उसका भुजगारबन्ध, पदनिक्षेप, वृद्धि, अध्यवसानसमुदाहार और जीवसमुदाहार इन द्वारा और इनके अवान्तर अनुयोगों द्वारा विचार किया गया है।

अद्धाच्छेदप्ररूपणा

२४. अद्धाच्छेद दो प्रकारका है—जघन्य और उत्कृष्ट। उत्कृष्टका प्रकरण है। उसकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। उनमेंसे ओघकी अपेक्षा ज्ञानावरणीय, दर्शनावरणीय, वेदनीय और अन्तराय कर्मका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध तीस कोड़ाकोड़ी सागर प्रमाण है। आबाधा तीन हजार वर्ष प्रमाण है और आबाधासे न्यून कर्मस्थितिप्रमाण कर्मनिषेक हैं। मोहनीय कर्मका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध सत्तर कोड़ाकोड़ी सागरप्रमाण है। सात हजार वर्षप्रमाण आबाधा है और आबाधासे न्यून कर्मस्थितिप्रमाण कर्मनिषेक हैं। आयुकर्मका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध तेतीस सागर है। पूर्वकोटिका तीसरा भागप्रमाण आबाधा है और कर्मस्थितिप्रमाण कर्मनिषेक हैं। नाम और गोत्रकर्मका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध बीस कोड़ाकोड़ी सागरप्रमाण है, दो हजार वर्षप्रमाण आबाधा है और आबाधासे न्यून कर्मस्थितिप्रमाण कर्मनिषेक हैं। इसी प्रकार सब नारकी, सामान्य तिर्यंच, पंचेन्द्रिय तिर्यंच, पंचेन्द्रिय पर्याप्त तिर्यंच और पंचेन्द्रिय योनिनीतिर्यंच ये चार प्रकारके तिर्यंच, सामान्य मनुष्य, पर्याप्त मनुष्य और मनुष्यिनी ये तीन प्रकारके मनुष्य; देव, सहस्रार कल्पतकके देव, पंचेन्द्रियद्विक, त्रसद्विक, पांचों मनोयोगी, पांचों वचनयोगी, काययोगी, औदारिककाययोगी, वैक्रियिक काययोगी, तीनों वेदवाले, चारों कषायवाले, मत्यज्ञानी, श्रुताज्ञानी, विभंगज्ञानी, असंयत, चक्षुदर्शनी, अचक्षुदर्शनी, पांच लेश्यावाले, भव्यसिद्धिक, अभव्यसिद्धिक, मिथ्यादृष्टि, संज्ञी और आहारक जीवोंके जानना चाहिये। किन्तु आयुकर्मके विषयमें

---

१. जीव० चू० ६। गो० क०, गा० १२७। २. गो० क०, गा० १५६। ३. गो० क०, गा० १६०। ४. गो० क०, गा० १५७। ५. गो० क०, गा० १५८।

विसेसो। देवणेरइगाणं आयुगस्स उक्कस्सओ ट्ठिदिबंधो पुव्वकोडी। छम्मासं आबाधा। कम्मट्ठिदी कम्मणिसेगो। एवं वेउव्वियका०। चदुण्णं लेस्साणं आयुगस्स उक्क० ट्ठिदिबंधो सत्तारस सागरोवमं सत्त सागरोवमं वे-अट्ठारस सागरोवमं सादि०।[1] पुव्व-कोडितिभागं आबाधा। कम्मट्ठिदी कम्मणिसेओ।

२५. पंचिंदिय-तिरिक्ख-अपज्जत्ताणं सत्तण्णं कम्माणं उक्क० ट्ठिदिबं० अंतो-कोडाकोडीओ। अंतोमुहु० आबाधा। आबाधूणिया कम्मट्ठिदी कम्मणिसेगो। आयु-गस्स उक्क० ट्ठिदिबं० पुव्वकोडी। अंतोमुहुत्तं च आबाधा। कम्मट्ठिदी कम्मणिसेगो। एवं मणुसअपज्जत्त-पंचिंदिय-तसअपज्जत्त-ओरालियमिस्सा त्ति। एवं चेव आणद याव सव्वट्ठा त्ति वेउव्वियमिस्स०-आहार०-आहारमि०-कम्मइग०-आभिणि०-सुद०-ओधि०-मणपज्ज०-संजद-सामाइ०-छेदो०-परिहार०-संजदासंजद-ओधिदं०-सुक्कले०-

कुछ विशेषता है। यथा—देव और नारकियोंके आयुकर्मका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध पूर्वकोटि-प्रमाण होता है, छह महीना की आबाधा होती है और कर्मस्थितिप्रमाण कर्मनिषेक होते हैं। इसी प्रकार वैक्रियिककाययोगवालोंके जानना चाहिये। नील आदि चार लेश्यावालोंके आयुकर्मका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध क्रमसे सत्रह सागरप्रमाण, सात सागरप्रमाण, साधिक दो सागरप्रमाण और साधिक अठारह सागरप्रमाण है, पूर्वकोटिका तीसरा भागप्रमाण आबाधा है और कर्मस्थितिप्रमाण कर्मनिषेक हैं।

विशेषार्थ—यहाँ सर्वप्रथम ओघसे आठों कर्मोंका उत्कृष्टस्थितिबन्ध, उत्कृष्ट आबाधा और उत्कृष्ट निषेकरचनाका निर्देश करके यह ओघप्ररूपणा जिन जिन मार्गणाओंमें सम्भव है उसका विचार किया गया है। आयुकर्मके सिवा सात कर्मोंकी आबाधा स्थितिबन्धमें गर्भित रहती है इसलिये इन कर्मोंकी निषेकरचना आबाधाको न्यून कर शेष स्थिति-प्रमाण कही गई है। पर आयुकर्ममें इस प्रकार स्थितिबन्धके अनुसार प्रतिभागसे आबाधा नहीं प्राप्त होती है किन्तु जिस पर्यायमें विवक्षित आयुका बन्ध होता है उस पर्यायकी शेष रही आयु ही बध्यमान आयुकर्मकी आबाधा होती है, इसलिये आयुकर्मके स्थितिबन्धमें यह आबाधा गर्भित न रहनेसे आयुकर्मकी उसका जितना स्थितिबन्ध होता है तत्प्रमाण निषेकरचना होती है। यहाँ जिन मार्गणाओंका निर्देश किया है उनमेंसे जिन मार्गणाओं में आयुकर्मके बन्धके सम्बन्धमें अपवाद है उसका पृथक्से निर्देश किया ही है। कारण स्पष्ट है।

२५. पंचेन्द्रिय तिर्यंच अपर्याप्तकोंके सात कर्मोंका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध अन्तःकोड़ा-कोड़ी है, अन्तर्मुहूर्त आबाधा है और आबाधासे न्यून कर्मस्थितिप्रमाण कर्मनिषेक हैं। आयुकर्मका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध पूर्वकोटि है, अन्तर्मुहूर्त आबाधा है और कर्मस्थितिप्रमाण कर्मनिषेक हैं। इसी प्रकार मनुष्य अपर्याप्त, पंचेन्द्रिय अपर्याप्त, त्रस अपर्याप्त और औदारिकमिश्रकाययोगी जीवोंके जानना चाहिये। तथा इसी प्रकार आनत कल्पसे लेकर सर्वार्थसिद्धितकके देव, वैक्रियिकमिश्रकाययोगी, आहारककाययोगी, आहारकमिश्रकाययोगी, कार्मणकाययोगी, आभिनिबोधिकज्ञानी, श्रुतज्ञानी, अवधिज्ञानी, मनःपर्ययज्ञानी, संयत, सामायिकसंयत, छेदोपस्थापनासंयत, परिहारविशुद्धिसंयत, संयतासंयत, अवधिदर्शनी, शुक्ल लेश्यावाले,

१. 'छण्णुणं वाहारे तम्मिस्से णत्थि देवाऊ ॥'-गो० क०, गा० ११८।

सम्मादिट्ठि-खइगस०-वेदग०-उवसमस०-सासण०-सम्मामि०-अणाहारग त्ति। णवरि आयुविसेसो। आणद याव सव्वट्ठ त्ति देवोघं। वेउव्वियमि०-कम्मइग०-उवसम०-सम्मामि०-अणाहार० आयुगं णत्थि। संजदासंजद० आयुग० उक्क० ट्ठिदि० वावीसं सागरोवमं। पुव्वकोडितिभागं आवाधा। कम्मट्ठिदी कम्मणिसेगो। सासणे आयुग० उक्क० एक्कत्तीसं सागरोवमं। पुव्वकोडितिभागं आवाधा। कम्मट्ठिदी[1] कम्मणिसेगो। आहारकायजोगी आदिं कादूण आयु० ओघं।

सम्यग्दृष्टि, क्षायिक सम्यग्दृष्टि, वेदकसम्यग्दृष्टि, उपशमसम्यग्दृष्टि, सासादनसम्यग्दृष्टि, सम्यक् मिथ्यादृष्टि और अनाहारक जीवोंके जानना चाहिये। किन्तु आयुकर्मके विषयमें कुछ विशेषता है। यथा—आनत कल्पसे लेकर सर्वार्थसिद्धितक देवोंके आयुकर्मका कथन सामान्य देवोंके समान है। तथा वैक्रियिकमिश्रकाययोगी, कार्मणकाययोगी, उपशमसम्यग्दृष्टि, सम्यग्मिथ्यादृष्टि और अनाहारक जीवोंके आयुकर्मका बन्ध नहीं होता। संयतासंयतोंके आयुकर्मका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध बाईस सागर होता है। पूर्वकोटिका तीसरा भाग प्रमाण आबाधा है और कर्मस्थितिप्रमाण कर्मनिषेक हैं। सासादनमें आयुकर्मका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध इकतीस सागर होता है, पूर्वकोटिका तीसरा भागप्रमाण आबाधा है और कर्मस्थितिप्रमाण कर्मनिषेक हैं। आहारककाययोगीसे लेकर शेषके आयुकर्मका विचार ओघके समान है।

विशेषार्थ—यहाँ पंचेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्त पदसे संज्ञी पंचेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्त जीव लिये गये हैं। अन्तःकोटाकोटी सागरसे आगेका स्थितिबन्ध संज्ञी पर्याप्त मिथ्यादृष्टि-के ही होता है। किन्तु यहाँ जितनी मार्गणाएँ गिनाई हैं उनमें जो पर्याप्त अवस्थासे सम्बन्ध रखनेवाली मार्गणाएँ हैं वे मिथ्यादृष्टि नहीं और जो मिथ्यात्व अवस्थासे सम्बन्ध रखनेवाली मार्गणाएँ हैं वे पर्याप्त नहीं, अतः इन सब मार्गणाओंमें आयुके सिवा शेष सात कर्मोंका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध अन्तःकोटाकोटी सागरप्रमाण बन जाता है। आयुकर्मके स्थितिबन्धके सम्बन्धमें जो विशेषता है वह अलगसे कही है। आनत कल्पसे लेकर सर्वार्थ-सिद्धि तकके देवोंके आयुकर्मका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध पूर्वकोटिप्रमाण ही होता है, परन्तु उत्कृष्ट आबाधा अन्तर्मुहूर्तप्रमाण न होकर छह महीनाकी होती है, इसलिये इनके आयुकर्म-के स्थितिबन्धका कथन पंचेन्द्रिय तिर्यंच अपर्याप्तकोंके समान न कह कर सामान्य देवोंके समान कहा है। वैक्रियिकमिश्रकाययोगी, कार्मणकाययोगी, उपशमसम्यग्दृष्टि, सम्यग्मिथ्या-दृष्टि और अनाहारक जीवोंके आयुकर्मका बन्ध नहीं होता यह स्पष्ट ही है। यहाँ जिस प्रकार वैक्रियिकमिश्रकाययोगमें आयुबन्धका निषेध किया है उस प्रकार आहारकमिश्रकाय-योगमें आयुबन्धका निषेध नहीं किया। इतना ही नहीं किन्तु इस व आगेके प्रकरणोंको देखनेसे विदित होता है कि महाबन्धके अनुसार आहारककाययोगके समान आहारक-मिश्रकाययोगमें भी आयुबन्ध होता है। किन्तु गोम्मटसार कर्मकाण्डमें आहारकमिश्रकाय-योगमें आयुबन्धका निषेध किया है। संयतासंयत जीवोंका गमन सोलवें कल्पतक और सासादनसम्यग्दृष्टियोंका गमन अन्तिम ग्रैवेयकतक होता है। इससे इनके आयुकर्मका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध क्रमसे बाईस और इकतीस सागर प्रमाण बतलाया है। शेष कथन सुगम है।

---

१. मूलप्रतौ—ट्ठिदी कम्माणं सेसाणं। आहार—इति पाठः।

२६. एइंदिएसु बादर-बादरपज्जत्तस्स सत्तण्णं कम्माणं उक्क० ट्ठिदिबंधो सागरोवमस्स तिण्णि सत्तभागा सत्त सत्तभागा वे सत्तभागा। अंतोमुहुत्तं आबाधा। आबाधूणिया कम्मट्ठिदी कम्मणिसेगो। आयुगस्स उक्कस्सट्ठिदिबंधो पुव्वकोडी। सत्तवस्ससहस्साणि सादिरेयाणि आबाधा। कम्मट्ठिदी कम्मणि०। बादरएइंदियअपज्जत्त-सुहुमएइंदियपज्जत्त-अपज्जत्ताणं सत्तण्णं कम्माणं उक्क० ट्ठिदिबं० सागरोवमस्स तिण्णि सत्तभागा सत्त सत्तभागा वे सत्तभागा पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागेण ऊणिया। अंतोमुहुत्तं आबाधा। आबाधूणिया कम्मट्ठिदी कम्म०। आयुगस्स उक्क० ट्ठिदिबं० पुव्वकोडी। अंतोमुहुत्तं आबाधा। कम्मट्ठिदी कम्म०। सव्वपुढ०-आउ०-तेउ०-वाउ०-वणप्फदि०-बादरवणप्फदिपत्तेगसरीर० एइंदियभंगो। णवरि आयु० उक्क० ट्ठिदि० पुव्वकोडी। सत्तवस्ससहस्साणि सादि० वेवस्ससहस्साणि सादि० एक्करादिंदिया० एक्कवस्ससहस्सा० तिण्णिवस्ससहस्साणि सादि० आबाधा। कम्म० कम्मणिसेगो। णिगोदजीवाणं सत्तण्णं कम्माणं पुढविकाइयभंगो। आयु० सव्वणियोदाणं सुहुमएइंदियभंगो।

---

२६. एकेन्द्रियोंमें बादर और बादर पर्याप्त जीवोंके सात कर्मोंका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध एक सागरका तीन बटे सात भाग, सात बटे सात भाग और दो बटे सात भागप्रमाण होता है। अन्तर्मुहूर्तप्रमाण आबाधा होती है और आबाधासे न्यून कर्मस्थितिप्रमाण कर्मनिषेक होते हैं। आयुकर्मका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध पूर्वकोटिप्रमाण है, साधिक सात हजार वर्ष प्रमाण आबाधा है और कर्मस्थितिप्रमाण कर्मनिषेक हैं। बादर एकेन्द्रिय अपर्याप्त, सूक्ष्म एकेन्द्रिय पर्याप्त और सूक्ष्म एकेन्द्रिय अपर्याप्त जीवोंके सात कर्मोंका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध एक सागरका पल्यका असंख्यातवाँ भाग कम तीन बटे सात भाग, सात बटे सात भाग और दो बटे सात भागप्रमाण है। अन्तर्मुहूर्तप्रमाण आबाधा है, और आबाधासे न्यून कर्मस्थितिप्रमाण कर्मनिषेक हैं। आयुकर्मका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध पूर्वकोटिप्रमाण है। अन्तर्मुहूर्त प्रमाण आबाधा है और कर्मस्थितिप्रमाण कर्मनिषेक हैं। सब पृथिवीकायिक, सब जलकायिक, सब अग्निकायिक, सब वायुकायिक, सब वनस्पतिकायिक और बादर वनस्पतिकायिक प्रत्येक शरीर जीवोंके सब कर्मोंका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध आदि एकेन्द्रियोंके समान है। इतनी विशेषता है कि आयुकर्मका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध पूर्वकोटिप्रमाण है, आबाधा क्रमसे साधिक सात हजार वर्ष, साधिक दो हजार वर्ष, एक दिनरात, एक हजार वर्ष और साधिक तीन हजार वर्ष प्रमाण है और कर्मस्थितिप्रमाण कर्मनिषेक हैं। निगोद जीवोंके सातों कर्मोंका स्थितिबन्ध आदि पृथिवीकायिक जीवोंके समान है। तथा सब निगोद जीवोंके आयुकर्मका स्थितिबन्ध आदि सूक्ष्म एकेन्द्रिय जीवोंके समान है।

विशेषार्थ—एकेन्द्रिय जीवोंके ज्ञानावरण, दर्शनावरण, वेदनीय और अन्तराय कर्मका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध एक सागरका तीन बटे सात भागप्रमाण होता है, मोहनीयका पूरा एक सागरप्रमाण होता है और नाम और गोत्रका एक सागरका दो बटे सात भागप्रमाण होता है। पर्याप्त एकेन्द्रियोंके और बादर पर्याप्त एकेन्द्रियोंके इन कर्मोंका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध इसी प्रकार होता है। शेष बादर अपर्याप्त, सूक्ष्म पर्याप्त और सूक्ष्म अपर्याप्त एकेन्द्रियोंके इसमेंसे पल्यका असंख्यातवाँ भाग कम कर देनेपर उत्कृष्ट स्थिति-

२७. वेइंदि०-तेइंदि०-चउरिंदि० तेसिं चेव पज्जत्ताणं सत्तरणं कम्माणं उक्क० ट्ठिदि० सागरोवमपणुवीसाए सागरोवमपण्णासाए सागरोवमसदस्स तिण्णि सत्त-भांगा सत्त सत्तभागा वे सत्तभागा। अंतोमु० आबाधा। [आबाहूणिया] कम्मट्ठिदी कम्म०। आयुग० उक्क० ट्ठिदि० पुव्वकोडी। चत्तारिवस्साणि सोलसरादिंदियाणि सादिरेयाणि वे मासं च आवाधा। कम्मट्ठिदी कम्म०। तेसिं चेव अपज्जत्ताणं सत्तरणं कम्माणं उक्क० ट्ठिदिं० एवं चेव। णवरि पलिदोवमस्स संखेज्जदिभागेण ऊणियं। [अंतोमुहुत्तमावाधा।] कम्मट्ठिदी कम्म०। आयु० पंचिंदिय-तिरिक्ख० अपज्जत्तभंगो।

बन्ध होता है। एकेन्द्रियोंमें सात कर्मोंके स्थितिवन्धका यह वीजपद है। इसी वीजपदके अनुसार पृथिवी कायिक आदिके वादर, सूक्ष्म और इनके पर्याप्त अपर्याप्त जीवोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्ध जानना चाहिये। आयुकर्मका उत्कृष्ट स्थितिवन्ध सर्वत्र एक पूर्वकोटिप्रमाण होता है। मात्र आवाधामें अन्तर है; क्योंकि सब जीवोंकी आयु अलग अलग कही है। इसलिये जिसकी जितनी उत्कृष्ट आयु कही है उसके अनुसार उसके आयुकर्मका उत्कृष्ट आवाधाकाल जानना चाहिये। यह उक्त कथनका तात्पर्य है।

२७. द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय और चतुरिन्द्रिय तथा इन्हींके पर्याप्त जीवोंके सात कर्मोंका उत्कृष्ट स्थितिवन्ध क्रमसे पच्चीस, पचास और सौ सागर का तीन वटे सात भाग, सात वटे सात भाग और दो वटे सात भागप्रमाण होता है। अन्तर्मुहूर्तप्रमाण आवाधा होती है और आवाधासे न्यून कर्मस्थितिप्रमाण कर्मनिषेक होते हैं। आयुकर्मका उत्कृष्ट स्थितिवन्ध पूर्वकोटिप्रमाण होता है, चार वर्ष, साधिक सोलह रातदिन और दो महीना प्रमाण उत्कृष्ट आवाधा होती है तथा कर्मस्थितिप्रमाण कर्मनिषेक होते हैं। इन्हीं अपर्याप्त जीवोंके सात कर्मोंका उत्कृष्ट स्थितिवन्ध इसी प्रकार होता है। इतनी विशेषता है कि वह पल्यका संख्यातवाँ भाग कम होता है। अन्तर्मुहूर्तप्रमाण आवाधा होती है और आवाधासे न्यून कर्मस्थितिप्रमाण कर्मनिषेक होते हैं। आयुकर्मका उत्कृष्ट स्थितिवन्ध आदि पंचेन्द्रिय तिर्यंच अपर्याप्तकोंके समान है।

विशेषार्थ—द्वीन्द्रिय और द्वीन्द्रिय पर्याप्त जीवोंके ज्ञानावरण, दर्शनावरण, वेदनीय और अन्तराय कर्मका उत्कृष्ट स्थितिवन्ध पच्चीस सागरका तीन वटे सात भागप्रमाण होता है, मोहनीयका पूरा पच्चीस सागरप्रमाण होता है तथा नाम और गोत्रका पच्चीस सागरका दो वटे सात भागप्रमाण होता है। द्वीन्द्रिय अपर्याप्तकोंके सर्वत्र पल्यका संख्या-तवाँ भाग कम करनेपर उत्कृष्ट स्थितिवन्ध होता है। त्रीन्द्रिय और त्रीन्द्रिय पर्याप्त जीवोंके ज्ञानावरण, दर्शनावरण, वेदनीय और अन्तराय कर्मका उत्कृष्ट स्थितिवन्ध पचास सागरका तीन वटे सात भागप्रमाण होता है, मोहनीयका पूरा पचास सागरप्रमाण होता है तथा नाम और गोत्रका पचास सागरका दो वटे सात भागप्रमाण होता है। त्रीन्द्रिय अपर्याप्तकोंके सर्वत्र पल्यका संख्यातवाँ भाग कम करनेपर उत्कृष्ट स्थितिवन्ध होता है। चतुरिन्द्रिय और चतुरिन्द्रिय पर्याप्तकोंके ज्ञानावरण, दर्शनावरण, वेदनीय और अन्तराय कर्मका उत्कृष्ट स्थितिवन्ध सौ सागरका तीन वटे सात भागप्रमाण होता है, मोहनीयका पूरा सौ सागरप्रमाण होता है तथा नाम और गोत्रका सौ सागरका दो वटे सात भाग-प्रमाण होता है। चतुरिन्द्रिय अपर्याप्तकोंके सर्वत्र पल्यका संख्यातवाँ भाग कम करने-

२८. अवगद० णाणावर०-दंसणावर०-अंतराइगाणं उक्क० ट्ठिदिबं० संखेज्जाणि वस्ससहस्साणि। अंतोमु० आबाधा। आबाधूणिया कम्मट्ठिदी कम्म०। वेदणीय-णामागोदाणं उक्क० ट्ठिदि० पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागो। अंतोमु० आबा०। आबाधू० कम्मट्ठिदी कम्मणि०। मोहणीय० उक्क० ट्ठिदीबं० संखेज्जाणि वाससदाणि। अंतोमुहुत्तं आबा०। आबाधूणि० कम्मट्ठिदी कम्म०। सुहुमसंप० तिण्णं कम्माणं उक्क० ट्ठिदिबं० मुहुत्तपुधत्तं। अंतोमु० आबा०। आबाधू० कम्मट्ठिदी कम्म०। वेदणीय-णामा-गोदाणं उक्क० ट्ठिदिबं० मासपुधत्तं। अंतोमु० आबाधा। आबाधू० कम्मट्ठिदी कम्म०।

२९. असण्णीसु सत्तण्णं कम्माणं उक्क० ट्ठिदिबं० सागरोवमसहस्सस्स तिण्णि सत्तभागा सत्त सत्तभागा वे सत्तभागा। अंतोमुहुत्तं आबा०। आबाधू० कम्मट्ठिदी कम्म०। आयुग० उक्क० ट्ठिदिबं० पलिदोवमस्स असंखे०भागो।

पर उत्कृष्ट स्थितिबन्ध होता है। आबाधा सर्वत्र अन्तर्मुहूर्त प्रमाण है। आयुकर्मका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध सर्वत्र एक पूर्वकोटिप्रमाण है। मात्र इसकी आबाधामें अन्तर है, सब भेदोंकी उत्कृष्ट आयु अलग अलग कही है। इसलिये जिसकी जितनी उत्कृष्ट आयु है उसके अनुसार उसके आयुकर्मका उत्कृष्ट आबाधाकाल जानना चाहिये। शेष कथन सुगम है।

२८. अपगतवेदवाले जीवोंके ज्ञानावरण, दर्शनावरण और अन्तराय कर्मका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध संख्यात हजार वर्षप्रमाण होता है, अन्तर्मुहूर्तप्रमाण आबाधा होती है और आबाधासे न्यून कर्मस्थितिप्रमाण कर्मनिषेक होते हैं। वेदनीय, नाम और गोत्रका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध पल्यका असंख्यातवाँ भागप्रमाण होता है, अन्तर्मुहूर्तप्रमाण आबाधा होती है और आबाधासे न्यून कर्म स्थितिप्रमाण कर्मनिषेक होते हैं। मोहनीय कर्मका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध संख्यात सौ वर्षप्रमाण होता है, अन्तर्मुहूर्तप्रमाण आबाधा होती है और आबाधासे न्यून कर्मस्थितिप्रमाण कर्मनिषेक होते हैं। सूक्ष्मसाम्पराय संयत जीवोंके तीन कर्मोंका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध मुहूर्तपृथक्त्वप्रमाण होता है, अन्तर्मुहूर्त प्रमाण आबाधा होती है और आबाधासे न्यून कर्मस्थितिप्रमाण कर्मनिषेक होते हैं। वेदनीय, नाम और गोत्रका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध मासपृथक्त्वप्रमाण होता है, अन्तर्मुहूर्तप्रमाण आबाधा होती है और आबाधासे न्यून कर्मस्थितिप्रमाण कर्मनिषेक होते हैं।

विशेषार्थ—यहाँ जो अपगतवेदी जीवके और सूक्ष्मसाम्परायसंयत जीवके कर्मोंका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध बतलाया है वह उपशमश्रेणीसे उतरनेवाले जीवके सूक्ष्मसाम्परायके अन्तिम समयमें और अपगतवेदके अन्तिम समयमें प्राप्त होता है। सूक्ष्मसाम्पराय गुणस्थानमें मोहनीयका और श्रेणिमें आयुकर्मका बन्ध नहीं होता, इसलिये सूक्ष्मसाम्परायसंयतके मोहनीय और आयुकर्मके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका और अपगतवेदी जीवके मात्र आयुकर्मके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका निर्देश नहीं किया। शेष कथन सुगम है।

२९. असंज्ञी जीवोंमें सात कर्मोंका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध एक हजार सागरका तीन बटे सात भाग, सात बटे सात भाग और दो बटे सात भागप्रमाण होता है, अन्तर्मुहूर्त प्रमाण आबाधा होती है और आबाधासे न्यून कर्मस्थितिप्रमाण कर्मनिषेक होते हैं। आयुकर्मका

पुव्वकोडितिभागं च आवाधा । कम्मट्ठिदी कम्म० । एवमुक्कस्सओ अद्धच्छेदो समत्तो ।

३०. जहण्णगे पगदं । दुविधो णिद्देसो—ओघेण आदेसेण य । तत्थ ओघेण णाणावर०-दंसणावर०-मोहणीय०-अंतराइगाणं जहण्णओ ट्ठिदिबंधो अंतो० । अंतोमुहुत्तं आवाधा । आवाधू० कम्मट्ठिदी कम्म० । वेदणीयस्स जहण्णओ ट्ठिदिबंधो वारस मुहुत्तं । अंतोमु० आवाधा । आवाधू० कम्मट्ठिदी कम्म० । आयुग० जह० ट्ठिदिबं० खुद्दाभवग्गहणं । अंतो० आवा० । कम्मट्ठिदी कम्म० । [णामागोदाणं जहण्णओ ट्ठिदिबंधो अट्ठ मुहुत्तं । अंतोमुहुत्तमाबाधा । आवाधूणिया कम्मट्ठिदी कम्मणिसेगो ।] एवमोघभंगो मणुस०३-पंचिंदिय-तस०२-पंचमण०-पंचवचि०-कायजोगि-ओरालियका०-अवगदवे०-लोभक०-आभि०-सुद०-ओधि०-मणपज्जव०-संजद-चक्खुदं०-अचक्खुदं०-ओधिदं०-सम्मादि०-खइगस०-सण्णि-आहारग त्ति । णवरि अवगदवे० आयुगं णत्थि । आभि०-सुद०-ओधिदं०-सम्मादि०-खइगस० आयुग० जह० ट्ठिदि० वासपुधत्तं । अंतोमु० आवाधा । कम्मट्ठिदी कम्मणिसेगो । मणपज्जव०-संजदा० आयुग० जह० ट्ठिदिबं० पलिदोवमपुधत्तं । अंतोमु० आवाधा ।

उत्कृष्ट स्थितिवन्ध पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण होता है, पूर्वकोटिके त्रिभागप्रमाण आबाधा होती है और कर्मस्थितिप्रमाण कर्मनिपेक होते हैं ।

विशेषार्थ—असंज्ञी जीवोंके मोहनीयका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध एक हजार सागरप्रमाण, ज्ञानावरण, दर्शनावरण, वेदनीय और अन्तरायका एक हजार सागरका तीन बटे सात भागप्रमाण तथा नाम और गोत्रका एक हजार सागरका दो बटे सात भाग प्रमाण होता है । असंज्ञी जीव मरकर प्रथम नरकमें और भवनत्रिकमें भी उत्पन्न होते हैं, इसलिए इस दृष्टिसे इनके आयुकर्मका उत्कृष्ट स्थितिवन्ध पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण होता है । शेष कथन सुगम है ।

इस प्रकार उत्कृष्ट अद्धाच्छेद समाप्त हुआ ।

३०. अब जघन्यका प्रकरण है । उसकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश । ओघसे ज्ञानावरण, दर्शनावरण, मोहनीय और अन्तराय कर्मका जघन्य स्थितिबन्ध अन्तर्मुहूर्तप्रमाण है, अन्तर्मुहूर्तप्रमाण आबाधा है और आबाधासे न्यून कर्मस्थितिप्रमाण कर्मनिपेक हैं । वेदनीय कर्मका जघन्य स्थितिबन्ध बारह मुहूर्त है, अन्तर्मुहूर्त आबाधा है और आबाधासे न्यून कर्मस्थितिप्रमाण कर्मनिषेक हैं । आयुकर्मका जघन्य स्थितिबन्ध क्षुल्लकभवग्रहण प्रमाण है, अन्तर्मुहूर्त आबाधा है और कर्मस्थितिप्रमाण कर्मनिषेक हैं । नाम और गोत्र कर्मका जघन्य स्थितिबन्ध अन्तर्मुहूर्त है, अन्तर्मुहूर्त आबाधा है और आबाधासे न्यून कर्मस्थितिप्रमाण कर्मनिपेक हैं । मनुष्यत्रिक, पंचेन्द्रियद्विक, त्रसद्विक, पाँच मनोयोगी, पाँच वचनयोगी, काययोगी, औदारिक काययोगी, अपगतवेदी, लोभकषायी, आभिनिबोधिकज्ञानी, श्रुतज्ञानी, अवधिज्ञानी, मनःपर्ययज्ञानी, संयत, चक्षुदर्शनी, अचक्षुदर्शनी, अवधिदर्शनी, सम्यग्दृष्टि, क्षायिकसम्यग्दृष्टि, संज्ञी और आहारक जीवोंके इसी प्रकार ओघके समान जानना चाहिये । इतनी विशेषता है कि अपगतवेदी जीवोंके आयुकर्मका वन्ध नहीं होता । आभिनिबोधिकज्ञानी, श्रुतज्ञानी, अवधिज्ञानी, सम्यग्दृष्टि और क्षायिकसम्यग्दृष्टि जीवोंके आयुकर्मका जघन्य स्थितिवन्ध वर्षपृथक्त्वप्रमाण होता है, अन्तर्मुहूर्त प्रमाण आबाधा होती है और कर्मस्थितिप्रमाण कर्मनिपेक होते हैं । *मनःपर्ययज्ञानी* और संयत

कम्मट्ठिदी कम्म० । सुक्कले० आयु० जह० ट्ठिदिबं० मासपुधत्तं । अंतोमु० आबाधा । कम्मट्ठिदी कम्मणिसेगो ।

३१. आदेसेण णिरयगदीए णेरइएसु सत्तण्णं कम्माणं जह० ट्ठिदिबं० सागरोवमसहस्सस्स तिण्णि-सत्त भागा सत्त-सत्त भागा बे-सत्त भागा पलिदो० संखेज्जदिभागेण ऊणियं । अंतोमु० आबाधा । आबाधू० कम्मट्ठिदी कम्म० । आयुग० जह० ट्ठिदिबं० अंतो० । अंतोमु० आबाधा । कम्मट्ठिदी कम्म० । एवं पढम-

जीवोंके आयुकर्मका जघन्य स्थितिबन्ध पल्योपमपृथक्त्वप्रमाण होता है, अन्तर्मुहूर्त प्रमाण आबाधा होती है और कर्मस्थितिप्रमाण कर्मनिषेक होते हैं। शुक्ललेश्यावालोंके आयुकर्मका जघन्य स्थितिबन्ध मासपृथक्त्वप्रमाण होता है, अन्तर्मुहूर्तप्रमाण आबाधा होती है और कर्मस्थितिप्रमाण कर्मनिषेक होते हैं।

विशेषार्थ—ओघसे ज्ञानावरण, दर्शनावरण, वेदनीय, नाम, गोत्र और अन्तराय कर्मका जघन्य स्थितिबन्ध क्षपक सूक्ष्मसाम्परायके अन्तिम समयमें होता है। मोहनीयका जघन्य स्थितिबन्ध क्षपक अनिवृत्तिकरणके अन्तिम समयमें होता है और आयुकर्मका जघन्य स्थितिबन्ध मिथ्यात्व गुणस्थानमें होता है। यहाँ अन्य जिन मार्गणाओंमें ओघप्ररूपणा कही है उनमें आयुके सिवा सात कर्मोंका तो ओघके समान स्थितिबन्ध बन जाता है, क्योंकि उन सब मार्गणाओंमें क्षपकश्रेणिकी प्राप्ति सम्भव है। किन्तु उक्त मार्गणाओंमेंसे जिन मार्गणाओंमें मिथ्यात्व गुणस्थानकी प्राप्ति सम्भव नहीं है उनमें आयुकर्मके स्थितिबन्धके सम्बन्धमें कुछ विशेषता है जिसका निर्देश मूलमें ही किया है। खुलासा इस प्रकार है—श्रेणिमें आयुबन्ध नहीं होता इसलिये अपगतवेदीके आयुकर्मके बन्धका निषेध किया है। आभिनिबोधिक ज्ञान, श्रुतज्ञान, अवधिज्ञान, सम्यग्दृष्टि और क्षायिकसम्यग्दृष्टि ये मार्गणाएँ मनुष्यगति और तिर्यंचगतिके समान नरकगति और देवगतिमें भी सम्भव हैं। यतः नरकगतिमें सम्यक्त्व अवस्थामें जघन्य स्थितिबन्ध वर्षपृथक्त्वप्रमाण होता है अतः इन मार्गणाओंमें आयुकर्मका जघन्य स्थितिबन्ध वर्षपृथक्त्वप्रमाण कहा है। मनःपर्ययज्ञानी और संयत मनुष्य ही होते हैं। इनके संक्लेश परिणामोंकी बहुलता होनेपर छठवें गुणस्थानमें पल्योपमपृथक्त्वप्रमाण आयुबन्ध होता है। इसीसे इन मार्गणाओंमें आयुकर्मका जघन्य स्थितिबन्ध, उक्त प्रमाण कहा है। शुक्ललेश्या मिथ्यात्व गुणस्थानमें भी सम्भव है। यदि शुक्ललेश्यारूप परिणामोंके हायमान होनेपर आयुबन्ध हो तो मासपृथक्त्व प्रमाण स्थितिबन्ध सम्भव है। इसीसे शुक्ललेश्यामें उक्त प्रमाण जघन्य स्थितिबन्ध कहा है। शेष कथन सुगम है।

३१. आदेशसे नरकगतिमें नारकियोंमें सात कर्मोंका जघन्य स्थितिबन्ध एक हजार सागरका पल्यका संख्यातवां भागकम तीन बटे सात भाग, सात बटे सात भाग और दो बटे सात भाग प्रमाण होता है, अन्तर्मुहूर्तप्रमाण आबाधा होती है और आबाधासे न्यून कर्मस्थितिप्रमाण कर्मनिषेक होते हैं। आयुकर्मका जघन्य स्थितिबन्ध अन्तर्मुहूर्त प्रमाण होता है, अन्तर्मुहूर्तप्रमाण आबाधा होती है और आबाधासे न्यून कर्मस्थितिप्रमाण कर्मनिषेक होते हैं। इसी प्रकार प्रथम पृथिवी देव, भवनवासीदेव और व्यन्तर देवोंमें जानना

---

१. गो० क०, गा० १३६।

पुढवीए देवा-भवण०-वाणवें० । एवं चेव सव्वपंचिंदियतिरिक्ख-मणुसअपज्जत्त-पंचिंदियअपज्जत्ता० । णवरि आयु० ओघं ?

३२. विदियाए याव सत्तमा त्ति सत्तण्णं कम्माणं जह० ट्ठिदिबं० अंतोकोडाकोडी । अंतोमुहुत्तं आबाधा । आबाधू० कम्मट्ठिदिकम्म० । आयु० णिरयोघं । एवं जोदिसिय याव सव्वट्ठ त्ति वेउव्वियका०-वेउव्वियमि०-आहार०-आहारमि०-विभंग०-परिहार०-संजदासंजद०-तेउले०-पम्मले०-वेदगस०-सासण०-सम्मामि० । णवरि एदेसु आयु० विसेसो । जोदिसिय-सोधम्मीसाण० आयु० जह० ट्ठिदि० अंतो० । सणक्कुमार-माहिंद० मुहुत्तपुधत्तं । बह्म-बह्मुत्तर-लंतव-काविट्ठ० दिवसपुधत्तं । सुक्क-महासुक्क-सदर-सहस्सार० पक्खपुधत्तं । आणद-पाणद-आरण-अच्चुद० मासपुधत्तं । उवरि याव सव्वट्ठ त्ति वासपुधत्तं । अंतोमु० आबा० । कम्मट्ठिदी कम्म० । वेउ-

---

चाहिये । तथा इसी प्रकार सब पंचेन्द्रिय तिर्यंच, मनुष्य अपर्याप्त और पंचेन्द्रिय अपर्याप्त जीवों के जानना चाहिये । किंतु इतनी विशेषता है कि इनके आयुकर्मका कथन ओघके समान है ।

विशेषार्थ—असंज्ञी जीव मर कर नरकमें उत्पन्न हो सकता है और ऐसे जीवके अपर्याप्त अवस्थामें असंज्ञीके योग्य बन्ध होता रहता है । इसीसे नरकमें सात कर्मोंका जघन्य स्थितिबन्ध उक्त प्रमाण कहा है । संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त गर्भजकी जघन्य आयु अन्तर्मुहूर्त प्रमाण होनेसे नरकमें आयुकर्मका जघन्य स्थितिबन्ध अन्तर्मुहूर्तप्रमाण कहा है । असंज्ञी जीव मर कर प्रथम नरक, भवनवासी और व्यन्तर देवोंमें उत्पन्न हो सकता है । इसीसे इन मार्गणाओंमें सामान्य नारकियोंके समान जघन्य स्थितिबन्ध कहा है । सब पंचेन्द्रिय तिर्यंच, मनुष्य अपर्याप्त और पंचेन्द्रिय अपर्याप्त इन मार्गणाओंमें यद्यपि एकेन्द्रिय जीव भी मर कर उत्पन्न होता है पर इन मार्गणाओंमें उत्पन्न होनेके बाद अपर्याप्त अवस्था में सात कर्मोंका जघन्य स्थितिबन्ध असंज्ञीके होनेवाले स्थितिबन्धसे कम नहीं होता ऐसा नियम है । यही कारण है कि इन मार्गणाओंमें भी सात कर्मोंका जघन्य स्थितिबन्ध उक्त प्रमाण कहा है । इन मार्गणाओंमें आयुकर्मका जघन्य स्थितिबन्ध क्षुद्रकभव स्थिति-प्रमाण होनेसे आयुकर्मकी प्ररूपणा ओघके समान कही है । शेष कथन सुगम है ।

३२. दूसरी पृथिवीसे लेकर सातवीं पृथिवी तक सातों कर्मोंका जघन्य स्थितिबन्ध अन्तःकोडीकोडीसागरप्रमाण होता है, अन्तर्मुहूर्तप्रमाण आबाधा होती है और आबाधासे न्यून कर्मस्थितिप्रमाण कर्मनिषेक होता है । आयुकर्मका कथन सामान्य नारकियोंके समान है । इसी प्रकार ज्योतिषियोंसे लेकर सर्वार्थसिद्धि तकके देवोंके तथा वैक्रियिककाययोगी, वैक्रियिकमिश्रकाययोगी, आहारककाययोगी, आहारकमिश्रकाययोगी, विभङ्गज्ञानी, परिहार-विशुद्धिसंयत, संयतासंयत, पीतलेश्यावाले, पद्मलेश्यावाले, वेदकसम्यग्दृष्टि सासादनसम्यग्दृष्टि और सम्यग्मिथ्यादृष्टि जीवोंके जानना चाहिये । इतनी विशेषता है कि इन मार्गणाओंमें आयुकर्मके सम्बन्धमें कुछ विशेषता है—ज्योतिषी देव तथा सौधर्म और ऐशान कल्पमें आयुकर्मका जघन्य स्थितिबन्ध अन्तर्मुहूर्तप्रमाण होता है । सानत्कुमार और माहेन्द्रमें मुहूर्तपृथक्त्वप्रमाण होता है । ब्रह्म, ब्रह्मोत्तर और लान्तव कापिष्ठमें दिवसपृथक्त्वप्रमाण होता है । शुक्र महाशुक्र और शतार सहस्रारमें पक्षपृथक्त्वप्रमाण होता है । आनत प्राणत और आरण अच्युतमें मासपृथक्त्वप्रमाण होता है । आगे सर्वार्थसिद्धि तक वर्षपृथक्त्वप्रमाण

व्वियका० आयु० देवोघं। आहार०-आहारमि० आयु० जह० ट्ठिदिबं० पलिदोवम-पुधत्तं। अंतोमु० आबाधा। कम्मट्ठिदी कम्म०। एवं परिहार०-संजदासंजदा० त्ति। विभंगे आयु० ओघं। तेउलेस्सिया० सोधम्मभंगो। पम्माए सणक्कुमारभंगो। वेदगे आयु० ओधिभंगो। सासणे देवोघं।

३३. तिरिक्खेसु सत्तण्णं कम्माणं जह० ट्ठिदि० सागरोवमस्स तिण्णिसत्त भागा सत्तसत्त भागा वेसत्त भागा पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागेण ऊणिया। अंतोमु० आबा०। आबाधू० कम्मट्ठिदी क०। आयु० ओघं। एवं तिरिक्खभंगो सव्वएइंदिय-सव्वपंचकाय-ओरालियमि०-कम्मइ०-मदि०-सुद०-असंजद०-किण्ण०-णील-काउ०-अब्भसि०-मिच्छादि०-असण्णि-अणाहारग त्ति। णवरि कम्मइ०-अणाहार० आयुगं णत्थि।

होता है। अन्तमुहूर्तप्रमाण आबाधा होती है और कर्मस्थितिप्रमाण कर्मनिषेक होता है। वैक्रियिक काययोगमें आयुकर्मका विचार सामान्य देवोंके समान है। आहारककाययोगी और आहारकमिश्रकाययोगी जीवोंमें आयुकर्मका जघन्य स्थितिबन्ध पल्योपमपृथक्त्वप्रमाण होता है। अन्तमुहूर्तप्रमाण आबाधा होती है और कर्मस्थितिप्रमाण कर्मनिषेक होते हैं। इसी प्रकार परिहारविशुद्धिसंयत और संयतासंयत जीवोंके जानना चाहिये। विभंगज्ञानमें आयुकर्मका कथन ओघके समान है। पीतलेश्यावालोंके आयुकर्मका कथन सौधर्मकल्पके समान है। पद्मलेश्यावालोंके आयुकर्मका कथन सानत्कुमार कल्पके समान है। वेदकसम्यग्दृष्टियोंके आयुकर्मका कथन अवधिज्ञानियोंके समान है और सासादनमें आयुकर्मका कथन सामान्य देवोंके समान है।

विशेषार्थ—संज्ञी पंचेन्द्रियपर्याप्तके जघन्य स्थितिबन्ध अन्तःकोडाकोडीसे कम नहीं होता। इसी नियम कोध्यानमें रखकर इन दूसरी पृथिवी आदि मार्गणाओंमें सात कर्मोंका स्थितिबन्ध कहा गया है। यद्यपि दूसरी पृथिवी आदिक मार्गणाओंमें निवृत्त्यपर्याप्त अवस्था भी होती है पर यहां संज्ञी जीव ही मर कर उत्पन्न होता है इसलिये यहां किसी भी हालतमें इससे कम स्थितिबन्ध सम्भव नहीं है। आयुकर्मके स्थितिबन्धमें जहां जो विशेषता कही है वह जानकर समझ लेना चाहिये।

३३. तिर्यंचोंमें सात कर्मोंका जघन्य स्थितिबन्ध एक सागरका पल्यका असंख्यातवां भाग कम तीन बटे सात भाग, सातबटे सात भाग और दो बटे सात भागप्रमाण होता है। अन्तमुहूर्तप्रमाण आबाधा होती है और आबाधासे न्यून कर्मस्थितिप्रमाण कर्मनिषेक होता है। आयुकर्मका कथन ओघके समान है। इसी प्रकार सब एकेन्द्रिय, सब पांचों कायवाले, औदारिकमिश्रकाययोगी, कार्मणकाययोगी, मत्यज्ञानी, श्रुताज्ञानी, असंयत, कृष्णलेश्यावाले, नीललेश्यावाले, कापोतलेश्यावाले, अभव्य, मिथ्यादृष्टि, असंज्ञी और अनाहारक जीवोंके तिर्यंचोंके समान जानना चाहिये। इतनी विशेषता है कि कार्मणकाययोगी और अनाहारक जीवोंके आयुकर्मका बन्ध नहीं होता।

विशेषार्थ—तिर्यंचगतिमें जघन्य स्थितिबन्धके विचारमें एकेन्द्रियोंकी मुख्यता है। उनके जो जघन्य स्थितिबन्ध होता है वही तिर्यंचगतिमें समझना चाहिये। यहां अन्य जितनी मार्गणाएं गिनाई हैं वे सब एकेन्द्रिय जीवोंके सम्भव हैं, इसलिये उन मार्गणाओंमें भी यही व्यवस्था जाननी चाहिये। इन सब मार्गणाओंमें आयुकर्मका जघन्य स्थितिबन्ध क्षुल्लकभवप्रमाण होता है इसलिये आयुकर्मका कथन ओघके समान कहा है।

३४. वीइंदि०-तीइंदिय-चउरिंदि० तेसिं चेव पज्जत्तापज्जत्ताणं सत्तएणं क० जह० ट्ठिदिवं० सागरोवमपणुवीसाए सागरोवमपएणासाए सागरोवमसदस्स तिण्णिसत्त भागा सत्तसत्त भागा वेसत्त भागा पलिदोवमस्स संखेज्जदिभागेण ऊणियं। अंतोमु० आवाधा। आवाधू० कम्मट्ठिदी कम्म०। आयुगस्स ओघं। तसपज्जत्त० वीइंदियभंगो।

३५. इत्थि०–णवुंस० णाणावर०–दंसणावर०–अंतराइ० जह० ट्ठिदिवं० संखेज्जाणि वस्ससहस्साणि। अंतोमु० आवा०। आवाधू० कम्मट्ठिदिक०। वेदणीय-णामा-गोदाणं जह० ट्ठिदिवं० पलिदो० असंखेज्जदिभागो। अंतो० आवा०। आवाधू० कम्मट्ठिदी क०। मोहणी० जह० ट्ठिदिवं० संखेज्जाणि वस्ससदाणि। अंतो० आवा०। आवाधू० कम्मट्ठिदी क०। आयु० ओघं। पुरिसवे० छएणं कम्माणं जह० ट्ठिदिवं० संखेज्जाणि वस्ससहस्साणि। अंतो० आवा०। आवाधू० कम्मट्ठिदी कम्म०। मोहणीय० सोलस वासाणि। अंतो० आवाधा। आवाधू० कम्मट्ठिदी क०। आयु० ओघं। अथवा णाणावर०-दंसणावर०-अंतराइगाणं जह० ट्ठिदिवं० संखेज्जाणि वस्ससदाणि। अंतो० आवा०। आवाधू० कम्मट्ठिदी क०।

३४. द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय और चतुरिन्द्रिय जीवोंके तथा इन्हींके पर्याप्त और अपर्याप्त जीवोंके सात कर्मोंका जघन्य स्थितिवन्ध क्रमसे पच्चीस सागरका, पचास सागरका और सौ सागरका पल्यका संख्यातवां भाग कम तीन वटे सात भाग, सात वटे सात भाग और दो वटे सात भागप्रमाण होता है, अन्तमुंहूर्तप्रमाण आवाधा होती है और आवाधासे न्यून कर्मस्थितिप्रमाण कर्मनिषेक होता है। आयुकर्मका विचार ओघके समान है। त्रस-पर्याप्तका विचार द्वीन्द्रियोंके समान है।

३५. स्त्रीवेदी और नपुंसकवेदी जीवोंके ज्ञानावरण, दर्शनावरण और अन्तराय कर्मका जघन्य स्थितिवन्ध संख्यात हजार वर्षप्रमाण होता है, अन्तमुंहूर्तप्रमाण आवाधा होती है और आवाधासे न्यून कर्मस्थितिप्रमाण कर्मनिपेक होता है। वेदनीय, नाम और गोत्रकर्मका जघन्य स्थितिवन्ध पल्यका असंख्यातवां भागप्रमाण होता है, अन्तमुंहूर्त आवाधा होती है और आवाधासे न्यून कर्मस्थितिप्रमाण कर्मनिपेक होता है। मोहनीय कर्मका जघन्य स्थितिवन्ध संख्यात सौ वर्षप्रमाण होता है, अन्तमुंहूर्तप्रमाण आवाधा होती है और आवाधासे न्यून कर्मस्थितिप्रमाण कर्मनिपेक होता है। आयुकर्मका विचार ओघके समान है। पुरुपवेदवाले जीवोंके छः कर्मोंका जघन्य स्थितिवन्ध संख्यात हजार वर्षप्रमाण होता है, अन्तमुंहूर्तप्रमाण आवाधा होती है और आवाधासे न्यून कर्मस्थितिप्रमाण कर्मनिषेक होता है। मोहनीय कर्मका जघन्य स्थितिवन्ध सोलह वर्षप्रमाण होता है, अन्तमुंहूर्तप्रमाण आवाधा होती है, और आवाधासे न्यून कर्मस्थितिप्रमाण कर्मनिषेक होता है। आयुकर्मका विचार ओघके समान है। अथवा, ज्ञानावरण, दर्शनावरण और अन्तराय कर्मका जघन्य स्थितिवन्ध संख्यात सौ वर्षप्रमाण होता है, अन्तमुंहूर्तप्रमाण आवाधा होती है और आवाधासे न्यून कर्मस्थितिप्रमाण कर्मनिपेक होता है।

विशेपार्थ—तीन वेदवाले जीवोंके सात कर्मोंका यह जघन्य स्थिति वन्ध क्षपक श्रेणीमें प्राप्त होता है और आयु कर्मका जघन्य स्थितिबन्ध मिथ्यात्व गुणस्थानमें प्राप्त होता है, क्योंकि ओघके समान क्षुल्लक भवप्रमाण जघन्य स्थितिवन्ध वहींपर सम्भव है। अन्यत्र

३६. कोध-माण-माय० छण्णं कम्माणं संखेज्जाणि वस्ससहस्साणि। अंतोमु० आवा०। आबाधू० कम्मट्ठिदी कम्म०। मोहणीय० जह० ट्ठिदिबं० कोधे वे मासा, माणे मासं, मायाए पक्खं। सव्वाणं अंतो० आवा०। आबाधू०। आयु० ओघं। अधवा कोधे सत्तण्णं कम्माणं पुरिसभंगो। णवरि, मोह० जह० ट्ठिदिबं० वेमासं। अंतो० आवा०। आबाधू० कम्मट्ठि०। माणे तिण्णिक० जह० ट्ठिदिबं० वासपुधत्तं०। अंतो० आवा०। [आबाधूणिया कम्म०।] वेदणीय-णामा-गोदाणं जह० ट्ठिदिबं० संखेज्जाणि वाससदाणि। अंतोमु० आवा०। आबाधू०। मोहणीय० जह० मासं। अंतो० आबाधा०। [आबाधूणिया कम्म०]। मायाए तिण्णं कम्माणं जह० मासपुधत्तं। अंतो० आबाधा०। [आबाधूणिया कम्म०।] वेदणीय-णामा-गोदाणं जह०-वासपुधत्तं। अंतो० आबाधा०। [आबाधूणिया कम्म०।] मोहणी० जह० पक्खं। अंतो० आवा०। आबाधू०।

आयुकर्मका इतना कम स्थिति बन्ध नहीं होता। यहाँ पुरुषवेदमें 'अथवा' कहकर विकल्पान्तरकी सूचना की है सो विचारकर इस कथनका सामंजस्य बिठला लेना चाहिए। दूसरे विकल्पद्वारा इसी बातकी सूचना की है। इसीसे पुरुषवेदमें वेदनीय, नाम और गोत्रका जघन्य स्थितिबन्ध संख्यात हजार वर्ष प्रमाण तथा ज्ञानावरण, दर्शनावरण और अन्तरायका जघन्य स्थिति बन्ध संख्यात सौ वर्ष प्रमाण कहा है।

३६. क्रोध, मान और माया कषायवाले जीवोंके छह कर्मोंका जघन्य स्थितिबन्ध संख्यात हजार वर्ष प्रमाण होता है। अन्तर्मुहूर्तप्रमाण आबाधा होती है और आबाधासे न्यून कर्मस्थितिप्रमाण कर्म निषेक होता है। मोहनीय कर्मका जघन्य स्थितिबन्ध क्रोधकषायवालेके दो महीना, मान कषायवालेके एक महीना और माया कषायवालेके एक पक्षप्रमाण होता है। सब कर्मोंकी अन्तर्मुहूर्तप्रमाण आबाधा होती है और आबाधासे न्यून कर्मस्थिति प्रमाण कर्मनिषेक होता है। आयु कर्मका जघन्य स्थितिबन्ध ओघके समान है। अथवा क्रोधकषायवालेके सात कर्मोंका जघन्य स्थितिबन्ध पुरुष वेदवालेके समान है। इतनी विशेषता है कि मोहनीय कर्मका जघन्य स्थितिबन्ध दो महीना है। अन्तर्मुहूर्तप्रमाण आबाधा है और आबाधासे न्यून कर्म स्थिति प्रमाण कर्मनिषेक है। मानकषायवालेके तीन कर्मोंका जघन्य स्थितिबन्ध वर्षप्रथक्त्व प्रमाण है। अन्तर्मुहूर्तप्रमाण आबाधा है और आबाधसे न्यून कर्म स्थितिप्रमाण कर्मनिषेक है। वेदनीय, नाम और गोत्र कर्मका जघन्य स्थितिबन्ध संख्यात सौ वर्ष है। अन्तर्मुहूर्तप्रमाण आबाधा है और आबाधासे न्यून कर्मस्थितिप्रमाण कर्मनिषेक है। मोहनीयकर्मका जघन्य स्थितिबन्ध एक महीना है। अन्तर्मुहूर्तप्रमाण आबाधा है और आबाधसे न्यून कर्मस्थितिप्रमाण कर्मनिषेक है। माया कषायवालेके तीन कर्मका जघन्य स्थितिबन्ध मासपृथक्त्वप्रमाण है। अन्तर्मुहूर्तप्रमाण आबाधा है और आबाधासे न्यून कर्मस्थितिप्रमाण कर्मनिषेक है। वेदनीय, नाम और गोत्रकर्मका जघन्य स्थितिबन्ध वर्ष-पृथक्त्वप्रमाण है। अन्तर्मुहूर्तप्रमाण आबाधा है और आबाधासे न्यून कर्मस्थितिप्रमाण कर्मनिषेक है। मोहनीय कर्मका जघन्य स्थितिबन्ध पक्ष प्रमाण है। अन्तर्मुहूर्तप्रमाण आबाधा है और आबाधासे न्यून कर्मस्थितिप्रमाण कर्मनिषेक है।

विशेषार्थ—उक्त तीन कषायवाले जीवोंके सात कर्मोंका जघन्य स्थितिबन्ध क्षपक-

३७. सामाइय-च्छेदोवट्ठावण० तिण्णि कम्माणं जह० मुहुत्तपुधत्तं। अंतो० आवा०। [आवाधूणि०]। वेदणीय-णामा-गोदाणं मासपुधत्तं। अंतो० आवा०। [आवाधू०।] मोह० ओघं। आयुग० जह० पलिदोवमपुधत्तं। अंतोमु० आवाधा०। [कम्मट्ठिदी कम्म०।] सुहुमसंप० छण्णं कम्माणं ओघं।

३८. उवसमस० चदुण्णं कम्माणं जह० [वे अंतोमुहु०] अंतो० आवा०। [आवाधू०।] वेदणी० जह० चउवीसं मुहुत्तं। अंतो० आवाधा०। [आवाधू०।] णामा-गोदाणं जह० सोलस मुहुत्तं। अंतो आवा०। [आवाधू०।] एवं जहण्णओ अद्धच्छेदो समत्तो।

एवं अद्धच्छेदो समत्तो।

श्रेणीमें और आयु कर्मका मिथ्यात्व गुणस्थानमें होता है यहाँ भी विकल्पान्तरके सम्बन्धमें वही बात जाननी चाहिए जिसका निर्देश पुरुषवेदके समय कर आये हैं।

३७. सामायिक और छेदोपस्थापनाशुद्धिसंयत जीवोंके तीन कर्मोंका जघन्य स्थितिबन्ध मुहूर्तपृथक्त्वप्रमाण है, अन्तर्मुहूर्तप्रमाण आबाधा है और आबाधासे न्यून कर्मस्थितिप्रमाण कर्मनिषेक है। वेदनीय, नाम और गोत्र कर्मका जघन्य स्थितिबन्ध मासपृथक्त्वप्रमाण है, अन्तर्मुहूर्तप्रमाण आबाधा है और आबाधासे न्यून कर्मस्थितिप्रमाण कर्मनिषेक है। मोहनीय कर्मका जघन्य स्थितिबन्ध, आबाधा और निषेक रचना ओघके समान है। आयुकर्मका जघन्य स्थितिबन्ध पल्यपृथक्त्वप्रमाण है, अन्तर्मुहूर्तप्रमाण आबाधा है और कर्मस्थितिप्रमाण कर्मनिषेक है। सूक्ष्मसाम्पराय संयतके छह कर्मोंका जघन्य स्थितिबन्ध, आबाधा और निषेक रचना ओघके समान है।

विशेषार्थ—उक्त दोनों संयम छठवें गुणस्थानसे लेकर नौवें गुणस्थान तक होते हैं। इसलिये क्षपकश्रेणीके नौवें गुणस्थानमें जहाँ जिस कर्मका जघन्य स्थितिबन्ध होता है वहाँ इनमें जघन्य स्थितिबन्ध जानना चाहिये। आयुकर्मका पल्योपमपृथक्त्वप्रमाण जघन्य स्थितिबन्ध प्रमत्तसंयतके संक्लेश परिमाणोंकी प्रचुरताके होनेपर होता है। ओघसे छह कर्मोंका जघन्य स्थितिबन्ध आदि क्षपक सूक्ष्मसाम्पराय गुणस्थानमें ही प्राप्त होता है। इसीसे सूक्ष्मसाम्परायसंयतके छह कर्मोंका जघन्य स्थितिबन्ध आदि ओघके समान कहा है।

३८. उपशमसम्यग्दृष्टि जीवोंके चार कर्मोंका जघन्य स्थितिबन्ध दो अन्तर्मुहूर्त प्रमाण है, अन्तर्मुहूर्तप्रमाण आबाधा है और आबाधसे न्यून कर्मस्थितिप्रमाण कर्मनिषेक है। वेदनीयका जघन्य स्थितिबन्ध चौबीस मुहूर्त है, अन्तर्मुहूर्तप्रमाण आबाधा है और आबाधासे न्यून कर्मस्थितिप्रमाण कर्मनिषेक है। नाम और गोत्रका जघन्य स्थितिबन्ध सोलह मुहूर्त है। अन्तर्मुहूर्तप्रमाण आबाधा है और आबाधासे न्यून कर्मस्थितिप्रमाण कर्मनिषेक है।

विशेषार्थ—उपशम सम्यग्दृष्टिके यह जघन्य स्थितिबन्ध उपशमश्रेणीमें प्राप्त होता है जो क्षपक श्रेणिमें प्राप्त हुए जघन्य स्थितिबन्धसे दूना होता है।

इस प्रकार जघन्य अद्धाच्छेद समाप्त हुआ।

इस प्रकार अद्धाच्छेद समाप्त हुआ।

सव्व-णोसव्वबंधपरूवणा

३९. यो सो सव्वबंधो [णोसव्वबंधो] णाम तस्स इमो णिद्देसो—ओघेण आदेसेण य। तत्थ ओघेण णाणावरणीयस्स ट्ठिदिबंधो किं सव्वबंधो णोसव्वबंधो? सव्वबंधो वा णोसव्वबंधो वा। सव्वाओ ट्ठिदी बंधदि त्ति सव्वबंधो। तदो [ऊणियं] ट्ठिदिं बंधदि त्ति णोसव्वबंधो। एवं सत्तण्णं कम्माणं। एवं आणाहारग त्ति णेदव्वं।

उक्कस्स-अणुक्कस्सबंधपरूवणा

४०. यो सो उक्कस्सबंधो अणुक्कस्सबंधो णाम तस्स इमो णिद्देसो—ओघेण आदेसेण य। तत्थ ओघेण णाणावरणीयस्स ट्ठिदिबंधो किं उक्कस्सबंधो अणुक्कस्सबंधो? उक्कस्सबंधो वा अणुक्कस्सबंधो वा। सव्वुक्कस्सियं ट्ठिदिं बंधदि त्ति उक्कस्सबंधो।

सर्वबन्ध नोसर्वबन्धप्ररूपणा

३९. जो सर्वबन्ध और नोसर्वबन्ध है उसका यह निर्देश है—ओघनिर्देश और आदेशनिर्देश। इनमेंसे ओघकी अपेक्षा ज्ञानवारणीयके स्थितिबन्धका क्या सर्वबन्ध होता है या नोसर्वबन्ध होता है? सर्वबन्ध भी होता है और नोसर्वबन्ध भी होता है। सब स्थितियोंको बाँधता है इसलिये सर्वबन्ध होता है और उससे न्यून स्थितियोंको बाँधता है इसलिये नोसर्वबन्ध होता है। इसी प्रकार सात कर्मोंका कथन करना चाहिए। इस प्रकार अनाहारक मार्गणातक जानना चाहिये।

विशेषार्थ—यहाँ ज्ञानावरण आदि आठों कर्मोंके स्थितिबन्धका सर्वबन्ध भी होता है और नोसर्वबन्ध भी होता है यह बतलाया है। जब विवक्षित कर्मकी सब स्थितियोंका बन्ध होता है तब सर्वबन्ध होता है, अन्यथा नोसर्वबन्ध होता है। उदाहरणार्थ—ओघसे ज्ञानावरणकी सब स्थितियाँ तीस कोड़ाकोड़ी सागरप्रमाण हैं। जब इन सब स्थितियोंका बन्ध होता है तब सर्वबन्ध कहलाता है और जब इससे न्यून बन्ध होता है तब नोसर्वबन्ध कहलाता है। इसी प्रकार अन्य सात कर्मोंकी अलग अलग सब स्थितियोंका विचार कर सर्वबन्ध और नोसर्वबन्धका कथन करना चाहिये। मार्गणाओंमें विचार करते समय जिन मार्गणाओंमें यह ओघ प्ररूपणा घटित हो जाय वहाँ ओघके समान जानना चाहिये और जिन मार्गणाओंमें ओघरूपणा घटित न हो वहाँ आदेशसे जहाँ जो उत्कृष्ट स्थिति हो उसे ध्यानमें रखकर सर्वबन्ध और नोसर्वबन्धका विचार करना चाहिये। उदाहरणार्थ—चारों गति, पंचन्द्रिय जाति, त्रसकाय, तीन योग, तीन वेद, चार कषाय, मत्यज्ञान, श्रुताज्ञान, विभंगज्ञान, असंयत, चक्षुदर्शन, अचक्षुदर्शन, कृष्णादि तीन लेश्या, भव्य, अभव्य, मिथ्यात्व संज्ञी और आहारक इन मार्गणाओंमें ओघके समान सर्वबन्ध और नोसर्वबन्ध होता है। तथा शेष मार्गणाओंमें आदेशसे सर्वबन्ध और नोसर्वबन्ध घटित करना चाहिये।

उत्कृष्ट-अनुत्कृष्टबन्धप्ररूपणा

४०. जो उत्कृष्टबन्ध और अनुत्कृष्टबन्ध है उसका यह निर्देश है—ओघ और आदेश। ओघसे ज्ञानावरणीयके स्थितिबन्धका क्या उत्कृष्टबन्ध होता है या अनुत्कृष्टबन्ध? उत्कृष्टबन्ध भी होता है और अनुत्कृष्टबन्ध भी। सबसे उत्कृष्ट स्थितिको बाँधता है इसलिए

तदो ऊणियं बंधदि त्ति अणुक्कस्सबंधो। एवं सत्तण्णं कम्माणं। एवं अणाहारग त्ति णेदव्वं।

जहण्ण-अजहण्णबन्धपरूवणा

४१. यो सो जहण्णबंधो अजहण्णबंधो णाम तस्स इमो णिद्देसो—ओघेण आदेसेण य। तत्थ ओघेण णाणावरणीयस्स ठिदिबंधो किं जहण्ण० अजहण्ण० ? जहण्णबंधो वा अजहण्णबंधो वा। सव्वजहण्णियं ठिदिं बंधमाणस्स जहण्णबंधो। तदो उवरि बंधमाणस्स अजहण्णबंधो। एवं सत्तण्णं कम्माणं। एवं याव अणाहारग त्ति णेदव्वं। णिरएसु आयुग०[1] अजहण्णबंधो। एवं सव्वअपज्जत्ताणं सत्तण्णं कम्माणं[2] अजहण्णबंधो। केइ अप्पप्पणो[3] [ठिदिं पडुच्च परूवेंति। एवं] याव अणाहारग त्ति ओघं।

सादि-अणादि-धुव-अद्धुवबंधपरूवणा

४२. यो सो सादियबंधो अणादियबंधो धुवबंधो अद्धुवबंधो णाम तस्स इमो णिद्देसो—ओघेण आदेसेण य। तत्थ ओघेण सत्तण्णं कम्माणं उक्कस्स० अणुक्कस्स०

उत्कृष्टबन्ध होता है और उससे न्यून स्थितिको बाँधता है इसलिये अनुत्कृष्टबन्ध होता है। इसी प्रकार सात कर्मोंका कथन करना चाहिये। इस प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिये।

विशेषार्थ—सबसे उत्कृष्ट स्थितिबन्धकी उत्कृष्टबन्ध संज्ञा है। जैसे, ज्ञानावरणका तीस कोड़ाकोड़ी सागर प्रमाण स्थितिबन्ध होने पर अन्तिम निषेककी उत्कृष्टस्थितिबन्ध संज्ञा है और इससे न्यून स्थितिबन्ध होने पर वह अनुत्कृष्ट स्थितिबन्ध कहलाता है। शेष विचार सर्वबन्ध और नोसर्वबन्धके समान जानना चाहिये।

जघन्य-अजघन्यबन्धप्ररूपणा

४१. जो जघन्यबन्ध और अजघन्यबन्ध है उसका यह निर्देश है—ओघ और आदेश। ओघसे ज्ञानावरणीयके स्थितिबन्धका क्या जघन्यबन्ध होता है या अजघन्यबन्ध होता है ? जघन्यबन्ध भी होता है और अजघन्य बन्ध भी होता है। सबसे जघन्य स्थितिको बाँधनेवालेके जघन्य बन्ध होता है और इससे अधिक स्थितिको बाँधनेवालेके अजघन्य बन्ध होता है। इसी प्रकार सात कर्मोंका कथन करना चाहिये। इस प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिये। इतनी विशेषता है कि नारकियोंमें आयुकर्मका अजघन्य स्थितिबन्ध होता है। इसी प्रकार सब अपर्याप्तकोंके सात कर्मोंका अजघन्यबन्ध होता है। कितने ही आचार्य अपने अपने स्थितिबन्धकी अपेक्षा जघन्यबन्ध और अजघन्यबन्धका कथन करते हैं। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक ओघको ध्यानमें रख कर कथन करना चाहिए।

सादि-अनादि-ध्रुव-अध्रुवबन्धप्ररूपणा

४२. जो सादिबन्ध अनादिबन्ध, ध्रुवबन्ध और अध्रुवबन्ध है उसका यह निर्देश है—ओघ और आदेश। उनमें से ओघसे सात कर्मोंका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध, अनुत्कृष्ट स्थितिबन्ध

---

१. मूलप्रतौ आयुग० णोसव्वबंधो इति पाठः। २. मूलप्रतौ कम्माणं णोसव्वबंधो इति पाठः।

३. मूलप्रतौ अप्पप्पणो.....याव इति पाठः।

जहण्णबंधो किं सादि० अणादिय० धुव० अद्धुव० ? सादिय-अद्धुवबंधो । अजहण्णबंधो किं सादि० ४ ? सादियबंधो वा अणादियबंधो वा धुवबंधो वा अद्धुवबंधो वा[1] । आयुगस्स चत्तारि[2] वि सा- [दिय-अद्धुवबंधो । एवं अ-] चक्खुदं०-भवसि० । णवरि भवसि० धुवं णत्थि । एवं सेसाणं याव अणाहारग त्ति ओघेण साधूदूण णेदव्वं ।

सामित्तपरूवणा

४३. सामित्तं दुविधं, जहण्णयं उक्कस्सयं च । उक्कस्सेण पगदं । दुविधो णिद्देसो-

और जघन्य स्थितिबन्ध क्या सादि है, क्या अनादि है, क्या ध्रुव है या क्या अध्रुव है ? सादि है और अध्रुव है । अजघन्यस्थितिबन्ध क्या सादि है, क्या अनादि है, क्या ध्रुव है या क्या अध्रुव है ? सादि है, अनादि है, ध्रुव है और अध्रुव है । आयुकर्मके चारों ही सादि और अध्रुव होते हैं । इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक शेष सब मार्गणाओंमें सादिस्थितिबन्ध आदि ओघसे साध कर जानना चाहिये ।

विशेषार्थ—कर्मका जो बन्ध रुककर पुनः होता है वह सादिबन्ध कहलाता है और बन्धव्युच्छित्तिके पूर्व तक अनादि कालसे जिसका बन्ध होता आ रहा है वह अनादिबन्ध कहलाता है । ध्रुवबन्ध अभव्योंके और अध्रुवबन्ध भव्योंके होता है । ये चारों ही उत्कृष्ट, अनुत्कृष्ट, जघन्य और अजघन्य इन चार भेदोंमें घटित करने पर सोलह प्रकारके होते हैं । आगे आठों कर्मोंका आश्रय कर इसी विषयका खुलासा करते हैं—आयुके बिना ज्ञानावरण आदि सात कर्मोंके उत्कृष्ट, अनुत्कृष्ट स्थितिबन्ध कादाचित्क होते हैं तथा जघन्य स्थितिबन्ध क्षपकश्रेणिमें होता है, इसलिये ये तीनों सादि और अध्रुवके भेदसे दो दो प्रकार के होते हैं किन्तु इस तरह अजघन्य स्थितिबन्ध कादाचित्क नहीं होता, क्योंकि जघन्य स्थितिबन्धके प्राप्त होनेके पूर्वतक अनादि कालसे जितना भी स्थितिबन्ध होता है वह सब अजघन्य कहलाता है । तथा उपशम श्रेणिमें उक्त सात कर्मोंकी बन्धव्युच्छित्ति होने पर पुनः उनका अजघन्य स्थितिबन्ध होने लगता है इसलिए अजघन्य स्थितिबन्धमें सादि, अनादि, ध्रुव और अध्रुव ये चारों विकल्प बन जाते हैं । आयुकर्ममें उत्कृष्ट आदि चारों विकल्प सादि और अध्रुव दो ही प्रकारके हैं यह स्पष्ट ही है, क्योंकि आयुकर्मका सब जीवोंके कादाचित्क बन्ध होता है । अचक्षुदर्शन और भव्य मार्गणा एक तो कादाचित्क नहीं हैं और दूसरे ये क्रमसे क्षीणमोह और अयोगिकेवली होने तक रहती हैं , इसलिये इनमें सादि आदि प्ररूपणा पूर्ववत् बन जाती है, इसलिये इन मार्गणाओंमें उक्त प्ररूपणा पूर्ववत् कही है । केवल भव्य मार्गणामें ध्रुवविकल्प नहीं होता । कारण स्पष्ट है । शेष सब मार्गणाओंमें ये उत्कृष्ट स्थितिबन्ध आदि चारों सादि और अध्रुव ही प्राप्त होते हैं, क्योंकि अन्य सब मार्गणाएँ यथासम्भव बदलती रहती हैं या सादि हैं इसलिए उनमें अनादि और ध्रुव ये विकल्प नहीं बनते । यद्यपि अभव्य मार्गणा ध्रुव है फिर भी उसमें उत्कृष्ट स्थितिबन्ध आदिके अनादि और ध्रुव न होनेसे सादि और अध्रुव ये दो ही विकल्प घटित होते हैं ।

स्वामित्वप्ररूपणा

४३. स्वामित्व दो प्रकारका है—जघन्य और उत्कृष्ट । उत्कृष्टका प्रकरण है । निर्देश

१. गो० क०, गा० १५२ । २. मूलप्रतौ चत्तारि वि सो······चक्खुदं इति पाठः ।

ओघेण आदेसेण य। तत्थ ओघेण सत्तण्णं कम्माणं उक्कस्सट्ठिदिबंधो कस्स होदि? अण्णदरस्स पंचिंदियस्स सण्णिस्स मिच्छादिट्ठिस्स[1] सव्वाहि पज्जत्तीहि पज्जत्तगदस्स सागारजागारसुदोवजुत्तस्स उक्कस्सियाए ट्ठिदीए उक्कस्सट्ठिदिसंकिलेसेण वट्टमाणयस्स अथवा ईसिमज्झिमपरिणामस्स वा। आयुगस्स उक्कस्सिओ ट्ठिदिबंधो कस्स होदि? अण्णदरस्स मणुसस्स वा पंचिंदियतिरिक्खजोणिणीयस्स वा सण्णिस्स सम्मादिट्ठिस्स मिच्छादिट्ठिस्स वा सव्वाहि पज्जत्तीहि पज्जत्तगदस्स सागारजागारसुदोवजुत्तस्स तप्पाओग्गविसुद्धस्स वा तप्पाओग्गसंकिलिट्ठस्स वा उक्कसियाए आबाधाए उक्कस्सगे ट्ठिदिबंधे वट्टमाणयस्स।

४४. आदेसेण णिरयगदीए णेरइएसु सत्तण्णं कम्माणं उक्कस्सओ ट्ठिदिबंधो कस्स होदि? अण्णदरस्स वि मिच्छादिट्ठिस्स सागारजागारसुदोवजुत्तस्स उक्कस्सियाए ट्ठिदीए उक्कस्सए ट्ठिदिसंकिलेसे वट्टमाणस्स अधवा ईसिमज्झिमपरिणामस्स। आयुगस्स उक्क० ट्ठिदि० कस्स? अण्णदरस्स सम्मादिट्ठिस्स वा मिच्छादिट्ठिस्स वा सागारजागार० तप्पाओग्गविसुद्धस्स उक्कस्सियाए आबाधाए उक्कस्सिए ट्ठिदिबंधे वट्टमाणस्स। एवं सव्वासु पुढवीसु। णवरि सत्तमाए पुढवीए आयु० मिच्छादिट्ठिस्स तप्पाओग्गविसुद्धस्स।

दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। उनमेंसे ओघकी अपेक्षा सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है? जो सब पर्याप्तियोंसे पर्याप्त है, साकार जागृत श्रुतोपयोगसे उपयुक्त है, उत्कृष्ट स्थितिबन्धके साथ उत्कृष्टस्थितिबन्धके योग्य संक्लेश परिणामवाला है अथवा ईषत् मध्यम परिणामवाला है ऐसा कोई एक संज्ञी पंचेन्द्रिय मिथ्यादृष्टि जीव उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है। आयुकर्मके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है? जो संज्ञी है, सम्यग्दृष्टि या मिथ्यादृष्टि है, सब पर्याप्तियोंसे पर्याप्त है, साकार जागृत श्रुतोपयोगसे उपयुक्त है, तत्प्रायोग्य विशुद्ध परिणामवाला है या तत्प्रायोग्य संक्लेश परिणामवाला है और उत्कृष्ट आबाधाके साथ उत्कृष्ट स्थितिबन्ध कर रहा है ऐसा कोई एक मनुष्य या पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च योनिवाला जीव आयुकर्मके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है।

विशेषार्थ—यहां ओघसे आठों कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धके स्वामीका निर्देश किया गया है। विशेष वक्तव्य इतना ही है कि तेतीस सागर प्रमाण नरकायुका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध मूलमें दिये गये विशेषणोंसे युक्त मनुष्य और तिर्यंच दोनोंके होता है किन्तु तेतीस सागरप्रमाण उत्कृष्ट देवायुका बन्ध मात्र मनुष्यके ही होता है।

४४. आदेशकी अपेक्षा नरकगतिमें नारकियोंमें सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है? जो मिथ्यादृष्टि है, साकार जागृत श्रुतोपयोगसे उपयुक्त है, उत्कृष्ट स्थितिबन्धके साथ उत्कृष्टस्थितिबन्धके योग्य संक्लेश परिणामवाला है या ईषत् मध्यम परिणामवाला है ऐसा कोई एक नारकी सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है। आयुकर्मके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है? जो सम्यग्दृष्टि है या मिथ्यादृष्टि है, साकार और जागृत उपयोगवाला होकर भी विशुद्ध परिणामवाला है और उत्कृष्ट आबाधाके साथ उत्कृष्ट स्थितिबन्ध कर रहा है ऐसा कोई एक नारकी आयुकर्मके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है। इसी प्रकार सातों पृथिवियोंमें जानना चाहिये। इतनी विशेषता है कि सातवीं पृथिवीमें मिथ्यादृष्टि तत्प्रायोग्य विशुद्ध

---

१. गो० क०, गा० १३४।

४५. तिरिक्खेसु सत्तण्णं कम्माणं ओघं। आयुगस्स मिच्छादिट्ठिस्स तप्पाओग्गसंकिलिट्ठस्स। एवं पंचिंदियतिरिक्ख० ३। पंचिंदियतिरिक्खअपज्जत्तगेसु सत्तण्णं कम्माणं उक्क० ट्ठिदि० कस्स? अण्णदरस्स सण्णिस्स सागारजागारसुदोवजुत्तस्स तप्पाओग्गउक्कस्सियाए ट्ठिदीए उक्कस्सए ट्ठिदिसंकिलेसे वट्टमाणस्स। आयुगस्स उक्क० ट्ठिदि० कस्स०? अण्णद० सण्णिस्स वा असण्णिस्स वा सागारजागारसुदोवजुदस्स तप्पाओग्गविसुद्धस्स उक्क० आबाधाए उक्कस्सिए ट्ठिदिबंधे वट्टमाणस्स।

४६. मणुस०४-पंचिंदिय०२-तस० २-पंचमण०-पंचवचि०-[1]कायजोगि-ओरालियका०-कोधादि०४-मदि०-सुद०-विभंग०-असंज०-चक्खुदं०-अचक्खुदं०-भवसि०-अभवसि०-मिच्छादिट्ठि-सण्णि-आहारग त्ति ओघभंगो। णवरि संजमविरहिदाणं तप्पाओग्गविसुद्धो त्ति ण भाणिदव्वं। आयुगस्स मणुसअपज्ज०-पंचिंदिय-तसअप-

परिणामवाला नारकी जीव आयु कर्मके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी होता है।

विशेषार्थ—नरकमें आयुकर्मका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध पूर्वकोटि प्रमाण होता है। तथा प्रारम्भके छह नरकोंमें सम्यग्दृष्टि और मिथ्यादृष्टि दोनों प्रकारके नारकियोंके यह स्थितिबन्ध सम्भव है किन्तु सातवें नरकमें यह स्थितिबन्ध मिथ्यादृष्टिके ही होता है। यह उक्त कथनका तात्पर्य है। शेष कथन सुगम है।

४५. तिर्यञ्चोंमें सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धके स्वामीका कथन ओघके समान है। आयु कर्मके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी मिथ्यादृष्टि तत्प्रायोग्य संक्लेश परिणामवाला तिर्यञ्च होता है। इसी प्रकार पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च त्रिक उत्कृष्ट स्थितिबन्धके स्वामी होते हैं। पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्तकोंमें सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है? जो संज्ञी है, साकार जागृत श्रुतोपयोगसे उपयुक्त है, तत्प्रायोग्य उत्कृष्ट स्थितिबन्धके साथ उत्कृष्ट स्थितिबन्धके योग्य संक्लेशपरिणामवाला है ऐसा कोई एक पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्त जीव सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है। आयुकर्मके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है? जो संज्ञी है, या असंज्ञी है, साकार जागृत श्रुतोपयोगसे उपयुक्त है, तत्प्रायोग्य विशुद्ध परिणामवाला है और उत्कृष्ट आबाधाके साथ उत्कृष्ट स्थितिबन्ध कर रहा है ऐसा पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्त जीव आयुकर्मके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है।

विशेषार्थ—संज्ञी या असंज्ञी दोनों प्रकारके पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्त जीव उनके योग्य पूर्वकोटि प्रमाण उत्कृष्ट आयुका बन्ध करते हैं इसलिये आयुकर्मके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी दोनोंको बतलाया है। शेष कथन सुगम है।

४६. मनुष्य चतुष्क, पञ्चेन्द्रियद्विक, त्रसद्विक, पाँच मनोयोगी, पाँच वचनयोगी, काययोगी, औदारिक काययोगी, क्रोधादि चार कषायवाले, मत्यज्ञानी, श्रुताज्ञानी, विभङ्गज्ञानी, असंयत, चक्षुदर्शनी, अचक्षुदर्शनी, भव्यसिद्धिक, अभव्यसिद्धिक, मिथ्यादृष्टि, संज्ञी और आहारक जीवोंके सब कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धके स्वामित्वका कथन ओघके समान करना चाहिये। इतनी विशेषता है कि इनमें जो मार्गणाएँ संयम रहित हैं उनमें तत्प्रायोग्य विशुद्ध परिणामवाला जीव आयु कर्मके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी होता है यह नहीं कहना चाहिये। तथा मनुष्य अपर्याप्त, पञ्चेन्द्रिय अपर्याप्त और त्रस अपर्याप्त मार्गणाओंमें

---

१. मूलप्रतौ काजोगि इति पाठः।

ज्जत्ता० पंचिंदियतिरिक्खअपज्जत्तभंगो।

४७. देवाणं णिरयभंगो याव सहस्सार त्ति। आणद याव उवरिमगेवज्जा त्ति सत्तण्णं कम्माणं उक्क० ट्ठिदि० कस्स? अण्णद० मिच्छादिट्ठिस्स सागारजागार० तप्पाओग्गसंकिलिट्ठस्स। आयु० देवभंगो। अणुदिस जाव सव्वट्ठ० त्ति सत्तण्णं कम्माणं उक्क० ट्ठिदि० कस्स? अण्णदरस्स तप्पाओग्गसंकिलिट्ठस्स। आयु० [उक्क० ट्ठिदि० कस्स०। अण्णद०] तप्पाओग्गविसुद्धस्स० उक्क० वट्टमा०।

आयुकर्मके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्तके समान जानना चाहिये।

विशेषार्थ—पहले ओघ प्ररूपणामें आयु कर्मके उत्कृष्ट स्थिति बन्धके स्वामीका कथन करते समय यह कह आये हैं कि जो संज्ञी है, सम्यग्दृष्टि या मिथ्यादृष्टि है, सब पर्याप्तियोंसे पर्याप्त है, साकार जागृत श्रुतोपयोगसे उपयुक्त है, तत्प्रायोग्य विशुद्ध परिणामवाला या तत्प्रायोग्य संक्लेश परिणामवाला है और उत्कृष्ट आबाधासे युक्त होकर उत्कृष्ट स्थितिबन्ध कर रहा है ऐसा मनुष्य या पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चयोनिवाला जीव आयुकर्मके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी होता है। सो यह कथन अविकल रूपसे यहाँ कही गई सभी मार्गणाओंमें घटित होता है क्या यह एक प्रश्न है जिसका समाधान करते हुए यहाँ मूलमें कहा गया है कि जो मार्गणाएँ संयम रहित हैं उनमें यह कथन अविकलरूपसे घटित नहीं होता, क्योंकि संयम रहित मार्गणाओंमें आयुकर्मका तेतीस सागर प्रमाण उत्कृष्ट स्थितिबन्ध विशुद्ध परिणामवालेके न होकर तत्प्रायोग्य संक्लेशपरिणामवालेके ही होता है। वे मार्गणाएँ ये हैं—मत्यज्ञानी, श्रुताज्ञानी, विभंगज्ञानी, असंयत, अभव्य और मिथ्यादृष्टि। ऐसा नियम है कि मनुष्यायु, देवायु और तिर्यञ्चायुके सिवा शेष रहीं ११७ प्रकृतियोंका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध उत्कृष्ट संक्लेश परिणामवालोंके या तत्प्रायोग्य ईषत् मध्यम परिणामवालोंके ही होता है। इस नियमके अनुसार नरकायुका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध विशुद्ध परिणामवालेके नहीं हो सकता और इन मार्गणाओंमें आयुका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध नरकायुका ही होता है, क्योंकि इन मार्गणाओंमें संयमकी प्राप्ति सम्भव न होनेसे देवायुका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध नहीं हो सकता। इसीलिये इन मार्गणाओंका वारण करनेके लिये मूलमें उक्त कथन किया है। शेष कथन सुगम है। किन्तु मनुष्य अपर्याप्त जीव भी संज्ञी ही होते हैं, इसलिये इनमें आयु कर्मके उत्कृष्ट स्थितिबन्धके स्वामीका कथन करते समय असंज्ञी विशेषण नहीं लगाना चाहिये।

४७. देवोंमें सहस्रार कल्पतक आठों कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी नारकियोंके समान है। आनत कल्पसे लेकर उपरिम ग्रैवेयकतकके देवोंमें सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है? मिथ्यादृष्टि साकार जागृत श्रुतोपयोगसे उपयुक्त और तत्प्रायोग्य संक्लेश परिणामवाला कोई भी देव सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है। यहाँ आयुकर्मके उत्कृष्ट स्थितिबन्धके स्वामीका कथन सामान्य देवोंके समान है। अनुदिशसे लेकर सर्वार्थसिद्धितकके देवोंमें सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है? तत्प्रायोग्य संक्लेश परिणामवाला अन्यतर देव सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है। आयुकर्मके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है? जो साकार जागृत श्रुतोपयोगसे उपयुक्त है, तत्प्रायोग्य विशुद्ध परिणामवाला है और उत्कृष्ट आबाधाके साथ उत्कृष्ट स्थितिबन्ध कर रहा है ऐसा अन्यतर देव आयुकर्मके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है।

४८. एइंदिएसु सत्तण्णं कम्माणं उक्क० ट्ठिदि० कस्स ? अण्णदर० बादरस्स सव्वाहि पज्जत्तीहि पज्जत्तगस्स सागारजागार० तप्पाओग्गसंकिलिट्ठस्स । आयु० उक्क० ट्ठिदि० कस्स ? अण्णद० तप्पाओग्गविसुद्धस्स । एवं एइंदियबादरसुहुमपज्जत्ता-पज्जत्त-बीइंदि०-तेइंदि०-चदुरिंदि० पज्जत्तापज्जत्त-सव्वपुढवि०-आउ०-तेउ०-वाउ०-वण-प्फदि-पत्तेय०-णियोद-बादर-सुहुमपज्जत्तापज्जत्त० । णवरि पज्जत्तए पज्जत्तगहणं कादव्वं । अपज्जत्तए अपज्जत्तगहणं कादव्वं ।

४९. ओरालियका० सत्तण्णं कम्माणं ओघं । णवरि दुगदियस्स । आयु० ओघं । ओरालियमिस्से सत्तण्णं कम्माणं उक्क० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्णद० दुगदियस्स मिच्छादिट्ठिस्स सण्णिस्स तप्पाओग्गसंकिले० से काले सरीरपज्जत्ती गाहिदि त्ति तप्पाओग्ग० उक्क० संकिलेसे वट्टमाणगस्स । आयु० उक्क० ट्ठिदि० कस्स ?

विशेषार्थ—यहाँ देवोंमें आठों कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिवन्धके स्वामीका कथन करते समय तीन विभाग कर दिये हैं—पहला सहस्रार स्वर्ग तकका, दूसरा नौ ग्रैवेयकतकका और तीसरा सर्वार्थसिद्धि तकका। नौ ग्रैवेयक तक मिथ्यादृष्टि और सम्यग्दृष्टि दोनों होते हैं तथा सहस्रार कल्पतक सात कर्मोंका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध ओघके समान बन जाता है, इसलिए ये विभाग किये गये हैं। बाकीकी सब विशेषताएँ आठों कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्ध अद्धाच्छेदको देखकर समझ लेनी चाहिए।

४८. एकेन्द्रियोंमें सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? जो बादर है, सब पर्याप्तियोंसे पर्याप्त है, साकार जागृत है और तत्प्रायोग्य संक्लेश-परिणामवाला है ऐसा अन्यतर एकेन्द्रिय जीव सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है। आयुकर्मके उत्कृष्ट स्थिति बन्धका स्वामी कौन है ? जो तत्प्रायोग्य विशुद्ध परिणामवाला है ऐसा अन्यतर एकेन्द्रिय जीव आयुकर्मके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है। इसी प्रकार एकेन्द्रिय बादर और सूक्ष्म तथा इनके पर्याप्त और अपर्याप्त तथा द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय और चतुरिन्द्रिय तथा इनके पर्याप्त और अपर्याप्त, सब पृथिवीकायिक, सब जलकायिक, सब अग्निकायिक, सब वायुकायिक, सब वनस्पतिकायिक प्रत्येक शरीर तथा निगोद जीवोंके और इनके बादर और सूक्ष्म तथा पर्याप्त और अपर्याप्त जीवोंके जानना चाहिये। इतनी विशेषता है कि पर्याप्तकोंका कथन करते समय 'पर्याप्त' पदका ग्रहण करना चाहिए और अपर्याप्तकों-का कथन करते समय 'अपर्याप्त' पदका ग्रहण करना चाहिए।

विशेषार्थ—एकेन्द्रियादि इन मार्गणाओंमें सब कर्मोंका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध अद्धाच्छेद पहले कह आये हैं। उसे ध्यानमें रखकर यहाँ उत्कृष्ट स्थितिबन्धके स्वामीका विचार कर लेना चाहिये। यहाँ केवल इतना ही बतलाया गया है कि विवक्षित मार्गणामें किस योग्यता-के होनेपर उत्कृष्ट स्थितिबन्ध होता है।

४९. औदारिककाययोगमें सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धके स्वामीका कथन ओघके समान है। इतनी विशेषता है कि यह दो गतिके जीवोंके होता है। आयुकर्मके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी ओघके समान है। औदारिक मिश्रकाययोगमें सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? जो मिथ्यादृष्टि है, संज्ञी है, तत्प्रायोग्य संक्लेश परिणाम-वाला है, तदनन्तर समयमें शरीर पर्याप्तिको प्राप्त होनेवाला है और तत्प्रायोग्य उत्कृष्ट संक्लेशरूप परिणामोंसे युक्त है ऐसा अन्यतर दो गतिका जीव सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थिति-

अण्णद० तप्पाओग्गविसुद्ध० उक्क० । वेउव्विय० सत्तण्णं कम्माणं उक्क० ट्ठिदि० कस्स ? अण्णदर० देवस्स वा णेरइगस्स उक्कस्ससंकिलिट्ठ० । आयु० उक्क० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्णद० सम्मादिट्ठि० मिच्छादिट्ठि० तप्पाओग्गविसुद्धस्स । वेउव्वियमि० सत्तण्णं कम्माणं उक्क० ट्ठिदि० कस्स ? अण्णद० देवस्स वा णेरइयस्स वा मिच्छादिट्ठिस्स से काले सरीरपज्जत्ती गाहिदि त्ति । आहारका० सत्तण्णं कम्माणं उक्क० ट्ठिदि० कस्स ? अण्णद० पमत्तसंजदस्स तप्पाओग्गसंकिलिट्ठस्स । आयु० [उक्क० ट्ठिदि० कस्स ? अण्णदर०] तप्पाओग्गविसुद्धस्स । एवं आहारमि० । णवरि से काले पज्जत्ती गाहिदि त्ति भाणिदव्वं । कम्मइ० सत्तण्णं कम्माणं उक्क० ट्ठिदिवं० कस्स ? अण्णद० चदुगदियस्स पंचिदियस्स सण्णिस्स मिच्छादिट्ठिस्स सागारजागार-तप्पाओग्ग-उक्कस्ससंकिलट्ठस्स ।

५०. इत्थि०-पुरिस० सत्तण्णं कम्माणं उक्क० ट्ठिदि० कस्स ? तिगदियस्स संकिलिट्ठस्स मिच्छादिट्ठि० सागारजागार० उक्क०संकि० । आयु० ओघं । एवं णवुंसगवेदे । अवगदवे० सत्तण्णं कम्मा० उक्क० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्णद० उवसम-

बन्धका स्वामी है । आयुकर्मके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? तत्प्रायोग्य उत्कृष्ट विशुद्धिसे युक्त अन्यतर जीव आयुकर्मके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है । वैक्रियिककाययोगमें सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? उत्कृष्ट संक्लेशरूप परिणामोंसे युक्त अन्यतर देव या नारकी जीव सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है । आयुकर्मके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? तत्प्रायोग्य विशुद्ध परिणामवाला अन्यतर सम्यग्दृष्टि या मिथ्यादृष्टि वैक्रियिककाययोगी जीव आयु कर्मके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है । वैक्रियिकमिश्रकाययोगमें सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? जो देव या नारकी अनन्तर समयमें शरीर पर्याप्तिको प्राप्त होगा ऐसा अन्यतर वैक्रियिकमिश्रकाययोगी जीव सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है । आहारक काययोगमें सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? तत्प्रायोग्य संक्लेश परिणामवाला अन्यतर प्रमत्तसंयत जीव सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है । आयु कर्मके उत्कृष्ट स्थितिबन्ध का स्वामी कौन है ? तत्प्रायोग्य विशुद्ध परिणामवाला अन्यतर प्रमत्तसंयत जीव आयुकर्मके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है । आहारकमिश्रकाययोगमें इसी प्रकार जानना चाहिये । इतनी विशेषता है कि तदनन्तर समयमें पर्याप्तिको प्राप्त होगा ऐसी स्थितिमें इसके उत्कृष्ट स्वामित्व कहना चाहिये । कार्मणकाययोगमें सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? जो चार गतिका जीव पञ्चेन्द्रिय है, संज्ञी है, मिथ्यादृष्टि है, साकार जागृत तत्प्रायोग्य उत्कृष्ट संक्लेश परिणामवाला है ऐसा अन्यतर कार्मण काययोगी जीव सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है ।

५०. स्त्रीवेदवाले और पुरुषवेदवाले जीवोंमें सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? जो तीन गतिका जीव संक्लिष्ट परिणामवाला है, मिथ्यादृष्टि है और साकार जागृत उपयोगसे उपयुक्त है वह सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है । आयुकर्मके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी ओघके समान है । इसी प्रकार नपुंसकवेदमें जानना चाहिये । अपगतवेदवाले जीवोंमें सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? उपशम श्रेणिसे पतित होनेवाला जो अन्यतर अनिवृत्ति उपशमक जीव तदनन्तर समयमें सवेदी होगा

गस्स परिवदमाणस्स अणियट्टिस्स से काले सवेदो होहिदि त्ति चरिमे उक्क० ट्ठिदिबंधे वट्टमाणस्स।

५१. आभि०-सुद०-ओधि० सत्तण्णं कम्माणं उक्क० ट्ठिदि० कस्स? अण्ण० चदुगदियस्स असंजदसं० मिच्छत्ताभिमुहस्स चरिमे उक्कस्सए ट्ठिदिबंधे वट्टमाणस्स। आयु० उक्क० ट्ठिदि० कस्स? पमत्तसंज० तप्पाओग्गविसुद्धस्स। एवं ओधिदं०-सम्मादि०-वेदगसं०। मणपज्जव० सत्तण्णं कम्माणं उक्क० ट्ठिदि० पमत्तसंजदस्स तप्पाओग्गसंकिलिट्ठस्स असंजमाभिमुहस्स चरिमे उक्क० ट्ठिदि० वट्टमा०। आयु० ओधिभंगो। एवं संजदा-सामाइ०-छेदोव०। णवरि मिच्छत्ताभिमुहस्स।

५२. परिहार० सत्तण्णं कम्माणं उक्क० ट्ठिदि० पमत्तसंजदस्स सामाइय-च्छेदोवट्ठावणाभिमुहस्स। आयु० पमत्तसंजदस्स तप्पाओग्गविसुद्धस्स। सुहुमसंप०

इस प्रकार जो अन्तिम उत्कृष्ट स्थितिबन्धमें अवस्थित है ऐसा अपगतवेदी जीव सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है।

विशेषार्थ—नारकी नपुंसक होते हैं अतः यहां स्त्रीवेद और पुरुषवेदमें सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामित्व नरक गतिके सिवा अन्य तीन गतियोंके जीवोंके कहना चाहिए। नपुंसकवेदकी अपेक्षा देवगतिके स्थानमें नरकगतिका ग्रहण करना चाहिए, क्योंकि देव नपुंसक नहीं होते। शेष कथन सुगम है।

५१. आभिनिबोधिकज्ञानी, श्रुतज्ञानी और अवधिज्ञानी जीवोंमें सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है? जो अन्यतर चतुर्गतिका असंयतसम्यग्दृष्टि जीव मिथ्यात्वके अभिमुख है और अन्तिम उत्कृष्ट स्थितिबन्धमें विद्यमान है वह सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है। आयुकर्मके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है? तत्प्रायोग्य विशुद्ध परिणामवाला प्रमत्तसंयत जीव आयुकर्मके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है। इसी प्रकार अवधिदर्शनी, सम्यग्दृष्टि और वेदकसम्यग्दृष्टि जीवोंके जानना चाहिए। मनःपर्ययज्ञानी जीवोंमें सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है? जो प्रमत्तसंयत जीव तत्प्रायोग्य संक्लेशपरिणामवाला है, असंयमके अभिमुख है और अन्तिम उत्कृष्ट स्थितिबन्धमें अवस्थित है वह मनःपर्ययज्ञानी जीव सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है। आयुकर्मके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी अवधिज्ञानीके समान है। इसी प्रकार संयत, सामायिक संयत और छेदोपस्थापनाशुद्धिसंयत जीवोंके कथन करना चाहिये। इतनी विशेषता है कि इनमें मिथ्यात्वके अभिमुख हुए जीवके सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामित्व कहना चाहिये।

विशेषार्थ—सात कर्मोंका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध संक्लेशपरिणाममें होता है इसलिये उक्त मार्गणाओंमें जिस मार्गणासे जहां के लिये पतन सम्भव है उसके सन्मुख हुए जीवके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामित्व कहा है। पर इन मार्गणाओंमें आयुकर्मका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध विशुद्ध परिणामोंसे होता है, इसलिये उत्कृष्ट आयुबन्धके योग्य जहां विशुद्ध परिणाम सम्भव हैं उसे ध्यानमें रख कर सब मार्गणाओंमें आयुकर्मके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कहा है।

५२. परिहारविशुद्धिसंयत जीवोंमें सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है? जो प्रमत्तसंयत जीव सामायिक और छेदोपस्थापना संयमके अभिमुख है वह परिहारविशुद्धि संयत सात कर्मोंके उत्कृष्टस्थितिबन्धका स्वामी है। आयुकर्मके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है? जो प्रमत्तसंयत जीव तत्प्रायोग्य विशुद्ध परिणामवाला है वह परिहारविशुद्धि-

छण्णं कम्माणं उक्क० ट्ठिदि० उवसामगस्स। संजदासंजद० सत्तण्णं कम्माणं उक्क० ट्ठिदि० दुगदियस्स मिच्छत्ताभिमुहस्स। आयु० तप्पाओग्गविसुद्धस्स।

५३. किण्णाए सत्तण्णं कम्माणं उक्क० ट्ठिदि० कस्स? तिरिक्खस्स सण्णिस्स मिच्छादिट्ठिस्स सव्वाहि पज्जत्तीहि पज्जत्तगदस्स सागारजागार० उक्कस्स-संकिलिट्ठस्स। आयु० उक्क० ट्ठिदि० तिरिक्खस्स वा मणुसस्स वा सण्णिस्स पज्जत्तस्स तप्पाओग्गसंकिलिट्ठस्स। णील-काऊणं सत्तण्णं कम्माणं उक्क० ट्ठिदि० कस्स०? अण्ण० णेरइगस्स। आयु० किण्णभंगो। तेउले० सत्तण्णं कम्माणं उक्क० ट्ठिदि० कस्स? अण्णद० सोधम्मीसाणंतदेवस्स। आयु० ओधिभंगो। पम्माए सत्तण्णं कम्माणं उक्क० ट्ठिदि० कस्स? अण्ण० सहस्सारंतस्स मिच्छादिट्ठि०। आयु० तेउले० भंगो। सुक्काए सत्तण्णं क० उक्क० ट्ठिदि० कस्स? अण्ण० आणद०-देवस्स मिच्छादिट्ठिस्स तप्पाओग्गसंकिलिट्ठस्स। आयु० पमत्तस्स०।

५४. खइगस० सत्तण्णं क० उक्क० ट्ठिदि० कस्स? अण्ण० चदुगदियस्स असंजदसम्मादिट्ठिस्स तप्पाओग्गसंकिलिट्ठस्स। आयु० पमत्तसंज०। उपसमसम्मा०

संयत जीव आयुकर्मके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है। सूक्ष्मसाम्पराय संयत जीवोंमें छह कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी उपशामक होता है। संयतासंयतोंमें सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी मिथ्यात्वके अभिमुख हुआ दो गतिका जीव होता है। आयुकर्मके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी तत्प्रायोग्य विशुद्ध परिणामवाला संयतासंयत जीव होता है।

५३. कृष्णलेश्यामें सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है? जो तिर्यंचगतिका जीव संज्ञी है, मिथ्यादृष्टि है, सब पर्याप्तियोंसे पर्याप्त है, साकार जागृत उपयोगसे उपयुक्त है और उत्कृष्ट संक्लेश परिणामवाला है वह सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थिति बन्धका स्वामी है। आयुकर्मके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है? जो तिर्यंच या मनुष्य संज्ञी है, पर्याप्त है और तत्प्रायोग्य संक्लेश परिणामवाला है वह आयुकर्मके उत्कृष्ट स्थिति-बन्धका स्वामी है। नील और कापोतलेश्यामें सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है? कोई एक नारकी सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है। आयुकर्मके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कृष्णलेश्याके समान है। पीतलेश्यामें सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है? कोइ एक सौधर्म और ऐशान कल्पतकका देव सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है। आयुकर्मके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी अवधिज्ञानीके समान है। पद्मलेश्यामें सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्ध का स्वामी कौन है? अन्यतर सहस्रार कल्प तकका मिथ्यादृष्टि देव सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है। आयुकर्मके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी पीतलेश्याके समान है। शुक्ल लेश्यामें सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है? अन्यतर आनत कल्पका मिथ्यदृष्टि और तत्प्रायोग्य संक्लेश परिणामवाला देव सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है। तथा प्रमत्तसंयत जीव आयुकर्मके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है।

५४. क्षायिकसम्यग्दृष्टियोंमें सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है? जो अन्यतर चार गतिका जीव असंयतसम्यग्दृष्टि है और तत्प्रायोग्य संक्लेश परिणामवाला है वह सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है। आयुकर्मके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी

सत्तएणं कम्माणं उक्क० ट्ठिदि० कस्स ? अण्ण० असंजदसम्मा० तप्पाओग्ग-उक्कस्ससंकिलिट्ठस्स मिच्छत्ताभिमुहस्स। सासणे सत्तएणं कम्माणं उक्क० ट्ठिदि० कस्स ? अण्ण० चदुगदियस्स सव्वसंकिलिट्ठस्स मिच्छत्ताभिमुहस्स। आयु० उक्क० ट्ठिदि० कस्स ? अण्णद० मणुसस्स तप्पाओग्गविसुद्धस्स । सम्मामि० सत्तएणं कम्माणं उक्क० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्णद० चदुगदियस्स उक्कस्ससंकिलिट्ठस्स मिच्छत्ताभिमुहस्स ।

५५. असण्णि० सत्तएणं कम्माणं उक्क० ट्ठिदि० कस्स ? अण्णद० पंचिंदियपज्जत्तस्स सव्वसंकिलिट्ठस्स । आयु० उक्क० ट्ठिदि० कस्स ? तप्पाओग्गसंकिलिट्ठस्स । अणाहार० कम्मइगभंगो । एवं उक्कस्ससामित्तं समत्तं ।

५६. जहण्णगे पगदं । दुविधो णिद्देसो—ओघेण आदेसेण य । तत्थ ओघेण छएणं कम्माणं जहण्णओ ट्ठिदिबंधो कस्स होदि ? अण्णदरस्स खवगस्स सुहुमसंपराइगस्स चरिमे ट्ठिदिबंधे वट्टमाणस्स । मोह० जह० ट्ठिदि० कस्स ? अण्णद०

कौन है ? प्रमत्तसंयत जीव आयुकर्मके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है । उपशम सम्यग्दृष्टियोंमें सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? जो अन्यतर असंयतसम्यग्दृष्टि तत्प्रायोग्य उत्कृष्ट संक्लेश परिणामवाला है और मिथ्यात्वके अभिमुख है वह सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है । सासादन सम्यग्दृष्टियोंमें सात कर्मोंके उत्कृष्टस्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? जो अन्यतर चार गतिका जीव सबसे अधिक संक्लेश परिणामवाला है और मिथ्यात्वके अभिमुख है वह सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है । आयुकर्मके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? जो अन्यतर मनुष्य तत्प्रायोग्य विशुद्ध परिणामवाला है वह आयुकर्मके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है । सम्यग्मिथ्यादृष्टियोंमें सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? जो अन्यतर चार गतिका जीव उत्कृष्ट संक्लेश परिणामवाला है और मिथ्यात्वके अभिमुख है वह सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है ।

५५. असंज्ञियोंमें सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? जो अन्यतर पञ्चेन्द्रिय जीव पर्याप्त है और सबसे अधिक संक्लेश परिणामवाला है वह सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है । आयुकर्मके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? जो तत्प्रायोग्य संक्लेश परिणामवाला असंज्ञी जीव है वह आयुकर्मके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है । अनाहारकोंमें सब कथन कार्मण काययोगियोंके समान है ।

विशेषार्थ—असंज्ञी जीव मरकर भवनवासी और व्यन्तर देव भी होते हैं और प्रथम नरकमें भी जाते हैं। यहां असंज्ञियोंके आयुकर्मका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध उत्कृष्ट संक्लेशरूप परिणामोंसे ही कराया है । इससे विदित होता है कि असंज्ञियोंके देवायुकी अपेक्षा नरकायुका स्थितिबन्ध अधिक होता है ।

इस प्रकार उत्कृष्ट स्वामित्व समाप्त हुआ ।

५६. अब जघन्य स्वामीका प्रकरण है । निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश । उनमेंसे ओघकी अपेक्षा छह कर्मोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? जो अन्यतर सूक्ष्मसाम्परायिक क्षपक जीव अन्तिम स्थितिबन्धमें अवस्थित है वह छह कर्मोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है । मोहनीयके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? जो अन्यतर अनिवृत्ति क्षपक जीव अन्तिम जघन्य स्थितिबन्धमें अवस्थित है वह मोहनीयके जघन्य

खवगअणियट्टिस्स चरिमे जह० वट्टमाणस्स । आयु० जह० ट्ठिदि० कस्स ? अण्ण-द० तिरिक्खस्स वा मणुस्ससस्स वा एइंदि० वेइंदि० तेइंदि० चदुरिंदि० पंचिंदिय-स्स वा सण्णि०असण्णि० बादर० सुहुम० पज्जत्तस्स वा अपज्जत्तस्स वा सागार-जागार० तप्पाओग्गसंकिलिट्ठस्स जहण्णियाए आबाधाए जहण्णए ट्ठिदिबंधे वट्ट-माणयस्स । एवं मणुस०३-पंचिंदिय-तस०२-पंचमण०-पंचवचि०-कायजोगि-ओरा-लियका०-अवगद०-लोभक०-आभि०-सुद०-ओधि०-मणपज्जव०-संजद०-चक्खुदं०-अचक्खुदं०-ओधिदं०-सुक्कले०-भवसि०-सम्मादिट्ठि-खइग०-सण्णि-आहारग त्ति । णवरि आयु० विसेसो जाणिदव्वो। अवगद० आयुगं णत्थि। आभि०-सुद०-ओधि० ओधिदं०-सम्मादि०-खइग० आयु० जह० ट्ठिदि० कस्स ? अण्णद० देवस्स वा णेरइयस्स वा तप्पाओग्गसंकिलि० जहण्णियाए आवाधाए जह० ट्ठिदि० वट्टमाण-गस्स । मणपज्जव०-संजद० आयु० जह० ट्ठिदि० कस्स ? अण्णद० पमत्तसंज० तप्पा-ओग्गसंकिलिट्ठस्स । सुक्काए आयु० जह० ट्ठिदि० कस्स ? अण्णद० देवस्स मिच्छादि० तप्पाओग्गसंकि० जह०आबाधा० जह०ट्ठिदि० वट्टमाणस्स । सेसाणं ओघभंगो ।

स्थितिबन्धका स्वामी है। आयुकर्मके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? जो अन्यतर तिर्यंच, मनुष्य, एकेन्द्रिय, द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय, पञ्चेन्द्रिय, संज्ञी, असंज्ञी, बादर सूक्ष्म, पर्याप्त और अपर्याप्त जो भी हो, साकार जागृत है, तत्प्रायोग्य संक्लेश परिणामवाला है और जघन्य आबाधाके साथ जघन्य स्थितिबन्ध कर रहा है वह आयु-कर्मके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है। इसी प्रकार मनुष्यत्रिक, पञ्चेन्द्रियद्विक, त्रस-द्विक, पाँच मनोयोगी, पाँच वचनयोगी, काययोगी, औदारिककाययोगी, अपगतवेदी, लोभकषायी, आभिनिबोधिकज्ञानी, श्रुतज्ञानी, अवधिज्ञानी, मनःपर्ययज्ञानी, संयत, चक्षुदर्शनी, अचक्षुदर्शनी, अवधिदर्शनी, शुक्ललेश्यावाले, भव्यसिद्धिक, सम्यग्दृष्टि, क्षायिक सम्यग्दृष्टि, संज्ञी और आहारक जीवोंके जानना चाहिये। किन्तु आयुके सम्बन्धमें कुछ विशेषता है। यथा—अपगतवेदी जीवके आयुकर्मका बन्ध नहीं होता। आभिनि-बोधिकज्ञानी, श्रुतज्ञानी, अवधिज्ञानी, अवधिदर्शनी, सम्यग्दृष्टि और क्षायिकसम्यग्दृष्टि जीवोंमें आयु कर्मके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर देव या नारकी जो तत्प्रायोग्य संक्लेश परिणामवाला है और जघन्य आबाधाके साथ जघन्य स्थितिका बन्ध कर रहा है वह आयुके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है। मनःपर्ययज्ञानी और संयत जीवोंमें आयु कर्मके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर प्रमत्तसंयत जीव जो तत्प्रायोग्य संक्लेश परिणामवाला है वह आयु कर्मके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है। शुक्ललेश्यामें आयु कर्मके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर देव जो मिथ्या-दृष्टि है, तत्प्रायोग्य संक्लेश परिणामवाला है और जघन्य आबाधाके साथ जघन्य स्थितिका बन्ध कर रहा है वह आयु कर्मके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है। शेष मार्गणाओंमें आयु कर्मके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी ओघके समान है।

विशेषार्थ—यहाँ ओघसे आठों कर्मोंके जघन्य स्थितिबन्धके स्वामीका विचार किया गया है। सात कर्मोंका जघन्य स्थितिबन्ध क्षपक श्रेणिमें जहाँ जिस कर्मकी बन्धव्युच्छित्ति

५७. आदेसेण णिरयगईए णेरइएसु उक्क० कम्म० ट्ठिदि० कस्स ? अण्णद० असण्णिपंचिंदि० सागारजागा० सव्वविसुद्धस्स पढम-विदियस० वट्टमाण० । आयु० जह० ट्ठिदि० कस्स ? अण्ण० मिच्छादि० तप्पाओ० जह० सं० जह० आवा० जह०ट्ठिदि० वट्ट० । एवं पढमाए मणुसअपज्जत्त-देवा-भवण०–वाणवें० । विदियाए याव सत्तमाए सत्तण्णं कम्माणं जह० ट्ठिदि० कस्स ? अण्ण० असंजद० सव्वविसुद्धस्स । आयु० पढमपुढविभंगो । एवं जोदिसिय याव सव्वट्ठ त्ति । णवरि अणुदिस याव सव्वट्ठ त्ति आयुग० सम्मादिट्ठि० ।

होती है वहाँ होता है। इस हिसाब से छह कर्मोंका जघन्य स्थितिबन्ध क्षपक सूक्ष्मसाम्प-रायके अन्तिम समयमें प्राप्त होता है और मोहनीयका क्षपक अनिवृत्तिकरणमें, क्यों कि सूक्ष्म साम्परायमें मोहनीय कर्मका बन्ध नहीं होता। तथा आयु कर्मका जघन्य स्थितिबन्ध सब प्रकारके मनुष्य और तिर्यंचोंके होता है, क्योंकि इन सबके आसंक्षेपाद्धाकाल प्रमाण आयुकर्मके बन्ध होनेमें कोई बाधा नहीं आती। यहाँ अन्य वे मार्गणाएँ गिनाई हैं जिनमें क्षपक श्रेणीकी प्राप्ति सम्भव होनेसे यह ओघ प्ररूपणा बन जाती है। मात्र इन सब मार्ग-णाओंमें ओघके समान आयुकर्मका जघन्य स्थितिबन्ध नहीं प्राप्त होता, क्यों कि इनमेंसे आभिनिबोधिक आदि कुछ ऐसी मार्गणाएँ हैं जिनमें मिथ्यात्वकी प्राप्ति सम्भव नहीं और शुक्लेश्यामें मिथ्यात्वकी प्राप्ति भी हो गई तो वहाँ परिणामोंकी इतनी उज्वलता रहती है जिससे वहाँ आयुका आसंक्षेपाद्धा काल प्रमाण बन्ध नहीं होता। यही कारण है कि इन मार्गणाओंमें आयु कर्मके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है इस बातका अलगसे निर्देश किया है।

५७. आदेशसे नरकगतिमें नारकियोंमें सात कर्मोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर जो असंज्ञी पञ्चेन्द्रियचर जीव साकार जागृत है, सर्व विशुद्ध है और प्रथम द्वितीय समयमें स्थित है वह सात कर्मोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है। आयुकर्म-के जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर जो मिथ्यादृष्टि तत्प्रायोग्य जघन्य संक्लेश परिणामवाला है और जघन्य आबाधाके साथ जघन्य स्थितिका बन्ध कर रहा है वह आयु कर्मके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है। इसी प्रकार प्रथम पृथिवीमें, मनुष्य अपर्याप्त सामान्य देव, भवनवासी और व्यन्तर देवोंमें जानना चाहिये। दूसरी पृथिवीसे लेकर सातवीं पृथिवी तकके नारकियोंमें सात कर्मोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर असंयतसम्यग्दृष्टि सर्व विशुद्ध परिणामवाला जीव सात कर्मोंके ज़घन्य स्थितिबन्धका स्वामी है। आयु कर्मके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी पहली पृथिवीके समान है। इसी प्रकार ज्योतिषियोंसे लेकर सर्वार्थसिद्धितकके देवोंके जानना चाहिये। इतनी विशेषता है कि अनुदिशसे लेकर सर्वार्थसिद्धितकके देवोंमें सम्यग्दृष्टि जीव आयु कर्मके जघन्य स्थितिबन्ध-का स्वामी है।

विशेषार्थ—नरकमें असंज्ञी जीव भी मरकर उत्पन्न होता है और उसके अपर्याप्त अवस्थामें असंज्ञीके योग्य स्थितिबन्ध होता है। इसीसे सामान्यसे नरकमें असंज्ञी पञ्चेन्द्रियचर जीवको सात कर्मोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कहा है। प्रथम नरक, देव, भवनवासी और व्यन्तर देव इन मार्गणाओंमें भी असंज्ञी जीव मरकर उत्पन्न होता है, इस-लिये यहाँ सामान्य नरकके समान प्ररूपणा की है। द्वितीयादि नरकोंमें मिथ्यादृष्टिकी अपेक्षा सम्यग्दृष्टिके सात कर्मोंका स्थितिबन्ध न्यून होता है। शेष रहे देवोंमें भी ऐसा ही जानना

५८. तिरिक्खेसु सत्तण्णं कम्माणं जह० ट्ठिदि० कस्स ? अण्ण० बादर-एइंदि० पज्जत्त० सव्वविसुद्धस्स जह० ट्ठिदि० वट्टमा० । आयु० ओघं । एवं सव्व-एइंदि०-सव्वपंचकाय-ओरालियमि०-कम्मइग०-मदि०-सुद०-असंज०-किण्ण०-णील०-काउ०-अब्भवसि०-मिच्छादि०-असण्णि-अणाहारग त्ति ।

५९. पंचिंदियतिरिक्ख०३ सत्तण्णं क० जह० ट्ठिदि० कस्स ? अण्ण० असण्णिस्स सव्वाहि पज्जत्तीहि पज्जत्तगदस्स सागारजागारसव्वविसुद्धस्स जह० ट्ठिदि० वट्टमाणयस्स । आयुगस्स जह० ट्ठिदि० कस्स ? अण्ण० सण्णिस्स वा असण्णिस्स वा पज्जत्तस्स वा अपज्जत्तस्स वा सागारजागार-तप्पाओग्गसंकिलि० जह० ट्ठिदि० वट्टमाणयस्स । एवं पंचिंदियतिरिक्खअपज्ज०-पंचिंदियअपज्जत्ता त्ति ।

चाहिये, इसलिये इन मार्गणाओंमें सर्व विशुद्ध परिणामवाले सम्यग्दृष्टिको सात कर्मोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कहा है । अनुदिशसे लेकर आगे सब देव सम्यग्दृष्टि ही होते हैं, इसलिये वहाँ तो सम्यग्दृष्टि तत्प्रायोग्य संक्लेश परिणामोंके होनेपर आयु कर्मके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी होता है, पर यहाँ जो अन्य मार्गणाएँ गिनाई है उनमें आयु कर्मके जघन्य स्थितिबन्धकी योग्यता मिथ्यादृष्टिके ही पाई जाती है, क्यों कि यहाँ मिथ्यादृष्टिके आयु कर्मके जघन्य स्थितिबन्धके योग्य संक्लेश परिणाम हो सकते हैं उतने अन्य गुणस्थान-वालेके नहीं ।

५८. तिर्यञ्चोंमें सात कर्मोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर जो बादर एकेन्द्रिय जीव पर्याप्त है, सर्व विशुद्ध है और जघन्य स्थितिबन्ध कर रहा है वह सात कर्मोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है । आयु कर्मके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी ओघके समान है । इसी प्रकार सब एकेन्द्रिय, सब पाँचों स्थावरकाय, औदारिक मिश्रकाययोगी, कार्मणकाययोगी, मत्यज्ञानी, श्रुताज्ञानी, असंयत, कृष्णलेश्यावाले, नील-लेश्यावाले, कापोत लेश्यावाले, अभव्यसिद्धिक, मिथ्यादृष्टि, असंज्ञी और अनाहारक जीवोंके जानना चाहिये ।

विशेषार्थ—तिर्यंचोंमें सात कर्मोंका सबसे कम स्थितिबन्ध बादर एकेन्द्रिय पर्याप्त जीवोंके होता है । इसीसे यहाँ तिर्यञ्चगतिमें सात कर्मोंके जघन्य स्थिति बन्धके स्वामीका कथन उनकी मुख्यतासे किया है । यहाँ अन्य जितनी मार्गणाएं गिनाई हैं उनमें प्रायः यह स्थितिबन्ध सम्भव होनेसे उनका कथन ओघ तिर्यंचोंके समान करनेका निर्देश किया है। इन सब मार्गणाओंमें आयु कर्मका क्षुल्लक भव ग्रहणप्रमाण जघन्य स्थितिबन्ध सम्भव है, इसलिये आयु कर्मके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामीका कथन ओघके समान किया है ।

५९. पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चत्रिकमें सात कर्मोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर जो असंज्ञी जीव सब पर्याप्तियोंसे पर्याप्त है, साकार जागृत है, सर्वविशुद्ध है और जघन्य स्थितिका बन्ध कर रहा है वह सात कर्मोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है । आयु कर्मके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर संज्ञी या असंज्ञी जीव जो कि पर्याप्त हो या अपर्याप्त हो, साकार जागृत हो, तत्प्रायोग्य संक्लेश परिणामवाला हो और जघन्य स्थिति-बन्ध कर रहा हो वह आयुकर्मके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है । इसी प्रकार पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्त और पञ्चेन्द्रिय अपर्याप्तके जानना चाहिए ।

६०. वेइंदि०-तेइंदि०-चदुरिंदि० सत्तण्णं क० जह० ट्ठिदि० कस्स ? अण्ण० पज्जत्तस्स सागारजागारसव्वविसुद्धस्स जह० ट्ठिदि० वट्ट० । आयु० जह० ट्ठिदि० कस्स ? अण्ण० पज्जत्तस्स वा अपज्जत्तस्स वा तप्पाओग्गसंकिलि० जह० आबा० जह० ट्ठिदि० वट्ट० । एवं तेसिं चेव पज्जत्तापज्जत्ता० । [1]तसअपज्जत्ता० वेइंदियअपज्जत्तभंगो ।

६१. वेउव्वियका० सत्तण्णं कम्माणं जह० ट्ठिदि० कस्स ? अण्णद० देवणेरइगस्स सम्मादिट्ठि० सागारजागारसव्वविसुद्धस्स जह० ट्ठिदि० वट्टमाणयस्स । आयु० जह० ट्ठिदि० कस्स ? अण्णद० देवणेरइगस्स तप्पाओग्गसंकि० मिच्छादि० । एवं वेउव्वियमिस्स० । णवरि सत्तण्णं कम्माणं से काले सरीरसज्जत्ती गाहिदि त्ति । आहार०-आहारमि० सत्तण्णं क० जह० ट्ठिदि० कस्स ? अण्ण० पमत्तस्स सागारजागारसव्वविसुद्धस्स । आहारमिस्से से काले सरीरपज्जत्ती गाहिदि त्ति । आयु० जह० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० तप्पाओग्गसंकिलिट्ठस्स ।

६२. इत्थि०-पुरिस०-णवुंस० सत्तण्णं कम्माणं जह० ट्ठिदि० कस्स ? अण्ण० अणियट्टिखवगस्स जह० ट्ठिदि० वट्टमाणयस्स । आयु० ओघं । णवरि इत्थि०-पुरिस०

---

६०. द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय और चतुरिन्द्रिय जीवोंमें सात कर्मोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? जो अन्यतर अपर्याप्त जीव साकार जागृत है, सर्वविशुद्ध है और जघन्य स्थितिबन्ध कर रहा है वह सात कर्मोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है । आयुकर्मके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? जो अन्यतर जीव पर्याप्त है या अपर्याप्त है, तत्प्रायोग्य संक्लेश परिणामवाला है और जघन्य आबाधाके साथ जघन्य स्थितिबन्ध कर रहा है वह आयु कर्मके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है । इसी प्रकार इन तीनोंमें पर्याप्त और अपर्याप्त जीवोंके जानना चाहिए । तथा त्रस अपर्याप्तकोंमें द्वीन्द्रिय अपर्याप्तकोंके समान भङ्ग है ।

६१. वैक्रियिककाययोगमें सात कर्मोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर देव और नारकी जीव जो कि सम्यग्दृष्टि है, साकार जागृत है, सर्वविशुद्ध है और जघन्य स्थितिबन्ध कर रहा है वह सात कर्मोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है । आयुकर्मके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर देव और नारकी जीव जो कि तत्प्रायोग्य संक्लेश परिणामवाला है और मिथ्यादृष्टि है वह आयु कर्मके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है । इसी प्रकार वैक्रियिकमिश्रकाययोगमें जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि इसमें जो तदनन्तर समयमें शरीर पर्याप्तिको पूर्ण करेगा वह सात कर्मोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी होता है । आहारककाययोग और आहारक मिश्रकाययोगमें सात कर्मोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ! अन्यतर प्रमत्तसंयत जीव जो साकार जागृत है और सर्वविशुद्ध है वह सात कर्मोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है । आहारकमिश्र काययोगमें जो तदनन्तर समयमें शरीर पर्याप्तिको पूर्ण करेगा वह सात कर्मोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है । आयुकर्मके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर तत्प्रायोग्य संक्लेशपरिणामवाला जीव आयुकर्मके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है ।

६२. स्त्रीवेद, पुरुषवेद और नपुंसकवेदमें सात कर्मोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? जो अन्यतर अनिवृत्तिक्षपक जीव जघन्य स्थितिबन्ध कर रहा है वह सात कर्मोंके जघन्य स्थितबन्धका स्वामी है । आयुकर्मके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी ओघके समान है ।

१. मूलप्रतौ तसपजत्ता० इति पाठः ।

आयु०[1] सण्णिस्स वा असण्णिस्स वा [पज्जत्तस्स । णवुंस० सण्णिस्स वा असण्णिस्स वा] पज्जत्तस्स वा अपज्जत्तस्स वा । एवं कोधमाण-माय० ।

६३. विभंगे सत्तण्णं कम्माणं जह० ट्ठिदि० कस्स ? अण्ण० मणुसस्स संजमाभिमुहस्स सागारजागारसव्वविसुद्धस्स जह० ट्ठिदि० वट्टमाणयस्स । आयु० जह० ट्ठिदि० कस्स ? अण्ण० तिरिक्खस्स वा मणुसस्स वा सागारजागार-संकिलि० जह० आबा० ।

६४. सामाइ०-छेदोव० सत्तण्णं कम्माणं जह० ट्ठिदि० कस्स ? अण्ण० अणियट्टिखवगस्स चरिमजह० ट्ठिदि० वट्टमा० । आयु० जह० ट्ठिदि० पमत्तसंज-दस्स तप्पाओग्गसंकिलि० । परिहारे सत्तण्णं कम्माणं जह० ट्ठिदि० अप्पमत्त० सव्वविसुद्धस्स । आयु० जह० ट्ठिदि० आहारकायजोगिभंगो । सुहुमसंपराइ० छण्णं कम्माणं ओघं । संजदासंजद० सत्तण्णं क० जह० ट्ठिदि० कस्स ? अण्ण० मणुसस्स संजमाभिमुहस्स सागारजागारसव्वविसुद्धस्स । आयु० दुगदियस्स तप्पाओग्गसंकिलि० ।

६५. तेउले०-पम्मले० सत्तण्णं क० जह० ट्ठिदि० कस्स ? अण्ण० अप्पमत्त-

इतनी विशेषता है कि स्त्रीवेद और पुरुषवेदमें जो संज्ञी हो, असंज्ञी हो और पर्याप्त हो वह आयुकर्मके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है । नपुंसक वेदमें संज्ञी हो, असंज्ञी हो, पर्याप्त हो या अपर्याप्त हो वह आयुकर्मके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है । इसी प्रकार क्रोध, मान और माया कषायमें भी जानना चाहिए ।

६३. विभङ्गज्ञानमें सात कर्मोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? जो अन्यतर मनुष्य संयमके अभिमुख है, साकार जागृत है, सर्वविशुद्ध है और जघन्य स्थितिबन्ध कर रहा है वह सात कर्मोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है । आयुकर्मके जघन्य स्थिति-बन्धका स्वामी कौन है ? जो अन्यतर तिर्यञ्च या मनुष्य साकार है, जागृत है, संक्लेश परिणामवाला है और जघन्य आबाधाके साथ जघन्य स्थितिबन्ध कर रहा है वह आयु-कर्मके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है ।

६४. सामायिक और छेदोपस्थापना संयममें सात कर्मोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? जो अन्यतर अनिवृत्तिक्षपक अन्तिम जघन्य स्थितिबन्ध कर रहा है वह सात कर्मोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है । आयुकर्मके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? जो प्रमत्तसंयत जीव तत्प्रायोग्य संक्लेश परिणामवाला है वह आयुकर्मके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है । परिहारविशुद्धिसंयममें सात कर्मोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? जो अप्रमत्तसंयत जीव सर्वविशुद्ध है वह सात कर्मोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है । आयुकर्मके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी आहारक काययोगीके समान है । सूक्ष्मसाम्पराय संयममें छह कर्मोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी ओघके समान है । संयता-संयतोंमें सात कर्मोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? जो अन्यतर मनुष्य संयमके अभिमुख है, साकार जागृत है और सर्वविशुद्ध है वह सात कर्मोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है । आयुकर्मके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? जो दो गतिका जीव तत्प्रायोग्य संक्लेश परिणामवाला है वह आयुकर्मके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है ।

६५. पीतलेश्या और पद्मलेश्यामें सात कर्मोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ?

१. आयु० संकिलिट्ठस्स वा असण्णिस्स इति पाठः ।

संजदस्स सागारजागारसव्वविसुद्धस्स। अथवा दंसणमोहक्खवगस्स से काले कद-करणिज्जो होहिदि त्ति। आयुगस्स जह० ट्ठिदि० कस्स? अण्ण० देवस्स मिच्छादिट्ठिस्स तप्पाओग्गसंकिलिट्ठस्स जह० आबाधा० जह० ट्ठिदि वट्टमा०।

६६. वेदगसम्मा० सत्तण्णं क० तेउले० भंगो। आयु० देवणेरइयस्स तप्पाओगस्स संकिलिट्ठस्स। उवसमस० छण्णं क० जह० ट्ठिदि० कस्स? अण्ण० सुहुमसंपराइग० चरिमे जह० ट्ठिदि० वट्टमा०। मोहणी० जह० ट्ठिदि० कस्स? अण्ण० अणियट्टिउवसमस्स चरिमे जह० ट्ठिदि० वट्टमा०। सासणे सत्तण्णं क० जह० ट्ठिदि० कस्स? अण्ण० चदुगदियस्स सव्वविसुद्धस्स जह० ट्ठिदि० वट्टमा०। अथवा संजमादो परिवदमाणस्स[1]। आयु० जह० ट्ठिदि० कस्स? अण्ण० चदुगदियस्स तप्पाओग्गसंकिलि० जह० ट्ठिदि० वट्टमा०। सम्मामिच्छा० सत्तण्णं क० जह० ट्ठिदि० कस्स? अण्ण० सागारजागारसव्वविसुद्धस्स से काले सम्मत्तं पडिवज्जदि त्ति। एवं बंधसामित्तं समत्तं।

जो अन्यतर अप्रमत्तसंयत जीव साकार जागृत है और सर्वविशुद्ध है वह सात कर्मोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है। अथवा जो दर्शनमोहका क्षपक जीव तदनन्तर समयमें कृतकृत्यवेदक-सम्यग्दृष्टि होगा वह सात कर्मोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है। आयुकर्मके जघन्य स्थिति-बन्धका स्वामी कौन है? जो अन्यतर देव मिथ्यादृष्टि है, तत्प्रायोग्य संक्लेश परिणामवाला है और जघन्य आबाधाके साथ जघन्य स्थितिबन्ध कर रहा है वह आयुकर्मके जघन्य स्थिति-बन्धका स्वामी है।

६६. वेदकसम्यग्दृष्टियोंमें सात कर्मोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी पीतलेश्याके समान है। आयुकर्मके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है? जो देव और नारकी जीव तत्प्रायोग्य संक्लेश परिणामवाला है वह आयुकर्मके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है। उपशम-सम्यग्दृष्टियोंमें छह कर्मोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है? जो अन्यतर सूक्ष्मसाम्प-रायिक जीव अन्तिम समयमें जघन्य स्थितिबन्ध कर रहा है वह छह कर्मोंके जघन्य स्थिति-बन्धका स्वामी है। मोहनीय कर्मके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है? जो अन्यतर अनिवृत्ति उपशामक जीव अन्तिम समयमें जघन्य स्थितिबन्ध कर रहा है वह मोहनीयकर्मके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है। सासादनसम्यक्त्वमें सात कर्मोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है? जो अन्यतर चार गतिका जीव सर्वविशुद्ध है और जघन्य स्थितिबन्ध कर रहा है वह सात कर्मोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है। अथवा संयमसे गिरकर जो सासादनसम्यग्दृष्टि हुआ है वह सात कर्मोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है। आयुकर्मके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है? जो अन्यतर चार गतिका जीव तत्प्रायोग्य संक्लेश परिणामवाला है और आयुकर्मका जघन्य स्थितिबन्ध कर रहा है। वह आयुकर्मके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है। सम्यग् मिथ्यादृष्टियों सात कर्मोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है? जो अन्यतर साकार जागृत है, सर्वविशुद्ध है और तदनन्तर समयमें सम्यक्त्वको प्राप्त होगा वह सात कर्मोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है।

---

१. मूलप्रतौ—माणस्स। आयु० जह० ट्ठिदि० वट्टमा०। अथवा संजमादो परिवदमाणस्स। आयु० जह० ट्ठिदि० कस्स? अण्ण० चदुगदियस्स तप्पाओग्गसंकिलि०। सम्मामिच्छा० इति पाठः।

बंधकालपरूवणा

६७. बंधकालं दुविधं—जहण्णयं उक्कस्सयं च। उक्कस्सए पगदं। दुविधो णिद्देसो—ओघेण आदेसेण य। तत्थ ओघेण सत्तण्णं कम्माणं उक्कस्सओ ट्ठिदिबंधो केवचिरं कालादो होदि ? जहण्णेण एगसमओ, उक्कस्सेण अंतोमुहुत्तं। अणु० जह० अंतो०, उक्क० अणंमकालमसंखे०। आयु० उक्क० केवचिरं कालादो० ? जहण्णु० एग०। अणुक्क० जहण्णु० अंतो। एवं मदि०-सुद०-असंज०-अचक्खुदं०-भवसि०-अब्भवसि०–मिच्छादिट्ठि त्ति।

विशेषार्थ—पहले सब मार्गणाओंमें जघन्य स्थितिबन्धके अद्धाच्छेदका कथन कर आये हैं। यहाँ उनके स्वामीका निर्देश किया है। इसलिये जहाँ जितना जघन्य स्थितिबन्ध कहा है उसे ध्यान में रखकर उक्त प्रकारसे उसके स्वामित्वको घटित कर लेना चाहिए।

इस प्रकार बन्धस्वामित्वका कथन समाप्त हुआ।

बन्धकाल प्ररूपणा

६७. वन्धकाल दो प्रकारका है—जघन्य और उत्कृष्ट। उत्कृष्टका प्रकरण है। उसकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है-ओघ और आदेश। उनमेंसे ओघसे सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका कितना काल है ? जघन्य काल एक समय और उत्कृष्टकाल अन्तर्मुहूर्त है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अनन्त काल है जो असंख्यात पुद्गल परिवर्तन प्रमाण है। आयुकर्मके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका कितना काल है ? जघन्य और उत्कृष्ट काल एक सयय है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। इसी प्रकार मत्यज्ञानी, श्रुताज्ञानी, असंयत, अचक्षुदर्शनी, भव्य, अभव्य और मिथ्यादृष्टि जीवोंके जानना चाहिए।

विशेषार्थ—स्थितिबन्ध पहले उत्कृष्ट, अनुत्कृष्ट, जघन्य और अजघन्यके भेदसे चार प्रकारका वतला आये हैं। इनमें यहाँ सर्वप्रथम एक जीवकी अपेक्षा उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्ध कमसे कम कितने काल तक और अधिकसे अधिक कितने काल तक होता रहता है इसका विचार किया जा रहा है। यहाँ उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त वतलाया है। इसका कारण यह है कि उत्कृष्ट संक्लेशरूप परिणाम अन्तर्मुहूर्तसे अधिक काल तक नहीं रहते। उसमें भी उन परिणामोंसे उतने काल तक उत्कृष्ट स्थितिबन्ध होना ही चाहिए ऐसा कोई नियम नहीं है। किसी जीवके एक समय तक उत्कृष्ट स्थितिबन्ध होकर अनुत्कृष्ट स्थितिबन्ध होने लगता है और किसीके अन्तर्मुहूर्त काल तक उत्कृष्ट स्थितिबन्ध होता रहता है। यही कारण है कि यहाँ सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त कहा है। इन कर्मोंके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है, क्योंकि उत्कृष्ट स्थितिबन्ध होकर पुनः वह अन्तर्मुहूर्त कालके पहले कभी नहीं होता। इसका उत्कृष्ट अन्तर अनन्त काल है; क्योंकि संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त जीवका उत्कृष्ट अन्तर अनन्त काल है। आयुकर्मका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध एक समय तक और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्ध अन्तर्मुहूर्त काल तक होता है। इससे अधिक काल तक आयुकर्मका बन्ध ही नहीं होता। यही कारण है कि आयुकर्मके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय तथा अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त कहा है। यहाँ मत्यज्ञानी आदि जितनी मार्गणाएँ

६८. आदेसेण णेरइएसु सत्तएणं कम्माणं उक्क० ओघं। अणुक० जह० एगस०, उक्क० तेत्तीसं सागरोव०। आयु० ओघं। एवं सत्तसु पुढवीसु। णवरि अणुक्कस्स० अप्पप्पणो ट्ठिदी भाणिदव्वा।

६९. तिरिक्खेसु ओघं। पंचिंदियतिरिक्ख० ३-मणुस० ३-देवा याव सव्वट्ठ त्ति यथासंखाए सत्तएणं कम्माणं उक्क० ट्ठिदि० जह० एगस०, उक्क० अंतोमु०। अणुक० जह० एग०, उक्क०[1] [तिण्णि पलिदोवमाणि पुव्वकोडिपुधत्तेणब्भहियाणि] तिण्णि पलिदो० पुव्वकोडिपु० तेत्तीसं सागरो० देवाणं अप्पप्पणो ट्ठिदी०। आयु० ओघं।

७०. पंचिंदियतिरिक्खअपज्जत्त-मणुसअपज्जत्त-विगलिंदि०-पंचिंदिय-तसअपज्जत्ता० सत्तएणं कम्माणं उक्क० अणुक्क० जह० एग०, उक्क० अंतो०। आयु ओघं।

गिनाई हैं उनमें आठों कर्मोंका यह काल अविकल घटित हो जाता है, इसलिये इनके कथनको ओघके समान कहा है।

६८. आदेशसे नारकियोंमें सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका काल ओघके समान है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल तेतीस सागर है। आयुकर्मका काल ओघके समान है। इसी प्रकार सात पृथिवियोंमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि यहाँ अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल अपनी अपनी स्थितिप्रमाण कहना चाहिए।

विशेषार्थ—यहाँ सामान्यसे और प्रत्येक नरकमें अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल अपनी अपनी स्थितिप्रमाण कहा है। सो इसका कारण यह है कि जिस जीवने पूर्व भवमें उत्कृष्ट स्थितिबन्ध करनेके बाद अनुत्कृष्ट स्थितिबन्ध किया। इसके बाद वह मरकर नरकमें गया और वहाँ निरन्तर अनुत्कृष्ट स्थितिबन्ध करता रहा। इस प्रकार अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल प्राप्त हो जाता है। आगे सर्वत्र अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल इसी प्रकार घटित कर लेना चाहिए।

६९. तिर्यञ्चोंमें ओघके समान काल है। पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चत्रिक, मनुष्यत्रिक, सामान्य देव और सर्वार्थसिद्धि तकके देवोंमें सात कर्मोंकी उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल क्रमसे पूर्वकोटि पृथक्त्व अधिक तीन पल्य, पूर्वकोटि पृथक्त्व अधिक तीन पल्य, तेतीस सागर और देवोंके अपनी अपनी उत्कृष्ट स्थितिप्रमाण है। आयुकर्मका ओघके समान है।

विशेषार्थ—यहाँ अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय बतलानेका कारण यह है कि विवक्षित पर्यायमें उत्कृष्ट स्थितिबन्ध किया और दूसरे समयमें अनुत्कृष्ट स्थितिबन्ध करके मरकर अन्य पर्यायमें चला गया। इससे यहाँ सर्वत्र स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय प्राप्त हो जाता है। शेष कथनका अनुगम पूर्ववत् है।

७०. पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्त, मनुष्य अपर्याप्त, विकेलन्द्रिय अपर्याप्त, पञ्चेन्द्रिय अपर्याप्त और त्रस अपर्याप्त जीवोंमें सात कर्मोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। आयुकर्मका ओघके समान है।

1. मूलप्रतौ उक्क० अणंतकालमसंखेज्जपोग्गल० तिण्णि इति पाठः।

७१. एइंदिएसु सत्तएणं कम्माएणं उक्क० ट्ठिदि० जह० एग०, उक्क० अंतो० । अणुक्क० जह० अंतो, उक्क० असंखेज्जा लोगा । बादरएइंदि० अणुक्क० जह० एग०, उक्क० अंगुलस्स असंखे । बादरएइंदि० पज्जत० अणुक्क० जह० एग०, उक्क० संखेज्जाणि वस्ससहस्साणि । अपज्ज० अणु० जह०एग, उक्क० अंतो० । सुहुमएइंदि० अणुक्क० जह० अंतो, उक्क० अंगुलस्स असंखे० । पज्जत्ते अणु० जह० एग०, उक्क० अंतो० । अपज्ज० अणु० जहएणु० अंतो । सव्वेसिं उक्क० जह० एग०, उक्क० अंतो । सव्वेसु आयु० ओघं ।

७२. बेइंदि०-तेइंदि०-चउरिंदि० तेसिं चेव पज्जत्ता० सत्तएणं कम्माएणं उक्क० जह० एग०, उक्क० अंतो० । अणुक्क० जह० एग०, उक्क० संखेज्जाणि वस्ससहस्साणि । आयु० ओघं ।

विशेषार्थ—इन सब पर्यायोंमें एक जीवके रहनेका उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। इसीसे यहाँ अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त कहा है।

७१. एकेन्द्रियोंमें सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्टकाल अन्तर्मुहूर्त है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्यकाल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट काल असंख्यात लोक प्रमाण है। बादर एकेन्द्रियोंमें अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्यकाल एक समय है और उत्कृष्टकाल अङ्गुलके असंख्यातवें भागप्रमाण है। बादर एकेन्द्रिय पर्याप्तकोंमें अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल संख्यात हजार वर्ष है। बादर एकेन्द्रिय अपर्याप्तकोंमें अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्टकाल अन्तर्मुहूर्त है। सूक्ष्म एकेन्द्रियोंमें अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट काल अङ्गुलके असंख्यातवें भागप्रमाण है। सूक्ष्म एकेन्द्रिय पर्याप्तकोंमें अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्टकाल अन्तर्मुहूर्त है। सूक्ष्म एकेन्द्रिय अपर्याप्तकोंमें अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। इन सबके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्टकाल अन्तर्मुहूर्त है। तथा इन सबमें आयुकर्मका काल ओघके समान है।

विशेषार्थ—खुद्दाबन्धमें एकेन्द्रिय जीवका उत्कृष्टकाल असंख्यात पुद्गल परिवर्तनप्रमाण अनन्तकाल दिया है और इसी प्रकार सूक्ष्म एकेन्द्रियका उत्कृष्ट काल असंख्यात लोकप्रमाण दिया है किन्तु यहां पर इनमें अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल क्रमसे असंख्यात लोकप्रमाण और अङ्गुलके असंख्यातवें भागप्रमाण बतलाया है। इसका कारण क्या है यह विचारणीय है। इन जीवोंका खुद्दाबन्धमें जो उत्कृष्ट काल बतलाया है उतने काल तक सात कर्मोंका अनुत्कृष्ट स्थितिबन्ध नहीं होता, इसीसे यह काल दिया है। शेष कथन सुगम है। आगे सूक्ष्म पृथिवीकायिक आदिका जो अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल कहा है वहां भी इसी प्रकार विचारणा कर लेनी चाहिए।

७२. द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय और चतुरिन्द्रिय तथा इनके पर्याप्त जीवोंमें सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल संख्यात हजार वर्ष है। आयुकर्मका काल ओघके समान है।

७३. पंचिंदिय-तसदोएणं सत्तएणं कम्माणं उक्क० जह० एग०, उक्क० अंतो० । अणुक्क०जह० एग०, उक्क० [अप्पप्पणो सगट्ठिदीओ ।] आयु०ओघं ।

७४. पुढवि०-आउ०-तेउ०-वाउ० सत्तएणं कम्माणं उक्क० ओघं । अणुक्क० जह० एग०, उक्क० असंखेज्जा लोगा । बादरे कम्मट्ठिदी । बादरपज्जत्ते संखेज्जाणि वस्ससहस्साणि । सुहुमे० अंगुलस्स असंखे० । पज्जत्ते उक्कस्स-अणुक्कस्सबंधा० जह० एग०, उक्क० अंतो० । वणप्फदि० एइंदियभंगो । पत्तेगे कम्मट्ठिदी । पज्जत्ते संखेज्जाणि वस्ससहस्साणि । णिगोदेसु एइंदियभंगो । णवरि बादरे कम्मट्ठिदी । सुहुमवणप्फदि०—सुहुमणिगोदअपज्जत्तं मोत्तूण सेसं अपज्ज० पंचिंदियअपज्जत्तभंगो । आयु० ओघं ।

७५. पंचमण०-पंचवचि० सत्तएणं कम्माणं उक्क० अणु० जह० एग, उक्क० अंतो० । आयु०उक्क०ओघं । अणुक्क०जह०एग०, उक्क०अंतो० । एवं वेउव्विय०-आहार०-कोधादि ४ । कायजोगि० सत्तएणं क० उक्क० ओघं । अणु० जह०

---

७३. पञ्चेन्द्रिय और पञ्चेन्द्रिय पर्याप्त तथा त्रस और त्रस पर्याप्त जीवोंमें सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अपनी अपनी उत्कृष्ट स्थितिप्रमाण है। आयुकर्मका काल ओघके समान है।

७४. पृथिवीकायिक, जलकायिक, अग्निकायिक और वायुकायिक जीवोंमें सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका काल ओघके समान है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल असंख्यात लोकप्रमाण है। इन चारोंके बादरोंमें अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल कर्मस्थितिप्रमाण है। इनके बादरपर्याप्त जीवोंमें अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल संख्यात हजार वर्ष है। उनके सूक्ष्म जीवोंमें अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल अङ्गुलके असंख्यातवें भागप्रमाण है। सूक्ष्म पर्याप्तकोंमें उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्टकाल अन्तर्मुहूर्त है। वनस्पतिकायिकोंमें उत्कृष्ट व अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका काल एकेन्द्रियोंके समान है। वनस्पति प्रत्येक कायिकोंमें अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल कर्मस्थितिप्रमाण है। इनके पर्याप्तकोंमें अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल संख्यात हजार वर्ष है। निगोद जीवोंमें उक्त स्थितिबन्धका काल एकेन्द्रियोंके समान है। इतनी विशेषता है कि इनके बादरोंमें अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल कर्मस्थितिप्रमाण है। सूक्ष्म वनस्पतिकायिक अपर्याप्त और सूक्ष्मनिगोद अपर्याप्त जीवोंको छोड़ कर शेष अपर्याप्त जीवोंमें उक्त स्थितिबन्धका काल पञ्चेन्द्रिय अपर्याप्तकोंके समान है। आयुका काल ओघके समान है।

७५. पाँचों मनोयोगी और पाँचों वचनयोगी जीवोंमें सात कर्मोंकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। आयुकर्मके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका काल ओघके समान है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्टकाल अन्तर्मुहूर्त है। इसी प्रकार वैक्रियिक काययोगी, आहारक काययोगी और क्रोधादि चार कषायवाले जीवोंके जानना चाहिए। काययोगी जीवों में सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका काल ओघके समान है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक

एग०, उक्क०अणंतकालमसंखे० । आयु०मणजोगिभंगो । एवं णवुंस०-असण्णि० । आयु० ओघं । ओरालियकाजो० सत्तण्णं क० उक्क० ओघं । अणु० ज० एग०, उक्क०बावीसं वस्ससहस्साणि देसूणाणि । आयु०मणजोगिभंगो । ओरालियमि०-वेउव्वियमि०-आहारमि० सत्तण्णं कम्माणं उक्क० जह० एग०, उक्कस्सेण अंतोमुहुत्तं । अणु० जहण्णु० अंतो । ओरालियमि० आयु० ओघं । आहारमिस्से मणजोगिभंगो । कम्मइगका०-अणाहा० सत्तण्णं कम्माणं उक्क०जह० एग०, उक्क० बेसम० । अणुक्क० जह० एग०, उक्क० तिण्णिस० ।

७६. इत्थि०-पुरिस० सत्तण्णं क० उक्क० ओघं । अणुक्क० जह० एगस०, उक्क० पलिदोवमसदपुधत्तं सागरोवमसदपुधत्तं । आयु० ओघं । अवगद० मणजोगिभंगो । एवं सुहुमसं० छण्णं कम्माणं ।

समय है और उत्कृष्ट अनन्त काल है जो असंख्यात पुद्गल परिवर्तन प्रमाण है । आयुकर्मका काल मनोयोगियोंके समान है । इसी प्रकार नपुंसकवेदी और असंज्ञी जीवोंके जानना चाहिए । इनके आयुकर्मका काल ओघके समान है । औदारिक काययोगी जीवोंमें सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका काल ओघके समान है । अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल कुछ कम बाईस हजार वर्ष है । आयुकर्मका काल मनोयोगियोंके समान है । औदारिक मिश्रकाययोगी, वैक्रियिक मिश्रकाययोगी और आहारक मिश्रकाययोगी जीवोंमें सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है । अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्र्मुहूर्त है । औदारिक मिश्रमें आयुकर्मका काल ओघके समान है और आहारक मिश्रकाययोगमें आयुकर्मका काल मनोयोगियोंके समान है । कार्मणकाययोगी और अनाहारक जीवोंमें सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल दो समय है । अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल तीन समय है ।

विशेषार्थ—औदारिक मिश्रकाययोगमें आयुबन्ध लब्ध्यपर्याप्तकोंके ही होता है, इसलिए यहाँ आयुकर्मके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका काल ओघके समान बन जाता है । शेष जिन योगोंमें आयुकर्मका बन्ध कहा है उनका जघन्य काल एक समय होनेसे उनमें आयुकर्मके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय कहा है । किन्तु आहारक मिश्रकाययोगमें कुछ विशेषता है । उसका यद्यपि जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त होता है तथापि वहाँ आयुकर्मके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय कहनेका कारण यह है कि कोई जीव आहारक मिश्रकाययोगका एक समय काल शेष रहनेपर भी आयुकर्मका बन्ध कर सकता है इसलिए यहाँ एक समय काल बन जाता है । कार्मणकाययोगी और अनाहारक जीवोंमें उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन होता है इसका पहले विचार कर आये हैं । उसे देखते हुए ज्ञात होता है कि ऐसा जीव अधिकसे अधिक दो विग्रह लेकर ही उत्पन्न होता है । इसीसे यहाँ पर सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल दो समय कहा है । शेष कथन सुगम है ।

७६. स्त्रीवेद और पुरुषवेदमें सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका काल ओघके समान है । अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल क्रमसे पल्योपमशतपृथक्त्वप्रमाण और सागरोपमशतपृथक्त्वप्रमाण है । आयुकर्मका काल ओघके समान है । अपगतवेदियोंमें सात कर्मोंका काल मनोयोगियोंके समान है । इसी प्रकार सूक्ष्मसाम्परायमें छह कर्मोंका काल होता है ।

७७. विभंगे सत्तएणं क० उक्क० ओघं । अणु० जह० एग०, उक्क० तेत्तीसं सागरोवम० देसू० । आयु० ओघं । आभि०-सुद०-ओधि० सत्तएणं क० उक्क० जह० उक्क० अंतो० । अणु० जह०अंतो०, उक्क० छावट्ठिसागरो०सादिरे० । आयु० ओघं । मणपज्ज० सत्तएणं कम्माणं उक्क० जह० उक्क० अंतो० । अणु० जह० एगस०, उक्क० पुव्वकोडी देसू० । आयु० ओघं । एवं संजद-सामाइ०-छेदोव०-परिहार० । संजदासंजदाणं सत्तएणं क० उक्क० जहएणु० अंतो० । अणु० जह० अंतो, उक्क० पुव्वकोडी देसू० । आयु० ओघं । चक्खुदं० तसपज्जत्तभंगो । ओधिदंसणि–सम्मादिट्ठि० ओधिभंगो ।

७८. किएण०-णील०-काउ० सत्तएणं कम्माणं उक्क० ओघं । अणु० जह० अंतो, उक्क० तेत्तीसं सत्तारस सत्त सागरोव० सादि० । आयु० ओघं । एवं तेउ०-पम्मले०-सुक्कलेस्साए सत्तएणं कम्माणं उक्क० ओघं[1] । अणु० जह० एग०, उक्क० वे अट्ठारस तेत्तीसं साग० । आयु० ओघं ।

विशेषार्थ—अपगतवेदका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है, इसलिए यहाँ उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त कहा है । शेष कथन सुगम है ।

७७. विभङ्ग ज्ञानमें सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका काल ओघके समान है । अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल कुछ कम तेतीस सागरोपम है । आयु कर्मका काल ओघके समान है । आभिनिबोधिकज्ञान, श्रुतज्ञान और अवधिज्ञानमें सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है । अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट काल साधिक छ्यासठ सागरोपम है । आयुकर्मका काल ओघके समान है । मनःपर्ययज्ञानमें सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है । अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल कुछ कम पूर्वकोटि प्रमाण है । आयुकर्मका काल ओघके समान है । इसी प्रकार संयत, सामायिक, छेदोपस्थापना और परिहारविशुद्धि संयत जीवोंके जानना चाहिए । संयतासंयतोंमें सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है । अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट काल कुछ कम पूर्वकोटिप्रमाण है । आयु कर्मका काल ओघके समान है । चक्षुदर्शनमें उक्त काल त्रसपर्याप्तकोंके समान है । अवधिदर्शनी और सम्यग्दृष्टियोंमें उक्त काल अवधिज्ञानियोंके समान है ।

७८. कृष्ण, नील और कापोत लेश्यामें सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका काल ओघके समान है । अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट काल क्रमसे साधिक तेतीस सागर, साधिक सत्रह सागर और साधिक सात सागर है । आयु कर्मका काल ओघके समान है । इसी प्रकार पीत, पद्म और शुक्ल लेश्यामें सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका काल ओघके समान है । अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल क्रमसे साधिक दो सागर, साधिक अठारह सागर और साधिक तेतीस सागर है । आयुकर्मका काल ओघके समान है ।

---

1. मूलप्रतौ ओघं । आयु ओघं । अणु० जह० एग०, उक्क० वे अट्ठारस तेत्तीसं साग० । खइगसं० इति पाठः ।

७६. खइगस० सत्तण्णं क० उक्क० जह० एग०, उक्क० अंतो० । अणु० जह० अंतो, उक्क० तेत्तीसं साग० सादि० । आयु० ओघं । वेदगसम्मा० सत्तण्णं कम्माणं उक्क० जह०उक्क० अंतो० । अणु० जह० अंतो०, उक्क० छावट्ठिसाग० । आयु० ओघं । उवसमस०-सम्मामि० सत्तण्णं क० उक्क० अणु० जह० उक्क० अंतो० । सासण० सत्तण्णं क० उक्क० जह० एग०, उक्क० अंतो० । अणुक्क० जह० एग०, उक्क० छावलिगाओ । आयु० ओघं ।

८०. सण्णि० पंचिंदियपज्जत्तभंगो । एवं उक्कस्सबंधकालो समत्तो ।

८१. जहण्णए पगदं । दुविधो णिद्देसो—ओघेण आदेसेण य । तत्थ ओघेण सत्तण्णं क० जहण्णट्ठिदिबंधकालो केवचिरं कालादो होदि ? जह० उक्क० अंतो० । अजहण्ण० केवचिरं कालादो० ? अणादियो अपज्जवसिदो त्ति भंगो । यो सो सादि० जह० अंतो०, उक्क० अद्धपोग्गलपरियट्टं । आयु० उक्कस्सभंगो । एवं याव आहारग त्ति । आयु० ओघभंगो ।

७९. क्षायिकसम्यग्दृष्टियोंमें सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है । अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट काल साधिक तेतीस सागरोपम है । आयु कर्मका काल ओघके समान है । वेदकसम्यग्दृष्टियोंमें सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है । अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्यकाल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट काल छयासठ सागर है । आयु कर्मका काल ओघके समान है । उपशमसम्यग्दृष्टियों और सम्यग्मिथ्यादृष्टियोंमें सात कर्मोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिवन्धका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है । सासादनमें सात कर्मोंके उत्कृष्टस्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है । अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल छह आवलि है । आयु कर्मका काल ओघके समान है ।

८०. संज्ञियोंमें सब कर्मोंका उक्त काल पञ्चेन्द्रिय पर्याप्तकोंके समान है ।

इस प्रकार उत्कृष्ट बन्धकाल समाप्त हुआ ।

८१. अब जघन्य बन्ध कालका प्रकरण है । उसकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है— ओघ और आदेश । उनमेंसे ओघकी अपेक्षा सात कर्मोंके जघन्य स्थितिबन्धका कितना काल है ? जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है । अजघन्य स्थितिबन्धका कितना काल है ? एक अनादि-अनन्त भङ्ग है और दूसरा सादि । उनमेंसे जो सादि भङ्ग है उसका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट काल अर्धपुद्गलपरिवर्तनप्रमाण है । आयु कर्मका काल उत्कृष्ट के समान है ।

विशेषार्थ—सात कर्मोंका जघन्य स्थितिबन्ध क्षपकश्रेणिमें होता है और वह अन्तर्मुहूर्त काल तक होता रहता है । इसीसे सात कर्मोंके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त कहा है । यद्यपि सात कर्मोंका अनादि कालसे अजघन्य स्थितिबन्ध ही होता है, पर जिसने अर्धपुद्गल परिवर्तन कालके प्रारम्भमें उपशमश्रेणिपर आरोहण किया है उसके उनका अजघन्य स्थितिबन्ध सादि होता है । अब यदि यह अजघन्य स्थितिबन्ध अन्तर्मुहूर्त काल तक रह कर पुनः श्रेणि पर आरोहण करनेसे छूट जाता है तो इसका

८२. आदेसेण णेरइएसु सत्तण्णं कम्माणं जह० जह० एग०, उक्क० वेसम०। अज्ज०. जह० दसवस्ससहस्साणि विसमयूणाणि, उक्क० तेत्तीसं सागरोवमाणि। एवं पढमाए पुढवीए। णवरि सगट्ठिदी। विदियाए याव सत्तमा त्ति उक्कस्सभंगो। णवरि सत्तमाए अज० जह० अंतो०।

८३. तिरिक्खेसु सत्तण्णं कम्माणं जह० जह० एग०, उक्क० अंतो०। अज० जह० एग०, उक्क० असंखेज्जा लोगा। पंचिंदियतिरिक्ख३ जहण्णं तिरिक्खोघं। अज० जह० एग०, उक्क० सगट्ठिदी०। पंचिंदियतिरिक्खअपज्जत० जह० अजह० उक्कस्सभंगो।

जघन्य काल अन्तमुहूर्त उपलब्ध होता है और यदि ऐसा जीव कुछ कम अर्धपुद्गल परिवर्तन काल तक पुनः श्रेणी पर नहीं चढ़ता है तो इसका काल कुछ कम अर्धपुद्गल परिवर्तनप्रमाण प्राप्त होता है। यही कारण है कि सात कर्मोंके अजघन्य स्थितिवन्धका जघन्य काल अन्तमुहूर्त और उत्कृष्ट काल कुछ कम अर्धपुद्गल परिवर्तन प्रमाण कहा है।

८२. आदेशसे नारकियोंमें सात कर्मोंके जघन्य स्थितिवन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल दो समय है। अजघन्य स्थितिवन्धका जघन्य काल दो समय कम दस हजार वर्ष है और उत्कृष्ट काल तेतीस सागर है। इसी प्रकार पहली पृथिवीमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि अजघन्य स्थितिवन्धका उत्कृष्ट काल अपनी स्थितिप्रमाण कहना चाहिए। दूसरी पृथिवीसे लेकर सातवीं तक कालकी प्ररूपणा उत्कृष्टके समान है। इतनी विशेषता है कि सातवीं पृथिवीमें अजघन्य स्थितिवन्धका जघन्य काल अन्तमुहूर्त है।

विशेषार्थ—जो तत्प्रायोग्य विशुद्ध परिणामवाला असंज्ञी जीव मरकर नरकमें उत्पन्न होता है उसके एक या दो समय तक सात कर्मोंका जघन्य स्थितिबन्ध होता है। इसीसे यहां सात कर्मोंके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल दो समय कहा है। दस हजार वर्षप्रमाण नरककी जघन्य स्थितिमेंसे ये दो समय कम कर देनेपर वहां अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्यकाल होता है। उत्कृष्ट काल तेतीस सागर है यह स्पष्ट ही है। पहली पृथिवीकी अपेक्षा यह प्ररूपणा इसी प्रकार है। कारण कि असंज्ञी जीव पहली पृथिवीमें ही उत्पन्न होता है। मात्र यहां अजघन्य स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल यहां की उत्कृष्ट स्थिति एक सागर प्रमाण कहना चाहिए। शेष पृथिवियोंमें जघन्य स्थितिबन्ध के कालका विचार उत्कृष्ट स्थितिवन्धके कालके समान कर लेना चाहिए।

८३. तिर्यञ्चोंमें सात कर्मोंके जघन्य स्थितिवन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तमुहूर्त है। अजघन्य स्थितिवन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल असंख्यात लोकप्रमाण है। पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च त्रिकमें जघन्य स्थितिवन्धका काल सामान्य तिर्यञ्चोंके समान है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अपनी अपनी स्थितिप्रमाण है। पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्तकोंमें जघन्य और अजघन्य स्थितिवन्धका काल उत्कृष्ट स्थितिबन्धके कालके समान है।

विशेषार्थ—यद्यपि तिर्यञ्च गतिमें एक जीवके रहनेका उत्कृष्ट काल असंख्यात पुद्गल परिवर्तनप्रमाण है तथापि ऐसा जीव तिर्यंच गतिकी सब योनियोंमें परिभ्रमण कर लेता है इसलिए सात कर्मोंके अजघन्य स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल इतना उपलब्ध नहीं होता, क्योंकि इस जीवके पर्याप्त एकेन्द्रियोंमें उत्पन्न होने पर जघन्य स्थितिबन्ध सम्भव है अतः यहां सूक्ष्म एकेन्द्रियोंके कालकी मुख्यतासे अजघन्य स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल असंख्यात लोकप्रमाण कहा है। शेष कथन सुगम है।

८४. मणुस३ जह० जहण्णु० अंतो० । अज० जह० एग०, उक्क० सगट्ठिदी० । मणुसअपज्ज० सत्तण्णं क० जह० जह० एग०, उक्क० वेसम० । अज० खुद्दाभव० विसमयूणं, उक्क० अंतो० ।

८५. देवाणं णिरयोघं । भवण०-वाणवें० पढमपुढविभंगो । णवरि सगट्ठिदी० । जोदिसिय याव सव्वट्ठ त्ति उक्कसभंगो ।

८६. सव्वएइंदिएसु सत्तण्णं क० जह० तिरिक्खोघं । अज० जह० एग०, उक्क० असंखेज्जा लोगा । बादर० अंगुलस्स असंखेज्जदि० । पज्जत्ते संखेज्जाणि वस्ससहस्साणि । बादरअपज्ज० जह० एगसमयं, उक्क० अंतो० । सुहुमेइंदि० जह० एग०, उक्क० अंगुलस्स असंखे० । पज्जत्तापज्ज० जह० एगस०, उक्क० अंतो० ।

---

८४. मनुष्यत्रिकमें सात कर्मोंके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है । अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अपनी अपनी स्थितिप्रमाण है । मनुष्य अपर्याप्तकोंमें सात कर्मोंके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल दो समय है । अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल दो समय कम खुद्दाभवग्रहणप्रमाण है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है ।

विशेषार्थ—मनुष्यत्रिकमें सात कर्मोंका जघन्य स्थितिबन्ध क्षपकश्रेणीमें उपलब्ध होता है और वह अन्तर्मुहूर्त काल तक होता है । इसीसे यहाँ इसका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त कहा है । शेष कथन सुगम है ।

८५. देवोंमें सामान्य नारकियोंके समान काल है । भवनवासी और व्यन्तरोंमें पहली पृथिवीके समान काल है । इतनी विशेषता है कि यहाँ अजघन्य स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल कहते समय अपनी अपनी उत्कृष्ट स्थितिप्रमाण कहना चाहिए । ज्योतिषियोंसे लेकर सर्वार्थसिद्धि तकके देवोंमें इन्हींके उत्कृष्ट स्थितिबन्धके कालके समान काल कहना चाहिए ।

८६. सब एकेन्द्रियोंमें सात कर्मोंके जघन्य स्थितिबन्धका काल सामान्य तिर्यञ्चोंके समान है । अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल असंख्यात लोकप्रमाण है । इनके बादरोंमें अजघन्य स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल अंगुलके असंख्यातवें भागप्रमाण है । बादर पर्याप्तकोंमें अजघन्य स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल संख्यात हजार वर्ष है । बादर अपर्याप्तकोंमें अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है । सूक्ष्म एकेन्द्रियोंमें अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्टकाल अंगुलके असंख्यातवें भागप्रमाण है । इनके पर्याप्तकों और अपर्याप्तकोंमें अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है ।

विशेषार्थ—सामान्य एकेन्द्रियोंमें अजघन्य स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल जिस प्रकार तिर्यञ्चोंमें घटित करके बतला आये हैं उस प्रकार से घटित कर लेना चाहिए । तथा एकेन्द्रियके शेष अवान्तर भेदोंमें यह काल उस उसकी कायस्थिति जान कर समझ लेना चाहिए । मात्र सूक्ष्म एकेन्द्रियोंमें यह काल अपनी कायस्थिति प्रमाण प्राप्त न होकर अङ्गुलके असंख्यातवें भागप्रमाण उपलब्ध होता है इतना विशेष जानना चाहिए । शेष कथन स्पष्ट ही है ।

८७. वेइंदि०-तेइंदि०-चदुरिंदि० तेसिं चेव पज्जत्ताणं सत्तण्णं क० जह० तिरिक्खोघं। अज० जह० एग०, उक्क० संखेज्जाणि वस्ससहस्साणि। अपज्ज० पंचिंदियतिरिक्खअपज्जतभंगो। पंचिंदिय-तस० तेसिं चेव पज्जत्ताणं सत्तण्णं० क० जह० ओघं। अज० जह० अंतो०, उक्क० सगट्ठिदी०। अपज्जत्ता० पंचिंदियतिरिक्खअपज्जतभंगो।

८८. सव्वपुढवि०-आउ०-तेउ०-वाउ-वणप्फदि-पत्तेय०-णिगोद० सत्तण्णं क० जह० एइंदियभंगो। अजह० जह० एग०, उक्क० अणुक्कस्सभंगो।

८९. पंचमण०-पंचवचि० सत्तण्णं क० जह० अजह० जह० एग०, उक्क० अंतो०। कायजोगि० सत्तण्णं कम्माणं जह०जह०एग०, उक्क० अंतो०। अजह०जह० एग०, उक्क० अणंतका०। ओरालियका० सत्तण्णं क० जह० जह० एग०, उक्क० अंतो०। अज०जह०एग०, उक्क० बावीसं वस्ससहस्साणि देसू०। ओरालियमि०-वेउव्वियमि०-आहारमि० उक्कस्सभंगो। वेउव्वियका० मणजोगिभंगो। एवं आहारका०। कम्मइ०-अणाहार० उक्कस्सभंगो।

---

८७. द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय और चतुरिन्द्रिय तथा इन्हींके पर्याप्तकोंमें सात कर्मोंके जघन्य स्थितिबन्धका काल सामान्य तिर्यञ्चोंके समान है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल संख्यात हजार वर्ष है। द्वीन्द्रिय आदि तीनों अपर्याप्तकोंमें पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्तकोंके समान काल है। पञ्चेन्द्रिय और त्रस तथा इनके पर्याप्त जीवोंमें सात कर्मोंके जघन्य स्थितिबन्धका काल ओघके समान है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट काल अपनी अपनी स्थितिप्रमाण है। इनके अपर्याप्तकोंमें पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्तकोंके समान काल है।

८८. सब पृथ्वीकायिक, सब जलकायिक, सब अग्निकायिक, सब वायुकायिक, वनस्पतिकायिक, सब वनस्पतिकायिक प्रत्येकशरीर और सब निगोद जीवोंमें सात कर्मोंके जघन्य स्थितिबन्धका काल एकेन्द्रियोंके समान है। इनमें अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धके उत्कृष्ट कालके समान है।

८९. पाँचों मनोयोगी और पाँचों वचनयोगी जीवोंमें सात कर्मोंके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। काययोगी जीवोंमें सात कर्मोंके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्टकाल अनन्तकाल है। औदारिक काययोगी जीवोंमें सात कर्मोंके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल कुछ कम बाईस हजार वर्ष है। औदारिकमिश्रकाययोगी, वैक्रियिकमिश्रकाययोगी और आहारकमिश्रकाययोगी जीवोंमें अपने उत्कृष्ट स्थितिबन्धके समान काल है। वैक्रियिककाययोगी जीवोंमें मनोयोगियोंके समान काल है। इसी प्रकार आहारककाययोगियोंके जानना चाहिए। कार्मणकाययोगी और अनाहारकोंमें अपने अपने उत्कृष्ट स्थितिबन्धके समान काल है।

६०. इत्थि०-पुरिस०-णवुंस० सत्तण्णं क० जह० ओघं । अज० जह० एग०, उक्क० पलिदोवमसदपुधत्तं । जह० अंतो०, उक्क० सागरोवमसदपुधत्तं । जह० एग०, उक्क० अणंतकालमसंखे० । अवगद० सत्तण्णं क० जह० ओघं । अज० जह० एगस०, उक्क० अंतो० । एवं सुहुमसंप० छण्णं कम्माणं ।

६१. कोधादि४ सत्तण्णं क० मणभंगो ।

६२. मदि०-सुद० सण्त्तण्णं क० जह० जह० एग०, उक्क० अंतो० । अज० ज० अंतो०, उक्क० असंखेज्जा लोगा । विभंगे सत्तण्णं क० जह० जह० उक्क० अंतो० । अज० जह० एग०, उक्क० तेत्तीसं साग० देसू० । आभिणि०-सुद०-

विशेषार्थ—काययोगमें जघन्य स्थितिबन्ध क्षपकश्रेणिमें होता है, इसलिए इनमें अजघन्य स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल अपनी काय स्थितिप्रमाण घटित हो जाता है जो कि अनन्त काल अर्थात् असंख्यात पुद्गल परिवर्तनप्रमाण उपलब्ध होता है। शेष कथन सुगम है।

६०. स्त्रीवेद, पुरुषवेद और नपुंसकवेदमें सात कर्मोंके जघन्य स्थितिबन्धका काल ओघके समान है। स्त्रीवेदमें अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल सौ पल्यपृथक्त्वप्रमाण है। पुरुषवेदमें जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट काल सौ सागर पृथक्त्वप्रमाण है। तथा नपुंसकवेदमें जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल असंख्यात पुद्गल परिवर्तनप्रमाण अनन्त काल है। अपगतवेदमें सात कर्मोंके जघन्य स्थितिबन्धका काल ओघके समान है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। इसी प्रकार सूक्ष्मसाम्परायसंयममें छह कर्मोंका काल है।

विशेषार्थ—जो जीव पुरुषवेदसे उपशमश्रेणि पर आरोहण करता है वह उपशमश्रेणिमें मरण कर नियमसे पुरुषवेदी ही होता है, इसलिये इसमें अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय उपलब्ध नहीं होता। यही कारण है कि पुरुषवेदमें सातों कर्मोंके अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय नहीं कहा। फिर भी यह काल कैसे प्राप्त होता है यह घटित करके बतलाते हैं—एक पुरुषवेदी जीव उपशम श्रेणि पर चढ़ा और उतर कर वह सात कर्मोंका अजघन्य स्थितिबन्ध करने लगा। पुनः अन्तर्मुहूर्तके बाद वह उपशमश्रेणि पर चढ़ा और अनिवृत्तिकरणके अन्तिम समयमें उसने मोहनीयकी तथा सूक्ष्मसाम्परायके अन्तिम समयमें उसने शेष छह कर्मोंकी बन्धव्युच्छित्ति की। इस प्रकार यदि देखा जाय तो यहाँ सात कर्मोंके अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्यकाल अन्तर्मुहूर्त उपलब्ध हो जाता है। यही कारण है कि पुरुषवेदमें यह काल उक्त प्रकारसे कहा है। शेष कथन सुगम है।

९१. क्रोधादि चारमें सात कर्मोंका उक्त काल मनोयोगियोंके समान है। तात्पर्य यह है कि जिस प्रकार मनोयोगियोंके सात कर्मोंके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका काल कह आये हैं उसी प्रकार यहाँ भी जानना चाहिए।

९२. मत्यज्ञानी और श्रुताज्ञानी जीवोंमें सात कर्मोंके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्टकाल अन्तर्मुहूर्त है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल अन्मुर्हूर्त है और उत्कृष्ट काल असंख्यात लोकप्रमाण है। विभङ्गज्ञानमें सात कर्मोंके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल कुछ कम तेतीस सागर है। आभिनिबोधिक

ओधि०-मणपज्ज०-संजद-सामाइ०-छेदो०-परिहार०-संजदासंजद० उक्कस्सभंगो। असंजद०-अब्भवसि०-मिच्छादिट्ठि मदिभंगो।

९३. चक्खुदं० तसपज्जत्तभंगो। अचक्खु०-भवसि० ओघं। णवरि भवसि० अणादियो अपज्जवसिदो णत्थि। ओधिदं०-सम्मादि०-खइग०-वेदग० उक्कस्सभंगो।

९४. किण्ण-णील-काउ० उक्कस्सभंगो। तेउले०-पम्मले० सत्तण्णं क० जह० जह० एग०, उक्क० अंतो०। अज० जह० अंतो०, उक्क० वे अट्ठारस सागरोव० सादिरे०। सुक्काए सत्तण्णं क० जह० जह० उक्क०[1] अंतो०। अज० जह० अंतो०, उक्क० तेत्तीसं साग० सादिरे०।

९५. उवसम० सत्तण्णं क० जह० जह० एग०, उक्क० अंतो०। अज० जह० उक्क० अंतो०। सासण० अट्ठण्णं क० सम्मामि० सत्तण्णं क० उक्कस्सभंगो। सण्णि० पंचिंदियपज्जत्तभंगो। असण्णि० तिरिक्खोघं।

९६. आहार० सत्तण्णं क० जह० जह० उक्क० अंतो०। अज० जह० एग०, उक्क० अंगुलस्स असंखेज्जदिभागो। एवं बंधकालो समत्तो।

ज्ञानी, श्रुतज्ञानी, अवधिज्ञानी, मनःपर्ययज्ञानी, संयत, सामायिकसंयत, छेदोपस्थापना संयत, परिहारविशुद्धिसंयत और संयतासंयत इनमें जघन्य स्थिति बन्धका काल उत्कृष्टके समान है। असंयत, अभव्य और मिथ्यादृष्टियोंमें मत्यज्ञानियोंके समान है।

९३. चक्षुदर्शनवालोंमें त्रसपर्याप्तकोंके समान है। अचक्षुदर्शनवाले और भव्य जीवोंमें ओघके समान है। इतनी विशेषता है कि भव्योंमें अनादि-अपर्यवसित विकल्प नहीं होता। अवधिदर्शनी, सम्यग्दृष्टि, क्षायिकसम्यग्दृष्टि और वेदकसम्यग्दृष्टि जीवोंमें कालअपने अपने उत्कृष्टके समान है।

९४. कृष्ण, नील और कापोत लेश्यामें काल अपने उत्कृष्टके समान है। पीत और पद्मलेश्यामें सात कर्मोंके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्यकाल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है तथा उत्कृष्ट काल क्रमसे साधिक दो सागर और साधिक अठारह सागर है। शुक्ललेश्यामें सात कर्मोंके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है तथा उत्कृष्ट काल साधिक तेतीस सागर है।

९५. उपशमसम्यग्दृष्टियोंमें सात कर्मोंके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। सासादनसम्यग्दृष्टियोंमें आठ कर्मोंका और सम्यग्मिथ्यादृष्टियोंमें सात कर्मोंका काल उत्कृष्टके समान है। संज्ञियोंमें पंचेन्द्रियपर्याप्तकोंके समान काल है और असंज्ञियोंमें सामान्य तिर्यञ्चोंके समान काल है।

९६. आहारकोंमें सात कर्मोंके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अंगुलके असंख्यातवें भागप्रमाण है।

---

१. मूलप्रतौ उक्क० जह० अंतो इति पाठः।

अंतरपरूवणा

६७. बंधंतरं दुविधं—जहण्णयं उक्कस्सयं च। उक्कस्सए पगदं। दुविधो णिद्देसो–ओघेण आदेसेण य। तत्थ ओघेण सत्तण्णं कम्माणं उक्कस्सट्ठिदिबंधंतरं जह० अंतो०, उक्क० अणंतकालमसंखे०। अणु० जह० एग०, उक्क० अंतो०। आयुग० उक्क० जह० पुव्वकोडिदसवस्ससहस्साणि समयूणाणि, उक्क० अणंतकालमसंखे०। अणु० जह० अंतो०, उक्क० तेत्तीसं साग० सादिरे०।

विशेषार्थ—इस प्रकरणमें जहाँ जो विशेषता थी उसका हम स्पष्टीकरण कर आये हैं। साधारणतः सर्वत्र अजघन्य स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल अपनी अपनी कायस्थिति प्रमाण प्राप्त होता है और जहाँ भवस्थिति ही कायस्थिति है वहाँ तत्प्रमाण प्राप्त होता है। बहुत सी ऐसी भी मार्गणाएँ हैं जिनमें भवस्थिति और कायस्थितिका प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता, इसलिए वहाँ उस मार्गणाका जो उत्कृष्ट काल हो तत्प्रमाण अजघन्य स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल कहना चाहिए। मात्र कुछ मार्गणाएँ इस नियमका अपवाद है। उदाहरणार्थ मत्यज्ञान और श्रुताज्ञानका उत्कृष्ट काल असंख्यात पुद्गल परिवर्तन प्रमाण है पर इनमें अजघन्य स्थितिबन्ध का उत्कृष्ट काल असंख्यात लोक प्रमाण ही प्राप्त होता है। सो इसका खुलासा सामान्य तिर्यञ्चोंके समान जान लेना चाहिए। तथा इसी प्रकार सर्वत्र सब कर्मोंके जघन्य स्थितिबन्धके जघन्य और उत्कृष्ट कालका तथा अजघन्य स्थितिबन्धके जघन्य कालका खुलासा ओघ प्ररूपणाको और बन्धस्वामित्वको देखकर कर लेना चाहिए। यहाँ इतना विशेष कहना है कि यहाँ सर्वत्र आयुकर्मके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट काल नहीं कहा है। सो इसका कारण यह है कि जहाँ आयुकर्मका बन्ध सम्भव है वहाँ आयुकर्म के जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय तथा अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त प्रमाण उपलब्ध होता है। यही कारण है कि इसका कहीं भी निर्देश नहीं किया है।

इसप्रकार बन्धकाल समाप्त हुआ।

अन्तरप्ररूपणा

९७. बन्धका अन्तरकाल दो प्रकारका है—जघन्य और उत्कृष्ट। सर्वप्रथम उत्कृष्टका प्रकरण है। इसकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। उनमें से ओघकी अपेक्षा सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर अनन्त काल है जो असंख्यात पुद्गलपरिवर्तनप्रमाण है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। आयुकर्मके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय कम पूर्वकोटि और दस हजार वर्ष है और उत्कृष्ट अन्तर अनन्त काल है जो असंख्यात पुद्गलपरिवर्तनप्रमाण है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक तेतीस सागर है।

विशेषार्थ—सात कर्मोंका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध होनेके बाद पुनः उत्कृष्ट स्थितिबन्ध कमसे कम अन्तर्मुहूर्त कालके बाद होता है, इसलिए इनके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त कहा है। तथा जो संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त जीव उत्कृष्ट संक्लेश परिणामोंसे सात कर्मोंका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध करके एकेन्द्रिय और विकेन्द्रिय पर्यायमें आवलिके असंख्यातवें भागमात्र पुद्गल परिवर्तनकाल तक परिभ्रमण कर पुनः संज्ञी पंचेद्रिय पर्याप्त होकर उक्त कर्मोंका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध करता है उसके उक्त सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका

९८. आदेसेण णेरइगेसु सत्तण्णं कम्माणं उक्क० जह० अंतो०, उक्क० तेत्तीसं साग० देसू० । अणुक्क० जह० एग०, उक्क० अंतो । आयुग० उक्क० णत्थि अंतरं । अणुक्क० जह० अंतो०, उक्क० छम्मासं देसू० । एवं सत्तपुढवीसु अप्पप्पणो ट्ठिदी देसूणा ।

उत्कृष्ट अन्तर काल उपलब्ध होता है। इसीसे यहाँ उक्त कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तर अनन्तकाल अर्थात् असंख्यात पुद्गल परिवर्तनप्रमाण कहा है। सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल अन्मुहूर्त होनेसे यहाँ इनके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय और उत्कृष्टअन्तर अन्तर्मुहूर्त कहा है। ओघसे आयुकर्मका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध पूर्वकोटिकी आयुवाला तिर्यञ्च और मनुष्य अपने प्रथम त्रिभाग कालके शेष रहने पर करता है। यदि ऐसा जीव उत्कृष्ट स्थितिबन्ध करके और उसको अपकर्षण द्वारा दश हजार वर्ष प्रमाण करके प्रथम नरकमें या भवनवासी और व्यन्तरोंमें उत्पन्न होकर तथा वहां क्रमसे पूर्व कोटिप्रमाण आयुका बन्ध करके पुनः मनुष्य और तिर्यञ्चोंमें उत्पन्न होकर पुनः प्रथम त्रिभागमें तेतीस सागर प्रमाण उत्कृष्ट आयुका बन्ध करता है तो आयुकर्मके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय कम पूर्वकोटि और दस हजार वर्ष प्रमाण उपलब्ध होता है। यही कारण है कि इसका जघन्य अन्तर उक्तप्रमाण कहा है। उत्कृष्ट अन्तर अनन्तकाल है यह स्पष्ट ही है। जो जीव अन्तर्मुहूर्तके अन्तरसे आयुकर्मका अनुत्कृष्ट स्थितिबन्ध करता है उसके उसका जघन्य अन्तर अन्मुहूर्त उपलब्ध होता है और जिस मनुष्य और तिर्यञ्चने प्रथम त्रिभागमें आयुकर्मका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध किया तथा इसके बाद द्वितियादि समयोंमें अनुत्कृष्ट स्थितिबन्ध किया। अनन्तर उत्कृष्ट स्थितिके साथ वह देव या नारकी हुआ। पुनः वहाँ उसने आयुके अन्तमें अन्मुहूर्त काल शेष रहनेपर पुनः आयुका अनुत्कृष्ट स्थितिबन्ध किया तो उसके आयुकर्मके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका साधिक तेतीस सागर उत्कृष्ट अन्तर काल उपलब्ध होता है। यही कारण है कि यहाँ आयुकर्मके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट अन्तर साधिक तेतीस सागर कहा है।

९८. आदेशकी अपेक्षा नारकियोंमें सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम तेतीस सागर है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। आयुकर्मके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर नहीं है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम छह महीना है। इसी प्रकार सात पृथिवियोंमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि प्रत्येक पृथिवीमें सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम अपनी अपनी उत्कृष्ट स्थितिप्रमाण कहना चाहिए।

विशेषार्थ—सातों पृथिवियोंमें सातों कर्मोंका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध अन्तर्मुहूर्तके अन्तरसे या कुछ कम अपनी अपनी उत्कृष्ट आयुके अन्तरसे हो सकता है। इसीसे यहाँ सातों कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट अन्तर सामान्यसे कुछ कम तेतीस सागर तथा प्रत्येक पृथिवीकी अपेक्षा कुछ कम अपनी अपनी उत्कृष्ट स्थितिप्रमाण कहा है। यहाँ आयुकर्मके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका अवसर यदि आता है तो एकवार ही आता है। इसीसे आयुकर्मके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर काल नहीं कहा है। शेष कथन सुगम है।

९९. तिरिक्खेसु सत्तण्णं कम्माणं ओघभंगो। आयु० उक्क० णत्थि अंतरं। अणुक्क० जह० अंतो०, उक्क० तिण्णि पलिदो० सादि०। पंचिंदियतिरिक्ख०३ सत्तण्णं क० उक्क० जह० अंतो०, उक्क० पुव्वकोडिपुधत्तं। अणु० ओघं। आयु० तिरिक्खोघं। पंचिंदियतिरिक्खअपज्ज० सत्तण्णं कम्माणं उक्क० जहण्णु० अंतो०। अणु० जह० एग०, उक्क० अंतो०। आयु० उक्क० जह० अंतो० समयूणं, उक्क० अंतो०। अणुक्क० जहण्णुक्क० अंतो०। एवं सव्वअपज्जत्ताणं तसाणं थावराणं णादव्वं। मणुस०३ पंचिंदियतिरिक्खभंगो।

१००. देवेसु सत्तण्णं कम्माणं उक्क० जह० अंतो०, उक्क० अट्ठारससागरो० सादिरे०। अणु० जह० एग०, उक्क० अंतो। आयु० णिरयभंगो। एवं सव्वदेवाणं अप्पप्पणो ट्ठिदी देसूणा कादव्वा।

१०१. एइंदिएसु सत्तण्णं क० उक्क० जह० अंतो०, उक्क० असंखेज्जा लोगा।

---

९९. तिर्यञ्चोंमें सात कर्मोंका अन्तर ओघके समान है। आयुकर्मके उत्कृष्ट स्थितिवन्धका अन्तर नहीं है। आयुकर्मके अनुत्कृष्ट स्थितिवन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक तीन पल्य है। पंचेन्द्रिय तिर्यञ्चत्रिकमें सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिवन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर पूर्वकोटिपृथक्त्व है। अनुत्कृष्ट स्थितिवन्धका अन्तर ओघके समान है। आयुकर्मके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थिति वन्धका अन्तर सामान्य तिर्यञ्चोंके समान है। पंचेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्तकोंमें सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिवन्धका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। अनुत्कृष्ट स्थितिवन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। आयुकर्मके उत्कृष्ट स्थितिवन्ध का जघन्य अन्तर एक समय कम अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। अनुत्कृष्ट स्थितिवन्धका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। इसी प्रकार त्रस और स्थावर सब अपर्याप्तकोंके जानना चाहिए। मनुष्यत्रिकमें पंचेन्द्रिय तिर्यञ्चोंके समान भंग है।

विशेषार्थ—पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्तकोंकी कायस्थिति अन्तर्मुहूर्त प्रमाण होनेसे इनमें आयुकर्मके उत्कृष्ट स्थितिवन्धका उत्कृष्ट अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त उपलब्ध हो जाता है।

१००. देवोंमें सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिवन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक अठारह सागर है। अनुत्कृष्ट स्थितिवन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। आयुकर्मका भङ्ग नारकियोंके समान है। इसी प्रकार सब देवोंके सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिवन्धका उत्कृष्ट अन्तर काल कहते समय वह कुछ कम अपनी-अपनी उत्कृष्ट स्थितिप्रमाण कहना चाहिए।

विशेषार्थ—देवोंमें सात कर्मोंका ओघ उत्कृष्ट स्थितिबन्ध बारहवें कल्पतक होता है। इसीसे यहाँ सामान्य रूपसे देवोंमें सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिवन्धका उत्कृष्ट अन्तरकाल साधिक अठारह सागर प्रमाण कहा है। शेष कथन सुगम है।

१०१. एकेन्द्रियोंमें सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिवन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर असंख्यात लोकप्रमाण है। अनुत्कृष्ट स्थितिवन्धका जघन्य अन्तर एक

अणु० जह० एग०, उक्क० अंतो० । आयु० उक्क० जह० बावीसं वस्ससहस्साणि समयूणाणि, उक्क० अणंतकालमसंखे० । अणुक्क० जह० अंतो०, उक्क० बावीसं वस्ससहस्साणि सादि० । बादर० सत्तण्णं क० उक्क० जह० अंतो०, उक्क० अंगुलस्स असंखे० । पज्जत्ते संखेंज्जाणि वस्ससहस्साणि । अणु० जह० एगस०, उक्क० अंतो० । सुहुम० सत्तण्णं क० उक्क० जह० अंतो०, उक्क० अंगुलस्स असंखे० । पज्जत्ते अंतोमु० । अणु० जह० एग०, उक्क० अंतो० । आयु० सव्वेसिं उक्क० जह० भवट्ठिदी समयू० । उक्कस्सेण सगट्ठिदी । अणु० पगदिअंतरं ।

१०२. बेइंदि०-तेइंदि०-चदुरिंदि० तेसिं चेव पज्जत्ता० सत्तण्णं क० उक्क० जह० अंतो०, उक्क० संखेज्जाणि वस्ससहस्साणि । अणु० ओघं । आयुग० उक्क० जह० बारस वस्साणि एगूणवण्णरादिंदियाणि छम्मासाणि समयूणाणि । उक्क० कायट्ठिदी । अणुक्क० जह० अंतो०, उक्क० बारसवस्साणि एगूणवण्णरादिंदियाणि छम्मासाणि सादिरेयाणि ।

समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। आयुकर्मके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय कम बाइस हजार वर्ष है और उत्कृष्ट अन्तर अनन्तकाल है जो असंख्यात पुद्गल परिवर्तनप्रमाण है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक बाइस हजार वर्ष है। बादर एकेन्द्रियोंमें सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर अंगुलके असंख्यातवें भागप्रमाण है। बादर एकेन्द्रिय पर्याप्तकोंमें यह उत्कृष्ट अन्तर संख्यात हजार वर्ष है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। सूक्ष्म-एकेन्द्रियोंमें सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर अंगुलके असंख्यातवें भागप्रमाण है। तथा सूक्ष्म एकेन्द्रिय पर्याप्तकोंमें यह उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। इन सबके आयुकर्मके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय कम अपनी-अपनी भवस्थिति प्रमाण है और उत्कृष्ट अन्तर अपनी-अपनी कायस्थिति प्रमाण है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर प्रकृतिबन्धके अन्तर प्रमाण है।

१०२. द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय और चतुरिन्द्रिय जीवोंमें तथा इन्हींके पर्याप्तकोंमें सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर संख्यात हजार वर्ष है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर ओघके समान है। आयुकर्मके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर क्रमसे एक समय कम बारह वर्ष, एक समय कम उनचास रात्रिदिन और एक समय कम छह महीना है। तथा उत्कृष्ट अन्तर कायस्थिति प्रमाण है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर क्रमसे साधिक बारह वर्ष, साधिक उनचास दिन और साधिक छह महीना है।

विशेषार्थ—द्वीन्द्रिय, द्वीन्द्रिय पर्याप्तकोंकी उत्कृष्ट भवस्थिति बारह वर्ष, त्रीन्द्रिय और त्रीन्द्रिय पर्याप्तकोंकी उत्कृष्ट भवस्थिति उनचास दिन रात तथा चतुरिन्द्रिय और चतुरिन्द्रिय पर्याप्तकोंकी उत्कृष्ट भवस्थिति छह महीना है और इन सबकी कायस्थिति संख्यात हजार वर्ष है[1]। इस स्थितिको ध्यानमें रखकर यहां सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका

[1] १. ध० पु ७ पृ० १४१ ।

१०३. पंचिंदिय-तस० तेसिं चेव पज्जत्ता० सत्तएणं क० उक्क० जह० अंतो०, उक्क० सगट्ठिदी। अणु० ओघं। आयु० ओघं। णवरि उक्कस्सं कायट्ठिदी।

१०४. पुढवि०-आउ०-तेउ०-वाउ०-वणप्फदि-पत्तेय०-णियोद० सत्तएणं क० उक्क० जह० अंतो०, उक्क० असंखेज्जा लोगा। पत्तेगे कायट्ठिदी। अणु० ओघं। आयु० उक्क० जह० वावीसं वस्ससहस्साणि सत्तवस्ससह० तिण्णि रादिंदियाणि तिण्णि वस्ससह० दसवस्ससह० अंतो० समयू०, उक्क० कायट्ठिदी। अणु० जह० अंतो०, उक्क० भवट्ठिदी सादिरे०। एवमेदेसिं वादराणं। णवरि सत्तएणं कम्माणं

उत्कृष्ट अन्तर तथा आयुकर्मके उत्कृष्ट स्थितिवन्धका उत्कृष्ट और जघन्य अन्तर तथा इसके अनुत्कृष्ट स्थितिवन्धका उत्कृष्ट अन्तरकाल मूलमें कही हुई विधिसे ले आना चाहिए। आयुकर्मके उत्कृष्ट स्थितिवन्धका जघन्य अन्तर एक समय कम अपनी-अपनी भवस्थिति प्रमाण कहा है सो इसका कारण यह है कि पूर्व पर्याय में जिस समय उत्कृष्ट आयुबन्ध हुआ अगली पर्यायमें उसी समय उत्कृष्ट आयुवन्ध होनेपर एक समय कम अपनी-अपनी भवस्थिति प्रमाण जघन्य अन्तर-काल आ जाता है। शेष कथन सुगम है।

१०३. पञ्चेन्द्रिय, पञ्चेन्द्रिय पर्याप्त, त्रस और त्रस पर्याप्त जीवोंमें सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिवन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर अपनी-अपनी उत्कृष्ट स्थितिप्रमाण है। अनुत्कृष्ट स्थितिवन्धका अन्तर ओघके समान है। आयु कर्मके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिवन्धका अन्तर ओघके समान है। किन्तु इतनी विशेषता है कि आयुकर्मके उत्कृष्ट स्थितिवन्धका उत्कृष्ट अन्तर अपनी-अपनी कायस्थिति प्रमाण है।

विशेषार्थ—पञ्चेन्द्रियोंकी[1] उत्कृष्ट कायस्थिति पूर्वकोटिपृथक्त्व अधिक सागरोपम-सहस्रप्रमाण, पञ्चेन्द्रिय पर्याप्तकोंकी पूर्वकोटिपृथक्त्व अधिक सौ सागर पृथक्त्वप्रमाण, त्रसकायिकोंकी उत्कृष्ट कायस्थिति पूर्वकोटिपृथक्त्व अधिक दो हजार सागरप्रमाण और त्रसकायिकपर्याप्तकोंकी उत्कृष्ट कायस्थिति दो हजार सागर प्रमाण है। इस कायस्थितिको ध्यानमें रखकर यहाँ सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिवन्धका उत्कृष्ट अन्तरकाल व आयुकर्मके उत्कृष्ट स्थितिवन्धका उत्कृष्ट अन्तरकाल ले आना चाहिए। शेष कथन सुगम है।

१०४. पृथिवीकायिक, जलकायिक, अग्निकायिक, वायुकायिक, वनस्पतिकायिक, वनस्पतिकायिक प्रत्येकशरीर और निगोद जीवोंमें सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर असंख्यात लोकप्रमाण है। प्रत्येक वनस्पतिकायकोंमें उत्कृष्ट अन्तर उनकी कायस्थितिप्रमाण है। अनुत्कृष्ट स्थितिवन्धका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर ओघके समान है। आयुकर्मके उत्कृष्ट स्थितिवन्धका जघन्य अन्तर क्रमसे एक समय कम बाईस हजार वर्ष, एक समय कम सात हजार वर्ष, एक समय कम तीन रात-दिन, एक समय कम तीन हजार वर्ष, दोमें एक समय कम दस हजार वर्ष और एक समय कम अन्तर्मुहूर्त प्रमाण है। तथा उत्कृष्ट अन्तर कायस्थितिप्रमाण है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्तप्रमाण है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक भवस्थितिप्रमाण है। इसी प्रकार इनके बादरोंमें अन्तरकाल जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इनमें सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिवन्धका उत्कृष्ट अन्तरकाल कर्मस्थितिप्रमाण है तथा बादर वनस्पतिकायिक प्रत्येक शरीरमें सात

---

1. ध० पु० ७ पृ० १४२ व १५०।

उक्क० ट्ठिदि० उक्कस्सं कम्मट्ठिदी। वादरवणप्फदि० अंगुलस्स असंखे०। एदेसिं पज्जत्ताणं संखेज्जाणि वस्ससहस्साणि। आयुग० उक्क० ट्ठिदि० जह० भवट्ठिदी समयू०, उक्क० सगट्ठिदी०। सव्वसुहुमाणं सुहुमेइंदियभंगो।

१०५. पंचमण०-पंचवचि० सत्तएणं क० उक्क० णत्थि अंतरं। अणु० जह० एग०, उक्क अंतो०। आयुग० उक्क० अणु० णत्थि अंतरं। एवं वेउव्वियका०-आहारका०-कोधादि४। कायजोगि-ओरालि० एवं चेव। णवरि आयु० उक्क० णत्थि अंतरं। अणु० जह० अंतो०, उक्क० वावीसं वस्ससहस्साणि सत्तवस्ससहस्साणि सादिरे०। ओरालियमि०-वेउव्वियमि०-आहारमि०-कम्मइग०-अणाहारगेसु सत्तएणं क० उक्क०

कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तर अंगुलके असंख्यातवें भागप्रमाण है। तथा इनके पर्याप्तकोंमें सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तरकाल संख्यात हजार वर्ष है। आयुकर्मके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय कम भवस्थितिप्रमाण है और उत्कृष्ट अन्तर अपनी स्थितिप्रमाण है। सब सूक्ष्मकायिकोंमें सूक्ष्म एकेन्द्रियोंके समान जानना चाहिए।

विशेषार्थ—पृथिवीकायिक, जलकायिक, अग्निकायिक और वायुकायिक जीवोंकी उत्कृष्ट कायस्थिति प्रत्येककी असंख्यात लोकप्रमाण है।[1] तथा निगोद जीवोंकी उत्कृष्ट कायस्थिति ढाई पुद्गलपरिवर्तनप्रमाण है।[2] बादर पृथिवीकायिक, बादर जलकायिक, बादर अग्निकायिक, बादर वायुकायिक, बादर वनस्पति प्रत्येकशरीर तथा बादर निगोद इनकी उत्कृष्ट कायस्थिति कर्मस्थितिप्रमाण है।[3] तथा इन सब बादर पर्याप्तकोंकी उत्कृष्ट कायस्थिति संख्यात हजार वर्षप्रमाण है।[4] इतनी विशेषता है कि बादर निगोद पर्याप्तकोंकी उत्कृष्ट कायस्थिति अन्तमुहूर्त प्रमाण है।[5] इन सब सूक्ष्म जीवोंकी उत्कृष्ट कायस्थिति असंख्यात लोकप्रमाण है और इनके पर्याप्तकोंकी अन्तमुहूर्तप्रमाण है।[6] इस प्रकार इस कायस्थितिको ध्यानमें रखकर यहाँ आठों कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तरकाल ले आना चाहिए। शेष कथन सुगम है।

१०५. पाँचों मनोयोगी और पाँचों वचनयोगी जीवोंमें सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तरकाल नहीं है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। आयुकर्मके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तरकाल नहीं है। इसी प्रकार वैक्रियिककाययोगी, आहारककायोगी और क्रोधादि चार कषायमें जानना चाहिए। काययोगी और औदारिककाययोगी जीवोंमें भी इसी प्रकार जानना चाहिए। किन्तु इतनी विशेषता है कि इनमें आयुकर्मके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तरकाल नहीं है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर क्रमसे साधिक बाईस हजार वर्ष और साधिक सात हजार वर्ष है। औदारिकमिश्रकाययोगी वैक्रियिकमिश्रकायोगी, आहारकमिश्रकाययोगी, कार्मणकाययोगी और अनाहारक जीवोंमें सात कर्मोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तरकाल नहीं है। औदारिकमिश्रकाययोगमें आयुकर्मके उत्कृष्ट

---

१. ध० पु० ७ पृ० १४३। २. ध० पु० ७ पृ० १४८। ३. ध० पु० ७ पृ० १४४ और १४९। ४. ध० पु० ७ पृ० १४६। ५. ध० पु० ७ पृ० १४९। ६. ध० पु० ७ पृ० १४७।

अणुक्क० णत्थि अंतरं। आयु० ओरालियमि० उक्क० अणु० बादरएइंदियअपज्जत्त-भंगो। आहारमिस्स० आयु० णत्थि अंतरं।

१०६. इत्थि०-पुरिस०-णवुंस० सत्तण्णं कम्माणं उक्क० जह० अंतो०, उक्क० पलिदोवमसदपुधत्तं सागरोवमसदपुधत्तं अणंतकालमसंखे०। अणु० ओघं। आयु० तिण्णं वि उक्क० जह० पुव्वकोडिदसवस्ससहस्साणि समयू०। उक्क० अप्पप्पणो कायट्ठिदी। अणु० जह०[1] अंतो०, उक्कस्सेण पणवण्णं पलिदो० सादि० तेत्तीसं-सादि०। अवगद० सत्तण्णं क० उक्क० णत्थि अंतरं। अणु० जह० उक्क० अंतो।

और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धके अन्तरका निर्देश बादर एकेन्द्रिय अपर्याप्तकोंके समान है। तथा आहारकमिश्रकाययोगमें आयुकर्मके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तरकाल नहीं है।

विशेषार्थ—जिस जीवके प्रारम्भमें सात कर्मोंका अनुत्कृष्ट स्थितिबन्ध होकर बीचमें एक समयके लिए उत्कृष्ट स्थितिबन्ध होता है उसके पांचों मनोयोग और पांचों वचन-योगमेंसे कोई एक योगमें अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय उपलब्ध होता है और उपशम श्रेणिपर चढ़कर और पुनः उतरकर विवक्षित योगमें अनुत्कृष्ट स्थितिबन्ध करता है उसके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर्मुहूर्तप्रमाण उत्कृष्ट अन्तर उपलब्ध होता है। इन योगोंमेंसे प्रत्येकका काल इतना अल्प है जिससे इनमें दो बार उत्कृष्ट स्थितिबन्ध या दो बार उत्कृष्ट या अनुत्कृष्ट आयुकर्मका बन्ध सम्भव नहीं है, इसलिए इनमें सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धके अन्तरका तथा आयुकर्मके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धके अन्तरका निषेध किया है। काययोगमें आयुकर्मके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर काल सम्भव नहीं है यह तो स्पष्ट ही है, क्योंकि जो पिछली बार काययोगमें आयुकर्मका उत्कृष्ट स्थिति-बन्ध कर चुका है उसके दूसरी पर्यायमें पुनः उत्कृष्ट स्थितिबन्ध करने तक बीचमें अनेक बार योगपरिवर्तन होकर मन, वचन और काय तीनों योग हो लेते हैं। हाँ, औदारिककाय-योगका उत्कृष्ट काल कुछ कम बाईस हजार वर्ष प्रमाण[2] होनेसे सामान्यसे काययोगमें साधिक बाईस हजार वर्ष प्रमाण तथा औदारिक काययोगमें साधिक सात हजार वर्ष प्रमाण आयुके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तर काल अवश्य बन जाता है। शेष कथन सुगम है।

१०६. स्त्रीवेदी, पुरुषवेदी और नपुंसकवेदी जीवोंमें सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर तीनों वेदोंमें क्रमसे सौ पल्य पृथक्त्व[3] सौ सागरपृथक्त्व[4] और असंख्यात पुद्गल परिवर्तनोंमें लगनेवाले कालके बराबर अनन्त काल[5] है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर काल ओघके समान है। तीनों ही वेदोंमें आयुकर्मके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तरकाल एक समय कम एक पूर्वकोटि और दस हजार वर्ष है। तथा उत्कृष्ट अन्तरकाल अपनी अपनी कायस्थितिप्रमाण है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर स्त्रीवेदमें साधिक पचपन पल्य तथा शेष दो वेदोंमें साधिक तेतीस सागर है। अपगतवेदमें सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर नहीं है तथा अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है।

विशेषार्थ—तीनों वेदोंकी उत्कृष्ट कायस्थिति सौ पल्यपृथक्त्व, सौ सागरपृथक्त्व और अनन्त काल है। इसीसे यहाँ सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम उत्कृ

१. मूलप्रतौ जह० जह० अंतो इति पाठः। २. ध० पु० ७ पृ० १५३।
३. ध० पु० ७ पृ० १५६। ४. ध० पु० ७ पृ० १५७। ५. देखो ध० पु० ७ पृ० १५८।

१०७. मदि०-सुद०-असंज०-भवसि०-अब्भवसि०-मिच्छादि० मूलोघं। विभंगे सत्तण्णं क० उक्क० जह० अंतो०, उक्क० तेत्तीसं साग० देसू०। अणु० ओघं। आयु० णिरयोघं। आभि०-सुद०-ओधि० सत्तण्णं कम्मा० उक्क० णत्थि अंतरं। अणु० ओघं। आयु० उक्क० जह० पलिदो० सादि०, उक्क० छावट्ठिसाग० देसू०[1]। अणु० ओघं। एवं ओधिदं०-सम्मादि०। मणपज्जव० सत्तण्णं क० उक्क० णत्थि अंतरं। अणुक्क० जहण्णु० अंतो०। आयु० उक्क० णत्थि अंतरं। अणुक्क० जह० अंतो०, उक्कस्सेण पुव्वकोडितिभागं देसू०। एवं संजदाणं। सामाइ०-छेदो०-परिहार० सत्तण्णं क० उक्क० अणु० णत्थि अंतरं। आयु० मणपज्जवभंगो। एवं संजदासंजदा०।

प्रमाण कहा है। आयुकर्मके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर काल ओघ प्ररूपणामें जिस प्रकार घटित करके बतला आये हैं उस प्रकार यहाँ भी घटित कर लेना चाहिए। इतनी विशेषता है कि नपुंसकवेदकी अपेक्षा उत्कृष्ट नरकायुका और स्त्रीवेद तथा पुरुषवेदकी अपेक्षा उत्कृष्ट देवायुका वन्ध कराके यह अन्तर काल लाना चाहिए। स्त्रीवेदी जीवकी उत्कृष्ट भवस्थिति पचपन पल्यप्रमाण और पुरुषवेदी व नपुंसकवेदीकी उत्कृष्ट भवस्थिति तेतीस सागर प्रमाण होनेसे आयुकर्मके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तर स्त्रीवेदमें साधिक पचपन पल्य तथा पुरुषवेद और नपुंसकवेदमें साधिक तेतीस सागर कहा है। अपगतवेदमें सात कर्मोंका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध उपशमश्रेणीसे उतरते समय होता है। तथा इसके बाद वह सवेदी हो जाता है। इससे अपगतवेदमें उत्कृष्ट स्थितिवन्धके अन्तरकालका निषेध किया है। तथा मरणके विना उपशान्त मोहका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त होनेसे अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त कहा है। शेष कथन सुगम है।

१०७. मत्यज्ञानी, श्रुताज्ञानी, असंयत, भव्य, अभव्य और मिथ्यादृष्टि जीवोंमें आठों कर्मोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तरकाल मूलोघके समान है। विभङ्गज्ञानी जीवोंमें सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम तेतीस सागर[2] है। अनुत्कृष्ट स्थितिवन्धका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तरकाल ओघके समान है। तथा आयुकर्मके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर सामान्य नारकियोंके समान है। आभिनिवोधिकज्ञानी, श्रुतज्ञानी और अवधिज्ञानी जीवोंमें सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर नहीं है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर ओघके समान है। आयुकर्मके उत्कृष्ट स्थितिवन्धका जघन्य अन्तर साधिक पल्यप्रमाण[3] है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम छयासठ सागर[4] है। तथा अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर ओघके समान है। इसी प्रकार अवधिदर्शनी और सम्यग्दृष्टि जीवोंमें जानना चाहिए। मनःपर्ययज्ञानी जीवोंमें सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तरकाल नहीं है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है। आयुकर्मके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर नहीं है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम एक पूर्वकोटिका त्रिभाग प्रमाण है। इसी प्रकार संयत जीवोंमें जानना चाहिये। सामायिक संयत छेदोपस्थापना संयत और परिहारविशुद्धि संयतोंमें सात कर्मोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तरकाल नहीं है।

१. मूलप्रतौ आयु० जह० उक्क० जह० इति पाठः। २. ध० पु० ७ पृ० १६३। ३. तत्त्वा०, अ० ४ सू० ३३। ४. ध० पु० ७ पृ० १८०।

सुहुमसंप० छण्णं कम्मा० उक्क० अणु० णत्थि अंतरं ।

१०८ चक्खुदंसणी० तसपज्जत्तभंगो । अचक्खुदं० ओघं ।

१०९ किण्ण-णील-काउ० सत्तण्णं क० उक्क० जह० अंतो, उक्क० तेत्तीसं साग० सादि० सत्तारस-सत्तसागरो० देसू० । अणु० ओघं । आयु० उक्क० णत्थि अंतरं । अणु० जह० अंतो, उक्क० छम्मासं देसूणं । तेउ-पम्माए सत्तण्णं क० उक्क० जह० अंतो०, उक्क० वे अट्ठारस सागरो० सादिरे० । सेसं देवोघं । सुक्काए सत्तण्णं

आयुकर्मका भंग मनःपर्ययज्ञानके समान है । इसी प्रकार संयतासंयतोंके जानना चाहिए । सूक्ष्मसाम्पराय शुद्धिसंयतोंमें छह कर्मोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तरकाल नहीं है ।

विशेषार्थ—विभङ्ग ज्ञानका उत्कृष्ट काल सातवें नरकमें उत्कृष्ट आयुवाले नारकीके कुछ कम तेतीस सागर होता है । इसीसे इसमें सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तरकाल उक्त प्रमाण कहा है । आभिनिबोधिकज्ञान, श्रुतज्ञान और अवधिज्ञानमें सात कर्मोंका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध मिथ्यात्वके सम्मुख हुए अविरत सम्यग्दृष्टिके होता है । यही कारण है कि इनमें उत्कृष्ट स्थितिबन्धके अन्तरकालका निषेध किया है । सौधर्म और ऐशान कल्पकी जघन्य स्थिति साधिक पल्यप्रमाण होती है । इसीसे इन तीन ज्ञानोंमें आयुकर्मके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर साधिक पल्यप्रमाण कहा है । भवनत्रिकमें सम्यग्दृष्टिका उत्पाद नहीं होता, इसलिए इससे कम अन्तरकाल उपलब्ध नहीं होता । मात्र यहाँ पूर्वकोटिके आयुवाले मनुष्यके प्रथम त्रिभागमें तेतीस सागरप्रमाण उत्कृष्ट आयुका बन्ध करावे । पुनः अपकर्षण द्वारा आयुको साधिक पल्यप्रमाण स्थापित कराके सौधर्म और ऐशान कल्पमें उत्पन्न करावे । अनन्तर पुनः पूर्वकोटि प्रमाण आयुवाले मनुष्योंमें उत्पन्न कराके प्रथम त्रिभागमें तेतीस सागर प्रमाण उत्कृष्ट आयुका बन्ध कराके यह अन्तरकाल ले आवे । इनमें आयुकर्मके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तरकाल जो कुछ कम छयासठ सागरप्रमाण कहा है सो यह वेदकसम्यक्त्वके उत्कृष्ट कालको ध्यानमें रखकर कहा है । यहाँ वेदकसम्यक्त्वको प्राप्त कराके प्रारम्भमें और अन्तमें आयुकर्मका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध करानेसे यह अन्तरकाल प्राप्त होता है । शेष कथन सुगम है ।

१०८. चक्षुदर्शनी जीवोंमें त्रस पर्याप्तकोंके समान भंग है और अचक्षुदर्शनी जीवोंमें ओघके समान है ।

विशेषार्थ—त्रस पर्याप्तकोंके समान चक्षुदर्शनी जीवोंकी कायस्थिति है, इसलिये इनमें आठ कर्मोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तरकाल त्रसपर्याप्तकोंके समान कहा है । शेष कथन सुगम है ।

१०९. कृष्ण, नील और कापोत लेश्यावालोंमें सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर क्रमसे साधिक तेतीस सागर, कुछ कम सत्रह सागर और कुछ कम सात सागर है । अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर ओघके समान है । आयुकर्मके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर नहीं है, अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम छह महीना है । पीत और पद्मलेश्यामें सात कर्मोंमें उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है तथा उत्कृष्ट अन्तर क्रमसे साधिक दो सागर और साधिक अठारह सागर है । शेष अन्तर सामान्य देवोंके समान है । शुक्ल-

क० उक्क०बं० जह० अंतो०, उक्क० अट्ठारस साग० सादि०। अणुक्क० ओघं। आयु० देवभंगो तिएणं पि।

११० खइगस० सत्तएणं क० उक्क० जह० अंतो, उक्क० तेत्तीसं साग० सादि०। अणु० ओघं। आयु० उक्क० णत्थि अंतरं। [अणुक्क० पगदिअंतरं।] वेदग० सत्तएणं क० उक्क० अणु० णत्थि अंतरं। आयु० उक्क० जह० पलिदो० सादिरे०, उक्क० छावट्ठिसाग० देसू०। अणु० पगदिअंतरं। उवसमस० सत्तएणं क० ओधिभंगो। सासणस० सम्मामि० अट्ठएणं क० सत्तएणं क० उक्क० अणु० णत्थि अंतरं।

लेश्यामें सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक अठारह सागर है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर ओघके समान है। आयुकर्मका भंग तीनों ही लेश्याओं में सामान्य देवोंके समान है।

विशेषार्थ—कृष्ण, नील और कापोत लेश्याका उत्कृष्ट काल क्रमसे साधिक तेतीस सागर, साधिक सत्रह सागर और साधिक सात सागर है। इसीसे इन लेश्याओंमें सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तरकाल उक्त प्रमाण कहा है। मात्र नील और कापोत लेश्यामें यह कुछ कम उपलब्ध होता है। इन लेश्याओंका इतना बड़ा काल नरकमें ही उपलब्ध होता है और नरकमें आयुकर्मका बन्ध अधिकसे अधिक छह माह काल शेष रहनेपर होता है। इसीसे इन लेश्याओंमें आयुकर्मके अनुत्कृष्ट स्थिति बन्धका उत्कृष्ट अन्तर काल कुछ कम छह माह कहा है। पीत और पद्मलेश्याका उत्कृष्ट काल क्रमसे साधिक दो सागर और साधिक अठारह सागर है। तथा शुक्ललेश्याका काल यद्यपि साधिक तेतीस सागर है पर शुक्ललेश्यामें सात कर्मोंका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध सहस्रार कल्पमें ही होता है यही कारण है कि इन तीन लेश्याओंमें सात कर्मोंके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तर काल क्रमसे साधिक दो सागर साधिक अठारह सागर और साधिक अठारह सागर कहा है।

११०. क्षायिकसम्यग्दृष्टियोंमें सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है, उत्कृष्ट अन्तर साधिक तेतीस सागर है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर ओघके समान है। आयुकर्मके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर नहीं है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर प्रकृति बन्धके अन्तरके समान है। वेदकसम्यग्दृष्टियोंमें सात कर्मोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तरकाल नहीं है। आयुकर्मके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर साधिक पल्यप्रमाण है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम छयासठ सागर प्रमाण है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर प्रकृतिअन्तरके समान है। उपशमसम्यग्दृष्टियोंमें सात कर्मोंका अन्तर अवधिज्ञानीके समान है। सासादनसम्यग्दृष्टि और सम्यग्मिथ्यादृष्टियोंमें क्रमसे आठ और सात कर्मोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर नहीं है।

विशेषार्थ—क्षायिकसम्यग्दृष्टिके अन्तर्मुहूर्तके अन्तरसे सात कर्मोंका अपने योग्य उत्कृष्ट स्थितिबन्ध सम्भव है। कारण कि उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध इससे कम अन्तरकाल से नहीं होता। तथा इसके साधिक तेतीस सागरके अन्तरसे भी सात कर्मोंका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध सम्भव है। कारण कि क्षायिक सम्यग्दर्शनके होने पर यह जीव संसारमें साधिक तेतीस सागर कालसे अधिक काल तक नहीं रहता। यतः यह जीव क्षायिकसम्यग्दर्शन उत्पन्न होनेके प्रारम्भमें और अन्तमें सात कर्मोंका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध करे और मध्यमें अनुत्कृष्ट स्थितिबन्ध करता रहे तो यह अन्तरकाल उपलब्ध हो जाता है। यही कारण है कि इसके सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य

१११ सण्णि० पंचिंदियपज्जत्तभंगो। असण्णि० सत्तण्णं क० मूलोघं। आयु० उक्क० णत्थि अंतरं। अणु० जह० अंतो०, उक्क० पुव्वकोडी सादिरे०।

११२. आहार० सत्तण्णं क० उक्क० जह० अंतो०, उक्क० अंगुलस्स असंखे०। अणु० ओघं। आयु० ओघं। णवरि सगट्ठिदी भाणिदव्वा। एवं उक्कस्सट्ठिदिबंधंतरं समत्तं।

११३. जहण्णए पगदं। दुविधो णिद्देसो—ओघेण आदेसेण य। तत्थ ओघेण सत्तण्णं कम्माणं जह० णत्थि अंतरं। अज० जह० एग०, उक्क० अंतो०। आयु०-जह० जह० खुद्दाभव० समयूणं, उक्क० वेसागरोवमसहस्साणि सादि०। अज० जह०

अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट अन्तरकाल साधिक तेतीस सागर कहा है। क्षायिकसम्यक्त्वमें देवायुके प्रकृतिवन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट अन्तर एकपूर्वकोटिका कुछ कम त्रिभागप्रमाण कह आये हैं। वही यहां अनुत्कृष्ट स्थितिवन्धका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर काल उपलब्ध होता है। इसीसे यहां आयुकर्मके अनुत्कृष्ट स्थितिवन्धका अन्तर काल प्रकृतिवन्धके अन्तरकालके समान कहा है शेष कथन सुगम है।

१११. संज्ञी जीवोंमें आठों कर्मोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिवन्धका अन्तर पञ्चेन्द्रिय पर्याप्तकोंके समान है। असंज्ञी जीवोंमें सात कर्मोंके स्थितिवन्धका अन्तर मूलोघके समान है। आयुकर्मके उत्कृष्ट स्थितिवन्धका अन्तर नहीं है। अनुत्कृष्ट स्थितिवन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक पूर्वकोटि है।

विशेषार्थ—पञ्चेन्द्रिय पर्याप्तकोंकी कायस्थिति सौ सागरपृथक्त्व है। यही संज्ञियोंकी कायस्थिति है।[1] इसीसे यहां संज्ञियोंमें आठों कर्मोंके उत्कृष्ट व अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर पञ्चेन्द्रिय पर्याप्तकोंके समान कहा है। मूलोघ प्ररूपणामें सात कर्मोंके अनुत्कृष्ट स्थितिवन्धका उत्कृष्ट अन्तर असंज्ञियोंकी मुख्यतासे कहा है। यही कारण है कि यहां सात कर्मोंके स्थितिवन्धका अन्तरकाल मूलोघके समान घटित हो जाता है। शेष कथन सुगम है।

११२. आहारक जीवोंमें सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिवन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर अंगुलके असंख्यातवें भागप्रमाण है। अनुत्कृष्ट अन्तर ओघके समान है। आयुकर्मके उत्कृष्ट व अनुत्कृष्ट स्थितिवंधका अन्तर ओघके समान है। किन्तु इतनी विशेषता है कि अपनी स्थिति कहनी चाहिए।

विशेषार्थ—आहारकोंकी उत्कृष्ट कायस्थिति अंगुलके असंख्यातवें भागप्रमाण होती है। यहां इससे असंख्यातासंख्यात उत्सर्पिणी अवसर्पिणी काल लिया गया है। यही कारण है कि सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तर काल उक्त प्रमाण कहा है।

इस प्रकार उत्कृष्ट स्थितिबन्धान्तर समाप्त हुआ।

११३. अब जघन्य अन्तरकालका प्रकरण है। इसकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। उनमेंसे ओघकी अपेक्षा सात कर्मोंके जघन्य स्थितिबन्धका अन्तर नहीं है। अजघन्य स्थितिवन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। आयुकर्मके जघन्य स्थितिवन्धका जघन्य अन्तर एक समय कम क्षुद्रक भवप्रमाण है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक दो हजार सागर है। अजघन्य स्थितिवन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मु-

१. देखो ध० पु० ७ पृ. १८३।

अंतो०, उक्क० तेत्तीसं सागरो० सादिरे० । एवं अचक्खुदं०-भवसि० ।

११४. आदेसेण णेरइएसु सत्तण्णं क० जह० अज० णत्थि अंतरं । आयु० जह० णत्थि अंतरं । अज०. उक्कस्सभंगो । एवं पढमपुढवि-देवोघं-भवण०-वाणवें० । एवं चेव विदियाए याव सत्तमि त्ति । णवरि सत्तण्णं क० जह० जह० अंतो०, उक्क० सगट्ठिदी देसूणा । अजहण्ण० अणुक्कस्सभंगो ।

हूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक तेतीस सागर है। इसी प्रकार अचक्षुदर्शनी और भव्य जीवोंके जानना चाहिए।

विशेषार्थ—ओघसे सात कर्मोंका जघन्य स्थितिबन्ध क्षपक श्रेणिमें होता है, इसलिए यहाँ सात कर्मोंके जघन्य स्थितिबन्धके अन्तरका निषेध किया है। जो जीव उपशमश्रेणिमें सात कर्मोंका एक समयके लिए अवन्धक होकर दूसरे समयमें मरणकर पुनः उनका बन्ध करने लगता है उसके सात कर्मोंके अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर काल उपलब्ध होता है और जो अन्तर्मुहूर्तके लिए अवन्धक होकर पुनः उनका बन्ध करता है उसके सात कर्मोंके अजघन्य स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तर काल उपलब्ध होता है। इसीसे यहाँ अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर काल एक समय और उत्कृष्ट अन्तर काल अन्तर्मुहूर्त कहा है। आयुकर्मका जघन्य स्थितिबन्ध क्षुद्रक भवग्रहण प्रमाण है। एक जीवने पूर्व भवमें जघन्य आयुका बन्ध किया। पुनः वही जीव दूसरे भवमें उसी समय जघन्य आयुका बन्ध करता है। इसीसे आयु कर्मके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तरकाल एक समय कम क्षुद्रकभवग्रहण प्रमाण कहा है। त्रस पर्यायमें रहनेका उत्कृष्ट काल साधिक दो हजार सागर है। किसी जीवको इतने कालतक जघन्य आयुका बन्ध नहीं होता। यही कारण है कि जघन्य आयुके स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तर काल साधिक दो हजार सागर कहा है। जघन्य स्थितिबन्धके सिवा अजघन्य स्थितिबन्ध है। इसका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट अन्तर साधिक तेतीस सागर उपलब्ध होता है। इसी से यहाँ आयुकर्मके अजघन्य स्थितिबन्धका यह अन्तर काल कहा है। आगे जहाँ ओघके समान अन्तर काल आवे उसे इसी प्रकार घटित करना चाहिए।

११४. आदेशसे नारकियोंमें सात कर्मोंके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तर काल नहीं है। आयुकर्मके जघन्य स्थितिबन्धका अन्तर काल नहीं है। अजघन्य स्थिति-बन्धका अन्तर उत्कृष्टके समान है। इसी प्रकार पहली पृथिवी, सामान्य देव, भवनवासी और वानव्यन्तर देवोंके जानना चाहिए। दूसरी पृथिवीसे लेकर सातवीं पृथिवी तक इसी प्रकार जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि सात कर्मोंके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम अपनी अपनी स्थितिप्रमाण है। अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तर अनुत्कृष्टके समान है।

विशेषार्थ—नरकमें सात कर्मोंका जघन्य स्थितिबन्ध असंज्ञीचर जीवके प्रथम और द्वितीय समयमें सम्भव है और इसके बाद अजघन्य स्थितिबन्ध होता है। तथा जो असंज्ञी-चर नहीं है उसके सर्वदा अजघन्य स्थितिबन्ध होता है। इसीसे सामान्यसे नरकमें सात कर्मोंके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धके अन्तरकालका निषेध किया है। आयुकर्मका जघन्य स्थितिबन्ध सबसे जघन्य आबाधा कालके रहने पर होता है। इसके बाद पुनः आयुकर्मका बन्ध नहीं होता। यही कारण है कि यहाँ आयुकर्मके जघन्य स्थितिबन्धके अन्तरकालका भी निषेध किया है। अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल उत्कृष्टके समान है यह स्पष्ट ही है।

११५. तिरिक्खेसु सत्तण्णं क० जह० जह० अंतो०, उक्क० असंखेज्जा लोगा। अज० ओघं। आयु० जह० जह० खुद्दाभवग्गहणं समयूणं, उक्क० पलिदोव० असंखे०। अज० जह० अंतो०, उक्क० तिण्णि पलिदो० सादिरे०। पंचिंदियतिरिक्ख०३ सत्तण्णं क० जह० जह० अंतो, उक्क० पुव्वकोडिपुधत्तं। अज० ओघं। आयु० जह० जह० खुद्दाभव० समयू०, उक्क० पुव्वकोडिपुधत्तं। अज० अणुक्कस्सभंगो। णवरि पज्जत्त-जोणिणीसु आयु० जह० णत्थि अंतरं। अज० पगदिअंतरं। पंचिंदियतिरिक्खअप-ज्जत्त० सत्तण्णं क० जह० जह० उक्क० अंतो०। अज० ओघं। आयु० जह० जह० खुद्दाभव० समयू०, उक्क० अंतो०। अज० जहण्णु० अंतो०। एवं सव्वअपज्जत्ताणं तसाणं थावराणं च। णवरि मणुसअपज्जत्त० सत्तण्णं क० जह० अज० णत्थि अंतरं। मणुस०३ सत्तण्णं क०जह० अजह० णत्थि अंतरं। आयु०पंचिंदियतिरिक्ख भंगो। जोदिसिय याव सव्वट्ठ त्ति उक्कस्सभंगो।

यतः असंज्ञी जीव प्रथम नरकमें तथा भवनवासी और व्यन्तर देवोंमें उत्पन्न होता है अतः प्रथम नरक, सामान्य देव, भवनवासी और व्यन्तर देवोंमें सामान्य नरकके समान प्ररूपणा बन जाती है। यही कारण है कि इन मार्गणाओंमें सामान्य नरकके समान अन्तरकाल कहा है। द्वितीयादि पृथिवियोंमें जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्ध कभी भी सम्भव है। इसीसे इनमें जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम अपनी अपनी उत्कृष्ट स्थितिप्रमाण कहा है। शेष कथन सुगम है।

११५. तिर्यञ्चोंमें सात कर्मोंके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर असंख्यात लोकप्रमाण है। अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तर ओघके समान है। आयुकर्मके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय कम क्षुल्लकभवग्रहण प्रमाण है और उत्कृष्ट अन्तर पल्यके असंख्यातवें भाग प्रमाण है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। और उत्कृष्ट अन्तर साधिक तीन पल्य प्रमाण है। पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चत्रिकमें सात कर्मोंके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर पूर्वकोटि पृथक्त्वप्रमाण है। अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तर ओघके समान है। आयु-कर्मके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय कम क्षुल्लकभवग्रहण प्रमाण है और उत्कृष्ट अन्तर पूर्वकोटि पृथक्त्वप्रमाण है। अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तर अनुत्कृष्टके समान है। इतनी विशेषता है कि पर्याप्त और योनिनी जीवोंमें आयुकर्मके जघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल नहीं है। तथा अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तर प्रकृतिबन्धके अन्तरके समान है। पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्तकोंमें सात कर्मोंके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तर ओघके समान है। आयुकर्मके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय कम क्षुल्लकभवग्रहण प्रमाण है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। इसी प्रकार त्रस और स्थावर सब अपर्याप्तकोंके जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि मनुष्य अपर्या-प्तकोंके सात कर्मोंके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल नहीं है। मनुष्य त्रिकमें सात कर्मोंके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल नहीं है। आयुकर्मके स्थितिबन्ध-का अन्तर पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चोंके समान है। ज्योतिषियोंसे लेकर सर्वार्थसिद्धितक अन्तर उत्कृष्टके समान है।

११६. एइंदिएसु सत्तएणं क० जह० जह० अंतो०, उक्क० असंखेज्जा लोगा। अज० ओघं। आयुग० जह० जह० खुद्दाभव० समयू०, उक्क० पलिदो० असं०। अज० जह० अंतो०, उक्क० बावीसं वस्ससह० सादिरे०। बादरएइंदिय० सत्तएणं क० जह० जह० अंतो०, उक्क० अंगुलस्स असंखे०। अज० ओघं। सेसं तं चेव। बादरपज्जत्ते सत्तएणं क० जह० जह० अंतो०, उक्क० संखेज्जाणि वस्ससहस्साणि। अज० ओघं। आयु० जह० णत्थि अंतरं। अज० पगदिअंतरं। सव्वबादरे पज्जत्त० आयु० जह० णत्थि अंतरं। अज० पगदिअंतरं। सुहुमेइंदि० सत्तएणं क० जह० जह० अंतो०, उक्क० अंगुलस्स असंखे०। अज० ओघं। आयु० जह० जह० खुद्दाभव० समयू०, उक्क० पलिदो० असंखे०। अज० जहएणुक्क० अंतो। पज्जत्ते सत्तएणं क० अपज्जत्तभंगो। आयु० जह० णत्थि अंतरं। अज० जह० उक्क० अंतो०।

विशेषार्थ—यद्यपि तिर्यञ्च सामान्यकी उत्कृष्ट कायस्थिति अनन्त कालप्रमाण है पर यह सब तिर्यञ्चोंकी है। इसीसे इनमें जघन्य स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तरकाल उनकी कायस्थितिप्रमाण न कहकर असंख्यात लोकप्रमाण कहा है, क्योंकि जो तिर्यञ्च सूक्ष्म एकेन्द्रिय होकर परिभ्रमण करते हैं उनकी उत्कृष्ट कायस्थिति असंख्यात लोकप्रमाण होती है और इनमें सामान्य तिर्यञ्चोंकी अपेक्षा सात कर्मोंका जघन्य स्थितिबन्ध सम्भव नहीं है। तिर्यञ्चोंमें एकेन्द्रियोंकी मुख्यतासे जघन्य आयुका बन्ध अधिकसे अधिक पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण काल तक नहीं होता। इसीसे इनमें आयुकर्मके जघन्य स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तरकाल पल्यके असंख्यातवें काल प्रमाण कहा है। शेष कथन सुगम है।

११६. एकेन्द्रियोंमें सात कर्मोंके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर असंख्यात लोकप्रमाण है। अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तर ओघके समान है। आयुकर्मके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय कम क्षुल्लकभवग्रहणप्रमाण है और उत्कृष्ट अन्तर पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक बाईस हजार वर्ष है। बादर एकेन्द्रियोंमें सात कर्मोंके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर अङ्गुलके असंख्यातवें भागप्रमाण है। तथा अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तर ओघके समान है। शेष अन्तर वही है। बादर पर्याप्तके सात कर्मोंके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर संख्यात हजार वर्ष है। अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तर ओघके समान है। आयुकर्मके जघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल नहीं है। अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तर प्रकृतिबन्धके अन्तरके समान है। सब बादर पर्याप्त जीवोंमें आयुकर्मके जघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल नहीं है। अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तर प्रकृतिबन्धके अन्तरके समान है। सूक्ष्म एकेन्द्रियोंमें सात कर्मोंके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर काल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर अङ्गुलके असंख्यातवें भागप्रमाण है। अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तर ओघके समान है। आयुकर्मके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समयकम क्षुल्लक भवग्रहणप्रमाण है और उत्कृष्ट अन्तर पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। सूक्ष्म एकेन्द्रिय पर्याप्तकोंमें सात कर्मोंके जघन्य और उत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर अपर्याप्तकोंके समान है। आयुकर्मके जघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल नहीं है। तथा अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है।

११७. वेइंदि०–तेइंदि०-चदुरिंदि० अट्ठण्णं कम्माणं उक्कस्सभंगो। आयु० जह० जह० ओघं। उक्कस्सं सगट्ठिदी। अज० अणुक्कस्सभंगो। एवं पज्जत्ता०। णवरि आयु० जह० णत्थि अंतरं।

११८. पंचिंदिय–तस०२ सत्तण्णं कम्माणं मूलोघं। आयु० जह० जह० खुद्दाभव० समयूणं, उक्क० सगट्ठिदी। पज्जत्ते णत्थि अंतरं। अज० ओघं।

विशेषार्थ—सूक्ष्म एकेन्द्रिय जीवकी उत्कृष्ट कायस्थिति असंख्यात लोकप्रमाण है। इसी बातको ध्यानमें रखकर एकेन्द्रियोंमें सात कर्मोंके जघन्य स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तर-काल असंख्यात लोकप्रमाण कहा है। आयुकर्मके जघन्य स्थितिबन्धके उत्कृष्ट अन्तरकालका खुलासा सामान्य तिर्यञ्चोंकी प्ररूपणाके समय कर ही आये हैं। एकेन्द्रिय जीवकी उत्कृष्ट भवस्थिति बाईस हजार वर्ष प्रमाण है। इसीसे इनके आयुकर्मके अजघन्य स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तर साधिक बाईस हजार वर्षप्रमाण कहा है। बादर एकेन्द्रियोंकी उत्कृष्ट काय-स्थिति अङ्गुलके असंख्यातवें भागप्रमाण है। इसीसे इनमें आठों कर्मोंके जघन्य स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तरकाल अङ्गुलके असंख्यातवें भागप्रमाण कहा है। इनके पर्याप्तकोंकी उत्कृष्ट काय-स्थिति संख्यात हजार वर्षप्रमाण है। यही कारण है कि इनके सात कर्मोंके जघन्य स्थिति-बन्धका उत्कृष्ट अन्तर काल संख्यात हजार वर्षप्रमाण कहा है। इनके आयुकर्मका जघन्य स्थिति-बन्ध होने पर मर कर वे बादर पर्याप्त नहीं होते। इसीसे इनके जघन्य स्थितिबन्धके अन्तरकालका निषेध किया है। शेष कथन स्पष्ट ही है किन्तु यहाँ और सर्वत्र इतना विशेष समझना चाहिए कि जहाँ जिसकी कायस्थिति आदिप्रमाण अन्तरकाल कहा है वहाँ उस स्थि-तिके प्रारम्भ और अन्तमें विवक्षित स्थितिका बन्ध कराकर इस प्रकार अन्तरकाल ले आवे।

११७. द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय और चतुरिन्द्रिय जीवोंमें आठों कर्मोंके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल उत्कृष्ट के समान है। आयुकर्मके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तरकाल ओघके समान है और उत्कृष्ट अन्तरकाल अपनी अपनी स्थितिप्रमाण है। अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल अनुत्कृष्टके समान है। इसी प्रकार इनके पर्याप्त जीवोंके जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इनके आयुकर्मके जघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल नहीं है।

विशेषार्थ—द्वीन्द्रिय आदि पर्याप्तकोंके जघन्य आयु क्षुल्लक भवग्रहणप्रमाण बँधती है जिससे वे भवान्तरमें पर्याप्त नहीं रहते। इससे इनमें जघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल नहीं उपलब्ध होता। यही कारण है कि इनमें आयुकर्मके जघन्य स्थितिबन्धके अन्तरकालका निषेध किया है। शेष कथन स्पष्ट है।

११८. पञ्चेन्द्रिय, पञ्चेन्द्रिय पर्याप्त, त्रस और त्रसपर्याप्त जीवोंमें सात कर्मोंके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल ओघके समान है। आयुकर्मके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तरकाल एक समय कम क्षुल्लक भवग्रहण प्रमाण है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम अपनी अपनी उत्कृष्ट स्थितिप्रमाण है। इतनी विशेषता है कि पर्याप्तकोंमें आयुकर्मके जघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल नहीं है। तथा सबके अजघन्य स्थिति-बन्धका अन्तरकाल ओघके समान है।

विशेषार्थ—पञ्चेन्द्रियोंकी उत्कृष्ट कायस्थिति पूर्वकोटि पृथक्त्व अधिक एक हजार सागर है, पञ्चेन्द्रिय पर्याप्तकोंकी उत्कृष्ट कायस्थिति सौ सागर पृथक्त्व है, त्रस कायिकोंकी उत्कृष्ट कायस्थिति पूर्वकोटिपृथक्त्व अधिक दो हजार सागर है और त्रसकायिक पर्याप्तकोंकी उत्कृष्ट कायस्थिति दो हजार सागर है। इसे ध्यानमें रखकर इन चारोंमें आयुकर्मके जघन्य

११९. पुढवि०आउ०-तेउ-वाउ-वणप्फदि-पत्तेग० सत्तण्णं क० उक्कस्सभंगो। आयु० जह० जह० खुद्दाभव० समयूणं, उक्क० पलिदो० असंखे०। पज्जत्तगे णत्थि अंतरं। अजह० पगदिअंतरं। णिगोदेसु सत्तण्णं कम्माणं एइंदियभंगो। आयुग० सुहुमेइंदियभंगो। बादरणिगोद० सत्तण्णं कम्माणं जह० जह० अंतो, उक्क० कम्मट्ठिदी। अज० ओघं। आयु० जह० [जह०] खुद्दाभव० समयू०, उक्क० पलिदो० असंखे०। अज० जहण्णु० अंतो०। बादरणिगोदपज्ज० बादरपज्जत्तभंगो। सुहुमणिगोद० सत्तण्णं क० जह० जह० अंतो०, उक्क० अंगुलस्स असंखे०। आयु० जह० जह० खुद्दाभव० समयू०, उक्क० पलिदो० असंखे०। अज० अणुक्कस्सभंगो। सुहुमणिगोदपज्जत्ता० सुहुमएइंदियपज्जत्तभंगो।

१२०. पंचमण०-पंचवचि० जह० अज० णत्थि अंतरं। एवं कोधादि०४। णवरि लोभे मोहणी० ओघं।

स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तरकाल ले आना चाहिए। इनके पर्याप्तकोंमें आयुकर्मके जघन्य स्थितिबन्धके अन्तरकालके निषेधका वही कारण है जो द्वीन्द्रिय आदि पर्याप्तकोंमें अन्तरकालका कथन करते समय बतला आये हैं। शेष कथन सुगम है।

११९. पृथिवीकायिक, जलकायिक, अग्निकायिक, वायुकायिक, वनस्पतिकायिक और वनस्पति प्रत्येकशरीर जीवोंमें सात कर्मोंके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल उत्कृष्टके समान है। आयुकर्मके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तरकाल एक समय कम क्षुल्लक भव ग्रहणप्रमाण है और उत्कृष्ट अन्तर पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण है। इनके पर्याप्तकोंमें आयुकर्मके जघन्य स्थितिबन्धका अन्तर नहीं है। अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तर प्रकृतिबन्धके अन्तरके समान है। निगोद जीवोंमें सात कर्मोंके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल एकेन्द्रियोंके समान है। तथा आयुकर्मके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल सूक्ष्म एकेन्द्रियोंके समान है। बादर निगोद जीवोंमें सात कर्मोंके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तरकाल कर्मस्थितिप्रमाण है। अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल ओघके समान है। आयुकर्मके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय कम क्षुल्लकभवग्रहणप्रमाण है और उत्कृष्ट अन्तरकाल पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण है। तथा अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। बादर निगोद पर्याप्त जीवोंमें आठों कर्मोंके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल बादर एकेन्द्रिय पर्याप्तकोंके समान है। सूक्ष्म निगोद जीवोंमें सात कर्मोंके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर अङ्गुलके असंख्यातवें भागप्रमाण है। आयुकर्मके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय कम क्षुल्लक भवग्रहणप्रमाण है और उत्कृष्ट अन्तर पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण है। तथा अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तर अनुत्कृष्टके समान है। सूक्ष्मनिगोद पर्याप्तकोंमें आठों कर्मोंके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तर सूक्ष्म एकेन्द्रिय पर्याप्तकोंके समान है।

१२०. पाँचों मनोयोगी और पाँचों वचनयोगी जीवोंमें आठ कर्मोंके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल नहीं है। इसी प्रकार क्रोधादि चार कषायवाले जीवोंके जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि लोभकषायमें मोहनीयका भङ्ग ओघके समान है।

विशेषार्थ—लोभकषाय दसवें गुणस्थानतक होता है, इसलिए इसमें ओघके समान

१२१. कायजोगि० सत्तण्णं क०[1] ओघं। ओरालियका० सत्तण्णं क० मणजोगिभंगो। आयु० उक्कस्सभंगो। ओरालियमिस्स० सत्तण्णं क० उक्कस्सभंगो। आयु० मणुसअपज्जत्तभंगो। वेउव्वियका० सत्तण्णं क० जह० णत्थि अंतरं। अज० जह० एग०, उक्क० अंतो०। आयु० जह० अजह० णत्थि अंतरं। एवं आहारकायजो०। वेउव्वियमि० सत्तण्णं क० आहारमि० अट्ठण्णं क० कम्मइ०-अणाहार० सत्तण्णं क० जह० अजह० णत्थि अंतरं।

१२२. इत्थि०-पुरिस०-णवुंस० सत्तण्णं क० जह० अजह० णत्थि अंतरं। आयु० जह० णत्थि अंतरं। अज० अणुक्कस्सभंगो। णवरि णवुंस० आयु० जह० जह० खुद्दाभव० समयूणं, उक्कस्सं सागरोवमसदपुधत्तं। अवगद० सत्तण्णं० क० णत्थि अंतरं। अज० जह० उक्क० अंतो०।

मोहनीय कर्मके अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त घटित हो जाता है। शेष कथन सुगम है।

१२१. काययोगी जीवोंमें सात कर्मोंके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तर ओघके समान है। औदारिक काययोगी जीवोंमें सात कर्मोंके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल मनोयोगियोंके समान है। तथा आयुकर्मका भङ्ग उत्कृष्टके समान है। औदारिकमिश्रकाययोगी जीवोंमें सात कर्मोंका भङ्ग उत्कृष्टके समान है। तथा आयुकर्मका भङ्ग मनुष्य-अपर्याप्तकोंके समान है। वैक्रियिक काययोगी जीवोंमें सात कर्मोंके जघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल नहीं है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। आयुकर्मके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल नहीं है। इसी प्रकार आहारककाययोगी जीवोंके जानना चाहिए। वैक्रियिकमिश्रकाययोगी जीवोंमें सात कर्मोंके और आहारकमिश्रकाययोगी जीवोंमें आठ कर्मोंके तथा कार्मणकाययोगी और अनाहारक जीवोंमें सात कर्मोंके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल नहीं है।

१२२. स्त्रीवेदी, पुरुषवेदी और नपुंसकवेदी जीवोंमें सात कर्मोंके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल नहीं है। आयुकर्मके जघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल नहीं है। तथा अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल अनुत्कृष्टके समान है। इतनी विशेषता है कि नपुंसकवेदमें आयुकर्मके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तरकाल एक समय कम क्षुल्लक भवग्रहण प्रमाण है और उत्कृष्ट अन्तरकाल सौ सागर पृथक्त्व प्रमाण है। अपगतवेदमें सात कर्मोंके जघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल नहीं है तथा अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है।

विशेषार्थ—तीनों वेदोंमें सात कर्मोंका जघन्य स्थितिबन्ध क्षपकश्रेणिमें होता है इसलिए इनमें सात कर्मोंके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धके अन्तरकालका निषेध किया है। नपुंसकवेदमें आयुकर्मके जघन्य स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तरकाल सौ सागर पृथक्त्व प्रमाण बतलानेका कारण यह है कि इतने कालतक यह जीव संज्ञी पञ्चेन्द्रिय पर्यायमें रह सकता है जिससे इसके योग्य आयुकर्मका जघन्य स्थितिबन्ध न हो। इसके बाद यह एकेन्द्रिय पर्यायमें जाकर यथायोग्य काल आनेपर जघन्य आयुका बन्ध करता है। शेष कथन स्पष्ट ही है।

---

१. मूलप्रतौ ओघं एइंदियभंगो। ओरालियका० इति पाठः।

१२३. मदि-सुदअण्णा० सत्तण्णं क० तिरिक्खोघं। आयु० मूलोघं। एवं असंजद०-अब्भवसि०-मिच्छादिट्ठि त्ति। विभंगे णिरयोघं। आभि०-सुद०-ओधि० सत्तण्णं क० जह० णत्थि अंतरं। अज० जह० एग०, उक्क० अंतो०। आयु० जह० जह० पलिदो० सादिरे०, उक्क० छावट्ठिसागरो० सादि०। अज० अणुक्कस्सभंगो। एवं ओधिदं०-सम्मादिट्ठि०। मणपज्जव०-संजदा-सामाइ०-छेदो०-परिहार०-सुहुमसंप०-संजदासंजदा० उक्कस्सभंगो। चक्खुदं० तसपज्जत्तभंगो।

१२४. छण्णं लेस्साणं सत्तण्णं क० जह० णत्थि अंतरं। अज० जह० एग०, उक्क० अंतो०। आयु० उक्कस्सभंगो। णवरि तेउ-पम्माणं यदि दंसणमोहखवगस्स दिज्जदि सत्तण्णं क० जह० णत्थि अंतरं। अज० जह० उक्क० अंतो०।

१२५. खइग० सत्तण्णं क० ओघं। आयु० जह० णत्थि अंतरं। अज० पगदिअंतरं। वेदगस० सत्तण्णं क० जह० णत्थि अंतरं। अज० जह० उक्क० अंतो०।

१२३. मत्यज्ञानी और श्रुताज्ञानी जीवोंमें सात कर्मोंके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल सामान्य तिर्यञ्चोंके समान है। तथा आयुकर्मके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल मूलोघके समान है। इसी प्रकार असंयत, अभव्य और मिथ्यादृष्टि जीवोंके जानना चाहिए। विभङ्गज्ञानमें आठों कर्मोंके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल सामान्य नारकियोंके समान है। अभिनिबोधिक ज्ञानी, श्रुतज्ञानी और अवधिज्ञानी जीवोंमें सात कर्मोंके जघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल नहीं है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। आयुकर्मके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर साधिक एक पल्यप्रमाण और उत्कृष्ट अन्तर साधिक छयासठ सागर प्रमाण है। तथा अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तर अनुत्कृष्टके समान है। इसी प्रकार अवधिदर्शनी और सम्यग्दृष्टि जीवोंके जानना चाहिए। मनःपर्ययज्ञानी, संयत, सामायिक संयत, छेदोपस्थापना संयत, परिहारविशुद्धि संयत, सूक्ष्मसाम्पराय संयत और संयतासंयत जीवोंमें इनके उत्कृष्टके समान अन्तरकाल है। चक्षुदर्शनी जीवोंमें त्रसपर्याप्तकोंके समान भङ्ग है।

१२४. छह लेश्यावाले जीवोंमें सात कर्मोंके जघन्य स्थितिबन्धका अन्तर नहीं है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। आयुकर्मका भङ्ग उत्कृष्टके समान है। इतनी विशेषता है कि पीत और पद्मलेश्यामें यदि दर्शन मोहनीयकी क्षपणा होती है तो इनमें सात कर्मोंके जघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल तो नहीं ही है पर अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है।

विशेषार्थ—पहले जघन्य स्थितिबन्धके स्वामीका निर्देश कर आये हैं। वहाँ पीत और पद्मलेश्यामें जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी दो प्रकारका जीव बतलाया है—एक प्रमत्तसंयत जीव और दूसरा दर्शन मोहनीयकी क्षपणा करनेवाला जीव। इसी बातको ध्यानमें रखकर यहाँ सात कर्मोंके जघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल दो प्रकारसे कहा है। शेष कथन सुगम है।

१२५. क्षायिक सम्यग्दृष्टि जीवोंमें सात कर्मोंके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल ओघके समान है। आयुकर्मके जघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल नहीं है। तथा अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल प्रकृतिबन्धके अन्तरकालके समान है। वेदक सम्यग्दृष्टि जीवोंमें सात कर्मोंके जघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल नहीं है। अजघन्य स्थितिबन्धका

आयु० उक्कस्सभंगो। अज० जह० अंतो, उक्क० तेत्तीसं साग० सादि०। उवसमस०-सासण०-सम्मामि० उक्कसभंगो। सरिण० पंचिंदियपज्जत्तभंगो। असरिण० सत्तण्णं क० तिरिक्खोघं। आयु० जह० जह० खुद्दाभव० समयू०, उक्क० पलिदो० असंखे०। अज० जह० अंतो०, उक्क० पुव्वकोडी सादिरे०। आहाराणुवादेण आहारा० अट्ठण्णं कम्माणं ओघं। एवं बंधंतरं समत्तं।

बन्धसरिणयासपरूवणा

१२६. बंधसरिणयासं दुविधं—जहण्णयं उक्कस्सयं च। उक्कस्सए पगदं। दुविधो णिद्देसो—ओघेण आदेसेण य। तत्थ ओघेण णाणावरणीयस्स उक्कस्सट्ठिदिं बंधंतो छण्णं कम्माणं णियमा बंधगो। तं तु उक्कस्सा वा अणुक्कस्सा वा। उक्कस्सादो अणुक्कस्सा समयूणमादिं कादूण पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागूणं बंधदि। आयुगस्स सिया बंधगो सिया अबंधगो, णियमा उक्कस्सा। आबाधा पुण भयणिज्जा। एवं छण्णं कम्माणं। आयुगस्स उक्कस्सट्ठिदिं बंधंतो सत्तण्णं कम्माणं णियमा बंधगा। तं तु उक्कस्सा वा अणुक्कस्सा वा, उक्कस्सादो अणुक्कस्सा तिट्ठाणपदिदं बंधदि—असंखे-

जघन्य और उत्कृष्ट अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है। आयुकर्मके जघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल उत्कृष्टके समान है। तथा अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक तेतीस सागर है। उपशम सम्यग्दृष्टि, सासादन सम्यग्दृष्टि और सम्यग्मिथ्यादृष्टि जीवोंमें सभी कर्मोंका भङ्ग उत्कृष्टके समान है। संज्ञी जीवोंमें आठों कर्मोंका भङ्ग पञ्चेन्द्रिय पर्याप्तकोंके समान है। असंज्ञी जीवोंमें सात कर्मोंका भङ्ग सामान्य तिर्यञ्चोंके समान है। तथा आयुकर्मके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तरकाल एक समय कम क्षुल्लक भवग्रहणप्रमाण है और उत्कृष्ट अन्तरकाल पल्यके असंख्यातवें भाग प्रमाण है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तरकाल साधिक एक पूर्वकोटि प्रमाण है। आहार मार्गणाके अनुवादसे आहारक जीवोंमें आठों कर्मोंके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल ओघके समान है।

इस प्रकार बन्धान्तर समाप्त हुआ।

बन्धसन्निकर्षप्ररूपणा

१२६. बन्ध सन्निकर्ष दो प्रकारका है—जघन्य और उत्कृष्ट। उत्कृष्टका प्रकरण है। उसकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। उनमेंसे ओघकी अपेक्षा ज्ञानावरणीयकी उत्कृष्ट स्थितिको बाँधनेवाला छह कर्मोंका नियमसे बन्धक होता है, परन्तु उसे उत्कृष्ट बांधता है या अनुत्कृष्ट बाँधता है। यदि अनुत्कृष्ट बांधता है तो उत्कृष्टकी अपेक्षा एक समयसे लेकर पल्यका असंख्यातवां भाग न्यूनतक बांधता है। यह जीव आयु कर्मका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् बन्धक नहीं होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे उत्कृष्ट बांधता है, परन्तु आबाधा भजनीय होती है। इसी प्रकार छह कर्मोंके विषयमें जानना चाहिए। आयुकर्मकी उत्कृष्ट स्थितिको बांधनेवाला जीव सात कर्मोंका नियमसे बन्धक होता है। परन्तु उसे उत्कृष्ट बांधता है अथवा अनुत्कृष्ट बांधता है। यदि अनुत्कृष्ट बांधता है तो उत्कृष्टकी अपेक्षा वह तीन स्थान पतित बांधता है। असंख्यातवां

ज्जदिभागहीणं वा संखेज्जदिभागहीणं वा संखेज्जगुणहीणं वा । एवं ओघभंगो तिरिक्ख-पंचिंदियतिरिक्ख०३-मणुस०३-पंचिंदिय-तस०२-पंचमण०-पंचवचि०-कायजोगि-ओरालियका०-इत्थि०-पुरिस०-णवुंस०-कोधादि०४-मदि-सुद०-विभंगणा०-असंजद०-चक्खुदं०-[अचक्खुदं०-] किण्णले०-भवसि०-अ०भवसि०-मिच्छादि०-सण्णि०-आहारग त्ति ।

१२७. आदेसेण णिरयगईए णेरइएसु सत्तण्णं कम्माणं ओघं । णवरि आयु० ण बंधदि । आयु० उक्क० बंधंतो सत्तण्णं क० णियमा बंधगो । णियमा अणु०

भाग हीन बांधता है अथवा संख्यातवां भाग हीन बांधता है अथवा संख्यात गुणहीन बांधता है। इस प्रकार ओघके समान तिर्यञ्च, पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चत्रिक, मनुष्यत्रिक, पञ्चेन्द्रिय द्विक, त्रसद्विक, पांचों मनोयोगी, पाँचों वचनयोगी, काययोगी, औदारिक काययोगी, स्त्रीवेदी, पुरुषवेदी, नपुंसकवेदी, क्रोधादि चार कषायवाले, मत्यज्ञानी, श्रुताज्ञानी, विभङ्गज्ञानी, असंयत, चक्षुदर्शनी, अचक्षुदर्शनी, कृष्णलेश्यावाले, भव्य, अभव्य, मिथ्यादृष्टि, संज्ञी और आहारक जीवोंके जानना चाहिये।

विशेषार्थ—एक पदार्थके साथ दूसरे पदार्थको मिलाकर विचार करना सन्निकर्ष है। यहाँ बन्धका प्रकरण है और सामान्यसे आठों कर्मोंके स्थितिबन्धका विचार चल रहा है, इसलिए इस सन्निकर्ष अनुयोग द्वारमें यह बतलाया गया है कि किस किस कर्मका कितना स्थितिबन्ध होनेपर अन्य किन कर्मोंका कितना स्थितिबन्ध होता है। पहिले ओघसे विचार किया गया है। सब कर्म आठ हैं, उनमेंसे ज्ञानावरणीय कर्मकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध होने पर आयुके सिवा अन्य शेष छह कर्मोंका स्थितिबन्ध नियमसे होता है। कारण कि ज्ञानावरणीय कर्मका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध मिथ्यात्वमें होनेसे वहाँ दर्शनावरणादि शेष छह कर्मोंका भी बन्ध होता है। यह तो मानी हुई बात है कि एक कर्मके स्थितिबन्धके योग्य उत्कृष्ट परिणाम होने पर अन्य कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धके योग्य परिणाम हों अथवा न भी हों इसलिए जब ज्ञानावरणीयकर्मका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध होता है तब अन्य छह कर्मोंका स्थितिबन्ध उत्कृष्ट भी होता है और अनुत्कृष्ट भी होता है। यही बात दर्शनावरण आदिकी अपेक्षासे भी जान लेनी चाहिए। यह बात सुनिश्चित है कि आयुकर्मका बन्ध त्रिभागके पहिले नहीं होता, त्रिभागमें भी यदि आयुबन्धके योग्य परिणाम होते हैं तो ही होता है अन्यथा नहीं, इसलिए जो जीव ज्ञानावरणकर्मकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करता है वह आयुकर्मका स्थितिबन्ध करता भी है और नहीं भी करता है। यदि करता है तो उत्कृष्ट स्थितिबन्ध ही करता है अन्यथा अनुत्कृष्ट स्थितिबन्ध करता है। अब रहा आयुकर्म, सो आयुकर्मकी उत्कृष्ट स्थितिको बाँधनेवाला जीव सात कर्मोंका नियमसे बन्धक होता है यह तो सुनिस्थित है। केवल देखना यह है कि शेष कर्मोंकी स्थिति कितनी बँधती है सो यह बात उन उन कर्मोंके बन्धके योग्य परिणामों पर निर्भर है इसलिए यहाँ यह बतलाया है कि आयुकर्मकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला शेष सात कर्मोंकी उत्कृष्ट स्थिति भी बाँधता है अथवा अनुत्कृष्ट स्थिति भी बाँधता है। यहाँ कुछ अन्य मार्गणाएँ गिनाई हैं जिनमें यह ओघप्ररूपणा अविकल घटित हो जाती है। यहाँ इन मार्गणाओंके संकलनमें इस बातका ध्यान रक्खा गया है कि जिन मार्गणाओंमें आठों कर्मोंका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध सम्भव है वे मार्गणायें ही यहाँ ली गई हैं।

१२७. आदेशसे नरक गतिमें नारकियोंमें सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका सन्निकर्ष ओघके समान है। इतनी विशेषता है कि इसके आयुकर्मका बन्ध नहीं होता। आयुकर्मका

संखेज्जगुणहीणं बंधदि । एवं सव्वणिरय-पंचिंदियतिरिक्खअपज्ज०-मणुसअपज्ज०-सव्वदेव-पंचिंदिय-तसअपज्ज०-ओरालियमि०-वेउव्वियका०-आहारका०-आहारमि०-आभि०-सुद०-ओधि०-मणपज्ज०-संजदा-सामाइ०-छेदो०-परिहार०-संजदासंजद-ओधिदं०-णील०-काउ०-तेउ०-पम्म०-सुक्कलेस्सा-सम्मादिट्ठि-खइगस०-वेदगस०-सासण० । उवसम० सत्तण्णं क० ।

१२८. एइंदिएसु सत्तण्णं क० ओघं । आयुगं ण बंधदि । आयुग० उक्क० वंधंतो सत्तण्णं क० णियमा अणु० । उक्क० अणु० असंखेज्जभागहीणं बंधदि । एवं सव्वएइंदिय-विगलिंदिय-पंचकायाणं णिदोदाणं च । णवरि विगलिंदिएसु आयु० उक्क० वंधंतो सत्तण्णं क० संखेज्जभागहीणं बंधदि ।

१२९. वेउव्वियमि०-कम्मइ०-सम्मामि०-अणाहार० सत्तण्णं० क० मूलोघं

उत्कृष्ट स्थितिबन्ध करनेवाला जीव सात कर्मोंका नियमसे बन्धक होता है। परन्तु नियमसे संख्यातगुणी हीन अनुत्कृष्ट स्थितिको बाँधता है। इसी प्रकार सब नारकी, पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्त, मनुष्य अपर्याप्त, सब देव, पञ्चेन्द्रिय अपर्याप्त, त्रस अपर्याप्त, औदारिकमिश्र-काययोगी वैक्रियिक काययोगी, आहारक काययोगी, आहारकमिश्रकाययोगी, आभिनिबोधिक-ज्ञानी, श्रुतज्ञानी, अवधिज्ञानी, मनःपर्ययज्ञानी, संयत, सामायिकसंयत, छेदोपस्थापनासंयत, परिहारविशुद्धिसंयत, संयतासंयत, अवधिदर्शनी, नीललेश्यावाले, कापोतलेश्यावाले, पीत-लेश्यावाले, पद्मलेश्यावाले, शुक्ललेश्यावाले, सम्यग्दृष्टि, क्षायिकसम्यग्दृष्टि, वेदकसम्यग्दृष्टि, और सासादनसम्यग्दृष्टि जीवोंके जानना चाहिए। तथा उपशमसम्यग्दृष्टि जीवोंके सात कर्मोंका इसी प्रकार सन्निकर्ष है।

विशेषार्थ—एक उपशम सम्यग्दृष्टि मार्गणाको छोड़कर यहाँ कही गई शेष सब मार्गणाओंमें सात या आठ कर्मोंका बन्ध सम्भव है। किन्तु इन मार्गणाओंमें सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धके योग्य परिणामोंके होने पर आयुकर्मका बन्ध नहीं होता। और यह बात उत्कृष्ट स्थितिबन्धके स्वामीका निर्देश करनेवाले अनुयोगद्वारसे भली भांति जानी जा सकती है।

१२८. एकेन्द्रिय जीवोंमें सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका सन्निकर्ष ओघके समान है। इतनी विशेषता है कि यह आयुकर्मका बन्ध नहीं करता। आयुकर्मका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध करनेवाला जीव सात कर्मोंका नियमसे अनुत्कृष्ट स्थितिबन्ध करता है। तथापि उत्कृष्टकी अपेक्षा अनुत्कृष्ट स्थितिबन्ध असंख्यातवें भागहीन करता है। इसी प्रकार सब एकेन्द्रिय, सब विकलेन्द्रिय, पाँच स्थावरकायिक और निगोद जीवोंके जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि विकलेन्द्रियोंमें आयुकर्मका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध करनेवाला जीव सात कर्मोंकी स्थिति अपने उत्कृष्ट स्थितिबन्धकी अपेक्षा संख्यातवें भागहीन बाँधता है।

विशेषार्थ—एकेन्द्रियों और पाँच स्थावरकायिक जीवोंमें सात कर्मोंमेंसे प्रत्येकके स्थितिबन्धके कुल भेद पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण हैं और विकलत्रयोंमें पल्यके संख्यातवें भागप्रमाण हैं। इसलिए एकेन्द्रियों और पाँच स्थावरकायिक जीवोंमें असंख्यात भागवृद्धिके समान असंख्यात भागहानि ही सम्भव है तथा विकलत्रयोंमें दो वृद्धियोंके समान दो हानियाँ भी सम्भव हैं। यही कारण है कि यहाँ उक्त जीवोंमें इस बातको ध्यानमें रखकर सन्निकर्षका निर्देश किया है।

१२९. वैक्रियिकमिश्रकाययोगी, कार्मणकाययोगी, सम्यग्मिथ्यादृष्टि और अनाहारक

आयु० वज्ज० । अवगद० णाणावर० उक्क० बंधंतो छण्णं कम्माणं णियमा बंधगो। णियमा उक्कस्सा । एवं छण्णं कम्माणं। एवं सुहुमसंप० छण्णं क० ।

१३०. असण्णि० सत्तण्णं कम्माणं ओघं । आयु० उक्क० सत्तण्णं कम्माणं णियमा बंधगो। तं तु उक्क० अणु०[1] विट्ठाणपदिदं बंधदि—असंखेज्जभागहीणं संखेज्जभागहीणं वा । एवमुक्कस्सओ बंधसण्णियासो समत्तो ।

१३१. जहण्णए पगदं । दुविधो णिद्देसो—ओघेण आदेसेण य । तत्थ ओघेण णाणावरणीयस्स जहण्णं ट्ठिदिं बंधतो पंचण्णं कम्माणं णियमा बंधदि । णियमा जहण्ण० । दोण्णं पगदीणं अबंधगो[2] । मोह० जहण्णट्ठिदिबंधगो

जीवोंमें सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका सन्निकर्ष मूलोघके समान है। किन्तु इतनी विशेषता है कि इन मार्गणाओंमें आयुकर्मका वन्ध नहीं होता। अपगतवेदमें ज्ञानावरणकी उत्कृष्ट स्थितिका वन्ध करनेवाला जीव छह कर्मोंका नियमसे वन्धक होता है। तथा नियमसे उत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार शेष छह कर्मोंके आश्रयसे सन्निकर्ष जानना चाहिए । इसी प्रकार सूक्ष्मसाम्परायसंयतके छह कर्मोंका परस्पर सन्निकर्ष जानना चाहिए ।

विशेषार्थ—यहाँ जितनी मार्गणाएँ ग्रहण की हैं उन सबमें आयुकर्मका बन्ध नहीं होता यह स्पष्ट है। अपगतवेद और सूक्ष्मसाम्परायमें एक समयका परिणाम एक सी विशुद्धिको लिये हुए होता है, इसलिए एक कर्मका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध होनेपर सबका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध होता है। यही कारण है कि यहाँ उत्कृष्ट स्थितिबन्धके साथ अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धके सन्निकर्षका विधान नहीं किया। तथा मोहनीयका वन्ध नौवें गुणस्थान तक ही होता है इसलिए सूक्ष्मसाम्परायमें मोहनीयके विना छह कर्मका सन्निकर्ष कहा है।

१३०. असंज्ञी जीवोंमें सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका सन्निकर्ष ओघके समान है। आयुकर्मकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला सात कर्मोंका नियमसे बन्धक होता है। किन्तु उसे अनुत्कृष्ट बाँधता है जो उत्कृष्टकी अपेक्षा दो स्थानपतित बाँधता है। या तो असंख्यातवाँ भागहीन बाँधता है या संख्यातवाँ भागहीन बाँधता है।

विशेषार्थ—असंज्ञियोंमें एकेन्द्रियसे लेकर असंज्ञी पञ्चेन्द्रिय तक जीव लिये गए हैं। जो द्वीन्द्रियादिक जीव हैं वे आयुकर्मका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध करते समय शेष कर्मोंका अपने उत्कृष्ट स्थितिबन्धसे संख्यात भागहीन अनुत्कृष्ट स्थितिबन्ध करते हैं और जो एकेन्द्रिय जीव हैं वे आयुकर्मका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध करते समय अपने उत्कृष्ट स्थितिबन्धसे असंख्यात भागहीन अनुत्कृष्ट स्थितिबन्ध करते हैं। इसीसे असंज्ञी जीवोंमें उक्त प्रकारसे सन्निकर्ष कहा है।

इस प्रकार उत्कृष्ट वन्धसन्निकर्ष समाप्त हुआ।

१३१. अब जघन्य सन्निकर्षका प्रकरण है। उसकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। उनमेंसे ओघकी अपेक्षा ज्ञानावरणकी जघन्य स्थितिका बन्ध करने वाला पाँच कर्मोंका नियमसे बन्धक होता है। जो नियमसे जघन्य स्थितिका बन्धक होता है और दो प्रकृतियोंका अवन्धक होता है। मोहनीयकी जघन्य स्थितिका वन्ध करनेवाला

---

१. मूलप्रतौ अणु० बंधदि विट्ठाण-इति पाठः । २. मूलप्रतौ अबंधगो एवं पंचिंदि० जहण्णुक्क० मोह० इति पाठः ।

छण्णं क० णियमा बं० । णियमा अज० । जह० अज० संखेज्जगुणब्भहियं बंधदि । आयुगं ण बंधदि । आयु० जह० ट्ठिदि० बंधंतो सत्तण्णं कम्माणं णियमा बंधदि । णियमा अज० । जह० अज० असंखेज्जगुणब्भहियं बंधदि । एवं ओघभंगोमणुस० ३-पंचिंदिय-तस० २-पंचमण०–पंचवचि०–कायजोगि–ओरालियका०-इत्थिवे०–पुरिसवे०-णवुंस०-अवगदवे०-कोधादि० ४-आभि०-सुद०-ओधि०-मणपज्जव०–संजदा-चक्खुदं०-अचक्खुदं-ओधिदं०-सुक्कले०-भवसि०-सम्मादि०-खइगस०-उवसम०-सण्णि–आहारग त्ति । णवरि इत्थिवे० णाणाव० जह० छण्णं कम्माणं णियमा जहण्णा । आयुगं ण बंधदि । एवं छण्णं कम्माणं । एवं पुरिस०-णवुंस०-कोध-माण-मायाकसायाणं ।

१३२. आदेसेण णिरएसु णाणावरणीयं जह० ट्ठिदी बं० छण्णं क०

जीव छह कर्मोंका नियमसे वन्धक होता है किन्तु अजघन्य स्थितिका वन्धक होता है । जो अजघन्य स्थिति जघन्य स्थितिकी अपेक्षा संख्यातगुणी अधिक बाँधता है । यह आयुकर्मको नहीं बाँधता । आयुकर्मकी जघन्य स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव सात कर्मोंका नियमसे वन्धक होता है । किन्तु अजघन्य स्थितिका वन्धक होता है । जो जघन्यकी अपेक्षा अजघन्य स्थिति असंख्यातगुणी अधिक बाँधता है । इस प्रकार ओघके समान मनुष्यत्रिक, पञ्चेन्द्रियद्विक, त्रसद्विक, पांचों मनोयोगी, पाँचों वचनयोगी, काययोगी, औदारिक काययोगी, स्त्रीवेदी, पुरुषवेदी, नपुंसकवेदी, अपगतवेदी, क्रोधादि चार कषायवाले, आभिनिवोधिकज्ञानी, श्रुतज्ञानी, अवधिज्ञानी, मनःपर्ययज्ञानी, संयत, चक्षुदर्शनी, अचक्षुदर्शनी, अवधिदर्शनी शुक्ललेश्यावाले, भव्य, सम्यग्दृष्टि, क्षायिकसम्यग्दृष्टि, उपशमसम्यग्दृष्टि, संज्ञी और आहारक जीवोंके जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि स्त्रीवेदमें ज्ञानावरणकी जघन्य स्थितिका वन्ध करनेवाला छह कर्मोंकी नियमसे जघन्य स्थितिका वन्धक होता है । किन्तु यह आयुकर्मको नहीं बाँधता । इसी प्रकार छह कर्मोंकी अपेक्षा जानना चाहिए । तथा इसी प्रकार पुरुषवेद, नपुंसकवेद, क्रोधकषाय, मानकषाय और मायाकषायवाले जीवोंके जानना चाहिए ।

विशेषार्थ—क्षपक सूक्ष्मसाम्परायके अन्तिम समयमें ज्ञानावरणादि छह कर्मोंका जघन्य स्थितिवन्ध होता है और मोहनीयका जघन्य स्थितिवन्ध क्षपक अनिवृत्तिकरणमें होता है किन्तु तव शेष छह कर्मोंका अजघन्य स्थितिवन्ध होता है । तथा आयुकर्मका जघन्य स्थितिवन्ध मिथ्यात्व गुण स्थानमें होता है । इसी वीजपदको ध्यानमें रखकर यहां ओघसे सन्निकर्ष कहा है । यहां अन्य जितनी मार्गणाएँ गिनाई हैं उनमेंसे कुछ को छोड़कर शेष सब मार्गणाओंमें यथासम्भव यह ओघप्ररूणा वन जाती है । किन्तु जिन मार्गणाओंमें कुछ विशेषता है उसे जानकर उस मार्गणामें उतनी विशेषता कहनी चाहिए । उदाहरणार्थ उपशमसम्यग्दृष्टि मार्गणामें उपशम श्रेणिकी अपेक्षा ज्ञानावरण आदिका स्थितिसन्निकर्ष कहना चाहिए और इसमें आयुकर्मका वन्ध नहीं होता इस लिए इसकी अपेक्षासे सन्निकर्षका कथन नहीं करना चाहिए । स्त्रीवेद आदि मार्गणाओंमें जो विशेषता है वह अलगसे कही ही है ।

१३२. आदेशसे नारकियोंमें ज्ञानावरणकी जघन्य स्थितिका वन्ध करनेवाला जीव छह

णियमा० । तं तु जहण्णा[1] वा०२ समउत्तरमादिं कादूण पलिदोवमस्स असंखेज्जदि-भागब्भहियं बंधदि । आयु० अबंधगा । एवं छण्णं कम्माणं । आयु० जह० ट्ठिदि० बं० सत्तण्णं क०[2] णियमा० अज० संखेज्जगुणब्भहियं बंधदि । एवं सव्वणिरय-मणुसअपज्जत्त-सव्वदेव-वेउव्वियकायजोगि-आहारका०-आहारमि०-विभंग०-परिहार०-संजदासंजद०-तेउ०पम्म०-वेदग०-सासण त्ति ।

१३३. तिरिक्खेसु सत्तण्णं क० णिरयभंगो । आयु० जह० ट्ठिदि०बं० सत्तण्णं क० णियमा अज०[3] तिट्ठाणपदिदं—असंखेज्जभागब्भहियं वा [संखेज्जभागब्भहियं वा] संखेज्जगुणब्भहियं वा बंधदि । एवं पंचिंदियतिरिक्ख०४ । णवरि जह० ट्ठिदि० बं० सत्तण्णं क० णियमा० अज० विट्ठाणपदिदं—संखेज्जदिभागब्भहियं वा संखेज्ज-

---

कर्मोंका नियमसे वन्धक होता है। किन्तु उनकी जघन्य स्थितिका वन्धक होता है अथवा अजघन्य स्थितिका वन्धक होता है। यदि अजघन्य स्थितिका वन्धक होता है तो एक समयसे लेकर पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण अधिक स्थितिका वन्धक होता है। यह जीव आयुकर्मका अवन्धक होता है। इसी प्रकार छह कर्मोंकी अपेक्षा कथन करना चाहिए। आयुकर्मकी जघन्य स्थितिका वन्ध करनेवाला जीव सात कर्मोंकी नियमसे अजघन्य स्थिति-का वन्धक होता है। उसका वन्धक होता हुआ भी जघन्यकी अपेक्षा नियमसे संख्यातगुणी अधिक अजघन्य स्थितिका वन्धक होता है। इसी प्रकार सब नारकी, मनुष्य अपर्याप्त, सब देव, वैक्रियिककाययोगी, आहारककाययोगी, आहारकमिश्रकाययोगी, विभङ्गज्ञानी, परिहारविशुद्धिसंयत, संयतासंयत, पीतलेश्यावाले, पद्मलेश्यावाले, वेदकसम्यग्दृष्टि और सासादनसम्यग्दृष्टि जीवोंके जानना चाहिए।

विशेषार्थ—अन्य कर्मोंकी जघन्य स्थितिका वन्ध होते समय आयुकर्मकी जघन्य स्थितिका वन्ध नहीं होता और आयुकर्मकी जघन्य स्थितिका वन्ध होते समय अन्य कर्मोंकी जघन्य स्थितिका वन्ध नहीं होता यह सामान्य नियम है जो ओघ और आदेश दोनों प्रकारसे घटित होता है। इसलिए आयुकर्मके जघन्य स्थितिवन्धके साथ अन्य कर्मोंके जघन्य स्थितिवन्धका सन्निकर्ष घटित नहीं होता यह स्पष्ट ही है। साथ ही श्रेणिके सिवा अन्यत्र शेष सात कर्मोंमेंसे किसी एककी जघन्य स्थितिका वन्ध करनेवाला जीव अन्य कर्मकी अजघन्य स्थितिका ही बन्ध करता है यह भी नियम है। इसी सिद्धान्तको ध्यानमें रखकर यहाँ उक्त प्रकारसे सन्निकर्ष कहा है।

१३३. तिर्यञ्चोंमें सात कर्मोंकी जघन्य स्थितिका सन्निकर्ष नारकियोंके समान है। आयुकर्मकी जघन्य स्थितिका वन्ध करनेवाला जीव सात कर्मकी नियमसे तीन स्थानपतित अजघन्य स्थितिका वन्धक होता है। जो या तो असंख्याततवाँ भाग अधिक अजघन्य स्थितिका वन्धक होता है या संख्यातवाँभाग अधिक अजघन्य स्थितिका वन्धक होता है अथवा संख्यातगुणी अधिक अजघन्य स्थितिका वन्धक होता है। इसी प्रकार पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च चतुष्कके जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि आयुकर्मकी जघन्य स्थितिका बन्ध करने-वाला जीव सात कर्मकी नियमसे दो स्थानपतित अजघन्य स्थितिका वन्धक होता है। वह

---

१. जहण्णा वा ४ सम-इति पाठः । २. मूलप्रतौ क० णियमा० णियमा० अज० इति पाठः । ३. अज० विट्ठाणपदिदं इति पाठः ।

गुणब्भहियं वा । एवं पंचिंदिय-तसअपज्जत्ता० । तिरिक्खोघभंगो ओरालियमि०-मदि०-सुद०-असंजद०-किरण०-णील०-काउ०-अब्भवसि०-मिच्छा०-असण्णि त्ति । एवं चेव एइंदिय०-वेइंदिय०-तेइंदि०-चदुरिंदिय०-पंचका०-णियोदाणं च । णवरि एइंदिय-थावरकाएसु आयु० जह० ट्ठिदिबं० सेसं असं०भागब्भहियं बंधदि । विगलिंदि० संखेज्जदिभागब्भहियं बंधदि ।

१३४. वेउव्वियमि०-कम्मइ०-सम्मामि०-अणाहार० आयु० वज्ज णिरयभंगो । अवगदवे० सत्तण्णं क० सुहुमसंप० छण्णं कम्माणं ओघं । एवं जहण्णसण्णियासो समत्तो । एवं बंधसण्णियासो समत्तो ।

णाणाजीवेहि भंगविचयपरूवणा

१३५. णाणाजीवेहि भंगविचयं दुविधं—जहण्णयं उक्कस्सयं च । उक्कस्सए पगदं । तत्थ इमं अट्ठपदं—ये णाणावरणीयस्स उक्कस्सियाए ट्ठिदीए बंधगा जीवा ते अणुक्कस्सियाए अबंधगा । ये अणुक्कस्सियाए ट्ठिदीए बंधगा जीवा ते उक्कस्सि-

---

या तो संख्यातवाँ भाग अधिक अजघन्य स्थितिका बन्धक होता है अथवा संख्यातगुणी अधिक अजघन्य स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार पञ्चेन्द्रिय अपर्याप्त और त्रस अपर्याप्त जीवोंके जानना चाहिए। औदारिकमिश्रकाययोगी, मत्यज्ञानी, श्रुताज्ञानी, असंयत, कृष्णलेश्यावाले, नीललेश्यावाले, कापोत लेश्यावाले, अभव्य, मिथ्यादृष्टि और असंज्ञी जीवोंके सामान्य तिर्यञ्चोंके समान जानना चाहिए। तथा एकेन्द्रिय, द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय, पाँचों स्थावरकाय और निगोद जीवोंके इसी प्रकार जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि एकेन्द्रिय और स्थावरकायिक जीवोंमें आयुकर्मकी जघन्य स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव शेष कर्मोंकी असंख्यातवाँ भाग अधिक अजघन्य स्थितिका बन्धक होता है तथा विकलेन्द्रियोंमें संख्यातवाँ भाग अधिक अजघन्य स्थितिका बन्धक होता है।

विशेषार्थ—तिर्यञ्चोंमें एकेन्द्रिय, विकलेन्द्रिय और तिर्यञ्च पञ्चेन्द्रिय जीवोंका समावेश होता है। इसीसे यहाँ आयुकी जघन्य स्थितिके बन्धके समय शेष कर्मोंका जो बन्ध होता है वह जघन्यसे अजघन्य तीन स्थानपतित होता है ऐसा कहा है। एकेन्द्रियों और विकलत्रयके कथनका स्पष्टीकरण मूलमें किया ही है।

१३४. वैक्रियिकमिश्रकाययोगी, कार्मणकाययोगी, सम्यग्मिथ्यादृष्टि और अनाहारक जीवोंमें आयुकर्मके सिवा शेष सन्निकर्ष नारकियोंके समान है। अपगतवेदी जीवोंमें सात कर्मोंका तथा सूक्ष्मसाम्परायिक संयतोंमें छह कर्मोंका सन्निकर्ष ओघके समान है।

विशेषार्थ—यहाँ कही गई मार्गणाओंमें आयु कर्मका बन्ध नहीं होता, इसलिए यहाँ आयुकर्मको छोड़कर ऐसा कहा है। शेष कथन सुगम है। इस प्रकार जघन्य सन्निकर्ष समाप्त हुआ।

इस प्रकार बन्धसन्निकर्ष समाप्त हुआ।

नाना जीवोंकी अपेक्षा भङ्गविचयप्ररूपणा

१३५. नाना जीवोंकी अपेक्षा भङ्गविचय दो प्रकारका है—जघन्य और उत्कृष्ट। उत्कृष्टका प्रकरण है। उसमें यह अर्थपद है—जो ज्ञानावरणकी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीव होते हैं वे उसकी अनुत्कृष्ट स्थितिके अबन्धक होते हैं। जो ज्ञानावरणकी अनुत्कृष्ट

याए ट्ठिदीए अबंधगा। एवं पगदिं बंधंति तेसु पगदं, अबंधगेसु अव्ववहारो। एदेण अट्ठपदेण दुविधो णिद्देसो—ओघेण आदेसेण य। तत्थ ओघेण अट्ठण्णं कम्माणं उक्कस्सियाए ट्ठिदीए सिया सव्वे अबंधगा, सिया अबंधगा य बंधगो य, सिया अबंधगा य बंधगा य। एवं अणुक्कस्से वि। णवरि पडिलोमं भाणिदव्वं। एवमोघभंगो तिरिक्खोघं-कायजोगि-ओरालियकाय०-ओरालियमि०-कम्मइ०-णवुंसय०—कोधादि०४-मदि०-सुद०-असंजद०-अचक्खु०-किण्ण०-णीलले०-काउ०-भवसि०-अब्भवसि०-मिच्छादि०-असण्णि-आहार०-अणाहारग त्ति। णवरि कम्मइ०-अणाहार० सत्तण्णं कम्माणं भाणिदव्वं।

स्थितिके बन्धक जीव होते हैं वे उसकी उत्कृष्ट स्थितिके अबन्धक होते हैं'। इस प्रकार जो जीव प्रकृतिका बन्ध करते हैं उनका यहां प्रकरण है। अबन्धकोंका प्रकरण नहीं है। इस अर्थपदकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। उनमेंसे ओघकी अपेक्षा आठों कर्मोंकी उत्कृष्ट स्थितिके कदाचित् सब जीव अबन्धक हैं, कदाचित् बहुत जीव अबन्धक हैं और एक जीव बन्धक है तथा कदाचित् बहुत जीव अबन्धक हैं और बहुत जीव बन्धक हैं। इसी प्रकार अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धमें भी कथन करना चाहिए। इतनी विशेषता है कि वहां इससे प्रतिलोम रूपसे कथन करना चाहिए। इस प्रकार ओघके समान सामान्य तिर्यञ्च, काययोगी, औदारिक काययोगी, औदारिकमिश्रकाययोगी, कार्मणकाययोगी, नपुंसकवेदी, क्रोधादि चार कषायवाले, मत्यज्ञानी, श्रुताज्ञानी, असंयत, अचक्षुदर्शनी, कृष्णलेश्यावाले, नीललेश्यावाले, कापोतलेश्यावाले, भव्य, अभव्य, मिथ्यादृष्टि, असंज्ञी, आहारक और अनाहारक जीवोंके जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि कार्मणकाययोगी और अनाहारक जीवोंमें सात कर्मोंका भङ्गविचय कहना चाहिए।

विशेषार्थ—भङ्गविचय शब्दका अर्थ है भेदोंका वर्गीकरण करना। यहां उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंके अबन्धकोंके साथ किस प्रकार कितने भङ्ग होते हैं यह बतलाया गया है। आठों कर्मोंकी ओघ उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीव कदाचित् एक भी नहीं होता, कदाचित् एक होता है और कदाचित् नाना होते हैं। तथा इसकी अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीव कदाचित् सब होते हैं, कदाचित् एक कम सब होते हैं और कदाचित् नाना होते हैं। इसलिए अबन्धकोंको मिलाकर इनके भङ्ग लानेपर इस प्रकार होते हैं—कदाचित् ज्ञानावरणकी उत्कृष्ट स्थितिके सब अबन्धक होते हैं, कदाचित् बहुत जीव अबन्धक होते हैं और एक जीव बन्धक होता है तथा कदाचित् बहुत जीव अबन्धक होते हैं और बहुत जीव बन्धक होते हैं। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धकी अपेक्षा कदाचित् सब जीव बन्धक होते हैं। कदाचित् बहुत जीव बन्धक होते हैं और एक जीव अबन्धक होता है तथा कदाचित् बहुत जीव बन्धक होते हैं और बहुत जीव अबन्धक होते हैं। यहां अन्य जितनी मार्गणाएँ गिनाईं हैं उनमें यह ओघ प्ररूपणा अविकल घटित हो जाती है इसलिए उनके कथनको ओघके समान कहा है। इतनी विशेषता है कि इन मार्गणाओंमें उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्ध जहां जो सम्भव हो वह लेना चाहिए। मात्र कार्मणकाययोग और अनाहारक इन दो मार्गणाओंमें आयुकर्मका बन्ध नहीं होता, इसलिए इनमें सात कर्मोंकी अपेक्षा भङ्गविचय कहना चाहिए।

१३६. आदेसेण णेरइएसु सत्तण्णं कम्माणं ओघं। आयु० उक्क० अणु० अट्ठभंगो। उक्कस्सं अबंधपुव्वं, अणुक्कस्सं बंधपुव्वं। एवं सव्वणिरय-सव्वपंचिंदियतिरिक्ख०-सव्वमणुस्स०-सव्वदेवा०-बेइंदि०-तेइंदि०-चदुरिंदि० तेसिं पज्जत्तापज्जत्ता० पंचिंदिय-तस० तेसिं पज्जत्तापज्जत्ता०-बादरपुढविकाइय-आउ०-तेउ०-वाउ०-बादरवणप्फदिपत्तेयसरीर-पज्जत्ता० पंचमण०-पंचवचि०-वेउव्वियका०-इत्थि०-पुरिस०-विभंग०-आभि०-सुद०-ओधि०-मणपज्जव-संजद-सामाइ०-छेदो०-परिहार०-संजदासंजद-चक्खुदं०-ओधिदं०-तेउले०-पम्मले० सुक्कले०-सम्मादि०-खइग०-वेदग०-सण्णि त्ति। णवरि मणुसअपज्जत्त० अट्ठण्णं कम्माणं विवरीदा अट्ठ भंगा कादव्वा। एवं आहार०-आहारमि०-सासण त्ति। एवं चेव वेउव्वियमिस्स०-अवगद०-सुहुमसं० उवसम०-सम्मामि० अप्पप्पपगदी०।

१३७. एइंदिए० सत्तण्णं क० उक्क० अणुक्क० अत्थि बंधगा य अबंधगा य। आयु० ओघं। एवं बादर-सुहुमपज्जत्तापज्जत्त० बादर-पुढविकाइय-आउ०-तेउ०-वाउ०-बादरवणप्फदिपत्तेय०अपज्जत्त० सव्वसुहुमपुढवि०-आउ०-तेउ०-वाउ०-सव्व-

१३६. आदेशसे नारकियोंमें सात कर्मोंका भङ्गविचय ओघके समान है। आयुकर्मके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्टके आठ भङ्ग होते हैं। उत्कृष्ट स्थितिबन्धके भङ्ग अबन्धपूर्वक कहने चाहिए और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धके भङ्ग बन्धपूर्वक कहने चाहिए। इसी प्रकार सब नारकी सब पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च, सब मनुष्य, सब देव, द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय तथा इन तीनोंके पर्याप्त और अपर्याप्त, पञ्चेन्द्रिय और इनके पर्याप्त अपर्याप्त, त्रस और इनके पर्याप्त अपर्याप्त, बादर पृथिवीकायिक पर्याप्त, बादर जलकायिक पर्याप्त बादर अग्निकायिक पर्याप्त, बादर वायुकायिक पर्याप्त, बादर वनस्पतिकायिक प्रत्येकशरीर पर्याप्त, पाँचों मनोयोगी, पाँचों वचनयोगी, वैक्रियिक काययोगी, स्त्रीवेदी, पुरुषवेदी, विभङ्गज्ञानी, आभिनिबोधिकज्ञानी, श्रुतज्ञानी, अवधिज्ञानी, मनःपर्ययज्ञानी, संयत, सामायिकसंयत, छेदोपस्थापनासंयत, परिहारविशुद्धिसंयत, संयतासंयत, चक्षुदर्शनी, अवधिदर्शनी, पीत लेश्यावाले, पद्मलेश्यावाले, शुक्ललेश्यावाले, सम्यग्दृष्टि, क्षायिकसम्यग्दृष्टि वेदकसम्यग्दृष्टि और संज्ञी जीवोंके जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि मनुष्य अपर्याप्तकोंमें आठ कर्मोंके विपरीत क्रमसे आठ भङ्ग करने चाहिए। मनुष्य अपर्याप्तकोंके समान आहारक काययोगी, आहारकमिश्रकाययोगी और सासादनसम्यग्दृष्टि जीवोंके आठ भङ्ग कहने चाहिए। तथा इसी प्रकार वैक्रियिकमिश्रकाययोगी, अपगतवेदी, सूक्ष्मसाम्परायसंयत, उपशमसम्यग्दृष्टि और सम्यग्मिथ्यादृष्टि जीवोंके अपने अपने कर्मोंके अनुसार भङ्ग कहने चाहिए।

१३७. एकेन्द्रियोंमें सात कर्मोंकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिके अनेक जीव बन्धक हैं और अनेक जीव अबन्धक हैं। आयुकर्मका भङ्गविचय ओघके समान है। इसी प्रकार बादर एकेन्द्रिय, सूक्ष्म एकेन्द्रिय तथा इन दोनोंके पर्याप्त और अपर्याप्त, बादर पृथिवीकायिक अपर्याप्त, बादर जलकायिक अपर्याप्त, बादर अग्निकायिक अपर्याप्त, बादर वायुकायिक अपर्याप्त, बादर वनस्पति प्रत्येक शरीर अपर्याप्त, सब सूक्ष्म पृथिवीकायिक, सब सूक्ष्म जलकायिक, सब सूक्ष्म अग्निकायिक, सब सूक्ष्म वायुकायिक, सब वनस्पतिकायिक, और सब निगोद

वणप्फदि-णिगोदाणं च। पुढवि०-आउ०-तेउ०-वाउ० तेसिं बादर० बादरवणप्फदि-पत्तेय० अट्ठएणं कम्माणं मूलोघं। एवं उक्कस्सं समत्तं।

१३८. जहएणगे पगदं। तं चेव अट्ठपदं कादव्वं। तस्स दुविधो णिद्देसो—ओघेण आदेसेण य। तत्थ ओघेण सत्तएणं कम्माणं उक्कस्सभंगो। आयु० जह० अजह० अत्थि बंधगा य अबंधगा य। एवं ओघभंगो पुढवि०-आउ०-तेउ०वाउ० तेसिं चेव बादर० वणप्फदिपत्तेय०-कायजोगि-ओरलियका०-णवुंस-कोधादि०४-अचक्खु०-भवसि०-आहारग त्ति।

जीवोंके जानना चाहिए। पृथिवीकायिक, जलकायिक, अग्निकायिक, वायुकायिक और इन चारोंके बादर तथा बादर वनस्पति प्रत्येक शरीर जीवोंके आठों कर्मोंका भङ्गविचय मूलोघके समान है।

विशेषार्थ—ओघप्ररूपणामें उत्कृष्ट स्थितिबन्धकी अपेक्षा कदाचित् सब जीव अबन्धक होते हैं, कदाचित् नाना जीव अबन्धक होते हैं और एक जीव बन्धक होता है तथा कदाचित् नाना जीव अबन्धक होते हैं और नाना जीव बन्धक होते हैं। तथा अनुत्कृष्ट स्थिति-बन्धकी अपेक्षा कदाचित् सब जीव बन्धक होते हैं, कदाचित् नाना जीव बन्धक होते हैं और एक जीव अबन्धक होता है और कदाचित् नाना जीव बन्धक होते हैं और नाना जीव अबन्धक होते हैं यह बतला आये हैं। प्रकृतमें आयुकर्मकी अपेक्षा इसी प्रकार घटित कर लेना चाहिए, यह उक्त कथनका तात्पर्य है।

इस प्रकार उत्कृष्ट भङ्गविचय समाप्त हुआ।

१३८. अब जघन्य भङ्गविचयका प्रकरण है। यहाँ अर्थपद पूर्वोक्त ही जानना चाहिए। इसकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। उनमेंसे ओघकी अपेक्षा सात कर्मोंका भङ्गविचय उत्कृष्टके समान है। आयुकर्मकी जघन्य और अजघन्य स्थितिके अनेक जीव बन्धक हैं और अनेक जीव अबन्धक हैं। इस प्रकार ओघके समान पृथिवी-कायिक, जलकायिक, अग्निकायिक, वायुकायिक और इन चारोंके बादर, वनस्पतिकायिक, प्रत्येकशरीर, काययोगी, औदारिककाययोगी, नपुंसकवेदी, क्रोधादि चार कषायवाले, अचक्षु-दर्शनी, भव्य और आहारक जीवोंके जानना चाहिए।

विशेषार्थ—यहां ओघसे सात कर्मोंका भङ्गविचय उत्कृष्टके समान है। सो इस कथन का यह अभिप्राय है कि जिस प्रकार ओघसे सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका भङ्गविचय कह आये हैं उस प्रकार यहां जघन्य स्थितिबन्धका कहना चाहिए और जिस प्रकार ओघसे सात कर्मोंके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका भङ्गविचय कह आये हैं उस प्रकार यहां अजघन्य स्थितिबन्धका कहना चाहिए। इसके अनुसार निम्न भङ्ग उपलब्ध होते हैं—कदाचित् सब जीव जघन्य स्थितिके अबन्धक होते हैं, कदाचित् बहुत जीव अबन्धक होते हैं और एक जीव बन्धक होता है, कदाचित् बहुत जीव अबन्धक होते हैं और बहुत जीव बन्धक होते हैं। अजघन्यकी अपेक्षा—कदाचित् सब जीव अजघन्य स्थितिके बन्धक होते हैं, कदाचित् बहुत जीव बन्धक होते हैं, और एक जीव अबन्धक होता है तथा कदाचित् बहुत जीव बन्धक होते हैं और बहुत जीव अबन्धक होते हैं। आयुकर्मका विचार स्पष्ट है, क्योंकि उसकी जघन्य और अजघन्य स्थितिके बन्धक और अबन्धक जीव सतत उपलब्ध होते हैं। यहां अन्य जितनी मार्गणाएं गिनाई हैं उनमें यह ओघप्ररूपणा अविकल घटित हो जाती है इसलिए उनका कथन ओघके समान कहा है।

१३९. आदेसेण णेरइएसु अट्ठण्णं वि कम्माणं उक्कस्सभंगो। एवं सव्वणिरय-सव्वपंचिंदियतिरिक्ख-सव्वमणुस-सव्वदेव-सव्वविगलिंदिय-सव्वपंचिंदिय-तस-बादरपुढवि०-आउ०-तेउ०-वाउ०-बादरवणप्फदिपत्तेयपज्जत्ताणं पंचमण०-पंचवचि०-वेउव्वियका०-वेउव्वियमि०-आहार०-आहारमि०-इत्थि०-पुरिस०-अवगदवे०-विभंग०-आभि०-सुद०-ओधि०-मणपज्ज०-संज०-सामाइ०-छेदो०-परिहार-सुहुमसंप०-संजदासंजद०-चक्खुदं०-ओधिदंस०-तेउले०-पम्मले०-सुक्कले०-सम्मादिट्ठि-खइग०-वेदग०-उवसम०-सासण०-सम्मामि०-सण्णि त्ति।

१४०. तिरिक्खेसु अट्ठण्णं क० जह० अजह० अत्थि बंधगा य अबंधगा य। एवं सव्वएइंदिय-बादरपुढवि०-आउ०-तेउ०-वाउ०-बादरवणप्फदिपत्तेय० अपज्जत्ता तेसिं सुहुमपज्जत्तापज्जत्त० सव्ववणप्फदि-णिगोद-ओरालियमि०-कम्मइ०-मदि०-सुद०-असंज०-किण्णले-णील०-काउ०-अब्भवसि०-मिच्छादि-असण्णि-अणाहारग त्ति। एवं णाणाजीवेहि भंगविचयं समत्तं।

---

१३९. आदेशसे नारकियोंमें आठों ही कर्मोंका भङ्ग उत्कृष्टके समान है। इसी प्रकार सब नारकी, सब पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च, सब मनुष्य, सब देव, सब विकलेन्द्रिय, सब पञ्चेन्द्रिय, सब त्रस, बादर पृथिवीकायिक पर्याप्त, बादर जलकायिक पर्याप्त, बादर अग्निकायिक पर्याप्त, बादर वायुकायिक पर्याप्त, बादर वनस्पतिकायिक प्रत्येकशरीर पर्याप्त, पाँचों मनोयोगी, पाँचों वचनयोगी, वैक्रियिककाययोगी, वैक्रियिकमिश्रकाययोगी, आहारककाययोगी, आहारकमिश्रकाययोगी, स्त्रीवेदी, पुरुषवेदी, अपगतवेदी, विभङ्गज्ञानी, आभिनिबोधिकज्ञानी, श्रुतज्ञानी, अवधिज्ञानी, मनःपर्ययज्ञानी, संयत, सामायिकसंयत, छेदोपस्थापनासंयत, परिहारविशुद्धिसंयत, सूक्ष्मसाम्परायसंयत, संयतासंयत, चक्षुदर्शनी, अवधिदर्शनी, पीतलेश्यावाले, पद्मलेश्यावाले, शुक्ललेश्यावाले, सम्यग्दृष्टि, क्षायिकसम्यग्दृष्टि, वेदकसम्यग्दृष्टि, उपशमसम्यग्दृष्टि, सासादनसम्यग्दृष्टि, सम्यग्मिथ्यादृष्टि और संज्ञी जीवोंके जानना चाहिए।

१४०. तिर्यञ्चोंमें आठों कर्मोंकी जघन्य और अजघन्य स्थितिके अनेक जीव बन्धक हैं और अनेक जीव अबन्धक हैं। इसी प्रकार सब एकेन्द्रिय, बादरपृथिवीकायिक अपर्याप्त, बादर जलकायिक अपर्याप्त, बादर अग्निकायिक अपर्याप्त, बादर वायुकायिक अपर्याप्त, बादर वनस्पतिकायिक प्रत्येक शरीर अपर्याप्त, इनके सूक्ष्म तथा इनके पर्याप्त और अपर्याप्त, सब वनस्पतिकायिक, सब निगोद, औदारिकमिश्रकाययोगी, कार्मणकाययोगी, मत्यज्ञानी, श्रुताज्ञानी, असंयत, कृष्णलेश्यावाले, नीललेश्यावाले, कापोतलेश्यावाले, अभव्य, मिथ्यादृष्टि, असंज्ञी और अनाहारक जीवोंके जानना चाहिए।

विशेषार्थ—आशय यह है कि इन मार्गणाओंमें सर्वदा जघन्य स्थितिके बन्धक नाना जीव हैं और अजघन्य स्थितिके बन्धक नाना जीव हैं। इसलिए यहां अन्य भङ्ग सम्भव नहीं हैं।

इस प्रकार नानाजीवोंकी अपेक्षा भङ्गविचय समाप्त हुआ।

भागाभागप्परूवणा

१४१. भागाभागं दुविधं—जहण्णयं उक्कस्सयं च । उक्कस्सए पगदं । दुविधो णिद्देसो—ओघेण आदेसेण य । तत्थ ओघेण अट्ठण्णं त्रि कम्माणं उक्कस्सट्ठिदिबंधगा सव्वजीवाणं केवडियो भागो ? अणंतभागो । अणुक्कस्सट्ठिदिबंधगा जीवा सव्वजीवाणं केवडिओ भागो ?[1] अणंता भागा । एवं ओघभंगो तिरिक्खोघं कायजोगि०-ओरालियका०-ओरालियमि०-कम्मइ०-णवुंस०-कोधादि०४-मदि०-सुद०-असंज०-अचक्खुदं०-किण्ण०-णील०-काउले०-भवसि-अ०भवसि०-मिच्छादि०-असण्णि-आहार०-अणाहारग त्ति ।

१४२. आदेसेण णेरइएसु अट्ठण्णं कम्माणं उक्क० बंध० केव० ? असंखेज्जदिभागो । अणुक्क० बंध० केव० ? असंखेज्जा भागा । एवं सव्वणेरइय-सव्वपंचिंदियतिरिक्ख-मणुस-मणुसअपज्जत्त-देव-भवणादि याव सहस्सार त्ति आणद याव अणुत्तरा त्ति सत्तण्णं कम्माणं सव्वविगलिंदिय-पंचिंदिय-तसपज्जत्तापज्जत्त-सव्व-

---

भागाभागप्ररूपणा

१४१. भागाभाग दो प्रकारका है—जघन्य और उत्कृष्ट । उत्कृष्टका प्रकरण है । उसकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश । उनमेंसे ओघकी अपेक्षा आठों ही कर्मोंकी उत्कृष्ट स्थितिको बाँधनेवाले जीव कितने भाग प्रमाण हैं ? अनन्तवें भाग प्रमाण हैं । अनुत्कृष्ट स्थितिको बाँधनेवाले जीव सब जीवोंके कितने भाग प्रमाण हैं ? अनन्त बहुभाग प्रमाण हैं । इस प्रकार ओघके समान सामान्य तिर्यञ्च, काययोगी, औदारिक काययोगी, औदारिकमिश्रकाययोगी, कार्मण काययोगी, नपुंसकवेदी, क्रोधादि चार कषायवाले, मत्यज्ञानी, श्रुताज्ञानी, असंयत, अचक्षुदर्शनी, कृष्णलेश्यावाले, नीललेश्यावाले, कापोतलेश्यावाले, भव्य, अभव्य, मिथ्यादृष्टि, असंज्ञी, आहारक और अनाहारक जीवोंका भागाभाग जानना चाहिए ।

विशेषार्थ—उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले कुल जीव असंख्यात होते हैं । और अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले अनन्त होते हैं । इस संख्याको ध्यानमें रख कर ही यहाँ पर उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीव सब जीवोंके अनन्तवें भाग प्रमाण कहे गये हैं और अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीव सब जीवोंके अनन्त बहु भाग प्रमाण कहे गये हैं । यहाँ पर गिनाई गई अन्य मार्गणाओंमें यह भागाभाग घटित हो जाता है इसलिए उनकी प्ररूपणा ओघके समान कही है ।

१४२. आदेशसे नारकियोंमें आठों कर्मोंकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीव सब नारकियोंके कितने भाग प्रमाण हैं ? असंख्यातवें भाग प्रमाण हैं । अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले नारकी जीव कितने भाग प्रमाण हैं ? असंख्यात बहुभाग प्रमाण हैं । इसी प्रकार सब नारकी, सब पञ्चेन्द्रियतिर्यञ्च, मनुष्य, मनुष्य अपर्याप्त, सामान्यदेव, भवनवासियोंसे लेकर सहस्रार कल्पतकके देव आयुकर्मके बिना सात कर्मोंके बन्धकी अपेक्षा आनतकल्पसे लेकर अनुत्तर विमानवासी देव, सब विकलेन्द्रिय, पञ्चेन्द्रिय, पञ्चेन्द्रिय पर्याप्त और अपर्याप्त, त्रस, त्रसपर्याप्त और अपर्याप्त, सब पृथ्वीकायिक, सब जलकायिक सब

---

१. मूलप्रतौ अणंतभागो इति पाठः ।

पुढवि०—आउ०—तेउ०—वाउ०-बादरवण्फदिपत्तेय०—पंचमण—पंचवचि०—वेउव्विय०—वेउव्वियमि०—इत्थि०—पुरिस०—विभंग०—आभि०—सुद०—ओधि०—संजदासंजद०—चक्खुदं०—ओधिदं०—तेउ०—पम्मले०-सुक्कले०-सम्मादि०-खइग०-वेदग०-उवस-मस०-सासण०—सम्मामिच्छादि०—सण्णि त्ति।

१४३. मणुसपज्जत्त-मणुसिणीसु अट्ठण्णं कम्माणं उक्क० ट्ठिदि० केवडि० ? संखेज्जदिभागो। अणुक्क० बंध० केव० ? संखेज्जा भागा। एवं सव्वट्ठ—आहार०-आहारमि०-अवगदवे०—मणपज्जव०—संजदा—सामाइ०—छेदो०—परिहार०—सुहुमसं०।

अग्निकायिक, सब वायुकायिक, बादर वनस्पति प्रत्येक शरीर, पाँचों मनोयोगी, पाँचों वचनयोगी, वैक्रियिककाययोगी, वैक्रियिकमिश्रकाययोगी, स्त्रीवेदी, पुरुषवेदी, विभंगज्ञानी, आभिनिबोधिकज्ञानी, श्रुतज्ञानी, अवधिज्ञानी, संयतासंयत, चक्षुदर्शनी, अवधिदर्शनी, पीतलेश्यावाले, पद्मलेश्यावाले, शुक्ललेश्यावाले, सम्यग्दृष्टि, क्षायिकसम्यग्दृष्टि, वेदकसम्यग्दृष्टि, उपशमसम्यग्दृष्टि, सासादनसम्यग्दृष्टि, सम्यग्मिथ्यादृष्टि और संज्ञी जीवोंका भागाभाग जानना चाहिए।

विशेषार्थ—सामान्यसे आठों कर्मोंकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले नारकी जीव तथा अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले नारकी जीव संख्यात हैं फिर भी उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले नारकी जीव असंख्यात गुणे हैं। यही कारण है कि यहाँ आठों कर्मोंकी उत्कृष्टस्थितिका बन्ध करनेवाले नारकी जीव सब नारकी जीवोंके असंख्यातवें भाग कहे हैं और अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले नारकी जीव सब नारकी जीवोंके असंख्यात बहुभाग प्रमाण कहे हैं। यहाँ गिनाई गई अन्य सब मार्गणाओंमें यह प्ररूपणा अविकल घटित हो जाती है इसी लिए उनके भागाभागका कथन सामान्य नारकियोंके समान कहा है। मात्र आयुकर्मकी अपेक्षा आनतकल्पसे लेकर अपराजित तकके देव, शुक्ललेश्यावाले और क्षायिक सम्यग्दृष्टि इन मार्गणाओंमें भागाभागके प्रमाणमें कुछ विशेषता है जिसका निर्देश आगे करनेवाले हैं। यहाँ मूलमें 'अनुत्तरा' ऐसा पाठ है, इससे पाँच अनुत्तर विमानोंका ग्रहण होना चाहिए, किन्तु सर्वार्थसिद्धिका भागाभाग स्वतन्त्र रूपसे कहा है इसलिए इस पद द्वारा चार अनुत्तर विमान ही लिए गए हैं। दूसरे सर्वार्थसिद्धिके अहमिन्द्रोंकी संख्या संख्यातप्रमाण ही है और यहाँ पर असंख्यात संख्यावाली मार्गणाओंका भागाभाग कहा गया है, इसलिए भी अनुत्तर पदसे यहाँ पर सर्वार्थसिद्धिका ग्रहण नहीं होता है। इस प्रकरणमें उपशमसम्यग्दृष्टि और सम्यग्मिथ्यादृष्टि ये दो ऐसी मार्गणाएँ भी गिनाई हैं जिनमें आयुकर्मका बन्ध नहीं होता, इसलिए उनमें सात कर्मोंकी अपेक्षा यह भागाभाग जानना चाहिए।

१४३. मनुष्यपर्याप्त और मनुष्यनियोंमें आठों कर्मोंकी उत्कृष्टस्थितिका बन्ध करनेवाले जीव कितने भाग प्रमाण हैं ? संख्यातवें भाग प्रमाण हैं। अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीव कितने भाग प्रमाण हैं ? संख्यात बहुभाग प्रमाण हैं। इसी प्रकार सर्वार्थसिद्धिके देव आहारककाययोगी, आहारकमिश्रकाययोगी, अपगतवेदी, मनःपर्ययज्ञानी, संयत, सामायिकसंयत, छेदोपस्थापनासंयत, परिहारविशुद्धिसंयत और सूक्ष्मसाम्परायसंयत जीवोंके जानना चाहिए।

विशेषार्थ—ये सब मार्गणाएं संख्यात संख्यावाली हैं, इसीलिए उक्त प्रमाण भागाभाग

१४४. आणद याव अपराजिदा त्ति सुक्कले०-खइग० आयु० सव्वट्ठभंगो ।

१४५. एइंदिएसु सत्तण्णं कम्माणं णिरयभंगो । आयु० ओघं । एवं वणप्फदि-णियोदेसु । एवं उक्कस्सं सम्मत्तं ।

१४६. जहण्णगे पगदं । दुविधो णिद्देसो—ओघेण आदेसेण य । तत्थ ओघेण सत्तण्णं कम्माणं जह० अजह० उक्कस्सभंगो । आयु० जह० ट्ठिदिबंध० केवडियो भागो ? असंखेज्जदिभागो । अजह० ट्ठिदि० केवडि० ? असंखेज्जा भागा । एवं ओघभंगो कायजोगि-ओरालियका०-णवुंस०-कोधादि०४-अचक्खुदं०-भवसि०-आहारग त्ति ।

बन जाता है । मात्र इनमेंसे अपगतवेदी और सूक्ष्मसाम्परायसंयत इन दो मार्गणाओंमें आयुकर्मका बन्ध नहीं होता, इसलिए इनमें सात कर्मोंकी अपेक्षा भागाभाग जानना चाहिए।

१४४. आनतकल्पसे लेकर अपराजित विमान तकके देव शुक्ल लेश्यावाले और क्षायिक सम्यग्दृष्टि जीवोंमें आयकर्मका भागाभाग सर्वार्थसिद्धिके देवोंके समान है ।

विशेषार्थ—ये सब मार्गणाऐं यद्यपि असंख्यात संख्यावाली हैं तथापि इनमें आयुकर्मकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीव संख्यात ही होते हैं, इसलिए इनमें आयुकर्मकी अपेक्षा सर्वार्थसिद्धिके समान भागाभाग हो जाता है ।

१४५. एकेन्द्रियोंमें सात कर्मोंका भागाभाग नारकियोंके समान है । आयुकर्मका भागाभाग ओघके समान है । इसी प्रकार वनस्पतिकायिक और निगोद जीवोंमें जानना चाहिए ।

विशेषार्थ—यद्यपि ये मार्गणाएं अनन्त संख्यावाली हैं तथापि इनमें सात कर्मोंकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीव अपनी अपनी जीवराशिके असंख्यातवें भाग प्रमाण हैं और अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीव असंख्यात बहुभाग प्रमाण हैं इसलिए इनका भागाभाग नारकियोंके समान कहा है । मात्र इनमें आयुकर्मकी अपेक्षा भागाभाग का विचार ओघके समान करना चाहिए, क्योंकि इन मार्गणाओंमें आयुकर्मकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीव अनन्तवें भागप्रमाण ही होते हैं और शेष अनन्त बहुभाग प्रमाण जीव अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले होते हैं ।

इस प्रकार उत्कृष्ट भागाभाग समाप्त हुआ ।

१४६. अब जघन्य भागाभागका प्रकरण है । उसकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश । उनमेंसे ओघकी अपेक्षा सात कर्मोंकी जघन्य और अजघन्य स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका भागाभाग उत्कृष्टके समान है । आयुकर्मकी जघन्य स्थितिका बन्ध करनेवाले जीव सब जीवोंके कितने भागप्रमाण हैं ? असंख्यातवें भागप्रमाण हैं । अजघन्य स्थितिका बन्ध करनेवाले जीव कितने भाग प्रमाण हैं ? असंख्यात बहुभागप्रमाण हैं । इसी प्रकार ओघके समान काययोगी, औदारिककाययोगी, नपुंसकवेदी, क्रोधादि चार कषायवाले, अचक्षुदर्शनी, भव्य और आहारक जीवोंके जानना चाहिए ।

विशेषार्थ—पहिले उत्कृष्ट भागाभागका विचार कर आए हैं उसी प्रकार यहाँ भी विचार कर लेना चाहिए । मात्र आयुकर्मकी अपेक्षा इस भागाभागमें कुछ अन्तर है । यहाँ आयुकर्मकी जघन्य स्थितिका बन्ध करनेवाले जीव सब जीव राशिके असंख्यातवें भागप्रमाण होते हैं इसीलिए आयुकर्मकी जघन्य स्थितिको बाँधनेवाले जीव सब जीवराशिके

१४७. मणुसपज्जत्त-मणुसिणीसु आणद याव सव्वट्ठ त्ति आहार०-आहारमि०-अवगदवे०-मणपज्जव०-संजद०-सामाइ०-छेदो०-परिहार०-सुहुमसंप०-सुक्कले०-खइग० जह० अजह० उक्कस्सभंगो। सेसाणं सव्वेसिं सव्वपगदीणं जह० ट्ठिदि० केव०? असं०भागो। अज० ट्ठिदि० केव०? असंखेज्जा भागा। एवं भागाभागा समत्तं।

परिमाणपरूवणा

१४८. परिमाणं दुविधं, जहण्णयं उक्कस्सयं च। उक्कस्सगे पगदं। दुविधं—ओघेण आदेसेण य। तत्थ ओघेण अट्ठण्णं कम्माणं उक्क० ट्ठिदिबंध० केवडिया? असंखेज्जा। अणुक्क० ट्ठिदि० केव०? अणंता। एवं ओघभंगो तिरिक्खोघं कायजोगि-ओरालियका०-ओरालियमि०-कम्मइ०-णवुंस०-कोधादि०४-मदि०-सुद०-असंज०-अचक्खु०-किण्ण०-णील०-काउले०-भवसि०-अब्भवसि०-मिच्छादि०-असण्णि०-आहार०-अणाहारग त्ति।

असंख्यातवें भागप्रमाण कहे हैं और अजघन्य स्थितिका बन्ध करनेवाले जीव असंख्यात बहुभाग प्रमाण कहे हैं।

१४७. मनुष्य पर्याप्त, मनुष्यिनी, आनत कल्पसे लेकर सर्वार्थसिद्धि तकके देव, आहारक काययोगी, आहारक मिश्रकाययोगी, अपगतवेदी, मनःपर्ययज्ञानी, संयत, सामायिकसंयत, छेदोपस्थापनासंयत, परिहारविशुद्धिसंयत, सूक्ष्मसाम्परायसंयत, शुक्ललेश्यावाले और क्षायिक सम्यग्दृष्टि जीवोंमें जघन्य और अजघन्य स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका भागाभाग उत्कृष्टके समान है। शेष सब मार्गणाओंमें जघन्य स्थितिका बन्ध करनेवाले जीव कितने भाग प्रमाण हैं? असंख्यातवें भाग प्रमाण हैं। अजघन्य स्थितिका बन्ध करनेवाले जीव कितने भाग प्रमाण हैं? असंख्यात बहुभाग प्रमाण हैं।

विशेषार्थ—यहां जितनी मार्गणाएँ कहीं है उनमेंसे किन्हींकी संख्या संख्यात है, किन्हींकी असंख्यात है और किन्हींकी अनन्त है। जिन मार्गणाओंका भागाभाग उत्कृष्टके समान कहा है उनमें बहुतोंकी संख्या संख्यात है और कुछकी असंख्यात इत्यादि सब बातोंको ध्यानमें रखकर भागाभागका विचार कर लेना चाहिए।

इस प्रकार भागाभाग समाप्त हुआ।

परिमाणप्ररूपणा

१४८. परिमाण दो प्रकारका है—जघन्य और उत्कृष्ट। उत्कृष्टका प्रकरण है। उसकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। उनमेंसे ओघकी अपेक्षा आठों कर्मोंकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीव कितने हैं? असंख्यात हैं। अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीव कितने हैं? अनन्त हैं। इसी प्रकार ओघके समान सामान्य तिर्यञ्च, काययोगी, औदारिक काययोगी, औदारिक मिश्र काययोगी, कार्मण काययोगी, नपुंसक वेदी, क्रोधादि चार कषायवाले, मत्यज्ञानी, श्रुताज्ञानी, असंयत, अचक्षुदर्शनी, कृष्णलेश्यावाले, नील लेश्यावाले, कापोत लेश्यावाले, भव्य, अभव्य, मिथ्यादृष्टि, असंज्ञी, आहारक और अनाहारक जीवोंके जानना चाहिए।

विशेषार्थ—उत्कृष्ट स्थितिबन्धके स्वामीको देखते हुए स्पष्ट ज्ञात होता है कि ओघसे और इन मार्गणाओंमें उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीव असंख्यातसे अधिक नहीं हो

१४६. आदेसेण णेरइएसु अट्ठएणं कम्माणं उक्क० अणु० ट्ठिदिबंध० केव० ? असंखेज्जा । एवं सव्वणिरय-सव्वपंचिंदियतिरिक्ख-मणुसअपज्जत्त० देवा भवणादि याव सहस्सार त्ति सव्वविगलिंदिय-सव्वपंचिंदिय-तस-सव्वपुढवि०-आउ०-तेउ०-वाउ०-बादरवणप्फदिपत्तेय०-पंचमण०-पंचवचि०-वेउव्वियका०-वेउव्वियमि०-इत्थि०-पुरिस०-विभंग०-चक्खुदं०-[तेउले०-]पम्मले०-सण्णि त्ति । णवरि तेउ-पम्म० उक्क० संखेज्जा ।

१५०. मणुस्सेसु अट्ठएणं कम्माणं उक्क० ट्ठिदि० बंध० केव० ? संखेज्जा । अणुक्क० ट्ठिदि० बंध० केव० ? असंखेज्जा । मणुसपज्जत्त-मणुसिणीसु सव्वट्ठ०-आहार०-आहारमि०-अवगदवे०-मणपज्ज०-संजद-सामाइ०-छेदो०-परिहार०-सुहुमसं० सत्तएणं क० उक्क० अणुक्क० ट्ठिदिबंध० केव० ? संखेज्जा ।

१५१. सव्वएइंदि० सत्तएणं क० उक्क० अणुक्क० ट्ठिदिबंध० केव० ?

सकते । उदाहरणार्थ—ज्ञानावरणकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध संज्ञी पञ्चेन्द्रिय पर्याप्त संक्लेश परिणामवाला मिथ्यादृष्टि जीव करता है । गणनाकी अपेक्षा ये असंख्यात ही होते हैं । यही कारण है कि यहांपर आठों कर्मोंकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीव असंख्यात बतलाए हैं और अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीव अनन्त कहे हैं ।

१४६. आदेशसे नारकियोंमें आठों कर्मोंकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीव कितने हैं ? असंख्यात हैं । इसी प्रकार सब नारकी, सब पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च, मनुष्य अपर्याप्त, देव, भवनवासियोंसे लेकर सहस्रार कल्प तकके देव, सब विकलेन्द्रिय, सब पञ्चेन्द्रिय, सब त्रस, सब पृथ्वीकायिक, सब जलकायिक, सब अग्निकायिक, सब वायुकायिक, सब बादर वनस्पति प्रत्येक शरीर, पांचों मनोयोगी, पांचों वचनयोगी, वैक्रियिक काययोगी, वैक्रियिक मिश्रकाययोगी, स्त्रीवेदी, पुरुषवेदी, विभंगज्ञानी, चक्षुदर्शनी, पीतलेश्यावाले, पद्मलेश्यावाले और संज्ञी जीवोंका परिमाण जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि पीत लेश्यावाले और पद्मलेश्यावाले जीवोंमें उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीव संख्यात होते हैं ।

विशेषार्थ—ये सब मार्गणाएँ असंख्यात संख्यावाली हैं और इनमें उत्कृष्ट स्थिति व अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीव असंख्यात बन जाते हैं, इसलिए इनका उक्त प्रमाण परिमाण कहा है । जिन दो मार्गणाओंमें अपवाद है उनका निर्देश अलगसे किया ही है ।

१५०. मनुष्योंमें आठों कर्मोंकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले कितने हैं ? संख्यात हैं । अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले कितने हैं ? असंख्यात हैं । मनुष्य पर्याप्त, मनुष्यिनी, सर्वार्थसिद्धिके देव, आहारकाकययोगी, आहारक मिश्रकाययोगी, अपगतवेदी, मनःपर्ययज्ञानी, संयत, सामायिक संयत, छेदोपस्थापना संयत, परिहारविशुद्धि संयत और सूक्ष्मसाम्पराय संयत जीवोंमें सात कर्मोंकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीव कितने हैं ? संख्यात हैं ।

विशेषार्थ—ये मनुष्य पर्याप्त आदि सब मार्गणाएँ संख्यात संख्यावाली हैं इसलिए इनमें उक्त प्रमाण घटित हो जाता है ।

१५१. सब एकेन्द्रियोंमें सात कर्मोंकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले

अणंता। आयु० उक्क० ट्ठिदिबं० केव० ? असंखेज्जा। अणु० ट्ठिदिबं० केव० ? अणंता। एवं सव्ववणप्फदि-णिगोदाणं।

१५२. आभि०-सुद०-ओधि० सत्तण्णं क० उक्क० अणुक्क० ट्ठिदिबं० केव० ? असंखेज्जा। आयु० उक्क० संखेज्जा। अणु० ट्ठिदि० असंखेज्जा। एवं संजदासंजद०-ओधि०-सम्मादि०-वेदग०-सासण०-सम्मामिच्छा०। आणद याव अवराइदा त्ति सुक्कले०-खइग० सत्तण्णं क० उक्क० अणुक्क० असंखेज्जा। आयु० मणुसिभंगो।

१५३. जहण्णए पगदं। दुविधो णिद्देसो—ओघेण आदेसेण य। तत्थ ओघेण सत्तण्णं क० जह० ट्ठिदिबंध० केत्तिया ? संखेज्जा। अजह० के० ? अणंता। आयु० जह० अज० ट्ठिदि० अणंता। एवं कायजोगि-ओरालियका०-णवुंस०-कोधादि०४-अचक्खु०-भवसि०-आहारग त्ति।

जीव कितने हैं ? अनन्त हैं। आयुकर्मकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीव कितने हैं ? असंख्यात हैं। अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीव कितने हैं ? अनन्त हैं। इसी प्रकार सब वनस्पति और सब निगोदिया जीवोंका परिमाण जानना चाहिए।

विशेषार्थ—यद्यपि ये मार्गणाएँ अनन्त संख्यावाली हैं तथापि इनमें आयुकर्मकी जघन्य स्थितिका बन्ध करनेवाले जीव अनन्तवें भाग प्रमाण ही होते हैं, इसलिए यहां इनकी संख्या असंख्यात बतलाई है। शेष कथन सुगम है।

१५२. आभिनिबोधिकज्ञानी, श्रुतज्ञानी और अवधिज्ञानी जीवोंमें सात कर्मोंकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीव कितने हैं ? असंख्यात हैं। आयुकर्मकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीव संख्यात हैं और अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीव असंख्यात हैं। इसी प्रकार संयतासंयत, अवधिदर्शनी, सम्यग्दृष्टि, वेदकसम्यग्दृष्टि, सासादन सम्यग्दृष्टि और सम्यग्मिथ्यादृष्टि जीवोंका परिमाण जानना चाहिए। आनत कल्पसे लेकर अपराजित तकके देव, शुक्ल लेश्यावाले और क्षायिक सम्यग्दृष्टि जीवोंमें सात कर्मोंकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीव असंख्यात हैं। तथा आयुकर्मकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीव मनुष्यिनियोंके समान हैं।

विशेषार्थ—यहां गिनाई गई सब मार्गणाएँ असंख्यात संख्यावाली हैं तथापि इनमें आयुकर्मकी अपेक्षा कुछ विशेषता है जिसका निर्देश अलग अलग मूलमें किया ही है। शेष कथन सुगम है।

इस प्रकार उत्कृष्ट परिमाण समाप्त हुआ।

१५३. अब जघन्य परिमाणका प्रकरण है। उसकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। उनमेंसे ओघकी अपेक्षा सात कर्मोंकी जघन्य स्थितिका बन्ध करनेवाले जीव कितने हैं ? संख्यात हैं। अजघन्य स्थितिका बन्ध करनेवाले जीव कितने हैं ? अनन्त हैं। आयुकर्मकी जघन्य और अजघन्य स्थितिका बन्ध करनेवाले जीव अनन्त हैं। इसी प्रकार काययोगी, औदारिककाययोगी, नपुंसकवेदी, क्रोधादि चार कषायवाले, अचक्षुदर्शनी, भव्य और आहारक जीवोंका परिमाण जानना चाहिए।

विशेषार्थ—सात कर्मोंकी जघन्य स्थितिका बन्ध क्षपकश्रेणिमें होता है, इसलिए यहां

१५४. आदेसेण णेरइएसु० उक्कस्सभंगो। तिरिक्खेसु अट्ठण्णं कम्माणं जह० अजह० ट्ठिदिबं० केव०? अणंता। एवं सव्वएइंदिय-वणप्फदि-णिगोद-ओरालियमि०-कम्मइ०-मदि०-सुद०-असंज०-किण्ण०-णील०-काउ०-अ०भवसि०-मिच्छादि-असण्णि-अणाहारग त्ति।

१५५. सव्वपंचिंदियतिरिक्ख-सव्वमणुस-सव्वदेव-विगलिंदिय-सव्वपुढवि०-आउ०-तेउ०वाउ०-बादरवणप्फदिपत्तेय०-वेउव्विय०-वेउव्वियमि०-आहार०-आहारमि०-मणपज्ज०-अवगदवे०-संजदा-सामाइ०-छेदो०-परिहार०-सुहुमसं० उक्कस्सभंगो। णवरि मणुसोघं आयु० जह० अजह० असंखेज्जा।

१५६. पंचिंदिय-तस०२ सत्तण्णं कम्माणं जह० बंध० संखेज्जा। अजह० असंखेज्जा। आयु० जह० अजह० असंखेज्जा। एवं पंचमण०-पंचवचि०-इत्थि०-

---

सात कर्मोंकी जघन्य स्थितिका बन्ध करनेवाले जीव संख्यात कहे हैं। बाकी सब जीव अनन्त हैं, इसलिए अजघन्य स्थितिका बन्ध करनेवाले जीव अनन्त कहे हैं। आयुकर्मकी जघन्य और अजघन्य स्थितिका बन्ध करनेवाले जीव अनन्त हैं यह स्पष्ट ही है, क्योंकि एकेन्द्रिय आदि अधिकतर जीव इन दोनों आयुओंका बन्ध करते हैं। यहां अन्य जितनी मार्गणाएँ गिनाई हैं उनमें यह प्ररूपणा अविकल घटित हो जाती है इसीलिए उनका परिमाण ओघके समान कहा है।

१५४. आदेशसे नारकियोंमें आठों कर्मोंकी जघन्य और अजघन्य स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका परिमाण उत्कृष्टके समान है। तिर्यञ्चोंमें आठों कर्मोंकी जघन्य और अजघन्य स्थितिका बन्ध करनेवाले जीव कितने हैं? अनन्त हैं। इसी प्रकार सब एकेन्द्रिय वनस्पतिकायिक, निगोद जीव, औदारिकमिश्रकाययोगी, कार्मणकाययोगी, मत्यज्ञानी, श्रुताज्ञानी, असंयत, कृष्णलेश्यावाले, नीललेश्यावाले, कापोतलेश्यावाले, अभव्य, मिथ्यादृष्टि, असंज्ञी और अनाहारक मार्गणाओंमें परिमाण जानना चाहिए।

१५५. सब पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च, सब मनुष्य, सब देव, विकलेन्द्रिय, सब पृथिवीकायिक, सब जलकायिक, सब अग्निकायिक, सब वायुकायिक, सब बादर वनस्पति प्रत्येक शरीर, वैक्रियिककाययोगी, वैक्रियिकमिश्रकाययोगी, आहारककाययोगी, आहारकमिश्रकाययोगी, मनःपर्ययज्ञानी, अपगतवेदी, संयत, सामायिकसंयत, छेदोपस्थापनासंयत, परिहारविशुद्धिसंयत और सूक्ष्मसाम्परायसंयत मार्गणाओंमें आठों कर्मोंकी जघन्य और अजघन्य स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका परिमाण अपने अपने उत्कृष्टके समान है। इतनी विशेषता है कि सामान्य मनुष्योंमें आयुकर्मकी जघन्य और अजघन्य स्थितिका बन्ध करनेवाले मनुष्य असंख्यात हैं।

विशेषार्थ—आयुकर्मकी जघन्य और अजघन्य स्थितिका बन्ध करनेवाले मनुष्योंमें अपर्याप्त मनुष्योंकी मुख्यता है इसलिए यहां इनका परिमाण असंख्यात कहा है। शेष कथन सुगम है।

१५६. पञ्चेन्द्रिय, पञ्चेन्द्रिय पर्याप्त, त्रस और त्रसपर्याप्त जीवोंमें सात कर्मोंकी जघन्य स्थितिका बन्ध करनेवाले जीव संख्यात हैं। अजघन्य स्थितिका बन्ध करनेवाले जीव असंख्यात हैं। आयुकर्मकी जघन्य और अजघन्य स्थितिका बन्ध करनेवाले जीव असंख्यात हैं। इसी प्रकार पाँचों मनोयोगी, पाँचों वचनयोगी, स्त्रीवेदी, पुरुषवेदी, विभङ्ग-

पुरिस०-विभंग०-संजदासंजद०-चक्खुदं०-सण्णि त्ति ।

१५७. आभि०-सुद०-ओधि० अट्ठण्णं कम्माणं जह० संखेज्जा । अज० असंखेज्जा । एवं ओधिदं०-सम्मादि०-वेदगस० ।

१५८. तेउ०-पम्मले० सत्तण्णं क० जह० संखेज्जा । अजह० असंखेज्जा । आयुग० जह० अज० असंखे० ।

१५९. सुक्कले०-खइग० सत्तण्णं क० जह० संखेज्जा । अज० असंखेज्जा । आयु० जह० अज० संखेज्जा ।

१६०. सासण० सम्मामि० अट्ठण्णं कम्माणं सत्तण्णं कम्माणं जह० अजह० असंखेज्जा । एवं परिमाणं समत्तं ।

ज्ञानी, संयतासंयत, चक्षुदर्शनी और संज्ञी मार्गणाओंमें परिमाण जानना चाहिए।

विशेषार्थ—जो विभङ्गज्ञानी और संयतासंयत जीव संयमके अभिमुख होता है उसीके सात कर्मोकी जघन्य स्थितिका बन्ध सम्भव है। यतः ऐसे जीव संख्यात होते हैं अतः इन दोनों मार्गणाओंमें सात कर्मोकी जघन्य स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका परिमाण संख्यात कहा है। शेष कथन स्पष्ट ही है।

१५७. आभिनिबोधिकज्ञानी, श्रुतज्ञानी और अवधिज्ञानी जीवोंमें आठों कर्मोंकी जघन्य स्थितिका बन्ध करनेवाले जीव संख्यात हैं। अजघन्य स्थितिका बन्ध करनेवाले जीव असंख्यात हैं। इसी प्रकार अवधिदर्शनी, सम्यग्दृष्टि और वेदसम्यग्दृष्टि मार्गणाओंमें परिमाण जानना चाहिए।

१५८. पीतलेश्या और पद्मलेश्यावाले जीवोंमें सात कर्मोंको जघन्य स्थितिका बन्ध करने वाले जीव संख्यात हैं। अजघन्य स्थितिका बन्ध करनेवाले जीव असंख्यात हैं। आयुकर्मकी जघन्य और अजघन्य स्थितिका बन्ध करनेवाले जीव असंख्यात हैं।

विशेषार्थ—सर्वविशुद्ध अप्रमत्तसंयत जीव जो पीत और पद्मलेश्यावाले होते हैं उनके सात कर्मोंका जघन्य स्थितिबन्ध होता है। इस अपेक्षासे इन दोनों मार्गणाओंमें सात कर्मोंकी जघन्य स्थितिका बन्ध करनेवाले जीव संख्यात कहे हैं। शेष कथन सुगम है।

१५९. शुक्ललेश्यावाले और क्षायिक सम्यग्दृष्टियोंमें सात कर्मोंकी जघन्य स्थितिका बन्ध करनेवाले जीव संख्यात हैं। अजघन्य स्थितिका बन्ध करनेवाले जीव असंख्यात हैं तथा आयुकर्मकी जघन्य और अजघन्य स्थितिका बन्ध करनेवाले जीव संख्यात हैं।

विशेषार्थ—दर्शनमोहनीयकी क्षपणाका प्रारम्भ मनुष्य ही करते हैं और वे संख्यात होते हैं। यद्यपि अन्य तीन गतियोंमें सञ्चयकी अपेक्षा ये असंख्यात होते हैं पर गति और आगतिकी अपेक्षा ये संख्यातसे अधिक नहीं होते। यही कारण है कि क्षायिक सम्यग्दृष्टियोंमें आयुकर्मकी जघन्य और अजघन्य स्थितिका बन्ध करनेवाले जीव संख्यात कहे हैं। इसी प्रकार शुक्ललेश्यामें या तो देवायुका बन्ध होता है या मनुष्यायु का। इसीसे इसमें आयुकर्म की जघन्य और अजघन्य स्थितिका बन्ध करनेवाले संख्यात कहे हैं।

१६०. सासादनसम्यग्दृष्टि और सम्यग्मिथ्यादृष्टि जीवोंमें क्रमसे आठों कर्मों और सात कर्मोंकी जघन्य और अजघन्य स्थितिका बन्ध करनेवाले जीव असंख्यात होते हैं।

विशेषार्थ—इन दोनों मार्गणाओंमेंसे प्रत्येक मार्गणावाले जीवोंकी संख्या पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण कही है। इससे यहाँ सात कर्मोंकी जघन्य और अजघन्य स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंकी असंख्यात संख्याके प्राप्त होनेमें कोई बाधा नहीं आती।

इस प्रकार परिमाण समाप्त हुआ।

खेत्तपरूवणा

१६१. खेत्तं दुविधं—जहण्णयं उक्कस्सयं च। उक्कस्सए पगदं। दुविधो णिद्देसो—ओघेण आदेसेण य। तत्थ ओघेण अट्ठण्णं कम्माणं उक्क० ट्ठिदि-बंध० खेवडिखेत्ते? लोगस्स असंखेज्जदिभागे। अणुक्क०बंध० केव०? सव्व-लोगे। एसिं परिमाणे उक्क०ट्ठिदिबंधगा असंखेज्जा अणुक्क०बंध० अणंता तेसिं उक्कस्स०बंध० केव० खेत्ते? लोगस्स असं०, अणु० सव्वलोगे एइंदिय-पंचकायाणं मोत्तूण। सेसाणं सव्वेसिं सव्वे भंगा उक्क० अणु०बंध० लोगस्स असंखेज्ज०।

१६२. एइंदिय-सुहुमेइंदियपज्जत्तापज्जत्त० सत्तण्णं कम्माणं उक्क० अणु० सव्वलोगे। आयु० उक्क० लोगस्स असं०। अणु० सव्वलोगे। बादरएइंदियपज्जत्तापज्जत्त० सत्तण्णं कम्माणं उक्क० अणु०बंध० केव०? सव्वलो०। आयु०

क्षेत्र प्ररूपणा

१६१. क्षेत्र दो प्रकारका है—जघन्य और उत्कृष्ट। उत्कृष्टका प्रकरण है उसकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। उनमेंसे ओघकी अपेक्षा आठों कर्मोंकी उत्कृष्ट स्थितिका वन्ध करनेवाले जीवोंका कितना क्षेत्र है? लोकका असंख्यातवाँ भाग क्षेत्र है। अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका कितना क्षेत्र है? सव लोक क्षेत्र है। जिनकी संख्या उत्कृष्ट स्थितिके वन्धकी अपेक्षा असंख्यात है और अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धकी अपेक्षा अनन्त है उनका उत्कृष्ट स्थितिके वन्धकी अपेक्षा कितना क्षेत्र है? लोकका असंख्यातवाँ भाग क्षेत्र है तथा अनुत्कृष्ट स्थितिका वन्ध करनेवालोंका सव लोक क्षेत्र है। मात्र एकेन्द्रिय और पाँच स्थावरकाय जीवोंको छोड़कर यह क्षेत्र कहा है। शेष सब जीवोंके सव भङ्ग अर्थात् उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिका वन्ध करनेवाले शेष जीवोंका क्षेत्र लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण है।

विशेषार्थ—ओघसे सात कर्मोंकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध संज्ञी पञ्चेन्द्रिय पर्याप्त मिथ्यादृष्टि जीवके संक्लेशरूप परिणामोंके होने पर होता है। तथा आयुकर्मकी उत्कृष्ट स्थिति का वन्ध इसके या सर्व विशुद्ध परिणामवाले संयतके होता है। यतः इनका क्षेत्र लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण है अतः आठों कर्मोंकी उत्कृष्ट स्थितिका वन्ध करनेवाले जीवोंका उक्त प्रमाण क्षेत्र कहा है। तथा आठों कर्मोंकी अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका सव लोक क्षेत्र है यह स्पष्ट ही है। यहाँ शेष सब मार्गणाओंको तीन भागोंमें विभक्त कर दिया है। एकेन्द्रिय और पाँच स्थावरकायिक जीवोंको स्वतंत्र छोड़ दिया है, क्योंकि इनका क्षेत्र आगे कहनेवाले हैं। शेष अनन्त संख्यावाली मार्गणाओंका क्षेत्र यहीं बतला दिया है और शेप जितनी असंख्यात और संख्यात संख्यावाली मार्गणाएँ बचती हैं उन सबमें सब पदोंकी अपेक्षा क्षेत्र लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण बतलाया है। शेष कथन सुगम है।

१६२. एकेन्द्रिय, सूक्ष्म एकेन्द्रिय और सूक्ष्म एकेन्द्रियोंके पर्याप्त अपर्याप्त जीवोंमें सात कर्मोंकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिका वन्ध करनेवाले जीवोंका सब लोक क्षेत्र है। आयुकर्मकी उत्कृष्ट स्थितिका वन्ध करनेवाले जीवोंका लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्र है। तथा अनुत्कृष्ट स्थितिका वन्ध करनेवाले जीवोंका सव लोक क्षेत्र है। बादर एकेन्द्रिय और इनके पर्याप्त अपर्याप्त जीवोंमें सात कर्मोंकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिका वन्ध करनेवाले जीवोंका कितना क्षेत्र है? सव लोक क्षेत्र है। आयु कर्मकी उत्कृष्ट स्थितिका वन्ध करनेवाले

उक्क० लोगस्स असंखेज्ज० । अणु० लोग० संखेज्जदिभागे ।

१६२. पुढवि०-आउ०-तेउ० अट्ठण्णं कम्माणं मूलोघं । तेसिं सुहुमपज्जत्ताप-ज्जत्त० एइंदियभंगो । बादरपुढवि०-आउ०-तेउ० सत्तण्णं क० उक्क० लोगस्स असं० । अणु० सव्वलोगे । आयु० उक्क० अणु० लोगस्स असंखेज्जदि० । बादर-पुढवि०-आउ०-तेउ०पज्जत्ता० अट्ठण्णं क० उक्क० अणु० लोगस्स असं० । बादर-पुढवि०-आउ०-तेउ०अपज्जत्ता० सत्तण्णं क० एइंदियभंगो । आयु० उक्क० अणु० लोगस्स असं० ।

जीवोंका क्षेत्र लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण है। अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका क्षेत्र लोकके संख्यातवें भागप्रमाण है।

१६२. पृथिवीकायिक, जलकायिक और अग्निकायिक जीवोंमें आठों कर्मोंकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका क्षेत्र मूलोघके समान है। इन्हींके सूक्ष्म तथा पर्याप्त अपर्याप्त जीवोंमें आठ कर्मोंकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका क्षेत्र एकेन्द्रियोंके समान है। बादर पृथिवीकायिक, बादर जलकायिक और बादर अग्निकायिक जीवोंमें सात कर्मोंकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका क्षेत्र लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण है। अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका क्षेत्र सब लोकप्रमाण है। आयु-कर्मकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका क्षेत्र लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण है। बादर पृथिवीकायिक पर्याप्त, बादर जलकायिक पर्याप्त और बादर अग्निका-यिक पर्याप्त जीवोंमें आठों कर्मोंकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका क्षेत्र लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण है। बादर पृथिवीकायिक अपर्याप्त, बादर जलकायिक अपर्याप्त और बादर अग्निकायिक अपर्याप्त जीवोंमें सात कर्मोंकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका क्षेत्र एकेन्द्रियोंके समान है। आयुकर्मकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका क्षेत्र लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण है।

विशेषार्थ—पृथिवीकायिक, जलकायिक और अग्निकायिक जीवोंका क्षेत्र सब लोक है, इसलिए इनमें आठों कर्मोंकी अपेक्षा क्षेत्र ओघके समान कहा है। पहले एकेन्द्रिय सूक्ष्म और उनके पर्याप्त अपर्याप्त जीवोंमें आठों कर्मोंकी अपेक्षा क्षेत्रका विचार कर आये हैं। उसी प्रकार सूक्ष्म पृथिवीकायिक, और इनके पर्याप्त अपर्याप्त जीवोंमें आठों कर्मोंकी अपेक्षा क्षेत्र प्राप्त होता है, इसलिए इनके कथनको एकेन्द्रियोंके समान कहा है। बादर पृथिवीकायिक, बादर जलकायिक और बादर अग्निकायिक जीवोंका मारणान्तिक और उपपादपदकी अपेक्षा सर्व लोकप्रमाण क्षेत्र होते हुए भी स्वस्थान क्षेत्र लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण है, इसलिए इनमें सात कर्मोंकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका व आयुकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवालोंका लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्र कहा है। सात कर्मोंकी अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका क्षेत्र सर्व लोक है यह स्पष्ट ही है। बादर पृथिवी कायिक पर्याप्त, बादर जलकायिक पर्याप्त और बादर अग्निकायिक पर्याप्त जीवोंका स्वस्थान, समुद्घात व उपपाद सभी पदोंकी अपेक्षा लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्र है, इसलिए इनमें आठों कर्मोंकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका क्षेत्र लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण कहा है। यद्यपि बादर पृथिवीकायिक अपर्याप्त, बादर जलकायिक अपर्याप्त और बादर अग्निकायिक अपर्याप्त जीवोंका स्वस्थान क्षेत्र लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और मारणान्तिक समुद्घात व उपपादपदकी अपेक्षा सर्वलोक क्षेत्र है

१६४. वाउ० सत्तण्णं क० उक्क० बं० केव० ? लोग० संखेज्जदिभागे । अणु० सव्वलो० । आयु० ओघं । बादरवाउ० सत्तण्णं क० उक्क० लोग० संखेज्ज० । अणु० सव्वलो० । आयु० उक्क० लोग० असं० । अणु'० लोगस्स० संखेज्ज० । बादरवाउपज्जत्ता० सत्तण्णं क० उक्क० अणु० लोग० संखेज्ज० । आयु० उक्क० लोग० असं० । अणु० लोग० संखेज्ज० । बादरवाउअपज्ज० सत्तण्णं क० उक्क० अणु० सव्वलोगे । आयु० उक्क० लोग० असंखे० । अणु० लोग० संखेज्जदि० । सुहुमवाउपज्जत्तापज्जत्त० सत्तण्णं क० उक्क० अणु० सव्वलोगे । आयु० ओघं ।

तथापि इनमें सात कर्मोंकी अपेक्षा उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका क्षेत्र एकेन्द्रियोंके समान प्राप्त होता है, इसलिए इस क्षेत्रको एकेन्द्रियोंके समान कहा है। पर इनका स्वस्थान क्षेत्र लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण है इसलिए इनमें, आयुकर्मकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका क्षेत्र लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण कहा है।

१६४. वायुकायिक जीवोंमें सात कर्मोंकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका क्षेत्र कितना है ? लोकके संख्यातवें भागप्रमाण है। अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका क्षेत्र सब लोक है। आयुकर्मकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका क्षेत्र ओघके समान है। बादर वायुकायिक जीवोंमें सात कर्मोंकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका क्षेत्र लोकके संख्यातवें भागप्रमाण है। अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका क्षेत्र सब लोक है। आयुकर्मकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका क्षेत्र लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण है। अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका क्षेत्र लोकके संख्यातवें भागप्रमाण है। बादर वायुकायिक पर्याप्त जीवोंमें सात कर्मोंकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका क्षेत्र लोकके संख्यातवें भागप्रमाण है। आयुकर्मको उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका क्षेत्र लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण है। अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका क्षेत्र लोकके संख्यातवें भागप्रमाण है। बादर-वायुकायिक अपर्याप्त जीवोंमें सात कर्मोंकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका क्षेत्र सब लोक है। आयुकर्मकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका क्षेत्र लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण है। तथा अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका क्षेत्र लोकके संख्यातवें भागप्रमाण है। सूक्ष्म वायुकायिक और इनके पर्याप्त तथा अपर्याप्त जीवोंमें सात कर्मोंकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका क्षेत्र सब लोक है। आयुकर्मकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका क्षेत्र ओघके समान है।

विशेषार्थ—बादरवायुकायिक और उनमें अपर्याप्त जीवोंका स्वस्थान क्षेत्र लोकका संख्यातवां भागप्रमाण तथा मारणान्तिक समुद्घात और उपपाद पदकी अपेक्षा सर्वलोक क्षेत्र है। बादर वायुकायिक पर्याप्त जीवोंका स्वस्थान समुद्घात और उपपादपदकी अपेक्षा लोकका असंख्यातवां भागप्रमाण क्षेत्र है। इसी विशेषताको ध्यानमें रख कर इन जीवोंमें सात कर्मोंके व आयुकर्मके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट क्षेत्र का विचार कर लेना चाहिए। मात्र आयु-कर्मके उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका क्षेत्र सर्वत्र लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण है यह स्पष्ट ही है। शेष कथन सुगम है।

---

१. मूलप्रतौ अणु० उक्क० संखेज० इति पाठः।

१६५. वणप्फदि-णिगोद० तेसिं सुहुमपज्जत्तापज्जत्त० सत्तण्णं क० उक्क० अणु० सव्वलोगे। आयु० ओघं। बादरवणप्फदि-णिगोद० सत्तण्णं क० सुहुमभंगो। आयु० मणुसिभंगो। बादरवणप्फदिपत्तेय० बादरपुढविकाइयभंगो। एवं उक्कस्सयं समत्तं।

१६६. जहण्णगे पगदं। दुविधो णिद्देसो—ओघेण आदेसेण य। तत्थ ओघेण सत्तण्णं क० जह० द्विदिबंध० केव० ? लोगस्स असंखेज्ज०। अज० सव्वलोगे। आयु० जह० अजह० सव्वलो०। एवं ओघभंगो कायजोगि-ओरालियका०-णवुंस०-

---

१६५. वनस्पतिकायिक और निगोद तथा इनके सूक्ष्म और पर्याप्त अपर्याप्त जीवोंमें सात कर्मोंकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका क्षेत्र सब लोक है। आयुकर्मकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका क्षेत्र ओघके समान है। बादर वनस्पतिकायिक और बादर निगोद जीवोंमें सात कर्मोंकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका क्षेत्र सूक्ष्म जीवोंके समान है। आयुकर्मकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका क्षेत्र मनुष्यिनियोंके समान है बादरवनस्पति प्रत्येक शरीर जीवोंमें आठों कर्मोंकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका क्षेत्र बादर पृथिवीकायिक जीवोंके समान है।

विशेषार्थ—वनस्पतिकायिक और निगोद तथा इनके सूक्ष्म और उनके पर्याप्त अपर्याप्त जीवोंका सब लोक क्षेत्र है। इसीसे इनमें सात कर्मोंकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका सब लोक क्षेत्र कहा है। ओघसे आयुकर्मकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका क्षेत्र लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका क्षेत्र सब लोकप्रमाण बतला आये हैं। उक्त मार्गणावाले जीवोंका क्षेत्र सब लोक होनेसे इनमें भी ओघप्ररूपणा घटित हो जाती है, इसलिए इनमें आयुकर्मकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका क्षेत्र ओघके समान कहा है। पहले सूक्ष्म एकेन्द्रिय जीवोंका क्षेत्र बतला आये हैं। वह क्षेत्र यहां बादरवनस्पतिकायिक और बादर निगोद जीवोंमें अविकल घटित हो जाता है इसलिए सात कर्मोंकी अपेक्षा इनकी प्ररूपणाको सूक्ष्म जीवोंके समान कहा है। बादर वनस्पतिकायिक और बादर निगोद जीवोंका स्वस्थान क्षेत्र लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण है और मनुष्यिनियोंका स्वस्थान क्षेत्र भी इतना ही है, इसलिए इन मार्गणाओंमें आयुकर्मकी अपेक्षा मनुष्यिनियोंके समान क्षेत्र कहा है। बादर पृथिवीकायिकोंका स्वस्थान क्षेत्र लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और मारणान्तिक समुद्घात व उपपाद पदकी अपेक्षा सर्वलोक क्षेत्र हैं। बादरवनस्पतिकायिक प्रत्येक शरीर जीवोंका क्षेत्र भी इतना ही है। इसीसे इनमें आठों कर्मोंकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका क्षेत्र बादरपृथिवीकायिक जीवोंके समान कहा है।

इस प्रकार उत्कृष्ट क्षेत्र समाप्त हुआ।

१६६. अब जघन्य क्षेत्रका प्रकरण है। उसकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। उनमेंसे ओघकी अपेक्षा सात कर्मोंकी जघन्य स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका कितना क्षेत्र है ? लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्र है। अजघन्य स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका कितना क्षेत्र है ? सब लोक क्षेत्र है। आयुकर्मकी जघन्य और अजघन्य स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका कितना क्षेत्र है ? सब लोक क्षेत्र है। इसी प्रकार ओघके

कोधादि०४-अचक्खुदं०-भवसि०-आहारग त्ति ।

१६७. आदेसेण णेरइएसु उक्कस्सभंगो । एवं सव्वणिरय० ।

१६८. तिरिक्खेसु सत्तण्णं क० जह० लोग० संखे० । अज० सव्वलोगे । आयु० ओघं । एवं एइंदिय-वाउ०-ओरालियमि०-कम्मइ०-मदि०-सुद०-असंज०-किण्ण० णील०-काउ०-अब्भवसि०-मिच्छादि०-असण्णि-अणाहारग त्ति ।

१६९. बादरएइंदियपज्जत्तापज्जत्त० सत्तण्णं क० जह० लोग० संखेज्ज० । अज० सव्वलो० । आयु० जह० अज० लोग० संखेज्ज० । सुहुमेइंदि०पज्जत्तापज्जत्त-सुहुमपुढवि०-आउ०-तेउ०-वाउ०-सुहुमवण०-सुहुमणिगोदपज्जत्तापज्जत्त०अट्ठण्णं क०

समान काययोगी, औदारिककाययोगी, नपुंसकवेदी, क्रोधादि चार कषायवाले, अचक्षुदर्शनी, भव्य और आहारक जीवोंके जानना चाहिए।

विशेषार्थ—सात कर्मोंकी जघन्य स्थितिका बन्ध क्षपकश्रेणीमें होता है, इसलिए इसका बन्ध करनेवाले जीवोंका क्षेत्र लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण कहा। तथा अजघन्य स्थितिका बन्ध शेष सबके होता है और वे समस्त लोकमें व्याप्त हैं इसलिए सात कर्मोंकी अजघन्य स्थितिका बन्ध करनेवालोंका सब लोक क्षेत्र कहा। आयुकर्मकी जघन्य और अजघन्य स्थिति एकेन्द्रियादि अधिकतर जीव बाँधते हैं और वे सब लोकमें व्याप्त हैं, इसलिए आयुकर्मकी जघन्य और अजघन्य स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका सब लोक क्षेत्र कहा है। यहां अन्य जितनी मार्गणाएँ गिनाई हैं उनमें यह ओघ व्यवस्था अविकल उपलब्ध होती है, इसलिए उनका कथन ओघके समान कहा है।

१६७. आदेशसे नारकियोंमें आठों कर्मोंकी जघन्य और अजघन्य स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका क्षेत्र उत्कृष्टके समान है। इसी प्रकार सब नारकी जीवोंमें जानना चाहिए।

विशेषार्थ—आशय यह है कि सामान्यसे और प्रत्येक पृथिवीके अलग अलग नारकी जीव असंख्यात हैं तथा इनका क्षेत्र भी लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण है, इसलिए आठों कर्मोंकी जघन्य और अजघन्य स्थितिका बन्ध करनेवाले उक्त नारकियोंका उत्कृष्टके समान ही क्षेत्र प्राप्त होता है। इसी प्रकार आगे भी प्रत्येक मार्गणामें उस मार्गणाके क्षेत्रको ध्यानमें लेकर विचार कर लेना चाहिए।

१६८. तिर्यञ्चोंमें सात कर्मोंकी जघन्य स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका क्षेत्र लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण है। अजघन्य स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका सब लोक क्षेत्र है। आयुकर्मकी जघन्य और अजघन्य स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका क्षेत्र ओघके समान है। इसी प्रकार एकेन्द्रिय, वायुकायिक, औदारिक मिश्रकाययोगी, कार्मणकाययोगी, मत्यज्ञानी, श्रुताज्ञानी, असंयत, कृष्णलेश्यावाले, नीललेश्यावाले, कापोतलेश्यावाले, अभव्य, मिथ्यादृष्टि, असंज्ञी और अनाहारक मार्गणाओंमें जानना चाहिए।

१६९. बादर एकेन्द्रिय और इनके पर्याप्त तथा अपर्याप्त जीवोंमें सात कर्मोंकी जघन्य स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका क्षेत्र लोकके संख्यातवें भाग प्रमाण है। अजघन्य स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका क्षेत्र सब लोक है। आयुकर्मकी जघन्य और अजघन्य स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका क्षेत्र लोकके संख्यातवें भाग प्रमाण है। सूक्ष्म एकेन्द्रिय तथा उनके पर्याप्त और अपर्याप्त, सूक्ष्म पृथ्वीकायिक, सूक्ष्म जलकायिक, सूक्ष्म अग्निकायिक, सूक्ष्म वायुकायिक, सूक्ष्म वनस्पतिकायिक, सूक्ष्मनिगोद तथा इन सबके पर्याप्त तथा अपर्याप्त जीवोंमें

जह० अजह० सव्वलो० । बादरपुढवि०-आउ०-तेउ० तेसिं च अपज्जत्ता० बादरवण-प्फदि-णिगोदपज्जत्तापज्ज० बादरवणप्फदिपत्तेय० तस्सेव अपज्जत्त० सत्तण्णं क० ओघं । आयु० णिरयभंगो । बादरपुढवि०-आउ०-तेउ०-पज्जत्ता० बादरवणप्फ०पत्तेय-पज्जत्ता०अट्ठण्णं कम्माणं उक्कस्सभंगो । बादरवाउ०अपज्जत्ता० सत्तण्णं क० तिरि-क्खोघं । आयु० जह० अज० लोग० संखेज्ज० । बादरवाउ०पज्जत्त० अट्ठण्णं क० जह० अजह० लोग० संखेज्ज० । सेसाणं सव्वेसिं सव्वे भंगा । एवं खेत्तं समत्तं ।

फोसणपरूपणा

१७०. फोसणं दुविधं—जहण्णयं उक्कस्सयं च । उक्कस्सए पगदं । दुविधं—ओघेण आदेसेण य । तत्थ ओघेण सत्तण्णं कम्माणं उक्कस्सट्ठिदिबंधगेहि केविडियं खेत्तं फोसिदं ? लोगस्स असंखे० अट्ठ-तेरह चोद्दसभागा । अणुक्क० बंध० सव्वलो० । आयु० उक्क० अणु० खेत्तभंगो । एवं ओघभंगो कायजोगि०-कोधादि०४-मदि०-सुद०-असंज०-अचक्खुदं०-भवसि०-अब्भवसि०-मिच्छादि०-आहारग त्ति ।

आठ कर्मोंकी जघन्य और अजघन्य स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका क्षेत्र सब लोक है । बादर पृथ्वीकायिक, बादर जलकायिक, बादर अग्निकायिक और इनके अपर्याप्त, बादर वनस्पतिकायिक, बादर निगोद और इनके पर्याप्त तथा अपर्याप्त, बादर वनस्पतिकायिक प्रत्येक शरीर तथा इनके अपर्याप्त जीवोंमें सात कर्मोंकी जघन्य और अजघन्य स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका क्षेत्र ओघके समान है । आयुकर्मकी जघन्य और अजघन्य स्थिति-का बन्ध करनेवाले जीवोंका क्षेत्र नारकियोंके समान है । बादर पृथ्वीकायिक, पर्याप्त, बादर जलकायिक पर्याप्त, बादर अग्निकायिक पर्याप्त और बादर वनस्पति प्रत्येक शरीर पर्याप्त जीवोंमें आठ कर्मोंकी जघन्य और अजघन्य स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका क्षेत्र उत्कृष्टके समान है । बादर वायुकायिक अपर्याप्त जीवोंमें सात कर्मोंकी जघन्य और अजघन्य स्थिति-का बन्ध करनेवाले जीवोंका क्षेत्र सामान्य तिर्यञ्चोंके समान है । आयुकर्मकी जघन्य और अजघन्य स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका क्षेत्र लोकके संख्यातवें भागप्रमाण है । बादर वायुकायिक पर्याप्त जीवोंमें आठ कर्मोंकी जघन्य और अजघन्य स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका क्षेत्र लोकके संख्यातवें भागप्रमाण है । शेष सब मार्गणाओंमें सब भङ्ग होते हैं ।

इस प्रकार क्षेत्र समाप्त हुआ ।

स्पर्शनप्ररूपणा

१७०. स्पर्शन दो प्रकारका है—जघन्य और उत्कृष्ट । उत्कृष्टका प्रकरण है । उसकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश । उनमेंसे ओघकी अपेक्षा सात कर्मोंकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंने कितने क्षेत्रका स्पर्शन किया है ? लोकके असंख्या-तवें भाग, कुछ कम आठवटे चौदह राजु और कुछ कम तेरह बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है । अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंने सब लोकका स्पर्शन किया है । आयुकर्मकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है । इस प्रकार ओघके समान काययोगी, क्रोधादि चार कषायवाले, मत्यज्ञानी, श्रुताज्ञानी, असंयत, अचक्षुदर्शनी, भव्य, अभव्य, मिथ्यादृष्टि और आहारक मार्गणाओंमें स्पर्शन जानना चाहिए ।

१७१. आदेसेण णेरइएसु सत्तण्णं क० उक्क० अणु० छच्चोद्द० । आयु० खेत्तभंगो। पढमाए खेत्तभंगो। विदियाए याव सत्तमा त्ति सत्तण्णं क० उक्क० अणु० वे-तिण्णि-चत्तारि-पंच-छच्चोद्दस० । आयु० खेत्तभंगो । तिरिक्खेसु सत्तण्णं क० उक्क० छच्चोद्द० । अणु० सव्वलोगो। आयु० खेत्तभंगो । एवं णवुंस०-किण्णले० ।

१७२. पंचिंदियतिरिक्ख०३ सत्तण्णं क० उक्क० छच्चोद्द० । अणु० लोग० असंखे० सव्वलो० । आयु० खेत्तभंगो ।

विशेषार्थ—सात कर्मोंकी उत्कृष्ट स्थितिका वन्ध संज्ञी पञ्चेन्द्रिय पर्याप्त संक्लेश परिणामवाले जीव करते हैं, इनका वर्तमान स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण है। अतीत कालीन स्पर्शन विहारवत्स्वस्थानकी अपेक्षा कुछ कम आठ वटे चौदह राजु और मारणान्तिक समुद्घातकी अपेक्षा तेरह वटे चौदह राजु है। यही जानकर यहां उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका उक्त प्रमाण स्पर्शन कहा है। शेष कथन सुगम है।

१७१. आदेशसे नारकियोंमें सात कर्मोंकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिका वन्ध करनेवाले जीवोंने कुछ कम छह वटे चौदह राजु प्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। आयु-कर्मकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिका वन्ध करनेवाले जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। पहिली पृथ्वीमें आठों कर्मोंकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिका वन्ध करनेवाले जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। दूसरी पृथ्वीसे लेकर सातवीं पृथ्वी तकके नारकियोंमें सात कर्मोंकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिका वन्ध करनेवाले जीवोंने क्रमसे कुछ कम एक वटे चौदह राजु, कुछ कम दो वटे चौदह राजु, कुछ कम तीन वटे चौदह राजु, कुछ कम चार वटे चौदह राजु, कुछ कम पांच वटे चौदह राजु और कुछ कम छह वटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। आयुकर्मका भङ्ग क्षेत्रके समान है। तिर्यञ्चोंमें सात कर्मोंकी उत्कृष्ट स्थितिका वन्ध करनेवाले जीवोंने कुछ कम छह वटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अनुत्कृष्ट स्थितिका वन्ध करनेवाले जीवोंने सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। आयुकर्मका भङ्ग क्षेत्रके समान है। इसी प्रकार नपुंसकवेदी और कृष्णलेश्यावाले जीवोंके जानना चाहिए।

विशेषार्थ—सामान्य नारकियोंका अतीत कालीन स्पर्शन कुछ कम छह वटे चौदह राजु है। प्रथम पृथिवीमें लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण स्पर्शन है। द्वितीयादि पृथिवियोंमें कुछ कम एक वटे चौदह राजु आदि स्पर्शन है। इसे ध्यानमें रखकर सामान्यसे नरकमें और प्रत्येक पृथिवीमें सात कर्मोंकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिका वन्ध करनेवाले जीवोंका उक्त प्रमाण स्पर्शन कहा है। तिर्यञ्चोंमें जो नीचे सातवीं पृथिवीतक मारणान्तिक समुद्घात करते हैं उन्हींके सात कर्मोंकी उत्कृष्ट स्थितिकी अपेक्षा उत्कृष्ट स्पर्शन कुछ कम छह वटे चौदह राजु उपलब्ध होता है यह जानकर उक्त प्रमाण स्पर्शन कहा है। शेष कथन सुगम है।

१७२. पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च त्रिकमें सात कर्मोंकी उत्कृष्टस्थितिका वन्ध करनेवाले जीवोंने कुछ कम छह वटे चौदह राजु प्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अनुत्कृष्ट स्थितिका वन्ध करनेवाले जीवोंने लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। आयुकर्मका भङ्ग क्षेत्रके समान है।

विशेषार्थ—पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च त्रिकमें कुछ कम छह वटे चौदह राजुका स्पष्टीकरण सामान्य तिर्यञ्चोंके समान है। इन तीन प्रकारके तिर्यञ्चोंका वर्तमान निवास लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण है और अतीत कालीन निवास मारणान्तिक और उपपादपदकी अपेक्षा सर्व लोक है। यह जानकर इनमें सात कर्मोंकी अनुत्कृष्ट स्थितिका वन्ध करनेवाले उक्त

१७३. पंचिंदियतिरिक्खअपज्जत्ता० सत्तण्णं क० उक्क० अणु० लोग० असंखे० सव्वलोगो वा । आयु० खेत्तभंगो । एवं मणुसअपज्जत्त-सव्वविगलिंदिय-पंचिंदिय-तसअपज्जत्ता० बादरपुढवि०-आउ०-तेउ०-वाउ०पज्जत्ता० बादरवणप्फदि०पत्तेयपज्जत्ता० ।

१७४. मणुस० सत्तण्णं क० उक्क० खेत्तभंगो । अणु० लोग० असंखे० सव्वलो० । आयु० खेत्तभंगो । देवेसु सत्तण्णं क० उक्क० अणु० अट्ठ-णवचोद्दस० । आयु० उक्क० अणु० अट्ठचोद्दस० । एवं सव्वदेवाणं अप्पप्पणो फोसणं कादव्वं ।

१७५. एइंदिएसु सत्तण्णं क० उक्क० अणु० सव्वलोगो । आयु० उक्क० लोग० असंखे० । अणु० बंध० सव्वलोगो । एवं बादरएइंदियपज्जत्तापज्जत्ता० । णवरि

तिर्यञ्चोंका उक्त प्रमाण स्पर्शन कहा है । शेष कथन सुगम है ।

१७३. पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्तकोंमें सात कर्मोंकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंने लोकके असंख्यातवें भाग और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है । आयुकर्मका भङ्ग क्षेत्रके समान है । इसी प्रकार मनुष्य अपर्याप्त, सब विकलेन्द्रिय, पञ्चेन्द्रिय अपर्याप्त, त्रस अपर्याप्त, बादरपृथ्वीकायिक पर्याप्त, बादर जलकायिक पर्याप्त, बादर अग्निकायिक पर्याप्त, बादर वायुकायिक पर्याप्त और बादरवनस्पतिकायिक प्रत्येक शरीरपर्याप्त जीवोंके जानना चाहिए ।

विशेषार्थ—पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्तकोंका वर्तमान कालीन स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और मारणान्तिक व उपपाद पदकी अपेक्षा अतीतकालीन स्पर्शन सब लोक है । यहां अन्य जितनी मार्गणाएँ गिनाई हैं उनका स्पर्शन इसी प्रकार है, इसलिए इनमें सात कर्मोंकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका उक्त प्रमाण स्पर्शन कहा है । शेष कथन सुगम है ।

१७४. मनुष्य त्रिकमें सात कर्मोंकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान हैं । अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंने लोकके असंख्यातवें भाग और सवलोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है । आयुकर्मका स्पर्शन क्षेत्रके समान है । देवोंमें सात कर्मोंकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजु और कुछ कम नौ बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है । आयुकर्मकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है । इसी प्रकार सब देवोंके अपना अपना स्पर्शन जानना चाहिए ।

विशेषार्थ—देव विहारवत्स्वस्थानकी अपेक्षा कुछ कम आठ बटे चौदह राजु और मारणान्तिक समुद्घातकी अपेक्षा कुछ कम नौ बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन करते हैं । किन्तु मारणान्तिक समुद्घात के समय आयुबन्ध नहीं होता इसलिए इनके आयुकर्मकी अपेक्षा केवल कुछ कम आठ बटे चौदह राजु प्रमाण स्पर्शन कहा है । भवनवासी आदि देवोंमें अपने अपने स्पर्शनको जानकर यहां यथासम्भव स्पर्शनका निर्देश करना चाहिए । शेष कथन सुगम है ।

१७५. एकेन्द्रियोंमें सात कर्मोंकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंने सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है । आयुकर्मकी उत्कृष्टस्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । अनुत्कृष्ट

आयु० अणु० लोग० संखे० । सुहुमएइंदियपज्जत्तापज्ज० सत्तएणं क० उक्क० अणु० सव्वलो० । आयु० उक्क० लोग० असंखे० सव्वलो० । अणु० सव्वलोगो । एवं सव्वसुहुमाणं ।

१७६. पंचिंदिय-तस०२ सत्तएणं क० उक्क० अट्ठ-तेरह० । अणु० अट्ठचोद्दस० सव्वोलोगो वा । आयु० उक्क० खेत्तभंगो । [अणुक्क०-]अट्ठचोद्दस० । एवं पंचमण०-पंचवचि०-इत्थि०-पुरिस०-विभंग०-चक्खुदंसणि त्ति ।

स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंने सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। इसी प्रकार बादर एकेन्द्रिय और उनके पर्याप्त अपर्याप्त जीवोंके जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इनमें आयुकर्मकी अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंने लोकके संख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। सूक्ष्म एकेन्द्रिय और इनके पर्याप्त अपर्याप्त जीवोंमें सात कर्मोंकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंने सबलोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। आयु-कर्मकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अनुत्कृष्टस्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंने सबलोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। इसी प्रकार सब सूक्ष्म जीवोंके जानना चाहिए।

विशेषार्थ—यहां सूक्ष्म एकेन्द्रिय और उनके पर्याप्त अपर्याप्त जीवोंमें आयुकर्मकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका स्पर्शन दो प्रकारका कहा है सो उसमें से लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण स्पर्शन वर्तमान कालकी अपेक्षा कहा है और सब लोकप्रमाण स्पर्शन अतीत कालकी अपेक्षा कहा है। शेष कथनका विचार इन मार्गणाओंके स्पर्शनको देखकर कर लेना चाहिए।

१७६. पञ्चेन्द्रिय; पञ्चेन्द्रिय पर्याप्त, त्रस और त्रस पर्याप्त जीवोंमें सात कर्मोंकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजु और कुछ कम तेरह बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजु और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। आयुकर्मकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। इसी प्रकार पाँचों मनोयोगी, पाँचों वचनयोगी, स्त्रीवेदी, पुरुषवेदी, विभंगज्ञानी और चक्षुदर्शनी जीवोंके जानना चाहिए।

विशेषार्थ—यहाँ विहारवत्स्वस्थानकी अपेक्षा कुछ कम आठ बटे चौदह राजु और मारणान्तिक समुद्घातकी अपेक्षा कुछ कम तेरह बटे चौदह राजु स्पर्शन उपलब्ध होता है। यह सात कर्मोंकी उत्कृष्ट स्थितिबन्धकी अपेक्षा स्पर्शन है किन्तु अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धकी अपेक्षा तो कुछ कम आठ बटे चौदह राजु और सब लोक स्पर्शन उपलब्ध होता है। इनमेंसे कुछ कम आठ बटे चौदह राजु स्पर्शनका खुलासा पूर्ववत् है और सब लोकप्रमाण स्पर्शन मारणा-न्तिक समुद्घातकी अपेक्षा जानना चाहिए। कारण कि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले उक्त जीव सब लोकमें मारणान्तिक समुद्घात करते हुए उपलब्ध होते हैं। आयुकर्मकी अपेक्षा स्पर्शनका विचार करते हुए अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका स्पर्शन केवल कुछ कम आठ बटे चौदह राजु कहा है सो इसका कारण यह है कि मारणान्तिक समुद्घातके समय आयुकर्मका बन्ध नहीं होता, अतएव विहारवत्स्वस्थानकी अपेक्षा कुछ कम आठ बटे चौदह राजु स्पर्शन ही यहाँ सम्भव है, इससे अधिक नहीं।

१७७. पुढवि०-आउ-तेउ० तेसिं च बादर० सत्तण्णं क० उक्क० लोग० असंखे० सव्वलो० । अणु० सव्वलो० । आयु० खेत्तभंगो । बादरपुढवि०-आउ०-तेउ० अपज्ज-त्ता० सत्तण्णं क० उक्क० अणु० सव्वलो० । आयु० खेत्तभंगो । बादरवणप्फदिपत्तेय० बादरपुढविभंगो । वाउ० पुढवि०भंगो । णवरि जम्हि लोगस्स असंखे० तम्हि लोगस्स संखेज्ज० । वणप्फदि-णिगोद० पुढविकाइयभंगो । णवरि सत्तण्णं क० उक्क० सव्वलो० ।

१७८. ओरालियका० सत्तण्णं क० उक्क० छच्चोद्दस० । अणु० सव्वलो० । आयु०खेत्तभंगो । ओरालियमि० अट्ठण्णं क० उक्क० लोग० असंखे० । अणु० सव्वलो० । वेउव्वियका० सत्तण्णं क० उक्क० अणु० अट्ठतेरह[1]० । आयु० उक्क० अणु० अट्ठ-

१७७. पृथिवीकायिक, जलकायिक, अग्निकायिक और इनके बादर जीवोंमें सात कर्मोंकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है । अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंने सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है । आयुकर्मका भङ्ग क्षेत्रके समान है । बादर पृथिवीकायिक अपर्याप्त, बादर जलकायिक अपर्याप्त और बादर अग्निकायिक अपर्याप्त जीवोंमें सात कर्मोंकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंने सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है । आयुकर्मका भङ्ग क्षेत्रके समान है । बादर वनस्पतिकायिक प्रत्येक शरीर जीवोंमें आठों कर्मोंकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका स्पर्शन बादर पृथिवीकायिकके समान है । वायुकायिक जीवोंमें आठों कर्मोंकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका स्पर्शन पृथिवीकायिकके समान है । इतनी विशेषता है कि जहाँ लोकका असंख्यातवाँ भाग कहा है वहाँ लोकका संख्यातवाँ भाग लेना चाहिए । वनस्पतिकायिक और निगोद जीवोंमें आठों कर्मोंकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका स्पर्शन पृथ्वीकायिकोंके समान है । इतनी विशेषता है कि सात कर्मोंकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंने सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है ।

विशेषार्थ—यहाँ पृथिवीकायिक आदि जीवोंमें सात कर्मोंकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण स्पर्शन वर्तमान कालकी अपेक्षासे कहा है । शेष स्पर्शन यहाँ कही गईं मार्गणाओंके स्पर्शनका ध्यान रखकर जान लेना चाहिए ।

१७८. औदारिक काययोगी जीवोंमें सात कर्मोंकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंने कुछ कम छह बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है । अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंने सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है । आयुकर्मका भङ्ग क्षेत्रके समान है । औदारिकमिश्रकाययोगवाले जीवोंमें आठ कर्मोंकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंने लोकके असंख्यातवें भाग क्षेत्रका स्पर्शन किया है । अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंने सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है । वैक्रियिककाययोगवाले जीवोंमें सात कर्मोंकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजु और कुछ कम तेरह बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है । आयुकर्मकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है ।

---

१. मूलप्रतौ –तेरह० । आयु० उक्क० अणु० अट्ठतेरह०, आउ० इति पाठः ।

चोद्दस० । वेउव्वियमि०-आहार०-आहारमि०-अवगद०-मणपज्ज०-संजदा-सामाइ०-छेदो०-परिहार०-सुहुमसंप० खेत्तभंगो । कम्मइ०-अणाहार० सत्तण्णं क० उक्क० बारहचोद्दस० । अणु० सव्वलोगो ।

१७६. आभि०-सुद०-ओधि० सत्तण्णं क० उक्क० अणु० अट्ठचोद्दस० । आयु० उक्क० खेत्तभंगो। अणु० अट्ठ० । एवं ओधिदं०-सम्मादि०-खइग०-वेदगस०-उवसमस० ।

१८०. संजदासंजद० सत्तण्णं कम्माणं उक्क० खेत्त० । अणु० छच्चोद्दस० । आयु० उक्क० अणु० खेत्तभंगो ।

१८१. णील०-काउ सत्तण्णं क० उक्क० चत्तारि-बे-चोद्दस० । अणु० सव्वलो०,

---

वैक्रियिक मिश्रकाययोगवाले, आहारककाययोगवाले आहारकमिश्रकाययोगवाले, अपगतवेदी, मनःपर्ययज्ञानी, संयत, सामायिकसंयत, छेदोपस्थापनासंयत, परिहारविशुद्धिसंयत और सूक्ष्मसाम्परायसंयत जीवोंमें आठ कर्मोंकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिका वन्ध करनेवाले जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। कार्मणकाययोगवाले और अनाहारक जीवोंमें सात कर्मोंकी उत्कृष्ट स्थितिका वन्ध करनेवाले जीवोंने कुछ कम बारह बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अनुत्कृष्ट स्थितिका वन्ध करनेवाले जीवोंने सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है।

विशेषार्थ—सात कर्मोंकी उत्कृष्ट स्थितिका वन्ध करनेवाले औदारिक काययोगी जीव नीचे सातवीं पृथिवी तक मारणान्तिक समुद्घात करते हैं इसलिए इनका कुछ कम छह बटे चौदह राजु प्रमाण स्पर्शन कहा है। औदारिकमिश्रकाययोगमें आठों कर्मोंकी उत्कृष्ट स्थितिका वन्ध उक्त योगवाले सब जीवोंके न होकर कतिपय जीवोंके ही होता है। जिनका कुल स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाणसे अधिक नहीं होता इसलिए इनका उक्त प्रमाण स्पर्शन कहा है। मारणान्तिक समुद्घातमें आयुवन्ध नहीं होता इसलिए वैक्रियिककाययोगमें आयुकर्मकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिका वन्ध करनेवाले जीवोंका स्पर्शन केवल कुछ कम आठ बटे चौदह राजुप्रमाण कहा है।

१७९. आभिनिवोधिकज्ञानी, श्रुतज्ञानी और अवधिज्ञानी जीवोंमें सात कर्मोंकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिका वन्ध करनेवाले जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। आयुकर्मकी उत्कृष्ट स्थितिका वन्ध करनेवाले जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। अनुत्कृष्ट स्थितिका वन्ध करनेवाले जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। इसी प्रकार अवधिदर्शनी, सम्यग्दृष्टि, क्षायिक सम्यग्दृष्टि, वेदक-सम्यग्दृष्टि और उपशमसम्यग्दृष्टि जीवोंमें स्पर्शन जानना चाहिए।

विशेषार्थ—उक्त मार्गणाओंमें कुछ कम आठ बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन यथासम्भव विहारवत्स्वस्थान आदि पदोंकी अपेक्षा होता है। शेष कथन सुगम है।

१८०. संयतासंयतोंमें सात कर्मोंकी उत्कृष्ट स्थितिका वन्ध करनेवाले जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। अनुत्कृष्ट स्थितिका वन्ध करनेवाले जीवोंने कुछ कम छह बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। आयुकर्मकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिका वन्ध करनेवाले जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है।

विशेषार्थ—संयतासंयतोंका मारणान्तिक समुद्घातकी अपेक्षा कुछ कम छह बटे चौदह राजुप्रमाण स्पर्शन होता है।

१८१. नीललेश्यावाले और कापोत लेश्यावाले जीवोंमें सात कर्मोंकी उत्कृष्ट स्थितिका वन्ध करनेवाले जीवोंने क्रमसे कुछ कम चार बटे चौदह राजु और कुछ कम दो बटे चौदह

आयु० ओघं । तेउ०-पम्म०-सुक्कले० सत्तण्णं क० उक्क० अणु० अट्ठ-णवचोद्दस० अट्ठचोद्दस० छच्चोद्दस० । आयु० उक्क० खेत्त० । अणु० अट्ठ० अट्ठचोद्दस० छच्चोद्दस० ।

१८२. सासण० सत्तण्णं क० उक्क० अणु० अट्ठ-बारह० । आयु० उक्क० खेत्त-भंगो । अणु० अट्ठचोद्दस० । सम्मामि० सत्तण्णं क० उक्क० अणु० अट्ठचोद्दस० । असण्णि० खेत्त० । एवं उक्कस्सफोसणं समत्तं ।

राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंने सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। आयुकर्मकी अपेक्षा स्पर्शन ओघके समान है। पीतलेश्यावाले, पद्मलेश्यावाले और शुक्ललेश्यावाले जीवोंमें सात कर्मोंकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंने पीतलेश्याकी अपेक्षा कुछ कम आठ बटे चौदह राजु व कुछ कम नौ बटे चौदह राजु क्षेत्रका, पद्मलेश्याकी अपेक्षा कुछ कम आठ बटे चौदह राजु क्षेत्रका और शुक्ललेश्याकी अपेक्षा कुछ कम छह बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। आयुकर्मकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंने क्रमसे कुछ कम आठ बटे चौदह राजु, कुछ कम आठ बटे चौदह राजु और कुछ कम छह बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है।

विशेषार्थ—पाँचवीं पृथिवी यहाँसे कुछ कम चार राजु और तीसरी पृथिवी कुछ कम दो राजु है। इसी बातको ध्यानमें रखकर नील और कापोतलेश्यामें क्रमसे उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका कुछ कम चार राजु और कुछ कम दो राजु स्पर्शन कहा है। यह स्पर्शन मारणान्तिक समुद्धातकी अपेक्षा उपलब्ध होता है। शेष कथन स्पष्ट है। इतनी विशेषता है कि पीतलेश्यामें आयुकर्मकी अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका स्पर्शन कुछ कम आठ बटे चौदह राजु होता है। कारण कि मारणान्तिक समुद्धातके समय आयुबन्ध नहीं होता इसलिए यहाँ कुछ कम नौ बटे चौदह राजु स्पर्शन उपलब्ध नहीं होता।

१८२. सासादन सम्यग्दृष्टियोंमें सात कर्मोंकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजु और कुछ कम बारह बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। आयुकर्मकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। सम्यग्मिथ्यादृष्टि जीवोंमें सात कर्मोंकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। असंज्ञियोंमें आठों कर्मोंकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है।

विशेषार्थ—सासादनमें विहारवत्स्वस्थान आदिकी अपेक्षा कुछ कम आठ बटे चौदह राजु और मारणान्तिक समुद्धातकी अपेक्षा कुछ बारह बटे चौदह राजु स्पर्शन होता है। आयुका बन्ध होते समय मारणान्तिक समुद्धात नहीं होता। इन बातोंको ध्यानमें रखकर सासादनमें उक्त स्पर्शन कहा है। शेष कथन स्पष्ट ही है।

इस प्रकार उत्कृष्ट स्पर्शन समाप्त हुआ।

१८३. जहण्णगे पगदं । दुविधो णिद्देसो—ओघेण आदेसेण य । तत्थ ओघेण अट्ठण्णं क० जह० अज० खेत्तभंगो । एवं पढमपुढवि०-तिरिक्ख-सव्वएइंदिय-पुढवि०-आउ०-तेउ०-वाउ० तेसिं बादर-बादरअपज्जत्ता० सव्ववणप्फदि-णिगोद०-सव्वसुहुम० कायजो०-ओरालियका०-ओरालियमि०-वेउव्वियमि०-आहार०-आहारमि०-कम्मइय० णवुंस०-अवगदवे०-कोधादि०४-मदि०-सुद०-मणपज्जव०-संजद-सामाइ०-छेदो०-परिहार०-सुहुमसं०-असंजद०-अचक्खुदं०-किण्ण०-णील०-काउ०-भवसि०-अब्भवसि०-मिच्छादि०-असण्णि-आहार०-अणाहारग त्ति ।

१८४. आदेसेण णेरइएसु सत्तण्णं कम्माणं जह० खेत्तभंगो । अज० अणुक्कस्सभंगो । आयु० खेत्तभंगो । विदियाए याव सत्तमा त्ति सत्तण्णं क० जह० खेत्त० । अज० अणु०भंगो । आयु० खेत्त० ।

---

१८३. अब जघन्य स्पर्शनका प्रकरण है । इसकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश । उनमेंसे ओघकी अपेक्षा आठ कर्मोंकी जघन्य और अजघन्य स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका स्पर्शन क्षेत्र के समान है । इसी प्रकार पहली पृथ्वी, तिर्यञ्च, सब एकेन्द्रिय, पृथिवीकायिक, जलकायिक, अग्निकायिक, वायुकायिक तथा इन पृथिवी आदिके, बादर और बादर अपर्याप्त, सब वनस्पति, सब निगोद, सब सूक्ष्मकायिक, काययोगी, औदारिककाययोगी, औदारिकमिश्रकाययोगी, वैक्रियिकमिश्रकाययोगी, आहारककाययोगी, आहारकमिश्रकाययोगी, कार्मणकाययोगी, नपुंसकवेदी, अपगतवेदी, क्रोधादि चार कषायवाले, मत्यज्ञानी, श्रुताज्ञानी, मनःपर्ययज्ञानी, संयत, सामायिकसंयत, छेदोपस्थापनासंयत, परिहारविशुद्धिसंयत, सूक्ष्मसाम्परायसंयत, असंयत, अचक्षुदर्शनी, कृष्णलेश्यावाले, नील लेश्यावाले, भव्य, अभव्य, मिथ्यादृष्टि, असंज्ञी, आहारक और अनाहारक जीवोंमें आठों कर्मोंकी जघन्य और अजघन्य स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका स्पर्शन जानना चाहिए ।

विशेषार्थ—सात कर्मोंकी जघन्य स्थितिका बन्ध क्षपक श्रेणिमें होता है और इनका स्पर्शन क्षेत्रके समान ही है, क्योंकि इन जीवोंने त्रिकालमें लोकके असंख्यातवें भागसे अधिक क्षेत्रका स्पर्शन नहीं किया । तथा सात कर्मोंकी अजघन्य और आयुकर्मकी जघन्य व अजघन्य स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान सब लोक है यह स्पष्ट ही है, क्योंकि एकेन्द्रिय आदि सब जीवोंके ये स्थितियाँ यथायोग्य उपलब्ध होती हैं । यहाँ पहली पृथिवी आदि अन्य मार्गणाओंमें स्पर्शन प्ररूपणा इसी प्रकार जानना चाहिए यह कहा है सो इस कथनका यह तात्पर्य है कि जिस प्रकार ओघ स्पर्शन अपने क्षेत्रके समान है उसी प्रकार पहली पृथिवी आदि मार्गणाओंमें प्राप्त होनेवाला स्पर्शन अपने अपने क्षेत्रके समान है । उदाहरणार्थ पहली पृथिवीमें आठों कर्मोंकी जघन्य और अजघन्य स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका क्षेत्र लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण है । यहाँ प्राप्त होनेवाला स्पर्शन भी इसी प्रकार जानना चाहिए ।

१८४. आदेशसे नारकियोंमें सात कर्मोंकी जघन्य स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है । अजघन्यस्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका स्पर्शन अनुत्कृष्टके समान है । आयुकर्मका भङ्ग क्षेत्रके समान है । दूसरी पृथिवीसे लेकर सातवीं पृथिवी तकके नारकियोंमें सात कर्मोंकी जघन्य स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है । अजघन्य स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका स्पर्शन अनुत्कृष्टके समान है । आयुकर्मका भङ्ग क्षेत्रके समान है ।

१८५. पंचिंदियतिरिक्ख०४-सव्वमणुस-सव्वदेव-सव्वविगलिंदिय-सव्वपंचिंदिय-तस-बादरपुढवि०-आउ-तेउ०-वाउ०-पज्जत्ता० बादरवणप्फदिपत्तेय० तस्सेव पज्जत्ता-पज्जत्त० पंचमण०-पंचवचि०-इत्थि०-पुरिस०-विभंग०-आभि०-सुद०-ओधि०-संजदा-संजद-चक्खुदं०-ओधिदं०-तेउ०-पम्मले०-सुक्कले०--सम्मादि०-खइग०--वेदगस०-उवस-मस०-सण्णि त्ति एदेसिं सव्वेसिं सत्तण्णं क० जह० खेत्त० । अज० अप्पप्पणो अणुक्कस्सफोसणभंगो । णवरि आयु० एसिं जह० ट्ठिदिबं० खुद्दाभवग्गहणं तेसिं जह० खेत्तभंगो । अज० अणु०भंगो । सेसाणं उक्कस्सभंगो । णवरि जोदिसियादिउवरि-मदेवाणं सत्तण्णं क० जह० सव्वदेवाणं आयु० जहण्णयस्स च विहारवदिफोसणं कादव्वं ।

विशेषार्थ—जो असंज्ञी जीव नरकमें उत्पन्न होते हैं उन्हींके जघन्य स्थितिबन्ध सम्भव है। इसीसे नरकमें जघन्य स्थितिका बन्ध करनेवालोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान कहा है। कारण कि ये प्रथम नरकमें ही उत्पन्न होते हैं अतः इनका स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भाग-प्रमाण ही होता है। इनके सिवा शेष सब नारकियोंके अजघन्य स्थितिबन्ध होता है। यही कारण है कि अजघन्य स्थितिका बन्ध करनेवाले नारकी जीवोंका स्पर्शन अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंके समान कुछ कम छह बटे चौदह राजु कहा है। यह सामान्य नारकियोंके स्पर्शनका विचार है। इसी प्रकार दूसरी पृथिवीसे लेकर प्रत्येक पृथिवीके नारकियोंके स्पर्शनका विचार कर लेना चाहिए। मात्र प्रत्येक पृथिवीमें अजघन्य स्थितिका बन्ध करनेवाले नारकियोंका स्पर्शन अपने अपने अनुत्कृष्टके समान प्रत्येक पृथिवीके स्पर्शनके अनुसार कथन करना चाहिए।

१८५. पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च चतुष्क, सब मनुष्य, सब देव, सब विकलेन्द्रिय, सब पञ्चेन्द्रिय, सब त्रस, बादर पृथिवीकायिकपर्याप्त, बादरजलकायिकपर्याप्त, बादरअग्निकायिकपर्याप्त, बादरवायुकायिक पर्याप्त, बादरवनस्पतिकायिक प्रत्येक शरीर और इन्हींके पर्याप्त-अपर्याप्त, पाँचों मनोयोगी, पाँचों वचनयोगी, स्त्रीवेदी, पुरुषवेदी, विभङ्गज्ञानी, आभिनिबोधिकज्ञानी, श्रुतज्ञानी, अवधिज्ञानी, संयतासंयत, चक्षुदर्शनी, अवधिदर्शनी, पीतलेश्यावाले,, पद्मलेश्यावाले, शुक्ललेश्यावाले, सम्यग्दृष्टि, क्षायिकसम्यग्दृष्टि, वेदकसम्यग्दृष्टि, उपशमसम्यग्दृष्टि और संज्ञी इन सब जीवोंमें सात कर्मोंकी जघन्य स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। अजघन्य स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका स्पर्शन अपने अपने अनुत्कृष्ट स्पर्शनके समान है। इतनी विशेषता है कि इनमें जिनके आयुकर्मका जघन्य स्थितिबन्ध क्षुद्रक भवग्रहण प्रमाण होता है उनके जघन्य स्थितिकी अपेक्षा स्पर्शन क्षेत्रके समान है। तथा अजघन्य स्थितिकी अपेक्षा स्पर्शन अनुत्कृष्टके समान है। शेष सब जीवोंके आयुकर्मकी अपेक्षा स्पर्शन उत्कृष्टके समान है। इतनी विशेषता है कि ज्योतिषियोंसे लेकर ऊपरके देवोंके सात कर्मोंके जघन्य स्थितिबन्धका और सब देवोंके आयु कर्मके जघन्य स्थितिबन्धका विहारवत् स्वस्थान पदके समान स्पर्शन जानना चाहिए।

विशेषार्थ—भवनवासी और व्यन्तर देवोंमें सात कर्मोंका जघन्य स्थितिबन्ध उत्पत्तिके प्रथम और द्वितीय समयमें उपलब्ध होता है, क्योंकि इनमें असंज्ञी जीव मरकर उत्पन्न होते हैं। इसलिए इन दो प्रकारके देवोंको छोड़कर ज्योतिषियोंसे लेकर शेष सब देवोंके सात कर्मोंकी जघन्य स्थितिका बन्ध और सब देवोंके आयुकर्मकी जघन्य स्थितिका बन्ध विहार

१८६. वेउव्वियका० सत्तण्णं क० जह० अट्ठचोद्दस० । अज० अट्ठ-तेरह० । आयु० जह० अज० अट्ठचोद्दस० । सासण० सत्तण्णं क० जह० अज० अट्ठ-बारह० । आयु० जह० अट्ठचोद्दस० । सम्मामिच्छादि० सत्तण्णं क० जह० अज० अट्ठ-चोद्दस० । एवं फोसणं समत्तं ।

कालपरूवणा

१८७. कालं दुविधं—जहण्णयं उक्कस्सयं च । उक्कस्सए पगदं । दुविधो णिद्देसो—ओघेण आदेसेण य । तत्थ ओघेण सत्तण्णं क० उक्क० ट्ठिदिबं० केवचि० ? जह० एगस०, उक्क० पलिदोव०असंखे० । अणुक्क० ट्ठिदिबं० केवचि० ? सव्वद्धा ।

वत्स्वस्थानमें सम्भव होनेसे इनकी अपेक्षा जहाँ विहारवत्स्वस्थानकी अपेक्षा जो स्पर्शन हो उतना स्पर्शन होता है । इसी बातको ध्यानमें रखकर मूलमें इस स्पर्शनका विशेष रूपसे अलगसे उल्लेख किया है । शेष सब मार्गणाओंके सम्बन्धमें जहाँ जो विशेष बात कही है उसे ध्यानमें रखकर स्पर्शन प्राप्त कर लेना चाहिए ।

१८६. वैक्रियिककाययोगवाले जीवोंमें सात कर्मोंकी जघन्य स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है । अजघन्य स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजु और कुछ कम तेरह बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है । आयु कर्मकी जघन्य और अजघन्य स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है । सासादन सम्यग्दृष्टि जीवोंमें सात कर्मोंकी जघन्य और अजघन्य स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजु और कुछ कम बारह बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है । आयुकर्मकी जघन्य और अजघन्य स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंने कुछकम आठ बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है । सम्यग्मिथ्यादृष्टि जीवोंमें सात कर्मोंकी जघन्य और अजघन्य स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है ।

विशेषार्थ—वैक्रियिककाययोगमें कुछ कम तेरह बटे चौदह राजु स्पर्शन मारणान्तिक समुद्घातकी अपेक्षा उपलब्ध होता है । यहां इस अवस्थामें सात कर्मोंकी जघन्य स्थितिका व आयुकर्मका बन्ध नहीं होता अतः इस अपेक्षासे उक्त मार्गणामें यह स्पर्शन नहीं कहा है । किन्तु सासादनमें मारणान्तिक समुद्घातके समय भी सात कर्मोंका जघन्य स्थितिबन्ध सम्भव है, इसलिए इसमें सात कर्मोंकी जघन्य और अजघन्य स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका स्पर्शन कुछ कम आठ बटे चौदह राजु और कुछ कम बारह बटे चौदह राज कहा है । मात्र मारणान्तिक समुद्घातके समय यहां आयुकर्मका बन्ध नहीं होता, इसलिए इस अपेक्षासे कुछ कम आठ बटे चौदह राजुप्रमाण ही स्पर्शन कहा है । शेष कथन स्पष्ट ही है ।

इस प्रकार स्पर्शन समाप्त हुआ ।

कालप्ररूपणा

१८७. काल दो प्रकारका है-जघन्य और उत्कृष्ट । उत्कृष्टका प्रकरण है । उसकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश । उसमें से ओघकी अपेक्षा सात कर्मोंकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका कितना काल है ? जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण है । अनुत्कृष्टस्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका कितना

आयु० उक्क० जह० एग०, उक्क० आवलियाए असंखेज्जदि० । अणु० सव्वद्धा । एवं ओघभंगो तिरिक्खोघं पुढवि-आउ०-तेउ०-वाउ०-बादरवणप्फदिपत्ते०-कायजोगि-ओरालियका०-ओरालियमि०-कम्मइग०-णवुंस०-कोधादि०४-मदि०-सुद०-असंजद०-अचक्खु०-किण्ण०-णील०-काउ०-भवसि०-अब्भवसि०-मिच्छादि०-असण्णि-आहार-अणाहारग त्ति । णवरि कम्मइ०-अणाहार० सत्तण्णं क० उक्क० जह० एग०, उक्क० आवलियाए असंखेज्जदिभागो ।

१८८. आदेसेण णेरइएसु सत्तण्णं कम्माणं मूलोघो । आयु० उक्कस्स० ओघभंगो । अणु० जह० अंतो०, उक्क० पलिदो० असंखे० । एवं सव्वणिरय-सव्वपंचिंदियतिरिक्ख० देवा याव सहस्सार त्ति सव्वविगलिंदिय-सव्वपंचिंदिय-तस-बादरपुढवि०-आउ०-तेउ०-वाउ०पज्जत्ता० बादरवणप्फदिपत्तेय०पज्जत्ता० पंचमण०-पंचवचि०-

काल है ? सब काल है । आयुकर्मकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल आवलिके असंख्यातवें भाग प्रमाण है । अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका सब काल है । इसी प्रकार ओघके समान सामान्य तिर्यञ्च, पृथिवी कायिक, जलकायिक, अग्निकायिक, वायुकायिक, बादरवनस्पतिकायिक प्रत्येक शरीर, काययोगी, औदारिककाययोगी, औदारिकमिश्रकाययोगी, कार्मणकाययोगी, नपुंसकवेदी, क्रोधादि चार कषायवाले, मत्यज्ञानी, श्रुताज्ञानी, असंयत, अचक्षुदर्शनी, कृष्णलेश्यावाले, नीललेश्यावाले, कापोत लेश्यावाले, भव्य, अभव्य, मिथ्यादृष्टि, असंज्ञी, आहारक और अनाहारक जीवोंमें काल जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि कार्मणकाययोगी और अनाहारक जीवोंमें सात कर्मोंकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल आवलिके असंख्यातवें भाग प्रमाण है ।

विशेषार्थ—एक जीवकी अपेक्षा कालका विचार पहले कर आये हैं । यहाँ नाना जीवोंकी अपेक्षा कालका विचार किया गया है । आशय यह है कि नाना जीव अन्तरके बिना आठों कर्मोंकी जघन्य और उत्कृष्ट स्थितिका कमसे कम कितने काल तक और अधिकसे अधिक कितने काल तक बन्ध करते रहते हैं इसी बातका इस अनुयोगद्वारमें निर्देश किया है। यहाँ अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका सब काल है यह तो स्पष्ट ही है, क्योंकि ओघसे अनन्तानन्त जीव और यहाँ गिनाई गई मार्गणाओंमेंसे प्रत्येक मार्गणावाले यथासम्भव अनन्त या असंख्यात जीव प्रति समय आठों कर्मोंकी उत्कृष्टके सिवा किसी न किसी स्थितिका अवश्य बन्ध करते हैं । उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध काल मूलमें निर्दिष्ट किया ही है । इसका आशय यह है कि जिस स्थितिका जघन्य या उत्कृष्ट जो काल कहा है उतने काल तक किसी न किसी जीवके उस स्थितिका निरन्तर बन्ध होता रहता है । आगे अन्तरकाल आ जाता है ।

१८८. आदेशसे नारकियोंमें सात कर्मोंकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका काल मूलोघके समान है । आयुकर्मके उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका काल ओघके समान है । अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण है । इसी प्रकार सब नारकी, सब पञ्चेन्द्रियतिर्यञ्च, देव, सहस्रार कल्पतकके देव, सब विकलेन्द्रिय, सब पञ्चेन्द्रिय, सब त्रस, बादर पृथिवीकायिकपर्याप्त, बादरजलकायिकपर्याप्त, बादर अग्निकायिकपर्याप्त, बादर वायुकायिकपर्याप्त, बादर वनस्पति प्रत्येक

वेउव्विय०-इत्थि०-पुरिस०-विभंग०-चक्खुदं०-तेउ०-पम्म०-सण्णि त्ति। णवरि पंच-मण०-पंचवचि०-वेउव्वियका० आयु० अणु० जह० एग०।

१८९. मणुसेसु सत्तण्णं क० उक्क० जह० एग०, उक्क० अंतो०। अणु० सव्वद्धा। आयु० उक्क० जह० एग०, उक्क० संखेज्जसम०। अणु० णिरयभंगो। मणुसपज्जत्त-मणुसिणीसु सत्तण्णं क० मणुसोघं। आयु० उक्क० जह० एग०, उक्क० संखेज्जसम०। अणु० जह० उक्क० अंतो०। एवं सव्वट्ठे। मणुसअपज्ज० सत्तण्णं क० उक्क० अणु० जह० एग०, उक्क० पलिदो० असंखे०। आयु० णिरयभंगो।

शरीर पर्याप्त, पाँचों मनोयोगी, पाँचों वचनयोगी, वैक्रियिक काययोगी, स्त्रीवेदी, पुरुषवेदी, विभंगज्ञानी, चक्षुदर्शनी, पीतलेश्यावाले, पद्मलेश्यावाले और संज्ञी जीवोंमें स्पर्शन जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि पाँच मनोयोगी, पाँच वचनयोगी और वैक्रियिककाययोगी जीवोंमें आयुकर्मकी अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्य काल एक समय है।

विशेषार्थ—नरकमें सब जीवराशि असंख्यात है और आयुकर्मका बन्ध प्रत्येक जीवके अन्य कर्मके समान सर्वदा होता नहीं, इस लिए वहाँ आयुकर्मकी अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका सर्वदा काल न होकर वह जघन्य अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण होता है ऐसा यहाँ समझना चाहिए। तथा पाँच मनोयोग, पाँच वचनयोग और वैक्रियिककाययोग इनमेंसे प्रत्येक योगका जघन्य काल एक समय होनेसे इन योगोंमें आयुकर्मकी अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्य काल एक समय बन जाता है। शेष कथन सुगम है।

१८९. मनुष्योंमें सात कर्मोंकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका सब काल है। आयुकर्मकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल संख्यात समय है। अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका काल नारकियोंके समान है। मनुष्य पर्याप्त और मनुष्यिनियोंमें सात कर्मोंकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका काल सामान्य मनुष्योंके समान है। आयुकर्मकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल संख्यात समय है। अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। इसी प्रकार सर्वार्थसिद्धिमें जानना चाहिए। मनुष्य अपर्याप्तकोंमें सात कर्मोंकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण है। आयुकर्मका भङ्ग नारकियोंके समान है।

विशेषार्थ—मनुष्योंमें सात कर्मोंकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध पर्याप्त अवस्थाके होने पर ही होता है और पर्याप्त मनुष्य संख्यात है। यही कारण है कि मनुष्योंमें सात कर्मोंकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त कहा है। सात कर्मोंकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध कमसे कम एक समय तक होता है इसलिए जघन्य काल एक समय कहा है तथा एक जीवकी अपेक्षा उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। अब मान लो संख्यात मनुष्य एकके बाद एक उत्कृष्ट स्थितिबन्धका प्रारम्भ करते हैं तो उस सब कालका जोड़ अन्तर्मुहूर्त ही होगा। इसलिए उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त कहा है। यतः

१६०. आणद याव अवराजिदा त्ति सत्तण्णं कम्माणं ओघं। आयु० मणुसिभंगो। एवं सुक्ले०-खइग०।

१६१. सव्वएइंदिय-बादरपुढवि०-आउ०-तेउ०-वाउ०-बादरवणप्फदिपत्तेय० अपज्जत्ता तेसिं चेव सव्वसुहुम० सव्ववणप्फदि-णिगोदाणं च सत्तण्णं क० उक्क० अणु०

मनुष्यगति मार्गणाके जीव निरन्तर उपलब्ध होते हैं अतः इनमें अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध सर्वदा पाये जानेके कारण इसका काल सर्वदा कहा है। आयुकर्मकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध एक समय तक होता है, इसलिए यदि कोई एक मनुष्य प्रथम समयमें आयुकर्मका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध करता है और द्वितीयादि समयोंमें कोई आयुकर्मका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध नहीं करता तो मनुष्योंमें आयुकर्मके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका एक समय काल उपलब्ध होता है और यदि संख्यात समय तक निरन्तर संख्यात मनुष्य आयुकर्मका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध करते रहते हैं तो आयुकर्मके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका संख्यात समय काल उपलब्ध होता है। यहाँ आयुकर्मके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका इससे अधिक काल उपलब्ध नहीं होता, क्योंकि पर्याप्त मनुष्य ही उत्कृष्ट आयुका बन्ध करते हैं और वे संख्यात होते हैं। यही कारण है कि सामान्य मनुष्योंमें आयुकर्मके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त कहा है। आयुकर्मके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है यह तो स्पष्ट ही है, क्योंकि एक बारमें एक जीवके आयुकर्मका बन्ध अन्तर्मुहूर्त काल तक होता रहता है। तथा उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण है, क्योंकि निरन्तर इतने काल तक नाना जीव आयुबन्ध कर सकते हैं। इसमें लब्ध्यपर्याप्त जीवोंकी प्रधानता होनेसे यह काल उपलब्ध होता है। यही कारण है कि मनुष्योंमें आयुकर्मके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण कहा है। यह सामान्य मनुष्योंकी अपेक्षा काल घटित करके बतलाया है। मनुष्योंके शेष भेदोंमें इस कालको ध्यानमें रखकर कालका विचार कर लेना चाहिए। सर्वार्थसिद्धिके देव संख्यात होते हैं इसलिए उनमें मनुष्यिनियोंके समान आठों कर्मोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धकी अपेक्षा काल उपलब्ध होता है यह स्पष्ट ही है।

१९०. आनत कल्पसे लेकर अपराजित विमान तकके देवोंमें सात कर्मोंकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका काल ओघके समान है। आयु कर्मका भंग मनुष्यिनियोंके समान है। इसी प्रकार शुक्ललेश्यावाले और क्षायिक सम्यग्दृष्टियोंमें काल जानना चाहिए।

विशेषार्थ—इन मार्गणाओंमें लगातार आयुकर्मकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीव संख्यात ही होते हैं इसलिए इनमें आयु कर्मका भङ्ग मनुष्यिनियोंके समान कहा है। मनुष्यपर्याप्तकोंके समान न कहकर मनुष्यिनियोंके समान कहनेका कारण यह है कि मनुष्य पर्याप्तकोंसे मनुष्यिनियोंकी संख्या तिगुनी होती है जिससे उत्कृष्ट काल अधिक उपलब्ध होता है।

१६१. सब एकेन्द्रिय, बादर पृथिवीकायिक, बादर जलकायिक, बादर अग्निकायिक, बादर वायुकायिक, बादर वनस्पतिकायिक प्रत्येक शरीर तथा इनके अपर्याप्त और इन्हींके सब सूक्ष्म, सब वनस्पतिकायिक और सब निगोद जीवोंमें सात कर्मोंकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका सब काल है। आयु कर्मकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध

सव्वद्धा। आयु० उक्क० जह० एग०, उक्क० आवलि० असंखे०। अणु० सव्वद्धा।

१९२. वेउव्वियमि० सत्तण्णं कम्माणं उक्क० अणु० ट्ठिदिबं० कालो जह० अंतो०, उक्क० पलिदो० असंखे०। आहारका० सत्तण्णं क० उक्क० अणु० जह० एग०, उक्क० अंतो०। आयु० उक्क० जह० एग०, उक्क० संखेज्जसमया। अणु० जह० एग०, उक्क० अंतो०। आहारमि० सत्तण्णं क० उक्क० अणु० जह० उक्क० अंतो०। आयु० उक्क० अणु० जह० एग०, उक्क० संखेज्जसम० अंतो०। अवगदवे० सुहुम० सत्तण्णं क० छण्णं क० उक्क० अणु० जह० एग०, उक्क० अंतो०।

१९३. आभि०-सुद०-ओधि० सत्तण्णं क० उक्क० जह० अंतो०, उक्क० पलिदो० असंखे०। अणु० सव्वद्धा। आयु० उक्क० जह० एग०, उक्क० संखेज्ज०। अणु० णिरयभंगो। एवं ओधिदं०-सम्मादि०-वेदग०।

१९४. मणपज्ज० सत्तण्णं क० उक्क० जह० उक्क० अंतो०। अणु० सव्वद्धा। आयु० मणुसिभंगो। एवं संजद-सामाइ०-छेदो०-परिहार०। संजदासंजदा० अट्ठण्णं

करनेवाले जीवोंका काल एक समय है और उत्कृष्ट काल आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण है। अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका सब काल है।

१९२. वैक्रियिकमिश्रकाययोगवाले जीवोंमें सात कर्मोंकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण है। आहारककाययोगवाले जीवोंमें सात कर्मोंकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। आयुकर्मकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल संख्यात समय है। अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। आहारकमिश्रकाययोगवाले जीवोंमें सात कर्मोंकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। आयुकर्मकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल क्रमसे संख्यात समय और अन्तर्मुहूर्त है। अपगतवेदवाले और सूक्ष्मसाम्परायसंयत जीवोंमें क्रमसे सात और छह कर्मकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है।

१९३. आभिनिबोधिकज्ञानी, श्रुतज्ञानी और अवधिज्ञानी जीवोंमें सात कर्मोंकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण है। अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका काल सर्वदा है। आयुकर्मको उत्कृष्टस्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल संख्यात समय है। तथा अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका काल नारकियोंके समान है। इसी प्रकार अवधिदर्शनी, सम्यग्दृष्टि और वेदकसम्यग्दृष्टि जीवोंमें काल जानना चाहिए।

१९४. मनःपर्ययज्ञानवाले जीवोंमें सात कर्मोंकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका काल सर्वदा है। आयुकर्मका भंग मनुष्यिनियोंके समान है। इसी प्रकार संयत,

कम्माणं ओधिभंगो। उवसम०-सम्मामि० सत्तएणं क० उक्क० अणु० जह० अंतो०, उक्क० पलिदो०। सासण० सत्तएणं क० मणुसअपज्जत्तभंगो। आयु० उक्क० जह० एग०, उक्क० संखेज्जसम०। अणु० देवोघं। एवं उक्कस्सकालं समत्तं।

१६५. जहएणगे पगदं। दुविधो णिद्देसो—ओघेण आसेण य। तत्थ ओघेण सत्तएणं क० जह० ट्ठिदिबंध० जह० उक्क० अंतो०। अज० सव्वद्धा। आयु० जह० अज० सव्वद्धा। एवं ओघभंगो णवुंस०-कोधादि०४-अचक्खु०-भवसि०-आहारग त्ति।

१६६. आदेसेण णेरइएसु सत्तएणं क० जह० जह० एग०, उक्क० आवलि० असंखे०। अज० सव्वद्धा। आयु० उक्कस्सभंगो। एवं पढमाए देव-भवण०-वाणवें०। विदियादि याव सत्तमा त्ति उक्कस्सभंगो।

सामायिकसंयत, छेदोपस्थापनासंयत और परिहारविशुद्धिसंयत जीवोंमें काल जानना चाहिए। संयतासंयत जीवोंमें आठों कर्मोंका भङ्ग अवधिज्ञानियोंके समान है। उपशम सम्यग्दृष्टि और सम्यग्मिथ्यादृष्टि जीवोंमें सात कर्मोंकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण है। सासादन सम्यग्दृष्टियोंमें सात कर्मोंका भङ्ग मनुष्य अपर्याप्तकोंके समान है। आयुकर्मकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल संख्यात समय है। अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका काल सामान्य देवोंके समान है। इस प्रकार उत्कृष्ट काल समाप्त हुआ।

१९५. अब जघन्य कालका प्रकरण है। उसकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। उनमेंसे ओघकी अपेक्षा सात कर्मोंकी जघन्य स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है तथा अजघन्य स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका काल सर्वदा है। आयु कर्मकी जघन्य और अजघन्य स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका काल सर्वदा है। इसी प्रकार ओघके समान नपुंसकवेदी, क्रोधादि चार कषायवाले, अचक्षुदर्शनी, भव्य और आहारक जीवोंके जानना चाहिए।

विशेषार्थ—सात कर्मोंका जघन्य स्थितिबन्ध क्षपकश्रेणिमें होता है, इसलिए इसका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त कहा है। शेष कथन स्पष्ट ही है।

१९६. आदेशसे नारकियोंमें सात कर्मोंकी जघन्य स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण है। अजघन्य स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका सब काल है। आयुकर्मका भङ्ग उत्कृष्टके समान है। इसी प्रकार पहली पृथिवी, सामान्य देव, भवनवासी और व्यन्तर देवोंके जानना चाहिए। दूसरीसे लेकर सातवीं पृथिवीतक सब कर्मोंकी जघन्य और अजघन्य स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका काल उत्कृष्टके समान है।

विशेषार्थ—यदि एक या नाना असंज्ञी जीव मरकर नरकमें एक साथ उत्पन्न होते हैं और वहां तत्प्रायोग्य जघन्य स्थितिका एक समय बन्ध करते हैं तो सात कर्मोंके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय उपलब्ध होता है और आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण कालतक उत्पन्न होते रहते हैं तो इतना काल उपलब्ध होता है। यही कारण है कि नरकमें सात कर्मोंके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण कहा है। प्रथम पृथिवी, सामान्य देव, भवनवासी और

१९७. तिरिक्खेसु अट्ठण्णं क० जह० अज० सव्वद्धा। एवं सव्वएइंदिय-बादरपुढवि०-आउ०-तेउ०-वाउ०अपज्ज० तेसिं च सव्वसुहुम० सव्ववणप्फदि-णिगोद०-बादरवण०पत्तेय०अपज्जत्ता० ओरालियमि०-कम्मइ०-मदि०-सुद०-असंज०-किण्ण०-णील०-काउ०-अब्भवसि०-मिच्छा०-असण्णि-अणाहारग त्ति। पंचिंदिय-तिरिक्ख०४ अट्ठण्णं क० जह० अज० उक्कस्सभंगो।

१९८. मणुसेसु सत्तण्णं क० ओघं। आयु० जह० जह० एग०, उक्क० आवलि० असंखे०। अज० जह० अंतो०, उक्क० पलिदो० असंखे०। एवं मणुस-पज्जत्त-मणुसिणीसु। णवरि आयु० उक्कस्सभंगो। मणुसअपज्ज० सत्तण्णं क० जह० जह० एग०, उक्क० आवलियाए असंखे०। अज० जह० खुद्दाभवग्गहणं बिसमयूणं, उक्क० पलिदो० असंखे०। आयु० उक्कस्सभंगो।

व्यन्तर देवोंमें यह काल इसी प्रकार उपलब्ध होता है, इसलिए इन मार्गणाओंमें यह काल उक्त प्रमाण कहा है। शेष कथन सुगम है।

१९७. तिर्यञ्चोंमें आठों कर्मोंकी जघन्य और अजघन्य स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका काल सर्वदा है। इसी प्रकार सब एकेन्द्रिय, बादर पृथिवीकायिक अपर्याप्त, बादर जलकायिक अपर्याप्त, बादर अग्निकायिक अपर्याप्त, बादर वायुकायिक अपर्याप्त तथा इन्हींके सब सूक्ष्म, सब वनस्पतिकायिक, सब निगोद, बादर वनस्पतिकायिक प्रत्येक शरीर अपर्याप्त, औदारिकमिश्रकाययोगी, कार्मणकाययोगी, मत्यज्ञानी, श्रुताज्ञानी, असंयत, कृष्ण लेश्यावाले, नीललेश्यावाले, कापोतलेश्यावाले, अभव्य, मिथ्यादृष्टि, असंज्ञी और अनाहारक जीवोंके जानना चाहिए। पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च चतुष्कमें आठों कर्मोंकी जघन्य और अजघन्य स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका काल उत्कृष्टके समान है।

विशेषार्थ—तिर्यञ्चोंमें सात कर्मोंकी जघन्य स्थितिका बन्ध एकेन्द्रियोंके होता है और अजघन्य स्थितिका बन्ध यथासम्भव सबके होता है तथा आयुकर्मकी जघन्य स्थितिका बन्ध यथासम्भव सबके होता है और अजघन्य स्थितिका बन्ध भी सबके होता है, इसलिये यहां इनका सब काल बन जाता है। यहां गिनाई गई अन्य मार्गणाओंमें भी इसी प्रकार सब काल घटित कर लेना चाहिए। इतनी विशेषता है कि अनाहारकोंके आयु-कर्मकी स्थितिके बन्धका काल नहीं कहना चाहिए, क्योंकि इनके आयुकर्मका बन्ध नहीं होता। शेष कथन सुगम है।

१९८. मनुष्योंमें सात कर्मोंकी जघन्य और अजघन्य स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका काल ओघके समान है। आयुकर्मकी जघन्य स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण है। अजघन्य स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण है। इसी प्रकार मनुष्य पर्याप्त और मनुष्यिनियोंमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इनमें आयुकर्मका भङ्ग उत्कृष्टके समान है। मनुष्य अपर्याप्तकोंमें सात कर्मोंकी जघन्य स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण है। अजघन्य स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्य काल दो समय कम क्षुद्रक भवग्रहण प्रमाण है और उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण है। तथा आयुकर्मका भङ्ग उत्कृष्टके समान है।

१९९. जोदिसिय याव सव्वट्ठा त्ति उक्कस्सभंगो। सव्वविगलिंदिय-पंचिंदिय-तस०अपज्जत्त-बादरपुढवि०-आउ०-तेउ०-वाउ०पज्जत्ता० बादरवणप्फदिपत्तेय०पज्जत्ताणं च मूलोघं। एवं पुढवि०-आउ०-तेउ०-वाउ० तेसिं बादर० वणप्फदिपत्तेय०। णवरि आयु० ओघं।

२००. पंचिंदिय-तस०२ सत्तण्णं क० मूलोघं। आयु० णिरयभंगो। एवं इत्थि०-पुरिस०-विभंग०-संजदासंजद०-चक्खुदं०-तेउ०-पम्मले०-सण्णि त्ति।

२०१. पंचमण०-पंचवचि० सत्तण्णं क० जह० जह० एग०, उक्क० अंतो०। अज० सव्वद्धा। आयु० उक्कस्सभंगो। कायजोगि-ओरालियका० सत्तण्णं क० मणजोगिभंगो। आयु० मूलोघं। वेउव्वियमि०-आहार०-आहारमि०-मणपज्ज० संजद-सामाइय०-छेदो०-परिहार०-सम्मामि० जह० अज० उक्कस्सभंगो। अवगद०

विशेषार्थ—मनुष्योंमें सात कर्मोंके जघन्य स्थितिबन्धमें क्षपक श्रेणिको प्राप्त मनुष्योंकी मुख्यता है और अजघन्य स्थिति बन्धमें शेष सब मनुष्योंकी मुख्यता है इसलिए यहाँ सात कर्मोंकी जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका ओघके समान काल बन जाता है। आयु-कर्मके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धमें यथासम्भव सब मनुष्योंकी मुख्यता है इसलिए यहाँ आयुकर्मकी जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका मूलमें कहा हुआ काल बन जाता है। मनुष्य पर्याप्त और मनुष्यिनियोंकी संख्या संख्यात होनेसे इनमें आयुकर्मके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका काल उत्कृष्टके समान ही घटित होता है।

१९९. ज्योतिषियोंसे लेकर सर्वार्थसिद्धि तकके देवोंमें जघन्य और अजघन्य स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका काल उत्कृष्टके समान है। सब विकलेन्द्रिय, पञ्चेन्द्रिय अपर्याप्त, त्रस अपर्याप्त, बादर पृथिवीकायिक पर्याप्त, बादर जलकायिक पर्याप्त, बादर अग्निकायिक-पर्याप्त, बादर वायुकायिक पर्याप्त और बादर वनस्पति प्रत्येक शरीर पर्याप्त जीवोंका भङ्ग मूलोघके समान है। इसी प्रकार पृथिवीकायिक, जलकायिक, अग्निकायिक, वायुकायिक और इनके बादर तथा वनस्पतिकायिकप्रत्येकशरीर जीवोंके जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इनमें आयुकर्मका भङ्ग ओघके समान है।

२००. पञ्चेन्द्रिय, पञ्चेन्द्रिय पर्याप्त, त्रस और त्रसपर्याप्त जीवोंमें सात कर्मोंका भङ्ग मूलोघके समान है। आयुकर्मका भङ्ग नारकियोंके समान है, इसी प्रकार स्त्रीवेदी, पुरुषवेदी, विभङ्गज्ञानी, संयतासंयत, चक्षुदर्शनी, पीतलेश्यावाले, पद्मलेश्यावाले और संज्ञी जीवोंके जानना चाहिए।

२०१. पाँचों मनोयोगी और पाँचों वचनयोगी जीवोंमें सात कर्मोंकी जघन्य और अजघन्य स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। अजघन्य स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका काल सर्वदा है। आयुकर्मका भङ्ग उत्कृष्टके समान है। काययोगी और औदारिक काययोगी जीवोंमें सात कर्मोंका भङ्ग मनोयोगियोंके समान है। आयुकर्मका भङ्ग मूलोघके समान है। वैक्रियिकमिश्रकाययोगी आहारककाययोगी, आहारकमिश्रकाययोगी, मनःपर्ययज्ञानी, संयत, सामायिकसंयत, छेदो-पस्थापनासंयत, परिहारविशुद्धिसंयत और सम्यग्मिथ्यादृष्टि जीवोंमें आठों कर्मोंकी जघन्य और अजघन्य स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका काल उत्कृष्टके समान है। अपगतवेदी

सत्तएणं क० सुहुम० छएणं क० जह० मूलोघं। अज० अणु०भंगो।

२०२. आभि०-सुद०-ओधि०-सुक्क०-सम्मा०-खइगसम्मा०-वेदगस० सत्तएणं क० मूलोघं। सुक्काए खइग० आयु० मणुसिभंगो। सेसाणं उक्कस्सभंगो।

२०३. उवसमस० सत्तएणं क० जह० जह० एग०, उक्क० अंतो०। अज० जह० अंतो०, उक्क० पलिदो० असंखे०। सासण० सत्तएणं क० जह० अज० जह० एग०, उक्क० पलिदो० असंखे०। आयु० णिरयभंगो। एवं कालं समत्तं।

अंतरपरूवणा

२०४. अंतरं दुविधं—जहएणयं उक्कस्सयं च। उक्कस्सए पगदं। दुविधो णिद्देसो—ओघेण आदेसेण य। तत्थ ओघेण अट्ठएणं क० उक्कस्सट्ठिदिबंधंतरं जह० एग०, उक्क० अंगुलस्स असंखे० असंखेज्जाओ ओसप्पिणि-उस्सप्पिणीओ। अणु० णत्थि अंतरं। एवं ओघभंगो तिरिक्खोघं पुढवि०-आउ०-तेउ०-वाउ० तेसिं चेव बादर० बादर०वण०पत्तेय० कायजोगि-ओरालियका०-ओरालियमि०-कम्मइ०-णवुंस०-

---

जीवोंमें सात कर्मोंकी और सूक्ष्मसाम्परायिक जीवोंमें छह कर्मोंकी जघन्य स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका काल मूलोघके समान है। अजघन्य स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका काल अनुत्कृष्टके समान है।

२०२. आभिनिबोधिकज्ञानी, श्रुतज्ञानी, अवधिज्ञानी, शुक्ललेश्यावाले, सम्यग्दृष्टि, क्षायिकसम्यग्दृष्टि और वेदकसम्यग्दृष्टि जीवोंमें सात कर्मोंका भङ्ग मूलोघके समान है। शुक्ललेश्यावाले और क्षायिकसम्यग्दृष्टि जीवोंमें आयुकर्मका भङ्ग मनुष्यिनियोंके समान है तथा शेष मार्गणाओंमें आयुकर्मका भङ्ग उत्कृष्टके समान है।

२०३. उपशमसम्यग्दृष्टि जीवोंमें सात कर्मोंकी जघन्य स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। अजघन्य स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण है। सासादन सम्यग्दृष्टि जीवोंमें सात कर्मोंकी जघन्य और अजघन्य स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण है। आयुकर्मका भङ्ग नारकियोंके समान है।

इस प्रकार काल समाप्त हुआ।

अन्तरप्ररूपणा

२०४. अन्तर दो प्रकारका है—जघन्य और उत्कृष्ट। उत्कृष्टका प्रकरण है। उसकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। उनमेंसे ओघकी अपेक्षा आठों कर्मोंकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अङ्गुलके असंख्यातवें भागप्रमाण है जो असंख्यात उत्सर्पिणी और अवसर्पिणीकालके बराबर है। अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका अन्तरकाल नहीं है। इसी प्रकार ओघके समान सामान्य तिर्यञ्च, पृथिवीकायिक, जलकायिक, अग्निकायिक, वायुकायिक और इनके बादर वनस्पतिकायिक प्रत्येक शरीर, काययोगी, औदारिककाययोगी, औदारिकमिश्रकाययोगी,

कोधादि०४-मदि०-सुद०-असंज०-अचक्खु-किण्ण०णील०-काउ०-भवसि०-अभवसि०-मिच्छादि०-असण्णि०-आहाराणाहारग त्ति ।

०५. आदेसेण णेरइएसु सत्तण्णं कम्माणं उक्क० अणु० ट्ठिदिबंधंतरं ओघो । आयु० उक्क० जह० एग०, उक्क० अंगुल० असंखे० असं० ओसप्पि० उस्सप्पि० । अणु० जह० एग०, उक्क० चउवीसं मुहु० अडदालीसं मुहुत्तं पक्खं मासं वे मासं चत्तारि मासं छम्मासं वारसमासं ।

२०६. पंचिंदिय-तिरिक्ख० सत्तण्णं क० ओघं । आयु० उक्क० ओघं ।

कार्मणकाययोगी, नपुंसकवेदी, क्रोधादि चार कषायवाले, मत्यज्ञानी, श्रुताज्ञानी, असंयत, अचक्षुदर्शनी, कृष्णलेश्यावाले, नीललेश्यावाले, कापोतलेश्यावाले, भव्य, अभव्य, मिथ्यादृष्टि, असंज्ञी, आहारक और अनाहारक जीवोंके जानना चाहिए।

विशेषार्थ—यहाँ नाना जीवोंकी अपेक्षा आठों कर्मोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धके अन्तर कालका निरूपण किया गया है। ओघसे सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय और उत्कृष्ट अन्तर अङ्गुलके असंख्यातवें भाग काल प्रमाण है। सो इसका यह अभिप्राय है कि यदि सात कर्मोंका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध न हो तो कमसे कम एक समय तक और अधिकसे अधिक अङ्गुलके असंख्यातवें भागप्रमाण काल तक सात कर्मोंमेंसे प्रत्येक कर्मकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव नहीं होता। परन्तु अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धके लिए यह बात नहीं है। उसका बन्ध करनेवाले सब या बहुत जीव सर्वदा पाये जाते हैं। यह ओघ प्ररूपणा अन्य जिन मार्गणाओंमें सम्भव है उनका निरूपण ओघके समान है ऐसा कहकर यहाँ उनका नाम निर्देश किया है। मात्र इनमेंसे कितनी ही मार्गणाओंमें ओघ उत्कृष्ट स्थितिबन्ध होता है और कितनी ही मार्गणाओंमें आदेश उत्कृष्ट स्थितिबन्ध होता है इतना यहाँ विशेष जानना चाहिए।

२०५. आदेशसे नारकियोंमें सात कर्मोंकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका अन्तर ओघके समान है। आयुकर्मकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अंगुलके असंख्यातवें भागप्रमाण है जो असंख्यात उत्सर्पिणी और अवसर्पिणी कालके बराबर है। अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर क्रमसे चौबीस मुहूर्त, अड़तालीस मुहूर्त, एक पक्ष, एक महिना, दो महिना, चार महिना, छह महिना और बारह महिना है।

विशेषार्थ—नरक सामान्य, और प्रथम पृथिवी आदि सात पृथिवियोंमें आयुकर्मके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तर काल अलग अलग है जो उक्त आठ स्थानोंमें उत्पत्तिके अन्तर कालके समान है। तात्पर्य यह है कि यदि कोई जीव मरकर नरकमें उत्पन्न हो तो कमसे कम एक समय और अधिकसे अधिक बारह मुहूर्त तक नहीं उत्पन्न होता। इसके बाद कोई न कोई जीव किसी न किसी नरकमें अवश्य ही उत्पन्न होता है। इसी प्रकार प्रथमादि पृथिवियोंमें क्रमसे अड़तालीस मुहूर्त आदि काल प्रमाण उत्कृष्ट उत्पत्तिका अन्तर है। जो यह उत्पत्तिका अन्तर है वही अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तर है यह उक्त कथनका तात्पर्य है। शेष कथन सुगम है।

२०६. पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च चतुष्कमें सात कर्मोंका भङ्ग ओघके समान है। आयुकर्मकी

अणु० जह० एग०, उक्क० अंतो०। पज्जत्त-जोणिणीसु चउवीसं मुहुत्तं। अपज्जत्ते अंतो०।

२०७. मणुस०३ सत्तण्णं क० ओघं। आयु० उक्क० ओघं। अणु० णिरय-भंगो। मणुसअपज्ज० पंचिंदियतिरिक्खअपज्जत्तभंगो। णवरि अट्ठण्णं क० अणु० जह० एग०, उक्क० पलिदो० असंखे०।

२०८. देवा० णिरयभंगो। णवरि सव्वट्ठे आयु० अणुक्क० जह० एग०, उक्क० पलिदो० संखेज्ज०।

२०९. सव्वएइंदि०-बादरपुढवि०-आउ०-तेउ०-वाउ०अपज्जत्ता तेसिं चेव सव्व-सुहुम० सव्ववणप्फदि-णिगोद० बादरवण०पत्तेय०अपज्जत्त० सत्तण्णं क० उक्क० अणु० णत्थि अंतरं। आयु० मूलोघं। सव्वविगलिंदिय-सव्वपंचिंदिय-तस० सव्वपंचिंदियतिरिक्खभंगो। बादरपुढवि०-आउ०-तेउ०पज्जत्ता० बादरवणप्फदि-

उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका अन्तर ओघके समान है। अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। पर्याप्त तिर्यञ्च और योगिनी तिर्यञ्चोंमें उत्कृष्ट अन्तर चौवीस मुहूर्त है। तथा अपर्याप्त तिर्यञ्चोंमें अन्तर्मुहूर्त है।

विशेषार्थ—यहां पर्याप्त तिर्यञ्च और योगिनी तिर्यञ्चोंमें चौवीस मुहूर्त आयुकर्मके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तर कहा है। तथा सामान्य और अपर्याप्त तिर्यञ्चोंमें यह अन्तर अन्तर्मुहूर्त कहा है। सो इस कथनका यह तात्पर्य प्रतीत होता है कि यदि इस बीच आयुकी उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्ध न हो तो जिसका जितना अन्तरकाल कहा है उतने काल-तक उस उस मार्गणामें आयुकर्मका बन्ध करनेवाला एक भी जीव नहीं होता।

२०७. मनुष्य त्रिकमें सात कर्मोंका भङ्ग ओघके समान है। आयुकर्मकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका अन्तर ओघके समान है। तथा अनुत्कृष्ट स्थितिका भङ्ग सामान्य नारकियोंके समान है। मनुष्य अपर्याप्तकोंमें पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्तकोंके समान जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि आठों कर्मोंकी अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर पल्यके असंख्यातवें भाग प्रमाण है।

२०८. देवोंका भङ्ग नारकियोंके समान है। इतनी विशेषता है कि सर्वार्थसिद्धिमें आयुकर्मकी अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर पल्यके सख्यातवें भागप्रमाण है।

२०९. सब एकेन्द्रिय, बादरपृथिवीकायिक अपर्याप्त, बादर जलकायिक अपर्याप्त, बादरअग्निकायिक अपर्याप्त, बादरवायुकायिक अपर्याप्त और उन्हींके सब सूक्ष्म, सब वनस्पति, सब निगोद, बादर वनस्पतिप्रत्येकशरीर अपर्याप्त जीवोंमें सात कर्मोंकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका अन्तरकाल नहीं है। आयुकर्मका भङ्ग मूलोघके समान है। सब विकलेन्द्रिय, सब पञ्चेन्द्रिय और सब त्रसोंका भङ्ग सब पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चोंके समान है। बादरपृथिवीकायिक पर्याप्त, बादरजलकायिक पर्याप्त, बादर अग्निकायिक पर्याप्त, बादर वायुकायिक पर्याप्त और बादर वनस्पतिकायिक

पज्जत्ता० पंचिंदियतिरिक्खभंगो। णवरि तेउ० आयु० अणु० जह० एग०, उक्क० चउवीसं मुहुत्तं।

२१०. पंचमण०-पंचवचि०-वेउव्वियका०-इत्थि०-पुरिस०-विभंग०-चक्खुदं०-सण्णि० मणुसभंगो। वेउव्वियमि० सत्तण्णं क० उक्क० ओघं। अणु० जह० एग०, उक्क० बारस मुहुत्तं[1]। आहार०-आहारमि० अट्ठण्णं कम्माणं उक्क० ओघो। अणु० जह० एग०, उक्क० वासपुधत्तं[2]।

२११. अवगद०-सुहुमसं० सत्तण्णं क० छण्णं क० उक्क० जह० एग, उक्क० वासपुधत्तं। अणु० जह० एग०, उक्क० छम्मासं।

२१२. आभि०-सुद०-ओधि० सत्तण्णं क० ओघं। आयु० उक्क० ओघं। अणु० जह० एग०, उक्क० मासपुधत्तं। एवं ओधिदं०-सुक्कले०-सम्मादि०-खइगस०-

पर्याप्त जीवोंका भङ्ग पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चोंके समान है। इतनी विशेषता है कि अग्निकायिक पर्याप्त जीवोंमें आयुकर्मकी अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर चौबीस मुहूर्त है।

२१०. पांचों मनोयोगी, पांचों वचनयोगी, वैक्रियिक काययोगी, स्त्रीवेदी, पुरुषवेदी, विभङ्गज्ञानी, चक्षुदर्शनी और संज्ञी जीवोंका भङ्ग मनुष्योंके समान है। वैक्रियिक मिश्रकाययोगी जीवोंमें सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका भङ्ग ओघके समान है। अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर बारह मुहूर्त है। आहारककाययोगी और आहारक मिश्रकाययोगी जीवोंमें आठों कर्मोंकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका भङ्ग ओघके समान है। अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर वर्ष पृथक्त्व है।

विशेषार्थ—लोकमें वैक्रियिक मिश्रकाययोग कमसे कम एक समयतक और अधिकसे अधिक बारह मुहूर्ततक नहीं होता। इसी प्रकार आहारक काययोग और आहारक मिश्रकाययोगका जघन्य अन्तर एक समय और उत्कृष्ट अन्तर वर्षपृथक्त्व प्रमाण है। इसीसे वैक्रियिक मिश्रकाययोगमें सात कर्मोंके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय और उत्कृष्ट अन्तर बारह मुहूर्त कहा है। तथा आहारक काययोग और आहारक मिश्रकाययोगमें आठों कर्मोंके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय और उत्कृष्ट अन्तर वर्षपृथक्त्व प्रमाण कहा है। शेष कथन सुगम है।

२११. अवगतवेदी और सूक्ष्म साम्परायसंयत जीवोंमें क्रमसे सात और छह कर्मोंकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर वर्षपृथक्त्व है। अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर छह महीना है।

विशेषार्थ—उक्त मार्गणाओंमें उत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर उपशम श्रेणिके अन्तरकी और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर क्षपकश्रेणिके अन्तरकी अपेक्षासे कहा है।

२१२. आभिनिबोधिकज्ञानी, श्रुतज्ञानी और अवधिज्ञानी जीवोंमें सात कर्मोंका भङ्ग ओघके समान है। आयुकर्मकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका भङ्ग ओघके समान है। अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्य अन्तर एक समय है और

१. ध० पु० ७ पृ० ४८५। २. ध० पु० ७ पृ० ४८५।

वेदग० । णवरि खइग० आयु० अणु० उक्क० वासपुधत्तं । मणपज्ज सत्तण्णं कम्माणं ओघं । आयु० उक्क० ओघं । अणु० जह० एग०, उक्क० वासपुधत्तं । एवं परिहार०-संजद-सामाइ०-छेदो० । संजदासंजदा० ओधिभंगो ।

२१३. तेउ०-पम्म० सत्तण्णं क० ओघं । आयु० उक्क० ओघं । अणु० जह० एग०, उक्क० अडदालीसं मुहुत्तं पक्खं । उवसम० सत्तण्णं क० उक्क० ओघं । अणु० जह० एग०, उक्क० सत्त रादिंदियाणि । सासण०-सम्मामि० मणुसअपज्जत्तभंगो ।

२१४. जहण्णए पगदं । दुविधो णिद्देसो—ओघेण आदेसेण य । तत्थ ओघेण

उत्कृष्ट अन्तर मास पृथक्त्व है। इसी प्रकार अवधिदर्शनी, शुक्ललेश्यावाले, सम्यग्दृष्टि, क्षायिक सम्यग्दृष्टि और वेदक सम्यग्दृष्टि जीवोंके जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि क्षायिक सम्यग्दृष्टि जीवोंमें आयुकर्मकी अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका उत्कृष्ट अन्तर वर्षपृथक्त्व है। मनःपर्ययज्ञानी जीवोंमें सात कर्मोंका भङ्ग ओघके समान है। आयु-कर्मके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका भङ्ग ओघके समान है। अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर वर्षपृथक्त्व है। इसी प्रकार परिहार-विशुद्धिसंयत, सामायिकसंयत और छेदोपस्थापनासंयत जीवोंके जानना चाहिए। संयता-संयतोंका भङ्ग अवधिज्ञानियोंके समान है।

विशेषार्थ—यहां जितनी मार्गणाएँ गिनाई हैं वे सब निरन्तर मार्गणाएँ हैं, इसलिए इनमें सात कर्मोंके अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीव निरन्तर पाये जाते हैं यह तो स्पष्ट ही है। पर आयुकर्मका बन्ध सर्वदा न होकर त्रिभागमें तद्योग्य परिणामोंके होनेपर ही होता है, इसलिए आयुकर्मके स्थितिबन्धकी अपेक्षा अन्तरकाल प्राप्त होनेमें कोई बाधा नहीं आती। फिर भी वह अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धकी अपेक्षा कितना होता है यह ही स्वतन्त्र रूपसे यहां बतलाया गया है। शेष कथन सुगम है।

२१३. पीत लेश्यावाले और पद्मलेश्यावाले जीवोंमें सात कर्मोंका भङ्ग ओघके समान है। आयुकर्मकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका भङ्ग ओघके समान है। अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर क्रमसे अड़तालीस मुहूर्त और एक पक्ष है। उपशम सम्यग्दृष्टि जीवोंमें सात कर्मोंकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका भङ्ग ओघके समान है। अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करने-वाले जीवोंका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर सात दिन-रात है। सासादन-सम्यग्दृष्टि और सम्यग्मिथ्यादृष्टि जीवोंका भङ्ग मनुष्य अपर्याप्तकोंके समान है।

विशेषार्थ—पीत और पद्मलेश्या भी निरन्तर मार्गणाएँ हैं। तथापि इनमें आयुकर्मका सर्वदा बन्ध नहीं होता। इसलिए उत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर तो ओघके समान है और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर कितना है यही बात यहां स्वतन्त्र रूपसे बतलाई गई है। यहां कही गई उपशम सम्यग्दृष्टि, सासादन सम्यग्दृष्टि और सम्यग्मिथ्या-दृष्टि ये तीन सान्तर मार्गणाएँ हैं, इसलिए इनका जघन्य और उत्कृष्ट जो अन्तरकाल है वही इनमें अपने-अपने कर्मोंके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर है। उसमें भी सासादन सम्यग्दृष्टि और सम्यग्मिथ्यादृष्टिका अन्तर मनुष्य अपर्याप्तकोंके समान है इस-लिए इनका कथन मनुष्य अपर्याप्तकोंके समान कहा है। शेष कथन सुगम है।

२१४. जघन्य अन्तरका प्रकरण है। उसकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और

सत्तण्णं क० जह० हिदिबं० जह० एग०, उक्क० छम्मासं। अज० णत्थि अंतरं। आयु० जह० अजह० णत्थि अंतरं। एवं ओघभंगो कायजोगि-ओरालियका०-कोधादि०४-अचक्खुदंसणि-आहारग त्ति।

२१५. सव्वणिरय-सव्वपंचिंदियतिरिक्ख-मणुसअपज्ज०-सव्वदेव-सव्वविगलिंदिय-पंचिंदिय-तसअपज्ज०-वेउव्वि०-वेउव्वियमि०-आहार०-आहारमि०-विभंग०-परिहार०-संजदासंजद०-तेउ०-पम्म०-वेदग०-सासण०-सम्मामि० एदेसिं उक्कस्सभंगो।

२१६. तिरिक्खेसु अट्ठण्णं क० जह० अज० णत्थि अंतरं। एवं सव्वएइंदिय-बादरपुढवि०-आउ०-तेउ०-वाउ०अपज्जत्ता० तेसिं चेव सव्वसुहुम० सव्ववणप्फदि-णियोद०-बादरवण०पत्ते०अपज्जत्त०-ओरालियमि०-कम्मइ०-मदि०-सुद०-असंज०-किण्ण-णील-काउ०-अब्भवसि०-मिच्छादि०-असण्णि-आहारग त्ति।

२६७. आभिनिबोधिकज्ञानी, श्रुतज्ञानी और अवधिज्ञानी जीवोंमें मोहनीय कर्मका जघन्य स्थितिवन्ध सबसे स्तोक है । इससे यत्स्थितिबन्ध विशेष अधिक है । इससे ज्ञानावरण, दर्शनावरण और अन्तराय कर्मका जघन्य स्थितिबन्ध संख्यातगुणा है । इससे यत्स्थितिवन्ध विशेष अधिक है । इससे नाम और गोत्रका जघन्य स्थितिवन्ध संख्यातगुणा है । इससे यत्स्थितिवन्ध विशेष अधिक है। इससे वेदनीयका जघन्य स्थितिवन्ध विशेष अधिक है । इससे यत्स्थितिबन्ध विशेष अधिक है । इससे आयुकर्मका जघन्य स्थितिवन्ध संख्यातगुणा है । इससे यत्स्थितिवन्ध विशेष अधिक है । इससे उसीका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध असंख्यातगुणा है । इससे यत्स्थितिबन्ध विशेष अधिक है । इससे नाम और गोत्रका उत्कृष्ट स्थितिवन्ध संख्यातगुणा है। इससे यत्स्थितिवन्ध विशेष अधिक है। इससे तीसियोंका उत्कृष्ट स्थितिवन्ध विशेष अधिक है । इससे यत्स्थितिबन्ध विशेष अधिक है । इससे मोहनीय कर्मका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध विशेष अधिक है । इससे यत्स्थितिवन्ध विशेष अधिक है । इसी प्रकार अवधिदर्शनी, शुक्ललेश्यावाले, सम्यग्दृष्टि और क्षायिकसम्यग्दृष्टि जीवोंके जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि शुक्ललेश्यावाले जीवोंमें मोहनीय कर्मका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध संख्यातगुणा है । इससे यत्स्थितिबन्ध विशेष अधिक है । मनःपर्ययज्ञानी,

सं०गु० । यट्ठिदिबं० विसे० । मणपज्ज०-सामाइ०-छेदो० तं चेव । णवरि आयु० जह०ट्ठिदिबं० असं०गु० । यट्ठिदिबं० विसे० । तस्सेव उक्क०ट्ठिदिबं० सं०गु० । यट्ठिदिबं० विसे० ।

२६८. परिहार०-संजदासंजद० आहारकायजोगिभंगो । सुहुमसंप० सव्वत्थोवा णाणाव०-दंसणाव०-अंतराइ० जह०ट्ठिदिबं० । यट्ठिदिबं० विसे० । णामा-गोदाणं जह०ट्ठिदिबं० संखेज्जगु० । यट्ठिदिबं० विसे० । वेदणी० जह०ट्ठिदिबं० विसे० । यट्ठिदिबं० विसे० । णाणाव०-दंसणाव०-अंतराइ० उक्कट्ठिदिबं० सं०गु० । यट्ठिदिबं० विसे० । णामा-गोद० उक्क०ट्ठिदिबं० सं०गु० । यट्ठिदिबं० विसे० । वेदणी० उक्क०-ट्ठिदिबं० विसे० । यट्ठिदिबं० विसे० । असंज० मदिभंगो ।

२६९. तेउ०-पम्म० सव्वत्थोवा आयुग० जह०ट्ठिदिबं० । यट्ठिदिबं० विसे० । तस्सेव उक्क०ट्ठिदिबं० असं०गु० । यट्ठिदिबं० विसे० । णामागोदाणं जह०ट्ठिदिबं० सं०गु० । यट्ठिदिबं० विसे० । णाणाव०-दंसणाव०-वेदणी०-अंतराइ० जह०ट्ठिदिबं० विसे० । यट्ठिदिबं० विसे० । मोह० जह०ट्ठिदिबं० विसे० । यट्ठिदिबं० विसे० । णामा-गोदाणं उक्क०ट्ठिदिबं० सं०गु० । यट्ठिदिबं० विसे० । सेसाणं तीसिगाणं

सामायिकसंयत और छेदोपस्थापना संयत जीवोंके यही अल्पबहुत्व है । इतनी विशेषता है कि इनके आयुकर्मका जघन्य स्थितिबन्ध असंख्यातगुणा है । इससे यत्स्थितिबन्ध विशेष अधिक है । इससे उसीका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध संख्यातगुणा है । इससे यत्स्थितिबन्ध विशेष अधिक है ।

२६८. परिहारविशुद्धिसंयत और संयतासंयत जीवोंमें आहारक काययोगी जीवोंके समान अल्पबहुत्व है । सूक्ष्मसाम्परायिक संयत जीवोंमें ज्ञानावरण, दर्शनावरण और अन्तराय कर्मोंका जघन्य स्थितिबन्ध सबसे स्तोक है । इससे यत्स्थितिबन्ध विशेष अधिक है । इससे नाम और गोत्र कर्मका जघन्य स्थितिबन्ध संख्यातगुणा है । इससे यत्स्थितिबन्ध विशेष अधिक है । इससे वेदनीय कर्मका जघन्य स्थितिबन्ध विशेष अधिक है । इससे यत्स्थितिबन्ध विशेष अधिक है । इससे ज्ञानावरण, दर्शनावरण और अन्तराय कर्मका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध संख्यातगुणा है । इससे यत्स्थितिबन्ध विशेष अधिक है । इससे नाम और गोत्र कर्मका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध संख्यातगुणा है । इससे यत्स्थितिबन्ध विशेष अधिक है । इससे वेदनीय कर्मका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध विशेष अधिक है । इससे यत्स्थितिबन्ध विशेष अधिक है । असंयतोंमें सब कर्मोंका मत्यज्ञानियोंके समान अल्पबहुत्व है ।

२६९. पीतलेश्या और पद्मलेश्यावाले जीवोंमें आयुकर्मका जघन्य स्थितिबन्ध सबसे स्तोक है । इससे यत्स्थितिबन्ध विशेष अधिक है । इससे उसीका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध असंख्यातगुणा है । इससे यत्स्थितिबन्ध विशेष अधिक है । इससे नाम और गोत्रका जघन्य स्थितिबन्ध संख्यातगुणा है । इससे यत्स्थितिबन्ध विशेष अधिक है । इससे ज्ञानावरण, दर्शनावरण, वेदनीय और अन्तराय कर्मका जघन्य स्थितिबन्ध विशेष अधिक है । इससे यत्स्थितिबन्ध विशेष अधिक है । इससे मोहनीयका जघन्य स्थितिबन्ध विशेष अधिक है । इससे यत्स्थितिबन्ध विशेष अधिक है । इससे नाम और गोत्रका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध संख्यातगुणा है । इससे यत्स्थितिबन्ध विशेष अधिक है । इससे शेष तीसियोंका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध

उक्क०ट्ठिदिबं० विसे० । यट्ठिदिबं० विसे० । मोह० उक्क०ट्ठिदिबं० सं०गु० । यट्ठिबं० विसे० । एवं वेदगस०-सासण० । णवरि मोह० उक्क०ट्ठिदिबं० विसे० । यट्ठिदिबं० विसे० ।

एवं परत्थाणअप्पाबहुगं समत्तं ।

एवं भूयो ट्ठिदिअप्पाबहुगं समत्तं ।

एवं मूलपगदिट्ठिदिबंधे चउवीसमणियोगद्दारं समत्तं ।

विशेष अधिक है । इससे यत्स्थितिबन्ध विशेष अधिक है । इससे मोहनीय कर्मका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध संख्यातगुणा है । इससे यत्स्थितिबन्ध विशेष अधिक है । इसी प्रकार वेदक-सम्यग्दृष्टि और सासादनसम्यग्दृष्टि जीवोंके जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि मोह-नीयका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध विशेष अधिक है । इससे यत्स्थितिबन्ध विशेष अधिक है ।

इस प्रकार परस्थान अल्पबहुत्व समाप्त हुआ ।

इस प्रकार भूयः स्थितिबन्ध अल्पबहुत्व समाप्त हुआ ।

इस प्रकार मूल प्रकृति स्थितिबन्धमें चौवीस अनुयोगद्वार समाप्त हुए ।

भुजगारबंधो

२७०. भुजगारबंधे त्ति तत्थ इमं अट्ठपदं—याओ एण्हिं ट्ठिदीओ बंधदि अणंतरादिसक्काविदविदिक्कंते समये अप्पदरादो बहुदरं बंधदि त्ति एसो भुजगारबंधो णाम। अप्पदरबंधे त्ति तत्थ इमं अट्ठपदं—याओ एण्हिं ट्ठिदीओ बंधदि अणंतरउस्सक्काविदविदिक्कंते समए बहुदरादो अप्पदरं बंधदि त्ति एसो अप्पदरबंधो णाम। अवट्ठिदबंधे त्ति तत्थ इमं अट्ठपदं—याओ एण्हिं ट्ठिदीओ बंधदि अणंतरओसक्काविद-उस्सक्काविदविदिक्कंते समए तत्तियाओ तत्तियाओ चेव बंधदि त्ति एसो अवट्ठिदबंधो णाम। अवत्तव्वबंधे त्ति तत्थ इमं अट्ठपदं—अबंधदो बंधदि त्ति एसो अवत्तव्वबंधो णाम। एदेण अट्ठपदेण तत्थ इमाणि तेरस अणियोगद्दाराणि-समुक्कित्तणा सामित्तं जाव अप्पाबहुगे त्ति।

समुक्कित्तणाणुगमो

२७१. समुक्कित्तणाए दुवि०—ओघेण आदेसेण य। ओघेण सत्तण्णं क० अत्थि भुजगारबंधगा अप्पदरबंधगा अवट्ठिदबंधगा अवत्तव्वबंधगा य। आयुगस्स

भुजगारबन्धप्ररूपणा

२७०. भुजगारबन्ध यथा—उसके सम्बन्धमें यह अर्थपद है—वर्तमान समयमें जिन स्थितियोंको बाँधता है उन्हें अनन्तर अतिक्रान्त समयमें घटी हुई बाँधी गई अल्पतर स्थितिसे बहुतर बाँधता है यह भुजगार बन्ध है। अल्पतरबन्ध यथा—उसके विषयमें यह अर्थपद है—वर्तमान समयमें जिन स्थितियोंको बाँधता है उन्हें अनन्तर अतिक्रान्त समयमें बढ़ी हुई बाँधी गई बहुतर स्थितिसे अल्पतर बाँधता है यह अल्पतरबन्ध है। अवस्थितबन्ध यथा—इसके विषयमें यह अर्थपद है—वर्तमान समयमें जिन स्थितियोंको बाँधता है उन्हें अनन्तर अतिक्रान्त समयमें घटी हुई या बढ़ी हुई बाँधी गई स्थितिसे उतनी ही उतनी ही बाँधता है यह अवस्थितबन्ध है। अवक्तव्यबन्ध यथा—उसके विषयमें यह अर्थपद है—बन्धका अभाव होनेके बाद पुनः बाँधता है यह अवक्तव्यबन्ध है। इस अर्थपदके अनुसार यहाँ ये तेरह अनुयोगद्वार हैं—समुत्कीर्तना और स्वामित्वसे लेकर अल्पबहुत्व तक।

विशेषार्थ—यहाँ भुजगार आदिके द्वारा बन्धका विचार किया जा रहा है। प्रथम समयमें अल्पका बन्ध करके अनन्तर बहुतका बन्ध करना भुजगारबन्ध है। इसी प्रकार बहुतका बन्ध करके अल्पका बन्ध करना अल्पतरबन्ध है। पिछले समयमें जितना बन्ध किया है, अगले समयमें उतना ही बन्ध करना अवस्थितबन्ध है और विवक्षित कर्मके बन्धका अभाव होने पर पुनः बन्ध होना अवक्तव्य बन्ध है। प्रकृतमें स्थितिबन्धका प्रकरण है इसलिए ये चारों स्थितिबन्धकी अपेक्षा घटित करने चाहिए। यहाँ इसका विचार तेरह अनुयोगोंके द्वारा किया गया है। अनुयोगद्वार ये हैं—समुत्कीर्तना, स्वामित्व, काल, अन्तर, नाना जीवोंकी अपेक्षा भङ्गविचय, भागाभाग, परिमाण, क्षेत्र, स्पर्शन, काल, अन्तर, भाव और अल्पबहुत्व।

समुत्कीर्तनानुगम

२७१. समुत्कीर्तना दो प्रकारकी है—ओघ और आदेश। उनमेंसे ओघकी अपेक्षा सात कर्मोंका भुजगारबन्ध करनेवाले जीव हैं, अल्पतरबन्ध करनेवाले जीव हैं, अवस्थितबन्ध करनेवाले जीव हैं और अवक्तव्यबन्ध करनेवाले जीव हैं। आयुकर्मका अवक्तव्य बन्ध

अत्थि अवत्तव्वबंधगा अप्पदरबंधगा य। एवं ओघभंगो मणुस०३-पंचिंदिय-तस०२-पंचमण०-पंचवचि०-कायजोगि-ओरालियका०-आभि०-सुद०-ओधि०-मणपज्ज०-संजद-चक्खु०-अचक्खु०-ओधिदं०-सुक्ले०-भवसि०-सम्मादि०-खइग०-सण्णि-आहारग त्ति।

२७२. वेउव्वियमि०-कम्मइ०-सम्मामि०-अणाहारग० सत्तण्णं क० सुहुमसं० छ० अत्थि भुज० अप्पद० अवट्ठिद०। अवगद०-उवसमंस० सत्तण्णं क० अत्थि भुज० अप्पद० अवट्ठि० अवत्तव्वबंधगा य। सेसाणं सव्वेसिं सत्तण्णं क० अत्थि भुज० [अप्पदर०] अवट्ठिदबंधगा य। आयु० मूलोघं। णवरि लोभे मोहणी० ओघं।

करनेवाले जीव हैं और अल्पतरबन्ध करनेवाले जीव हैं। इसी प्रकार ओघके समान मनुष्यत्रिक, पञ्चेन्द्रिय द्विक, त्रसद्विक, पाँचों मनोयोगी, पाँचों वचनयोगी, काययोगी, औदारिककाययोगी, आभिनिबोधिकज्ञानी, श्रुतज्ञानी, अवधिज्ञानी, मनःपर्ययज्ञानी, संयत, चक्षुदर्शनी, अचक्षुदर्शनी, अवधिदर्शनी, शुक्लेश्यावाले, भव्य, सम्यग्दृष्टि, क्षायिकसम्यग्दृष्टि, संज्ञी और आहारक जीवोंके जानना चाहिए।

विशेषार्थ—आयुकर्मका प्रथम समयमें जो बन्ध होता है वह अवक्तव्य ही होता है, क्योंकि बन्धमें अन्तर पड़कर पुनः बन्ध होना इसीका नाम अवक्तव्य है। इसे भुजगार, अल्पतर या अवस्थितबन्ध नहीं कह सकते, इसलिए इसकी अवक्तव्य संज्ञा है। तथा द्वितीयादि समयोंमें अल्पतर बन्ध होता है क्योंकि आयुकर्मका प्रथम समयमें जो स्थितिबन्ध होता है उससे द्वितीयादि समयोंमें उत्तरोत्तर वह हीन हीनतर ही होता है ऐसा नियम है। यह तो आयुकर्मकी व्यवस्था हुई। अब रह गये शेष कर्म सो उनके भुजगार आदि चारों बन्ध सम्भव हैं। इनमें अवक्तव्य बन्ध तो उपशमश्रेणि पर चढ़कर पुनः प्रतिपातकी अपेक्षा या मरणकी अपेक्षा घटित कर लेना चाहिए। तथा शेष तीन किसीके भी हो सकते हैं। पिछले समयकी अपेक्षा अगले समयमें स्थितिबन्धकी वृद्धिके कारणभूत संक्लेश परिणामोंके होने पर भुजगार स्थितिबन्ध होता है, स्थितिबन्धकी हानिके कारणभूत विशुद्ध परिणामोंके होने पर अल्पतर स्थितिबन्ध होता है और अवस्थित स्थितिबन्धके कारणभूत परिणामोंके होने पर अवस्थित स्थितिबन्ध होता है। शेष कथन सुगम है।

२७२. वैक्रियिकमिश्रकाययोगी, कार्मणकाययोगी, सम्यग्मिथ्यादृष्टि और अनाहारक जीवोंमें सात कर्मोंका और सूक्ष्मसाम्पराय संयत जीवोंमें छह कर्मोंका भुजगार बन्ध करनेवाले जीव हैं, अल्पतरबन्ध करनेवाले जीव हैं और अवस्थितबन्ध करनेवाले जीव हैं। अपगतवेदी और उपशमसम्यग्दृष्टि जीवोंमें सात कर्मोंका भुजगारबन्ध करनेवाले जीव हैं, अल्पतरबन्ध करनेवाले जीव हैं, अवस्थितबन्ध करनेवाले जीव हैं और अवक्तव्य बन्ध करनेवाले जीव हैं। शेष सब मार्गणाओंमें सात कर्मोंका भुजगारबन्ध करनेवाले जीव हैं, अल्पतरबन्ध करनेवाले जीव हैं और अवस्थितबन्ध करनेवाले जीव हैं। तथा आयुकर्मका भङ्ग मूलोघके समान है। इतनी विशेषता है कि लोभकषायवाले जीवोंमें मोहनीयकर्मका भङ्ग ओघके समान है।

विशेषार्थ—उपशमसम्यक्त्व और अपगतवेद उपशम श्रेणि पर चढ़ते और उतरते समय दोनों अवस्थाओंमें उपलब्ध होते हैं, इसलिए इन दोनों मार्गणाओंमें सात कर्मोंके चारों पद होते हैं। लोभकषाय सूक्ष्मसाम्पराय गुणस्थान तक होता है, इसलिए इसमें मोहनीयकर्मके चारों पद सम्भव हैं, शेष छह कर्मोंके नहीं क्योंकि इस मार्गणामें शेष छह कर्मोंके भुजगार, अल्पतर और अवस्थित पद ही होते हैं। इसलिए इसमें मोहनीयका भङ्ग

सामित्ताणुगमो

२७३. सामित्ताणुगमेण दुविहो णिद्देसो—ओघेण आदेसेण य। तत्थ ओघेण सत्तण्णं क० भुज० अप्पद० [अवट्ठि०] कस्स ? अण्णदरस्स। अवत्तव्वबंधो कस्स ? अण्णदरस्स उवसमणादो परिवदमाणगस्स मणुसस्स वा मणुसिणीए वा पढमसमय-देवस्स वा। एवं ओघभंगो मणुस०३-पंचिंदिय-तस०२-पंचमण०-पंचवचि० कायजोगि-ओरालियका०-अवगद०-आभि० सुद०-ओधि०-मणपज्ज०-संजद०-चक्खु०-अचक्खु०-ओधिदं०-सुक्कले०-भवसि०—सम्मादि०-खइग०-उवसमस०-सण्णि-आहारग त्ति। णवरि मणुस०३—पंचमण०—पंचवचि०—ओरालियका०-अवगद०-मणपज्ज०—संजदा० सत्तण्णं क० अवत्तव्व० कस्स ? अण्णदरस्स उवसमणादो परिवदमाणस्स। एदेसिं सव्वेसिं आयु० अवत्तव्वबंधो कस्स ? अण्णदरस्स पढमसमए आयुबंधमाणस्स। तेण परं अप्पदरबंधो।

२७४. वेउव्वियमि०-कम्मइ०-सम्मामि०-अणाहार० सत्तण्णं क० भुज० अप्प० अवट्ठि० कस्स ? अण्णदरस्स। एवं सुहुमसं० छण्णं कम्माणं। सेसाणं-

---

ओघके समान कहा है शेषका नहीं। इनके सिवा यहाँ अन्य जितनी मार्गणाओंका निर्देश किया है उनमें उपशमश्रेणिकी प्राप्ति या उपशम श्रेणिके उपशान्त मोह गुणस्थानकी प्राप्ति होकर पुनः पतन सम्भव नहीं है, इसलिए उनमें सात कर्मोंके अवक्तव्य पदका विधान नहीं किया। शेष कथन सुगम है।

स्वामित्वानुगम

२७३. स्वामित्वानुगमकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। उनमेंसे ओघकी अपेक्षा सात कर्मोंके भुजगारबन्ध, अल्पतरबन्ध और अवस्थितबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर जीव इनका स्वामी है। अवक्तव्यबन्धका स्वामी कौन है ? जो अन्यतर मनुष्य या मनुष्यिनी उपशमश्रेणिसे गिर रहा है या उपशमश्रेणिमें मरकर प्रथम समयवर्ती देव हुआ है वह अवक्तव्यबन्धका स्वामी है। इस प्रकार ओघके समान मनुष्यत्रिक, पञ्चेन्द्रिय-द्विक, त्रसद्विक, पांचों मनोयोगी, पांचों वचनयोगी, काययोगी, औदारिक काययोगी, अप-गतवेदी, आभिनिबोधिकज्ञानी, श्रुतज्ञानी, अवधिज्ञानी, मनःपर्ययज्ञानी, संयत, चक्षुदर्शनी, अचक्षुदर्शनी, अवधिदर्शनी, शुक्ललेश्यावाले, भव्य, सम्यग्दृष्टि, क्षायिकसम्यग्दृष्टि, उपशम-सम्यग्दृष्टि, संज्ञी और आहारक जीवोंके जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि मनुष्यत्रिक, पांचों मनोयोगी, पांचों वचनयोगी, औदारिककाययोगी, अपगतवेदी, मनःपर्ययज्ञानी और संयत जीवोंमें सात कर्मोंके अवक्तव्यबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर जो उपशमश्रेणिसे पतित हो रहा है वह सात कर्मोंके अवक्तव्यबन्धका स्वामी है। इन सब मार्गणाओंमें आयु-कर्मके अवक्तव्यबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर जो प्रथम समयमें आयुकर्मका बन्ध कर रहा है वह अवक्तव्य बन्धका स्वामी है। इससे आगे अल्पतरबन्ध होता है।

२७४. वैक्रियिकमिश्रकाययोगी, कार्मणकाययोगी, सम्यग्मिथ्यादृष्टि और अनाहारक जीवोंमें सात कर्मोंके भुजगारबन्ध, अल्पतरबन्ध और अवस्थितबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर उक्त मार्गणावाला जीव स्वामी है। इसी प्रकार सूक्ष्मसाम्परायसंयत जीवोंमें छह कर्मोंके भुजगार, अल्पतर और अवस्थितबन्धोंका स्वामित्व जान लेना चाहिए। शेष सब

सव्वेसिं सत्तण्णं कम्माणं भुज० अप्पद० अवट्ठिदि० कस्स ? अण्णदरस्स । आयु० मूलोघं । णवरि लोभे मोह० ओघं ।

कालाणुगमो

२७५. कालाणुगमेण दुविधो णिद्देसो—ओघेण आदेसेण य । तत्थ ओघेण सत्तण्णं क० भुज० केवचिरं कालादो होंति ? जह० एगस०, उक्क० चत्तारि सम० । अप्पद० जह० एग०, उक्क० तिण्णि सम० । अवट्ठिद० जह० एग०, उक्क० अंतो० । अवत्त० जहण्णु० एगस० । आयुं० अवत्त० जहण्णु० एगस० । अप्पद० जह० उक्क० अंतो० । एवं ओघभंगो तिरिक्खोघं तस-तसपज्जत्ता० । णवरि तिरिक्खोघं अवत्तव्वं णत्थि ।

मार्गणाओंमें सात कर्मोंके भुजगार, अल्पतर और अवस्थितबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर तत्तत्मार्गणावाला जीव स्वामी है । आयुकर्मका भङ्ग मूलोघके समान है । इतनी विशेषता है कि लोभकषायमें मोहनीय कर्मका भङ्ग ओघके समान है ।

विशेषार्थ—यहाँ आठों कर्मोंके भुजगारस्थितिबन्ध आदिमेंसे किसका ओघ और आदेश से कौन स्वामी है इस बातका विचार किया गया है । ओघसे इनके स्वामित्वका विचार सुगम है और जिन मार्गणाओंमें ओघप्ररूपणा अविकल घटित हो जाती है उनका विचार भी सुगम है । मात्र जिन मार्गणाओंमें उपशमश्रेणिकी प्राप्ति सम्भव नहीं वहां सात कर्मोंका अवक्तव्यबन्ध नहीं होता और जिन मार्गणाओंमें आयुकर्मका बन्ध नहीं होता उनमें आयु-कर्मकी अपेक्षा भङ्ग नहीं प्राप्त होते इतना विशेष जानना चाहिए ।

इस प्रकार स्वामित्वानुगम समाप्त हुआ ।

कालानुगम

२७५. कालानुगमकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश । उनमेंसे ओघकी अपेक्षा सात कर्मोंके भुजगारबन्धका कितना काल है ? जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल चार समय है । अल्पतरबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल तीन समय है । अवस्थितबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्त-र्मुहूर्त है । अवक्तव्यबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है । आयुकर्मके अवक्तव्य-बन्धका जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है । अल्पतरबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है । इसी प्रकार ओघके समान सामान्य तिर्यञ्च, त्रस और त्रसपर्याप्त जीवोंके जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि सामान्य तिर्यञ्चोंके सात कर्मोंका अवक्तव्य-बन्ध नहीं होता ।

विशेषार्थ—यहां भुजगार आदि बन्धोंका जघन्य और उत्कृष्ट काल कितना है यह बतलाया गया है । भुजगार, अल्पतर और अवस्थितबन्धका जघन्य काल एक समय है यह स्पष्ट ही है । मात्र इनके उत्कृष्ट कालका विचार करना है । ओघसे भुजगारबन्ध और अल्पतरबन्धका उत्कृष्ट काल दो पर्यायोंकी अपेक्षा उपलब्ध होता है । जो एकेन्द्रिय आदि द्वीन्द्रिय आदिमें और पञ्चेन्द्रिय आदि चतुरिन्द्रिय आदिमें मरकर जन्म लेते हैं उनके क्रमसे भुजगारबन्धका उत्कृष्ट काल चार समय और अल्पतरबन्धका उत्कृष्ट काल तीन समय उपलब्ध होता है । अवस्थितबन्धका उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है । कारण कि भुजगार या अल्पतर बन्ध होनेके बाद अधिकसे अधिक अन्तर्मुहूर्त कालतक समान स्थितिबन्ध

२७६. णिरएसु सत्तण्णं क० भुज०-अप्पद०बं० जह० एग०, उक्क० वे सम० । अवट्ठिद० ओघं । आयु० ओघो चेव । एवं सव्वणिरय-सव्वमणुस-सव्वदेव-सव्वए-इंदिय-सव्वविगलिंदिय-पंचकाय०-पंचमण०-पंचवचि०-ओरालियमि०-वेउव्वियका०-वेउव्वियमि०-आहार०-आहारमि०-विभंग०-मणपज्ज०-संजद०-सामाइ०-छेदो०-परि-हार०-संजदासंजद०-सासण त्ति । णवरि आयु० जोगेसु अप्पद० जह० एग० । आभि०-सुद०-ओधि०-ओधिदं०-तेउ०-पम्मले०-सुक्कले०-सम्मादि०-खइग०-वेदग०-उवसमस०-सण्णि त्ति एवं चेव । णवरि भुज० जह० एग०, उक्क० तिण्णि सम० । एदेसिं सव्वेसिं सत्तण्णं क० एसिं अवत्तव्वबं० यम्हि अत्थि तेसिं ओघं कादव्वं ।

होता रहता है । उपशान्तमोहसे सूक्ष्मसाम्परायमें आनेपर मोहनीय और आयुके विना छह कर्मोंका तथा सूक्ष्मसाम्परायसे अनिवृत्तिकरणमें आनेपर मोहनीयका अथवा उपशान्त मोहमें मरकर देव होनेपर प्रथम समयमें आयुके विना सात कर्मोंका अवक्तव्यबन्ध होता है । इसीसे अवक्तव्यबन्धका जघन्य और उत्कृष्टकाल एक समय कहा है । यहां अन्य जितनी मार्गणाएँ गिनाई हैं उनमें चारों पदोंका ओघके समान काल उपलब्ध हो जाता है इसलिए उनके कथनको ओघके समान कहा है । मात्र सामान्य तिर्यञ्चोंके उपशमश्रेणिकी प्राप्ति सम्भव न होनेसे इनमें अवक्तव्य पदका निषेध किया है । आयुकर्मका मात्र त्रिभागमें या मरणके अन्तर्मुहूर्त काल पूर्व अन्तर्मुहूर्त कालतक बन्ध होता है । और वह बन्ध नियमसे प्रथम समयमें अवक्तव्य और इसके बाद अल्पतर ही होता है । यही कारण है कि इसमें अवक्तव्य और अल्पतर ये दो पद कहकर इनका क्रमसे एक समय और अन्तर्मुहूर्त काल कहा है ।

२७६. नारकियोंमें सात कर्मोंके भुजगार और अल्पतरबन्धका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल दो समय है । अवस्थितबन्धका काल ओघके समान है । आयुकर्मका भङ्ग ओघके ही समान है । इसी प्रकार सब नारकी, सब मनुष्य, सब देव, सब एकेन्द्रिय, सब विकलेन्द्रिय, सब पांचों स्थावरकाय, पांचों मनोयोगी, पांचों वचनयोगी, औदारिकमिश्रकाययोगी, वैक्रियिककाययोगी, वैक्रियिकमिश्रकाययोगी, आहारककाययोगी, आहारकमिश्रकाययोगी, विभङ्गज्ञानी, मनःपर्ययज्ञानी, संयत, सामायिकसंयत, छेदोपस्थापनासंयत, परिहारविशुद्धिसंयत, संयतासंयत और सासादनसम्यग्दृष्टि जीवोंके जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि योगोंमें आयुकर्मके अल्पतरबन्धका जघन्य काल एक समय है । आभिनिवोधिकज्ञानी, श्रुतज्ञानी, अवधिज्ञानी, अवधिदर्शनी, पीतलेश्यावाले, पद्मलेश्यावाले, शुक्ललेश्यावाले, सम्यग्दृष्टि, क्षायिकसम्यग्दृष्टि, वेदकसम्यग्दृष्टि, उपशमसम्यग्दृष्टि और संज्ञी जीवोंमें इसी प्रकार जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि इनमें भुजगारबन्धका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल तीन समय है । तथा इन सब सामान्य नारकी आदि पूर्वोक्त मार्गणाओंमेंसे जिन मार्गणाओंमें अवक्तव्यबन्ध है वहां उसका काल ओघके समान कहना चाहिए ।

विशेषार्थ—एक पर्यायमें भुजगार और अल्पतरबन्ध लगातार अधिकसे अधिक दो समयतक होता है, इसलिए सामान्य नारकियोंमें या जो मार्गणाएँ एक पर्यायतक सीमित हैं या एक पर्यायके भीतर बदलती रहती हैं उनमें भुजगार और अल्पतरबन्धका उत्कृष्ट काल दो समय कहा है । तथा आभिनिवोधिकज्ञानी आदि मार्गणाएँ एक पर्यायतक ही सीमित नहीं हैं । पर्यायके बदलनेपर भी वे बनी रहती हैं, इसलिए इनमें भुजगार बन्धका

२७७. पंचिंदियतिरिक्खेसु सत्तएणं कम्माणं भुज०-अप्प० जह० एग०, उक्क० तिरिण सम० । अवट्ठिद० आयुगं मूलोघं । एवं पंचिंदियतिरिक्खपज्ज०-जोणिणीसु पंचिंदियतिरिक्खअप० पंचिंदि० तस्सेव पज्जत्तापज्जत्ता० ओरालियमि०-इत्थि०-पुरिस०-असरिण०-आहारग त्ति । णवरि पंचिंदि० तस्सेव पज्ज० अवत्त० ओघं ।

२७८. कायजोगि-णवुंस०-कोधादि०४-मदि०-सुद०-असंज०-चक्खुदं०-अचक्खुदं०-किएण०-णील०-काउ०-भवसि०-अब्भवसि०-मिच्छादि० सत्तएणं क० भुज० जह० एग०, उक्क० चत्तारि सम० । अप्पद० जह० एग०, उक्क० तिरिण सम० । अवट्ठि० जह० एग०, उक्क० अंतो० । आयु० ओघं । णवरि सत्तएणं क० यम्हि अवत्त० अत्थि तम्हि ओघं ।

२७९. कम्मइ०-अणाहा० सत्तएणं क० भुज०-अप्प० जहएणुक्क० एग० । अवट्ठि० जह० एग०, उक्क० तिरिण सम० ।

२८०. अवगद० सत्तएणं क० भुज०-अप्प०-अवत्तव्व० जहएणु० एग० । अवट्ठि०

उत्कृष्ट काल तीन समय उपलब्ध होनेसे वह तीन समय कहा है। साधारणतः आयु कर्मके अल्पतरबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त कह आये हैं पर किसी भी योगमें योग-परिवर्तनकी अपेक्षा या अन्य प्रकारसे उसका जघन्य काल एक समय घटित हो जाता है, इसलिए योगोंमें आयुकर्मके अल्पतरबन्धका जघन्य काल एक समय कहा है। शेष कथन सुगम है;

२७७. पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चोंमें सात कर्मोंके भुजगार और अल्पतर बन्धका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल तीन समय है। अवस्थित बन्धका और आयुकर्मका भङ्ग मूलोघके समान है। इसीप्रकार पञ्चेन्द्रियतिर्यञ्च पर्याप्त, पञ्चेन्द्रियतिर्यञ्च योनिनी, पञ्चेन्द्रियतिर्यञ्च अपर्याप्त, पञ्चेन्द्रिय और उन्हींके पर्याप्त अपर्याप्त, औदारिक मिश्रकाययोगी, स्त्रीवेदी, पुरुषवेदी, असंज्ञी और आहारक जीवोंके जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि पञ्चेन्द्रिय और उनके पर्याप्त जीवोंमें सात कर्मोंके अवक्तव्य बन्धका काल ओघके समान है।

विशेषार्थ—यहाँ पञ्चेन्द्रियतिर्यञ्च और अन्य मार्गणाओंमें भुजगार और अल्पतर-बन्धका उत्कृष्ट काल तीन समय दो पर्यायोंकी अपेक्षा कहा है। शेष कथन सुगम है। इसी प्रकार आगे भी यथासम्भव कालका विचार कर लेना चाहिए।

२७८. काययोगी, नपुंसकवेदी, क्रोधादि चार कषायवाले, मत्यज्ञानी, श्रुताज्ञानी, असंयत, चक्षुदर्शनी, अचक्षुदर्शनी, कृष्णलेश्यावाले, नीललेश्यावाले, कापोतलेश्यावाले, भव्य, अभव्य और मिथ्यादृष्टि जीवोंमें सात कर्मोंके भुजगार बन्धका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल चार समय है। अल्पतर बन्धका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल तीन समय है। अवस्थित बन्धका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। आयुकर्मका भङ्ग ओघके समान है। इतनी विशेषता है कि सात कर्मोंका जिन मार्गणाओंमें अवक्तव्य बन्ध है उनमें उसका काल ओघके समान है।

२७९. कार्मणकाययोगी और अनाहारक जीवोंमें सात कर्मोंके भुजगार और अल्पतर बन्धका जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है। अवस्थित बन्धका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल तीन समय है।

२८०. अपगतवेदी जीवोंमें सात कर्मोंके भुजगार, अल्पतर और अवक्तव्य बन्धका

ओघं । सुहुमसं० छण्णं क० भुज०-अप्प० जहण्णु० एग० । अवट्ठि० ओघं । सम्मामि० सत्तण्णं क० भुज०-अप्प० जह० एग०, उक्क० बे सम० । अवट्ठि० ओघं । अथवा आभि०-सुद०-ओधि०-सम्मादि०-खइगस०-सण्णि-तिण्णिले० भुज० जह० एग०, उक्क० सत्थाणे दो लभदि । कालगदे एक्कं लभदि ।

एवं कालो समत्तो ।

अंतराणुगमो

२८१. अंतरं दुवि०—ओघे० आदे० । ओघे० सत्तण्णं कम्माणं भुज०-अप्पद०-अवट्ठि०बंधंतरं केवचिरं ? जह० एग०, उक्क० अंतो० । अवत्त०बंध० जह० अंतो०, उक्क० अद्धपोग्गल० । आयु० अवत्त०-अप्प० जह० अंतो०, उक्क० तेत्तीसं सा० सादि० । एवं ओघभंगो अचक्खु०-भवसि० ।

जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है । अवस्थितबन्धका काल ओघके समान है । सूक्ष्मसाम्परायसंयत जीवोंमें छह कर्मोंके भुजगार और अल्पतर बन्धका जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है । अवस्थितबन्धका काल ओघके समान है । सम्यग्मिथ्यादृष्टि जीवोंमें भुजगार और अल्पतरबन्धका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल दो समय है । अवस्थितबन्धका काल ओघके समान है । अथवा आभिनिबोधिकज्ञानी, श्रुतज्ञानी, अवधिज्ञानी, सम्यग्दृष्टि, क्षायिकसम्यग्दृष्टि, संज्ञी और तीन लेश्याओंमें भुजगारबन्धका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल स्वस्थानमें दो समय और मरनेपर एक समय उपलब्ध होता है ।

इस प्रकार कालानुगम समाप्त हुआ ।

अन्तरानुगम

२८१. अन्तर दो प्रकारका है—ओघ और आदेश । ओघकी अपेक्षा सात कर्मोंके भुजगार, अल्पतर और अवस्थित बन्धका अन्तर कितना है ? जघन्य अन्तर एक समय और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है । अवक्तव्यबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम अर्द्धपुद्गल परिवर्तनकाल है । आयुकर्मके अवक्तव्य और अल्पतर बन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट अन्तर साधिक तेतीस सागर है । इसी प्रकार ओघके समान अचक्षुदर्शनी और भव्य जीवोंके जानना चाहिए ।

विशेषार्थ—भुजगार अल्पतर और अवस्थित बन्धोंके परस्पर एक दूसरेसे एक समयके लिए व्यवहित होनेपर इनका जघन्य अन्तर एक समय उपलब्ध होता है । तथा अवस्थित बन्धका उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त होनेसे भुजगार और अल्पतर बन्धका उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त उपलब्ध होता है । जो जीव उपशमश्रेणीपर आरोहण करके अन्तर्मुहूर्त काल तक सात कर्मोंका बन्ध नहीं करता है उसके अवस्थित बन्धका अन्तर्मुहूर्त काल प्रमाण उत्कृष्ट अन्तरकाल उपलब्ध होता है । एकबार उपशमश्रेणीपर आरोहण करनेके बाद उतरकर पुनः उपशम श्रेणीपर आरोहण करके उपशान्तमोह होनेमें कमसे कम अन्तर्मुहूर्त काल लगता है और अधिकसे अधिक कुछ कम अर्द्धपुद्गल परिवर्तन काल लगता है । इसीलिए सात कर्मोंके अवक्तव्यबन्धका जघन्य अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम अर्द्धपुद्गलपरिवर्तन प्रमाण कहा है । एकबार आयुका बन्ध होनेके बाद पुनः दूसरी बार आयुके बन्ध होनेमें

२८२. आदेसेण णेरइएसु सत्तण्णं क० भुज०-अप्प० जह० एग०, उक्क० अंतो० । अवट्ठि० जह० एग०, उक्क० बे सम० । आयु० अवत्त०-अप्पद० जह० अंतो०, उक्कस्सेण छम्मासं देसूणं । एवं सव्वणिरय-सव्वदेव-वेउव्वियमि०-विभंग० ।

२८३. तिरिक्खेसु सत्तण्णं क० भुज०-अप्प० ओघं । अवट्ठि० जह० एग०, उक्क० चत्तारि सम० । आयु० अवत्त०-अप्पद० जह० अंतो०, उक्क० तिण्णि पलिदो० सादिरे० । एवं णवुंस०-मदि०-सुद०-असंज०-किण्ण०-णील०-काउ०-अब्भवसि०-मिच्छादि० । णवरि आयु० किण्ण०-णील०-काउले० णिरयभंगो । सेसाणं मूलोघं ।

कमसे कम अन्तर्मुहूर्त और अधिकसे अधिक साधिक तेतीस सागर काल लगता है। इसीसे आयुकर्मके अवक्तव्य और अल्पतरवन्धका जघन्य अन्तर काल अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट अन्तरकाल साधिक तेतीस सागर कहा है। अचक्षुदर्शन और भव्य जीवोंमें यह व्यवस्था अविकल घटित हो जाती है इसलिए इनमें उक्त पदोंका अन्तरकाल ओघके समान कहा है।

२८२. आदेशसे नारकियोंमें सात कर्मोंके भुजगार और अल्पतरवन्धका जघन्य अन्तर एक समय और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। अवस्थितवन्धका जघन्य अन्तर एक समय और उत्कृष्ट अन्तर दो समय है। आयुकर्मके अवक्तव्य और अवस्थितवन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम छह महीना है। इसी प्रकार सव नारकी, सब देव, वैक्रियिकमिश्रकाययोगी और विभङ्गज्ञानी जीवोंके जानना चाहिए।

२८३. तिर्यञ्चोंमें सात कर्मोंके भुजगार और अल्पतरवन्धका अन्तर ओघके समान है। अवस्थितवन्धका जघन्य अन्तर एक समय और उत्कृष्ट अन्तर चार समय है। आयुकर्मके अवक्तव्य और अल्पतरवन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट अन्तर साधिक तीन पल्य है। इसी प्रकार नपुंसकवेदी, मत्यज्ञानी, श्रुताज्ञानी, असंयत, कृष्णलेश्यावाले, नीललेश्यावाले, कापोत लेश्यावाले, अभव्य और मिथ्यादृष्टि जीवोंके जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि कृष्णलेश्यावाले, नीललेश्यावाले और कापोतलेश्यावाले जीवोंमें आयुकर्मके पदोंका अन्तर सामान्य नारकियोंके समान है। तथा शेष मार्गणाओंमें आयुकर्मके पदोंका अन्तर मलोघके समान है।

विशेषार्थ—कृष्ण, नील और कापोत लेश्याएँ नरकमें सतत बनी रहती हैं। अन्यत्र इनका अन्तर्मुहूर्त काल उपलब्ध होता है, इसलिए आयुकर्मकी अपेक्षा दोनों पदोंका जघन्य अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम छह महीना जैसा कि नारकियोंके कह आये हैं उसी प्रकार इन लेश्याओंमें प्राप्त होनेसे इनका अन्तरकाल सामान्य नारकियोंके समान कहा है। तथा ओघसे आयुकर्मके दो पदोंका जघन्य अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट अन्तरकाल साधिक तेतीस सागर जिस प्रकार घटित करके बतला आये हैं उसी प्रकार यहां कही गई नपुंसकवेदी, मत्यज्ञानी, श्रुताज्ञानी, असंयत, अभव्य और मिथ्यादृष्टि मार्गणाओंमें भी जान लेना चाहिए, क्योंकि नारकियोंकी उत्कृष्ट आयु तेतीस सागर प्रमाण होनेसे जिसने पूर्वभवमें पूर्वकोटिके त्रिभागमें आयुवन्ध करके पुनः नरकगतिमें छह महीना कालके शेष रहनेपर आयुवन्ध किया है उसके आयुकर्मके दोनों पदोंका उत्कृष्ट अन्तरकाल साधिक तेतीस सागर उपलब्ध होता है। इन मार्गणाओंमें इन पदोंका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है यह स्पष्ट ही है। शेष कथन सुगम है।

२८४. पंचिंदियतिरिक्खेसु सत्तएणं क० भुज०-अप्प० जह० एग०, उक्क० अंतो० । अवट्ठि० जह० एग०, उक्क० तिण्णि सम० । आयु० तिरिक्खोघं । एवं पंचिंदियतिरिक्खजोणिणी-पंचिंदियतिरिक्खअप०-इत्थि०-पुरिस०-असण्णि त्ति । एदेसिं आयु० विसेसो । पंचिंदियतिरिक्ख०अप० जहण्णु० अंतो० । इत्थि०-पुरिस०-असण्णि० जह० अंतो०, उक्क० पणवण्णं पलिदो०सादि०तेत्तीसं सा०सादि० पुव्वकोडी सादिरे० ।

२८५. मणुस० सत्तएणं क० भुज०-अप्पद०-अवट्ठि० मूलोघं । अवत्त० जह० अंतो०, उक्क० पुव्वकोडिपुधत्तं । आयु० तिरिक्खोघं । मणुसअप० पंचिंदियतिरिक्खअपज्जत्तभंगो । णवरि अवट्ठि० उक्क० वे० सम० ।

२८६. सव्वएइंदिय-विगलिंदिय-पंचकायाणं आयु० मोत्तूण णिरयभंगो । सव्व-

---

२८४. पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चोंमें सात कर्मोंके भुजगार और अल्पतरबन्धका जघन्य अन्तर एक समय और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है । अवस्थितबन्धका जघन्य अन्तर एक समय और उत्कृष्ट अन्तर तीन समय है । आयुकर्मके पदोंका अन्तर सामान्य तिर्यञ्चोंके समान है । इसी प्रकार पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चयोनिनी, पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्त, स्त्रीवेदी, पुरुषवेदी और असंज्ञी जीवोंके जानना चाहिए किन्तु इनके आयुकर्मके पदोंके अन्तरमें विशेषता है । यथा—पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्तक जीवोंमें आयुकर्मके पदोंका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है । तथा स्त्रीवेदी पुरुषवेदी और असंज्ञी जीवोंमें आयुकर्मके पदोंका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट अन्तर क्रमसे साधिक पचपन पल्य, साधिक तेतीस सागर और साधिक एक पूर्वकोटि है ।

विशेषार्थ—यहाँ स्त्रीवेदी, पुरुषवेदी और असंज्ञी जीवोंकी भवस्थितिको जानकर आयुकर्मके दोनों पदोंका उससे साधिक उत्कृष्ट अन्तरकाल कहा है । शेष कथन सुगम है ।

२८५. मनुष्यत्रिकमें सात कर्मोंके भुजगार, अल्पतर और अवस्थित बन्धका अन्तर मूलोघके समान है । अवक्तव्य बन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट अन्तर पूर्वकोटि पृथक्त्व है । आयुकर्मके पदोंका अन्तर सामान्य तिर्यञ्चोंके समान है । मनुष्य अपर्याप्तकोंमें पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्तकोंके समान भङ्ग है । इतनी विशेषता है कि अवस्थित बन्धका उत्कृष्ट अन्तर दो समय है ।

विशेषार्थ—मनुष्यत्रिकमें सात कर्मोंके अवक्तव्य बन्धका उत्कृष्ट अन्तर पूर्वकोटिपृथक्त्व कहनेका कारण इनकी अपनी अपनी कायस्थिति है । क्योंकि जिसने अपनी अपनी कायस्थितिके प्रारम्भमें आठ वर्ष और अन्तर्मुहूर्तका होने पर और अन्तमें अन्तर्मुहूर्त काल शेष रहने पर उपशमश्रेणि पर आरोहण कर उतरते समय सात कर्मोंका अवक्तव्य बन्ध किया है उसके इस पदका उत्कृष्ट अन्तरकाल उक्तप्रमाण प्राप्त होता है । तथा मनुष्य अपर्याप्तमें भुजगार और अल्पतर बन्धका उत्कृष्ट काल दो समय होनेसे इसमें अवस्थित बन्धका उत्कृष्ट अन्तर दो समय प्राप्त होता है । शेष कथन सुगम है । इसी प्रकार आगे भी यथासम्भव भुजगार आदि पदोंका काल और उस उस मार्गणाकी कायस्थिति आदि जानकर अन्तरकाल ले आना चाहिए ।

२८६. सब एकेन्द्रिय, सब विकलेन्द्रिय, पाँच स्थावरकाय जीवोंमें आयुकर्मको छोड़कर शेष कर्मोंके पदोंका अन्तर नारकियोंके समान है । सब सूक्ष्म और सब अपर्याप्तक

सुहुम-सव्वअपज्जत्ताणं च आयु० पंचिंदियतिरिक्ख[1]अपज्जत्तभंगो। सेसाणं आयु० अवत्त०-अप्प० जह० अंतो०, उक्क० बावीसं वस्ससहस्साणि सादि० बारसवस्साणि एगुणवण्णरादिंदियाणि छम्मासं सादि० बावीसं वस्ससह० [सत्त वस्ससह०] तिण्णि रादिंदियाणि० तिण्णिवस्ससह० दसवस्ससह० सादि०। सव्वणियोद० जहण्णुक्क० अंतो०।

२८७. पंचिंदिय-तस० तेसिं पज्जत्ता० सत्तण्णं क० भुज०-अप्पद०-अवट्ठि० ओघं। अवत्तव्व० जह० अंतो०, उक्क० कायट्ठिदी। आयु० ओघं। एवं चक्खु०-सण्णि त्ति। आहारगा० एवं चेव। णवरि सत्तण्णं क० अवत्तव्व० उक्क० अंगुलस्स असंखेज्जदिभागो असंखे० ओसप्पिणिउस्सप्पिणीओ। पंचिंदियअपज्जत्ता० पंचिंदियतिरिक्खअपज्जत्तभंगो। तसअपज्जत्तगे सत्तण्णं कम्माणं भुज० अप्पद[2]० जह० एगस०, उक्क० अंतो०। अवट्ठि० जह० ए०, उक्क० चत्तारि समयं। आयु० पंचिंदियअपज्जत्तभंगो।

२८८. पंचमण०-पंचवचि०-वेउव्वियका०-आहारका०-आहारमि० सत्तण्णं क० भुज०-अप्प०-अवट्ठि० देवोघं। आयु० अप्प०-अवत्त० णत्थि अंतरं। णवरि पंचमण०-पंचवचि० अट्ठण्णं क० अवत्त० णत्थि अंतरं। कायजोगी० सत्तण्णं क० भुज०-

---

जीवोंमें आयुकर्मके पदोंका अन्तर पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्तकोंके समान है। शेष मार्गणाओंमें आयुकर्मके अवक्तव्य और अल्पतर पदका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट अन्तर क्रमसे साधिक बाईस हजार वर्ष, साधिक बारह वर्ष, साधिक उनचास दिन-रात, साधिक छह महीना, साधिक बाईस हजार वर्ष, साधिक सात हजार वर्ष, साधिक तीन दिन-रात, साधिक तीन हजार वर्ष और साधिक दश हजार वर्ष है। सब निगोद जीवोंमें आयुकर्मके सब पदोंका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है।

२८७. पञ्चेन्द्रिय और पञ्चेन्द्रिय पर्याप्त, त्रस और त्रसपर्याप्त जीवोंमें सात कर्मोंके भुजगार, अल्पतर और अवस्थित बन्धका अन्तर ओघके समान है। अवक्तव्य बन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट अन्तर अपनी अपनी कायस्थिति प्रमाण है। आयुकर्मका अन्तर ओघके समान है। इसी प्रकार चक्षुदर्शनी और संज्ञी जीवोंके जानना चाहिए। आहारक जीवोंके भी इसी प्रकार जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि सात कर्मोंके अवक्तव्य बन्धका उत्कृष्ट अन्तर अंगुलके असंख्यातवें भागप्रमाण है। जो असंख्यातासंख्यात उत्सर्पिणी और अवसर्पिणी कालके बराबर है। पञ्चेन्द्रिय अपर्याप्त जीवोंमें आठों कर्मोंके सम्भव पदोंका अन्तर पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्तकोंके समान है। त्रस अपर्याप्तकोंमें सात कर्मोंके भुजगार और अल्पतर बन्धका जघन्य अन्तर एक समय और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। अवस्थित बन्धका जघन्य अन्तर एक समय और उत्कृष्ट अन्तर चार समय है। आयुकर्मके पदोंका अन्तर पञ्चेन्द्रिय अपर्याप्तकोंके समान है।

२८८. पाँचों मनोयोगी, पाँचों वचनयोगी, वैक्रियिक काययोगी, आहारककाययोगी, आहारकमिश्रकाययोगी जीवोंमें सात कर्मोंके भुजगार अल्पतर और अवस्थित बन्धका अन्तर सामान्य देवोंके समान है। आयुकर्मके अल्पतर और अवक्तव्य पदका अन्तर नहीं है। इतनी विशेषता है कि पाँचों मनोयोगी और पाँचों वचनयोगी जीवोंमें आठों कर्मोंके अवक्तव्य पदका अन्तर नहीं है। काययोगी जीवोंमें सात कर्मोंके भुजगार, अल्पतर और अवस्थित

---

१. मूलप्रतौ—तिरिक्खपज्जत्तभंगो इति पाठः। २. मूलप्रतौ अप्पद० जह० अप० जह० एगस० इति पाठः।

अप्प०-अवट्ठि० मूलोघं । अवत्त० णत्थि अंतरं । आयु० अप्पद०-अवत्त० जह० अंतो०, उक्क० बावीसं वस्ससहस्साणि सादि० । ओरालि० सत्तण्णं क० मण०-भंगो । आयु० अप्पद०-अवत्त० जह० अंतो०, उक्क० सत्तवस्ससहस्साणि सादिरे० । ओरालियमि० सत्तण्णं कम्माणं भुज०-अप्पद० ओघं। अवट्ठि० जह० एग०, उक्क० तिण्णि सम० । आयु० अप०भंगो । वेउव्वियमि०-सम्मामि० सत्तण्णं क० णिरय-भंगो । कम्मइ०-अणाहा० सत्तण्णं क० भुज०-अप्पद० णत्थि अंतरं । अवट्ठि० जहण्णु० एग० ।

२८९. अवगद० सत्तण्णं क० भुज०-अप्प० जहण्णु० अंतो० । अवट्ठि० जह० एग०, उक्क० अंतो० । अवत्त० णत्थि अंतरं ।

२९०. कोधादि०४ सत्तण्णं क० भुज०-अप्प० ओघं । अवट्ठि० जह० एग०, उक्क० चत्तारि सम० । आयु० मणजोगिभंगो । णवरि लोभे मोह० अवत्त० णत्थि अंतरं ।

पदोंका अन्तर मूलोघके समान है । अवक्तव्य पदका अन्तर नहीं है । आयुकर्मके अल्पतर और अवक्तव्य पदका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट अन्तर साधिक बाईस हजार वर्ष है । औदारिक काययोगी जीवोंमें सात कर्मोंके पदोंका अन्तर मनोयोगियोंके समान है । आयुकर्मके अल्पतर और अवक्तव्य पदका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट अन्तर साधिक सात हजार वर्ष है । औदारिकमिश्रकाययोगी जीवोंमें सात कर्मोंके भुजगार और अल्पतर पदका अन्तर ओघके समान है । अवस्थित पदका जघन्य अन्तर एक समय और उत्कृष्ट अन्तर तीन समय है । आयुकर्मका भङ्ग अपर्याप्तकोंके समान है । वैक्रियिकमिश्रकाययोगी और सम्यग्मिथ्यादृष्टि जीवोंमें सात कर्मोंके सम्भव पदोंका अन्तर नारकियोंके समान है । कार्मणकाययोगी और अनाहारक जीवोंमें सात कर्मोंके भुजगार और अल्पतर पदका अन्तर नहीं है । अवस्थित पदका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर एक समय है ।

२८९. अपगतवेदी जीवोंमें सात कर्मोंके भुजगार और अल्पतर बन्धका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है । अवस्थितबन्धका जघन्य अन्तर एक समय और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है । अवक्तव्य बन्धका अन्तरकाल नहीं है ।

विशेषार्थ—अपगतवेदमें अवस्थितबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त होनेसे यहां भुजगार और अल्पतरबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त कहा है । किन्तु यहां भुजगार और अल्पतरबन्धका काल एक समय होनेसे अवस्थित बन्धका जघन्य अन्तर एक समय कहा है । तथा मोहनीयके बन्धकी अपेक्षा सूक्ष्मसाम्पराय और उपशान्तमोहसे अन्तरित होकर और आयुके बिना शेष छह कर्मोंकी अपेक्षा उपशान्तमोहसे अन्तरित होकर अपगतवेदमें सात कर्मोंका अवस्थितबन्ध भी होता है, इसलिए यहां सात कर्मोंके अवस्थित-बन्धका उत्कृष्ट अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त कहा है । इन कर्मोंका अवक्तव्य बन्ध उपशमश्रेणिसे उतरते समय एक बार होता है, इसलिये यहां अवक्तव्य बन्धके अन्तरका निषेध किया है ।

२९०. क्रोधादि चार कषायवाले जीवोंमें सात कर्मोंके भुजगार और अल्पतरबन्धका अन्तर ओघके समान है । अवस्थित पदका जघन्य अन्तर एक समय और उत्कृष्ट अन्तर चार समय है । आयुकर्मका भङ्ग मनोयोगियोंके समान है । इतनी विशेषता है कि लोभकषायमें मोहनीय कर्मके अवक्तव्यबन्धका अन्तर काल नहीं है ।

२९१. आभि०-सुद०-ओधि० सत्तण्णं क०· भुज०-अप्पद०-अवट्ठि० ओघं। अवत्तव्व० जह० अंतो०, उक्क० छावट्ठिसागरो० सादिरे०। आयु० ओघं। एवं ओधिदं-सम्मादि०-खइग०। णवरि खइग० अवत्त० उक्क० तेत्तीसं सा० सादिरे०। मणपज्ज० सत्तण्णं कम्मा० भुज०-अप्प०-अवट्ठि० ओघं। अवत्त० जह० अंतो०, उक्क० पुव्वकोडी देसूणा। आयु० अवत्त०-अप्पद० जह० अंतो०, उक्क० पुव्वकोडितिभागं देसू०। एवं संजदा०। एवं चेव सामाइ०-छेदो०-परिहार०-संजदासंजद०। णवरि सत्तण्णं क० अवट्ठि० वेसम०। अवत्त० णत्थि।

२९२. सुहुमसं० छण्णं कम्माणं जहण्णु० भुज-अप्प० अंतो०। अवट्ठि० जहण्णु'० एगस०।

२९३. तेउ०-पम्म० सत्तण्णं क० भुज०-अप्पद० ओघं। अवट्ठि० जह० एग०, उक्क० तिण्णि सम०। आयु० देवोघं। एवं वेदगे। णवरि आयु० ओधिभंगो।

विशेषार्थ—यद्यपि लोभकषायमें मोहनीय कर्मका अवक्तव्य बन्ध होता है पर अन्तर काल उपलब्ध नहीं होता, क्योंकि अन्तरकाल प्राप्त करनेके लिए दो बार उपशमश्रेणि पर आरोहण कराना पड़ता है पर प्रत्येक कषायका इतना बड़ा काल नहीं है। इसीसे यहाँ लोभकषायमें मोहनीयके अवक्तव्यबन्धके अन्तरका निषेध किया है। शेष कथन सुगम है।

२९१. आभिनिबोधिकज्ञानी, श्रुतज्ञानी और अवधिज्ञानी जीवोंमें सात कर्मोंके भुजगार, अल्पतर और अवस्थितबन्धका अन्तर ओघके समान है। अवक्तव्यबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट अन्तर साधिक छ्यासठ सागर है। आयुकर्मका भङ्ग ओघके समान है। इसी प्रकार अवधिदर्शनी, सम्यग्दृष्टि और क्षायिकसम्यग्दृष्टि जीवोंके जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि क्षायिकसम्यग्दृष्टि जीवोंमें अवक्तव्य बन्धका उत्कृष्ट अन्तर साधिक तेतीस सागर है। मनःपर्ययज्ञानी जीवोंमें सात कर्मोंके भुजगार, अल्पतर और अवस्थित बन्धका अन्तर ओघके समान है। अवक्तव्य बन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम एक पूर्वकोटि है। आयुकर्मके अवक्तव्य और अल्पतर पदका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम पूर्वकोटिका त्रिभागप्रमाण है। इसी प्रकार संयत जीवोंके जानना चाहिए। तथा इसी प्रकार सामायिकसंयत, छेदोपस्थापनासंयत, परिहारविशुद्धिसंयत और संयतासंयत जीवोंके जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इनमें सात कर्मोंके अवस्थितबन्धका उत्कृष्ट अन्तर दो समय है। तथा इनके अवक्तव्यबन्ध नहीं है।

२९२. सूक्ष्मसाम्परायिक संयत जीवोंमें छह कर्मोंके भुजगार और अल्पतरबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। अवस्थितबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर एक समय है।

२९३. पीतलेश्यावाले और पद्मलेश्यावाले जीवोंमें सात कर्मोंके भुजगार और अल्पतरबन्धका अन्तर ओघके समान है। अवस्थितबन्धका जघन्य अन्तर एक समय और उत्कृष्ट अन्तर तीन समय है। आयुकर्मका भङ्ग सामान्य देवोंके समान है। इसी प्रकार वेदकसम्यग्दृष्टि जीवोंमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इनके आयुकर्मका भङ्ग अवधि-

---

१. मूलप्रतौ अवट्ठि० जह०. एगस० इति पाठः।

सुक्कले० सत्तराणं क० भुज०-अप्पद०-अवट्ठि० ओघं । अवत्तव्व० णत्थि अंतरं । आयु० देवोघं ।

२९४. उवसमस० सत्तराणं क० भुज०-अप्पद०-अवट्ठि० ओघं । अवत्त० णत्थि अंतरं । सासणे सत्तराणं क० णिरयभंगो । आयु० दो वि पदा णत्थि अंतरं । एवं अंतरं समत्तं ।

णाणाजीवेहि भंगविचयाणुगमो

२९५. णाणाजीवेहि भंगविचयाणु० दुवि०—ओघे० आदे० । ओघे० सत्तराणं क० भुज०-अप्पद०-अवट्ठि०बंधगा णियमा अत्थि । सिया एदे य अवत्तव्वबंधगो य, सिया एदे य अवत्तव्वबंधगा य । आयु० अवत्त० अप्पदरबंधगा य णियमा अत्थि । एवं ओघभंगो कायजोगि-ओरालियका०-अचक्खुदं०-भवसि०-आहारग त्ति ।

२९६. आदेसेण णेरइएसु सत्तराणं क० अवट्ठि०बंध० णियमा अत्थि । सेसपदाणि भयणिज्जाणि ।

ज्ञानियोंके समान है । शुक्लेश्यावाले जीवोंमें सात कर्मोंके भुजगार अल्पतर और अवस्थित वन्धका अन्तर ओघके समान है । अवक्तव्यवन्धका अन्तर नहीं है । आयुकर्मका भङ्ग सामान्य देवोंके समान है ।

२९४. उपशमसम्यग्दृष्टि जीवोंमें सात कर्मोंके भुजगार, अल्पतर और अवस्थित-वन्धका अन्तर ओघके समान है । अवक्तव्य वन्धका अन्तर नहीं है । सासादनसम्यग्दृष्टि जीवोंमें सात कर्मोंके सब पदोंका अन्तर नारकियोंके समान है । आयुकर्मके दोनों ही पदोंका अन्तर नहीं है ।

इस प्रकार अन्तरानुगम समाप्त हुआ ।

नाना जीवोंकी अपेक्षा भङ्गविचयानुगम

२९५. नानाजीवोंका अवलम्बन कर भङ्गविचयानुगमकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश । ओघसे सात कर्मोंका भुजगार अल्पतर और अवस्थित वन्ध करनेवाले जीव नियमसे हैं । कदाचित् ये हैं और अवक्तव्यबन्ध करनेवाला एक जीव है । कदाचित् ये हैं और अवक्तव्य वन्ध करनेवाले अनेक जीव हैं । आयुकर्मका अवक्तव्य और अल्पतर वन्ध करनेवाले जीव नियमसे हैं । इस प्रकार ओघके समान काययोगी, औदारिक काययोगी, अचक्षुदर्शनी, भव्य और आहारक जीवोंके जानना चाहिए ।

विशेषार्थ—यहाँ नाना जीवोंकी अपेक्षा भुजगारवन्ध आदिके भङ्ग लाये गये हैं । ओघसे सात कर्मोंका भुजगार, अल्पतर और अवस्थित वन्ध करनेवाले जीव नियमसे हैं । यह एक ध्रुव भङ्ग है । तथा ये और कदाचित् अवक्तव्य वन्ध करनेवाला एक जीव है अथवा ये और कदाचित् अवक्तव्य भङ्गवाले नाना जीव हैं । इस प्रकार ये दो अध्रुव भङ्ग हैं । कुल भङ्ग तीन होते हैं । आयुकर्मकी अपेक्षा अवक्तव्य और अल्पतरबन्धवाले जीव नियमसे हैं यही एक ध्रुव भङ्ग होता है । यहां काययोगी आदि जो मार्गणाएँ गिनाई हैं उनमें यह व्यवस्था अविकल घटित हो जाती है इसलिए उनका कथन ओघके समान कहा है ।

२९६. आदेशसे नारकियोंमें सात कर्मोंका अवस्थित वन्ध करनेवाले जीव नियमसे हैं । तथा शेष पद भजनीय हैं ।

भयणिज्जपदा तिगुणा अण्णोण्णगुणा हवेज्ज कादव्वा ।
धुवरहिदा रूवूणा[1] धुवसहिदा तत्तिया चेव ॥ १ ॥

२९७. आयुगस्स दो वि पदा भयणिज्जा । एवं सव्वणिरयस्स सव्वपंचिंदियतिरिक्ख-सव्वदेव-सव्वविगलिंदिय-पंचिंदिय-तस० अप०—वादरपुढ०—आउ०—तेउ०—वाउ०-वादरवणप्फदि० पत्तेय० पज्जत्त०-वेउव्वियका०-इत्थि०-पुरिस०-विभंग०-सामा०-छेदो०-परिहार०-संजदासंजद०-तेउ०-पम्म०-वेदग त्ति ।

२९८. तिरिक्खेसु सत्तण्णं क० भुज०-अप्पद०-अवट्ठि० आयु० अवत्त०-अप्पदर० णियमा अत्थि । एवं तिरिक्खोघभंगो सव्वएइंदिय-पुढवि०-आउ०-तेउ०-वाउ०-वादरपुढवि०-आउ०-तेउ०-वाउ० तेसिं चेव अप० तेसिं चेव सव्वसुहुम-सव्व-वणप्फदिणियोद-वादरवणप्फ० पत्तेय० तस्सेव अप० ओरालियमि०-णवुंस०-कोधादि० ४-मदि०-सुद०-असंज०-किण्ण०—णील०-काउ०-अब्भवसि०—मिच्छादि०—असण्णि त्ति ।

भजनीय पदोंका १ १ इस प्रकार विरलन करके तिगुना करे । पुनः उसी तिगुनी विरलित राशिका परस्परमें गुणा करे । इस क्रियाके करनेसे जो लब्ध आता है उससे अध्रुव भङ्ग एक कम होते हैं और ध्रुव भङ्ग सहित अध्रुवभङ्ग उक्त संख्याप्रमाण होते हैं ॥१॥

२९७. आयुकर्मके दोनों ही पद भजनीय हैं । इसीप्रकार सब नारकी, सब पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च, सब देव, सब विकलेन्द्रिय, पञ्चेन्द्रिय अपर्याप्त, त्रस अपर्याप्त, वादर पृथिवीकायिक पर्याप्त, वादर जलकायिक पर्याप्त, वादर अग्निकायिक पर्याप्त, वादर वायुकायिक पर्याप्त, वादर वनस्पतिकायिक प्रत्येक शरीर पर्याप्त, वैक्रियिक काययोगी, स्त्रीवेदी, पुरुषवेदी, विभङ्गज्ञानी, सामायिकसंयत, छेदोपस्थापनासंयत, परिहारविशुद्धिसंयत, संयतासंयत, पीतलेश्यावाले, पद्मलेश्यावाले और वेदकसम्यग्दृष्टि जीवोंके जानना चाहिए ।

विशेषार्थ—यहाँ सात कर्मोंकी अपेक्षा अवस्थित बन्धवाले जीव नियमसे हैं । यह एक ध्रुव भङ्ग है और भुजगार व अल्पतर ये दो पद भजनीय हैं । अतएव पूर्वोक्त गाथामें कहे गये नियमके अनुसार इन दो का १, १ इस प्रकार विरलनकर तथा इन्हें ३, ३ इस प्रकार तिगुना कर इनका परस्परमें ३ × ३ = ९ इस प्रकार गुणा करनेपर कुल ९ भङ्ग होते हैं । इनमें से ८ अध्रुव भङ्ग और एक ध्रुव भङ्ग है । ये ९ भङ्ग ज्ञानावरण आदि एक एक कर्मकी अपेक्षासे होते हैं । आयुकर्म के दोनों पद भजनीय हैं, इसलिए इनके एक जीव और नाना जीवोंकी अपेक्षा एक संयोगी और द्विसंयोगी कुल आठ भङ्ग होते हैं ।

२९८. तिर्यञ्चोंमें सात कर्मोंका भुजगार, अल्पतर और अवस्थितका बन्ध करनेवाले जीव तथा आयुकर्मके अवक्तव्य और अल्पतरका बन्ध करनेवाले जीव नियमसे हैं । इसी प्रकार सामान्य तिर्यञ्चोंके समान सब एकेन्द्रिय, पृथिवीकायिक, जलकायिक, अग्निकायिक, वायुकायिक, वादर पृथिवीकायिक, वादर जलकायिक, वादर अग्निकायिक, वादर वायुकायिक और इन सबके अपर्याप्त, तथा इनके ही सब सूक्ष्म, सब वनस्पतिकायिक, सब निगोद, वादर वनस्पतिकायिक प्रत्येक शरीर और इनके ही अपर्याप्त, औदारिकमिश्रकाययोगी, नपुंसकवेदी, क्रोधादि चार कषायवाले, मत्यज्ञानी, श्रुताज्ञानी, असंयत, कृष्णलेश्यावाले, नील लेश्यावाले, कापोत लेश्यावाले, अभव्य, मिथ्यादृष्टि और असंज्ञी जीवोंके जानना चाहिए ।

---

१. मूलप्रतौ-रहिदा रूवेण धुव-इति पाठः ।

२९९. मणुस०३ सत्तण्णं क० अवट्ठिदबंधगा णियमा अत्थि। सेसपदा भयणिज्जा। आयु० दो वि पदा भयणिज्जा। एवं पंचिंदिय-तस०२-पंचमण०-पंचवचि०-आभि०-सुद०-ओधि०-मणपज्ज०-संजद०-चक्खुदं०-ओधिदं०-सुक्कले०-सम्मादि०-खइग०-सण्णि त्ति।

३००. मणुसअप० अट्ठण्णं क० सव्वपदा भयणिज्जा। एवं वेउव्वियमि०-आहार०-आहारमि०-अवगद०-सुहुमसं०-उवसम०-सासण०-सम्मामि०।

३०१. कम्मइग०-अणाहार० सत्तण्णं क० भुज०-अप्प०-अवट्ठि० णियमा अत्थि।

भागाभागाणुगमो

३०२. भागाभागाणु० दुवि०—ओघे० आदे०। ओघे० सत्तण्णं क० भुज०-अप्पद०बंधगा सव्वजीवेहि केवडियो? असंखेज्जदिभागो। अवट्ठि० केव०? असंखेज्जा भागा। अवत्तव्वबंधगा केवडि०? अणंतभागो। आयु० अवत्त०बंध०-केवडि०? असंखेज्जदिभागो। अप्पद०बंध० केवडि०? असंखेज्जा भागा। एवं

२९९. मनुष्यत्रिकमें सात कर्मोंके अवस्थित पदका बन्ध करनेवाले जीव नियमसे हैं। शेष पद भजनीय हैं। आयुकर्मके दोनों ही पद भजनीय हैं। इसी प्रकार पञ्चेन्द्रिय, पञ्चेन्द्रिय पर्याप्त, त्रस, त्रसपर्याप्त, पांचों मनोयोगी, पांचों वचनयोगी, आभिनिबोधिक ज्ञानी, श्रुतज्ञानी, अवधिज्ञानी, मनःपर्ययज्ञानी, संयत, चक्षुदर्शनी, अवधिदर्शनी, शुक्ललेश्यावाले, सम्यग्दृष्टि, क्षायिकसम्यग्दृष्टि और संज्ञी जीवोंके जानना चाहिए।

विशेषार्थ—यहां सात कर्मोंकी अपेक्षा ३ पद भजनीय होनेसे प्रत्येक कर्मका ध्रुव १ और अध्रुव २६ कुल २७ भङ्ग होते हैं। आयुकर्मके दोनों पद भजनीय होनेसे कुल ८ अध्रुव भङ्ग होते हैं।

३००. मनुष्य अपर्याप्त जीवोंमें आठों कर्मोंके सब पद भजनीय हैं। इसी प्रकार वैक्रियिकमिश्रकाययोगी, आहारक काययोगी, आहारक मिश्रकाययोगी, अपगतवेदी, सूक्ष्मसाम्परायसंयत, उपशमसम्यग्दृष्टि, सासादनसम्यग्दृष्टि और सम्यग्मिथ्यादृष्टि जीवोंके जानना चाहिए।

विशेषार्थ—इन मार्गणाओंमेंसे जिसमें सात कर्मोंकी अपेक्षा जितने पद सम्भव हों उनके अनुसार अध्रुव भङ्ग ले आने चाहिए। नियमका निर्देश पहले ही कर आये हैं।

३०१. कार्मणकाययोगी और अनाहारक जीवोंमें सात कर्मोंके भुजगार, अल्पतर और अवस्थित पदका बन्ध करनेवाले जीव नियमसे हैं।

इस प्रकार नाना जीवोंकी अपेक्षा भङ्गविचयानुगम समाप्त हुआ।

भागाभागानुगम

३०२. भागाभागानुगमकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ निर्देश और आदेश निर्देश। ओघकी अपेक्षा सात कर्मोंके भुजगार और अल्पतर पदका बन्ध करनेवाले जीव सब जीवोंके कितने भागप्रमाण हैं? असंख्यातवें भागप्रमाण हैं। अवस्थित पदवाले जीव सब जीवोंके कितने भागप्रमाण हैं? असंख्यात बहुभाग प्रमाण हैं। अवक्तव्य पदका बन्ध करनेवाले जीव कितने भागप्रमाण हैं? अनन्तवें भागप्रमाण हैं। आयुकर्मके अवक्तव्य पदका बन्ध करनेवाले जीव सब जीवोंके कितने भागप्रमाण हैं? असंख्यातवें भागप्रमाण

आयु० याव अणाहारग त्ति णेदव्वं। असंखेज्जजीविगाणं अणंतजीविगाणं वा एदेसिं सत्तएणं पि कम्माणं ओघे चेव। णवरि ये असंखेज्जा जीवा तेसिं सत्तएणं कम्माणं अवत्त० भुजगारेण सह भाणिदव्वं।

३०३. आदेसेण णेरइएसु सत्तएणं क० भुज०-अप्पद० सव्वजीवे० केवडि०[1] ? असंखेज्जदिभागो। अवट्ठि० केव० ? असंखेज्जा भागा। एवं सव्वेसिं असंखेज्जरासीणं अणंतरासीणं त्ति अवत्तव्वबंधवज्जाणं।

३०४. मणुसपज्जत्त-मणुसिणीसु ओघं। संखेज्जं कादव्वं। अवगद० सत्तएणं क० भुज०-अप्पद०-अवत्त०बं० केव०[2] ? संखेज्जदिभा०। अवट्ठि०बं० केव० ? संखेज्जा भागा। सुहुमसंप० छएणं क० भुज०-अप्प० संखेज्जदिभागो। अवट्ठि० संखेज्जा भागा। सेसाणं सव्वाणं संखेज्जजीविगाणं सत्तएणं क० भुज०-अप्प० संखेज्जदिभागो। अवट्ठि० संखेज्जा भागा[3]। आयु० अवत्त० संखेज्जदिभागो। अप्पद० संखेज्जा भागा। येसिं सत्तएणं क० अवत्त० अत्थि तेसिं संखेज्जजीविगाणं मणुसिभंगो।

हैं। अल्पतर पदका बन्ध करनेवाले जीव सब जीवोंके कितने भागप्रमाण हैं। असंख्यात बहुभाग प्रमाण हैं। इसी प्रकार आयुकर्मकी अपेक्षा अनाहारक मार्गणातक जानना चाहिए। असंख्यात जीववाली और अनन्त जीववाली मार्गणाओंमें सात कर्मोंका कथन ओघके समान ही है। इतनी विशेषता है कि जिनमें असंख्यात जीव हैं उनमें सात कर्मोंके अवक्तव्य पदका कथन भुजगारके साथ करना चाहिए।

३०३. आदेशसे नारकियोंमें सात कर्मोंके भुजगार और अल्पतर पदका बन्ध करनेवाले जीव सब जीवोंके कितने भागप्रमाण हैं ? असंख्यातवें भागप्रमाण है। अवस्थित पदका बन्ध करनेवाले जीव कितने भागप्रमाण हैं ? असंख्यात बहुभाग प्रमाण हैं। अवक्तव्य बन्धके सिवा और पदोंका बन्ध करनेवाली और जितनी असंख्यात और अनन्त राशियाँ हैं उन सबका भागाभाग इसी प्रकार जानना चाहिए।

३०४. मनुष्य पर्याप्त और मनुष्यिनियोंमें सब पदोंका भागाभाग ओघके समान है। इतनी विशेषता है कि यहाँ संख्यात कहना चाहिए। अपगतवेदी जीवोंमें सात कर्मोंके भुजगार अल्पतर और अवक्तव्य पदोंका बन्ध करनेवाले जीव सब जीवोंके कितने भागप्रमाण हैं ? संख्यातवें भागप्रमाण हैं। अवस्थित पदका बन्ध करनेवाले जीव सब जीवोंके कितने भागप्रमाण हैं ? संख्यात बहुभाग प्रमाण हैं। सूक्ष्मसाम्परायसंयत जीवोंमें छह कर्मोंके भुजगार और अल्पतर पदका बन्ध करनेवाले जीव सब जीवोंके कितने भागप्रमाण हैं ? संख्यातवें भागप्रमाण हैं, अवस्थित पदका बन्ध करनेवाले जीव संख्यात बहुभाग प्रमाण हैं। शेष संख्यात संख्यावाली सब मार्गणाओंमें सात कर्मोंके भुजगार और अल्पतर पदका बन्ध करनेवाले जीव संख्यातवें भागप्रमाण हैं। अवस्थित पदका बन्ध करनेवाले जीव संख्यात बहुभागप्रमाण हैं। आयुकर्मके अवक्तव्य पदका बन्ध करनेवाले जीव संख्यातवें भागप्रमाण हैं। अल्पतर पदका बन्ध करनेवाले जीव संख्यात बहुभाग प्रमाण हैं। जिन मार्गणाओंमें सात कर्मोंका अवक्तव्य पद होता है उनमें संख्यात संख्यावाली राशियोंका भङ्ग मनुष्यिनियोंके समान है।

इस प्रकार भागाभागानुगम समाप्त हुआ।

१. मूलप्रतौ केवडि ? असंखेज्जा भागा। अवट्ठि० इति पाठः। २. मूलप्रतौ केव० संखेज्जा भा०। अवट्ठि० इति पाठः। ३. मूलप्रतौ संखेज्जदिभागो आयु० इति पाठः।

परिमाणाणुगमो

३०५. परिमाणाणुगमेण दुवि०—ओघे० आदे० । ओघे० सत्तण्णं क० भुज०-अप्प०-अवट्ठि० केत्तिया ? अणंता । अवत्त० केत्तिया ? संखेज्जा । आयु० अवत्त०-[अप्पद०] अणंता । एवमोघभंगो तिरिक्खोघं सव्वएइंदिय-सव्ववणप्फदि-णियोद-कायजोगि-ओरालियका०-ओरालियमि०-णवुंस०-कोधादि०४-मदि०-सुद०-असंज०-अचक्खु०-किण्ण०-णील०-काउ०-भवसि०-अब्भवसि०-मिच्छादि०-असण्णि०-आहारग त्ति । णवरि कायजोगि-ओरालियका०-अचक्खु०-भवसि०-आहारग त्ति एदेसिं सत्तण्णं क० अवत्तव्व० लोभे मोह० अवत्तव्वबंधगा च अत्थि ।

३०६. आदेसेण णेरइएसु सत्तण्णं क० भुज०-अप्प०-अवट्ठि० आयु० दो वि पदा असंखेज्जा । एवं सव्वणिरय-सव्वपंचिंदियतिरिक्ख-मणुसअप० देवा याव सहस्सार त्ति सव्वविगलिंदिय-सव्वपुढवि०-आउ०-तेउ०-वाउ०-बादरवण०पत्ते०-पंचिंदिय-तसअप०-वेउव्वियका०-इत्थि०-पुरिस०-विभंग०-संजदासंजद०-तेउ०-पम्मले०-वेदग०-सासण त्ति ।

३०७. मणुसेसु सत्तण्णं क० भुज०-अप्प०-अवट्ठि० असंखेज्जा । अवत्त०

परिमाणानुगम

३०५. परिमाणानुगमकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ निर्देश और आदेश निर्देश । ओघकी अपेक्षा सात कर्मोंके भुजगार, अल्पतर और अवस्थित पदका बन्ध करनेवाले जीव कितने हैं ? अनन्त हैं । अवक्तव्य पदका बन्ध करनेवाले जीव कितने हैं ? संख्यात हैं । आयुकर्मके अवक्तव्य और अल्पतर पदका बन्ध करनेवाले जीव अनन्त हैं । इसी प्रकार ओघके समान सामान्य तिर्यञ्च, सब एकेन्द्रिय, सब वनस्पतिकायिक, सब निगोद, काययोगी, औदारिक काययोगी, औदारिकमिश्रकाययोगी, नपुंसकवेदी, क्रोधादि चार कषायवाले, मत्यज्ञानी, श्रुताज्ञानी, असंयत, अचक्षुदर्शनी, कृष्णलेश्यावाले, नीललेश्यावाले, कापोत लेश्यावाले, भव्य, अभव्य, मिथ्यादृष्टि, असंज्ञी और आहारक जीवोंके जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि काययोगी, औदारिक काययोगी, अचक्षुदर्शनी, भव्य और आहारक इन मार्गणाओंमें सात कर्मोंके अवक्तव्य पदका और लोभ कषायमें मोहनीयके अवक्तव्य पदका बन्ध करनेवाले जीव हैं ।

३०६. आदेशसे नारकियोंमें सात कर्मोंके भुजगार अल्पतर और अवस्थित पदका बन्ध करनेवाले जीव तथा आयुकर्मके दोनों ही पदोंका बन्ध करनेवाले जीव असंख्यात हैं । इसी प्रकार सब नारकी, सब पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च, मनुष्य अपर्याप्त, सामान्यदेव, सहस्रार कल्पतकके देव, सब विकलेन्द्रिय, सब पृथिवीकायिक, सब जलकायिक, सब अग्निकायिक, सब वायुकायिक, बादर वनस्पतिकायिक प्रत्येक शरीर, पञ्चेन्द्रिय अपर्याप्त, त्रस अपर्याप्त, वैक्रियिक काययोगी, स्त्रीवेदी, पुरुषवेदी, विभंगज्ञानी, संयतासंयत, पीतलेश्यावाले, पद्मलेश्यावाले, वेदकसम्यग्दृष्टि और सासादनसम्यग्दृष्टि जीवोंके जानना चाहिए ।

३०७. मनुष्योंमें सात कर्मोंके भुजगार, अल्पतर और अवस्थित पदका बन्ध करनेवाले जीव असंख्यात हैं । अवक्तव्य पदका बन्ध करनेवाले जीव संख्यात हैं । आयुकर्मके

संखेज्जा। आयु० दो वि पदा असंखेज्जा। एवं पंचिंदिय-तस०२-पंचमण०-पंचवचि०-आभि०-सुद०-ओधि०-चक्खुदं०-ओधिदं०-सुक्कले०-सम्मादि०-खइग०। [णवरि सुक्कले०-खइगस०] आयु० दो पदा संखेज्जा। मणुसपज्जत्त-मणुसिणीसु सव्वे भंगा संखेज्जा। एवं सव्वट्ठ-आहार०-आहारमि०-अवगदवे०-मणपज्ज०--संजद०--सामाइ०-छेदो०-परिहार०-सुहुमसंपरा०।

३०८. कम्मइ०-अणाहार० सत्तण्णं क० भुज०-अप्प०-अवट्टि० अणंता। एवं परिमाणं समत्तं।

खेत्ताणुगमो

३०९. खेत्तं दुवि०—ओघे० आदे०। ओघे० सत्तण्णं क० भुज०-अप्प०-अवट्ठि० केवडि खेत्ते? सव्वलोगे। अवत्त० लोग० असंखे०भागे। आयु० अवत्त०-अप्पद० सव्वलोगे। एवं सव्वअणंतरासीणं। णवरि तेसिं चेव सत्तण्णं क० अवत्त० णत्थि। बादरएइंदियपज्जत्तापज्जत्त० आयु० लोग० असंखे०। वणप्फदि-बादर-णियोद-पज्जत्तापज्जत्ता० आयु० लोग० असं०भागे। पुढवि०-आउ०-तेउ०-

दोनों ही पदोंका वन्ध करनेवाले जीव असंख्यात हैं। इसी प्रकार पञ्चेन्द्रिय द्विक, त्रस द्विक, पांचों मनोयोगी, पांचों वचनयोगी, आभिनिवोधिकज्ञानी, श्रुतज्ञानी, अवधिज्ञानी, चक्षुदर्शनी, अवधिदर्शनी, शुक्ललेश्यावाले, सम्यग्दृष्टि, और क्षायिकसम्यग्दृष्टि जीवोंके जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि शुक्ललेश्यावाले और क्षायिकसम्यग्दृष्टि जीवोंमें आयुकर्मके दोनों पदोंका बन्ध करनेवाले जीव संख्यात हैं। मनुष्य पर्याप्त और मनुष्यिनियोंमें सभी पदोंका बन्ध करनेवाले जीव संख्यात हैं। इसी प्रकार सर्वार्थसिद्धिके देव, आहारक काययोगी, आहारकमिश्रकाययोगी, अवगतवेदी, मनःपर्ययज्ञानी, संयत, सामायिकसंयत, छेदोपस्थापनासंयत, परिहारविशुद्धिसंयत और सूक्ष्मसाम्परायसंयत जीवोंके जानना चाहिए।

३०८. कार्मण काययोगी और अनाहारक जीवोंमें सात कर्मोंके भुजगार, अल्पतर और अवस्थित पदका बन्ध करनेवाले जीव अनन्त हैं।

इस प्रकार परिमाणानुगम समाप्त हुआ।

क्षेत्रानुगम

३०९. क्षेत्र दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघकी अपेक्षा सात कर्मोंके भुजगार, अल्पतर और अवस्थित पदका वन्ध करनेवाले जीवोंका कितना क्षेत्र है? सब लोक क्षेत्र है। अवक्तव्य पदका वन्ध करनेवाले जीवोंका लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्र है। आयुकर्मके अवक्तव्य और अल्पतर पदका वन्ध करनेवाले जीवोंका सब लोक क्षेत्र है। इसी प्रकार सब अनन्त राशियोंका जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि यह उन्हींका जानना चाहिए जिनके सात कर्मोंका अवक्तव्य पद नहीं होता। वादर एकेन्द्रिय, पर्याप्त और अपर्याप्त जीवोंमें आयुकर्मके दोनों पदोंका वन्ध करनेवाले जीवोंका क्षेत्र लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण है। बादर वनस्पति पर्याप्त और अपर्याप्त तथा निगोद पर्याप्त तथा अपर्याप्त जीवोंमें आयुकर्मके दोनों पदोंका बन्ध करनेवाले जीवोंका क्षेत्र लोकके असंख्यातवें भाग-प्रमाण है। पृथिवीकायिक, जलकायिक, अग्निकायिक और वायुकायिक तथा इनके बादर

वाउ० तेसिं बादर-बादरअपज्ज० तेसिं चेव सव्वसुहुम०बादरवणप्फदि०पत्ते० तस्सेव अपज्ज० सव्वे भंगा सव्वलोगे। णवरि बादरेसु लोग० असं०। वाउ० लोगस्स संखे०। सेसाणं संखेज्ज-असंखेज्जरासीणं सव्वे भंगा लोगस्स असं०। णवरि वाउ० पज्जत्ते लोगस्स संखेज्जदिभागे। एवं खेत्तं समत्तं।

फोसणाणुगमो

३१०. फोसणाणुगमेण दुवि०—ओघे० आदे०। ओघे० सत्तण्णं क० भुज०-अप्प०-अवट्ठि०बंधगेहि केवडियं खेत्तं फोसिदं? सव्वलोगो। अवत्त० लोग० असं०। आयु० अवत्त०-अप्पद० सव्वलोगो। एवं ओघभंगो तिरिक्खोघं सव्वएइंदि०-पुढवि०-आउ०-तेउ०-वाउ०-बादरपुढवि०-आउ०-तेउ०-वाउ० तेसिं अपज्जत्ता० तेसिं

५१. तिर्यञ्चोंमें चार आयु और वैक्रियिक षट्कका जघन्य स्थितिबन्ध मूलोघके समान है। शेष सब प्रकृतियोंका जघन्य स्थितिबन्ध एक सागरका पल्यका असंख्यातवाँ भाग कम तीन बटे सात भाग, सात बटे सात भाग चार बटे सात भाग और दो बटे सात प्रमाण है। अन्तर्मुहूर्तप्रमाण आबाधा है। और आवाधासे न्यून कर्मस्थितिप्रमाण कर्मनिषेक है। पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चत्रिकमें सब प्रकृतियोंका जघन्य स्थितिबन्ध नारकियोंके समान है। आयुओंका जघन्य स्थितिवन्ध मूलोघके समान है। इसी प्रकार पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्तकोंके जानना चाहिए।

५२. मनुष्यत्रिकमें क्षपक प्रकृतियोंका जघन्य स्थितिबन्ध ओघके समान है। शेष सब प्रकृतियोंका जघन्य स्थितिवन्ध एक हजार सागरका पल्यका संख्यातवाँ भाग कम तीन वटे सात भाग, सात वटे सात भाग, चार वटे सात भाग, और दो वटे सात भाग प्रमाण है। अन्तर्मुहूर्तप्रमाण आवाधा है और आवाधासे न्यून कर्मस्थितिप्रमाण कर्मनिषेक है। चार आयुओंका जघन्य स्थितिबन्ध मूलोघके समान है। वैक्रियिकषट्क, आहारक आङ्गोपाङ्ग और तीर्थंकर प्रकृतिका जघन्य स्थितिबन्ध अन्तःकोड़ाकोड़ी सागर प्रमाण है, अन्तर्मुहूर्त प्रमाण आबाधा है और आबाधासे न्यून कर्मस्थितिप्रमाण कर्मनिषेक है। मनुष्य अपर्याप्तकोंमें सब प्रकृतियोंका जघन्य स्थितिबन्ध पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्तकोंके समान है।

५३. देवगतिमें सामान्य देव, भवनवासी और व्यन्तर देवोंमें सब प्रकृतियोंका जघन्य स्थितिबन्ध सामान्य नारकियोंके समान है। तथा ज्योतिषियोंसे लेकर सर्वार्थसिद्धितकके देवोंमें सब प्रकृतियोंका जघन्य स्थितिबन्ध दूसरी पृथिवीके समान है। सौधर्म और ऐशान कल्पमें आयुकर्मका जघन्य स्थितिवन्ध अन्तर्मुहूर्तप्रमाण है। अन्तर्मुहूर्तप्रमाण आवाधा है और

[कम्मट्ठिदी कम्मणिसेगो]। सणक्कुमार-माहिंदे मुहुत्तपुधत्तं। बम्ह-बम्हुत्तर-लांतव-काविट्ठे दिवसपुधत्तं। सुक्क-महासुक्क-सदर-सहस्सारे पक्खपुधत्तं। आणद-पाणद-आरण-अच्चुद० मासपुधत्तं। उवरि सव्वाणं वासपुधत्तं। सव्वत्थ अंतोमु० आबा०। [कम्मट्ठिदी कम्मणिसेगो]।

५४. एइंदिएसु सगपगदीणं तिरिक्खोघं। सव्वविगलिंदिएसु सगपगदीणं [सागरोवमपणुवीसाए] सागरोवमपण्णारसाए सागरोवमसदस्स तिण्णि सत्तभागा सत्त सत्तभागा चत्तारि सत्त भागा वे सत्तभागा पलिदो० संखेज्जदिभागेण ऊणिया। अंतो० आबा०। [आबा कम्मट्ठि० कम्मणि०]। आयु० ओघं। पंचिंदिय०२ खवगपगदीणं मूलोघं। सेसाणं पंचिंदियतिरिक्खभंगो। पंचिंदिय-अपज्जत्त० मणुसअपज्जत्तभंगो।

५५. कायाणुवादेण पंचकायाणं एइंदियभंगो। तस०२ खवगपगदीणं चदुण्णं आयुगाणं वेउव्वियछक्कस्स आहार०-आहार०अंगो० तित्थयरं च मूलोघं। सेसं बीइंदियभंगो। तसअपज्जत्त० बीइंदियभंगो।

५६. पंचमण०-तिण्णिवचि० खवगपगदीणं आयुगाणं च मूलोघं। सेसाणं

कर्मस्थितिप्रमाण कर्मनिषेक है। सानत्कुमार और माहेन्द्र कल्पमें आयुकर्मका जघन्य स्थितिबन्ध मुहूर्त पृथक्त्वप्रमाण है। ब्रह्म ब्रह्मोत्तर, लान्तव और कापिष्ठ कल्पमें दिवसपृथक्त्व प्रमाण है। शुक्र, महाशुक्र, शतार और सहस्रार कल्पमें पक्षपृथक्त्व प्रमाण है। आनत, प्राणत, आरण और अच्युत कल्पमें मासपृथक्त्व प्रमाण है। इसके ऊपर सब देवोंके आयुकर्मका जघन्य स्थितिबन्ध वर्षपृथक्त्वप्रमाण है। अन्तर्मुहूर्तप्रमाण आबाधा है और कर्मस्थितिप्रमाण कर्मनिषेक है।

५४. एकेन्द्रियोंमें अपनी प्रकृतियोंका जघन्य स्थितिबन्ध आदि सामान्य तिर्यञ्चोंके समान है। सब विकलेन्द्रियोंमें अपनी-अपनी प्रकृतियोंका जघन्य स्थितिबन्ध पच्चीस सागरका, पचास सागरका और सौ सागरका पल्यका संख्यातवां भाग कम तीन बटे सात भाग, सात बटे सात भाग, चार बटे सात भाग और दो बटे सात भाग प्रमाण है। अन्तर्मुहूर्तप्रमाण आबाधा है और आबाधासे न्यून कर्मस्थितिप्रमाण कर्मनिषेक है। आयुकर्मका जघन्य स्थितिबन्ध आदि ओघके समान है। पञ्चेन्द्रिय द्विकमें क्षपक प्रकृतियोंका जघन्य स्थितिबन्ध आदि मूलोघके समान है। शेष प्रकृतियोंका जघन्य स्थितिबन्ध आदि पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चोंके समान है। पञ्चेन्द्रिय अपर्याप्तकोंमें सब प्रकृतियोंका जघन्य स्थितिबन्ध आदि मनुष्य अपर्याप्तकोंके समान है।

५५. कायमार्गणाके अनुवादसे पाँच स्थावरकायिक जीवोंके अपनी-अपनी प्रकृतियोंका जघन्य स्थितिबन्ध आदि एकेन्द्रियोंके समान है। त्रस द्विकमें क्षपक प्रकृतियोंका चार आयुओंका, वैक्रियिकषट्क, आहारक शरीर, आहारकआङ्गोपाङ्ग और तीर्थंकर प्रकृतिका जघन्य स्थितिबन्ध आदि मूलोघके समान है। शेष प्रकृतियोंका जघन्य स्थितिबन्ध आदि द्वीन्द्रियोंके समान है। तथा त्रस अपर्याप्तकोंमें अपनी सब प्रकृतियोंका जघन्य स्थितिबन्ध आदि द्वीन्द्रियोंके समान है।

५६. पांचों मनोयोगी और तीन वचनयोगी जीवोंमें क्षपक प्रकृतियों और चार आयुओंका जघन्य स्थितिबन्ध आदि मूलोघके समान है। शेष प्रकृतियोंका जघन्यस्थितिबन्ध

जह० हिदि० अंतोकोडाकोडी। अंतोमु० आवाधा०। [आवाधू० कम्मट्ठि० कम्मणि०]। दोण्णि वचि० खवगपगदीणं चदुण्णं आयुगाणं वेउव्वियछक्कं आहार०-आहार०अंगो० तित्थयरं च मूलोघं। सेसं बीइंदियपज्जत्तभंगो। कायजोगि-ओरालियकायजोगि० मूलोघं। ओरालियमिस्स० देवगदीच०४ तित्थयरं च उक्कस्स-भंगो। सेसाणं तिरिक्खोघं। वेउव्विय० सोधम्मभंगो। वेउव्वियमि०-आहार०-आहारमि० उक्कस्सभंगो। देवायु० जह० हिदि० पलिदोवमपुधत्तं। अंतो० आवा०। [कम्मट्ठिदी कम्मणिसेगो]। कम्मइग० सगपगदीणं तिरिक्खोघं। णवरि देवगदि०४ तित्थयरं च उक्कस्सभंगो।

५७. इत्थिवे० पंचणा०-चदुदंसणा०-पंचंतरा० जह० हिदि० संखेज्जाणि वास-सहस्साणि। अंतो० आवा०। [आवाधू० कम्मट्ठि० कम्मणि०] सादावे०-जसगि०-उच्चागो० जह० हिदि० पलिदो० असंखे०। अंतोमु० आवा०। [आवाधू० कम्मट्ठि० कम्मणिसेगो]। चदुसंज०-पुरिसवे० जह० हिदि० संखेज्जाणि वास-सहस्साणि अंतोमु० आवा०। [आवाधू० कम्मट्ठि० कम्मणि०]। सेसाणं पंचिं-यभंगो। पुरिसवे० पंचणा०-चदुदंसणा०-पंचंतरा० जह० हिदि० संखेज्जाणि वास-

अन्तःकोड़ाकोड़ी सागर प्रमाण है, अन्तर्मुहूर्तप्रमाण आबाधा है और आबाधा से न्यून कर्म-स्थितिप्रमाण कर्मनिषेक है। दो वचनयोगी जीवोंमें क्षपक प्रकृतियों, चार आयु, वैक्रियिक-षट्क, आहारक शरीर, आहारक आङ्गोपाङ्ग और तीर्थंकर प्रकृतियोंका जघन्य स्थितिबन्ध आदि मूलोघके समान है। शेष प्रकृतियोंका जघन्य स्थितिबन्ध आदि द्वीन्द्रियोंके समान है। काययोगी और औदारिककाययोगी जीवोंमें सब प्रकृतियोंका भङ्ग मूलोघके समान है। औदा-रिकमिश्रकाययोगी जीवोंमें देवगतिचतुष्क और तीर्थंकर प्रकृतिका भङ्ग उत्कृष्टके समान है। शेष प्रकृतियोंका भङ्ग सामान्य तिर्यञ्चोंके समान है। वैक्रियिककाययोगी जीवोंमें सब प्रकृति-योंका भङ्ग सौधर्म कल्पके समान है। वैक्रियिकमिश्रकाययोगी, आहारककाययोगी और आहारकमिश्रकाययोगी जीवोंमें अपनी अपनी प्रकृतियोंका भङ्ग उत्कृष्टके समान है। इतनी विशेषता है कि आहारककाययोगी और आहारकमिश्रकाययोगी जीवोंमें देवायुका जघन्य स्थितिबन्ध पल्य पृथक्त्वप्रमाण है। अन्तर्मुहूर्त प्रमाण आबाधा है और कर्मस्थितिप्रमाण कर्मनिषेक है। कार्मणकाययोगी जीवोंमें अपनी प्रकृतियोंका भङ्ग सामान्य तिर्यञ्चोंके समान है। इतनी विशेषता है कि इनमें देवगतिचतुष्क और तीर्थंकर प्रकृतिका भङ्ग उत्कृष्टके समान है।

५७. स्त्रीवेदी जीवोंमें पांच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण और पाँच अन्तरायका जघन्य स्थितिबन्ध संख्यात हजार वर्ष प्रमाण है। अन्तर्मुहूर्त-प्रमाण आबाधा है और आबाधासे न्यून कर्मस्थितिप्रमाण कर्मनिषेक है। साता वेदनीय, यशःकीर्ति और उच्चगोत्रका जघन्य स्थितिबन्ध पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण है। अन्तर्मु-हूर्तप्रमाण आबाधा है और आबाधासे न्यून कर्मस्थितिप्रमाण कर्मनिषेक है। चार संज्वलन और पुरुषवेदका जघन्य स्थितिबन्ध संख्यात हजार वर्षप्रमाण है। अन्तर्मुहूर्तप्रमाण आबाधा है और आबाधासे न्यून कर्मस्थितिप्रमाण कर्म निषेक है। तथा शेष प्रकृतियोंका भङ्ग पञ्चे-न्द्रियोंके समान है। पुरुषवेदवाले जीवोंमें पांच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण और पांच

सदाणि । अंतोमु० आवा० । [आवाधू० कम्मट्ठि० कम्मणि०] । सादावेदणीय-जस०-उच्चागोदं जह० ट्ठिदि० संखेज्जाणि वाससदाणि । अंतोमु० आवा० । [आवाधू० कम्मट्ठि० कम्मणि०] । चदुसंज० जह० ट्ठिदि० सोलस वस्साणि । अंतोमु० आवा० । [आवाधू० कम्मट्ठि० कम्मणि०] । पुरिसवेद० जह० ट्ठिदि० अट्ठ वस्साणि । अंतोमु० आवा० । [आवाधू० कम्मट्ठि० कम्मणि०] । सेसाणि पंचिंदियभंगो । णवुंसगवेद० पंचणा०-चदुदंसणा०-सादावे०-चदुसंज०-पुरिस०-जसगि०-उच्चागो०-पंचंतरा० इत्थिवेदभंगो । सेसं मूलोघं । अवगदवे० मूलोघं ।

५८. कोधे पंचणा०-चदुदंसणा०-पंचंतरा० जह० ट्ठिदि० संखेज्जाणि वासाणि । अंतो० आवा० । [आवाधू० कम्मट्ठि० कम्मणि०] । सादावे०-जसगि०-उच्चागो० जह० ट्ठिदि० संखेज्जाणि वासस० । अंतोमु० आवा० । [आवाधू० कम्मट्ठि० कम्मणि०] चदुसंज० जह० ट्ठिदि० वे मासं । अंतोमु० आवा० । [आवाधू० कम्मट्ठि० कम्मणि०] । माणे पंचणा०-चदुदंसणा०-पंचंतरा० जह० ट्ठिदि० वासपुधत्तं । अंतो० आवा । [आवाधू० कम्मट्ठि० कम्मणि०] । सादावे०-जसगि०-उच्चागो० जह० ट्ठिदि० संखेज्जाणि वासाणि । अंतो० आवा० । [आवाधू० कम्मट्ठि० कम्मणि०] । तिण्णि संज० जह० ट्ठिदि० मासो । अंतोमु०

अन्तरायका जघन्य स्थितिबन्ध संख्यात सौ वर्ष है। अन्तर्मुहूर्त प्रमाण आवाधा है और आवाधासे न्यून कर्मस्थिति प्रमाण कर्मनिषेक है। साता वेदनीय, यशःकीर्ति और उच्चगोत्रका जघन्य स्थितिबन्ध संख्यात सौ वर्ष है। अन्तर्मुहूर्तप्रमाण आबाधा है और आवाधासे न्यून कर्मस्थितिप्रमाण कर्मनिषेक है। चार संज्वलनोंका जघन्य स्थितिबन्ध सोलह वर्ष है। अन्तर्मुहूर्तप्रमाण आवाधा है और आवाधासे न्यून कर्मस्थितिप्रमाण कर्मनिषेक है। पुरुषवेदका जघन्य स्थितिबन्ध आठ वर्ष है। अन्तर्मुहूर्तप्रमाण आवाधा है, और आबाधासे न्यून कर्मस्थितिप्रमाण कर्मनिषेक है। तथा शेष प्रकृतियोंका भङ्ग पञ्चेन्द्रियोंके समान है। नपुंसक वेदवाले जीवोंमें पांच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, साता वेदनीय, चार संज्वलन, पुरुषवेद, यशःकीर्ति, उच्चगोत्र और पांच अन्तरायका भङ्ग स्त्रीवेदी जीवोंके समान है। तथा शेष प्रकृतियोंका भङ्ग मूलोघके समान है। अपगतवेदी जीवोंमें अपनी सब प्रकृतियोंका भङ्ग मूलोघके समान है।

५८. क्रोध कषायवाले जीवोंमें पांच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण और पांच अन्तरायका जघन्य स्थितिवन्ध संख्यातवर्ष है। अन्तर्मुहूर्त प्रमाण आबाधा है और आबाधासे न्यून कर्मस्थितिप्रमाण कर्मनिषेक है। साता वेदनीय, यशःकीर्ति और उच्चगोत्रका जघन्य स्थितिबन्ध संख्यात सौ वर्ष है। अन्तर्मुहूर्त प्रमाण आबाधा है और आबाधासे न्यून कर्मस्थिति प्रमाण कर्मनिषेक है। चार संज्वलनका जघन्य स्थितिबन्ध दो महीना है। अन्तर्मुहूर्तप्रमाण आवाधा है और आबाधासे न्यून कर्मस्थितिप्रमाण कर्मनिषेक है। मान कषायवाले जीवोंमें पांच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण और पांच अन्तरायका जघन्य स्थितिबन्ध वर्षपृथक्त्व-प्रमाण है। अन्तर्मुहूर्त प्रमाण आबाधा है और आबाधासे न्यून कर्मस्थिति प्रमाण कर्मनिषेक है। साता वेदनीय, यशःकीर्ति और उच्च गोत्रका जघन्य स्थितिबन्ध संख्यात सौ वर्ष है। अन्तर्मुहूर्त प्रमाण आबाधा है और आवाधासे न्यून कर्मस्थितिप्रमाण कर्मनिषेक है। तीन

आबा० । [आबाधू० कम्मट्ठि० कम्मणि०] मायाए पंचणा०-चदुदंसणा०-पंचंतरा० मासपुधत्तं । अंतोमु० आबा० । [आबाधू० कम्मट्ठि० कम्मणि०] सादावे०-जसगि०-उच्चागो० जह० ट्ठिदिबं० वासपुधत्तं । अंतोमु० आबा० । [आबाधू० कम्मट्ठि० कम्मणि० ।] दो संज० जह० ट्ठिदि० पक्खो । अंतो० आबा० । [आबाधू० कम्मट्ठि० कम्मणि०] । सेसाणं सव्वपगदीणं कोधादीणं तिण्णिकसायाणं मूलोघं । लोभे सव्वपगदीणं मूलोघं ।

५९. मदि०-सुद० तिरिक्खोघं । विभंगे सगपगदी० विदियपुढविभंगो । णवरि चदुआयु० ओघं । वेउव्वियछक्कं एइंदि०-बेइंदि०-तीइंदि०-चदुरिंदि०-आदाव-थावर-सुहुम अपज्जत्त-साधारणाणं च जह० ट्ठिदिबं० अंतोकोडाकोडी । अंतो० आबा० । [आबाधू० कम्मट्ठि० कम्मणि०] । आभिणि०-सुद०-ओधि० खवगपगदीणं मूलोघं । मणुसायु० जह० ट्ठिदि० वासपुधत्तं । अंतो० आबा । [कम्मट्ठि० कम्मणि०] । देवायु० जह० ट्ठिदि० पलिदोवमं सादिरे० । अंतो० आबा० । [कम्मट्ठिदी कम्मणि०] । सेसाणं आहारसरीरभंगो । मणपज्जवे देवायु० जह० ट्ठिदिबं० पलिदोवमपुधत्तं । अंतो० आबा० । [कम्मट्ठिदी कम्मणिसेगो] । सेसाणं ओधिभंगो । एवं संजदा० ।

संज्वलनका जघन्य स्थितिबन्ध एक महीना है । अन्तर्मुहूर्तप्रमाण आबाधा है और आबाधासे न्यून कर्मस्थितिप्रमाण कर्मनिषेक है । माया कषायवाले जीवोंमें पांच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण और पांच अन्तरायका जघन्य स्थितिबन्ध मासपृथक्त्व प्रमाण है । अन्तर्मुहूर्तप्रमाण आबाधा है और आबाधासे न्यून कर्मस्थितिप्रमाण कर्मनिषेक है । साता वेदनीय, यशःकीर्ति और उच्चगोत्रका जघन्य स्थितिबन्ध वर्षपृथक्त्व प्रमाण है । अन्तर्मुहूर्त प्रमाण आबाधा है और आबाधासे न्यून कर्मस्थितिप्रमाण कर्मनिषेक है । दो संज्वलनोंका जघन्य स्थितिबन्ध एक पक्षप्रमाण है । अन्तर्मुहूर्त प्रमाण आबाधा है और आबाधासे न्यून कर्मस्थितिप्रमाण कर्मनिषेक है । तथा शेष सब प्रकृतियोंका और क्रोधादि तीन कषायोंका भङ्ग मूलोघके समान है । लोभ कषायवाले जीवोंमें अपनी सब प्रकृतियोंका भङ्ग मूलोघके समान है ।

५९. मत्यज्ञानी और श्रुताज्ञानी जीवोंमें अपनी अपनी प्रकृतियोंका जघन्य स्थितिबन्ध आदि सामान्य तिर्यञ्चोंके समान है । विभङ्गज्ञानी जीवोंमें अपनी प्रकृतियोंका भङ्ग दूसरी पृथिवीके समान है । इतनी विशेषता है कि चार आयुका भङ्ग ओघके समान है । वैक्रियिकषट्क, एकेन्द्रिय जाति, द्वीन्द्रिय जाति, त्रीन्द्रिय जाति, चतुरिन्द्रिय जाति, आतप, स्थावर, सूक्ष्म, अपर्याप्त और साधारण प्रकृतियोंका जघन्य स्थितिबन्ध अन्तःकोड़ाकोड़ी सागर प्रमाण है । अन्तर्मुहूर्तप्रमाण आबाधा है और आबाधासे न्यून कर्मस्थिति प्रमाण कर्मनिषेक है । आभिनिबोधिकज्ञानी, श्रुतज्ञानी और अवधिज्ञानी जीवोंमें क्षपक प्रकृतियोंका भङ्ग मूलोघके समान है । मनुष्यायुका जघन्य स्थितिबन्ध वर्षपृथक्त्वप्रमाण है । अन्तर्मुहूर्तप्रमाण आबाधा है और कर्मस्थिति प्रमाण कर्मनिषेक है । देवायुका जघन्य स्थितिबन्ध साधिक पल्य प्रमाण है । अन्तर्मुहूर्त प्रमाण आबाधा है और कर्मस्थिति प्रमाण कर्मनिषेक है । शेष प्रकृतियोंका भङ्ग आहारकशरीरके समान है । मनःपर्ययज्ञानी जीवोंमें देवायुका जघन्य स्थितिबन्ध पल्य पृथक्त्वप्रमाण है । अन्तर्मुहूर्त प्रमाण आबाधा है और कर्मस्थिति प्रमाण कर्मनिषेक है । शेष प्रकृतियोंका भङ्ग ओघके समान है । इसी प्रकार संयत जीवोंके जानना चाहिए ।

६०. सामाइ०-छेदो० पंचणा०-चदुदंसणा०-पंचंतरा० जह० ट्ठिदि० मुहुत्त-पुधत्तं दिवसपुधत्तं वा। अंतो० आबा०। [आबाधू० कम्मट्ठि० कम्मणि०]। सादा०-जसगि०-उच्चा० जह० ट्ठिदि० मासपुधत्तं। अंतो० आबा०। [आबाधू० कम्मट्ठि० कम्मणि०]। सेसाणं मणपज्जवभंगो। परिहार-संजदासंजदा० आहारकाय-जोगिभंगो। सुहुमसं० छण्णं क० ओघं। असंजद० मदिभंगो। तित्थयर० उक्कस्सभंगो।

६१. चक्खु० खवगपगदीणं चदुण्णं आयुगाणं वेउव्वियछक्क०-आहार०-आहार०अंगो० तित्थयरं मूलोघं। सेसाणं पगदीणं चदुरिंदियभंगो। अचक्खु० ओघभंगो। ओधिदं० ओधिणाणिभंगो।

६२. किण्ण०-णील०-काउ० असंजदभंगो। किण्ण-णील-काऊणं णिर-यायु० जह० ट्ठिदि० सत्तारस-सत्तसागरो० सादिरे० दसवस्ससहस्साणि। अंतो० आबा०। [कम्मट्ठिदी कम्मणिसेगो]। तेसिं चेव देवायु० जह० ट्ठिदि० दस वस्ससहस्साणि। अंतो० आबा०। [कम्मट्ठिदी कम्मणिसेगो]। अथवा किण्ण-णील० देवायु० जह० ट्ठिदि० पलिदो० असं०। अंतो० आबा०। [कम्मट्ठिदी कम्मणिसेगो]। काऊणं णिरय-देवायु० जह० ट्ठिदि० दसवस्स-

६०. सामायिकसंयत और छेदोपस्थापना संयत जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण और पाँच अन्तरायका जघन्य स्थितिबन्ध मुहूर्तपृथक्त्वप्रमाण है अथवा दिवसपृथक्त्वप्रमाण है। अन्तर्मुहूर्त प्रमाण आबाधा है और कर्मस्थिति प्रमाण कर्म निषेक है। सातावेदनीय, यशःकीर्ति और उच्चगोत्रका जघन्य स्थितिबन्ध मासपृथक्त्वप्रमाण है। अन्तर्मुहूर्त प्रमाण आबाधा है और कर्मस्थितिप्रमाण कर्मनिषेक है। तथा शेष प्रकृतियोंका भङ्ग मनःपर्ययज्ञानियोंके समान है। परिहारविशुद्धिसंयत और संयतासंयत जीवोंका भङ्ग आहारककाययोगी जीवोंके समान है। सूक्ष्मसाम्परायसंयत जीवोंमें छह कर्मोंका भङ्ग ओघके समान है। असंयत जीवोंमें अपनी प्रकृतियोंका भङ्ग मत्यज्ञानियोंके समान है। तथा तीर्थंकर प्रकृतिका भङ्ग उत्कृष्टके समान है।

६१. चक्षुदर्शनी जीवोंमें क्षपक प्रकृतियोंका, चार आयुओंका और वैक्रियिकषट्क, आहारक शरीर, आहारक आङ्गोपाङ्ग तथा तीर्थंकर प्रकृतिका भङ्ग मूलोघके समान है। तथा शेष प्रकृतियोंका भङ्ग चतुरिन्द्रिय जीवोंके समान है। अचक्षुदर्शनी जीवोंमें अपनी सब प्रकृतियोंका भङ्ग ओघके समान है। तथा अवधिदर्शनी जीवोंमें अपनी सब प्रकृतियोंका भङ्ग अवधिज्ञानियोंके समान है।

६२. कृष्णलेश्यावाले, नीललेश्यावाले और कापोतलेश्यावाले जीवोंमें अपनी अपनी सब प्रकृतियोंका भङ्ग असंयत जीवोंके समान है। इतनी विशेषता है कि कृष्ण, नील और कापोत लेश्यामें नरकायुका जघन्य स्थितिबन्ध साधिक सत्रह सागर, साधिक सात सागर और दश हजार वर्ष प्रमाण है। अन्तर्मुहूर्त प्रमाण आबाधा है और कर्मस्थितिप्रमाण कर्मनिषेक है। तथा इन्हीं लेश्यावालोंके देवायुका जघन्य स्थितिबन्ध दश हजार वर्ष प्रमाण है। अन्तर्मुहूर्त प्रमाण आबाधा है और कर्मस्थिति प्रमाण कर्मनिषेक है। अथवा कृष्ण और नील लेश्यावालोंके देवायुका जघन्य स्थितिबन्ध पल्यके असंख्यातवें भाग प्रमाण है। अन्तर्मुहूर्त प्रमाण आबाधा है और कर्मस्थिति-प्रमाण कर्मनिषेक है। कापोत लेश्यावाले जीवोंके नरकायु और देवायुका जघन्य

सह० । अंतो० आबा० । [कम्मट्ठिदी कम्मणि०] । तेउ० तिरिक्खमणुसायु० देवोघं । देवायु० जह० ट्ठिदि० पलिदो० सादि० । अंतो० आबा० । [कम्मट्ठिदी कम्मणिसेगो] । अथवा दसवस्ससहस्साणि । अंतो० आबा० । [कम्मट्ठिदी कम्मणिसेगो] । सेसाणि अंतोकोडाकोडि० । अंतो० आबा० । [आबाधू० कम्मट्ठि० कम्मणि०] । पम्माए तं चेव । देवायु० जह० ट्ठिदि० बे सागरो० सादि० । अंतो० आबा० । [कम्मट्ठिदी कम्मणिसेगो] । तिरिक्ख-मणुसायु० जह० ट्ठिदि० दिवसपुधत्तं । अंतो आबा० । [कम्मट्ठिदी कम्मणिसेगो] । एइंदिय० आदाव० थावरं च णत्थि । सुक्काए खवगपगदीणं ओघं । मणुसायु० जह० ट्ठिदि० मासपुधत्तं । अंतो० आबा० । [कम्मट्ठिदी कम्मणिसेगो] । देवायु० जह० ट्ठिदि० अट्ठारससागरो० सादिरे० । अंतो० आबा० । [कम्मट्ठिदी कम्मणिसेगो] । सेसं णवगेवेज्जभंगो ।

६३. भवसिद्धिया० मूलोघं । अब्भवसिद्धिया० मदिअ०भंगो । सम्मादि०-खइग० ओधिभंगो । वेदगे आयु० ओधिभंगो । सेसं विभंगभंगो । उवसमसम्मा० पंचणा०-चदुदंसणा०-लोभसंज०-पंचंतरा० जह० ट्ठिदि० अंतो० । अंतो० आबा० । [आबाधू० कम्मणि०] । सादावे० जह० ट्ठिदि० चदुवीसं मुहुत्तं । अंतो० आबा० ।

स्थितिबन्ध दश हजार वर्ष प्रमाण है । अन्तर्मुहूर्त प्रमाण आबाधा है और कर्मस्थिति प्रमाण कर्मनिषेक है । पीतलेश्यावाले जीवोंके तिर्यञ्चायु और मनुष्यायुका भङ्ग सामान्य देवोंके समान है । देवायुका जघन्य स्थितिबन्ध साधिक पल्य प्रमाण है । अन्तर्मुहूर्त प्रमाण आबाधा है और कर्मस्थितिप्रमाण कर्मनिषेक है । अथवा देवायुका जघन्य स्थितिबन्ध दश हजार वर्ष प्रमाण है । अन्तर्मुहूर्त प्रमाण आबाधा है और कर्मस्थितिप्रमाण कर्मनिषेक है । शेष प्रकृतियों का जघन्य स्थितिबन्ध अन्तःकोड़ाकोड़ी सागर प्रमाण है । अन्तर्मुहूर्तप्रमाण आबाधा है । और आबाधासे न्यून कर्मस्थितिप्रमाण कर्मनिषेक है । पद्म लेश्यावाले जीवोंमें इसी प्रकार जानना चाहिए । किन्तु देवायुका जघन्य स्थितिबन्ध साधिक दो सागर प्रमाण है । अन्तर्मुहूर्त प्रमाण आबाधा है और कर्मस्थितिप्रमाण कर्मनिषेक है । तिर्यञ्चायु और मनुष्यायुका जघन्य स्थितिबन्ध दिवसपृथक्त्वप्रमाण है । अन्तर्मुहूर्तप्रमाण आबाधा है और कर्मस्थितिप्रमाण कर्मनिषेक है । इनके एकेन्द्रिय, आतप और स्थावर प्रकृतिका बन्ध नहीं होता । शुक्ललेश्यावाले जीवोंमें क्षपक प्रकृतियोंका भङ्ग ओघके समान है । मनुष्यायुका जघन्य स्थितिबन्ध मासपृथक्त्व-प्रमाण है । अन्तर्मुहूर्तप्रमाण आबाधा है और कर्मस्थितिप्रमाण कर्मनिषेक है । देवायुका जघन्य स्थितिबन्ध साधिक अठारह सागर प्रमाण है । अन्तर्मुहूर्तप्रमाण आबाधा है और कर्मस्थितिप्रमाण कर्मनिषेक है । तथा शेष प्रकृतियोंका भङ्ग नव ग्रैवेयकके समान है ।

६३. भव्य जीवोंमें सब प्रकृतियोंका भङ्ग मूलोघके समान है । अभव्य जीवोंमें अपनी प्रकृतियोंका भङ्ग मत्यज्ञानियोंके समान है । सम्यग्दृष्टि और क्षायिक सम्यग्दृष्टि जीवोंमें अपनी अपनी प्रकृतियोंका भङ्ग अवधिज्ञानियोंके समान है । वेदकसम्यग्दृष्टि जीवोंमें आयुकर्मका भङ्ग अवधिज्ञानियोंके समान है । तथा शेष प्रकृतियोंका भङ्ग विभङ्गज्ञानियोंके समान है । उपशमसम्यग्दृष्टि जीवोंमें पांच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, लोभ संज्वलन और पाँच अन्तरायका जघन्य स्थितिबन्ध अन्तर्मुहूर्त प्रमाण है । अन्तर्मुहूर्तप्रमाण आबाधा है और आबाधासे न्यून कर्मस्थितिप्रमाण कर्मनिषेक है । सातावेदनीयका जघन्य स्थितिबन्ध चौवीस मुहूर्त है । अन्तर्मुहूर्तप्रमाण आबाधा है और आबाधासे न्यून कर्मस्थितिप्रमाण कर्मनिषेक है ।

[आबाधू० कम्मट्ठि० कम्मणि०]। कोधसंज० जह० ट्ठिदि० चत्तारि मासं। अंतो० आबा०। [आबाधू० कम्मट्ठि० कम्मणि०]। माणसंजल० जह० ट्ठिदि० वे मासं। अंतो० आबा०। [आबाधू० कम्मट्ठि० कम्मणि०]। मायासं० जह० ट्ठिदि० मासं०। अंतो० आबा०। [आबाधू० कम्मट्ठि० कम्मणि०]। पुरिसवे० जह० ट्ठिदि० सोलसवस्साणि। अंतो० आबा०। [आबाधू० कम्मट्ठि० कम्मणि०]। जसगि०-उच्चागो० जह० ट्ठिदि० सोलसमुहुत्तं। अंतो० आबा०। [आबाधू० कम्मट्ठि० कम्मणि०]। सेसाणं ओधिभंगो। सासणे तिरिक्ख-मणुसायु० णिरयोघं। देवायु० जह० ट्ठिदि० दसवस्ससहस्साणि। अंतो० आबा०। [कम्मट्ठिदी कम्मणिसेगो]। सेसाणं संजदासंजदभंगो। एवं सम्मामि०। मिच्छादि० अब्भवसिद्धियभंगो। सण्णि० मणुसभंगो। असण्णि० तिरिक्खोघं। आहार० मूलोघं। अणाहार० कम्मइगभंगो। एवं जहण्णट्ठिदि० समत्तं। एवं अद्धच्छेदो समत्तो।

सव्वबंध-णोसव्वबंधपरूवणा

६४. यो सो सव्वबंधो णोसव्वबंधो णाम इमो दुविधो णिद्देसो—ओघेण आदेसेण य। ओघेण पंचणाणावरणीयाणं किं सव्वबंधो णोसव्वबंधो? सव्वबंधो

क्रोध संज्वलनका जघन्य स्थितिबन्ध चार महीना है। अन्तर्मुहूर्तप्रमाण आबाधा है और आबाधासे न्यून कर्मस्थितिप्रमाण कर्मनिषेक है। मान संज्वलनका जघन्य स्थितिबन्ध दो महीना है। अन्तर्मुहूर्त प्रमाण आबाधा है और आबाधासे न्यून कर्मस्थितिप्रमाण कर्मनिषेक है। माया संज्वलनका जघन्य स्थितिबन्ध एक महीना है। अन्तर्मुहूर्तप्रमाण आबाधा है और आबाधासे न्यून कर्मस्थितिप्रमाण कर्मनिषेक है। पुरुषवेदका जघन्य स्थितिबन्ध सोलह वर्ष है। अन्तर्मुहूर्तप्रमाण आबाधा है और अबाधासे न्यून कर्मस्थिति प्रमाण कर्मनिषेक है। यशःकीर्ति और उच्चगोत्रका जघन्य स्थितिबन्ध सोलह मुहूर्त है। अन्तर्मुहूर्तप्रमाण आबाधा है और आबाधासे न्यून कर्मस्थितिप्रमाण कर्मनिषेक है। तथा शेष प्रकृतियोंका भङ्ग अवधिज्ञानियोंके समान है। सासादनसम्यग्दृष्टि जीवोंमें तिर्यञ्चायु और मनुष्यायुका जघन्य स्थितिबन्ध आदि सामान्य नारकियोंके समान है। देवायुका जघन्य स्थितिबन्ध दश हजार वर्षप्रमाण है। अन्तर्मुहूर्त प्रमाण आबाधा है और कर्मस्थितिप्रमाण कर्मनिषेक है। तथा शेष प्रकृतियोंका भङ्ग संयतासंयतके समान है। इसी प्रकार सम्यग्मिथ्यादृष्टि जीवोंके जानना चाहिए। मिथ्यादृष्टियोंके अपनी सब प्रकृतियोंका भङ्ग अभव्योंके समान है। संज्ञी जीवोंमें अपनी सब प्रकृतियोंका भङ्ग मनुष्योंके समान है। असंज्ञी जीवोंमें तिर्यञ्चोंके समान है। आहारक जीवोंमें मूलोघके समान है तथा अनाहारकोंमें कार्मण काययोगियोंके समान है।

इस प्रकार जघन्य स्थितिबन्ध अद्धाच्छेद समाप्त हुआ।

इस प्रकार अद्धाच्छेद समाप्त हुआ।

सर्वबन्ध-नोसर्वबन्धप्ररूपणा

६४. जो सर्वबन्ध और नोसर्वबन्ध है उसका यह निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे पाँच ज्ञानावरणका क्या सर्वबन्ध होता है या नोसर्वबन्ध होता है? सर्व-

वा णोसव्वबंधो वा । सव्वाओ हिदीओ बंधमाणस्स सव्वबंधो । तदूणं बंधमाणस्स णोसव्वबंधो । एवं पगदीणं याव अणाहारस्स त्ति णेदव्वं ।

उक्कस्सबंध-अणुक्कस्सबन्धपरूवणा

६५. यो सो उक्कस्सबंधो अणुक्कस्सबंधो । तत्थ इमो दुवि० णिद्देसो—ओघे० आदे० । ओघे० सव्वपगदीणं हिदिबंधो किं उक्कस्सबंधो अणुक्कस्सबंधो ? उक्कस्सबंधो वा अणुक्कस्सबंधो वा । सव्वुक्कस्सियं हिदिं बंधमाणस्स उक्कस्सबंधो । तदूणं बंधमाणस्स अणुक्कस्सबंधो । एवं याव अणाहारग त्ति णेदव्वं ।

जहण्ण—अजहण्णबंधपरूवणा

६६. यो सो जहण्णबंधो अजहण्णबंधो णाम तस्स इमो दुवि० णिद्देसो—ओघे० आदे० । ओघे० सव्वपगदीणं हिदिबंधो किं जहण्णबंधो अजहण्णबंधो ? जहण्णबंधो वा अजहण्णबंधो वा । सव्वजहण्णियं हिदिं बंधमाणस्स जहण्णबंधो । तदो उवरि बंधमाणस्स अजहण्णबंधो । एवं याव अणाहारग त्ति णेदव्वं ।

बन्ध होता है और नोसर्वबन्ध होता है। सब स्थितियोंका बन्ध करनेवाले जीवके सर्वबन्ध होता है और इनसे न्यून स्थितियोंका बन्ध करनेवाले जीवके नोसर्वबन्ध होता है। इसी प्रकार सब प्रकृतियोंका अनाहारक मार्गणा तक कथन करना चाहिए।

उत्कृष्टबन्ध–अनुत्कृष्टबन्धप्ररूपणा

६५. जो उत्कृष्टबन्ध और अनुत्कृष्टबन्ध है उसका यह निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे सब प्रकृतियोंका स्थितिबन्ध क्या उत्कृष्टबन्ध होता है या अनुत्कृष्टबन्ध होता है ? उत्कृष्टबन्ध भी होता है और अनुत्कृष्टबन्ध भी होता है। सबसे उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवके उत्कृष्टबन्ध होता है और इससे न्यून स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवके अनुत्कृष्टबन्ध होता है। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए।

विशेषार्थ—उत्कृष्टबन्धमें ओघ और आदेशसे सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका ग्रहण किया गया है और अनुत्कृष्टबन्धमें उत्कृष्ट स्थितिबन्धके सिवा शेष सब स्थितिबन्धोंका ग्रहण किया गया है। उदाहरणार्थ ओघसे मिथ्यात्व मोहनीयका सत्तर कोड़ाकोड़ी सागर प्रमाण स्थितिबन्ध होने पर वह उत्कृष्ट स्थितिबन्ध कहा जाता है और इससे न्यून स्थिति-बन्ध होने पर वह अनुत्कृष्ट स्थितिबन्ध कहा जाता है। इसी प्रकार आदेशसे जिस मार्गणामें जो उत्कृष्ट स्थितिबन्ध हो वह उत्कृष्ट स्थितिबन्ध है और शेष अनुत्कृष्ट स्थितिबन्ध है।

जघन्यबन्ध–अजघन्यबन्धप्ररूपणा

६६. जो जघन्यबन्ध और अजघन्यबन्ध है उसका यह निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे सब प्रकृतियोंका स्थितिबन्ध क्या जघन्यबन्ध है या अजघन्यबन्ध है ? जघन्यबन्ध भी है और अजघन्यबन्ध भी है। सबसे जघन्य स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवके जघन्यबन्ध होता है और इससे अधिक स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवके अजघन्यबन्ध होता है। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए।

विशेषार्थ—उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धके समान यहाँ ओघ और आदेशसे जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका विचार कर लेना चाहिए। ओघसे सबसे जघन्य स्थिति-

सादि-अणादि-धुव-अद्धुवबंधपरूवणा

६७. यो सो सादियबंधो अणादियबंधो धुवबंधो अद्धुवबंधो णाम तस्स इमो दुवि० णिद्देसो—ओघे० आदे० । ओघे० पंचणा०-चदुदंस०-चदुसंज०-पंचंतरा० उक्कस्सट्ठिदिबंधो अणुक्कस्सट्ठिदिबंधो जहण्णट्ठिदिबंधो किं सादियबंधो किं अणादियबंधो किं धुवबंधो किं अद्धुवबंधो ? सादिय० अद्धुवबंधो वा । अजहण्णट्ठिदिबंधो किं सादिय वा०४ ? सादिय० अणादिय० धुव० अद्धुव० । सेसाणं सव्वपगदीणं उक्कस्स० अणुक्कस्स० जह० अजह० किं सादि०४ ? सादिय-अद्धुवबंधो[1] । एवं ओघभंगो चक्खुदं०-भवसि० । णवरि भवसिद्धिए धुवबंधो णत्थि । सेसाणं णिरयादि याव अणाहारग त्ति किं सादि०४[1] ? सादिय-अद्धुव बंधो ।

बन्ध पाँच ज्ञानावरणका अन्तर्मुहूर्त है और सब अजघन्य स्थितिबन्ध है । इसी प्रकार सर्वत्र जान लेना चाहिए ।

सादि-अनादि-ध्रुव-अध्रुवबन्धप्ररूपणा

६७. जो सादिबन्ध, अनादिबन्ध, ध्रुवबन्ध और अध्रुवबन्ध है उसका यह निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश । ओघसे पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, चार संज्वलन और पाँच अन्तरायका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध, अनुत्कृष्ट स्थितिबन्ध और जघन्य स्थितिबन्ध क्या सादि है, क्या अनादि है, क्या ध्रुव है या क्या अध्रुव है ? सादि और अध्रुव है । अजघन्य स्थितिबन्ध क्या सादि है, क्या अनादि है, क्या ध्रुव है अथवा क्या अध्रुव है ? सादि, अनादि, ध्रुव और अध्रुव है । शेष सब प्रकृतियोंका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध, अनुत्कृष्ट स्थितिबन्ध, जघन्य स्थितिबन्ध और अजघन्य स्थितिबन्ध क्या सादि है, क्या अनादि है, क्या ध्रुव है अथवा क्या अध्रुव है ? सादि और अध्रुव है । इसी प्रकार ओघके समान चक्षुदर्शनी और भव्य जीवोंके जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि भव्य जीवोंके ध्रुव बन्ध नहीं होता । शेष नरकगतिसे लेकर अनाहारकतक सब मार्गणाओंमें उत्कृष्ट स्थितिबन्ध, अनुत्कृष्ट, स्थितिबन्ध जघन्यस्थितिबन्ध और अजघन्य स्थितिबन्ध क्या सादि है, क्या अनादि है, क्या ध्रुव है अथवा क्या अध्रुव है ? सादि और अध्रुव है ।

विशेषार्थ—पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, चार संज्वलन और पाँच अन्तरायकी बन्धव्युच्छित्ति और जघन्य स्थितिबन्ध क्षपकश्रेणिमें उपलब्ध होता है । इसके पहले अनादिकालसे इन प्रकृतियोंका निरन्तर बन्ध होता रहता है । यतः इन प्रकृतियोंका जघन्य स्थितिबन्ध क्षपकश्रेणिमें अपने अपने अन्तिम स्थितिबन्धके समय प्राप्त होता है, इसलिए इसके पहले अनादिकालसे होनेवाला इनका अजघन्यबन्ध ठहरता है । इसलिए तो यह अनादि है तथा जो जीव उपशम श्रेणिपर आरोहण कर और सूक्ष्म साम्परायके अन्तमें इनकी बन्धव्युच्छित्ति कर उपशान्तमोह हो उपशमश्रेणीसे उतरते हुए पुनः इनके बन्धका प्रारम्भ करता है उसके यह अजघन्य स्थितिबन्ध सादि होता है । ध्रुव और अध्रुव स्पष्ट ही हैं । इस प्रकार उक्त १८ प्रकृतियोंका अजघन्य स्थितिबन्ध सादि, अनादि, ध्रुव और अध्रुवके भेदसे चार प्रकार का होता है । इन १८ प्रकृतियोंके शेष उत्कृष्टबन्ध आदि तीन तथा शेष सब प्रकृतियोंके उत्कृष्टबन्ध आदि चार सादि और अध्रुव दो ही प्रकारके हैं, क्योंकि उक्त १८ प्रकृतियोंके उत्कृष्टबन्ध आदि तीन और शेषके उत्कृष्टबन्ध आदि चारों कादाचित्क होनेसे अनादि और

---

१. गो० क० गा० १५३ । पञ्चसं० ।

सामित्तपरूवणा

६८. सामित्तं दुविधं—जहण्णयं उक्कस्सयं च। उक्कस्सएं पगदं। दुवि०—ओघे० आदे०। ओघे० पंचणा०-णवदंसणा०-असाद०-मिच्छत्त-सोलसकसाय-णवुंस०-अरदिसोग-भय-दुगुं०-पंचिंदियजादि-तेजा-क०-हुंडसं०-वण्ण०४-अगुरु०४-अप्पसत्थवि० तस०४-अथिरादिछक्क-णिमिण-णीचागो०-पंचंतरा० उक्कस्सओ ट्ठिदिबंधो कस्स होदि? अण्णदरस्स चदुगदियस्स पंचिंदियस्स सण्णिस्स मिच्छादिट्ठिस्स सव्वाहि पज्जत्तीहि पज्जत्तगदस्स सागारजागार-सुदोवजोगजुत्तस्स उक्कस्सियाए ट्ठिदीए उक्कस्सए ट्ठिदिसंकिलिस्से वट्टमाणस्स अथवा ईसिमज्झिमपरिणामस्स[1]। सादावे०-इत्थि०-पुरिस०-हस्स-रदि-मणुसगदि-पंचसंठा०-पंचसंघ०-मणुसाणु०-पसत्थविहाय०-थिरादिछक्क-उच्चागो० उक्क० ट्ठिदि० कस्स? तस्सेव पंचिंदियस्स सागार-जागार०

ध्रुव नहीं हो सकते। पहले मूलप्रकृति स्थितिबन्ध प्रकरणमें ज्ञानावरण, दर्शनावरण, वेदनीय, मोहनीय, नाम, गोत्र और अन्तराय इन सात मूल प्रकृतियोंके अजघन्य स्थितिबन्धको सादि आदि चार प्रकार का बतलाया है और यहाँ केवल ज्ञानावरण, दर्शनावरण, मोहनीय और अन्तरायके भेदोंमें ही यह घटित किया गया है सो इसका कारण यह है कि आयुके बिना शेष सात मूल प्रकृतियोंका अनादिसे निरन्तर बन्ध होता आया है पर इन सबकी उत्तर प्रकृतियोंकी यह स्थिति नहीं है; इसलिए उत्तर प्रकृतियोंकी अपेक्षा जिन कर्मों की उत्तर प्रकृतियोंमें यह व्यवस्था सम्भव हुई उनमें ही उक्त प्रकारसे निर्देश किया है।

यह ओघप्ररूपणा अचक्षुदर्शन और भव्य इन दो मार्गणाओंमें ही अविकल घटित होती है, क्योंकि ये मार्गणाएँ कादाचित्क नहीं हैं और क्रमसे क्षीणमोह व अयोगिकेवली गुणस्थानतक रहती हैं। इसलिए इनमें ओघके समान प्ररूपणा बन जाती है। केवल भव्यमार्गणामें ध्रुव विकल्प नहीं होता। शेष कथन सुगम है।

स्वामित्वप्ररूपणा

६८. स्वामित्व दो प्रकारका है—जघन्य और उत्कृष्ट। उत्कृष्टका प्रकरण है। उसकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, असातावेदनीय, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, नपुंसकवेद, अरति, शोक, भय, जुगुप्सा, पञ्चेन्द्रियजाति, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, हुण्डसंस्थान, वर्णचतुष्क, अगुरुलघुचतुष्क, अप्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, अस्थिरादि छह, निर्माण, नीचगोत्र और पाँच अन्तरायके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है? जो पञ्चेन्द्रिय है, संज्ञी है, मिथ्यादृष्टि है, सब पर्याप्तियोंसे पर्याप्त है, साकारजागृतश्रुतोपयोगसे उपयुक्त है, उत्कृष्ट स्थितिबन्ध और उत्कृष्ट संक्लेशरूप परिणाममें अवस्थित है अथवा ईषत् मध्यम परिणामवाला है ऐसा चार गतिका अन्यतर जीव उक्त प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है। सातावेदनीय, स्त्रीवेद, पुरुषवेद, हास्य, रति, मनुष्यगति, पाँच संस्थान, पाँच संहनन, मनुष्यानुपूर्वी, प्रशस्त विहायोगति, स्थिरादि छह और उच्चगोत्रके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है? जो पञ्चेन्द्रिय है, साकार जागृत तत्प्रायोग्यसंक्लेशपरिणामवाला है और उत्कृष्ट स्थितिबन्धके साथ तत्प्रायोग्य संक्लेशरूप परि-

---

१. सेसाणं। उक्कस्ससंकिलिट्ठा चदुगदिया ईसिमज्झिमया।'—गो० क० गा० १३८।

तप्पाओग्गसंकिलिट्ठस्स उक्कस्सियाए ट्ठिदीए तप्पाओग्गसंकिलेसे वट्टमाणस्स।

६९. णिरयायु० उक्क० ट्ठिदिबंधो कस्स? अण्णदरस्स मणुसस्स वा तिरिक्ख-जोणिणीयस्स वा सण्णि० मिच्छादिट्ठिस्स सव्वाहि पज्जत्तीहि पज्जत्तगदस्स सागार-जागार-सुदोवजुत्तस्स तप्पाओग्गसंकिलिट्ठस्स उक्कस्सियाए आवाधाए उक्कस्सट्ठिदि० वट्टमाणयस्स। तिरिक्ख-मणुसायु० उक्क० ट्ठिदि० कस्स०? अण्ण० मणुसस्स वा पंचिंदियतिरिक्खजोणिणीयस्स वा सण्णि० मिच्छादिट्ठिस्स सागारजागार० तप्पा-ओग्गविसुद्ध० उक्कस्सियाए आवाधाए उक्क० ट्ठिदिबं० वट्ट०। देवायु०[1] उक्क० ट्ठिदि-बं० कस्स? अण्णदरस्स पमत्तसंजदस्स सागार-जागारसुदोवजोगजुत्तस्स तप्पा-ओग्गविसुद्धस्स उक्कस्सियाए आवाधाए उक्क० ट्ठिदिबं० वट्ट०।

७०. [2]णिरयग०-वेउव्वि०-वेउव्वि०अंगोवं०-णिरयगदिपाओग्गा० उक्क० ट्ठिदि० कस्स०? अण्ण० मणुसस्स वा पंचिंदियतिरिक्खस्स वा सण्णि० मिच्छादिट्ठिस्स सागार-जागारसुदोवजोगजुत्तस्स सव्वसंकिलिट्ठस्स उक्क० ट्ठिदि० वट्टमाणस्स अथवा ईसिमज्झिमपरिणामस्स वा। [3]तिरिक्खगदि-ओरालिय०-ओरालिय०अंगोवं०-असंपत्त-सेवट्टसंघ०-तिरिक्खाणुपु०-उज्जोव० उक्क० ट्ठिदि० कस्स०? अण्णदरस्स णिरयस्स

णाममें अवस्थित है ऐसा पूर्वोक्त चार गतिका संज्ञी जीव ही उक्त प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थिति-बन्धका स्वामी है।

६९. नरकायुके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है? जो संज्ञी है, मिथ्यादृष्टि है, सब पर्याप्तियोंसे पर्याप्त है, साकारजागृतश्रुतोपयोगसे उपयुक्त है, तत्प्रायोग्यसंक्लेश परिणामवाला है और उत्कृष्ट आबाधाके साथ उत्कृष्टस्थितिबन्ध कर रहा है ऐसा अन्यतर मनुष्य या तिर्यञ्चयोनि जीव नरकायुके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है। तिर्यञ्चायु और मनुष्यायुके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है? जो संज्ञी है मिथ्यादृष्टि है, साकार जागृत है, तत्प्रायोग्यविशुद्ध परिणामवाला है और उत्कृष्ट आबाधाके साथ उत्कृष्ट स्थिति-बन्ध कर रहा है ऐसा अन्यतर मनुष्य या तिर्यञ्चयोनि जीव तिर्यञ्चायु और मनुष्यायुके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है। देवायुके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है? जो साकार जागृत श्रुतोपयोगसे उपयुक्त है, तत्प्रायोग्यविशुद्ध परिणामवाला है और उत्कृष्ट आबाधाके साथ उत्कृष्ट स्थितिबन्ध कर रहा है ऐसा अन्यतर प्रमत्तसंयत जीव देवायुके उत्कृष्ट स्थितिबन्ध-का स्वामी है।

७०. नरकगति, वैक्रियिकशरीर, वैक्रियिक आङ्गोपाङ्ग और नरकगति प्रायोग्यानुपूर्वीके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है? जो संज्ञी है, मिथ्यादृष्टि है, साकार जागृत श्रुतोप-योगसे उपयुक्त है, सबसे अधिक संक्लेश परिणामवाला है, उत्कृष्ट स्थितिबन्ध कर रहा है अथवा ईषत् मध्यम परिणामवाला है ऐसा अन्यतर मनुष्य या पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च उक्त चार प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है। तिर्यञ्चगति, औदारिकशरीर, औदारिक आङ्गो-पाङ्ग, असम्प्राप्तासृपाटिकासंहनन, तिर्यञ्चगति प्रायोग्यानुपूर्वी और उद्योतके उत्कृष्ट स्थिति-बन्धका स्वामी कौन है? जो मिथ्यादृष्टि है, साकार जागृत है, उत्कृष्ट संक्लेश परिणामवाला

१. 'देवाउगं पमत्तो'—गो० क० गा० १३६। २. णरतिरिया·····'वेगुव्वियछक्कवियलसुहुम-तियं।'—गो० क० गा० १३७। ३. सुरणिरया ओरालियतिरियदुगुज्जोवसंपत्तं।'—गो० क० गा० १३७।

वा देवस्स वा मिच्छादिट्ठि० सागार-जागार० उक्कस्ससंकिलिट्ठ० अथवा ईसिमज्झि-मपरिणामस्स । [1]देवगदि-तिण्णिजादि-देवाणुपु०-सुहुम-अपज्जत्त-साधार० उक्क० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० मणुसस्स वा पंचिंदियतिरिक्खस्स वा सण्णि० मिच्छा-दिट्ठिस्स सागार-जागार० तप्पाओग्ग० उक्कट्ठिदि० तप्पाओग्गउक्कस्सए संकिलिट्ठे वट्टमाणस्स । [2]एइंदिय-आदाव-थावर० उक्क० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० सोधम्मी-साणंतदेवेसु मिच्छादिट्ठि० सागार-जागार० उक्कस्ससंकिलिट्ठस्स अथवा ईसिम-ज्झिम० । [3]आहार०-आहार०अंगो० उक्क० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्णदरस्स अप्प-मत्तसंजदस्स सागार-जागार० तप्पाओग्गसंकिलिट्ठ० पमत्ताभिमुहस्स । तित्थयरं[4] उक्क० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्णद० मणुसस्स असंजदसम्मादिट्ठिस्स सागार-जागार० तप्पाओग्गस्स० मिच्छादिट्ठिमुहस्स ।

है अथवा अल्प मध्यम परिणामवाला है ऐसा अन्यतर देव या नारकी जीव उक्त छह प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है । देवगति, तीन जाति, देवगति प्रायोग्यानुपूर्वी, सूक्ष्म, अपर्याप्त और साधारण प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? जो संज्ञी है, मिथ्या-दृष्टि है, साकार जागृत है, तत्प्रायोग्य परिणामवाला है और उत्कृष्ट स्थितिबन्धके साथ उत्कृष्ट संक्लेशरूप परिणाममें अवस्थित है ऐसा अन्यतर मनुष्य अथवा पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च जीव उक्त आठ प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है । एकेन्द्रियजाति, आतप और स्थावर प्रकृतिके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? जो मिथ्यादृष्टि है, साकार जागृत है, उत्कृष्ट संक्लेश परिणामवाला है अथवा अल्प मध्यम परिणामवाला है ऐसा सौधर्म और ऐशान कल्प तकके देवोंमेंसे अन्यतर देव उक्त तीन प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है । आहारकशरीर और आहारक शरीर आङ्गोपाङ्गके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? जो साकार जागृत है, उत्कृष्ट संक्लेश परिणामवाला है और प्रमत्तसंयत गुणस्थानके अभिमुख है ऐसा अन्यतर अप्र-मत्त संयत जीव उक्त दो प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है । तीर्थङ्कर प्रकृतिके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? जो साकार जागृत है, तत्प्रायोग्य संक्लेश परिणामवाला है और मिथ्यात्वके अभिमुख है ऐसा अन्यतर मनुष्य असंयतसम्यग्दृष्टि जीव तीर्थङ्कर प्रकृतिके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है ।

विशेषार्थ—यहाँ १४८ उत्तर प्रकृतियोंमेंसे प्रत्येक प्रकृतिके उत्कृष्ट स्थितिबन्धके स्वामीका विचार किया गया है । वन्धकी अपेक्षा पाँच वन्धन और पाँच संघातका पाँच शरीरमें अंत-र्भाव हो जाता है तथा स्पर्शादिक २० के स्थानमें मूल चार लिये गये हैं तथा सम्यक् प्रकृति-मिथ्यात्व और सम्यग्मिथ्यात्व ये दो अबन्ध प्रकृतियाँ हैं, इसलिए इन अट्ठाईस प्रकृतियोंके कम हो जाने पर कुल १२० प्रकृतियाँ शेष रहती हैं । अतएव यहाँ इन्हीं १२० प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धके स्वामीका विचार किया गया है । यहाँ यह बात तो स्पष्ट ही है कि देवायु, आहारकद्विक और तीर्थङ्कर इन चार प्रकृतियोंके सिवा शेष ११६ प्रकृतियोंका उत्कृष्ट-स्थितिबन्ध मिथ्यादृष्टि जीव ही करता है, क्योंकि इनके बन्धके योग्य उत्कृष्ट या अल्प मध्यम

---

१. णरतिरिया ·····वेगुव्वियछक्कवियलसुहुमतियं ।'—गो० क० गा० १२७ । २. देवा पुण एइंदियआदावं थावरं च । गो० क० गा० १२८ । ३. 'आहारयमप्पमत्तविरदो दु ।'—गो० क० गा० १३६ । ४. 'तित्थयरं च मणुस्सो ।'—गो०क० गा० १३६ ।

७१. आदेसेण णेरइएसु पंचणा०-णवदंसणा०-असादावे०-मिच्छत्त-सोलसक०-णवुंस०-अरदि-सोग-भय-दुगुं०-तिरिक्खगदि-पंचिंदिय०-ओरालिय०-तेजा०-क०-हुडसं०-ओरालि०अंगो०-असंपत्तसेव०-वण्ण०४-तिरिक्खाणुपु०-अगुरु०४-उज्जो०-अप्पसत्थवि०-तस०४-अथिरादिछक्क-णिमिण-णीचागो०-पंचंतरा० उक्क०

परिणाम मिथ्यादृष्टिके ही होते हैं। उसमें भी किन प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन गतिका जीव है यह अलग अलग बतलाया ही है फिर भी यहाँ प्रत्येक गतिका आश्रय लेकर विचार करते हैं—

नरकगति—५ ज्ञानावरण, ९ दर्शनावरण, २ वेदनीय और २६ मोहनीयका तथा नरकगतिद्विक, वैक्रियिकद्विक, देवगतिद्विक, एकेन्द्रियादि चार जाति, आहारकद्विक, आतप, स्थावर, सूक्ष्म, अपर्याप्त, साधारण और तीर्थङ्कर इन १८ प्रकृतियोंके सिवा नामकर्मकी ४९ प्रकृतियोंका तथा २ गोत्र और ५ अन्तरायका इस प्रकार नरकगतिमें कुल ९८ का ओघ उत्कृष्ट स्थितिबन्ध होता है। तथा तिर्यञ्चायु मनुष्यायु और तीर्थङ्कार प्रकृतिका आदेश उत्कृष्ट स्थितिबन्ध होता है। कुल १०१ प्रकृतियोंका बन्ध होता है।

तिर्यञ्चगति—५ ज्ञानावरण, ९ दर्शनावरण, २ वेदनीय, २६ मोहनीय, देवायुके सिवा ३ आयुका तथा तिर्यञ्चगतिद्विक, औदारिकद्विक, आहारकद्विक, एकेन्द्रिय जाति, असंप्राप्तासृपाटिकासंहनन, आतप, उद्योत, स्थावर और तीर्थङ्कर इन १२ प्रकृतियोंके सिवा नामकर्मकी शेष ५५ प्रकृतियोंका तथा २ गोत्र और ५ अन्तरायका इस प्रकार तिर्यञ्चगतिमें १०७ प्रकृतियोंका ओघ उत्कृष्ट स्थितिबन्ध होता है। तथा औदारिकद्विक, तिर्यञ्चगतिद्विक, असंप्राप्तासृपाटिका संहनन, एकेन्द्रिय जाति, आतप, उद्योत और स्थावर इन नौ प्रकृतियोंका आदेश उत्कृष्ट स्थितिबन्ध होता है। कुल ११७ प्रकृतियोंका बन्ध होता है।

मनुष्यगति—५ ज्ञानावरण, ९ दर्शनावरण, २ वेदनीय, २६ मोहनीय, ४ आयुका तथा तिर्यञ्चगतिद्विक, एकेन्द्रिय जाति, औदारिकद्विक, असम्प्राप्तासृपाटिका संहनन, आतप, उद्योत और स्थावर इन नौ प्रकृतियोंके सिवा नामकर्मकी ५८ प्रकृतियोंका तथा २ गोत्र और ५ अन्तरायका इस प्रकार मनुष्यगतिमें १११ प्रकृतियोंका ओघ उत्कृष्ट स्थितिबन्ध होता है। इतनी विशेषता है कि आहारकद्विकका प्रमत्तसंयत गुणस्थानके अभिमुख हुए संक्लेश परिणामवाले अप्रमत्तसंयतके और तीर्थंकरका मिथ्यात्वके अभिमुख हुए असंयतसम्यग्दृष्टिके उत्कृष्ट स्थितिबन्ध होता है। तथा तिर्यञ्चगतिमें गिनाई गईं आदेश उत्कृष्ट स्थितिबन्धवाली ९ प्रकृतियोंका यहाँ भी आदेश उत्कृष्ट स्थितिबन्ध होता है। यहाँ सब प्रकृतियोंका बन्ध होता है।

देवगति—५ ज्ञानावरण, ९ दर्शनावरण, २ वेदनीय, २६ मोहनीयका तथा नरकगतिद्विक, देवगतिद्विक, द्वीन्द्रिय आदि तीन जाति, वैक्रियिकद्विक, आहारकद्विक, सूक्ष्म, अपर्याप्त, साधारण और तीर्थंकर इन १५ प्रकृतियोंके सिवा नामकर्मकी ५२ प्रकृतियोंका तथा २ गोत्र और ५ अन्तरायका इस प्रकार देवगतिमें कुल १०१ प्रकृतियोंका ओघ उत्कृष्ट स्थितिबन्ध होता है। तथा तिर्यञ्चायु, मनुष्यायु और तीर्थंकर प्रकृतिका आदेश उत्कृष्ट स्थितिबन्ध होता है। कुल १०४ प्रकृतियोंका बन्ध होता है।

७१. आदेशसे नारकियोंमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, असातावेदनीय, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, नपुंसकवेद, अरति, शोक, भय, जुगुप्सा, तिर्यञ्चगति, पञ्चेन्द्रिय जाति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, हुण्ड संस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, असम्प्राप्तासृपाटिकासंहनन, वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगति प्रायोग्यानुपूर्वी, अगुलरुघु चतुष्क, उद्योत, अप्रशस्तविहायो-

ट्ठिदि० कस्स० ? अण्णद० मिच्छादिट्ठिस्स सागार-जागार० उक्कस्ससंकिलि० अथवा ईसिमज्झिमपरिणामस्स। सेसाणं उक्कस्स० ट्ठिदि० तस्सेव तप्पाओग्ग-संकिलि०। तिरिक्खायु० उक्क० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्णद० मिच्छादिट्ठि० तप्पाओग्गविसुद्धस्स उक्कस्सियाए आबा० [उक्क०] ट्ठिदि० वट्टमाणस्स। मणुसायु० उक्क० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० सम्मादि० मिच्छादि० तप्पाओग्गविसुद्धस्स उक्क० आबा० उक्क० ट्ठिदि० वट्टमाणयस्स। तित्थयर० उक्क० ट्ठिदि० कस्स० ? असंजदसम्मादिट्ठिस्स तप्पाओग्गसंकिलि०।

७२. एवं सव्वासु पुढवीसु। णवरि चउत्थीआदीसु तित्थयरं णत्थि। सत्तमाए मणुसगइ-मणुसाणु०-उच्चागो० उक्क० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० सम्मादिट्ठिस्स तप्पाओग्गसंकिलिट्ठ० मिच्छत्ताभिमुह०।

७३. तिरिक्खेसु पंचणा०-णवदंसणा०-असादा०-मिच्छत्त-सोलसकसा०-णवुंस०-अरदि-सोग०-भय-दुगुं०-णिरयग०-पंचिंदिय०-तेजा-क०-हुंडसंठा०-वेउ-

---

गति, त्रस चतुष्क, अस्थिरादिक छह, निर्माण, नीचगोत्र और पाँच अन्तरायके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? साकार जागृत, उत्कृष्ट संक्लेश परिणामवाला अथवा अल्प मध्यम परिणामवाला अन्यतर मिथ्यादृष्टि नारकी उक्त प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है। तथा शेष प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी तत्प्रायोग्य संक्लेश परिणामवाला वही जीव है। तिर्यञ्चायुके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? तत्प्रायोग्य विशुद्ध परिणामवाला और उत्कृष्ट आबाधाके सात उत्कृष्ट स्थितिबन्ध करनेवाला अन्यतर मिथ्यादृष्टि नारकी तिर्यञ्चायुके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है। मनुष्यायुके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? तत्प्रायोग्यविशुद्ध परिणामवाला और उत्कृष्ट आबाधाके साथ उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला अन्यतर सम्यग्दृष्टि या मिथ्यादृष्टि नारकी मनुष्यायुके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है। तीर्थंकर प्रकृतिके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? तत्प्रायोग्यसंक्लेश परिणामवाला अन्यतर असंयत सम्यग्दृष्टि नारकी तीर्थंकर प्रकृतिके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है।

७२. इसी प्रकार सात पृथिवियोंमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि चौथीसे लेकर सब पृथिवियोंमें तीर्थंकर प्रकृति नहीं है। तथा सातवीं पृथिवीमें मनुष्य गति, मनुष्य गति प्रायोग्यानुपूर्वी और उच्च गोत्रके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? तत्प्रायोग्य संक्लेश परिणामवाला और मिथ्यात्वके अभिमुख अन्यतर सम्यग्दृष्टि नारकी उक्त प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है।

विशेषार्थ—नरकगतिमें जितनी प्रकृतियोंका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध होता है उनका नाम निर्देश पहिले कर आये हैं। यहाँ इतनी विशेष बात जाननी चाहिए कि तीर्थंकर प्रकृतिका बन्ध तीसरी पृथिवी तक होता है और सातवीं पृथिवीमें मनुष्यगति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी और उच्चगोत्रका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध सम्यग्दृष्टि नारकीके होता है।

७३. तिर्यञ्चोंमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, असातावेदनीय, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, नपुंसकवेद, अरति, शोक, भय, जुगुप्सा, नरकगति, पञ्चेन्द्रियजाति, तैजसशरीर, कार्मण शरीर, हुण्डसंस्थान, वैक्रियिक आङ्गोपाङ्ग, वर्णचतुष्क, नरकगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, अप्र-

ण्वियअंगो०-वएण०४-णिरयाणु०-अगुरु०४-अप्पसत्थवि०-तस०४-अथिरादिछक्क-णिमिण-णीचागो०-पंचंतरा० उक्क० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्णद० पंचिंदिय० सण्णि० मिच्छा० सागार-जागार० उक्कस्ससंकिलिट्ठ० अथवा ईसिमज्झिमप०। सेसाणं तस्सेव पंचिंदिय० सण्णि० मिच्छादि० सागार-जागार० तप्पाओग्ग-संकिलि०। देवायु० उक्क० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्णदरस्स सम्मादिट्ठि० तप्पाओग्गविसु० उक्क० आबा०। सेसाणं आयूणं ओघं। पंचिंदियतिरिक्ख[1]०३ [तिरिक्खोघं]।

७४. पंचिंदियतिरिक्खअपज्जत्ते पंचणाणावरणी०-णवदंसणा०-असादावे०-मिच्छत्त-सोलसक०-णवुंस०-अरदि-सोग-भय-दुगुं०-तिरिक्खगदि-एइंदियजादि-ओरालि०-तेजा-क०-हुंडसं०-वएण०४-तिरिक्खाणुपु०-अगुरु०-उप०-थावर-सुहुम-अपज्जत्त-साधार०-अथिरादिपंच०-णिमिण-णीचागो०-पंचंतरा० उक्क० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० सण्णिस्स सागार-जागार० उक्क० संकिलि० वट्टमाणस्स। सेसाणं तस्स चेव सण्णि० तप्पाओग्गसंकिलिट्ठ० उक्क० ट्ठिदि० वट्टमाण०। दो आयु० उक्क० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्णद० सण्णिस्स वा असण्णिस्स वा तप्पाओग्ग-विसुद्धस्स।

शस्त विहायोगति, त्रस चतुष्क, अस्थिरादिक छह, निर्माण, नीचगोत्र, और पाँच अन्तरायके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है। पञ्चेन्द्रिय, संज्ञी, मिथ्यादृष्टि, साकार जागृत और उत्कृष्ट संक्लेश परिणामवाला अथवा अल्प मध्यम परिणामवाला अन्यतर तिर्यञ्च जीव उक्त प्रकृतियों-के उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है। शेष प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी पञ्चेन्द्रिय, संज्ञी, मिथ्यादृष्टि, साकार जागृत और तत्प्रायोग्य संक्लेश परिणामवाला वही जीव है। देवायुके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? तत्प्रायोग्य विशुद्ध परिणामवाला और उत्कृष्ट आबाधाके साथ उत्कृष्ट स्थितिबन्ध करनेवाला अन्यतर सम्यग्दृष्टि तिर्यञ्च देवायुके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है। तथा शेष आयुओंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी ओघके समान है। पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च त्रिकमें अपनी अपनी प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिके बन्धका स्वामी सामान्य तिर्यञ्चोंके समान है।

७४. पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्त जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, असाता-वेदनीय, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, नपुंसकवेद, अरति, शोक, भय, जुगुप्सा, तिर्यञ्चगति, एकेन्द्रिय जाति, औदारिक शरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, हुण्डसंस्थान वर्णचतुष्क, तिर्यंचगति प्रायोग्यानुपूर्वी, अगुरुलघु, उपघात, स्थावर, सूक्ष्म, अपर्याप्त, साधारण, अस्थिरा-दिक पाँच, निर्माण, नीचगोत्र और पाँच अन्तरायके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? साकार जागृत और उत्कृष्ट संक्लेश परिणामवाला अन्यतर संज्ञी जीव उक्त प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है। शेष प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी संज्ञी, तत्प्रायोग्य संक्लेश परिणामवाला और उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला वही जीव है। दो आयुओंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? तत्प्रायोग्यविशुद्ध परिणामवाला अन्यतर संज्ञी या असंज्ञी जीव दो आयुओंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है।

विशेषार्थ—तिर्यञ्च सामान्यके आहारकद्विक और तीर्थङ्करके विना कुल बन्धयोग्य

---

१. मूलप्रतौ—तिरिक्खभंगो ३ पंचिंदिय—इति पाठः।

७५. मणुस०३ आहार०-आहार०अंगो०-तित्थयर०-आयु०चत्तारि ओघं। सेसाणं पंचिंदियतिरिक्खभंगो। मणुसअपज्जत्ता० तिरिक्खअपज्जत्तभंगो।

७६. देवगदीए पंचणा०-णवदंसणा०-असादा०-मिच्छत्त-सोलसक०-णवुंस०-अरदि-सोग-भय-दुगुं०-तिरिक्खगदि-एइंदि०-पंचिंदि०-ओरालिय०-तेजा-क०-हुंडसं०-ओरालि०अंगो०-असंपत्तसेवट्टसंघ०-वण्ण०४-तिरिक्खाणुपु०-अगुरु०४-आदाउज्जो०-अप्पसत्थविहा०-तस-थावर-बादर-पज्जत्त-पत्तेय०-अथिरादिछक्क-णीचागोद-पंचंतरा० उक्क०-ट्ठिदि० कस्स०? अण्णद० मिच्छादिट्ठि० सागार-जागार० उक्कस्ससंकिलि० अथवा ईसिमज्झिमपरिणामस्स। दोआयु० तित्थयरं च णिरयभंगो। सेसाणं तप्पाओग्ग-संकिलि० मिच्छादिट्ठि०।

प्रकृतियाँ ११७ हैं। इनमेंसे इसके १०७ प्रकृतियोंका ओघके समान उत्कृष्ट स्थितिबन्ध होता है और शेष रही देवायु तिर्यंचगतिद्विक, एकेन्द्रिय जाति, औदारिक द्विक, असंप्राप्तासृपाटिका-संहनन, आतप, उद्योत और साधारण इन १० प्रकृतियों का आदेश स्थितिबन्ध होता है। इसी प्रकार पंचेन्द्रिय तिर्यञ्च, पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च पर्याप्त और पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च योनिनी जीवोंमें भी जान लेना चाहिये। पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्तकोंमें पूर्वोक्त ११७ प्रकृतियोंमेंसे देवायु, नरकायु और वैक्रियिक छह इन ८ प्रकृतियोंके कम कर देने पर कुल बन्धको प्राप्त होनेवाली १०६ प्रकृतियाँ शेष रहती हैं। सो इसके इन सब प्रकृतियोंका आदेश उत्कृष्ट स्थितिबन्ध होता है। यहाँ इतना विशेष जानना चाहिए कि इन सब मार्गणाओंमें किस अवस्थाके होने पर उत्कृष्ट स्थितिबन्ध होता है इसका मूलमें निर्देश किया ही है। इसी प्रकार अन्य मार्गणाओंमें जहाँ जिस अवस्थामें उत्कृष्ट स्थितिबन्ध होता है उसका पृथक् पृथक् निर्देश मूलमें किया है।

७५. मनुष्यत्रिकमें आहारकशरीर, आहारक आङ्गोपाङ्ग, तीर्थंकर प्रकृति और चार आयुओंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी ओघके समान है। तथा शेष प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चके समान है। मनुष्य अपर्याप्तकोंमें अपनी सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी तिर्यञ्च अपर्याप्तकोंके समान है।

विशेषार्थ—मनुष्यत्रिकमें सब अर्थात् १२० प्रकृतियोंका बन्ध होता है। इनमेंसे १११ का ओघ उत्कृष्ट स्थितिबन्ध होता है और तिर्यञ्चगतिद्विक, एकेन्द्रिय जाति, औदारिकद्विक, असम्प्राप्तासृपाटिकासंहनन, आतप, उद्योत तथा स्थावर इन ९ प्रकृतियोंका आदेश उत्कृष्ट स्थितिबन्ध होता है। मनुष्य अपर्याप्तकोंका विचार पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्तकोंके समान है यह स्पष्ट ही है।

७६. देवगतिमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, असाता वेदनीय, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, नपुंसकवेद, अरति, शोक, भय, जुगुप्सा, तिर्यञ्चगति, एकेन्द्रिय जाति, पञ्चेन्द्रिय जाति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, हुण्डसंस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, असंप्राप्तासृपाटिका संहनन, वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगतिप्रायोग्यानुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, आतप, उद्योत, अप्रशस्त विहायोगति, त्रस, स्थावर, बादर, पर्याप्त, प्रत्येक शरीर, अस्थिरादिक छह नीचगोत्र और पाँच अन्तरायके उत्कृष्ट स्थितिबन्धकास्वामी कौन है? साकार जागृत, उत्कृष्ट संक्लेश परिणामवाला अथवा अल्प मध्यम परिणामवाला अन्यतर मिथ्यादृष्टि देव उक्त प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है। दो आयु और तीर्थंकर प्रकृतिके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी नारकियोंके समान है, तथा शेष प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी तत्प्रायोग्य संक्लेश परिणामवाला मिथ्यादृष्टि देव है।

७७. भवण०-वाणवेंत०-जोदिसि०-सोधम्मीसा० पंचणा०-णवदंसणा०-असादा०-मिच्छत्त-सोलसक०-णवुंस०-अरदि-सोग-भय-दुगुं०-तिरिक्खगदि-एइंदि०-ओरालि०-तेजा-क० हुंडसं०-वण्ण०४-तिरिक्खाणु०-अगुरु०४-आदाउज्जो०-थावर-बादर-पज्जत्त-पत्तेयसरीर-थिरादिपंच-णिमिण-णीचागो०-पंचंतरा० उक्क० ट्ठिदिबं० कस्स० ? अण्णद० मिच्छादिट्ठि० सागार-जागार० उक्कस्ससंकिलिट्ठ० अथवा ईसिमज्झिमपरि० । सेसाणं तस्सेव सागार-जागार० तप्पाओग्गसंकिलि० उक्कस्स-ट्ठिदि० वट्टमा० । दोआयु० सोधम्मे तित्थयरं च देवोघं । एवं सणक्कुमार याव सहस्सार त्ति विदियपुढविभंगो ।

७८. आणादादि याव णवगेवज्जा त्ति पंचणा०-णवदंसणा०-असादावे०-मिच्छत्त-सोलसक०-णवुंस०-अरदि-सोग-भय-दुगुं०-मणुसगदि-पंचिंदियजादि-ओरालिय०-तेजा०-क०-हुंडसं०-ओरालिय०अंगो०-असंपत्तसेवट्ट०-वण्ण०४-मणुसाणु०-अगुरु०४-अप्पसत्थवि०-तस०४-अथिरादिछक्क-णिमिण-णीचागो०-पंचंतरा० उक्क० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्णद० मिच्छादि० उक्क०संकिलि० । सेसाणं तस्स चेव सागार-जागार० तप्पाओग्गसंकिलि० । मणुसायु० उक्क० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० मिच्छादिट्ठिस्स सम्मादिट्ठिस्स वा तप्पाओग्गविसुद्धस्स ।

---

७७. भवनवासी, व्यन्तर, ज्योतिषी तथा सौधर्म और ऐशान कल्पके देवोंमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, असाता वेदनीय, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, नपुंसकवेद, अरति, शोक, भय, जुगुप्सा, तिर्यञ्चगति, एकेन्द्रिय जाति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, हुण्डसंस्थान, वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगतिप्रायोग्यानुपूर्वी, अगुरुलघु चतुष्क, आतप, उद्योत, स्थावर, बादर, पर्याप्त, प्रत्येक शरीर, स्थिरादिक पाँच, निर्माण, नीचगोत्र और पाँच अन्तरायके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? साकार जागृत, उत्कृष्ट संक्लेश परिणामवाला अथवा अल्प मध्यम परिणामवाला, अन्यतर मिथ्यादृष्टि जीव उक्त प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थिति-बन्धका स्वामी है । शेष प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी साकार जागृत, तत्प्रायोग्य संक्लेश परिणामवाला और उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला वही जीव है। तथा दो आयुओंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी और सौधर्मकल्पयुगलमें तीर्थंकरप्रकृतिके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी सामान्य देवोंके समान है । इसी प्रकार सानत्कुमार कल्पसे लेकर सहस्रार कल्प तक अपनी सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी दूसरी पृथिवीके समान है ।

७८. आनत कल्पसे लेकर नौ ग्रैवेयक तकके देवोंमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, असातावेदनीय, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, नपुंसकवेद, अरति, शोक, भय, जुगुप्सा, मनुष्य-गति, पञ्चेन्द्रिय जाति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, हुण्डसंस्थान, औदारिक शरीर आङ्गोपाङ्ग, असम्प्राप्तासृपाटिकासंहनन, वर्णचतुष्क, मनुष्यगति प्रायोग्यानुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, अप्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, अस्थिरादिक छह, निर्माण, नीचगोत्र और पाँच अन्तरायोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? उत्कृष्ट संक्लेश परिणामवाला अन्यतर मिथ्यादृष्टि जीव उक्त प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है । शेष प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी साकार जागृत और तत्प्रायोग्य संक्लेश परिणामवाला वही जीव है । मनुष्यायुके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? तत्प्रायोग्य विशुद्ध परिणामवाला, अन्यतर मिथ्यादृष्टि अथवा सम्यग्दृष्टि उक्त देव मनुष्यायुके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है ।

७९. अणुदिस याव सव्वट्ठ त्ति पंचणा०-छदंसणा०-असादावे०-वारसक०-पुरिस०-अरदि-सोग-भय-दुगुंच्छ-मणुसगदि-पंचिंदिय०-ओरालिय०-तेजा-क०-समचदु०-ओरालिय०अंगो०-वज्जरिसभसं०-वण्ण०४-मणुसाणु०-अगुरु०४-पसत्थवि०-तस०४-अथिर-[1]असुभ-सुभग-सुस्सर-आदेज्ज०-अजस०-णिमिण-तित्थयर०-उच्चागो०-पंचंत० उक्क० ट्ठिदि० कस्स० ? सव्वसंकिलि० । सेसाणं तस्सेव सागार-जागार० तप्पाओग्गसंकिलि० । आयु० उक्क० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० तप्पाओग्गविसुद्ध० उक्क० आबा० ।

८०. एइंदिएसु पंचिंदियतिरिक्खअपज्जत्तभंगो । णवरि अण्णद० वादरस्स पज्जत्तस्स सागार-जागार० उक्कस्ससंकिलि० । एवं वादर-सुहुम-पज्जत्तापज्जत्ता० । णवरि यं उद्दिस्सदि तं गहणं कादव्वं । एदेण विधिणा वीइंदि०-तीइंदि०-चदुरिंदि० पंचिंदियतिरिक्खअपज्जत्तभंगो ।

७९. अनुदिशसे लेकर सर्वार्थसिद्धि तकके देवोंमें पाँच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, असाता वेदनीय, वारह कषाय, पुरुषवेद, अरति, शोक, भय, जुगुप्सा, मनुष्यगति, पञ्चेन्द्रिय जाति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, समचतुरस्रसंस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, वज्रवृषभनाराच संहनन, वर्णचतुष्क, मनुष्यगति प्रायोग्यानुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, प्रशस्त विहायोगति, त्रस चतुष्क, अस्थिर, अशुभ, सुभग, सुस्वर, आदेय, अयशःकीर्ति, निर्माण, तीर्थंकर, उच्चगोत्र और पाँच अन्तरायके उत्कृष्ट स्थितिवन्धका स्वामी कौन है ? सबसे संक्लेश परिणामवाला उक्त देव उक्त प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है । शेष प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिवन्धका स्वामी साकार जागृत और तत्प्रायोग्य संक्लेश परिणामवाला वही जीव है । आयुकर्मके उत्कृष्ट स्थितिवन्धका स्वामी कौन है ? तत्प्रायोग्य विशुद्ध परिणामवाला और उत्कृष्ट आवाधाके साथ उत्कृष्ट स्थितिवन्ध करनेवाला उक्त देव आयुकर्मके उत्कृष्ट स्थितिवन्धका स्वामी है ।

विशेषार्थ—देवोंमें कुल १०४ प्रकृतियोंका बन्ध होता है । उसमें भी एकेन्द्रिय जाति, आतप और स्थावर प्रकृतिका वन्ध ऐशान कल्प तक ही होता है । भवनत्रिकोंमें तीर्थङ्कर प्रकृति का वन्ध नहीं होता । देवोंमें पहले जिन १०१ प्रकृतियोंका ओघ उत्कृष्ट स्थितिबन्ध कहा है वह सहस्रार कल्प तक ही होता है । आगे अपने अपने योग्य आदेश उत्कृष्ट स्थितिवन्ध होता है । तिर्यञ्चायु, तिर्यञ्चद्विक और नीचगोत्रका बन्ध भी वारहवें कल्प तक ही होता है । आगे इनका वन्ध नहीं होता । इसलिए इतनी विशेषताओंको ध्यानमें रखकर देवोंमें और उनके अवान्तर भेदोंमें सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिवन्धका स्वामित्व घटित करना चाहिए । मात्र नौ अनुदिश और पाँच अनुत्तर विमानोंमें सब देव सम्यग्दृष्टि ही होते हैं, इसलिए वहाँ सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिवन्धका स्वामित्व सम्यग्दृष्टि देवोंके ही कहना चाहिए । यहाँ किस प्रकृतिका किस अवस्थामें उत्कृष्ट स्थितिबन्ध होता है यह सब विशेषता मूलमें कही ही है ।

८०. एकेन्द्रियोंमें पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्तकोंके समान भङ्ग है । इतनी विशेषता है कि साकारजागृत और उत्कृष्ट संक्लेश परिणामवाला अन्यतर वादर एकेन्द्रिय पर्याप्त जीव उत्कृष्ट स्थितिवन्धका स्वामी है । इसी प्रकार वादर एकेन्द्रिय, सूक्ष्म एकेन्द्रिय और इनके पर्याप्त अपर्याप्त जीवोंके कहना चाहिए । इतनी विशेषता है कि जहाँ जिसका उद्देश्य हो वहाँ उसका ग्रहण करना चाहिए । इसी विधिसे द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय और चतुरिन्द्रिय जीवों का भङ्ग पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्तकोंके समान है ।

१. मूलप्रतौ—असुभदूभगदुस्सरआदेज— इति पाठः ।

८१. पंचिंदिय-पंचिंदियपज्जत्तेसु सव्वपगदीणं मूलोघं। णवरि पंचिंदियगहणं कादव्वं। पंचिंदियअपज्ज० पंचिंदियतिरिक्खअपज्जत्तभंगो।

८२. पुढविका० णाणावरणादि अंतराइग त्ति उक्क० ट्ठिदि० कस्स०? अण्ण० बादरस्स पज्जत्तस्स सागार-जागार० उक्क० संकिलि०। सेसाणं सागार-जागार० तप्पाओग्ग-संकिलि०। दोआयु० उक्क० ट्ठिदि० कस्स०? अण्णद० सागार-जागार० तप्पाओग्गविसुद्ध०। एवं पंचकायाणं एइंदियभावेण णेदव्वं। णवरि तेउ-वाउकायाणं मणुसायु०-मणुसग०-मणुसाणु०-उच्चागोदं णत्थि।

विशेषार्थ—एकेन्द्रियोंके नरकायु, देवायु, वैक्रियिक छह, आहारकद्विक और तीर्थङ्कर इन ११ प्रकृतियोंके सिवा १०९ प्रकृतियोंका वन्ध होता है। सो एकेन्द्रियोंमें इनके उत्कृष्ट स्थितिवन्धका स्वामी वादर एकेन्द्रिय पर्याप्त जीव होता है यह स्पष्ट ही है। यहाँ पर अन्य जितनी मार्गणाएँ कही हैं उनमें अपनी अपनी प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिवन्धका विचार कर उनके स्वामित्वका कथन करना चाहिए। इन सब मार्गणाओंमें उक्त १०९ प्रकृतियोंका वन्ध होता है। मात्र पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्त जीवोंमें उत्कृष्ट स्वामित्वका कथन करते समय जिस प्रकार ज्ञानावरणादि प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिवन्धकी योग्यताका निर्देश किया है उसी प्रकार यहाँ भी उसका विचार कर लेना चाहिए।

८१. पञ्चेन्द्रिय और पञ्चेन्द्रिय पर्याप्त जीवोंमें सव प्रकृतियोंका भङ्ग मूलोघके समान है। इतनी विशेषता है कि पञ्चेन्द्रियका ग्रहण करना चाहिए। पञ्चेन्द्रिय अपर्याप्तकोंका भङ्ग पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्तकोंके समान है।

विशेषार्थ—मूलोघ प्ररूपणामें जो उत्कृष्ट स्थितिवन्धके स्वामीका निर्देश करते समय गतियोंकी मुख्यतासे कहा है वहाँ नरकगतिका या तिर्यञ्चगतिका जीव ऐसा न कहकर पञ्चेन्द्रिय ऐसा सामान्य निर्देश करना चाहिए। शेष कथन सव मूलोघके समान है यह उक्त कथनका तात्पर्य है।

८२. पृथिवी कायिक जीवोंमें ज्ञानावरणसे लेकर अन्तराय तक प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिवन्धका स्वामी कौन है? साकार जागृत, उत्कृष्ट संक्लेश परिणामवाला वादरपृथिवीकायिक पर्याप्त जीव उत्कृष्ट स्थितिवन्धका स्वामी है। शेष प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिवन्धका स्वामी साकार जागृत तत्प्रायोग्य संक्लेश परिणामवाला उक्त जीव है। दो आयुओंके उत्कृष्ट स्थितिवन्धका स्वामी कौन है? साकार जागृत तत्प्रायोग्य विशुद्ध परिणामवाला अन्यतर वादर पर्याप्त पृथिवीकायिक जीव उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है। इसी प्रकार पाँच स्थावर कायिक जीवोंका एकेन्द्रिय जीवोंके समान कथन करना चाहिए। इतनी विशेषता है कि अग्निकायिक और वायुकायिक जीवोंके मनुष्यायु, मनुष्यगति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी और उच्च गोत्रका वन्ध नहीं होता।

विशेषार्थ—पहले एकेन्द्रियोंमें वन्ध योग्य १०९ प्रकृतियोंका निर्देश कर आये हैं। यतः पृथिवीकायिक आदि एकेन्द्रियोंके अवान्तर भेद हैं अतः इनमें भी उन्हीं १०९ प्रकृतियोंका वन्ध होता है। मात्र अग्निकायिक और वायुकायिक जीव इस नियमके अपवाद हैं। कारण कि उनमें मनुष्यायु, मनुष्यद्विक और उच्च गोत्रका वन्ध नहीं होता इसलिए इन दो कायिक जीवोंमें १०५ प्रकृतियोंका ही वन्ध होता है। पहले लब्ध्यपर्याप्तक पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चोंमें इन प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिवन्धकी योग्यताका निर्देश कर आये हैं। उसी प्रकार यहाँ भी जानना चाहिए। अर्थात् ज्ञानावरणकी ५ आदि ६६ प्रकृतियोंका उत्कृष्ट स्थितिवन्ध उत्कृष्ट

८३. तस-तसपज्जत्त० पंचिंदियभंगो। तसअपज्जत्त० पंचिंदियतिरिक्ख-अपज्जत्तभंगो।

८४. पंचमण०-तिण्णिवचि० पंचणा०-णवदंसणा०-असादा०-मिच्छत्त-सोलसक०-णवुंसग०-अरदि-सोग-भय-दुगुंच्छ-पंचिंदिय०-तेजा०-कम्मइय०-हुंडसंठाण-वण्ण०४-अगुरु०४-अप्पसत्थवि०-तस०४-अथिरादिछक्क-णिमिण-णीचागो०-पंचंतरा० उक्क० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० चदुगदियस्स मिच्छादिट्ठिस्स सागार-जागार० उक्क०संकिलि० अथवा ईसिमज्झिमपरिणामस्स। सादावे०-इत्थिवे०-पुरिस०-हस्स-रदि-मणुसगदि-पंचसंठा०-पंचसंघ०-मणुसाणु०-पसत्थवि०-थिरादिछक्क-उच्चागो० उक्क० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्णदर० चदुगदियस्स मिच्छादिट्ठिस्स सागार-जागार० तप्पाओग्गसंकिलि०।

८५. णिरयगदि-वेउव्वि०-वेउव्वि०अंगो०-णिरयाणु० उक्क० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्णद० तिरिक्खस्स वा मणुसस्स वा मिच्छादि० सागार-जा० उक्क०संकिलि०। तिरिक्खगदि-ओरालि०-ओरालि०अंगो०-असंपत्तसेव०-तिरिक्खाणुपु०-उज्जोव० उक्क० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्णद० देवस्स वा णेरइगस्स वा मिच्छादि० सागार-जा०

संक्लेश परिणामोंसे होता है। साता वेदनीय आदि ४१ प्रकृतियोंका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध इन प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धके योग्य संक्लेश परिणामोंसे होता है और मनुष्यायु व तिर्यञ्चायुका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध तत्प्रायोग्य विशुद्ध परिणामोंसे होता है। यह उक्त कथनका तात्पर्य है।

८३. त्रसकायिक और त्रसकायिक पर्याप्त जीवोंका भङ्ग पञ्चेन्द्रियोंके समान है। तथा त्रस अपर्याप्तक जीवोंका भङ्ग पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्तकोंके समान है।

८४. पाँचो मनोयोगी और तीन वचन योगी जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, असाता वेदनीय, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, नपुंसक वेद, अरति, शोक, भय, जुगुप्सा, पञ्चेन्द्रियजाति, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, हुण्ड संस्थान, वर्णचतुष्क, अगुरुलघु चतुष्क, अप्रशस्त विहायोगति, त्रस चतुष्क, अस्थिर आदिक छह, निर्माण, नीचगोत्र और पाँच अन्तरायोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? साकार जागृत उत्कृष्ट संक्लेश परिणामवाला अथवा अल्प मध्यम परिणामवाला चार गतिका मिथ्यादृष्टि जीव उक्त प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है। साता वेदनीय, स्त्रीवेद, पुरुषवेद, हास्य, रति, मनुष्यगति, पाँच संस्थान, पाँच संहनन, मनुष्यानुपूर्वी, प्रशस्त विहायोगति, स्थिरादिक छह और उच्चगोत्रके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? साकार जागृत और तत्प्रायोग्य संक्लेश परिणामवाला अन्यतर चार गतिका जीव उक्त प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है।

८५. नरकगति, वैक्रियिक शरीर, वैक्रियिक आङ्गोपाङ्ग और नरकगत्यानुपूर्वीके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? साकार जागृत और उत्कृष्ट संक्लेश परिणामवाला अन्यतर तिर्यञ्च अथवा मनुष्य मिथ्यादृष्टि जीव उक्त प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है। तिर्यञ्च गति, औदारिकशरीर, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, असम्प्राप्तासृपाटिका संहनन, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी और उद्योतके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? साकार जागृत और उत्कृष्ट

उक्क० संकि० अथवा ईसिमज्झिमपरिणा० । चदुण्णं आयुगाणं ओघं । एइंदिय०-आदाव-थावर० उक्क० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्णद० ईसाणंतदेव० मिच्छादिट्ठि० सागार-जा० उक्क०संकिलि० अथवा ईसिमज्झिमपरिणा० । देवगदि-तिण्णिजादि-देवाणुपु०-सुहुम-अपज्जत्त-साधार० उक्क० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्णदर० मणुसस्स वा तिरिक्खस्स वा मिच्छादिट्ठि० सागार-जा० तप्पाओग्गसंकिलि० । आहार०-आहार० अंगो०-तित्थयरं ओघं । वचिजो० असच्चमो० सो चेव भंगो । णवरि उक्कस्स-संकिलिट्ठाणं तप्पाओग्गसंकिलिट्ठाणं च अण्णद० सण्णिस्स त्ति भाणिदव्वं ।

८६. कायजोगि० मूलोघं । ओरालियका० मणुसपज्जत्तभंगो । णवरि मणुस्सस्स वा तिरिक्खस्स वा पंचिंदिय० सण्णि० त्ति भाणिदव्वं । ओरालियमि० पंचणा०-णवदंसणा०-सादावे०-मिच्छत्त-सोलसक०-णवुंस०-अरदि-सोग-भय-दुगुं०-तिरिक्ख-गदि-एइंदि०-ओरालि०-तेजा०-क०-हुंडसं०-वण्ण०४-तिरिक्खाणु०-अगुरु०-उप०-थावर-सुहुम-अपज्जत्त-साधार०-अथिरादिपंच०-णीचागो०-णिमिण-पंचतरा० उक्क०

संक्लेश परिणामवाला अथवा अल्प मध्यम परिणामवाला अन्यतर देव और नारकी मिथ्यादृष्टि जीव उक्त प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है। चार आयुओंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी ओघके समान है। एकेन्द्रियजाति, आतप और स्थावरके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है? साकार जागृत और उत्कृष्ट संक्लेश परिणामवाला अथवा अल्प मध्यम परिणामवाला अन्यतर ऐशान कल्प तकका मिथ्यादृष्टि देव उक्त प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है। देवगति, तीन जाति, देवगत्यानुपूर्वी, सूक्ष्म, अपर्याप्त और साधारण प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है? साकार जागृत और तत्प्रायोग्य संक्लेश परिणामवाला अन्यतर तिर्यञ्च और मनुष्य जीव उक्त प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है। तथा आहारक शरीर, आहारक आङ्गोपाङ्ग और तीर्थङ्कर प्रकृतिके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी ओघके समान है। वचनयोगी और असत्यमृषावचनयोगी जीवोंके इसी प्रकारका भङ्ग है। इतनी विशेषता है कि यहाँपर उत्कृष्ट संक्लेश परिणामवाला और तत्प्रायोग्य संक्लेश परिणामवाला अन्यतर संज्ञी जीव ऐसा कहना चाहिए।

विशेषार्थ—पाँचों मनोयोग और सत्य, असत्य, तथा उभय वचनयोग संज्ञी पञ्चेन्द्रियके होते हैं। तथा सामान्य और अनुभय वचनयोग द्वीन्द्रिय जीवोंसे लेकर होते हैं पर यहाँ उत्कृष्ट स्थितिबन्धके स्वामीका विचार चल रहा है, इसलिए इन दोनों वचनयोगोंकी अपेक्षा संज्ञी जीवके ही उत्कृष्ट स्वामित्वका कथन करना चाहिए। यहाँ सब योगोंमें बन्ध १२० प्रकृतियों का ही होता है। शेष विशेषता मूलमें कही ही है।

८६. काययोगी जीवोंमें सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी मूलोघके समान है। औदारिककाययोगी जीवोंका भङ्ग मनुष्य पर्याप्तकोंके समान है। इतनी विशेषता है कि यहाँपर पञ्चेन्द्रिय संज्ञी, मनुष्य और तिर्यञ्च जीव स्वामी हैं ऐसा कहना चाहिए। औदारिकमिश्रकाययोगी जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, साता वेदनीय, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, नपुंसक वेद, अरति, शोक, भय, जुगुप्सा, तिर्यञ्चगति, एकेन्द्रियजाति, औदारिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, हुण्डसंस्थान, वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघु, उपघात, स्थावर, सूक्ष्म, अपर्याप्त, साधारण, अस्थिर आदिक पाँच, नीच गोत्र, निर्माण और पाँच अन्तरायके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है? साकार जागृत और उत्कृष्ट संक्लेश परि-

ट्ठिदि० कस्स० ? अण्णदर० मणुसस्स वा तिरिक्खस्स वा सागार-जा० उक्क० संकिलि० । देवगदि०४-तित्थयर० उक्क० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्णद० सम्मा० तप्पाओग्गसंकिलि० उक्क० संकिलि० वट्ट० । सेसाणं उक्क० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० मणुस० तिरिक्ख० पंचिंदिय० सण्णि० सागार-जा० तप्पाओग्ग-संकिलि० । दो आयु० मणुसअपज्जत्तभंगो ।

८७. वेउव्वियेपंचणा०-णवदंसणा०-असादा०-मिच्छत्त-सोलसक०-णवुंस०-अरदि-सोग-भय-दुगुं०-तिरिक्खग०-ओरालि०-तेजा-क०-हुंडसंठा०-वण्ण०४-तिरिक्खाणु०-अगु०४-उज्जोव०-बादर-पज्जत्त-पत्तेयसरीर-अथिरादिपंच०-णिमिण-णीचागो०-पंचंतराइगाणं उक्क० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्णद० देवस्स वा सहस्सारंतस्स णेरइगस्स वा मिच्छादि० सागार-जा० उक्क० संकिलि० अथवा ईसिमज्झिमपरि० ।

णामवाला अन्यतर मनुष्य और तिर्यञ्च उक्त प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है। देवगति चतुष्क और तीर्थङ्कर प्रकृतिके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? तत्प्रायोग्य संक्लेश परिणामवाला अन्यतर सम्यग्दृष्टि औदारिकमिश्रकाययोगी जीव उक्त प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है। शेष प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? साकार जागृत और तत्प्रायोग्य संक्लेश परिणामवाला अन्यतर मनुष्य और तिर्यञ्च पञ्चेन्द्रिय संज्ञी औदारिकमिश्रकाययोगी जीव उक्त प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है। तथा दो आयुओंका भङ्ग मनुष्य अपर्याप्तकोंके समान है।

विशेषार्थ—काययोग चारों गतियोंमें संभव है, इसलिए काययोगमें सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामित्व ओघके समान बन जाता है। औदारिककाययोग तिर्यञ्च और मनुष्योंके ही होता है, इसलिए इसमें ओघके समान सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामित्व नहीं प्राप्त होता। अतः जिन प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामित्व ओघसे मनुष्य और तिर्यञ्चोंके या मनुष्योंके कहा है वह तो उसी प्रकार कहना चाहिए और जिन प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामित्व चार गतिके जीवोंके कहा है वह देव और नारकी के न कहकर केवल मनुष्य और तिर्यञ्चोंके ही कहना चाहिए। तथा जिन प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी देव या देव और नारकी जीव कहा है उनका स्वामी मनुष्य और तिर्यञ्चको कहना चाहिए। मात्र उनका इस योगमें आदेश उत्कृष्ट स्थितिबन्ध होता है इतना विशेष जानना चाहिए। औदारिकमिश्रकाययोग भी मनुष्य और तिर्यञ्चके ही होता है। इसमें नरकायु, देवायु, नरकद्विक और आहारकद्विकके सिवा ११४ प्रकृतियोंका बन्ध होता है। शेष विशेषता मूलमें कही ही है। यहाँ जो खास बात ध्यान देने योग्य है वह यह कि औदारिक-मिश्रकाययोगमें देवचतुष्कका बन्ध मिथ्यात्व और सासादनगुणस्थानमें नहीं होता, इसलिए इनके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामित्व सम्यग्दृष्टि जीवके घटित करके बतलाया है।

८७. वैक्रियिककाययोगमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, असातावेदनीय, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, नपुंसकवेद, अरति, शोक, भय, जुगुप्सा, तिर्यञ्चगति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, हुण्ड संस्थान, वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघु चतुष्क, उद्योत, बादर, पर्याप्त, प्रत्येक शरीर, अस्थिरादिक पाँच, निर्माण, नीचगोत्र और पाँच अन्तराय प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? साकार जागृत उत्कृष्ट संक्लेश परिणामवाला अथवा अल्प मध्यम परिणामवाला अन्यतर सहस्रार कल्प तकका

सादावे०-इत्थिवे०-पुरिस०-हस्स-रदि-मणुसगदि-पंचसंठा०-पंचसंघ०-मणुसाणु०-पसत्थवि०-थिरादिछक्क०-उच्चागो० उक्क० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० णाणावरण-भंगो । णवरि तप्पाओग्गसंकिलि० ।

८८. तिरिक्खायु० उक्क० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० देवस्स वा णेरइगस्स वा मिच्छादि० तप्पाओग्गविसुद्ध० । मणुसायु० उक्क० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्णद० देवस्स वा णेरइगस्स वा सम्मादिट्ठिस्स वा मिच्छादि० तप्पाओग्गविसुद्ध० । तित्थयर० उक्क० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्णद० देवस्स वा णेरइगस्स वा सम्मादिट्ठिस्स उक्क०संकिलि० । एइंदि०-आदाव-थावर० देवोघं । पंचिंदिय०-ओरालिय०-अंगो०-असंपत्तसेव०-अप्पसत्थवि०-तस-दुस्सर० उक्क० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्णद० देवस्स सणक्कुमार याव सहस्सारंतस्स णेरइयस्स वा मिच्छादि० सागार-जा० उक्क० संकिलि० । एवं चेव वेउव्वियमिस्स० । णवरि आयु० णत्थि ।

देव अथवा नारकी मिथ्यादृष्टि वैक्रियिक काययोगी जीव उक्त प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्ध का स्वामी है । सातावेदनीय, स्त्रीवेद, पुरुषवेद, हास्य, रति, मनुष्यगति, पाँच संस्थान, पाँच संहनन, मनुष्यानुपूर्वी, प्रशस्त विहायोगति, स्थिरादिक छह और उच्च गोत्रके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर ज्ञानावरणका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध करनेवाला नारकी और देव जीव उक्त प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है । इतनी विशेषता है कि तत्प्रायोग्य संक्लेश परिणामवाला वैक्रियिक काययोगी जीव इन प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थिति-बन्धका स्वामी है ।

८८. तिर्यञ्च आयुके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? तत्प्रायोग्य विशुद्ध परिणामवाला अन्यतर देव और नारकी मिथ्यादृष्टि वैक्रियिक काययोगी जीव तिर्यञ्चायुके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है । मनुष्यायुके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? तत्प्रायोग्य विशुद्ध परिणामवाला अन्यतर देव और नारकी सम्यग्दृष्टि अथवा मिथ्यादृष्टि वैक्रियिक काययोगी जीव मनुष्यायुके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है । तीर्थङ्कर प्रकृतिके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? उत्कृष्ट संक्लेश परिणामवाला अन्यतर देव और नारकी सम्यग्दृष्टि वैक्रियिक काययोगी जीव तीर्थङ्कर प्रकृतिके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है । एकेन्द्रिय आतप और स्थावर प्रकृतिके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी सामान्य देवोंके समान है । पञ्चेन्द्रिय जाति, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, असम्प्राप्तासृपाटिका संहनन, अप्रशस्त विहायोगति, त्रस और दुःस्वर प्रकृतिके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है । साकार जागृत और उत्कृष्ट संक्लेश परिणामवाला अन्यतर सानत्कुमारसे लेकर सहस्रार कल्प तकका देव और नारकी मिथ्यादृष्टि वैक्रियिक काययोगी जीव उक्त प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है । इसी प्रकार वैक्रियिकमिश्रकाययोगमें जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि इनके आयुकर्म का बन्ध नहीं होता ।

विशेषार्थ—वैक्रियिक काययोग देव और नारकियोंके होता है । इसमें बन्धयोग्य प्रकृतियाँ १०४ हैं । इनमेंसे एकेन्द्रिय जाति, आतप और स्थावर इन तीन प्रकृतियोंका बन्ध नरकगतिमें नहीं होता, इसलिए इनके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी देव ही होता है । शेष सब प्रकृतियोंका बन्ध नारकी और देव दोनोंके होता है । इसलिए उनके उत्कृष्ट स्थिति-बन्धका स्वामी देव और नारकी दोनों प्रकारके जीव कहे हैं । वैक्रियिक मिश्रकाययोगमें

८६. आहार०-आहारमि० पंचणा०-छदंसणा०-असादावे०-चदुसंज०-पुरिस०-अरदि-सोग-भय-दुगुं०-देवगदि-पंचिंदिय०-वेउव्विय०-तेजा०-क०-समचदु०-वेउव्विय-अंगो०-वण्ण०४-[देवगइपाओग्गाणुपुव्वि]-अगुरु०४-पसत्थवि०-तस०४-अथिर-असुभ-सुभग-सुस्सर-आदे०-अजस०-णिमिण-तित्थय०-उच्चागो०-पंचंतरा० उक्क० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० सागार-जा० उक्क० संकिलि० । सादावे०-हस्स-रदि०-थिर-सुभ-जस० उक्क० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० सागार-जागार० तप्पाओग्गसंकिलि०[1] । देवाउ० उक्क० ट्ठिदि० कस्स० । अण्णद० पमत्तसंज० सागार-जा० तप्पाओग्ग-विसुद्ध० ।

९०. कम्मइग० पंचणा०-णवदंसणा०-असादा०-मिच्छत्त-सोलसक०-णवुंस०-अरदि-सोग-भय-दुगुं०-तिरिक्खग०-ओरालि०-तेजा०-क०-हुंडसं०-वण्ण०४-तिरि-

आयुबन्ध नहीं होता, इसलिए पूर्वोक्त १०४ प्रकृतियोंमेंसे तिर्यञ्चायु और मनुष्यायु इन दो आयुओंको कम कर देने पर बन्ध योग्य कुल प्रकृतियाँ १०२ शेष रहती हैं। इनका वैक्रियिक मिश्रकाययोगमें बन्ध होता है। शेष सब विशेषता मूलमें कही ही है।

८९. आहारककाययोग और आहारक मिश्रकाययोगमें पाँच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, असातावेदनीय, चार संज्वलन, पुरुषवेद, अरति, शोक, भय, जुगुप्सा, देवगति, पञ्चेन्द्रिय जाति, वैक्रियिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, समचतुरस्र संस्थान, वैक्रियिक आङ्गोपाङ्ग, वर्णचतुष्क, देवगतिप्रायोग्यानुपूर्वी, अगुरुलघु चतुष्क, प्रशस्तविहायोगति, त्रस चतुष्क, अस्थिर, अशुभ, सुभग, सुस्वर, आदेय, अयशःकीर्ति, निर्माण, तीर्थङ्कर, उच्चगोत्र और पाँच अन्तराय प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है? साकार जागृत और उत्कृष्ट संक्लेश परिणामवाला अन्यतर जीव उक्त प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है। सातावेदनीय, हास्य, रति, स्थिर, शुभ और यशःकीर्तिके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है? साकार जागृत तत्प्रायोग्य संक्लेश परिणामवाला जीव उक्त प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है। देवायुके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है? साकार जागृत और तत्प्रायोग्य विशुद्ध परिणामवाला अन्यतर प्रमत्तसंयत जीव उक्त प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है।

विशेषार्थ—प्रमत्तसंयत जीवके ६३ प्रकृतियोंका बन्ध होता है। आहारक काययोग और आहारक मिश्रकाययोग छठे गुणस्थानमें ही होते हैं, इसलिए इनमें भी इन्हीं ६३ प्रकृतियोंका बन्ध होता है। उसमें भी इन दोनों योगोंमें किन प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है यह सब विशेषता मूलमें कही ही है। आहारक मिश्रकाययोगमें आयुबन्ध नहीं होता यह बात गोम्मटसार कर्मकाण्ड गाथा ११८में कही है पर यह बात वहाँ किस आधारसे कही गई है यह स्पष्ट नहीं होता। महाबन्ध मूल ग्रन्थ है। इसमें तो सर्वत्र आहारकमिश्रकाययोगमें आयुबन्धका निर्देश किया है। यही कारण है कि यहाँ भी देवायुके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामित्व दोनों योगवाले जीवोंके कहा है।

९०. कार्मणकाययोगमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, असातावेदनीय, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, नपुंसक वेद, अरति, शोक, भय, जुगुप्सा, तिर्यञ्चगति, औदारिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, हुण्डसंस्थान, वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघु, उपघात,

1. संकिलि० देवगदि० ४ उक्क० इति पाठः।

क्खाणु०-अगु०-उप०-अथिरादिपंच-णिमिण-णीचागोद-पंचंतरा० उक्क० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० चदुगदियस्स पंचिंदियस्स सण्णिस्स मिच्छादि० सागार-जा० उक्क० संकिलि० । सादावे०-इत्थि०-पुरिस०-हस्स-रदि-मणुसगदि-पंचसंठा०-पंचसंघ०-मणुसगदिपाओग्ग०-पसत्थवि०-थिरादिछक्क-उच्चागो० उक्क० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्णद० चदुगदियस्स पंचिंदियस्स सण्णिस्स मिच्छादि० सागार-जा० तप्पाओ० संकिलि० ।

६१. देवगदिचदु० उक्क० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० दुगदियस्स सम्मादिट्ठिस्स सागार-जा० उक्क० संकिलि० । तित्थय० उक्क० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्णद० तिगदियस्स सम्मादि० सागार-जा० उक्क० संकिलि० । एइंदिय०-आदाव-थावर० उक्क० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० ईसाणंतदेवस्स सागार-जागार० उक्क० संकिलि० । णवरि एइंदि०-थावर० तिगदियस्स त्ति भाणिदव्वं । बीइंदि०-तीइंदि०-चदुरिंदि० उक्क० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्णद० तिरिक्खस्स वा मणुसस्स वा सागार-जा० तप्पाओ०संकिलि० । पंचिंदि०-ओरालि०अंगो०-असंपत्तसेव०-अप्पसत्थ०-तस-दुस्सर० उक्क० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० देवस्स वा सहस्सारगस्स णेरइगस्स वा

अस्थिर आदिक पाँच, निर्माण, नीचगोत्र और पाँच अन्तराय प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? साकार जागृत और उत्कृष्ट संक्लेश परिणामवाला अन्यतर चारगतिका पञ्चेन्द्रिय संज्ञी मिथ्यादृष्टि कार्मणकाययोगी जीव उक्त प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है। सातावेदनीय, स्त्रीवेद, पुरुषवेद, हास्य, रति, मनुष्यगति, पाँच संस्थान, पाँच संहनन, मनुष्यगति प्रायोग्यानुपूर्वी, प्रशस्तविहायोगति, स्थिरादिक छह और उच्चगोत्रके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है? साकार जागृत और तत्प्रायोग्य संक्लेश परिणामवाला अन्यतर चार गतिका पञ्चेन्द्रिय संज्ञी मिथ्यादृष्टि कार्मणकाययोगी जीव उक्त प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है।

९१. देवगति चतुष्कके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है? साकारजागृत और उत्कृष्ट संक्लेश परिणामवाला अन्यतर दो गतिका सम्यग्दृष्टि कार्मणकाययोगी जीव उक्त प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है। तीर्थङ्कर प्रकृतिके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? साकारजागृत और उत्कृष्ट संक्लेश परिणामवाला अन्यतर तीन गतिका सम्यग्दृष्टि कार्मणकाययोगी जीव तीर्थङ्कर प्रकृतिके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है। एकेन्द्रियजाति, आतप और स्थावर प्रकृतिके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है? साकारजागृत और उत्कृष्ट संक्लेश परिणामवाला अन्यतर ऐशान कल्पतकका देव उक्त प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है। इतनी विशेषता है कि एकेन्द्रिय और स्थावर प्रकृतिके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी तीन गतिका जीव है यहाँ कहना चाहिए। द्वीन्द्रियजाति, त्रीन्द्रियजाति और चतुरिन्द्रिय जातिके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है? साकार जागृत और तत्प्रायोग्य संक्लेश परिणामवाला अन्यतर तिर्यञ्च और मनुष्य कार्मणकाययोगी जीव उक्त प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है। पञ्चेन्द्रियजाति, औदारिक आंगोपांग, असम्प्राप्तासृपाटिका संहनन, अप्रशस्त विहायोगति, त्रस और दुस्वर प्रकृतिके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? साकार जागृत और उत्कृष्ट संक्लेश परिणामवाला अन्यतर सहस्रार कल्पका देव और नारकी मिथ्यादृष्टि कार्मण काययोगी जीव उक्त प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है।

मिच्छादि० सागार०-जा० सव्वुक्कस्ससंकिलि० । पर०-उस्सा०-उज्जोव-बादर-पज्जत्त-पत्तेयसरी० उक्क० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्णद० देवस्स वा णेरइयस्स वा सागार-जा० उक्क० संकिलि० । सुहुम०-अपज्ज०-साधार० उक्क० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्णद० मणुसस्स वा तिरिक्खस्स वा पंचिंदि० सण्णि० मिच्छादि० सागार-जा० उक्क० संकिलि० ।

९२. इत्थिवे० पंचणा०-णवदंस०-असादावे०-मिच्छत्त-सोलसक०-णवुंसग०-अरदि-सोग-भय-दुगुं०-तेजा०-क०-हुंडसं०-वण्ण०४-अगुरु०४-बादर-पज्जत्त-पत्तेय०-अथिरादिपंच-णिमिण-णीचागो-पंचंत० उक्क० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० तिगदियस्स सण्णिस्स मिच्छादि० सागार-जा० उक्क० संकिलि० अथवा ईसिमज्झिमपरिणामस्स । सादावे०-इत्थि-पुरिस०-हस्स-रदि-मणुसगदि-पंचसंठा०-ओरालि०अंगो०-छस्संघ०-मणुसाणु०-पसत्थवि०-थिरादिछक्क-उच्चा० उक्क० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० तिगदियस्स सण्णिस्स सागार-जा० तप्पाओ० उक्क०संकिलि० ।

९३. णिरयायु० उक्क० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० मणुसस्स वा तिरिक्ख-जोणिणियस्स वा सण्णिस्स मिच्छादि० सागार-जा० तप्पाओग्गसंकिलि० उक्कस्सि-

परघात, उच्छ्वास, उद्योत, बादर, पर्याप्त और प्रत्येकशरीर प्रकृतिके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? साकार जागृत और उत्कृष्ट संक्लेश परिणामवाला अन्यतर देव और नारकी कार्मणकाययोगी जीव उक्त प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है । सूक्ष्म, अपर्याप्त और साधारण प्रकृतिके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? साकार जागृत और उत्कृष्ट संक्लेश परिणामवाला अन्यतर मनुष्य और तिर्यञ्च पञ्चेन्द्रिय संज्ञी और मिथ्यादृष्टि कार्मणकाययोगी जीव उक्त प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है ।

विशेषार्थ—कार्मणकाययोगमें चारों आयु, नरकद्विक और आहारकद्विक इन ८ प्रकृतियोंके सिवा ११२ प्रकृतियोंका बन्ध होता है । शेष विशेषता मूलमें कही ही है ।

९२. स्त्रीवेदमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, असातावेदनीय, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, नपुंसकवेद, अरति, शोक, भय, जुगुप्सा, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, हुण्ड संस्थान, वर्णचतुष्क, अगुरुलघुचतुष्क, बादर, पर्याप्त, प्रत्येक शरीर, अस्थिरादिक पाँच, निर्माण, नीचगोत्र और पाँच अन्तराय प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? साकार जागृत उत्कृष्ट संक्लेश परिणामवाला अथवा अल्प मध्यम परिणामवाला अन्यतर तीन गतिका संज्ञी मिथ्यादृष्टि स्त्रीवेदी जीव उक्त प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है । सातावेदनीय, स्त्रीवेद, पुरुषवेद, हास्य, रति, मनुष्यगति, पाँच संस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, छह संहनन, मनुष्यगति प्रायोग्यानुपूर्वी, प्रशस्त विहायोगति, स्थिर आदिक छह और उच्च गोत्रके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? साकार जागृत और तत्प्रायोग्य उत्कृष्ट संक्लेश परिणामवाला अन्यतर तीन गतिका संज्ञी स्त्रीवेदी जीव उक्त प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है ।

९३. नरकायुके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? साकार जागृत, तत्प्रायोग्य संक्लेश परिणामवाला और उत्कृष्ट आबाधाके साथ उत्कृष्ट स्थितिबन्धमें विद्यमान अन्यतर मनुष्य और तिर्यञ्चयोनि संज्ञी मिथ्यादृष्टि स्त्रीवेदी जीव नरकायुके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है । इसी प्रकार तिर्यञ्चायु और मनुष्यायुके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी जानना चाहिए । इतनी

याए आबाधाए उक्कस्सट्ठिदि० वट्ट० । एवं तिरिक्ख-मणुसायूणं । णवरि तप्पाओग्ग-विसुद्धस्स त्ति भाणिदव्वं । देवायुग० उक्क० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्णद० पमत्त-संजद० तप्पाओग्गविसुद्धस्स उक्कस्सियाए आबाधाए उक्क० ट्ठिदि० वट्ट० ।

६४. णिरयगदि-पंचिंदियजादि-वेउव्वि०-वेउव्वि०अंगो०-णिरयाणु०-अप्प-सत्थविहा०-तस-दुस्सर० उक्क० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्णद० मणुसस्स वा तिरिक्खस्स वा सण्णिस्स सागार-जा० उक्क० संकिलि० अथवा ईसिमज्झिमपरि० । तिरिक्ख-गदि-एइंदि०-ओरालि०-तिरिक्खाणु०-आदाउज्जो०-थावर० उक्क० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्णदरीए सोधम्मीसाणंताए देवीए मिच्छादि० सागार-जा० उक्क० संकिलि० अथवा ईसिमज्झिमपरिणा० । देवगदिदुग-तिण्णिजादि०-सुहुम-अपज्जत्त-साधारण० उक्क० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्णदरीए मणुसिणीए वा तिरिक्खिणीए वा सण्णीए मिच्छादि० तप्पाओग्गसंकिलि० । आहार०-आहार०अंगो० उक्क० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० अप्पमत्तसंजदस्स सागार-जा० उक्कस्ससंकिलि० पमत्ताभिमुहस्स । तित्थयर० उक्क० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्णद० मणुसीए असंजदसम्मादिट्ठीए सागार-जा० उक्कस्स-संकिलि० । [एवं चेव पुरिसवेदे । णवरि सगविसेसो जाणिय भाणिदव्वो ।

विशेषता है कि तत्प्रायोग्य विशुद्ध परिणामवाला स्त्रीवेदी जीव इन दोनों आयुओंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है ऐसा यहाँ कहना चाहिए। देवायुके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? तत्प्रायोग्य विशुद्ध परिणामवाला और उत्कृष्ट आबाधाके साथ उत्कृष्ट स्थितिबन्धमें विद्यमान अन्यतर प्रमत्तसंयत स्त्रीवेदी जीव देवायुके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है।

६४. नरकगति, पञ्चेन्द्रिय जाति, वैक्रियिक शरीर, वैक्रियिक आङ्गोपाङ्ग, नरकगति प्रायोग्यानुपूर्वी, अप्रशस्त विहायोगति, त्रस और दुस्वर प्रकृतिके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? साकार जागृत उत्कृष्ट संक्लेश परिणामवाला अथवा अल्प मध्यम परिणामवाला अन्यतर मनुष्य और तिर्यञ्च संज्ञी स्त्रीवेदी जीव उक्त प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है। तिर्यञ्चगति, एकेन्द्रिय जाति, औदारिक शरीर, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, आतप, उद्योत और स्थावर प्रकृतिके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? साकार जागृत उत्कृष्ट संक्लेश परिणामवाली अथवा अल्प मध्यम परिणामवाली अन्यतर सौधर्म और ऐशान कल्पकी देवी उक्त प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है। देवगतिद्विक, तीन जाति, सूक्ष्म, अपर्याप्त और साधारण प्रकृतिके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? तत्प्रायोग्य संक्लेश परिणामवाली अन्यतर मनुष्यिनी और तिर्यञ्चिनी संज्ञी मिथ्यादृष्टि जीव उक्त प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है। आहारक शरीर और आहारक आङ्गोपाङ्गके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? साकार जागृत उत्कृष्ट संक्लेश परिणामवाला और प्रमत्त संयत गुणस्थानके अभिमुख हुआ अन्यतर अप्रमत्तसंयत स्त्रीवेदी जीव उक्त दोनों प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है तीर्थंकर प्रकृतिके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? साकार जागृत और उत्कृष्ट संक्लेश परिणामवाला अन्यतर मनुष्यिनी असंयत सम्यग्दृष्टि जीव तीर्थङ्कर प्रकृतिके उत्कृष्ट स्थिति-बन्धका स्वामी है। इसी प्रकार पुरुषवेदमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि अपनी विशेषता जानकर कथन करना चाहिए।

विशेषार्थ—स्त्रीवेदमें ओघके समान १२० प्रकृतियोंका बन्ध होता है। मात्र नारकियोंमें

६५. णवुंसगवेदे पंचणाणा०-णवदंसणा०-असादा०-मिच्छत्त-सोलसक०-णवुंसगवे०-अरदि-सोग-भय-दुगुंछा-तेजा०-कम्म०-हुंड०-वण्ण०४-अगुरु०४-बादर-पज्जत्त-पत्तेय०-अथिरादिपंच-णिमिण-णीचागो०-पंचंत० उक्क० ट्ठिदि० कस्स ? अण्ण० मणुस्सस्स वा तिरिक्खस्स वा] णेरइयस्स वा पंचिंदियस्स सण्णिस्स मिच्छादि० सागार-जा० उक्क० । सादादीणं एवं चेव । णिरयगदिचदुक्कस्स उक्क० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्णद० मणुसस्स वा तिरिक्खस्स वा पंचिंदि० सण्णिस्स मिच्छादि० सागार-जा० सव्वुक्कस्ससंकिलि० । तिरिक्खगदि-ओरालि०-ओरालि०अंगो०-असंपत्तसेवट्ट०-तिरिक्खाणु०-उज्जोव० उक्क० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्णद० णेरइय० मिच्छादि० सागार-जा० उक्क०संकिलि० अथवा इसिमज्झिम-परिणा० । देवगदि-एइंदिय-बीइंदिय-तीइंदिय-चदुरिंदिय०-देवाणुपु०-आदाव-थावर-सुहुम०-अपज्ज०-साधार० उक्क० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० मणुस० तिरिक्ख० पंचिंदि० सण्णि० मिच्छादि० सागार-जा० तप्पाओग्गसंकिलि० । सेसाणं पगदीणं मूलोघं ।

नपुंसकवेदका उदय नहीं होता इसलिए इनके सिवा शेष तीन गतिके जीव जहाँ जिन प्रकृतियोंका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध सम्भव है, यथायोग्य स्त्रीवेदमें उत्कृष्ट स्थितिबन्धके स्वामी कहे गये हैं । पुरुषवेदका उदय भी नारकियोंके नहीं होता, इसलिए इनमें भी स्त्रीवेदी जीवोंके समान शेष तीन गतिके जीव सब प्रकृतियोंके यथायोग्य उत्कृष्ट स्थितिबन्धके स्वामी हैं। अन्तर इतना है कि स्त्रीवेदके स्थानमें इनमें पुरुषवेद कहना चाहिए । तथा अन्य विशेषताएँ भी विचारकर उत्कृष्ट स्वामित्वका कथन करना चाहिए ।

९५. नपुंसक वेदमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, असातावेदनीय, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, नपुंसक वेद, अरति, शोक, भय, जुगुप्सा, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, हुण्ड-संस्थान, वर्णचतुष्क, अगुरुलघुचतुष्क, बादर, पर्याप्त, प्रत्येकशरीर, अस्थिर आदि पाँच, निर्माण, नीचगोत्र और पाँच अन्तराय प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? कोई एक मनुष्य, तिर्यञ्च या नारकी जो पञ्चेन्द्रिय है, संज्ञी है, मिथ्यादृष्टि है, साकार जागृत है और उत्कृष्ट स्थितिबन्ध कर रहा है वह उक्त प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है। साता आदिका इसी प्रकार है । नरकगति चतुष्कके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? साकार जागृत और अपने योग्य उत्कृष्ट संक्लेश परिणामवाला अन्यतर मनुष्य और तिर्यञ्च पञ्चेन्द्रिय संज्ञी मिथ्यादृष्टि नपुंसक वेदी जीव उक्त प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है । तिर्यञ्चगति, औदारिकशरीर, औदारिकशरीर आङ्गोपाङ्ग, असम्प्राप्तासृपाटिकासंहनन, तिर्यञ्चगतिप्रायोग्यानुपूर्वी, और उद्योत प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? साकार जागृत उत्कृष्ट संक्लेश परिणामवाला अथवा अल्प मध्यम परिणामवाला अन्यतर नारकी मिथ्यादृष्टि नपुंसकवेदी जीव उक्त प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है । देवगति, एकेन्द्रियजाति, द्वीन्द्रियजाति, त्रीन्द्रियजाति, चतुरिन्द्रियजाति, देवगतिप्रायोग्यानुपूर्वी, आतप, स्थावर, सूक्ष्म, अपर्याप्त और साधारण प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? साकार जागृत और तत्प्रायोग्य संक्लेश परिणामवाला अन्यतर मनुष्य और तिर्यञ्च पञ्चेन्द्रिय संज्ञी मिथ्यादृष्टि नपुंसकवेदी जीव उक्त प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है । तथा शेष प्रकृतियोंका भङ्ग मूलोघके समान है ।

९६. अवगदवे० पंचणा०-चदुदंस०-सादावे०-चदुसंज०-जसगित्ति०-उच्चागो०-पंचंत० उक्क० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० उवसमादो परिवदमाणस्स अणियट्टिबादर-सांपराइयस्स से काले सवेदो होहिदि त्ति णवुंसगवेदाणुवट्ठिस्स।

९७. [1]कोधादि४ मूलोघं। मदि-सुद० मूलोघं। णवरि देवायु० उक्क० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्णद० मणुसस्स वा मणुसिणीए वा सागार-जा० तप्पाओग्गविसुद्धस्स। विभंगे मूलोघं। देवायु० मदि०भंगो।

९८. आभि०-सुद०-ओधि० पंचणा०-छदंस०-असादा०-बारसक०-पुरिस०-अरदि-सोग-भय-दुगुं-पंचिंदिय०-तेजा०-क०-समचदु०-वण्ण०४-अगुरु०४-पसत्थवि०-तस०४-अथिर-असुभ-सुभग-सुस्सर-आदे०-अजस०-णिमिण-उच्चागो०-पंचंतरा० उक्क० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्णद० चदुगदियस्स असंजदसम्मादिट्ठिस्स सागार-जा० उक्क०संकिलि० मिच्छत्ताभिमुहस्स चरिमे वट्टमाणयस्स। सादावे०-हस्स-रदि-थिर-

विशेषार्थ—नपुंसक वेद तीन गतियोंमें होता है मात्र देव नपुंसक नहीं होते। इसलिए यहाँ तीन गतियोंकी अपेक्षा नपुंसकवेदमें जहाँ जिन प्रकृतियोंका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध सम्भव है उसका निर्देश किया है। नपुंसकवेदमें भी १२० प्रकृतियोंका बन्ध होता है यह स्पष्ट ही है।

९६. अपगतवेदमें पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, साता वेदनीय, चार संज्वलन, यशःकीर्ति, उच्चगोत्र और पांच अन्तरायके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर नपुंसक वेदसे उपशम श्रेणी पर चढ़कर गिरनेवाला अनिवृत्ति बादर साम्परायिक जीव जो तदनन्तर समयमें सवेदी होगा वह अपगत वेदी जीव उक्त प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है।

विशेषार्थ—अपगतवेदमें उक्त २१ प्रकृतियोंका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध होता है। फिर भी वह नपुंसकवेदसे उपशम श्रेणीपर चढ़कर गिरनेवाले अनिवृत्ति जीवके सवेदी होनेके पूर्व समयमें होता है, क्योंकि नपुंसकवेदका उपशम सर्वप्रथम और उदय अन्य वेदोंकी अपेक्षा बाद में होता है, इसलिए इस वेदसे अवेदी हुए जीवके सवेदी होनेके एक समय पूर्व अन्य वेदोंसे अवेदी हुए जीवकी अपेक्षा सर्वोत्कृष्ट स्थितिबन्ध सम्भव है।

९७. क्रोधादि चार कषायवाले जीवोंमें सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी ओघके समान है। मत्यज्ञानी और श्रुताज्ञानी जीवोंमें अपनी सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धके स्वामीका भङ्ग मूलोघके समान है। इतनी विशेषता है कि इनमें देवायुके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? साकार जागृत और तत्प्रायोग्य विशुद्ध परिणामवाला अन्यतर मनुष्य और मनुष्यिनी, मत्यज्ञानी और श्रुताज्ञानी जीव देवायुके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है। विभङ्गज्ञानमें अपनी सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी मूलोघके समान है। देवायुका भङ्ग मत्यज्ञानियोंके समान है।

९८. आभिनिबोधिकज्ञानी, श्रुतज्ञानी और अवधिज्ञानी जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, असातावेदनीय, बारह कषाय, पुरुषवेद, अरति, शोक, भय, जुगुप्सा, पञ्चेन्द्रियजाति, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, समचतुरस्रसंस्थान, वर्णचतुष्क, अगुरुलघुचतुष्क, प्रशस्तविहायोगति, त्रसचतुष्क, अस्थिर, अशुभ, सुभग, सुस्वर, आदेय, अयशःकीर्ति, निर्माण, उच्चगोत्र और पाँच अन्तराय प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? साकार जागृत, उत्कृष्ट संक्लेश परिणामवाला मिथ्यात्वके अभिमुख अन्तिम समयमें विद्यमान अन्यतर चार

१. मूलप्रतौ कोडाकोडी मूलोघं इति पाठः।

सुभग-जसगि० उक्क० हिदि० कस्स० ? अण्णद० चदुगदियस्स असंजदसम्मादि० सागार-जागार० तप्पाओग्गसंकिलि० सत्थाणे वट्टमाणयस्स ।

६६. देवायु० आहार०-आहार०अंगो० तित्थयरं च ओघं । मणुसायु० उक्क० हिदि० कस्स० ? अण्ण० देवस्स वा णेरइयस्स वा त्ति भाणिदव्वं । मणुसगदि-ओरालिय०-ओरालिय०अंगो०-वज्जरिस०-मणुसाणु० उक्क० हिदि० कस्स० ? अण्णदर० देवस्स वा णेरइगस्स वा सागार-जा० उक्क०संकिलि० मिच्छत्ताभिमुहस्स चरिमे उक्कस्सए हिदि० वट्टमाणयस्स । देवगदि०४ उक्क० हिदि० कस्स० ? अण्ण० असंजदसम्मादि० तिरिक्खस्स वा मणुसस्स वा सागार-जा० उक्क०संकिलि० मिच्छत्ताभिमुहस्स ।

गतिका असंयत सम्यग्दृष्टि जीव उक्त प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है । सातावेदनीय, हास्य, रति, स्थिर, सुभग और यशःकीर्तिके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर जो चार गतिका असंयत सम्यग्दृष्टि है, साकार जागृत है, तत्प्रायोग्य संक्लेश परिणामवाला है और स्वस्थानमें अवस्थित है वह उक्त प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है ।

९९. देवायु, आहारक शरीर, अहारक आङ्गोपाङ्ग और तीर्थङ्कर प्रकृतिके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी ओघके समान है । मनुष्यायुके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर देव और नारकी मनुष्यायुके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है ऐसा यहाँ कहना चाहिए । मनुष्यगति, औदारिक शरीर, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, वज्रर्षभनाराचसंहनन और मनुष्यगति प्रायोग्यानुपूर्वी इन प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर देव और नारकी जो साकार जागृत है, उत्कृष्ट संक्लेश परिणामवाला है, मिथ्यात्वके अभिमुख है और अन्तिम उत्कृष्ट स्थितिबन्धमें अवस्थित है वह उक्त प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है । देवगति चतुष्कके उत्कृष्ट स्थितवन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर असंयत सम्यग्दृष्टि, तिर्यञ्च और मनुष्य जो साकार जागृत है, उत्कृष्ट संक्लेश परिणामवाला है और मिथ्यात्वके अभिमुख है वह उक्त प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है ।

विशेषार्थ—तीन अज्ञानोंमें आहारकद्विक और तीर्थङ्कर प्रकृतिका बन्ध नहीं होता । इनके सिवा ११७ प्रकृतियोंका बन्ध होता है पर देवायुके सिवा इन सबका ओघ उत्कृष्ट स्थितिबन्ध मिथ्यादृष्टिके ही होता है इसलिए इनमें देवायुके सिवा शेष ११६ प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी ओघके समान कहा है । देवायुका मिथ्यादृष्टि गुणस्थानमें अधिकसे अधिक स्थितिबन्ध ३१ सागर होता है सो भी वह किसी भी मिथ्यादृष्टिके नहीं होता किन्तु परम विशुद्ध परिणामवाले द्रव्यलिङ्गी साधुके होता है, इसलिए देवायुके उत्कृष्ट स्थितिबन्धके सम्बन्धमें इतनी विशेषता जाननी चाहिए । आभिनिबोधिक ज्ञान आदि तीन सम्यग्ज्ञानोंमें आहारकद्विकको मिलाकर अविरतसम्यग्दृष्टि गुणस्थानमें बन्धको प्राप्त होनेवाली ७७ प्रकृतियोंके साथ कुल ७९ प्रकृतियोंका बन्ध होता है । सो इनमेंसे आहारकद्विकके सिवा शेष सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामित्व अविरतसम्यग्दृष्टि गुणस्थानमें जानना चाहिए । मात्र आहारकद्विकके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामित्व प्रमादके सम्मुख हुए अप्रमत्त संयत जीवके उत्कृष्ट संक्लेश परिणामोंके होने पर होता है । शेष विशेषताका निर्देश मूलमें किया ही है ।

१००. मणपज्जवणाणीसु पंचणा०-छदंसणा०-असादा०-चदुसंज०-पुरिसवे०-अरदि-सोग-भय-दुगु ०-देवगदि-पंचिंदि०-वेउव्विय०-तेजा०-क०--समचदु०--वेउव्वि०--अंगो०-वण्ण०४-देवाणुपु०-अगुरु०४-पसत्थवि०-तस०४-अथिर-असुभ-सुभग-सुस्सर--आदे०-अजस०-णिमिण-उच्चागो०-पंचंत० उक्क० हिदि० कस्स० ? अण्ण० पमत्त-संजदस्स सागार-जा० उक्क० संकिलि० उक्कस्सए ट्ठिदिबंधे वट्टमाणस्स असंजमा-भिमुहस्स चरिमे उक्कस्सए ट्ठिदिबं० । सादावे०-हस्स-रदि-थिर-सुभ-जसगित्ति० उक्क० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० पमत्तसंज० सत्थाणे सागार-जा० तप्पाओग्ग-संकिलि० ।

१०१. देवायु०-आहार०-आहार०अंगो०-तित्थयरं उक्क० ट्ठिदि० कस्स० ? पमत्तसंजदस्स सागार-जा० उक्क० संकिलि० असंजमाभिमुहस्स चरिमे उक्कस्सए ट्ठिदि-बंधे वट्टमाणयस्स । एवं संजमाणुवादेण संजद०-सामाइ०-छेदो० । णवरि पढमदंडओ मिच्छात्ताभिमुहस्स । परिहारस्स वि तं चेव । णवरि सव्वाओ पगदीओ उक्कस्स संकिलि० सामाइय-छेदोव०अभिमुहस्स भाणिदव्वं ।

---

१००. मनःपर्ययज्ञानी जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, असाता वेदनीय, चार संज्वलन, पुरुषवेद, अरति, शोक, भय, जुगुप्सा, देवगति, पञ्चेन्द्रिय जाति, वैक्रियिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, समचतुरस्रसंस्थान, वैक्रियिक आङ्गोपाङ्ग, वर्ण-चतुष्क, देवगति प्रायोग्यानुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, प्रशस्त विहायोगति, त्रस चतुष्क, अस्थिर, अशुभ, सुभग, सुस्वर, आदेय, अयशःकीर्ति, निर्माण, उच्चगोत्र और पाँच अन्तराय इन प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर प्रमत्तसंयत जीव जो साकार जागृत है, उत्कृष्ट संक्लेश परिणामवाला है, उत्कृष्ट स्थितिबन्ध कर रहा है, असंयमके अभिमुख है और अन्तिम उत्कृष्ट स्थितिबन्धमें अवस्थित है वह उक्त प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है। साता वेदनीय, हास्य, रति, स्थिर, शुभ और यशःकीर्ति इन प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर प्रमत्तसंयत जीव जो स्वस्थानमें अवस्थित है, साकार जागृत है और तत्प्रायोग्य संक्लेश परिणामवाला है वह उक्त प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है।

१०१. देवायु, आहारक शरीर, आहारक आङ्गोपाङ्ग और तीर्थंकर प्रकृतिके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? जो प्रमत्तसंयत जीव साकार जागृत है, उत्कृष्ट संक्लेश परिणामवाला है, असंयमके अभिमुख है और अन्तिम उत्कृष्ट स्थितिबन्धमें अवस्थित है वह उक्त प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है। इसी प्रकार संयम मार्गणाके अनुवादसे संयत, सामायिक संयत और छेदोपस्थापना संयत जीवोंके जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि प्रथम दण्डककी कही गई प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी यह जीव मिथ्यात्वके अभिमुख होने पर होता है। परिहारविशुद्धिसंयत जीवोंके भी इसी प्रकार कहना चाहिए। इतनी विशेषता है कि जो परिहारविशुद्धिसंयत जीव उत्कृष्ट संक्लेश परिणामवाला हो और सामायिक छेदोपस्थापनाके अभिमुख हो वह सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी होता है ऐसा यहाँ कहना चाहिए।

१०२. सुहुमसंपरा० पंचणा०-चदुदं०-सादावे०-जसगि०-उच्चागो०-पंचंतरा० उक्क० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० उवसामगस्स परिवदमाणस्स से काले अणियट्टी होहिदि त्ति।

१०३. संजदासंजद० पंचणा०-छदंसणा०-असादा०-अट्ठक०-पुरिस०-अरदि-सोग-भय-दुगु०-देवगदि-पंचिंदिय०-वेउव्विय०-तेजा०-क०-समचदु०-वेउव्वि०अंगो०-वण्ण०४-देवाणु०-अगु०४-पसत्थवि०-तस०४-अथिर-असुभ-सुभग-सुस्सर-आदे०-अजस०-णिमिण-उच्चागो०-पंचंत० उक्क० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० तिरिक्ख० मणुस० सागार-जा० उक्क० संकिलि० मिच्छत्ताभिमुहस्स। सादावे०-हस्स-रदि-थिर-सुभ-जसगि० उक्क० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० सत्थाणे तप्पाओग्गसंकिलि०। देवायु० उक्क० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० तिरिक्ख० मणुस० तप्पाओग्गविसुद्ध०। तित्थय०

विशेषार्थ—मनःपर्ययज्ञानमें प्रमत्तसंयत गुणस्थानमें बन्धको प्राप्त होनेवाली ६३ प्रकृतियाँ और आहारकद्विक इन ६५ प्रकृतियोंका बन्ध होता है। इन प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धके स्वामी संबंधी विशेषताका निर्देश मूलमें किया ही है। संयत, सामायिकसंयत और छेदोपस्थापनासंयत जीवोंके कथनमें मनःपर्ययज्ञानीके कथनसे कोई विशेषता नहीं है, क्योंकि ये भी छठे गुणस्थानसे होते हैं। मात्र मनःपर्ययज्ञानमें प्रथम दण्डकमें कही गई प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धके स्वामीका कथन करते समय असंयमके सम्मुख होने पर ऐसा कहे और उक्त संयमोंमें मिथ्यात्वके सम्मुख होने पर ऐसा कहे। कारण स्पष्ट है। परिहारविशुद्धिसे च्युत होकर जीव सामायिक या छेदोपस्थापनाको प्राप्त होता है, इसलिए इसमें प्रथम दण्डकके स्वामीका कथन करते समय इन दोनों संयमोंके सम्मुख हुए जीवके उत्कृष्ट स्वामित्व कहना चाहिए।

१०२. सूक्ष्मसाम्परायसंयत जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, साता वेदनीय, यशःकीर्ति, उच्चगोत्र और पाँच अन्तराय प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर उपशामक जीव जो उपशम श्रेणिसे गिर रहा है और तदनन्तर समयमें अनिवृत्तिकरण गुणस्थानको प्राप्त होगा वह उक्त प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है।

१०३. संयतासंयत जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, असातावेदनीय, आठ कषाय, पुरुषवेद, अरति, शोक, भय, जुगुप्सा, देवगति, पञ्चेन्द्रिय जाति, वैक्रियिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मणशरीर, समचतुरस्रसंस्थान, वैक्रियिक आङ्गोपाङ्ग, वर्ण चतुष्क, देवगति प्रायोग्यानुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, प्रशस्त विहायोगति, त्रस चतुष्क, अस्थिर, अशुभ, सुभग, सुस्वर, आदेय, अयशःकीर्ति, निर्माण, उच्चगोत्र और पाँच अन्तराय इन प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर तिर्यञ्च और मनुष्य जो साकार जागृत है, उत्कृष्ट संक्लेश परिणामवाला है और मिथ्यात्वके अभिमुख है वह जीव उक्त प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है। सातावेदनीय, हास्य, रति, स्थिर, शुभ, यशःकीर्ति इन प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर संयतासंयत जीव जो स्वस्थानमें अवस्थित है और तत्प्रायोग्य संक्लेश परिणामवाला है वह उक्त प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है। देवायुके उत्कृष्टस्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर तिर्यञ्च और मनुष्य जो तत्प्रायोग्य विशुद्ध परिणामवाला है वह देवायुके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है। तीर्थंकर प्रकृतिके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर मनुष्य जो साकार

उक्क० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० मणुसस्स सागार-जा० उक्क० संकिलि० असंजमा-भिमुहस्स। असंजद० मूलोघं। णवरि देवायु० मदि०भंगो।

१०४. चक्खु०-अचक्खु० मूलोघं। ओधिदं० ओधिणाणिभंगो।

१०५. किण्णाए णवुंसगभंगो। णवरि देवायु० उक्क० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० मिच्छादि० सागर-जा० तप्पाओग्गविसुद्धस्स। णील-काऊणं पंचणा०-णवदंसणा०-असादा०-मिच्छत्त-सोलसक० एवं तिरिक्खगदिसंजुत्ताओ सव्वाओ उक्क० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० णेरइय० मिच्छादि० सागार-जा० उक्क० ट्ठिदि० संकिलि०। सादादीणं पि तं चेव भंगो। णवरि तप्पाओग्गसंकिलि०। आयूणि ओघं। णवरि

जागृत है, उत्कृष्ट संक्लेश परिणामवाला है और असंयमके अभिमुख है वह तीर्थंकर प्रकृतिके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है। असंयत जीवोंमें अपनी सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थिति-बन्धका स्वामी मूलोघके समान है। इतनी विशेषता है कि इनमें देवायुका भङ्ग मत्यज्ञा-नियोंके समान है।

विशेषार्थ—सूक्ष्म साम्परायसंयत जीवोंमें जो उपशम श्रेणिसे उतरकर सूक्ष्मसाम्पराय संयत होते हैं और उसमें भी जो अनन्तर समयमें अनिवृत्तिकरणको प्राप्त होते हैं उनके ही वहाँ बँधनेवाली प्रकृतियोंका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध सम्भव होनेसे ऐसे जीव ही उत्कृष्ट स्थिति-बन्धके स्वामी कहे हैं। यहाँ कुल १७ प्रकृतियोंका बन्ध होता है जिनका नाम निर्देश मूलमें किया ही है। संयतासंयत मनुष्य और तिर्यंच दो गतिके जीव होते हैं। यहाँ कुल ६७ प्रकृतियोंका बन्ध होता है, इसलिए इनमेंसे तीर्थङ्कर प्रकृतिको छोड़ कर ६६ प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी उक्त दोनों गतियोंका जीव कहा है। मात्र तीर्थंकर प्रकृतिका बन्ध तिर्यञ्चगतिमें नहीं होता, इसलिए उसके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी मनुष्यगतिका जीव कहा है। उत्कृष्ट स्वामित्वसम्बन्धी शेष विशेषताएँ मूलमें कही ही हैं।

१०४. चक्षुदर्शनी और अचक्षुदर्शनी जीवोंमें आठों कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी मूलोघके समान है। अवधिदर्शनी जीवोंमें अवधिज्ञानियोंके समान भङ्ग है।

विशेषार्थ—चक्षुदर्शन और अचक्षुदर्शन बारहवें गुणस्थान तक होते हैं, इसलिए इनमें ओघके समान सब अर्थात् १२० प्रकृतियोंका बन्ध होता है। अवधिदर्शन चौथे गुणस्थानसे बारहवें गुणस्थानतक होता है इसलिए इसमें असंयत सम्यग्दृष्टिके बन्धको प्राप्त होनेवाली ७७ और आहारकद्विक इन ७९ प्रकृतियोंका बन्ध होता है। शेष कथन स्पष्ट ही है।

१०५. कृष्णलेश्यामें नपुंसकवेदियोंके समान भङ्ग है। इतनी विशेषता है कि इनमें देवायुके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर मिथ्यादृष्टि जो साकार जागृत है और तत्प्रायोग्य विशुद्ध परिणामवाला है वह देवायुके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है। नीललेश्या कापोत लेश्यामें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, असाता वेदनीय, मिथ्यात्व और सोलह कषाय तथा इसी प्रकार तिर्यञ्चगति संयुक्त सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर नारकी जो मिथ्यादृष्टि है, साकार जागृत है, उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध कर रहा है और संक्लेश परिणामवाला है वह उक्त प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है। साताआदिक प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी यही जीव है। इतनी विशेषता है कि तत्प्रायोग्य संक्लेश परिणामवाला उक्त जीव सातादिक प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है। आयुकर्मकी प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी ओघके समान है। इतनी विशेषता है कि देवायुके

देवायु० उक्क० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० मिच्छादि० सम्मादि० सागार०-जा० तप्पा-ओग्गविसुद्ध० । णिरयगदि-वेउव्विय०अंगो०-णिरयाणुपु० उक्क० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० तिरिक्ख० मणुस० मिच्छादि० सागार-जा० उक्क०संकिलि० । देवगदि-[एइंदि०–बीइंदि०–तेइंदि०–चदुरिंदिय]–जादि–देवाणुपु०–आदाव–थावर–सुहुम-अपज्ज०-साधार० उक्क० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० तिरिक्ख० मणुस० मिच्छा-दि० सागार-जा० तप्पाओग्गसंकिलि० । [1]णीलाए तित्थयर० उक्क० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० मणुसस्स तप्पाओग्गसंकिलि० । काऊए णिरयोघं ।

१०६. तेऊए पंचणा०-णवदंसणा०-असादा०-मिच्छत्त-सोलसक०-णवुंस०-अरदि-सोग-भय-दुगुं०-तिरिक्खगदि-एइंदि० याव अंतराइग त्ति तिरिक्खग-

---

उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर मिथ्यादृष्टि या सम्यग्दृष्टि जो साकार जागृत है और तत्प्रायोग्य विशुद्ध परिणामवाला है वह देवायुके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है । नरकगति वैक्रियिक आङ्गोपाङ्ग और नरकगत्यानुपूर्वी प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर तिर्यञ्च और मनुष्य जो मिथ्यादृष्टि है साकार जागृत है और उत्कृष्ट संक्लेश-परिणामवाला है वह उक्त प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है । देवगति, एकेन्द्रिय जाति, द्वीन्द्रिय जाति, त्रीन्द्रिय जाति, चतुरिन्द्रियजाति, देवगत्यानुपूर्वी, आतप, स्थावर, सूक्ष्म, अपर्याप्त और साधारण प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर तिर्यञ्च और मनुष्य जो मिथ्यादृष्टि है, साकार जागृत है और तत्प्रायोग्य संक्लेश परिणाम-वाला है वह उक्त प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है । नीललेश्यामें तीर्थंकर प्रकृतिके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर मनुष्य जो तत्प्रायोग्य संक्लेश परिणाम-वाला है वह तीर्थंकर प्रकृतिके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है । कापोत लेश्यामें तीर्थंकर प्रकृतिके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी नारकियोंके समान है ।

विशेषार्थ—कृष्ण, नील और कापोत लेश्या चतुर्थ गुणस्थान तक होती हैं, इसलिए इनमें आहारकद्विकका बन्ध नहीं होता । शेष ११८ प्रकृतियोंका बन्ध होता है । कृष्ण लेश्यामें सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी नपुंसकवेदके समान बतलाया है सो इसका कारण यह है कि नपुंसकवेदमें भी देवगतिके सिंवा तीन गतिके जीव यथायोग्य उत्कृष्ट स्थितिबन्ध करते हैं और वही बात यहाँ भी है । मात्र देवायु इसका अपवाद है । कारण कि नपुंसकवेद नौवें गुणस्थान तक होता है, इसलिए उसमें देवायुका ओघ उत्कृष्ट स्थितिबन्ध बन जाता है पर कृष्ण लेश्यामें देवायुका ओघ उत्कृष्ट स्थितिबन्ध सम्भव नहीं है । कारण कि यह लेश्या चौथे गुणस्थानतक होती है । उसमें भी अविरत सम्यग्दृष्टिकी अपेक्षा द्रव्यलिङ्गी साधु मिथ्यादृष्टिके देवायुका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध अधिक होता है, इसलिए कृष्ण लेश्यामें विशुद्ध परिणामवाला मिथ्यादृष्टि जीव देवायुके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कहा है । नील और कापोत लेश्यामें सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धके स्वामीका निर्देश मूलमें किया ही है । एक बात यहाँ विशेष ध्यान देने योग्य है और वह यह कि नरकगतिमें कृष्ण लेश्याके समान नील लेश्यामें भी तीर्थंकर प्रकृतिका बन्ध नहीं होता । इसलिए इस लेश्यामें तीर्थंकर प्रकृतिके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी सम्यग्दृष्टि मनुष्य कहा है ।

१०६. पीत लेश्यामें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, आसाता वेदनीय, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, नपुंसक वेद, अरति, शोक, भय, जुगुप्सा, तिर्यञ्चगति और एकेन्द्रिय जातिसे

1. मूलप्रतौ णीला च तित्थ— इति पाठः ।

दिसंजुत्ताओ उक्क० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० सोधम्मीसाणंतदेवस्स मिच्छादि० सागार-जा० उक्क०संकिलि० अथवा ईसिमज्झिमपरिणा० । सादावे०-इत्थि०-पुरिस०-हस्स-रदि-मणुसगदि-पंचिंदिय०-पंचसंठाण-ओरालि०अंगो०-छस्संघड०-मणुस०-दोविहा०-तस०-थिरादिछक्क-दोसर-उच्चागोदा० उक्क० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० देवस्स मिच्छादिट्ठि० तप्पाओग्गसंकिलि० । तिरिक्खायु० उक्क० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० देवस्स मिच्छादिट्ठि० तप्पाओग्गविसुद्धस्स । मणुसायु० उक्क० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० देव० मिच्छादि० सम्मादिट्ठिस्स वा तप्पाओग्गविसुद्ध० । देवायु० उक्क० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० पमत्तसंजदस्स तप्पाओग्गविसुद्ध० । देवगदि०४ उक्क० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० तिरिक्ख० मणुस०[1] मिच्छादि० सागार-जा० उक्क०संकिलि० । आहार०-आहार०अंगोवंग० ओघं । तित्थक० उक्क० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० देवस्स असंज० सागार-जा० उक्क०संकिलि० सात्थाणे वट्टमा० । पम्माए एवं चेव । णवरि याओ देवस्स ताओ सहस्सारभंगो ।

लेकर अन्तराय तक तिर्यञ्चगतिसे संयुक्त प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर सौधर्म और ऐशान कल्प तकका देव जो मिथ्यादृष्टि है, साकार जागृत है, उत्कृष्ट संक्लेश परिणामवाला है अथवा अल्प मध्यम परिणामवाला है वह उक्त प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है । साता वेदनीय, स्त्रीवेद, पुरुषवेद, हास्य, रति, मनुष्यगति, पञ्चेन्द्रियजाति, पाँच संस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, छह संहनन, मनुष्यानुपूर्वी, दो विहायोगति, त्रसकाय, स्थिर आदिक छह, दो स्वर और उच्चगोत्रके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर देव जो मिथ्यादृष्टि है और तत्प्रायोग्य संक्लेश परिणामवाला है वह उक्त प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है । तिर्यञ्च आयुके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर देव जो मिथ्यादृष्टि है और तत्प्रायोग्य विशुद्ध परिणामवाला है वह तिर्यञ्चायुके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है । मनुष्यायुके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर देव जो मिथ्यादृष्टि है अथवा सम्यग्दृष्टि है और तत्प्रायोग्य विशुद्ध परिणामवाला है वह मनुष्यायुके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है । देवायुके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर प्रमत्तसंयत जीव जो तत्प्रायोग्य विशुद्ध परिणामवाला है वह देवायुके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है । देवगति चतुष्कके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर मनुष्य अथवा तिर्यञ्च जो मिथ्यादृष्टि है, साकार जागृत है और उत्कृष्ट संक्लेश परिणामवाला है वह देवगति चतुष्कके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है । आहारकशरीर और आहारक आङ्गोपाङ्गके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी ओघके समान है । तीर्थङ्कर प्रकृतिके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका कौन है ? अन्यतर देव जो असंयत सम्यग्दृष्टि है, साकार जागृत है, उत्कृष्ट संक्लेश परिणामवाला है और स्वस्थानवर्ती है वह तीर्थङ्कर प्रकृतिके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है । पद्मलेश्यामें सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिका स्वामी इसी प्रकार जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि जिन प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी देव है उनका सहस्रार कल्पके समान भङ्ग जानना चाहिए ।

विशेषार्थ—पीतलेश्यामें नरकायु, नरकगतिद्विक, द्वीन्द्रियजाति, त्रीन्द्रियजाति, चतुरिन्द्रियजाति, सूक्ष्म, अपर्याप्त और साधारण इन नौ प्रकृतियोंके सिवा शेष १११ प्रकृतियोंका बन्ध होता है । इस लेश्यामें जिन प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी जो जीव है उसका अलग अलग निर्देश किया ही है । मात्र तिर्यञ्चगति संयुक्त कहकर जिन प्रकृतियोंका नाम निर्देश

१. मूलप्रतौ मणुस० तिरिक्ख० मिच्छादि० इति पाठः ।

१०७. सुक्काए पंचणा०-णवदंसणा०-असादा०-मिच्छत्त-सोलसक०-णवुंस०-अरदि-सोग-भय-दुगुं०-मणुसग०-पंचिंदियजादि-ओरालि०-तेजा०-क०-हुंडसं०-ओरालि०अंगो०-असंपत्तसेवट्ट०-वण्ण०४-मणुसाणु०-अगुरु०४-पसत्थवि०-तस०४-अथिरादिछक्क-णिमिण-णीचा०-पंचंत० उक्क० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० आणददेवस्स मिच्छादि० सागार-जा० तप्पा०उक्क०संकिलि० । सादावे०-इत्थि०-पुरिस०-हस्स-रदि-पंचसंठा०-पंचसंघ०-पसत्थवि०-थिरादिछक्क-उच्चागो० उक्क० ट्ठिदि कस्स० ? अण्ण० तस्सेव आणददेवस्स तप्पाओग्गसंकिलि० । मणुसायु० उक्क० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० देवस्स मिच्छादि० सम्मामि० तप्पाओग्गविसुद्ध० । देवायु० ओघं । देवगदि०४ उक्क० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० तिरिक्ख० मणुस० मिच्छादि० सागार-जा० उक्क० संकिलि० । आहार०-आहार०अंगो० ओघं । तित्थयरं तेउभंगो ।

नहीं किया है वे ये हैं—तिर्यञ्चगति, एकेन्द्रियजाति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, हुंडसंस्थान, छह संहनन, वर्णादि चार, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघु, उपघात, परघात, उच्छ्वास, आतप, उद्योत, स्थावर, बादर, पर्याप्त, प्रत्येक शरीर, अस्थिर, अशुभ, दुर्भग, अनादेय, अयशःकीर्ति और नीचगोत्र। यहाँ मूलमें दोनों स्वरोंका अलगसे निर्देश किया है, इसलिए स्थिर आदि छहमें निर्माण प्रकृतिकी परिगणना कर लेनी चाहिए। तात्पर्य यह है कि पीतलेश्यामें कुल १११ प्रकृतियोंका बन्ध होता है, इसलिए दूसरे आदि दण्डकोंमें जिन प्रकृतियोंका नामोल्लेख किया है उनके सिवा शेष सब प्रकृतियाँ प्रथम दण्डकमें ले लेनी चाहिए। पद्मलेश्यामें पूर्वोक्त १११ प्रकृतियोंमें से एकेन्द्रिजाति, आतप और स्थावर इन तीन प्रकृतियोंके कम कर देने पर कुल १०८ प्रकृतियोंका बन्ध होता है। शेष विशेषता मूलमें कही ही है।

१०७. शुक्ल लेश्यामें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, असातावेदनीय, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, नपुंसकवेद, अरति, शोक, भय, जुगुप्सा, मनुष्यगति, पञ्चेन्द्रियजाति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, हुंडसंस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, असम्प्राप्तासृपाटिका संहनन, वर्णचतुष्क, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, प्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, अस्थिरादिक छह निर्माण, नीचगोत्र और पाँच अन्तराय प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर आनतकल्पका देव जो मिथ्यादृष्टि है, साकार जागृत है और तत्प्रायोग्य उत्कृष्ट संक्लेश परिणामवाला है वह उक्त प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है। सातावेदनीय, स्त्रीवेद, पुरुषवेद, हास्य, रति, पाँच संस्थान, पाँच संहनन, प्रशस्त विहायोगति, स्थिर आदिक छह और उच्चगोत्र प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर वही आनत कल्पका देव जो तत्प्रायोग्य संक्लेश परिणामवाला है वह उक्त प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है। मनुष्यायुके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर देव जो मिथ्यादृष्टि है या सम्यग्दृष्टि और तत्प्रायोग्य विशुद्ध परिणामवाला है वह मनुष्यायुके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है। देवायुके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी ओघके समान है। देवगतिचतुष्कके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर तिर्यञ्च या मनुष्य जो मिथ्यादृष्टि है, साकार जागृत है और उत्कृष्ट संक्लेश परिणामवाला है वह देवगतिचतुष्कके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है। आहारक शरीर और आहारक आङ्गोपाङ्गके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी ओघके समान है। तीर्थङ्कर प्रकृतिके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी पीतलेश्याके समान है।

विशेषार्थ—शुक्ल लेश्यामें नरकायु, तिर्यञ्चायु, नरकगतिद्विक, तिर्यञ्चगतिद्विक, एके-

१०८. भवसिद्धिया० मूलोघं । अब्भवसिद्धि० मदिय०भंगो ।

१०६. सम्मादि०-खइग० ओधिभंगो । णवरि खइगे याओ मिच्छत्ताभिमुहाओ पगदीओ असंज० सत्थाणे सागार-जा० तप्पाओग्गसंकिलि० । एवं तप्पाओग्ग-संकिलि० वेदगे ओधिभंगो । एवं उवसम० ।

११०. सासणे पंचणा०-णवदंसणा०-असादावे०-सोलसक०-इत्थिवे०-अरदि-सोग-भय-दुगु०-तिरिक्खगदि-पंचिंदि०-ओरालिय०-तेजा०-क०-मणुसग०-ओरालि०-अंगो०-खीलियसंघ०-वण्ण०४-तिरिक्खाणु०-अगुरु०४-उज्जोव-अप्पसत्थ०-तस०४-

---

न्द्रियजाति, द्वीन्द्रियजाति, त्रीन्द्रियजाति, चतुरिन्द्रियजाति, आतप, स्थावर, सूक्ष्म, अपर्याप्त, साधारण और नीचगोत्र इन सोलह प्रकृतियोंका बन्ध नहीं होता। कुल १०४ प्रकृतियोंका बन्ध होता है। शेष विशेषता मूलमें कही ही है।

१०८. भव्य जीवोंमें सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी मूलोघके समान है। तथा अभव्य जीवोंमें मत्यज्ञानियोंके समान है।

विशेषार्थ—भव्यजीवोंमें ओघप्ररूपणा और अभव्यजीवोंमें मत्यज्ञानियोंकी प्ररूपणा अविकल घटित हो जाती है, इसलिए इन मार्गणाओंमें अपनी अपनी प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी क्रमसे ओघ और मत्यज्ञानियोंके समान कहा है।

१०९. सम्यग्दृष्टि और क्षायिक सम्यग्दृष्टि जीवोंमें सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी अवधिज्ञानियोंके समान है। इतनी विशेषता है कि जो अवधिज्ञानी जिन प्रकृतियोंके मिथ्यात्वके अभिमुख होनेपर उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी होता है क्षायिकसम्यक्त्वमें उन प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी साकारजागृत और तत्प्रायोग्य संक्लेश परिणामवाला स्वस्थानवर्ती असंयत सम्यग्दृष्टि जीव होता है। इसी प्रकार, वेदकसम्यक्त्वमें अवधिज्ञानियोंके समान तत्प्रायोग्य संक्लेश परिणामवाला जीव अपनी सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी होता है। तथा इसी प्रकार उपशम सम्यक्त्वमें अपनी सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी जानना चाहिए।

विशेषार्थ—पहले अवधिज्ञानी जीवोंके ७९ प्रकृतियोंका बन्ध होता है यह बतला आये हैं। उन्हींका बन्ध सम्यग्दृष्टि और क्षायिकसम्यग्दृष्टिके होता है। तथा और सब विशेषताएँ भी एक समान हैं, इसलिए इन दोनों मार्गणाओंमें उक्त प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी अवधिज्ञानी जीवोंके समान कहा है। मात्र क्षायिक सम्यग्दृष्टि मिथ्यात्वको प्राप्त नहीं होता, इसलिए अवधिज्ञानमें जिन प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामित्व मिथ्यात्वके सन्मुख हुए जीवको प्राप्त होता है उनका स्वामित्व क्षायिकसम्यक्त्वमें स्वस्थानवर्ती जीवके कहा है। वेदकसम्यग्दृष्टि और अवधिज्ञानीके कथनमें भी कोई अन्तर नहीं है, इसलिए वेदकसम्यग्दृष्टि जीवोंमें भी सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामित्व अवधिज्ञानी जीवोंके समान कहा है। उपशम सम्यग्दृष्टि जीवोंका और सब कथन तो इसी प्रकार है। मात्र इसके मनुष्यायु और देवायुका बन्ध नहीं होता, इसलिए इसके बन्धयोग्य प्रकृतियाँ ७९ के स्थानमें ७७ कहनी चाहिए।

११०. सासादन सम्यक्त्वमें पांच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, असाता वेदनीय, सोलह कषाय, स्त्रीवेद, अरति, शोक, भय, जुगुप्सा, तिर्यञ्चगति, पञ्चेन्द्रियजाति, औदारिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, मनुष्यगति, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, कीलितसंहनन, वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चानुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, उद्योत, अप्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, अस्थिर आदिक

अथिरादिछक्क-णिमिण-णीचागो०-पंचंत० उक्क० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० चदुगदियस्स सागार-जा० उक्क० संकिलि० मिच्छत्ताभिमुहस्स । सादावे०-पुरिस०-हस्स-रदि-मणुसगदि-चदुसंठा०-चदुसंघ०-मणुसाणु०-पसत्थवि०-थिरादिछक्क-उच्चागो० उक्क० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० चदुगदियस्स तप्पाओग्गसंकिलि० । तिरिक्ख-मणुसायुग० उक्क० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० तिरिक्ख० मणुसस्स० तप्पाओग्ग-विसुद्ध० । देवायु० उक्क० ट्ठिदि० कस्स ? मणुसस्स तप्पाओग्गविसुद्ध० । देवगदि०४ उक्क० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० मणुस० तिरिक्ख० सागार-जा० तप्पा-ओग्गसंकिलि० ।

१११. सम्मामिच्छादि० पंचणा०-छदंसणा०-असादावे०-बारसक०-पुरिस०-अरदि-सोग-भय-दुगु०-पंचिंदि०-तेजा०-क०-समचदु०-वण्ण०४-अगुरु०-४-पसत्थवि०-तस०४-अथिर-असुभ-सुभग-सुस्सर-आदेज्ज०-अजस०-णिमि०-उच्चा०-पंचंत० उक्क० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० चदुगदियस्स सागार-जा० उक्कस्ससंकिलि० मिच्छात्ताभि-मुहस्स । सादावे०-हस्स-रदि-थिर-सुभ-जसगि० उक्क० ट्ठिदि० कस्स ? अण्ण० चदु-

छह, निर्माण, नीच गोत्र और पांच अन्तराय प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर चारगतिका जीव जो साकारजागृत है, उत्कृष्ट संक्लेश परिणामवाला है और मिथ्यात्वके अभिमुख है वह उक्त प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है। सातावेदनीय, पुरुषवेद, हास्य, रति, मनुष्यगति, चार संस्थान, चार संहनन, मनुष्यानुपूर्वी, प्रशस्त विहायोगति, स्थिर आदिक छह और उच्चगोत्र प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर चार गतिका जीव जो तत्प्रायोग्य संक्लेश परिणामवाला है वह उक्त प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है । तिर्यञ्चायु और मनुष्यायुके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर तिर्यञ्च और मनुष्य जो तत्प्रायोग्य विशुद्ध परिणामवाला है वह उक्त दो आयुओंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है। देवायुके उत्कृष्टस्थितिबन्धका स्वामी कौन है? अन्यतर मनुष्य जो तत्प्रायोग्य विशुद्ध परिणामवाला है वह देवायुके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है। देवगति चतुष्कके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर मनुष्य और तिर्यञ्च जो साकार जागृत है और तत्प्रायोग्य संक्लेश परिणामवाला है वह देवगति चतुष्कके उत्कृष्ट स्थिति-बन्धका स्वामी है ।

विशेषार्थ—सासादनगुणस्थानमें जिन १६ प्रकृतियोंकी मिथ्यात्वमें बन्धव्युच्छित्ति होती है उनका तथा तीर्थंकर और आहारकद्विकका कुल १९ प्रकृतियोंका बन्ध नहीं होता। शेष १०१ प्रकृतियोंका बन्ध होता है । इन प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धके स्वामी सम्बन्धी विशेषता मूलमें कही ही है ।

१११. सम्यग्मिथ्यादृष्टि जीवोंमें पांच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, असाता वेदनीय, बारह कषाय, पुरुषवेद, अरति, शोक, भय, जुगुप्सा, पंचेन्द्रिय जाति, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, समचतुरस्र संस्थान, वर्णचतुष्क, अगुरुलघु चतुष्क, प्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, अस्थिर, अशुभ, सुभग, सुस्वर, आदेय, अयशःकीर्ति, निर्माण, उच्चगोत्र और पांच अन्तराय इन प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर चार गतिका जीव जो साकार जागृत है, उत्कृष्ट संक्लेश परिणामवाला है और मिथ्यात्वके अभिमुख है वह उक्त प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है। सातावेदनीय, हास्य, रति, स्थिर, शुभ और

गदिय० सत्थाणे वट्टमाणयस्स सागार-जा० तप्पाओग्गसंकिलि० । देवगदि०४ उक्क० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० तिरिक्ख० मणुस० सागार-जा० उक्क०संकिलि० मिच्छात्ताभिमुह० । मणुसगदिपंच० उक्क० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० देवस्स वा णेरइगस्स वा सागार-जा० उक्क० संकिलि० मिच्छत्ताभिमुह० । मिच्छादिट्ठी० मदिय०भंगो । सण्णि० मणजोगिभंगो ।

११२. असण्णीसु पंचणा०-णवदंसणा०-असादा०-मिच्छत्त-सोलसक०-णवुंस०-अरदि-सोग-भय-दुगुं०-णिरयगदि-पंचिंदि०-वेउव्विय०-तेजा०-क०-हुंड-संठा०-वेउव्विय०अंगो०-वण्ण०४-णिरयाणु०-अगुरु०४-पसत्थ०-तस०४-अथिरादिछक्क-णिमि०-णीचा०-पंचंत० उक्क० ट्ठिदि० कस्स ? अण्ण० पंचिंदि० सागार-जा० उक्क०संकिलि० । सेसाणं तप्पाओग्गसंकिलि० । णवरि तिण्णि आयु० तप्पा०

यशःकीर्ति इन प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर चार गतिका जीव जो स्वस्थानमें अवस्थित है, साकार जागृत है और तत्प्रायोग्य संक्लेश परिणामवाला है वह उक्त प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है। देवगति चतुष्कके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर तिर्यञ्च और मनुष्य जो साकार जागृत है, उत्कृष्ट संक्लेश परिणामवाला है और मिथ्यात्वके अभिमुख है वह देवगति चतुष्कके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है। मनुष्यगतिपञ्चकके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर देव और नारकी जो साकार जागृत है, उत्कृष्ट संक्लेश परिणामवाला है और मिथ्यात्वके अभिमुख है वह मनुष्यगति आदि पांचके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है। मिथ्यादृष्टि जीवोंमें अपनी सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी मत्यज्ञानियोंके समान है।

विशेषार्थ—मिथ्यात्वमें १६ और सासादनमें २५ की बन्धव्युच्छित्ति होती है। ये ४१ प्रकृतियाँ होती हैं। इनमें मनुष्यायु, देवायु, आहारकद्विक और तीर्थंकर प्रकृतिके मिलानेपर कुल ४६ प्रकृतियां होती हैं। सम्यग्मिथ्यादृष्टि गुणस्थानमें इनका बन्ध नहीं होता। शेष ७४ प्रकृतियोंका होता है। इनके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामित्व सम्यग्मिथ्यात्व गुणस्थान में किस विशेषताके होनेपर होता है यह मूलमें कहा ही है। देवगति चतुष्कका बन्ध देव और नारकी नहीं करते, इसलिए इनके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी तिर्यञ्च और मनुष्य कहा है। तथा मनुष्यगति पञ्चकका बन्ध मिश्रमें तिर्यञ्च और मनुष्य नहीं करते, इसलिए इनके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी नारकी और देव कहा है। शेष प्रकृतियोंका बन्ध सब गतियोंमें होता है, इसलिए उनके उत्कृष्ट स्थितिबन्धके स्वामी चारों गतिके जीव कहे हैं।

११२. असंज्ञी जीवोंमें पांच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, असाता वेदनीय, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, नपुंसकवेद, अरति, शोक, भय, जुगुप्सा, नरकगति, पञ्चेन्द्रिय जाति, वैक्रियिक शरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, हुंड संस्थान, वैक्रियिक आङ्गोपाङ्ग, वर्णचतुष्क, नरकगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघु चतुष्क, प्रशस्त विहायोगति, त्रस चतुष्क, अस्थिर आदि छह, निर्माण, नीचगोत्र और पाँच अन्तराय इन प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर पञ्चेन्द्रिय जीव जो साकार जागृत है और उत्कृष्ट संक्लेश परिणामवाला है वह उक्त प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है। तथा शेष प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी तत्प्रायोग्य संक्लेश परिणामवाला असंज्ञी जीव है। इतनी विशेषता है कि तीन आयुओंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी तत्प्रायोग्य विशुद्ध परिणामवाला जीव है। आहारक

विसुद्धस्स। आहार० मूलोघं। अणाहार० कम्मइगभंगो। एवं उक्कस्ससामित्तं समत्तं।

११३. जहण्णए पगदं। दुवि०—ओघे० आदे०। ओघे० पंचणा०-चदुदंसणा०-सादावे०-जसगि०-उच्चागो०-पंचंत० जहण्णओ द्विदिबंधो कस्स होदि? अण्णदरस्स खवगस्स सुहुमसांपराइगस्स चरिमे जहण्णए द्विदिबंधे वट्टमाणयस्स। पंचदंसणा०-मिच्छत्त-बारसक०-हस्स-रदि-भय-दुगुं०-पंचिंदि०-ओरालिय०-तेजा०-क०-समचदु०-ओरालि०अंगो०-वज्जरिसभ०-वण्ण०४-अगुरु०४-पसत्थ०-तस०४-थिरादिपंच-णिमि० जह० द्विदि० कस्स०? अण्ण० बादरएइंदियस्स सव्वाहि पज्जत्तीहि पज्जत्तगदस्स सागार-जा० सुदोवजोगजुत्तस्स सव्वविसुद्धस्स जहण्ण०द्विदिबं० वट्ट०। असादा०-इत्थिवे०-णवुंस०-अरदि-सोग-चदुजादि-पंचसंठा०-पंचसंघ०-आदाव-अप्पसत्थवि०-थावर-सुहुम-अपज्जत्त-साधार०-अथिरादिछक्क० जह० द्विदि० कस्स०? अण्ण०

जीवोंमें सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी मूलोघके समान है और अनाहारक जीवोंमें अपनी प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कार्मण काययोगियोंके समान है।

विशेषार्थ—असंज्ञी जीवोंके आहारिक द्विक और तीर्थङ्करके बिना ११७ प्रकृतियोंका बन्ध होता है। आहारक मार्गणामें सब अर्थात् १२० प्रकृतियोंका बन्ध होता है और अनाहारक मार्गणामें कार्मणकाययोगके समान ११२ प्रकृतियोंका बन्ध होता है। शेष कथन स्पष्ट ही है। यहां असंज्ञियोंमें उत्कृष्ट स्थितिबन्धकी अपेक्षा पंचेन्द्रियोंकी मुख्यता होनेसे उन्हें उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कहा है। तिर्यञ्चायु, मनुष्यायु और देवायुका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध विशुद्ध परिणामोंसे होता है, इसलिए इनके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी विशुद्ध परिणामवाला जीव कहा है। यहां इतना विशेष जानना चाहिए कि तिर्यञ्चायु और मनुष्यायु का एक पूर्वकोटि प्रमाण उत्कृष्ट स्थितिबन्ध एकेन्द्रियादि जीवोंके भी होता है, इसलिए असंज्ञियोंमें इनके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कहते समय पञ्चेन्द्रिय यह कहनेकी आवश्यकता नहीं है।

इस प्रकार उत्कृष्ट स्वामित्व समाप्त हुआ।

११३. जघन्य स्वामित्वका प्रकरण है। उसकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघकी अपेक्षा पांच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, साता वेदनीय, यशःकीर्ति, उच्चगोत्र और पाँच अन्तरायके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है? अन्यतर क्षपक जो सूक्ष्मसाम्परायसंयत है और अन्तिम जघन्य स्थितिबन्धमें अवस्थित है वह उक्त प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है। पाँच दर्शनावरण, मिथ्यात्व, बारह कषाय, हास्य, रति, भय, जुगुप्सा पञ्चेन्द्रिय जाति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, समचतुरस्रसंस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, वज्रर्षभनाराच संहनन, वर्ण चतुष्क, अगुरुलघुचतुष्क, प्रशस्त विहायोगति, त्रस चतुष्क, स्थिर आदि पाँच और निर्माण इन प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है? अन्यतर बादर एकेन्द्रिय जो सब पर्याप्तियोंसे पर्याप्त है, साकार जागृत श्रुतोपयोगसे उपयुक्त है और सर्व विशुद्ध है वह उक्त प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है। असाता वेदनीय, स्त्रीवेद, नपुंसकवेद, अरति, शोक, चार जाति, पाँच संस्थान, पाँच संहनन, आतप, अप्रशस्त विहायोगति, स्थावर, सूक्ष्म, अपर्याप्त, साधारण और

बादरएइंदिय० सव्वाहि पज्जत्तीहि सागार-जा० तप्पाओग्गविसुद्ध० जह० ट्ठिदि० वट्टमा० । चदुसंज०-पुरिस० जह० ट्ठिदि० कस्स ? अण्ण० खवगस्स अणियट्टि-बादरसंप० अप्पप्पणो चरिमे जह० ट्ठिदि० वट्ट० । णिरयायु० जह० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० पंचिंदिय० सण्णि० असण्णि० सागार-जा० तप्पाओग्गविसुद्ध० जहण्णियाए आबाधाए जहण्ण० ट्ठिदि० वट्टमा० । तिरिक्खायु० जह० ट्ठिदि० कस्स ? अण्ण० एइंदि० बीइंदि० तीइंदि० चदुरिंदि० पंचिंदि० सण्णि० असण्णि० बादर० सुहुम० पज्जत्तापज्जत्त० सागार-जा० तप्पाओग्गसंकिलि० जह० आबाधाए जह० ट्ठिदि० वट्टमा० । एवं मणुसायु० । देवायु० जह० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० पंचिंदि० सण्णि० असण्णि० सागार-जा० तप्पाओग्गसंकिलि० जह० आबा० जह० ट्ठिदि० वट्टमा० ।

११४. णिरयग०-णिरयाणु० जह० ट्ठिदि० कस्स ? अण्ण० असण्णिस्स सागार-जा० तप्पाओग्गविसुद्ध० । तिरिक्खग०-तिरिक्खाणु०-उज्जो०-णीचा० जह० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० बादर० तेउ० वाउ० पज्जत्तस्स सागार-जा० सव्वविसु० । मणुसग०-मणुसाणु० जह० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० बादरपुढवि० आउ० बादर-

---

अस्थिर आदि छह प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर बादर एकेन्द्रिय जो सब पर्याप्तियोंसे पर्याप्त है, साकार जागृत है और तत्प्रायोग्य विशुद्ध परिणामवाला है वह उक्त प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है । चार संज्वलन और पुरुषवेदके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर अनिवृत्ति क्षपक जो अपने-अपने अन्तिम जघन्य स्थितिबन्धमें अवस्थित है वह उक्त प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है । नरकायुके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर पञ्चेन्द्रिय संज्ञी और असंज्ञी जो साकार जागृत है, तत्प्रायोग्य विशुद्ध परिणामवाला है और जघन्य आबाधाके साथ जघन्य स्थितिबन्ध कर रहा है वह नरकायुके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है । तिर्यञ्चायुके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर एकेन्द्रिय, द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय और पञ्चेन्द्रिय संज्ञी या असंज्ञी, बादर, सूक्ष्म, पर्याप्त या अपर्याप्त जो साकार जागृत है, तत्प्रायोग्य संक्लेश परिणामवाला है और जघन्य आबाधाके साथ जघन्य स्थितिबन्ध कर रहा है वह तिर्यञ्चायुके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है । इसी प्रकार उक्त जीव मनुष्यायुके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है । देवायुके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर पञ्चेन्द्रिय संज्ञी या असंज्ञी जो साकार जागृत है, तत्प्रायोग्य संक्लेश परिणामवाला है और जघन्य आबाधाके साथ जघन्य स्थितिबन्ध कर रहा है वह देवायुके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है ।

११४. नरकगति और नरकगत्यानुपूर्वीके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर असंज्ञी जो साकार जागृत है और तत्प्रायोग्य विशुद्ध परिणामवाला है वह उक्त दो प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है । तिर्यञ्चगति, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, उद्योत और नीच गोत्र प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर बादर अग्निकायिक पर्याप्त और बादर वायुकायिक पर्याप्त जो साकार जागृत है और सर्वविशुद्ध है वह उक्त प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है । मनुष्यगति और मनुष्यगत्यानुपूर्वी प्रकृतियोंके जघन्य

वण्फदि० पज्जत्त० सागार-जा० सव्वविसुद्ध० जह० ट्ठिदि० वट्टमा० । देवगदि०४ जह० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० असण्णि० सागार-जा० सव्वविसुद्ध० जह० ट्ठिदि० वट्टमा० । आहार०-आहर०अंगो०-तित्थय० जह० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्णद० अपुव्वकरणखवंगस्स परभवियणामाणं चरिमे जह०ट्ठिदिबंधे वट्टमाणयस्स ।

स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर बादर पृथिवीकायिक पर्याप्त, बादर जलकायिक पर्याप्त और बादर वनस्पतिकायिक पर्याप्त जो साकार जागृत है, सर्वविशुद्ध है और जघन्य स्थितिबन्ध कर रहा है वह मनुष्यद्विकके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है। देवगति चतुष्क के जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर असंज्ञी जो साकार जागृत है, सर्वविशुद्ध है और जघन्य स्थितिबन्ध कर रहा है वह उक्त प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है। आहारक शरीर, आहारक आङ्गोपाङ्ग और तीर्थंकर प्रकृतिके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर अपूर्वकरण क्षपक जो परभवसम्बन्धी नामकर्मकी प्रकृतियोंके अन्तिम जघन्य स्थितिबन्धमें अवस्थित है वह उक्त प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है।

विशेषार्थ—यहाँ ओघसे किन प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है यह बतलाया गया है। बन्ध योग्य कुल प्रकृतियां १२० हैं। उनमेंसे पांच ज्ञानावरण आदि १७ ऐसी प्रकृतियाँ हैं जिनका बन्ध क्षपक सूक्ष्मसाम्परायतक होता है इसलिए इनके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी अन्तिम स्थितिबन्धमें अवस्थित उक्त जीवको कहा है। चार संज्वलन और पुरुषवेदका स्थितिबन्ध क्षपक अनिवृत्तिकरणके अपने अपने विवक्षित भाग तक होता है इसलिए इनके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी उक्त जीवको कहा है। आहारकद्विक और तीर्थंकर प्रकृतिका स्थितिबन्ध क्षपक अपूर्वकरणके अमुक भागतक होता है इसलिए इनके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी उक्त जीवको कहा है। इस प्रकार ये सब मिलाकर २५ प्रकृतियाँ हुईं। अब शेष रहीं चार आयुके बिना ९१ प्रकृतियाँ सो इनमेंसे देवगति और नरकगति सम्बन्धी जो प्रकृतियाँ हैं उनका बन्ध एकेन्द्रिय और विकलत्रयके नहीं होता इसलिए उनके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी असंज्ञी जीवको कहा है। ऐसी प्रकृतियाँ कुल ६ हैं। वे ये हैं—नरकद्विक, देवद्विक और वैक्रियिकद्विक। अब शेष रहीं ८५ प्रकृतियां सो यद्यपि इनका जघन्य स्थितिबन्ध बादर एकेन्द्रिय पर्याप्त जीवके होता है पर एकेन्द्रियके अनेक भेद होनेसे एकेन्द्रियोंमें भी कौन-सा बादर पर्याप्त जीव किन प्रकृतियोंका जघन्य स्थितिबन्ध करता है इसका स्वतन्त्र रूपसे विचार किया है। उदाहरणार्थ—अग्निकायिक और वायुकायिक जीव मरकर नियमसे तिर्यञ्च ही होते हैं, इसलिए तिर्यञ्चगति, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, उद्योत और आतपका जघन्य स्थितिबन्ध बादर अग्निकायिक पर्याप्त और बादर वायुकायिक पर्याप्त जीव ही करते हैं। तथा मनुष्यगति और मनुष्यगत्यानुपूर्वीका बन्ध अग्निकायिक और वायुकायिक जीवोंके न होनेके कारण इनका जघन्य स्थितिबन्ध बादर पृथिवीकायिक पर्याप्त, बादर जलकायिक पर्याप्त और बादर वनस्पतिकायिक पर्याप्त जीव करते हैं। यही कारण है कि इन तिर्यञ्चगति आदि चार और मनुष्यगति आदि दो प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी पृथक्-पृथक् उक्त जीवोंको कहा है। यद्यपि अग्निकायिक और वायुकायिक जीव उच्चगोत्रका भी बन्ध नहीं करते पर उच्चगोत्रका जघन्य स्थितिबन्ध एकेन्द्रियके न होकर क्षपक श्रेणिमें होता है इसलिए उसे यहाँ नहीं गिनकर जिन प्रकृतियोंका क्षपक सूक्ष्म साम्परायमें जघन्य स्थितिबन्ध होता है

११५. आदेसेण णेरइएसु पंचणा०-णवदंसणा०-सादावे०-मिच्छत्त-सोलसक०-पुरिसवे०-हस्स-रदि-भय-दुगु०-मणुसग०-पंचिंदि०-ओरालि०-तेजा०-क०-समचदु०-ओरालि०अंगो०-वज्जरिसभ०-वण्ण०४-मणुसाणु०-अगुरु०४-पसत्थ०-तस०४-थिरादिछक्क-णिमि०-णीचागो०-पंचंत० जह० ट्ठिदि० कस्स? अण्ण० असण्णिपच्छागदस्स[1] पढम-विदियसमये णेरइगस्स सागार-जा० सव्वविसुद्ध० जह० ट्ठिदि० वट्ट०। दोआयु० जह० ट्ठिदि० कस्स०? अण्ण० मिच्छादि० तप्पाओग्गसंकिलि० जह० आबा० जह० ट्ठिदि० वट्ट०। तित्थय० जह० ट्ठिदि० कस्स०? अण्ण० असंजदसम्मादि० सागार-जा० सव्वविसु०। सेसाणं असण्णिपच्छागदस्स पढम-विदियसमए णेरइगस्स सागार-जा० तप्पाओग्गविसु०। एवं पढमाए।

वहाँ गिन आये हैं। अब रहीं शेष ७९ प्रकृतियाँ सो इनका बादर एकेन्द्रिय पर्याप्त किसी भी जीवके उनके जघन्य स्थितिबन्धके योग्य परिणाम होनेपर जघन्य स्थितिबन्ध हो सकता है इसलिए इनके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी बादर एकेन्द्रिय पर्याप्त जीवको कहा है। चार आयुओंमें मनुष्यायु और तिर्यञ्चायुका जघन्य स्थितिबन्ध सब प्रकारके तिर्यञ्च और मनुष्योंके हो सकता है। यही कारण है कि इन दो आयुओंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी उक्त दो गतिका अन्यतर जीव कहा गया है। मात्र देवायु और नरकायुका जघन्य स्थितिबन्ध पञ्चेन्द्रियसे नीचे किसी भी जीवके नहीं होता। इसलिए इन दो आयुओंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी संज्ञी या असंज्ञी अन्यतर जीव कहा है। यहाँ इतना विशेष जानना चाहिए कि मूलमें जो योग्यताएँ कहीं हैं उनके साथ ही ये सब जीव उक्त सब प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धके स्वामी होते हैं।

११५. आदेशसे नारकियोंमें पांच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, साता वेदनीय, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, पुरुषवेद, हास्य, रति, भय, जुगुप्सा, मनुष्यगति, पञ्चेन्द्रिय जाति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, समचतुरस्रसंस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, वज्रर्षभनाराच संहनन, वर्ण चतुष्क, मनुष्यानुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, प्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, स्थिर आदि छह, निर्माण, नीचगोत्र और पाँच अन्तराय इन प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है? अन्यतर असंज्ञी पर्यायसे आया हुआ नारकी जो प्रथम और द्वितीय समयमें स्थित है, साकार जागृत है, सर्वविशुद्ध है और जघन्य स्थितिका बन्ध कर रहा है वह उक्त प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है। दो आयुओंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है? अन्यतर मिथ्यादृष्टि नारकी जो तत्प्रायोग्य संक्लेश परिणामवाला है और जघन्य आबाधाके साथ जघन्य स्थितिबन्ध कर रहा है वह दो आयुओंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है। तीर्थङ्कर प्रकृतिके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है? अन्यतर असंयत सम्यग्दृष्टि नारकी जो साकार जागृत है और सबसे विशुद्ध परिणामवाला है वह तीर्थङ्कर प्रकृतिके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है। तथा शेष प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी असंज्ञीचर, प्रथम और द्वितीय समयमें स्थित, साकार जागृत और तत्प्रायोग्य विशुद्ध परिणामवाला नारकी जीव है। इसी प्रकार पहली पृथिवीमें जानना चाहिए।

विशेषार्थ—प्रथम नरकमें असंज्ञी जीव मरकर उत्पन्न होता है और इसके उत्पन्न

---

[1] १. मूलप्रतौ-पच्चागदस्स इति पाठः।

११६. विदियाए पंचणा०-छदंसणा०-सादावे०-बारसक०-पुरिस०-हस्स-रदि-भय-दुगुं०-मणुसग०-पंचिंदि०-ओरालिय०-तेजा०-क०-समचदु०-ओरालि०अंगो०-वज्जरिस०-वण्ण०४-मणुसाणु०-अगुरु०४-पसत्थ०-तस०४-थिरादिछक्क०-णिमि०-उच्चागो०-पंचंत० जह० ट्ठिदि० कस्स? अण्ण० असंजद०सम्मा० सागार-जा० सव्वविसुद्ध० जह० ट्ठिदि० वट्ट०। एवं तित्थयरस्स वि। थीणगिद्धितिय-मिच्छत्त-अणंताणुबंधि०४ जह० ट्ठिदि० कस्स०? अण्ण० मिच्छादि० सागार-जा० सव्वविसु० सम्मत्ताभिमु० चरिमे जह० ट्ठिदि० वट्ट०। असादा०-अरदि-सोग-अथिर-असुभ-अजस० जह० ट्ठिदि० कस्स०? अण्ण० असंजदसम्मादिट्ठि० सागार-जा० तप्पाओग्गविसु०। इत्थि०-णवुंस-तिरिक्खग०-पंचसंठा०-पंचसंघ०-तिरिक्खाणु०-उज्जो०-अप्पसत्थवि०-दूभग-दुस्सर-अणादे०-णीचा० जह० ट्ठिदि० कस्स०? अण्ण० मिच्छादि० सागार-जा० तप्पाओग्गविसु० जह० ट्ठिदि० वट्टमा०। दोआयु० णिरयोघं। एवं छसु पुढवीसु। णवरि सत्तमाए थीणगिद्धि०३-मिच्छत्त-अणंताणुबंधि४-तिरिक्खग०-तिरिक्खाणु०-उज्जो०-णीचा० जह० ट्ठिदि० कस्स०?

होनेके प्रथम और द्वितीय समयमें असंज्ञीके योग्य स्थितिबन्ध होता है। इसीसे यहाँ तीर्थङ्कर और दो आयुओंको छोड़कर शेष सब प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी परिणामोंकी अपनी अपनी विशेषताके साथ उक्त जीवको कहा है। शेष कथन स्पष्ट ही है।

११६. दूसरी पृथिवीमें पाँच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, सातावेदनीय, बारह कषाय, पुरुषवेद, हास्य, रति, भय, जुगुप्सा, मनुष्यगति, पञ्चेन्द्रिय जाति, औदारिक शरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, समचतुरस्र संस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, वज्रर्षभनाराच संहनन, वर्णचतुष्क, मनुष्यानुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, प्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, स्थिर आदि छह, निर्माण, उच्चगोत्र और पाँच अन्तराय इन प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है? अन्यतर असंयत सम्यग्दृष्टि नारकी जो साकार जागृत है और सबसे विशुद्ध है वह उक्त प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है। इसी प्रकार तीर्थङ्कर प्रकृतिके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी जानना चाहिए। स्त्यानगृद्धित्रिक, मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धी चतुष्कके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है? अन्यतर मिथ्यादृष्टि जो साकार जागृत है, सर्व विशुद्ध है, सम्यक्त्वके अभिमुख है और अन्तिम जघन्य स्थितिबन्धमें अवस्थित है वह उक्त प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है। असाता वेदनीय, अरति, शोक, अस्थिर अशुभ और अयशःकीर्ति प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है? अन्यतर असंयतसम्यग्दृष्टि जो साकार जागृत है और तत्प्रायोग्य विशुद्ध परिणामवाला है वह उक्त प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है। स्त्रीवेद, नपुंसकवेद, तिर्यञ्चगति, पाँच संस्थान, पांच संहनन, तिर्यञ्चानुपूर्वी, उद्योत, अप्रशस्त विहायोगति, दुर्भग, दुस्वर, अनादेय और नीचगोत्र प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है? अन्यतर मिथ्यादृष्टि जो साकार जागृत है, तत्प्रायोग्य विशुद्ध है और जघन्य स्थितिबन्धमें अवस्थित है वह उक्त प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है। दो आयुओंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी सामान्य नारकियोंके समान है। इसी प्रकार छहों पृथिवियोंमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि सातवीं पृथिवीमें स्त्यानगृद्धित्रिक, मिथ्यात्व, अनन्तानुबन्धिचतुष्क, तिर्यञ्चगति, तिर्यञ्चानुपूर्वी, उद्योत और नीचगोत्रके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है? अन्यतर मिथ्यादृष्टि

अण्ण० मिच्छादि० सागार-जा० सव्वविसुद्ध० सम्मत्ताभिमुह० चरिमे जह० ट्ठिदि० वट्टमा० ।

११७. तिरिक्खेसु पंचणा०-णवदंसणा०-असादावे०-मिच्छत्त-सोलसक०-पुरिस०-हस्स-रदि-भय-दुगुं०-पंचिंदिय०-ओरालिय०-तेजा०-क०-समचदु०-ओरालि०अंगो०-वज्जरिसभ०-वण्ण०४-अगुरु०४-पसत्थवि०-तस०४-थिरादिछ०-णिमि०-पंचंत० जह० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० बादरएइंदि० सागार-जा० सव्वविसुद्धस्स जह० ट्ठिदि० वट्टमा० । सेसं मूलोघं । णवरि उच्चा० मणुसगदिभंगो ।

जो साकार जागृत है, सर्वविशुद्ध है, सम्यक्त्वके अभिमुख है और अन्तिम स्थितिबन्धमें अवस्थित है वह उक्त प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है ।

विशेषार्थ—दूसरी आदि पृथिवियोंमें असंज्ञी जीव तो मरकर उत्पन्न होता नहीं, इसलिए यहां असंज्ञीके योग्य स्थितिबन्ध सम्भव नहीं फिर भी मिथ्यात्वकी अपेक्षा सम्यक्त्वके सद्भावमें स्थितिबन्ध न्यून होता है, इसलिए यहां जिन प्रकृतियोंका सम्यग्दृष्टिके बन्ध होता है उनका तद्योग्य अवस्थाके होने पर जघन्य स्थितिबन्ध कहा है और जिन प्रकृतियोंका सम्यग्दृष्टिके बन्ध नहीं होता उनके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी मिथ्यादृष्टिको कहा है । एक बात अवश्य है कि मिथ्यादृष्टि दो प्रकारके होते हैं—एक स्वस्थान स्थित और दूसरे सम्यक्त्वके अभिमुख । यहां सम्यक्त्वसे तात्पर्य उपशम सम्यक्त्वसे है । आगममें उपशम सत्यक्त्वके अभिमुख हुए जीवके ३४ बन्धापसरण बतलाये हैं । उनके देखनेसे विदित होता है कि सम्यक्त्वके अभिमुख हुए नारकीके स्त्रीवेद, नपुंसकवेद, तिर्यञ्चगति, पांच संस्थान, पाँच संहनन, तिर्यञ्चानुपूर्वी, उद्योत, अप्रशस्त विहायोगति, दुर्भग, दुस्वर, अनादेय और नीचगोत्रकी बन्धव्युच्छित्ति हो जाती है, इसलिए इनके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी स्वस्थान स्थित मिथ्यादृष्टि कहा गया है और स्त्यानगृद्धि तीन, मिथ्यात्व व अनन्तानुबन्धी चतुष्कका बन्ध सम्यक्त्वके अभिमुख हुए नारकीके भी होता रहता है इसलिए इनके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी सम्यक्त्वके अभिमुख हुआ नारकी जीव कहा गया है । मात्र सातवीं पृथिवीमें मिथ्यात्व गुणस्थानमें तिर्यञ्चगति, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी और नीचगोत्रका ही बन्ध होता है, इसलिए इसके सम्यक्त्वके अभिमुख होनेपर भी इनका बन्ध होता रहता है । यही कारण है कि सातवीं पृथिवीमें सम्यक्त्वके अभिमुख हुए जीवको मिथ्यात्व, अनन्तानुबन्धी चतुष्क, तिर्यञ्चगति, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी और नीचगोत्र इन प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कहा है । शेष कथन स्पष्ट ही है ।

११७. तिर्यंचोंमें पांच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, असातावेदनीय, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, पुरुषवेद, हास्य, रति, भय, जुगुप्सा, पञ्चेन्द्रियजाति, औदारिक शरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, समचतुरस्रसंस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, वज्रर्षभनाराच संहनन, वर्णचतुष्क, अगुरुलघुचतुष्क, प्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, स्थिरादि छह, निर्माण और पांच अन्तराय प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर बादर एकेन्द्रिय जो साकार जागृत है, सर्वविशुद्ध है और जघन्य स्थितिबन्धमें अवस्थित है वह उक्त प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है । शेप प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी मूलोघके समान है । इतनी विशेषता है कि इनमें उच्चगोत्रके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी मनुष्यगतिके जघन्य स्थितिबन्धके स्वामीके समान है ।

११८. पंचिंदियतिरिक्ख०३ पंचणा०-णवदंसणा०-सादावे०-मिच्छत्त-सोलसक०-पुरिस०-हस्स-रदि-भय-दुगुं०-देवगदि-पंचिंदि०-वेउव्वि०-तेजा०-क०-समचदु०-वेउव्विय०अंगो०-वण्ण०४-देवाणुपु०-अगुरु०४-पसत्थवि० तस०-थिरादिछक्क-णिमिण-उच्चा०-पंचंत० जह० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० असण्णि० सागार-जा० सव्वविसु० जह० ट्ठिदि० वट्टमा० । णिरय-देवायु० ओघं । तिरिक्ख-मणुसायु० जह० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० सण्णि० असण्णि० पज्जत्तापज्जत्त० तप्पाओग्गसंकिलि० जह०[1] [आबा०] । सेसाणं सो चेव सामीओ सागार-जा० तप्पाओग्गविसु० जह० ट्ठिदि० वट्ट० ।

११९. पंचिंदियतिरिक्खअपज्जत्तेसु पंचणा०-णवदंस०-सादावे०-मिच्छत्त-सोल-

---

विशेषार्थ—पहले ओघसे सब प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धके स्वामीका निर्देश कर आये हैं। वहां जिन प्रकृतियोंका क्षपक सूक्ष्मसाम्परायमें, क्षपक अनिवृत्तिकरणमें और क्षपक अपूर्वकरणमें जघन्य स्वामित्व कहा है उनका यहां बादर एकेन्द्रियपर्याप्त जीवोंके जघन्य स्वामित्व कहना चाहिए। मात्र उच्चगोत्रका बन्ध अग्निकायिक और वायुकायिक जीवोंके नहीं होता, इसलिए इसके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामित्व बादर एकेन्द्रिय पर्याप्तके न कह कर मनुष्यगतिके जघन्य स्थितिबन्धके स्वामित्वके समान इसका स्वामी बादर पृथिवीकायिक पर्याप्त, बादर जलकायिक पर्याप्त और बादर वनस्पतिकायिक पर्याप्त जीव होता है इतना विशेष कहना चाहिए। तिर्यञ्चगतिमें आहारकद्विक और तीर्थङ्कर प्रकृतिका बन्ध नहीं होता यह स्पष्ट ही है।

११८. पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चत्रिकमें पांच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, सातावेदनीय, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, पुरुषवेद, हास्य, रति, भय, जुगुप्सा, देवगति, पञ्चेन्द्रियजाति, वैक्रियिक शरीर, तैजसशरीर, कार्मण शरीर, समचतुरस्र संस्थान, वैक्रियिक आङ्गोपाङ्ग, वर्णचतुष्क, देवानुपूर्वी, अगुरुलघु चतुष्क, प्रशस्त विहायोगति, त्रसकाय, स्थिर आदि छह, निर्माण, उच्चगोत्र और पांच अन्तराय प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है? अन्यतर असंज्ञी जो साकार जागृत है, सर्वविशुद्ध है और जघन्य स्थितिबन्धमें अवस्थित है वह उक्त प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है। नरकायु और देवायुके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी ओघके समान है। तिर्यञ्चायु और मनुष्यायुके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है? अन्यतर संज्ञी या असंज्ञी पर्याप्त और अपर्याप्त जो तत्प्रायोग्य संक्लेश परिणामवाला है और जघन्य आबाधाके साथ जघन्य स्थितिबन्ध कर रहा है वह उक्त दो आयुओंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है। तथा शेष प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका साकार जागृत तत्प्रायोग्य विशुद्ध और जघन्य स्थितिबन्धमें अवस्थित वही जीव स्वामी है।

विशेषार्थ—यहां चार आयुओंके सिवा शेष प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामित्व असंज्ञी पञ्चेन्द्रिय पर्याप्त तिर्यञ्चोंकी मुख्यतासे कहा है। कारण कि पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चत्रिकमें इन्हींके सबसे जघन्य स्थितिबन्ध सम्भव है। किन्तु चार आयुओंके जघन्य स्थितिबन्धके लिए यह नियम नहीं है। इतनी अवश्य है कि नरकायु और देवायुका बन्ध पर्याप्तके ही होता है और शेष दो आयुओंका बन्ध सबके होता है।

११९. पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्तकोंमें पांच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, साता-

सक०-पुरिसवे०-हस्स-रदि-भय-दुगुं०-मणुसगदि-पंचिंदिय०-ओरालिय०-तेजा०-क०-समचदु०-ओरालि०अंगो०-वज्जरिसभ०-वण्ण०४-मणुसाणु०-अगुरु०४-पसत्थवि०-तस०४-थिरादिछक्क-णिमि०-उच्चा०-पंचंत० जह० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० असण्णि० सागार-जा० सव्वविसु० जह० ट्ठिदि० वट्ट० । असादा०-इत्थिवे०-णवुंस०-अरदि-सोग-तिरिक्खगदि-चदुजादि-पंचसंठा०-पंचसंघ०-तिरिक्खाणु०-आदा-उज्जो०-अप्पसत्थ०-थावरादि०४-अथिरादिछक्क-णीचा० जह० ट्ठिदि० कस्स० ? [अण्ण०]असण्णिस्स सागार-जा०तप्पाओग्गविसु०जह० ट्ठिदि० वट्ट० । दोआयु०जह० ट्ठिदि० कस्स ? अण्ण० सण्णि० असण्णि० सागार-जा० तप्पाओग्गसंकिलि० जह० आबा० जह० ट्ठिदि० वट्ट० ।

१२०. मणुसेसु खवगपगदीणं मूलोघं । पंचदंस०-मिच्छत्त-बारसक०-हस्स-रदि-भय-दुगुं०-मणुसग०-पंचिंदि०-ओरालिय०-तेजा०-क०-समचदु०-ओरालि०

वेदनीय, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, पुरुषवेद, हास्य, रति, भय, जुगुप्सा, मनुष्यगति, पञ्चेन्द्रिय जाति, औदारिक शरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, समचतुरस्रसंस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, वज्रर्षभनाराचसंहनन, वर्णचतुष्क, मनुष्यानुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, प्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, स्थिर आदि छह, निर्माण, उच्चगोत्र और पांच अन्तराय प्रकृतियों के जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर असंज्ञी जो साकार जागृत है, सर्वविशुद्ध है और जघन्य स्थितिबन्धमें अवस्थित है वह उक्त प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है । असातावेदनीय, स्त्रीवेद, नपुंसक वेद, अरति, शोक, तिर्यञ्चगति, चार जाति, पांच संस्थान, पाँच संहनन, तिर्यञ्चानुपूर्वी, आतप, उद्योत, अप्रशस्त विहायोगति, स्थावर आदि ४, अस्थिर आदि छह और नीचगोत्र प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर असंज्ञी जो साकार जागृत है, तत्प्रायोग्य विशुद्ध है और जघन्य स्थितिबन्धमें अवस्थित है वह उक्त प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है । दो आयुओंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर संज्ञी या असंज्ञी जो साकार जागृत है, तत्प्रायोग्य संक्लिष्ट है और जघन्य आबाधाके साथ जघन्य स्थितिबन्ध कर रहा है वह दो आयुओंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है ।

विशेषार्थ—पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्त दो प्रकारके होते हैं—संज्ञी और असंज्ञी । संज्ञियोंसे असंज्ञियोंके संख्यातगुणा हीन बन्ध होता है इसलिए यहां इन्हींकी मुख्यतासे यहां बँधनेवाली प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामित्व कहा गया है । मात्र मनुष्यायु और तिर्यञ्चायुका जघन्य स्थितिबन्ध उक्त दोनोंमेंसे किसीके भी हो सकता है, इसलिए इन दोनों आयुओंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी उक्त दोनोंमेंसे कोई भी जीव कहा गया है ।

१२०. मनुष्योंमें क्षपक प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी मूलोघके समान है । पाँच दर्शनावरण, मिथ्यात्व, बारह कषाय, हास्य, रति, भय, जुगुप्सा, मनुष्यगति, पञ्चेन्द्रिय जाति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, समचतुरस्रसंस्थान,

अंगो०-वज्जरिसभ०-वण्ण०४-मणुसाणु०-अगुरु०४--पसत्थ०--तस०४--थिरादिपंच०--णिमि० जह० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० असण्णिपच्छागदस्स पढसमय-विदिय-समयमणुसस्स सागार-जा० सव्वविसुद्ध० । असादा०-इत्थि०-णवुंस०-अरदि-सोग-तिरिक्खगदि-चदुजादि० [पंचसंठा०-पंचसंघ०-तिरिक्खाणु०-आदाउज्जोव-अप्पसत्थ०-थावरादि०४-अथिरादि०६-णीचा० जह० ट्ठिदिबं० कस्स ? अण्ण० असण्णिपच्छा-गदस्स पढमसमय-विदियसमयमणुसस्स सागार-जागार०] तप्पाओग्गविसुद्ध० । [णिरयाउ० जह० ट्ठिदि० कस्स ? अण्णदर० तप्पाओग्गविसुद्धस्स ।] तिरिक्ख-मणुसायु० जह० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्णद० पज्जत्तापज्जत्ता० सागार-जा० तप्पा-ओग्गसंकिलि० । देवायु० जह० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० तप्पाओग्ग०संकिलि० । णिरयगदि-णिरयाणुपु० जह० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० मिच्छादि० सागार-जा० तप्पाओग्गविसुद्ध०। देवगदि-वेउव्वि०-आहार०-[वेउव्विय०अंगो०-आहार०]-अंगो०-देवाणुपु०-तित्थयर० जह० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० अपुव्व० खवग० परभविय-णामाणं बंधचरिमे वट्टमा० । एवं मणुसपज्जत्त-मणुसिणीसु । णवरि मणुसिणीसु

औदारिक आङ्गोपाङ्ग, वज्रर्षभनाराचसंहनन, वर्णचतुष्क, मनुष्यानुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, प्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, स्थिर आदि पाँच और निर्माण इन प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? जो असंज्ञी मरकर मनुष्यगतिमें उत्पन्न हुआ है ऐसा प्रथम और द्वितीय समयवर्ती मनुष्य जो साकार जागृत है और सर्व विशुद्ध है वह उक्त प्रकृतियों के जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है । असातावेदनीय, स्त्रीवेद, नपुंसकवेद, अरति, शोक, तिर्यञ्चगति चार जाति, पाँच संस्थान, पांच संहनन, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, आतप, उद्योत, अप्रशस्त विहायोगति, स्थावर आदि चार, अस्थिर आदि छह और नीचगोत्र प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? जो असंज्ञी मरकर मनुष्य हुआ है ऐसा प्रथम और द्वितीय समयवर्ती मनुष्य जो साकार जागृत है और तत्प्रायोग्य विशुद्ध है वह उक्त प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है । नरकायुके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर तत्प्रायोग्य संक्लेश परिणामवाला मनुष्य नरकायुके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है । तिर्यञ्चायु और मनुष्यायुके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर पर्याप्त और अपर्याप्त मनुष्य जो साकार जागृत है और तत्प्रायोग्य संक्लेश परिणामवाला है वह उक्त दोनों आयुओंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है । देवायुके जघन्य स्थिति-बन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर तत्प्रायोग्य संक्लेश परिणामवाला मनुष्य देवायुके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है । नरकगति और नरकगत्यानुपूर्वी प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर मिथ्यादृष्टि जो साकार जागृत है और तत्प्रायोग्य विशुद्ध परिणाम-वाला है वह उक्त प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है । देवगति, वैक्रियिक शरीर, वैक्रियिक आङ्गोपाङ्ग, आहारक शरीर, आहारक आङ्गोपाङ्ग, देवगत्यानुपूर्वी और तीर्थंकर प्रकृतिके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर अपूर्वकरण क्षपक जो परभव सम्बन्धी नामकर्मकी बँधनेवाली प्रकृतियोंके बन्धके अन्तिम समयमें अवस्थित है वह उक्त प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है । इसी प्रकार मनुष्यपर्याप्त और मनुष्यिनी जीवोंमें जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि मनुष्यिनियोंमें तीर्थंकर प्रकृतिके जघन्य

१. मूलप्रतौ जह० अप्पा०, सेसाणं इति पाठः ।

तित्थयर० जह० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० अपुव्व० उवसम० परभवियणामाणं बंधचरिमे वट्ट० । मणुसअपज्जत्तगे पढमपुढविभंगो ।

१२१. देवगदीए देवेसु णिरयोघं । णवरि एइंदिय-आदाव-थावर० असाद भंगो । एवं भवण०-वाणवेंत० । णवरि तित्थयरं णत्थि । जोदिसिय-सोधम्मीसाण० विदियपुढविभंगो । णवरि एइंदिय-आदाव-थावर० इत्थिवेदभंगो । जोदिसिय० तित्थयरं णत्थि । सणक्कुमार याव सहस्सार त्ति विदियपुढविभंगो । आणद० णवगेवज्जा त्ति तं चेव । णवरि तिरिक्खायु० तिरिक्खगदितियं च णत्थि । अणुदिस याव सव्वट्ठा त्ति पंचणा०-छदंसणा०-सादावे०-बारसक०-पुरिस०-हस्स-रदि-भय-दुगुं०-मणुसगदी० एवं चेव पसत्थादिणामपगदीओ उच्चा०-पंचंत० जह०. ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण०

स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर अपूर्वकरण उपशामक जो परभवसम्बन्धी नामकर्मकी प्रकृतियोंके बन्धके अन्तिम समयमें अवस्थित है वह स्वामी है । मनुष्य अपर्याप्तक जीवोंमें अपनी प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी पहिली पृथिवीके समान है ।

विशेषार्थ—जिन २२ प्रकृतियोंका नौवें और दसवें गुणस्थानमें बन्ध होता है वे यहाँ क्षपक प्रकृतियाँ कही गई हैं । वे ये हैं—पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, साता वेदनीय, चार संज्वलन, पुरुषवेद, यशःकीर्ति, उच्चगोत्र और पाँच अन्तराय । यतः क्षपक श्रेणिकी प्राप्ति मनुष्यगतिमें ही होती है, अतः मनुष्योंमें इन प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामित्व ओघके समान कहा है । शेष प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धके स्वामीका निर्देश अलग अलग किया ही है । यहाँ मनुष्यिनियोंमें तीर्थङ्कर प्रकृतिके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी उपशामक अपूर्वकरण जीव कहा है । इसका कारण यह है कि जो तीर्थङ्कर होता है उसके जन्मसे पुरुषवेदका ही उदय होता है ऐसा नियम है । अतएव जो तीर्थङ्कर प्रकृतिका बन्ध कर रहा है और स्त्रीवेदका उदय है उसका उपशम श्रेणि पर आरोहण करना बन जाता है और इसी अपेक्षासे मनुष्यिनी अपूर्णकरण उपशामकको तीर्थङ्कर प्रकृतिके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कहा है ।

१२१. देवगतिमें देवोंमें अपनी प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी नारकियोंके समान है । इतनी विशेषता है कि इनमें एकेन्द्रिय आतप और स्थावर प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी असाता प्रकृतिके बन्धके स्वामीके समान है । इसी प्रकार भवनवासी और व्यन्तर देवोंमें जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि इनके तीर्थङ्कर प्रकृति नहीं है । ज्योतिषी और सौधर्म-ऐशान कल्पके देवोंमें अपनी सब प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी दूसरी पृथिवीके समान है । इतनी विशेषता है कि इनमें एकेन्द्रिय, आतप और स्थावर प्रकृतियोंके बन्धका स्वामी स्त्रीवेदके बन्धके स्वामीके समान है । तथा ज्योतिषोदेवोंमें तीर्थंकर प्रकृति नहीं है । सानत्कुमार कल्पसे लेकर सहस्रार कल्प तकके देवोंमें अपनी सब प्रकृतियोंके जघन्य स्थिति बन्धका स्वामी दूसरी पृथिवीके समान है । आनत कल्पसे लेकर नौ ग्रैवेयक तक वही जीव स्वामी है । इतनी विशेषता है कि इनके तिर्यञ्च आयु और तिर्यञ्चगतित्रिकका बन्ध नहीं होता । अनुदिशसे लेकर सर्वार्थसिद्धि तकके देवोंमें पाँच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, साता वेदनीय, बारह कषाय, पुरुषवेद, हास्य, रति, भय, जुगुप्सा, मनुष्यगति और इसी प्रकार नामकर्मकी प्रशस्त आदि प्रकृतियाँ, उच्चगोत्र और पाँच अन्तराय इनके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतरदेव जो साकार जागृत है और तत्प्रायोग्य विशुद्ध परिणामवाला है वह उक्त प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है । असाता वेदनीय,

सागार-जा० तप्पाओग्गविसुद्ध० । असादा०-अरदि-सोग-अथिर-असुभ-अजस० जह० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० सागार-जा० तप्पाओग्गविसु० । मणुसायु० जह० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० सागार-जा० तप्पाओग्गसंकिलि० ।

१२२. एइंदिएसु पंचणा०-णवदंसणा०-सादावे०-मिच्छत्त-सोलसक०-पुरिसवे०-हस्स-रदि-भय-दुगुं०-पंचिंदि०-ओरालि०-तेजा०-क०-समचदु०-ओरालि०अंगो०-वज्जरिसभ०-वण्ण०४-अगुरु०४-पसत्थवि०-तस०४-थिरादिछ०-णिमिण-पंचंत० जह० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० बादर० सव्वाहि पज्जत्तीहि पज्जत्तयदस्स सागार-

अरति, शोक, अस्थिर, अशुभ और अयशःकीर्ति प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर देव जो साकार जागृत है और तत्प्रायोग्य विशुद्ध परिणामवाला है वह उक्त प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है। मनुष्यायुके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर देव जो साकार जागृत है और तत्प्रायोग्य संक्लेश परिणामवाला है वह मनुष्यायुके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है।

विशेषार्थ—देवोंमें असंज्ञी जीव मरकर उत्पन्न होता है और इसके प्रथम व द्वितीय समयमें असंज्ञीके योग्य जघन्य स्थितिबन्ध होता है। यही विशेषता नरकमें भी होती है, इसलिए देवोंमें अपनी प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी नारकियोंके समान कहा है। मात्र तीर्थंकर और दो आयुओंका जघन्य स्थितिबन्ध पर्याप्त अवस्थामें जिस प्रकार नारकियोंके कहा है उसी प्रकार यहां कहना चाहिए। किन्तु नरकमें एकेन्द्रिय, आतप और स्थावर इन तीन प्रकृतियोंका बन्ध नहीं होता और देवोंके होता है, इसलिए इनके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी जिस प्रकार असाताप्रकृतिके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कहा है उसी प्रकार यहां कहना चाहिए। असंज्ञी जीव मरकर देवोंमें उत्पन्न होता हुआ भवनवासी और व्यन्तर देवोंमें ही मरकर उत्पन्न होता है, इसलिए इनमें सब प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी सामान्य देवोंके समान कहा है। मात्र इनके तीर्थङ्कर प्रकृतिका बन्ध नहीं होता। आगे सहस्रार कल्पतक दूसरी पृथिवीसे जघन्य स्वामित्वमें कोई विशेषता नहीं है, इसलिए यहां सब प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी दूसरी पृथिवीके समान कहा है। विशेषता इतनी है कि ज्योतिषी देवोंके तीर्थंकर प्रकृति का बन्ध नहीं होता और ऐशान कल्पतक एकेन्द्रिय जाति, आतप और स्थावर प्रकृतिका बन्ध होता है। सो इन तीन प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी जिस प्रकार दूसरी पृथिवीमें स्त्रीवेदके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी घटित करके बतलाया है उसी प्रकार घटित कर लेना चाहिए, क्योंकि उससे इसमें कोई विशेषता नहीं है। आनतादिकमें तिर्यञ्चायु, तिर्यञ्चगति, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी और नीचगोत्रका बन्ध नहीं होता। शेष पूर्वोक्त प्रकृतियोंका होता है। सो इनमें भी सब प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामित्व दूसरी पृथिवीके समान घटित हो जाता है अतः यहां भी जघन्य स्वामी दूसरी पृथिवीके समान कहा है। शेष कथन स्पष्ट ही है।

१२२. एकेन्द्रियोंमें पांच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, सातावेदनीय, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, पुरुषवेद, हास्य, रति, भय, जुगुप्सा, पञ्चेन्द्रियजाति, औदारिक शरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, समचतुरस्रसंस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, वज्रवर्षभनाराचसंहनन, वर्णचतुष्क, अगुरुलघुचतुष्क, प्रशस्तविहायोगति, त्रस चतुष्क, स्थिर आदि छह, निर्माण और पांच अन्तराय प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर बादर एकेन्द्रिय जो सब पर्याप्तियोंसे पर्याप्त है, साकार जागृत है, सर्व विशुद्ध है और जघन्य स्थितिबन्धमें अव-

जा० सव्वविसु० जह० ट्ठिदि० वट्ट० । असादा०-इत्थि०-पुरिस०-णवुंस०-अरदि-सोग-चदुजादि-पंचसंठा०-पंचसंघ०-आदाव-अप्पसत्थवि०-थावरादि०४-अथिरादिछ० जह० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० वादर० सव्वाहि पज्जत्तीहि पज्जत्तगदस्स सागार-जा० तप्पाओग्गविसु० । दोआयु० जह० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० वादर० सुहुम० पज्जत्तापज्ज० सागार-जा० तप्पाओग्गसंकिलि० । तिरिक्खगदि-तिरिक्खाणुपु०-उज्जो०-णीचा० जह० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० वादरतेउ०-वाउ०जीवस्स सव्वाहि पज्जत्तीहि पज्जत्त० सागार-जा० सव्वविसु० । मणुसगदि-मणुसाणु०-उच्चा० जह० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० बादरपुढ० वादरआउ० वादरवणप्फदि० सव्वाहि पज्जत्तीहि पज्जत्त० सागार-जा० सव्वविसु० । सव्वविगलिंदिय-पज्जत्तापज्जत्त० पंचिंदिय-तिरिक्खअपज्जत्तभंगो । पंचिंदि०२ खवगपगदीणं ओघं । सेसाणं पंचिंदिय-तिरिक्खभंगो । अपज्जत्ते तिरिक्खअपज्जत्तभंगो ।

स्थित है वह उक्त प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है । असातावेदनीय, स्त्रीवेद, पुरुषवेद, नपुंसकवेद, अरति, शोक, चार जाति, पांच संस्थान, पांच संहनन, आतप, अप्रशस्त विहायोगति, स्थावर आदि चार और अस्थिर आदि छह प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर बादर एकेन्द्रिय जो सब पर्याप्तियोंसे पर्याप्त है, साकार-जागृत है और तत्प्रायोग्य विशुद्ध परिणामवाला है वह उक्त प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है । दो आयुओंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर बादर एकेन्द्रिय और सूक्ष्म एकेन्द्रिय पर्याप्त और अपर्याप्त जो साकारजागृत है और तत्प्रायोग्य संक्लेश-परिणामवाला है वह उक्त प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है । तिर्यञ्चगति, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, उद्योत और नीचगोत्र प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर बादर अग्निकायिक और बादर वायुकायिक जीव जो सब पर्याप्तियोंसे पर्याप्त है, साकारजागृत है और सर्व विशुद्ध है वह उक्त प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है । मनुष्यगति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी और उच्चगोत्र प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर बादर पृथिवीकायिक, बादरजलकायिक और बादर वनस्पतिकायिक जीव जो सब पर्याप्तियोंसे पर्याप्त है, साकार जागृत है और सर्व विशुद्ध है वह उक्त प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है । सब विकलत्रय और उनके पर्याप्त और अपर्याप्त जीवोंमें अपनी सब प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्तकोंके समान हैं । पञ्चेन्द्रिय और पञ्चेन्द्रिय पर्याप्त जीवोंमें क्षपक प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी ओघके समान है । तथा शेष प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चोंके समान है । इनके अपर्याप्तकोंमें अपनी सब प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी तिर्यञ्च अपर्याप्तकोंके समान है ।

विशेषार्थ—एकेन्द्रियोंमें सब प्रकृतियोंका जघन्य स्थितिबन्ध बादर पर्याप्त एकेन्द्रियोंके होता है । मात्र तिर्यञ्चायु और मनुष्यायुका जघन्य स्थितिबन्ध सब एकेन्द्रियोंके सम्भव है । विशेषता इतनी है कि तिर्यञ्चगति आदि चार प्रकृतियोंका जघन्य स्थितिबन्ध अग्निकायिक और वायुकायिक बादर पर्याप्त जीवोंके होता है, क्योंकि ये दोनों कायवाले जीव तिर्यञ्चगति सम्बन्धी प्रकृतियोंका ही सतत बन्ध करते हैं, इसलिए इनमें स्वभावतः जघन्य

१२३. पुढवि०-आउ०-वणप्फदिपत्तेय०-वणप्फदिका०-णियोदेसु पंचणा०-णवदंस०-सादावे०-मिच्छत्त-सोलसक०-पुरिस०-हस्स-रदि-भय-दुगुं०-मणुसगदि एवं धुवणामाए याव उच्चागो०-पंचंतरा० जह० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० बादर० सव्वाहिं[1] पज्जत्तीहि पज्जत्त० सागार-जा० सव्वविसु० । सेसाणं वि एसेव । णवरि तप्पाओग्गविसुद्ध० । दोआयु० ओघं । बादरादीणं एइंदिय०-आदावेण णेदव्वं । एवं चेव तेउ-वाउका० । णवरि तिरिक्खगदि०[2] धुवं कादव्वं ।

१२४. तस-तसपज्जत्तेसु खवगपगदीणं ओघं। णिरय० देवायु० वेउव्वियछक्कं च ओघं । दोआयु० जह० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० वेइंदि तीइंदि० चदुरिंदि० पंचिंदि० सण्णि० असण्णि० पज्जत्तापज्जत्त० तप्पाओग्गसंकिलि० । सेसाओ पगदीओ मणुसगदिसंजुत्ताओ वीइंदियो करेदि सागार-जा० सव्वविसुद्धो । असा-

स्थितिबन्धके योग्य परिणाम होते रहते हैं और मनुष्यगति आदि तीन प्रकृतियोंका जघन्य स्थितिबन्ध पृथिवीकायिक, जलकायिक और वनस्पतिकायिक बादर पर्याप्त जीव करते हैं, क्योंकि इनका बन्ध अग्निकायिक और वायुकायिक जीवोंके नहीं होता। शेष कथन स्पष्ट ही है।

१२३. पृथिवीकायिक, जलकायिक, वनस्पतिकायिक, प्रत्येक वनस्पतिकायिक और निगोद जीवोंमें पांच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, साता वेदनीय, मिथ्यात्व सोलह कषाय, पुरुषवेद, हास्य, रति, भय, जुगुप्सा और मनुष्यगतिसे लेकर जितनी नामकर्मकी ध्रुव प्रकृतियाँ हैं वे सब तथा उच्चगोत्र और पांच अन्तराय प्रकृतियोंकेजघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर बादर जो सब पर्याप्तियोंसे पर्याप्त है, साकार जागृत है और सर्व विशुद्ध है वह उक्त प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है। शेष प्रकृतियोंके भी जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी वही जीव है। इतनी विशेषता है कि तत्प्रायोग्य विशुद्ध परिणामवाला जीव शेष प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है। दो आयुओंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी ओघके समान है। इनके बादरादिकमें एकेन्द्रिय जाति और आतप प्रकृतियोंके साथ कथन करना चाहिए। इसी प्रकार अग्निकायिक और वायुकायिक जीवोंके कथन करना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इनके तिर्यञ्चगति चतुष्कको ध्रुव कहना चाहिए।

विशेषार्थ—एकेन्द्रियोंमें जघन्य स्थितिबन्धके स्वामित्वका खुलासा कर आये हैं। उसे ध्यानमें रखकर यहां जघन्य स्वामित्व जान लेना चाहिए।

१२४. त्रस और त्रस पर्याप्त जीवोंमें क्षपक प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी ओघके समान है। नरकायु, देवायु और वैक्रियिक छह इन प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी ओघके समान है। दो आयुओंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय, पञ्चेन्द्रिय संज्ञी और पञ्चेन्द्रिय असंज्ञी तथा इन सबका पर्याप्त तथा अपर्याप्त जो तत्प्रायोग्य संक्लेश परिणामवाला है वह उक्त दोनों आयुओंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है। शेष मनुष्यगति सहित प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी साकार जागृत और सर्वविशुद्ध द्वीन्द्रिय जीव है। तथा असातादिक प्रकृतियोंके भी जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी तत्प्रायोग्य विशुद्ध परिणामवाला वही द्वीन्द्रिय जीव है, तथा

१. मूलप्रतौ सव्वाहि अपज्जत्तीहि इति पाठः । २. मूलप्रतौ—गदि० दुवं कादव्वं इति पाठः ।

दादीणं पि सो चेव बीइंदि० तप्पाओग्गविसुद्ध० । अपज्जत्त० पंचिंदियतिरिक्ख-अपज्जत्तभंगो । णवरि बेइंदियो त्ति भाणिदव्वं ।

१२५. पंचमण०-तिण्णिवचि० खवगपगदीणं मूलोघं । णिद्दा-पचला० जह० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० अपुव्वकरणखवग० णिद्दापचलाणं बंधचरिमे वट्टमाणस्स । थीणगिद्धितिय-मिच्छत्त-अणंताणुबंधि०४ जह० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० मणुस० मिच्छा० सागार-जा० सव्वविसुद्ध० संजमाभिमुहस्स जह० ट्ठिदिवं० । असादा०-अरदि०-[सोग]-अथिर-असुभ-अजस० जह० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० पमत्तसंजदस्स सागार-जा० तप्पाओग्गविसु० जह० ट्ठिदि० वट्ट० । अपच्चक्खाण०४ जह० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० मणुस० असंजदसम्मादिट्ठि० सागार-जा० सव्वविसुद्ध० संजमाभिमुहस्स जह० ट्ठिदि० वट्ट० । पच्चक्खाण०४ जह० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० मणुसस्स संजदासंजद० सागार-जा० तप्पाओग्गसव्वविसु० संजमाभिमुह० जह०

इनके अपर्याप्तकोंमें अपनी सब प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्तकोंके समान है । इतनी विशेषता है कि यहांपर भी द्वीन्द्रिय अपर्याप्तको जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कहना चाहिए ।

विशेषार्थ—त्रस और त्रसपर्याप्त जीवोंमें पांच ज्ञानावरण आदि २५ प्रकृतियोंका जघन्य स्थितिबन्ध क्षपक श्रेणिमें होता है । वैक्रियिक छहका जघन्य स्थितिबन्ध पञ्चेन्द्रिय असंज्ञी पर्याप्तके होता है । नरकायु और देवायुका जघन्य स्थितिबन्ध संज्ञी या असंज्ञी पञ्चेन्द्रियके होता है । इनके सिवा शेष प्रकृतियोंका जघन्य स्थितिबन्ध द्वीन्द्रिय पर्याप्त जीवोंके होता है यह उक्त कथनका तात्पर्य है । त्रस अपर्याप्तकोंमें द्वीन्द्रिय अपर्याप्तकोंके सब जघन्य स्थितिबन्ध होता है, इसलिए त्रस अपर्याप्तकोंमें सब प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी द्वीन्द्रिय अपर्याप्तक जीव कहा है । शेष कथन स्पष्ट ही है ।

१२५. पांचों मनोयोगी और तीन वचनयोगी जीवोंमें क्षपक प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी मूलोघके समान है । निद्रा और प्रचला प्रकृतिके जघन्य स्थितिबन्ध का स्वामी कौन है ? अन्यतर अपूर्वकरण क्षपक जो निद्रा और प्रचलाके बन्धके अन्तिम समयमें अवस्थित है वह उक्त प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है । स्त्यानगृद्धि-त्रिक, मिथ्यात्व, अनन्तानुबन्धी चतुष्कके जघन्य स्थितियन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर मनुष्य मिथ्यादृष्टि जो साकार जागृत है, सर्व विशुद्ध है, संयमके अभिमुख है और जघन्य स्थितिबन्धमें अवस्थित है वह उक्त प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है । असाता वेदनीय, अरति, शोक, अस्थिर, अशुभ और अयशःकीर्ति प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर प्रमत्तसंयत जीव जो साकार जागृत है, तत्प्रायोग्य विशुद्ध परिणामवाला है और जघन्य स्थितिबन्धमें अवस्थित है वह उक्त प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है । अप्रत्याख्यानावरण चतुष्कके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर जो असंयत सम्यग्दृष्टि है, साकार जागृत है, सर्व विशुद्ध है, संयमके अभिमुख है और जघन्य स्थितिबन्धमें अवस्थित है वह उक्त चार प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है । प्रत्याख्यानावरण चतुष्कके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर मनुष्य जो सयंतासंयत है, साकारजागृत है, तत्प्रायोग्य सर्व विशुद्ध है, संयमके अभिमुख है और जघन्य स्थितिबन्धमें अवस्थित है वह उक्त चार प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका

ट्ठिदि० वट्ट० । इत्थि०-णवुंस०-पंचसंठा०-पंचसंघ०-अप्पसत्थवि०-दूभग-दुस्सर-अणादे० जह० ट्ठिदि० कस्स ? अण्ण० चदुगदियस्स मिच्छादि० सागार-जा० तप्पाओग्गविसुद्ध० । हस्स-रदि-भय-दुगुं० जह० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० अपुव्वकरणखवग० चरिमे जह० ट्ठिदि० वट्ट० । णिरयायु० जह० ट्ठिदि कस्स० ? अण्णद० दुगदिय० सागार-जा० तप्पाओग्गविसु० । तिरिक्ख-मणुसायु० जह० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० तिरिक्ख० मणुस० तप्पाओग्ग-संकिलि० । देवायु० तं चेव । णिरयगदि-तिण्णिजादि-णिरयाणुपु०-सुहुम०-अपज्ज०-साधार० जह० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० तिरिक्ख० मणुस० मिच्छादि० तप्पाओग्गविसु० । तिरिक्खगदि-तिरिक्खाणुपु०-उज्जो०-णीचागो० जह० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० सत्तमाए पुढवि० णेरइ० मिच्छादि० सागार-जा० सव्वविसु० सम्मत्ताभिमुह० जह० ट्ठिदि० वट्ट० । मणुसग०-ओरालि०-ओरालि०अंगो०-वज्जरिसभ०-मणुसाणु० जह० ट्ठिदि कस्स० ? अण्ण० देव० णेरइयस्स सम्मादि० सागार-जा० सव्वविसुद्ध० । देवगदि-पंचिंदि०-वेउव्वि०-आहार०-तेजा०-क०-समचदु०-दोअंगो०-वण्ण०४-देवाणु०-अगु०४-पसत्थवि०-तस०४-थिरादिपंच-णिमि०-तित्थय० जह० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण०

स्वामी है । स्त्रीवेद, नपुंसकवेद, पांच संस्थान, पांच संहनन, अप्रशस्त विहायोगति, दुर्भग, दुस्वर और अनादेयके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर चार गतिका मिथ्यादृष्टि जीव जो साकारजागृत है और तत्प्रायोग्य विशुद्ध परिणामवाला है वह उक्त प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है । हास्य, रति, भय और जुगुप्साके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर अपूर्वकरण क्षपक जो अन्तिम जघन्य स्थितिबन्धमें अवस्थित है वह उक्त प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है । नरकायुके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर दो गतिका जीव जो साकार जागृत है और तत्प्रायोग्य विशुद्ध परिणामवाला है वह नरकायुके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है । तिर्यञ्चायु और मनुष्यायुके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर तिर्यञ्च और मनुष्य जो तत्प्रायोग्य संक्लेश परिणामवाला है वह उक्त दोनों आयुओंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है । देवायुके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी वही है । नरकगति, तीन जाति, नरक गत्यानुपूर्वी, सूक्ष्म, अपर्याप्त और साधारण इनके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर तिर्यञ्च और मनुष्य जो मिथ्यादृष्टि है और तत्प्रायोग्य विशुद्ध परिणामवाला है वह उक्त प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है । तिर्यञ्चगति, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, उद्योत और नीचगोत्र प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर सातवीं पृथिवीका नारकी जो मिथ्यादृष्टि है, साकारजागृत है, सर्वविशुद्ध है, सम्यक्त्वके अभिमुख है और जघन्य स्थितिबन्धमें अवस्थित है वह उक्त प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है । मनुष्यगति, औदारिकशरीर, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, वज्रवृषभनाराचसंहनन और मनुष्यगति प्रायोग्यानुपूर्वी प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर देव और नारकी जो सम्यग्दृष्टि है, साकारजागृत है और सर्वविशुद्ध है वह उक्त प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है । देवगति, पञ्चेन्द्रियजाति, वैक्रियिकशरीर, आहारकशरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, समचतुरस्र संस्थान, वैक्रियिक और आहारक दो आङ्गोपाङ्ग, वर्णचतुष्क, देवगति प्रायोग्यानुपूर्वी, अगुरुलघु चतुष्क, प्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, स्थिर आदि पाँच, निर्माण और तीर्थङ्कर प्रकृ-

अपुव्वकरणखवग० परभवियणामाणं बंधचरिमे जह० ट्ठिदि० वट्ट० । एइंदि०-आदाव-थावर० जह० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण०-तिगदियस्स मिच्छादि० सागार-जा० तप्पाओग्गविसुद्ध० । वचिजोगी० असच्चमोस० तसपज्जत्तभंगो ।

१२६. कायजोगि-ओरालियकायजोगि० मूलोघं । ओरालियमि० देवगदि०४-तित्थय० जह० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० असंज० सागार-जा० सव्वविसु० । सेसाओ जाओ अत्थि ताओ तिरिक्खोघं ।

तियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है? अन्यतर अपूर्वकरण क्षपक जो परभव सम्बन्धी नामकर्मकी प्रकृतियोंके बन्धके अन्तमें जघन्य स्थितिबन्धमें अवस्थित है वह उक्त प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है। एकेन्द्रिय, आतप और स्थावर प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर तीन गतिका मिथ्यादृष्टि जीव जो साकार-जागृत है और तत्प्रायोग्य विशुद्ध परिणामवाला है वह उक्त प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है । वचनयोगी और असत्यमृषावचनयोगी जीवोंमें अपनी सब प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी त्रसपर्याप्तकोंके समान है ।

विशेषार्थ—यहाँ पाँच मनोयोग और पाँच वचनयोगमें कौन जीव किन प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है इसका विचार किया गया है। उसमें भी वचनयोग और असत्यमृषावचनयोग द्वीन्द्रियोंसे लेकर होता है इसलिए इनमें त्रसपर्याप्तकोंके समान सब प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामित्व घटित हो जाता है, इसलिए उनका कथन त्रस-पर्याप्तकोंके समान कहा है तथा शेषका स्वतन्त्र कथन किया है। यह तो स्पष्ट बात है कि पाँच मनोयोग और सत्य, असत्य और उभय वचनयोग एकेन्द्रियसे लेकर असंज्ञी पञ्चेन्द्रिय तक नहीं होते। केवल संज्ञी पञ्चेन्द्रिय जीवोंके होते हैं, इसलिए इनमें एकेन्द्रियोंसे लेकर असंज्ञी पञ्चेन्द्रिय तकके जीवोंके होनेवाला स्थितिबन्ध सम्भव नहीं है। अतः संज्ञी पञ्चेन्द्रिय पर्याप्त जीवोंमें कहाँ किन प्रकृतियोंका जघन्य स्थितिबन्ध सम्भव है इस दृष्टिसे इनमें सब प्रकृतियों के जघन्य स्थितिबन्धके स्वामित्वका विचार किया गया है। यहाँ साधारणतः पहले और दूसरे गुणस्थानमें जिन प्रकृतियोंकी बन्धव्युच्छित्ति होती है उनके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामित्व अधिकारी भेदसे मिथ्यात्व गुणस्थानमें उपलब्ध होता है। इसी प्रकार आगे गुणस्थानोंमें जहाँ जिन प्रकृतियोंकी बन्धव्युच्छित्ति कही है उस गुणस्थानमें उन प्रकृतियोंके जघन्य स्थिति-बन्धका स्वामित्व उपलब्ध होता है यह उक्त कथनका तात्पर्य है। मात्र चार आयुकर्म इसके अपवाद हैं। चारों आयुओंका जघन्य स्थितिबन्ध अपने अपने जघन्य स्थितिबन्धके योग्य सामग्रीके मिलने पर मिथ्यात्व गुणस्थानमें मनुष्य और तिर्यञ्चोंके होता है, इसलिए इनके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी मिथ्यादृष्टि मनुष्य और तिर्यञ्च कहा गया है। सब प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धकी योग्यताका निर्देश मूलमें किया ही है।

१२६. काययोगी और औदारिक काययोगी जीवोंमें सब प्रकृतियोंके जघन्य स्थिति-बन्धका स्वामी मूलोघके समान है। औदारिकमिश्रकाययोगी जीवोंमें देवगतिचतुष्क और तीर्थंकर प्रकृतिके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर असंयतसम्यग्दृष्टि जो साकार जागृत है और सर्वविशुद्ध है वह उक्त प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है। शेष जितनी प्रकृतियाँ हैं उनके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी सामान्य तिर्यञ्चोंके समान है।

१२७. वेउव्वियका० पंचणा०-छदंसणा०-सादावे०-बारसक०-पुरिस०-हस्स-रदि-भय-दुगुं०-मणुसग०-पंचिंदि०-तिण्णिसरीर०-समचदु०-ओरालि०अंगो०-वज्जरिसभ०-वण्ण०४-मणुसाणु०-अगुरु०-पसत्थवि०-तस०४-थिरादिछ०-णिमि०-तित्थकर-उच्चा०-पंचंत० जह० ट्ठिदि० कस्स०? अण्ण० देव०[1] णेरइय० सम्मादि० सागार-जा० सव्वविसुद्ध०। थीणगिद्धि३-मिच्छ०-अणंताणुबंधि०४ जह० ट्ठिदि० कस्स०? अण्णद० देव०[2] णेरइ० मिच्छादि० सागार-जा० सम्मत्ताभिमुह०। असादा०-अरदि-सोग-अथिर-असुभ-अजस० जह० ट्ठिदि० कस्स? अण्ण० देव० णेरइय० सम्मादि० सागार-जा० तप्पाओग्गविसु०। इत्थि०-णवुंस०-पंचसंठा०-पंचसंघ०-अप्पसत्थ०-दूभग-दुस्सर-अणादे०-णीचा० जह० ट्ठिदि० कस्स०? अण्ण० देव० णेरइय० मिच्छादि० सागार-जा० तप्पाओग्गविसु०। दोआयु० जह० ट्ठिदि० कस्स०? अण्णद० देव० णेरइय० मिच्छादि० तप्पाओग्गसंकिलि०। तिरिक्खग०-तिरिक्खाणु०-उज्जो०-णीचा० जह० ट्ठिदि० कस्स? अण्णद० सत्तमाए पुढवीए मिच्छादि० सागार-जा० सव्वविसु० सम्मत्ताभिमुह०। एइंदि०-आदाव-थावर०

१२७. वैक्रियिक काययोगी जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, साता वेदनीय, बारह कषाय, पुरुषवेद, हास्य, रति, भय, जुगुप्सा, मनुष्यगति, पञ्चेन्द्रिय जाति, औदारिक-तैजस-कार्मण तीन शरीर, समचतुरस्र संस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, वज्रर्षभनाराचसंहनन, वर्णचतुष्क, मनुष्यगति प्रायोग्यानुपूर्वी, अगुरुलघु, प्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, स्थिर आदि छह, निर्माण, तीर्थंकर, उच्चगोत्र और पाँच अन्तराय इन प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है? अन्यतर देव और नारकी जो सम्यग्दृष्टि है, साकार जागृत है और सर्वविशुद्ध है वह उक्त प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है। स्त्यानगृद्धित्रिक, मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धी चतुष्क प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है? अन्यतर देव और नारकी जो मिथ्यादृष्टि है, साकार जागृत है और सम्यक्त्वके अभिमुख है वह उक्त प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है। असातावेदनीय, अरति, शोक, अस्थिर, अशुभ और अयशःकीर्तिके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है? अन्यतर देव और नारकी जो सम्यग्दृष्टि है, साकार जागृत है और तत्प्रायोग्य विशुद्ध है और वह उक्त प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है। स्त्रीवेद, नपुंसकवेद, पाँच संस्थान, पाँच संहनन, अप्रशस्त विहायोगति, दुर्भग, दुस्वर, अनादेय और नीचगोत्र इन प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है? अन्यतर देव और नारकी जो मिथ्यादृष्टि है, साकार जागृत है और तत्प्रायोग्य विशुद्ध परिणामवाला है वह उक्त प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है। दो आयुओंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है? अन्यतर देव और नारकी जो मिथ्यादृष्टि है और तत्प्रायोग्य संक्लिष्ट है वह उक्त दो आयु प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है। तिर्यञ्चगति, तिर्यञ्चानुपूर्वी, उद्योत और नीचगोत्र प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है? अन्यतर सातवीं पृथिवीका नारकी जो मिथ्यादृष्टि है, साकार जागृत है, सर्वविशुद्ध है और सम्यक्त्वके अभिमुख है वह उक्त प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है। एकेन्द्रिय जाति, आतप और स्थावर प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका

१. मूलप्रतौ देवगदि णेरइय० इति पाठः। २. मूलप्रतौ देवगदि णेरइय० इति पाठः।

जह० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० ईसाणंतदेवस्स मिच्छादि० तप्पाओग्गविसु० । एवं चेव वेउव्वियमि० । णवरि आयु० णत्थि ।

स्वामी कौन है ? अन्यतर ऐशान कल्प तकका देव जो मिथ्यादृष्टि है और तत्प्रायोग्य विशुद्ध है वह उक्त प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है । इसी प्रकार वैक्रियिकमिश्र-काययोगवाले जीवोंमें जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि इनके आयुकर्मकी दो प्रकृतियों का बन्ध नहीं होता ।

विशेषार्थ—काययोग और औदारिककाययोग एकेन्द्रियसे लेकर सयोगकेवली गुणस्थान तक होते हैं, इसलिए इनमें सब प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामित्व मूलोघके समान बन जाता है । औदारिकमिश्रकाययोगके मिथ्यादृष्टि, सासादनसम्यग्दृष्टि, अविरतसम्यग्दृष्टि और सयोगकेवली ये चार गुणस्थान हैं । यहाँ सयोगकेवली गुणस्थानसे तो प्रयोजन ही नहीं । शेष तीन गुणस्थान तिर्यञ्च और मनुष्य दोनोंकी अपर्याप्त अवस्थामें होते हैं पर मनुष्य अपर्याप्तकोंकी अपेक्षा तिर्यञ्च अपर्याप्तकोंके सब प्रकृतियोंका जघन्य स्थितिबन्ध संख्यातगुणा हीन सम्भव है, क्योंकि तिर्यञ्चोंमें एकेन्द्रियोंकी भी परिगणना होती है, इसलिए यहाँ औदारिकमिश्रकाययोगमें अपनी सब प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्ध-का स्वामी सामान्य तिर्यञ्चोंके समान कहा है । मात्र एकेन्द्रियोंके देवगति-चतुष्क और तीर्थङ्कर प्रकृतिका बन्ध नहीं होता । तथा औदारिकमिश्रकाययोगमें इनका बन्ध अविरत सम्यग्दृष्टिके ही होता है इसलिए इन प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामित्व अलगसे कहा है । औदारिकमिश्रकाययोगमें नरकायु, देवायु, नरकगति, नरकगतिप्रायोग्यानुपूर्वी, आहारक शरीर और आहारक आङ्गोपाङ्गका बन्ध नहीं होता, इस लिए इनके स्वामित्वका यहाँ प्रश्न ही नहीं उठता । वैक्रियिक काययोग देव और नारकियोंके होता है, इसलिए इस बातको ध्यानमें रखकर इस योगमें बँधनेवाली प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामित्व यथायोग्य जान लेना चाहिए । समझनेकी बात इतनी है कि जिन प्रकृतियोंकी मिथ्यादृष्टि और सासदनसम्यग्दृष्टि गुणस्थानमें बन्धव्युच्छित्ति होती है उनके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामित्व मिथ्यादृष्टि वैक्रियिककाययोगी देव और नारकी को मूलमें कही गई विशेषताको ध्यान रखकर देना चाहिए और जिन प्रकृतियोंका आगे भी बन्ध होता है उनके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामित्व अविरतसम्यग्दृष्टि वैक्रियिककाययोगी देव और नारकीको देना चाहिए । मात्र तिर्यञ्चगति द्विक, उद्योत और नीचगोत्रके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी सातवीं पृथिवीके सम्यक्त्वके सम्मुख हुए सर्वविशुद्ध नारकीको ही कहना चाहिए, क्योंकि सातवीं पृथिवीमें मिथ्यादृष्टि नारकीके मनुष्यगति द्विक और उच्चगोत्रका बन्ध नहीं होता, इसलिए उसके सम्यक्त्वके अभिमुख होनेपर भी उक्त चार प्रकृतियोंका बन्ध होता रहता है । अतएव सातवीं पृथिवीमें ही इनका जघन्य स्थितिबन्ध उपलब्ध होता है । इसी तरह वैक्रियिक काययोगमें तिर्यञ्चायु और मनुष्यायुका उसके योग्य जघन्य स्थितिबन्ध मिथ्यात्वमें ही उपलब्ध होता है, क्योंकि इन प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धके योग्य परिणाम मिथ्या-दृष्टिके ही होते हैं । यही कारण है कि यहाँ वैक्रियिक काययोगमें अपनी सब प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामित्व उक्त प्रकारसे कहा है । वैक्रियिकमिश्रकाययोगमें अपनी सब प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धके स्वामित्वके प्रति वैक्रियिककाययोगसे अन्य कोई विशेषता नहीं है । मात्र वैक्रियिकमिश्रकाययोगमें सम्यक्त्वकी उत्पत्ति नहीं होती, इसलिए जिन प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामित्व वैक्रियिककाययोगमें सम्यक्त्वके अभिमुख हुए

१२८. आहार०-आहारमि० पंचणा०-छदंसणा०-सादावे०-चदुसंज०-पुरिस०-हस्स-रदि-भय-दुगु०-देवगदि०-पंचिंदि०-तिण्णिसरीर०-समचदु०-वेउव्वि०अंगो०-वण्ण०४-देवाणुपु०-अगुरु०४-पसत्थवि०-तस०४-थिरादिछ०-णिमि०-तित्थय०-उच्चागो०-पंचंतरा० जह० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० पमत्तसंजद० सागार-जा० सव्वविसु० । असादा०-अरदि-सोग-अथिर-असुभ-अजस० जह० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० पमत्त० सागार-जा० तप्पाओग्गविसु० । देवायु० जह० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० सागार-जा० तप्पाओग्गसंकिलि० । कम्मइग० ओरालियमिस्सभंगो । णवरि आयु० णत्थि । तित्थय० दुगदियस्स[1] ।

जीवके कहा है यहाँ उनके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामित्व जो पर्याप्त होने पर सम्यक्त्वको प्राप्त होगा ऐसे जीवके जघन्य स्वामित्व कहना चाहिए। वैक्रियिकमिश्रकाययोगमें आयुका बन्ध नहीं होता यह स्पष्ट ही है।

१२८. आहारककाययोगी और आहारकमिश्रकाययोगी जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, साता वेदनीय, चार संज्वलन, पुरुषवेद, हास्य, रति, भय, जुगुप्सा, देवगति, पञ्चेन्द्रियजाति, वैक्रियिक-तैजस-कार्मण तीन शरीर, समचतुरस्रसंस्थान, वैक्रियिक आङ्गोपाङ्ग, वर्णचतुष्क, देवगतिप्रायोग्यानुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, प्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, स्थिर आदि छह, निर्माण, तीर्थंकर, उच्चगोत्र और पाँच अन्तराय प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर प्रमत्तसंयत जीव जो साकार जागृत है और सर्वविशुद्ध है वह उक्त प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है। असाता वेदनीय, अरति, शोक, अस्थिर, अशुभ और अयशःकीर्ति प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर प्रमत्तसंयत जीव जो साकार जागृत है और तत्प्रायोग्य विशुद्ध परिणामवाला है वह उक्त प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है। देवायुके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर प्रमत्तसंयत जीव जो साकार जागृत है और तत्प्रायोग्य संक्लिष्ट है वह देवायुके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है। कार्मणकाययोगी जीवोंमें अपनी सब प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी औदारिकमिश्रकाययोगी जीवोंके समान है। इतनी विशेषता है कि इनके आयुका बन्ध नहीं होता। तथा इनके तीर्थङ्कर प्रकृतिके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी दो गतिका जीव है।

विशेषार्थ—आहारक काययोग और आहारकमिश्रकाययोग प्रमत्तसंयत जीवके होता है, इसलिए प्रमत्तसंयत जीवके बँधनेवाली प्रकृतियोंकी अपेक्षा यहाँ जघन्य स्वामित्व कहा है। विशेषता मूलमें कही ही है। औदारिकमिश्रकाययोग और कार्मणकाययोगके गुणस्थान एक समान ही हैं तथा औदारिकमिश्रकाययोगके समान यह योग भी एकेन्द्रियोंके होता है इसलिए इसमें अपनी सब प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामित्व औदारिकमिश्रकाययोगके समान कहा है। मात्र यहाँ इतनी विशेषता है कि एक तो कार्मण काययोगमें आयुकर्मका बन्ध नहीं होता और दूसरे यद्यपि कार्मणकाययोगमें नरकगति, मनुष्यगति और देवगतिके जीवके तीर्थङ्कर प्रकृतिका बन्ध होता है पर इसके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी देवगति और मनुष्यगतिका जीव ही है, क्योंकि इसके योग्य सर्वविशुद्ध परिणाम इन दो गतिके कार्मणकाययोगी जीवके ही हो सकते हैं।

[1] मूलप्रतौ दुगदियस्स तित्थय० इत्थि० इति पाठः ।

१२९. इत्थि०-पुरिस० पंचणा०-चदुदंसणा०-सादावे०-चदुसंज०-पुरिस०-जसगि०-उच्चा०-पंचंत० जह० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० अणियट्टि० खवग० जह० ट्ठिदि० वट्ट० । आहार०-आहार०अंगो०-तित्थय० मूलोघं । णवरि इत्थिवेद० तित्थय० अपुव्वकरणउवसामयस्स । सेसाणं पंचिंदियतिरिक्खभंगो । णवुंस० खवगपगदीणं इत्थिभंगो । सेसं मूलोघं । अवगदवेदे ओघं ।

१३०. कोध०-माण०-माया० णवुंसगभंगो । णवरि तित्थयरं ओघं । लोभे मूलोघं ।

---

१२९. स्त्रीवेदी और पुरुषवेदी जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, सातावेदनीय, चार संज्वलन, पुरुषवेद, यशःकीर्ति, उच्चगोत्र और पाँच अन्तराय प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर अनिवृत्तिक्षपक जो जघन्य स्थितिबन्धमें अवस्थित है वह उक्त प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है । आहारक शरीर, आहारक आङ्गोपाङ्ग और तीर्थंकर प्रकृतिके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी मूलोघके समान है। इतनी विशेषता है कि स्त्रीवेदमें तीर्थङ्कर प्रकृतिके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी अपूर्वकरण उपशामक जीव है । इनके सिवा शेष सब प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चके समान है । नपुंसकवेदी जीवोंमें क्षपक प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी स्त्रीवेदी जीवोंके समान है । तथा शेष प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी मूलोघके समान है । अपगतवेदमें अपनी सब प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी ओघके समान है ।

विशेषार्थ—स्त्रीवेद, पुरुषवेद अपने अपने सवेद भागतक होते हैं इसलिए इनमें दसवें गुणस्थान और नौवें गुणस्थानमें बँधनेवाली प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी क्षपक अनिवृत्तिकरण जीवको कहा है, तथा इन दोनों वेदोंका उदय असंज्ञी पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चके भी होता है, इसलिए शेष प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चके समान कहा है । मात्र आहारकद्विक और तीर्थंकर प्रकृतिका जघन्य स्थितिबन्ध अपूर्वकरण क्षपकके होता है इसीलिए इन तीनों प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी अपूर्वकरण क्षपक जीवको कहा है । यहाँ यह बात सबसे अधिक ध्यान देने योग्य है कि जिसके तीर्थंकर प्रकृतिकी सत्ता होती है वह पुरुषवेदके साथ ही क्षपक श्रेणीपर आरोहण करता है, क्योंकि जो जीव तीर्थंकर होता है उसके जन्मसे एकमात्र पुरुषवेदका उदय होता इसलिए स्त्रीवेदमें तीर्थंकर प्रकृतिके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी उपशामक अपूर्वकरण है । जीवको कहा है । नपुंसकवेदमें क्षपक प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी स्त्रीवेदके समान है यह तो स्पष्ट ही है । मात्र नपुंसक वेदका उदय एकेन्द्रिय जीवोंसे लेकर होता है इसलिए इसमें शेष सब प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी ओघके समान कहा है । अपगतवेदमें नौवें और दशवें गुणस्थानमें बँधनेवाली प्रकृतियोंका ही बन्ध होता है, क्योंकि यह संज्ञा नौवें गुणस्थानके अवेदभागसे प्रारम्भ होती है, इसलिए इसमें उक्त प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी ओघके समान कहा है ।

१३०. क्रोध कषायवाले, मान कषायवाले और माया कषायवाले जीवोंमें सब प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी नपुंसकवेदी जीवोंके समान है । इतनी विशेषता है कि इनमें तीर्थंकर प्रकृतिके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी ओघके समान है । तथा लोभ कषायवाले जीवोंमें सब प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी मूलोघके समान है ।

१३१. मदि०-सुद० तिरिक्खोघं। विभंगे पंचणा०-णवदंसणा० सादा०-मिच्छ०-सोलसक०-पुरिस०-हस्स-रदि-भय-दुगुं०-देवगदि-पंचिंदि०-वेउव्वि०-तेजा०-क०-समचदु०-वेउव्वि०अंगो०-वण्ण०४-देवाणु०-अगुरु०४-पसत्थवि०-तस०४-थिरादिछ०-णिमि०-उच्चा०-पंचंत० जह० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० मणुस० सागार-जा० सव्वविसु० संजमाभिमुह०। असादा०-अरदि-सोग-अथिर-असुभ-अजस० जह० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० चदुगदि० सत्थाणे सागार-जा०। इत्थि०-णवुंस०-पंचसंठा०-पंचसंघ०-अप्पसत्थवि०-दूभग-दुस्सर-अणादे० जह० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० चदुगदि० तप्पाओग्गविसुद्ध०। आयुगाणं मणजोगिभंगो। तिरिक्खग० तिरिक्खाणुपु०-उज्जोव०-णीचा० जह० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० सत्तमाए पुढवीए मिच्छादि० सागार-जा० सव्वविसु० सम्मत्ताभिमुह०। णिरयगदि-तिण्णिजादि-णिरयाणु०-सुहुम-अपज्ज०-साधार० जह० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० तिरिक्ख० मणुस० तप्पाओग्गविसु०। मणुसग०-ओरालि०-ओरालि०अंगो०-वज्जरिस०-मणुसाणु०

विशेषार्थ—किसी भी कषायके उदयसे जीव क्षपक श्रेणीपर आरोहण करता है और उसके तीर्थंकर प्रकृतिका बन्ध होनेमें कोई बाधा नहीं आती, इसलिए चारों कषायोंमें तीर्थंकर प्रकृतिके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी ओघके समान कहा है। शेष कथन सुगम है।

१३१. मत्यज्ञानी और श्रुताज्ञानी जीवोंमें अपनी सब प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी सामान्य तिर्यञ्चोंके समान है। विभङ्गज्ञानमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, साता वेदनीय, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, पुरुषवेद, हास्य, रति, भय, जुगुप्सा, देवगति, पञ्चेन्द्रिय जाति, वैक्रियिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, समचतुरस्रसंस्थान, वैक्रियिक आङ्गोपाङ्ग, वर्णचतुष्क, देवगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, प्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, स्थिर आदि छह, निर्माण-उच्चगोत्र और पाँच अन्तराय प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है? अन्यतर मनुष्य जो साकार जागृत है, सर्वविशुद्ध है और संयमके अभिमुख है वह उक्त प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है। असाता वेदनीय, अरति, शोक, अस्थिर, अशुभ, अयशःकीर्ति इन प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है? अन्यतर चार गतिका जीव जो स्वस्थानमें अवस्थित है और साकार जागृत है वह उक्त प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है। स्त्रीवेद, नपुंसकवेद, पाँच संस्थान, पाँच संहनन, अप्रशस्त विहायोगति, दुर्भग, दुःस्वर और अनादेय इन प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है? अन्यतर चार गतिका जीव जो तत्प्रायोग्य विशुद्ध परिणामवाला है वह उक्त प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है। आयुकर्मकी चार प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी मनोयोगी जीवोंके समान है। तिर्यञ्चगति, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, उद्योत और नीचगोत्र इन प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है? अन्यतर सातवीं पृथिवीका नारकी जो मिथ्यादृष्टि है, साकार जागृत है, सर्वविशुद्ध है और सम्यक्त्वके अभिमुख है वह उक्त प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है। नरकगति, तीन जाति, नरकगत्यानुपूर्वी, सूक्ष्म, अपर्याप्त और साधारण इन प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है? अन्यतर तिर्यञ्च और मनुष्य जो तत्प्रायोग्य विशुद्ध परिणामवाला है वह उक्त प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है। मनुष्यगति, औदारिक शरीर, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, वज्रर्षभनाराच संहनन और मनुष्यगत्या-

जह० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० देव० णेरइयस्स सागार-जा० सव्वविसुद्ध० सम्मत्ताभिमुह० । एइंदि०-आदाव-थावर० मणजोगिभंगो ।

१३२. आभि०-सुद०-ओधि० खवगपगदीणं मूलोघं । णिद्दा-पचलाणं जह० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० अपुव्वकरणखवग० चरिमे जह० ट्ठिदि० वट्टमा० । असादा०-अरदि-सोग-अथिर-असुभ-अजस० जह० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० पमत्तसंज० सागार-जा० तप्पाओग्गविसु० । हस्स-रदि-भय-दुगुं० जह० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० अपुव्व०खवग० चरिमे जह० ट्ठिदि० वट्ट० । मणुसायु० जह० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० देव० णेरइ० सागार-जा० तप्पाओग्गसंकिलि० । देवायु०

नुपूर्वी इन प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर देव और नारकी जो साकार जागृत है, सर्वविशुद्ध है और सम्यक्त्वके अभिमुख है वह उक्त प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है। एकेन्द्रिय जाति, आतप और स्थावर प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्ध का स्वामी मनोयोगी जीवोंके समान है।

विशेषार्थ—मत्यज्ञान और श्रुताज्ञान तिर्यञ्चोंके भी होता है और इन दोनों मार्गणाओंमें जघन्य स्थितिबन्ध तिर्यञ्चोंकी अपेक्षा ही सम्भव है, इसलिए इनमें सब प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी तिर्यञ्चोंके समान कहा है। विभङ्ग ज्ञान चारों गतियोंमें सम्भव है पर इसके रहते हुए संयमके अभिमुख परिणाम मनुष्यगतिमें ही हो सकते हैं और ऐसे जीवके ही जघन्य स्थितिबन्ध होगा, इसलिए प्रथम दण्डकमें कही हुई प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी संयमके अभिमुख विभङ्गज्ञानी मनुष्य कहा है। दूसरे और तीसरे दण्डकमें जो प्रकृतियाँ गिनाई हैं उनका जघन्य स्थितिबन्ध स्वस्थानमें ही सम्भव है, इसलिए उनके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी चारों गतियोंका विभङ्गज्ञानी जीव कहा है। सातवें नरकमें मिथ्यादृष्टिके तिर्यञ्चगति आदिका ही बन्ध होता है, इसलिए सम्यक्त्वके अभिमुख होने पर भी इसके इन प्रकृतियोंका बन्ध होता रहता है। जब कि अन्यत्र ऐसी अवस्थाके प्राप्त होने पर इन प्रकृतियोंका बन्ध नहीं हो सकता है। यदि विचार कर देखा जाय तो विभङ्गज्ञानमें ऐसे जीवके ही उक्त प्रकृतियोंका जघन्य स्थितिबन्ध सम्भव है। यही कारण है कि तिर्यञ्चगति आदि चार प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी सातवीं पृथिवीका विभङ्गज्ञानी जीव कहा है। शेष कथन स्पष्ट ही है।

१३२. आभिनिबोधिकज्ञानी, श्रुतज्ञानी और अवधिज्ञानी जीवोंमें क्षपक प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी मूलोघके समान है। निद्रा और प्रचला प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर अपूर्वकरण क्षपक जो अन्तिम जघन्य स्थितिबन्धमें अवस्थित है वह उक्त दोनों प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है। असाता वेदनीय, अरति, शोक, अस्थिर, अशुभ और अयशःकीर्ति प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर प्रमत्तसंयत जो साकार जागृत है और तत्प्रायोग्य विशुद्ध परिणामवाला है वह उक्त प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है। हास्य, रति, भय और जुगुप्सा प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर अपूर्वकरण क्षपक जो अन्तिम जघन्य स्थितिबन्धमें अवस्थित है वह उक्त प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है। मनुष्यायुके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर देव और नारकी जो साकार जागृत है और तत्प्रायोग्य संक्लेश परिणामवाला है वह मनुष्यायुके जघन्य

जह० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० तिरिक्ख० मणुस० तप्पाओग्गसंकिलि० । मणुसग०-ओरालि०-ओरालि०अंगो०-वज्जरिसभ०-मणुसाणु० जह० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० देव० णेरइ० सागार-जा० सव्वविसुद्ध० । देवगदि एवं पसत्थत्तीसं जह० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० अपुव्व०खवग० परभवि० बंधचरिमे वट्ट० । अपच्चक्खा०४ जह० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० मणुस० असंज० सागार-जा० सव्वविसु० संजमाभिमुह० । पच्चक्खाणा०४ जह० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्णद० मणुस० संजदासंजद० सागार-जा० सव्वविसु० संजमाभिमुह० । मणपज्जव० ओधिभंगो । णवरि देवायु० जह० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० पमत्तसंज० तप्पाओ०संकिलि० ।

१३३. संजदा० मणपज्जवभंगो । सामाइ०-छेदो० पंचणा०-चदुदंस०-सादा०-

स्थितिबन्धका स्वामी है । देवायुके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर तिर्यञ्च और मनुष्य जो तत्प्रायोग्य संक्लेश परिणामवाला है वह देवायुके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है । मनुष्यगति, औदारिक शरीर, औदारिक आङ्गोपाङ्ग,वज्रर्षभ-नाराचसंहनन और मनुष्यगत्यानुपूर्वी प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर देव और नारकी जो साकार जागृत है और सर्वविशुद्ध है वह उक्त प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है । देवगतिसे लेकर प्रशस्त तीस प्रकृतियोंके जघन्य स्थिति-बन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर अपूर्वकरण क्षपक जो परभव सम्बन्धी प्रकृतियोंके बन्धके अन्तमें अवस्थित है वह उक्त प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है। अप्रत्याख्यानावरण चारके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर मनुष्य असंयत सम्यग्दृष्टि जो साकार जागृत है, सर्वविशुद्ध है और संयमके अभिमुख है वह उक्त प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है । प्रत्याख्यानावरण चार प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर मनुष्य संयतासंयत जो साकार जागृत है, सर्वविशुद्ध है और संयमके अभिमुख है वह उक्त चार प्रकृतियोंके जघन्य स्थिति-बन्धका स्वामी है । मनःपर्ययज्ञानमें अपनी सब प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी अवधिज्ञानीके समान है । इतनी विशेषता है कि देवायुके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर प्रमत्तसंयत जो तत्प्रायोग्य संक्लेश परिणामवाला है वह देवायुके जघन्य स्थिति बन्धका स्वामी है ।

विशेषार्थ—आभिनिबोधिक आदि तीन ज्ञान चौथेसे लेकर बारहवें गुणस्थानतक होते हैं । इनमें क्षपकश्रेणिकी प्राप्ति भी सम्भव है, इसलिए ३६ प्रकृतियोंका क्षपकश्रेणिके आठवें गुणस्थानमें, ५ का नौवेंमें और १७ का दसवेंमें जघन्य स्वामित्व कहा है । शेष प्रकृतियोंके विषयमें जहां जिनकी बन्धव्युच्छित्ति होती है और जिनके उनका बन्ध होता है इन दो बातोंको ध्यानमें रखकर उनके जघन्य स्वामित्वका विचार किया है । शेष विशेषताएँ मूलमें कही ही हैं । मनःपर्ययज्ञान ६ छठवें गुणस्थानसे होता है । अतः जितनी प्रकृतियोंका बन्ध इसके होता है उनके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामित्व अवधिज्ञानी जीवके भी छठवें आदि गुणस्थानोंमें ही प्राप्त होता है, इसलिए मनःपर्ययज्ञानमें अपनी सब प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी अवधिज्ञानी जीवोंके समान कहा है । मात्र देवायु इसका अपवाद है । कारण कि देवायु का जघन्य स्थितिबन्ध अवधिज्ञानीके चतुर्थ गुणस्थानमें होता है और मनःपर्ययज्ञानमें प्रमत्तसंयतके होता है, इसलिए इतनी विशेषता अलगसे कही है ।

१३३. संयत जीवोंमें अपनी सब प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी मनःपर्यय-

लोभसंज०-जस०-उच्चा०-पंचंत० जह० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० अणियट्टिखवगस्स चरिमे ट्ठिदि० वट्ट० । सेसं संजदभंगो । परिहार० आहारकायजोगिभंगो । णवरि सामित्तदो सट्ठाणेसु याओ सव्वविसुद्धाओ ताओ दंसणमोहणीयखवगस्स से काले कदकरणिज्जो होहिदि त्ति अथवा सत्थाणे अप्पमत्तसव्वसुद्ध० । सेसाणं आहारकायजोगिभंगो । सुहुमसंपरा० ओघं ।

१३४. संजदासंजदा० पंचणा०-छदंसणा०-सादावे०-अट्ठकसा०-पुरिस०-हस्स-रदि-भय-दुगुं०-देवगदि-पसत्थट्ठावीस-तित्थयर-उच्चा०-पंचंत० जह० ट्ठिदि०

ज्ञानी जीवोंके समान है । सामायिक संयत और छेदोपस्थापनासंयत जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, सातावेदनीय, लोभ संज्वलन, यशःकीर्ति, उच्चगोत्र और पांच अन्तराय प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामीं कौन है ? अन्यतर अनिवृत्तिक्षपक जो अन्तिम स्थितिबन्धमें अवस्थित है वह उक्त प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है । शेष प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी संयत जीवोंके समान है । परिहारविशुद्धिसंयत जीवोंमें अपनी सब प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी आहारककाययोगी जीवोंके समान है । इतनी विशेषता है कि स्वस्थानमें जो सर्वविशुद्ध परिणामोंसे बँधनेवाली प्रकृतियाँ हैं उनको जो तदनन्तर समयमें कृतकृत्य वेदक सम्यग्दृष्टि होगा ऐसा दर्शनमोहनीयका क्षपक जीव जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है, अथवा स्थानमें जो अप्रमतसंयत है, सर्व विशुद्ध परिणामवाला है वह उन प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है । तथा शेष प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी आहारककाययोगी जीवोंके समान है । सूक्ष्मसाम्परायसंयत जीवोंमें अपनी सब प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी ओघके समान है ।

विशेषार्थ—बन्धकी अपेक्षा मनःपर्ययज्ञानी और संयत जीवोंकी स्थिति एक समान है, इसलिए संयतोंमें अपनी सब प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी मनःपर्ययज्ञानके समान कहा है । सामायिक संयत और छेदोपस्थापनासंयत मात्र नौवें गुणस्थानतक होते हैं इसलिए इनमें दसवें गुणस्थानमें बन्धव्युच्छिन्न होनेवाली प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामित्व क्षपक अनिवृत्तिकरणको दिया है । शेष स्थिति संयत जीवोंके समान है, इसलिए इन दोनों संयतोंके शेष प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी संयत जीवोंके समान कहा है । परिहारविशुद्धि संयत जीवोंमें अपनी सब प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धके स्वामित्वको दो भागोंमें विभक्त कर दिया है–जो वहां सर्वविशुद्ध परिणामोंसे प्रकृतियोंका बन्ध होता है उनके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी अलगसे कहा है और शेष असाता आदि प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामित्व आहारककायजोगी जीवोंके समान कहा है । आशय यह है कि पाँच ज्ञानावरण आदि जिन प्रकृतियोंका सातवें गुणस्थानमें बन्ध होता है उनके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी या तो जो अनन्तर समयमें क्षायिकसम्यग्दृष्टि होगा ऐसा कृतकृत्य वेदक सम्यग्दृष्टि जीव कहना चाहिए या स्वस्थानमें ही सर्वविशुद्ध परिणामवाला अप्रमत्तसंयत जीव कहना चाहिए और असाता आदि प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी आहारककाययोगी जीवोंके समान तत्प्रायोग्यविशुद्ध परिणामवाला प्रमत्तसंयत जीव कहना चाहिए ।

१३४. संयतासंयत जीवोंमें पांच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, सातावेदनीय, आठ कषाय, पुरुषवेद, हास्य, रति, भय, जुगुप्सा, देवगति आदि प्रशस्त अट्ठाईस प्रकृतियाँ, तीर्थङ्कर, उच्चगोत्र और पांच अन्तराय इन प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन

कस्स० ? अण्ण० मणुस० सागार-जा० सव्वविसुद्ध० संजमाभिमुह० । असादा०-अरदि-सोग-अथिर-असुभ-अजस० जह० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० सत्थाणे तप्पाओग्गविसुद्ध० । देवायु० जह० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० तिरिक्ख० मणुस० तप्पाओग्गसंकिलि० । असंजदा० मदि०भंगो । णवरि तित्थयरं जह० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० सम्मादि० मणुस० सागार-जा० सव्वविसु० संजमाभिमुह० ।

१३५. चक्खुदं० खवगपगदीओ वेउव्वियछक्कं मूलोघं । सेसाणं चदुरिंदिय-पज्जत्तभंगो । अचक्खु० मूलोघं । ओधिदं० ओधिणाणिभंगो ।

है । अन्यतर मनुष्य जो साकार जागृत है, सर्व विशुद्ध है और संयमके अभिमुख है वह उक्त प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है । असातावेदनीय, अरति, शोक, अस्थिर, अशुभ, अयशःकीर्ति प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर स्वस्थानवर्ती तत्प्रायोग्य विशुद्ध परिणामवाला जीव उक्त प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है। देवायुके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर तिर्यञ्च और मनुष्य जो तत्प्रायोग्य संक्लेश परिणामवाला है वह देवायुके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है। असंयत जीवोंमें अपनी सब प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी मत्यज्ञानियोंके समान है । इतनी विशेषता है कि तीर्थंकर प्रकृतिके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर सम्यग्दृष्टि मनुष्य जो साकारजागृत है, सर्व विशुद्ध है और संयमके अभिमुख है वह तीर्थङ्कर प्रकृतिके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है ।

विशेषार्थ—संयतासंयतोंका एक ही गुणस्थान है । यहां संयमके सन्मुख हुए जीवके पाँच ज्ञानावरणादिका सबसे जघन्य स्थितिबन्ध होता है इसलिए इनके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी ऐसा मनुष्य कहा है और शेष प्रकृतियोंका जघन्य स्थितिबन्ध स्वस्थानमें ही होता है अतः उनके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी स्वस्थानवर्ती तिर्यञ्च और मनुष्य कहा है । असंयतोंमें जघन्य स्थितिबन्धकी अपेक्षा एकेन्द्रिय तिर्यञ्चोंकी मुख्यता है । मत्यज्ञानियोंमें भी जघन्य स्थितिबन्धके स्वामीका विचार एकेन्द्रियोंकी अपेक्षा किया है, इसलिए असंयतोंमें सब प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी मत्यज्ञानियोंके समान कहा है । मात्र जिन प्रकृतियोंका एकेन्द्रियोंके बन्ध नहीं होता उन प्रकृतियोंका विचार जिस प्रकार सामान्य तिर्यञ्चोंके विचारके समय कर आये हैं उस प्रकारसे करना चाहिए। इतनी विशेषता है कि तिर्यञ्चोंके या मत्यज्ञानियोंके तीर्थङ्कर प्रकृतिका बन्ध नहीं होता इसलिए यहाँ इसके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी अलगसे कहा है ।

१३५. चक्षुदर्शनवाले जीवोंमें क्षपक प्रकृतियाँ और वैक्रियिक छहके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी मूलोघके समान है । तथा शेष प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी चतुरिन्द्रिय पर्याप्त जीवोंके समान है । अचक्षुदर्शनवाले जीवोंमें सब प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी मूलोघके समान है। अवधिदर्शनवाले जीवोंमें अपनी सब प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी अवधिज्ञानियोंके समान है ।

विशेषार्थ—चक्षुदर्शन चतुरिन्द्रिय जीवोंसे लेकर क्षीणकषाय गुणस्थान तक होता है और अचक्षुदर्शन एकेन्द्रिय जीवोंसे लेकर क्षीणकषाय गुणस्थान तक होता है । इसलिए इनमें सब प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामित्व मूलमें कही गई विधिके अनुसार बन जाता है । अवधिदर्शनीमें अपनी सब प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी अवधिज्ञानियोंके समान है यह स्पष्ट ही है ।

१३६. [किण्ण०-णील०-काउ० अप्पप्पणो पगदीणं असंजदभंगो। णवरि] किण्ण०-णील० तित्थय० जह० ट्ठिदि० कस्स०? अण्ण० मणुस० असंजदस० सव्वविसु०। काउ० णेरइ० सव्वविसु०।

१३७. तेऊए पंचणा०-छदंसणा०-सादावे०-चदुसंज०-पुरिस०-हस्स-रदि-भय-दुगुं०-देवगदि-पसत्थएक्कत्तीस-उच्चा०-पंचंत० जह० ट्ठिदि० कस्स०? अण्ण० अप्पमत्तसंज० सव्वविसु०। थीणगिद्धि०३-मिच्छत्त-अणंताणुबंधि०४ जह० ट्ठिदि० कस्स०? अण्ण० मणुस० सव्वविसु० संजमाभिमुह०। असादा०-अरदि-सोग-अथिर-असुभ-अजस० जह० ट्ठिदि० कस्स०? अण्ण० पमत्तसंज० तप्पाओग्ग-विसुद्ध०। अपच्चक्खाणा०४ जह० ट्ठिदि० कस्स०? अण्ण० मणुस० असंजद० सागार-जा० सव्वविसु० संजमाभिमुह०। पच्चक्खाणा०४ जह० ट्ठिदि० कस्स०? अण्ण० मणुस० संजदासंजद० सागारजा० सव्वविसु० संजमाभिमुह०। इत्थि०-

---

१३६. कृष्ण, नील और कापोत लेश्यामें अपनी अपनी सब प्रकृतियोंका भङ्ग असंयतों के समान है। इतनी विशेषता है कि कृष्ण लेश्या और नील लेश्यावाले जीवोंमें तीर्थंकर प्रकृतिके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है? अन्यतर मनुष्य जो असंयत सम्यग्दृष्टि है और सर्वविशुद्ध है वह तीर्थंकर प्रकृतिके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है। कापोत लेश्यामें जो नारकी सर्वविशुद्ध है वह तीर्थंकर प्रकृतिके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है।

विशेषार्थ—कृष्ण, नील और कापोत लेश्या असंयतोंके होती है और असंयतोंमें जघन्य स्थितिबन्धकी अपेक्षा एकेन्द्रियोंकी नरकायु व देवायुकी अपेक्षा पञ्चेन्द्रियोंकी और नरकगति छहकी अपेक्षा असंज्ञियोंकी मुख्यता है, इसलिए इन लेश्याओंमें सब प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी असंयतोंके समान कहा है। मात्र तीर्थंकर प्रकृतिका बन्ध इन जीवोंके नहीं होता, इसलिए इसके जघन्य स्थितिबन्धके स्वामीका कथन अलगसे किया है। इतना अवश्य है कि नरकगतिमें तीर्थंकर प्रकृतिका बन्ध करनेवाले जीवके कृष्ण और नील लेश्या नहीं होती, इसलिए इन लेश्याओंमें तीर्थंकर प्रकृतिके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी असंयत सम्यग्दृष्टि मनुष्य कहा है और कापोत लेश्यामें नारकी जीव कहा है।

१३७. पीतलेश्यामें पांच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, सातावेदनीय, चार संज्वलन, पुरुषवेद, हास्य, रति, भय, जुगुप्सा, देवगति आदि प्रशस्त इकतीस प्रकृतियाँ, उच्च गोत्र और पाँच अन्तराय इन प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है? अन्यतर अप्रमत्त संयत जीव जो सर्वविशुद्ध है वह उक्त प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है। स्त्यान-गृद्धि तीन, मिथ्यात्व, अनन्तानुबन्धी चार प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है? अन्यतर मनुष्य जो सर्वविशुद्ध है और संयमके अभिमुख है वह उक्त प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है। असातावेदनीय, अरति, शोक, अस्थिर, अशुभ और अयशःकीर्ति प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है? अन्यतर प्रमत्तसंयत जीव जो तत्प्रायोग्य-विशुद्धपरिणामवाला है वह उक्त प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है। अप्रत्याख्यानावरण चारके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है? अन्यतर मनुष्य जो असंयत सम्यग्दृष्टि है साकारजागृत है, सर्वविशुद्ध है और संयमके अभिमुख है वह उक्त प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है। प्रत्याख्यानावरण चारके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है? अन्यतर मनुष्य जो संयतासंयत है, साकार जागृत है, सर्वविशुद्ध है और संयमके अभिमुख

णवुंस०-एइंदियजादि-पंचसंठा०-पंचसंघ०-तिरिक्खाणु०-आदाउज्जो०-अप्पसत्थवि०-थावर-दूभग-दुस्सर-अणादे०-णीचा० जह० हिदि० कस्स० ? अण्ण० देवस्स मिच्छा० तप्पाओग्गविसुद्ध० । दोआयु० जह० हिदि० कस्स० ? अण्ण० देवस्स तप्पाओग्गसंकिलि० । देवायु० जह० हिदि० कस्स० ? अण्ण० तिरिक्ख० मणुस० मिच्छादि० तप्पाओग्गसंकिलि० । मणुसग०-ओरालि०-ओरालि०अंगो०-वज्जरिसभ०-मणुसाणु० जह० हिदि० कस्स० ? अण्ण० देवस्स सम्मादि० सव्वविसु० । एवं पम्माए । णवरि एइंदिय-आदाव-थावरं णत्थि ।

१३८. सुक्काए मणजोगिभंगो । णवरि इत्थि०-णवुंस०-पंचसंठा०-पंचसंघ०-अप्पसत्थ०-दूभग-दुस्सर-अणादे०-णीचागो० जह० हिदि० कस्स० ? अण्ण० देवस्स मिच्छादि० तप्पाओग्गविसुद्ध० ।

१३९. भवसिद्धि० ओघं । अब्भवसिद्धि० मदिय०भंगो ।

१४०. सम्मादि०-खइग० ओधि०भंगो । वेदगे पंचणा०-छदंसणा०-सादावे०-

है वह उक्त प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिवन्धका स्वामी है। स्त्रीवेद, नपुंसकवेद, एकेन्द्रिय जाति, पाँच संस्थान, पाँच संहनन, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, आतप, उद्योत, अप्रशस्त विहायोगति स्थावर, दुर्भग, दुःस्वर, अनादेय और नीचगोत्र प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिवन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर देव जो मिथ्यादृष्टि है और तत्प्रायोग्य विशुद्ध परिणामवाला है वह उक्त प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिवन्धका स्वामी है। दो आयुओंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर देव जो तत्प्रायोग्य संक्लेश परिणामवाला है वह दो आयुओंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है। देवायुके जघन्य स्थितिवन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर तिर्यञ्च और मनुष्य जो मिथ्यादृष्टि है और तत्प्रायोग्य संक्लेशपरिणामवाला है वह देवायुके जघन्य स्थितिवन्धका स्वामी है। मनुष्यगति, औदारिक शरीर, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, वज्रर्षभनाराच संहनन और मनुष्यगत्यानुपूर्वीके जघन्य स्थितिवन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर देव जो सम्यग्दृष्टि है और सर्वविशुद्ध है वह उक्त प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिवन्धका स्वामी है। इसी प्रकार पद्म लेश्यामें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इस लेश्यावाले जीवोंके एकेन्द्रिय, आतप और स्थावर प्रकृतियोंका वन्ध नहीं होता।

१३८. शुक्ललेश्यामें अपनी सब प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी मनोयोगी जीवोंके समान है। इतनी विशेषता है कि इसमें स्त्रीवेद, नपुंसकवेद, पाँच संस्थान, पाँच संहनन, अप्रशस्त विहायोगति, दुर्भग, दुःस्वर, अनादेय और नीचगोत्रके जघन्य स्थितिवन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर देव जो मिथ्यादृष्टि है और तत्प्रायोग्य विशुद्ध परिमाणवाला है वह उक्त प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है।

१३९. भव्य जीवोंमें सब प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी ओघके समान है। अभव्य जीवोंमें अपनी सब प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी मत्यज्ञानियोंके समान है।

१४०. सम्यग्दृष्टि और क्षायिक सम्यग्दृष्टि जीवोंमें अपनी सब प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी अवधिज्ञानियोंके समान है। वेदकसम्यग्दृष्टियोंमें पाँच ज्ञानावरण, छह

चदुसंज०-पुरिस०-हस्स-रदि-भय-दुगुं०-देवगदि-पसत्थएक्कत्तीस-उच्चागो०-पंचंत० जह० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० अप्पमत्तसंजद० सव्वविसु० अथवा दंसणमोहक्खवगस्स कदकरणिज्जो होहिदि त्ति। सेसं ओधिभंगो। उवसम० ओधिभंगो। णवरि खवगपगदीणं उवसमगे कादव्वं।

१४१. सासणे पंचणा०-णवदंसणा०-सादावे०-सोलसक०-पुरिस०-हस्स-रदि-भय०-दुगुं०-पंचिंदिय०-तेजा०-क०-समचदु०-वण्ण०४-अगुरु०४-पसत्थवि०-तस०४-थिरादिछक्क-णिमिण-उच्चागो०-पंचंत० जह० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० चदुगदि० सागार-जा० सव्वविसु०। असादा०-इत्थि०-अरदि-सोग-चदुसंठा०-चदुसंघ०-अप्पसत्थ०-अथिरादिछक्क० जह० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० ? चदुगदिय० सागार-जा० तप्पाओग्गविसु०। तिरिक्खायु०-मणुसायु० जह० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० देव० णेरइ० तप्पाओग्गसंकिलि० अथवा चदुगदियस्स तप्पाओग्गसंकिलि०। देवायु० जह० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० तिरिक्ख० मणुस० तप्पाओ०संकिलि०। तिरिक्खगदि-तिरिक्खाणुपु०-उज्जोव-णीचा० जह० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण०

दर्शनावरण, साता वेदनीय, चार संज्वलन, पुरुषवेद, हास्य, रति, भय, जुगुप्सा, देवगति आदि इकतीस प्रकृतियाँ, उच्चगोत्र और पाँच अन्तराय प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर अप्रमत्तसंयत जीव जो सर्वविशुद्ध है वह अथवा जो अनन्तर समयमें कृतकृत्य वेदक सम्यग्दृष्टि होगा ऐसा दर्शनमोहनीयका क्षपक जीव उक्त प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है। शेष प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी अवधिज्ञानियोंके समान है। उपशमसम्यग्दृष्टि जीवोंमें अपनी सब प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी अवधिज्ञानियोंके समान है। इतनी विशेषता है कि इनमें क्षपक प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी उपशामकको कहना चाहिए।

१४१. सासादनमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, साता वेदनीय, सोलह कषाय, पुरुषवेद, हास्य, रति, भय, जुगुप्सा, पञ्चेन्द्रिय जाति, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, समचतुरस्र संस्थान, वर्णचतुष्क, अगुरुलघुचतुष्क, प्रशस्तविहायोगति, त्रस चतुष्क, स्थिर आदि छह, निर्माण, उच्चगोत्र और पाँच अन्तराय प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर चार गतिका जीव जो साकार जागृत है और सर्वविशुद्ध है वह उक्त प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है। असाता वेदनीय, स्त्रीवेद, अरति, शोक, चार संस्थान, चार संहनन, अप्रशस्त विहायोगति और अस्थिर आदि छह प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर चार गतिका जीव जो साकार जागृत है और तत्प्रायोग्य विशुद्ध परिणामवाला है वह उक्त प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है। तिर्यञ्चायु और मनुष्यायुके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर देव और नारकी जो तत्प्रायोग्य संक्लेश परिणामवाला है वह अथवा चार गतिका जीव जो तत्प्रायोग्य संक्लेश परिणामवाला है वह उक्त दोनों आयुओंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है। देवायुके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर तिर्यञ्च और मनुष्य जो तत्प्रायोग्य संक्लेश परिणामवाला है वह देवायुके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है। तिर्यञ्चगति, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, उद्योत और नीचगोत्र प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी

सत्तमाए पुढवीए णेरइ० सव्वविसु० । मणुसग०-ओरालि०-ओरालि०अंगो०-वज्ज-रिसभ०-मणुसाणु० जह० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० देव० णेरइय० सव्वविसु० । देवगदि०४ जह० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० तिरिक्ख० मणुस० सव्वविसु० ।

१४२. सम्मामिच्छा० पंचणा०-छदंसणा०-सादावे०-बारसक०-पुरिस०-हस्स-रदि-भय-दुगुं०-पंचिंदि०-तेजा०-क०-समचदु०-वण्ण०४-अगुरु०४-पसत्थ०-तस०४-थिरादिछक्क-णिमिण-उच्चा०-पंचंत० जह० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० चदुगदियस्स सागार-जा० सव्वविसु० सम्मत्ताभिमुह० । असादावे०-अरदि-सोग-अथिर-असुभ-अजस० जह० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० चदुगदियस्स सत्थाणे तप्पाओग्गविसु० । मणुसग०-ओरालि०-ओरालि०अंगो०-वज्जरिसभ०-मणुसाणु० जह० ट्ठिदि० कस्स ? अण्ण० देव० णेरइ० सव्वविसु० सम्मत्ताभिमुह० । देवगदि०४ जह० ट्ठिदि० कस्स० ? अण्ण० तिरिक्ख० मणुस० सागार-जा० सव्वविसु० सम्मत्ताभिमुह० । मिच्छादिट्ठी० मदिय०भंगो । सण्णि० मणुसभंगो । असण्णि० तिरिक्खोघं । आहार० मूलोघं । अणाहार० कम्मइगभंगो । एवं जहण्णगो समत्तो । एवं सामित्तं समत्तं ।

कौन है ? अन्यतर सातवीं पृथिवीका नारकी जो सर्वविशुद्ध है वह उक्त प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है । मनुष्यगति, औदारिक शरीर, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, वज्रर्षभनाराच संहनन और मनुष्य गत्यानुपूर्वी प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है ? अन्यतर देव और नारकी जो सर्वविशुद्ध है वह उक्त प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है देवगति चतुष्कके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्तर तिर्यञ्च और मनुष्य जो सर्व-विशुद्ध है वह उक्त प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है ।

१४२. सम्यग्मिथ्यादृष्टि जीवोंमें पांच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, साता वेदनीय, बारह कषाय, पुरुषवेद, हास्य, रति, भय, जुगुप्सा, पञ्चेन्द्रिय जाति तैजस शरीर, कार्मण शरीर, समचतुरस्र संस्थान, वर्णचतुष्क, अगुरुलघुचतुष्क, प्रशस्त विहायोगति, त्रस चतुष्क, स्थिर आदि छह, निर्माण, उच्चगोत्र और पांच अन्तराय प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर चार गतिका जीव जो साकार जागृत है, सर्वविशुद्ध है और सम्यक्त्वके अभिमुख है वह उक्त प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है। असाता वेदनीय, अरति, शोक, अस्थिर, अशुभ और अयशःकीर्ति प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर चार गतिका जीव जो स्वस्थानस्थित तत्प्रायोग्य विशुद्ध परिणाम-वाला है वह उक्त प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है । मनुष्य गति, औदारिक शरीर, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, वज्रर्षभनाराच संहनन और मनुष्यगत्यानुपूर्वी प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर देव और नारकी जो सर्वविशुद्ध है और सम्यक्त्वके अभिमुख है वह उक्त प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है । देवगति चतुष्कके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर तिर्यञ्च और मनुष्य जो साकार जागृत है, सर्वविशुद्ध है और सम्यक्त्वके अभिमुख है वह उक्त प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी है । मिथ्या-दृष्टि जीवोंमें अपनी सब प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी मत्यज्ञानियोंके समान है । संज्ञी जीवोंमें अपनी सब प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी मनुष्योंके समान है । असंज्ञी जीवोंमें तिर्यञ्चोंके समान है । आहारक जीवोंमें मूलोघके समान है और अनाहारक जीवोंमें कार्मण काययोगी जीवोंके समान है । इस प्रकार जघन्य स्वामित्व समाप्त हुआ ।

इस प्रकार स्वामित्व समाप्त हुआ ।

बंधकालपरूवणा

१४३. कालं दुविधं—जहण्णयं उक्कस्सयं च। उक्कस्सए पगदं। दुवि०—ओघे० आदे०। ओघे पंचणा०-णवदंस०-मिच्छत्त-सोलसक०-भय-दुगुं०-ओरालिय०-तेजा०-क०-वण्ण०४-अगु०-उव०-णिमि०-पंचंतराइगाणं उक्कस्सओ ट्ठिदिबंधो केवचिरं कालादो होदि? जहण्णेण एगसमयं, उक्कस्सेण अंतोमुहुत्तं। अणुक्कस्सट्ठिदिबं० केवचिरं? जह० अंतो०, उक्क० अणंतकालं असंखेज्जपोग्गलपरियट्टं। णवरि ओरालि० जह० एगस०। सादासादा०-इत्थि०-णवुंस०-हस्स-रदि-अरदि-सोग-णिरयगदि-एइंदि०-बीइंदि०-तीइंदि०-चदुरिंदि०-आहारदुग-पंचसंठा०-पंचसंघ०-णिरयाणु०-आदाउज्जो०-अप्पसत्थवि०-थावरादि०४-थिराथिर-सुभासुभ-दूभग-दुस्सर-अणादे०-जस०-अजस० उक्क० अणु० जह० एग०, उक्क० अंतो०। पुरिस० उक्क० ट्ठिदि० जह० एग०, उक्क० अंतो०। अणुक्क० ट्ठिदि० जह० एग०, उक्क० वे छावट्ठि० सादि०। चदुण्णं आयु० उक्क० ट्ठिदि० जहण्णुक्क० एगस०। अणुक्क० ट्ठिदि० जह० उक्क० अंतो०। एवं याव अणाहारग त्ति सरिसो कालो। णवरि जोग-कसाएसु अणुक्क० ट्ठिदि० जह० एग०। तिरिक्खगदि-तिरिक्खाणु०-णीचा० उक्क०

बंधकाल प्ररूपणा

१४३. काल दो प्रकारका है—जघन्य और उत्कृष्ट। उत्कृष्टका प्रकरण है। उसकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकार है—ओघ और आदेश। ओघकी अपेक्षा पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, भय, जुगुप्सा, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, वर्णचतुष्क, अगुरुलघु, उपघात, निर्माण और पांच अन्तराय प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका कितना काल है। जघन्यकाल एक समय है और उत्कृष्टकाल अन्तमुहूर्त है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका कितना काल है? जघन्यकाल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अनन्तकाल है जो असंख्यात पुद्गल परिवर्तन प्रमाण है। इतनी विशेषता है कि औदारिक शरीरके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्यकाल एक समय है। सातावेदनीय, असाता वेदनीय, स्त्रीवेद, नपुंसक वेद, हास्य, रति, अरति, शोक, नरकगति, एकेन्द्रिय जाति, द्वीन्द्रिय जाति, त्रीन्द्रिय जाति, चतुरिन्द्रिय जाति, आहारक द्विक, पांच संस्थान, पांच संहनन, नरकगत्यानुपूर्वी, आतप, उद्योत, अप्रशस्त विहायोगति, स्थावर आदि चार, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, दुर्भग, दुःस्वर, अनादेय, यशःकीर्ति और अयशःकीर्ति प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्यकाल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। पुरुष वेदके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्यकाल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्यकाल एक समय है और उत्कृष्ट काल साधिक दो छयासठ सागर प्रमाण है। चार आयुओंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। इस प्रकार अनाहारक मार्गणातक चार आयुओंका समानकाल है। इतनी विशेषता है कि योगोंमें और कषायोंमें उनके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्यकाल एक समय है। तिर्यञ्चगति, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी और नीचगोत्रके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्यकाल एक समय है और

ट्ठिदि० जह० एग०, उक्क० अंतो० । अणुक्क० जह० एग०, उक्क० असंखेज्जा लोगा । मणुसग०-वज्जरिसभ०-मणुसाणु उक्क० ट्ठिदि० जह० एग०, उक्क० अंतो० । अणुक्क० जह० एग०, उक्क० तेत्तीसं साग० । देवगदि०४ उक्क० ट्ठिदि० जह० एगस०, उक्क० अंतोमु० । अणुक्क० ट्ठिदि० जह० एगस०, उक्क० तिण्णि पलिदो० सादि० । पंचिंदि०-पर०-उस्सास-तस-बादर पज्जत्त-पत्तेय० उक्क० ट्ठिदि० जह० एग०, उक्क० अंतो० । अणुक्क० ट्ठिदि० जह० एग०, उक्क० पंचासीदिसागरोवमसदं । समचदु०-पसत्थवि०-सुभग-सुस्सर-आदे०-उच्चा० उक्क० ट्ठिदि० जह० एग०, उक्क० अंतो० । अणु० ट्ठिदि० जह० एग०, उक्क० बेछावट्ठिसाग० सादि० तिण्णि पलिदो० देसू० । ओरालि०अंगो० उक्क० ट्ठिदि० जह० एग०, उक्क० अंतो० । अणुक्क० ट्ठिदि० जह० एग०, उक्क० तेत्तीसं साग० सादि० । सत्तमादो णिग्गमंतस्स सादिरेयं । तित्थयरं उक्क० ट्ठिदि० जह० अंतो०, उक्क० अंतो० । अणुक्क० ट्ठिदि० जह० अंतो, उक्क० तेत्तीसं० सादि० ।

उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्यकाल एक समय है और उत्कृष्ट काल असंख्यात लोकप्रमाण है। मनुष्यगति, वज्रर्षभनाराच संहनन और मनुष्यगत्यानुपूर्वीके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्यकाल एक समय है और उत्कृष्टकाल अन्तर्मुहूर्त है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्यकाल एक समय और उत्कृष्टकाल तैंतीस सागर है। देवगति चतुष्कके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्टकाल अन्तर्मुहूर्त है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्यकाल एक समय है और उत्कृष्टकाल साधिक तीन पल्य है। पञ्चेन्द्रिय जाति, परघात, उच्छ्वास, त्रसकाय, बादर, पर्याप्त और प्रत्येकके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्यकाल एक समय है और उत्कृष्टकाल अन्तर्मुहूर्त है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्यकाल एक समय है और उत्कृष्ट काल एकसौ पचासी सागर है। समचतुरस्र संस्थान, प्रशस्त विहायोगति, सुभग, सुस्वर, आदेय और उच्चगोत्रके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्यकाल एक समय है और उत्कृष्टकाल अन्तर्मुहूर्त है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्टकाल साधिक दो छयासठ सागर और कुछ कम तीन पल्य है। औदारिक शरीर आङ्गोपाङ्गके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्यकाल एक समय है और उत्कृष्टकाल अन्तर्मुहूर्त है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्यकाल एक समय है और उत्कृष्ट काल साधिक तैंतीस सागर है जो सातवीं पृथ्वीसे निकलनेवाले जीवके साधिक होता है। तीर्थंकर प्रकृतिके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्यकाल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्टकाल अन्तर्मुहूर्त है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्यकाल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्टकाल साधिक तीन सागर है।

विशेषार्थ—यहां एक जीवकी अपेक्षा कालका विचार किया जा रहा है। साधारणतः सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धके योग्य परिणाम कमसे कम एक समय तक और अधिक से अधिक अन्तर्मुहूर्त कालतक होते हैं, इसलिए सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त कहा है। मात्र तीर्थंकर प्रकृति इस नियमका अपवाद है, क्यों कि उसकी कोई प्रतिपक्ष प्रकृति न होनेसे उसके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल भी अन्तर्मुहूर्त है। यहां पर मुख्यरूपसे विचार अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धके कालके सम्बन्धमें करना है। यह हम पहले ही बतला आये हैं कि कुल बन्धयोग्य १२० प्रकृतियाँ

१४४. आदेसेण णेरइएसु पंचणा०-णवदंसणा०-मिच्छत्त-सोलसक०-भय-दुगु०-तिरिक्खगदि-पंचिंदि०-ओरालिय०-तेजा०-क०-ओरालि०अंगो०-वण्ण०४-

हैं और उनमें ज्ञानावरण पाँच आदि सैंतालीस ध्रुवबन्धनी प्रकृतियां हैं। इनमें औदारिक शरीरके मिलाने पर कुल ४८ प्रकृतियां होती हैं। इनके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट काल अनन्तकाल बतलाया है। सो इसका कारण यह है कि उत्कृष्ट स्थितिबन्धके बाद इनका कमसे कम अनुत्कृष्ट स्थितिबन्ध अन्तर्मुहूर्त कालतक नियमसे होता है तभी पुनः उत्कृष्ट स्थितिबन्धके योग्य परिणाम होते हैं। पर यदि कोई जीव त्रस पर्यायके बिना निरन्तर एकेन्द्रिय पर्यायमें परिभ्रमण करता रहे तो उसे उत्कृष्ट रूपसे अनन्तकाल लगता है। तब जाकर वह त्रस होता है और त्रस होनेपर भी संज्ञी पञ्चेन्द्रिय पर्याप्त होनेपर ही इनका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध हो सकता है, अन्यथा नहीं। यही कारण है कि इन प्रकृतियोंके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट अनन्तकाल कहा है। औदारिकशरीर ध्रुवबन्धिनी प्रकृति नहीं है, इसलिए इसके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय भी बन जाता है। पर एकेन्द्रिय पर्यायमें वैक्रियिक् शरीरके बन्धकी योग्यता न होनेसे निरन्तर औदारिकशरीरका ही बन्ध होता रहता है, इसलिए ध्रुवबन्धिनी प्रकृतियोंके समान इसका भी उत्कृष्टकाल अनन्तकाल कहा है। इसके बाद साता आदि ४१ प्रकृतियोंके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जो जघन्यकाल एक समय और उत्कृष्टकाल अन्तर्मुहूर्त कहा है। सो इसका कारण यह है कि आहारकद्विकके बिना ये सब प्रतिपक्ष प्रकृतियां हैं, इसलिए इनके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त बन जाता है। तथा गुणस्थानोंके परिवर्तनके निमित्तसे आहारकद्विकका भी जघन्य काल एक समय बन जाता है। उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त स्पष्ट ही है। कोई जीव बीचमें सम्यग्मिथ्यात्वको प्राप्त होकर साधिक दो छ्यासठ अर्थात् १३२ सागरतक सम्यक्त्वके साथ रह सकता है। इसीसे यहां पुरुषवेदके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल साधिक दो छ्यासठ सागर कहा है, क्योंकि इस जीवके न तो पुरुष वेदका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध होता है और न स्त्री वेद तथा नपुंसक वेदका ही बन्ध होता है। आयुओंका उत्कृष्ट त्रिभागके प्रथम समयमें ही उत्कृष्ट स्थितिबन्ध होता है, बाकी अनुत्कृष्ट स्थितिबन्ध ही होता है। इसीसे चारों आयुओंके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्टकाल अन्तर्मुहूर्त कहा है। मात्र योग और कषायके परिवर्तनके कारण इन मार्गणाओंमें इनके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्यकाल एक समय भी बन जाता है। अग्निकायिक और वायुकायिक जीवोंकी उत्कृष्ट कायस्थिति असंख्यात लोक प्रमाण है। इनके इतने कालतक तिर्यञ्चद्विक और नीचगोत्रका ही बन्ध होता है। इसी से इन तीन प्रकृतियोंके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल असंख्यात लोकप्रमाण कहा है। देवसम्यग्दृष्टिका उत्कृष्ट काल तेतीस सागर है। इसके इतने कालतक मनुष्यद्विक और वज्रर्षभनाराच संहननका नियमसे बन्ध होता है। इसीसे इन प्रकृतियोंके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्टकाल तेतीस सागर कहा है। जो मनुष्य सम्यग्दृष्टि जीव भोगभूमिमें जन्म लेता है उसका दोनों पर्यायोंका काल साधिक तीन पल्य होता है। इसके देवगति चतुष्कका नियमसे बन्ध होता है। इसीसे इनके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्टकाल साधिक तीन पल्य कहा है। इसी प्रकार शेष रही प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धके कालका विचार कर लेना चाहिए।

१४४. आदेशसे नारकियोंमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण; मिथ्यात्व, सोलह कषाय, भय, जुगुप्सा, तिर्यञ्चगति, पञ्चेन्द्रिय जाति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण

तिरिक्खाणु०-अगुरु०४-तस०४-णिमि०-णीचा०-पंचंत० उक्क० ट्ठिदि० जह० एग०, उक्क० अंतो० । अणुक्क० ट्ठिदि० जह० एग०, उक्क० तेत्तीसं० । पुरिस०-मणुसग०-समचदु०-वज्जरिसभ०-मणुसाणु०-पसत्थवि०-सुभग-सुस्सर-आदे०-उच्चा० उक्क० ट्ठिदि० जह० एग०, उक्क० अंतो० । अणुक्क० ट्ठिदि० जह० एग०, उक्क० तेत्तीसं साग० देसू० । तित्थयर० उक्क० ट्ठिदि० जह० एग०, उक्क० अंतो० । अणुक्क० ट्ठिदि० जह० एग०, उक्क०, तिण्णिसागरो० सादि० । सेसाणं उक्क० अणुक्क० ट्ठिदि० जह० एग०, उक्क० अंतो० । एवं सत्तमाए पुढवीए । णवरि मणुसगदि-मणुसाणु०-उच्चा० उक्क० ट्ठिदि० जहण्णुक्क० अंतो० । अणु० ट्ठिदि० जह० अंतो०, उक्क० तेत्तीसं साग० देसू० । तित्थयरं च वज्ज० । पढमादि छट्ठि त्ति तिरिक्खग०-तिरिक्खाणु-णीचा० सादभंगो । सेसं णिरयोघं । णवरि अप्पप्पणो ट्ठिदि कादव्वं । तित्थयर० उक्क० ट्ठिदि० णिरयोघं । अणु ट्ठिदि० जह० एग०, उक्क० सागरो० देसू० तिण्णि साग० देसू० तिण्णि साग० सादि० ।

शरीर, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, त्रसचतुष्क, निर्माण, नीचगोत्र और पाँच अन्तराय प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्यकाल एक समय है और उत्कृष्टकाल अन्तर्मुहूर्त है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्यकाल एक समय है और उत्कृष्टकाल तेतीस सागर है। पुरुषवेद, मनुष्यगति, समचतुरस्रसंस्थान, वज्रर्षभ-नाराचसंहनन, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, प्रशस्तविहायोगति, सुभग, सुस्वर, आदेय और उच्चगोत्रके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्यकाल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्यकाल एक समय है और उत्कृष्ट काल कुछ कम तेतीस सागर है। तीर्थंकर प्रकृतिके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्त-र्मुहूर्त है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्यकाल एक समय है और उत्कृष्ट काल साधिक तीन सागर है। शेष प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्यकाल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। इसी प्रकार सातवीं पृथिवीमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि यहाँपर मनुष्यगति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी और उच्चगोत्रके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्टकाल अन्तर्मुहूर्त है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्यकाल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट काल कुछ कम तेतीस सागर है। परन्तु यहाँपर तीर्थंकर प्रकृतिका बन्ध नहीं होता। पहिली पृथिवीसे लेकर छठवीं पृथिवीतक तिर्यञ्चगति, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी और नीच-गोत्रके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका काल साता प्रकृतिके कालके समान है। तथा शेष प्रकृतियोंका उक्त काल सामान्य नारकियोंके समान है। इतनी विशेषता है कि अपनी अपनी उत्कृष्ट स्थिति प्रमाण कहना चाहिए। तीर्थंकर प्रकृतिके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका काल सामान्य नारकियोंके समान है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल प्रथमादि तीन पृथिवियोंमें क्रमसे कुछ कम एक सागर, कुछ कम तीन सागर और साधिक तीन सागर प्रमाण है।

विशेषार्थ—सातवें नरकमें पाँच ज्ञानावरण आदि प्रथम दण्डकमें कहीं गईं ५९ प्रकृ-तियोंका मिथ्यादृष्टि नारकीके निरन्तर बन्ध होता रहता है, इसलिए इनके अनुत्कृष्ट स्थिति-बन्धका उत्कृष्ट काल तेतीस सागर कहा है। दूसरे दण्डकमें कही गई पुरुषवेद आदि १०

१४५. तिरिक्खगदीए तिरिक्खेसु पंचणा०-णवदंसणा०-मिच्छत्त-सोलसक०-भय-दुगुं०-ओरालि०-तेजा०-क०-वण्ण०४-अगुरु०४-उप०-णिमि०-पंचंत० उक्क० ट्ठिदि० ओघं। अणु० ट्ठिदि० जह० एग०, उक्क० अणंतकाल०। पुरिस०-देवगदि-वेउव्विय०-समचदु०-वेउव्वि० अंगो०-देवाणु०-पसत्थवि०-सुभग-सुस्सर-आदे०-उच्चा० उक्क० ट्ठिदि० ओघं। अणु० ट्ठिदि० जह० एग०, उक्क० तिण्णिपलिदो०। तिरिक्खग०-तिरिक्खाणुपु०-णीचा० उक्क० अणु० ट्ठिदि० ओघं। पंचिंदिय-परघादुस्सा०-तस०४ उक्क० ट्ठिदि० ओघं। अणु० ट्ठिदि० जह० एग०, उक्क० तिण्णि-पलिदो० सादिरे०। सेसाणं उक्क० अणु० जह० एग०, उक्क० अंतो०।

प्रकृतियोंका सातवें नरकके सम्यग्दृष्टि नारकीके निरन्तर बन्ध होता है, इसलिए इनके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल कुछ कम तेतीस सागर कहा है। तीर्थङ्कर प्रकृतिका तीसरे नरक तक ही बन्ध होता है। उसमें ऐसे जीवको साधिक तीन सागरसे अधिक आयु नहीं प्राप्त होती, इसलिए इसके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल साधिक तीन सागर कहा है। नरकमें बँधनेवाली शेष सब प्रतिपक्ष प्रकृतियाँ हैं, इसलिए इनके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त कहा है। मात्र इनमें उद्योत प्रकृति प्रतिपक्ष नहीं है। तथापि इसका निरन्तर बन्धका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त होनेसे इसके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका भी उक्त काल कहा है। यह काल सातवीं पृथिवीकी मुख्यतासे कहा गया है इसलिए सातवीं पृथिवीमें यह काल इसी प्रकार घटित होता है। मात्र सातवीं पृथिवीमें मिश्र और अविरत सम्यग्दृष्टि नारकीके केवल मनुष्यद्विक और उच्चगोत्रका बन्ध होनेके कारण इनके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त ही उपलब्ध होता है। शेष कथन सुगम है। इतनी विशेषता है कि तीर्थङ्कर प्रकृतिका बन्ध तीसरे नरकतक ही होता है।

१४५. तिर्यञ्चगतिमें तिर्यञ्चोंमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, भय, जुगुप्सा, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, वर्ण चतुष्क, अगुरुलघु-चतुष्क, उपघात, निर्माण और पाँच अन्तराय प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका काल ओघके समान है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अनन्त काल है। पुरुषवेद, देवगति, वैक्रियिक शरीर, समचतुरस्रसंस्थान, वैक्रियिक शरीर आङ्गोपाङ्ग, देवगत्यानुपूर्वी, प्रशस्त विहायोगति, सुभग, सुस्वर, आदेय और उच्चगोत्र प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका काल ओघके समान है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल तीन पल्य है। तिर्यञ्चगति, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी और नीचगोत्र प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका काल ओघके समान है। पञ्चेन्द्रियजाति, परघात, उच्छ्वास और त्रसचतुष्क प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका काल ओघके समान है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल साधिक तीन पल्य है। शेष प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है।

विशेषार्थ—पाँच ज्ञानावरण आदि प्रकृतियोंके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जो उत्कृष्ट काल अनन्तकाल कहा है सो इसका स्पष्टीकरण जिस प्रकार ओघ प्ररूपणाके समय कर आये हैं उसी प्रकार यहाँ भी कर लेना चाहिए। जो बद्ध तिर्यञ्चायु कृतकृत्य वेदकसम्यग्दृष्टि या क्षायिक सम्यग्दृष्टि मनुष्य तीन पल्यकी आयुवाले तिर्यञ्चोंमें उत्पन्न होता है उसके तिर्यञ्च

१४६. पंचिंदियतिरिक्ख०३ धुविगाणं उक्क० ट्ठिदि० ओघं। अणु० ट्ठिदि० जह० एग०, उक्क० तिण्णिपलिदो० पुव्वकोडिपुधत्तेणब्भहियाणि। पुरिस०-देवगदि०-वेउव्वि०-समचदु०-वेउव्वि०अंगो-देवाणु०-पसत्थवि०-सुभग-सुस्सर--आदे०-उच्चा० उक्क० ट्ठिदि० ओघं। अणु० जह० एग०, उक्क० तिण्णिपलिदो०। जोणिणीसु देसूणं। [पंचिंदिय-]पर०-उस्सा०-तस०४ तिरिक्खोघं। सेसाणं उक्क० अणु० जह० एग०, उक्क० अंतो०। पंचिंदियतिरिक्खअपज्जत्त० सव्वपगदीणं उक्क० अणु० जह० एग०, उक्क० अंतो०।

१४७. मणुस०३ पंचिंदियतिरिक्खभंगो। णवरि पुरिस०-देवगदि०४-पंचिंदिय०-

---

पर्यायमें तीन पल्य कालतक निरन्तर पुरुषवेद आदि ग्यारह प्रकृतियोंका अनुत्कृष्ट स्थितिबन्ध नियमसे होता रहता है। इसीसे यहाँ इन प्रकृतियोंके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल तीन पल्य कहा है। तिर्यञ्चगतित्रिकके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका काल ओघ प्ररूपणामें जिस प्रकार घटित करके बतला आये हैं उसी प्रकार यहाँ पर भी घटित कर लेना चाहिए। उससे इसमें कोई विशेषता नहीं है, इसलिए यहाँ उन प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका काल ओघके समान कहा है। पञ्चेन्द्रियजाति आदि सात प्रकृतियोंका उत्तम भोगभूमिमें उत्पन्न होनेवाला तिर्यञ्च साधिक तीन पल्यतक निरन्तर बन्ध करता है, इसलिए इनके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल साधिक तीन पल्य कहा है। शेष कथन स्पष्ट ही है।

१४६. पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चत्रिकमें ध्रुवबन्ध प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका काल ओघके समान है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल पूर्वकोटि पृथक्त्व अधिक तीन पल्य है। पुरुषवेद, देवगति, वैक्रियिकशरीर, समचतुरस्रसंस्थान, वैक्रियिक आङ्गोपाङ्ग, देवगत्यानुपूर्वी, प्रशस्त विहायोगति, सुभग, सुस्वर, आदेय और उच्चगोत्र प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका काल ओघके समान है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल तीन पल्य है। किन्तु योनिनी तिर्यञ्चोंमें इन प्रकृतियोंके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल कुछ कम तीन पल्य है। पञ्चेन्द्रिय जाति, परघात, उच्छ्वास और त्रसचतुष्कके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका काल सामान्य तिर्यञ्चोंके समान है। तथा शेष प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्तकोंमें सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है।

विशेषार्थ—पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चत्रिककी उत्कृष्ट कायस्थिति पूर्वकोटि पृथक्त्व अधिक तीन पल्य है। इनके इतने कालतक ध्रुवबन्धिनी प्रकृतियोंका अनुत्कृष्ट स्थितिबन्ध हो सकता है। इसीसे यहां इन प्रकृतियोंके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल उक्त प्रमाण कहा है। पुरुषवेद आदि प्रकृतियोंके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धके उत्कृष्ट कालका स्पष्टीकरण जिस प्रकार सामान्य तिर्यञ्चोंके कर आये हैं उसी प्रकार यहां जानना चाहिए। मात्र सम्यग्दृष्टि मनुष्य मर कर योनिनी तिर्यञ्चोंमें नहीं उत्पन्न होता, इसलिए इनमें इन प्रकृतियोंके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल कुछ कम तीन पल्य कहा है। शेष कथन सुगम है।

१४७. मनुष्यत्रिकमें पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चोंके समान भङ्ग है। इतनी विशेषता है कि इनमें

समचदु०-परघादुस्सा०-पसत्थवि०-तस०४-सुभग-सुस्सर-आदे०-उच्चा० उक्क० ओघं। अणु० जह० एग०, उक्क० तिण्णिपलिदो० सादि०। णवरि मणुसिणीसु पुरिसवेद० देवगदि०४-समचदु०-पसत्थवि०-सुभग-सुस्सर-आदे०-उच्चा०उक्क० ओघं। अणु० जह० एग०, उक्क० तिण्णिपलिदो० देसू०। तित्थय० उक्क० ओघं। अणु० जह० एग०, उक्क० पुव्वकोडी देसू०। आहार०-आहार०अंगो० ओघं। मणुसअपज्ज० पंचिंदियतिरिक्खअपज्जत्तभंगो।

१४८. देवगदीए देवेसु पंचणा०-छदंसणा०-बारसक०-पुरिस०-भय-दुगुं० मणुसग०-पंचिंदि०-ओरालि०-तेजा०-क०-समचदु०-ओरालि०अंगो०-वज्जरिसभ०-वण्ण०४-मणुसाणु०-अगुरु०४-पसत्थवि०-तस०४-सुभग-सुस्सर-आदे०-णिमिण-तित्थय०-उच्चा०-पंचंत० उक्क० ओघं। अणु० ट्ठिदि० जह० एग०, उक्क० तेत्तीसं०। थीणगिद्धि०३-मिच्छत्त-अणंताणुवंधि०४ उक्क० ट्ठिदि० ओघं। अणु० जह० एग०,

---

पुरुषवेद, देवगति चतुष्क, पञ्चेन्द्रिय जाति, समचतुरस्रसंस्थान, परघात, उच्छ्वास, प्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, सुभग, सुस्वर, आदेय और उच्चगोत्र प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका काल ओघके समान है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्यकाल एक समय है और उत्कृष्ट काल साधिक तीन पल्य है। इतनी विशेषता है कि मनुष्यनियोंमें पुरुषवेद, देवगति चतुष्क, समचतुरस्र संस्थान, प्रशस्त विहायोगति, सुभग, सुस्वर, आदेय और उच्चगोत्र प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका काल ओघके समान है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्यकाल एक समय है और उत्कृष्ट काल कुछ कम तीन पल्य है। तीर्थंकर प्रकृतिके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका काल ओघके समान है। तथा अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल कुछ कम एक पूर्वकोटि प्रमाण है। तथा आहारक शरीर और आहारक आङ्गोपाङ्गके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका काल ओघके समान है। मनुष्य अपर्याप्तकोंमें अपनी सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका काल पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्तकोंके समान है।

विशेषार्थ—मनुष्योंमें जो सम्यग्दृष्टि मनुष्य होते हैं वे मरकर तीन पल्यकी आयुवाले मनुष्योंमें भी उत्पन्न होते हैं। इससे इनमें पुरुषवेद आदि ११ प्रकृतियोंके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल तिर्यञ्चोंके समान तीन पल्य न कहकर साधिक तीन पल्य कहा है। पर ऐसा जीव मरकर मनुष्यनियोंमें नहीं उत्पन्न होता, इसलिए इनमें इन पुरुषवेद आदि ११ प्रकृतियोंके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल कुछ कम तीन पल्य कहा है। यद्यपि ओघसे तीर्थंकर प्रकृतिके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्यकाल अन्तर्मुहूर्त कहा है पर नरकगतिमें और यहां यह काल एक समय कहनेका कारण अन्य है। शेष कथन सुगम है।

१४८. देवगतिमें देवोंमें पाँच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, बारह कषाय, पुरुषवेद, भय, जुगुप्सा, मनुष्यगति, पञ्चेन्द्रिय जाति, औदारिक शरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, समचतुरस्रसंस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, वज्रर्षभनाराचसंहनन, वर्णचतुष्क, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, प्रशस्तविहायोगति, त्रसचतुष्क, सुभग, सुस्वर, आदेय, निर्माण, तीर्थंकर, उच्चगोत्र और पाँच अन्तराय प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका काल ओघके समान है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल तेतीस सागर है। स्त्यानगृद्धि तीन, मिथ्यात्व और अनन्तानुवन्धी चतुष्कके उत्कृष्ट स्थिति-

उक्क० एक्कत्तीसं० । सेसाणं उक्क० ट्ठिदि० अणु० ट्ठिदि० जह० एग०, उक्क० अंतो० । एवं सव्वदेवाणं अप्पप्पणो ट्ठिदी णादव्वा ।

१४९. इंदियाणुवादेण एइंदिएसु धुविगाणं उक्क० ओघं । अणु० जह० अंतो०, उक्क० असंखेज्जा लोगा । तिरिक्खगदि-तिरिक्खाणु०-णीचा० उक्क० अणु० ओघं । सेसाणं उक्क० अणु० जह० एग०, उक्क० अंतो० । बादरे धुविगाणं उक्क० ओघं । अणु० जह० एग०, उक्क० अंगुलस्स असंखे० । बादरपज्जत्ते संखेज्जाणि वस्ससहस्साणि । तिरिक्खगदि-तिरिक्खाणु०णीचा० उक्क० ओघं । अणु० जह० एग० उक्क० कम्मट्ठिदी । बादरपज्जत्ते संखेज्जाणि वस्ससहस्साणि । सेसाणं एइंदियोघं ।

बन्धका काल ओघके समान है । अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्यकाल एक समय है और उत्कृष्ट काल इकतीस सागर है । तथा शेष प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्ध और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्यकाल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है । इसी प्रकार सब देवोंके अपनी अपनी स्थितिको ध्यानमें रखकर काल जानना चाहिए ।

विशेषार्थ—प्रथम दण्डकमें कही गई पाँच ज्ञानावरण आदि ५९ प्रकृतियोंका देवोंके मिथ्यात्व और सम्यक्त्व दोनों अवस्थाओंमें सतत बन्ध होता है इसलिए इनके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्टकाल सामान्य देवोंकी अपेक्षा तेतीस सागर कहा है। तथा दूसरे दण्डकमें कही गई स्त्यानगृद्धि आदि ८ प्रकृतियोंका सम्यग्दृष्टिके बन्ध नहीं होता और देवोंके मिथ्यात्वका उत्कृष्ट काल इकतीस सागर है, इसलिए इन प्रकृतियोंके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल इकतीस सागर कहा है । नौ अनुदिश और पाँच अनुत्तरवासी देवोंके दूसरे दण्डकमें कही गई प्रकृतियोंका बन्ध ही नहीं होता । हां, प्रथम दण्डकमें कही गई प्रकृतियोंका बन्ध अवश्य होता है, इसलिए इनके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल जिसकी जितनी स्थिति है उतना जानना चाहिए । पर भवनवासी देवोंसे लेकर नौ ग्रैवेयक तकके शेष देवोंके प्रथम और द्वितीय दण्डकमें कही गई सब प्रकृतियोंका बन्ध होता है इसलिए इन सब प्रकृतियोंके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल जहाँ जो उत्कृष्ट स्थिति हो उतना जानना चाहिए । अब रह गया तीसरा दण्डक सो इसमें कही गई प्रकृतियोंमेंसे जहाँ जितनी प्रकृतियोंका बन्ध होता है उनके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका सर्वत्र जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त ही है, क्योंकि ये सब प्रतिपक्ष प्रकृतियाँ हैं ।

१४९. इन्द्रिय मार्गणाके अनुवादसे एकेन्द्रियोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका काल ओघके समान है । अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल अन्तर्मुहुर्त है और उत्कृष्ट काल असंख्यात लोक प्रमाण है । तिर्यञ्चगति, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी और नीचगोत्र प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका काल ओघके समान है । शेष सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक सयम है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है । बादर एकेन्द्रियोंमें ध्रुवबन्ध वाली प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका काल ओघके समान है । अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अंगुलके असंख्यातवें भाग प्रमाण है । बादर एकेन्द्रिय पर्याप्त जीवों में इनके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल संख्यात हजार वर्ष है । तिर्यञ्चगति, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी और नीचगोत्र प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका काल ओघके समान है । अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल कर्मस्थितिप्रमाण है । बादर एकेन्द्रिय पर्याप्त जीवोंमें तिर्यञ्चत्रिक प्रकृतियोंके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल संख्यात हजार वर्ष है । तथा शेष प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका काल सामान्य एकेन्द्रियोंके समान है ।

१५० बादरअपज्जत्त० तिरिक्खअपज्जत्तभंगो । सुहुमे धुविगाणं उक्क० ओघं । अणु० जह० अंतो०, उक्क० अंगुलस्स असंखे० । एवं तिरिक्खगदितिगं । णवरि अणु० जह० एग० । सुहुमपज्जत्ते सव्वाणं उक्क० अणु० जह० एग०, उक्क० अंतो० । सुहुमअपज्जत्तेसु धुविगाणं उक्क० ओघं । अणु० जहण्णु० अंतो० । सेसाणं उक्क० अणु० जह० एग०, उक्क० अंतो० ।

१५१. बीइंदि०-तीइंदि०-चदुरिंदि० धुविगाणं उक्क० ओघं। अणु० जह० एग०, उक्क० संखेज्जाणि वाससहस्साणि । सेसाणं उक्क० अणु० जह० एग०, उक्क०

विशेषार्थ—यद्यपि एकेन्द्रियोंकी कायस्थिति अनन्त काल प्रमाण है, तथापि एकेन्द्रियोंके दो भेद हैं—बादर एकेन्द्रिय और सूक्ष्म एकेन्द्रिय । इनमेंसे बादरोंमें पर्याप्त होने पर एकेन्द्रियोंके योग्य उत्कृष्ट स्थितिबन्ध होता है, सूक्ष्म जीवोंमें नहीं । किन्तु यहाँ एकेन्द्रिय सामान्यकी अपेक्षा अनुत्कृष्ट स्थितिबन्ध होता है और सूक्ष्म एकेन्द्रियोंका उत्कृष्ट काल असंख्यात लोकप्रमाण है इसीसे एकेन्द्रियोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल असंख्यात लोकप्रमाण कहा है । तथा इनमें तिर्यञ्चगति, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी और नीचगोत्रका निरन्तर बन्ध अग्निकायिक और वायुकायिक जीवोंके होता है और इनकी उत्कृष्ट कायस्थिति असंख्यात लोकप्रमाण है । ओघसे इन तीन प्रकृतियोंके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल इतना ही कहा है। इसीसे यहाँ इन प्रकृतियोंके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल ओघके समान कहा है । बादर एकेन्द्रियोंकी उत्कृष्ट कायस्थिति अंगुलके असंख्यातवें भागप्रमाण है इसलिए इनमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल उक्त प्रमाण कहा है । तथा बादर अग्निकायिक और बादर वायुकायिक जीवोंकी उत्कृष्ट कायस्थिति कर्मस्थिति प्रमाण होनेसे बादर एकेन्द्रियोंमें तिर्यञ्चगतित्रिकके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल कर्मस्थितिप्रमाण कहा है, क्योंकि इन प्रकृतियोंका इतने काल तक निरंतर बन्ध इन्हीं जीवोंके होता है । बादर एकेन्द्रिय पर्याप्त जीवोंकी उत्कृष्ट कायस्थिति संख्यात हजार वर्ष है इसलिए इनमें ध्रुवबन्धवाली और तिर्यञ्चगतित्रिकके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल संख्यात हजार वर्षप्रमाण कहा है। शेष कथन स्पष्ट ही है ।

१५०. एकेन्द्रिय बादर अपर्याप्तकोंमें तिर्यञ्च अपर्याप्तकोंके समान भङ्ग है। सूक्ष्म एकेन्द्रियोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका काल ओघके समान है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट काल अङ्गुलके असंख्यातवें भाग प्रमाण है । इसी प्रकार तिर्यञ्चगतित्रिकका काल जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इनके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है । सूक्ष्म पर्याप्त जीवोंमें सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है ।सूक्ष्म अपर्याप्तकोंमें ध्रुवबन्धवालीप्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका कालओघके समान है। तथा अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है । शेष प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है ।

१५१. द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय और चतुरिन्द्रिय जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका काल ओघके समान है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल समय है और उत्कृष्ट काल संख्यात हजार वर्ष है। शेष प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका

अंतो० । एवं पज्जत्तगे वि । अपज्जत्ता० तिरिक्खअपज्जत्तभंगो ।

१५२. पंचिंदिय०२ पंचणा०-णवदंस०-मिच्छत्त-सोलसक०-भय-दुगुं०-तेजा०-क०-वण्ण०४-अगु०-उप०-णिमि०-पंचंत० उक्क० ओघं । अणु० जह० एग०, उक्क० सागरोवमसहस्साणि पुव्वकोडिपुध० । पज्जत्ते सागरोवमसदपुधत्तं । तिरिक्खगदि-ओरालि०-ओरालि०अंगो०-तिरिक्खाणु०-णीचा० उक्क० ओघं । अणुक्क० जह० एग०, उक्क० तेत्तीसं सा० सादि० । सेसाणं मूलोघं । पंचिंदियअपज्जत्ते तिरिक्ख-अपज्जत्तभंगो ।

१५३. कायाणुवादेण पुढवि०-आउ० धुविगाणं उक्क० ओघं । अणुक्क० जह० एग०, उक्क० असंखेज्जा लोगा । बादर० कम्मट्ठिदी० । बादर० पज्जत्ते संखेज्जाणि वस्ससहस्साणि । सेसाणं पगदीणं उक्क० अणु० ट्ठिदि० जह० एग०, उक्क० अंतो ।

जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है । इसी प्रकार इनके पर्याप्त जीवोंमें भी जानना चाहिए । इनके अपर्याप्त जीवोंमें अपनी सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका काल तिर्यञ्च अपर्याप्तकोंके समान है ।

विशेषार्थ—द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय और चतुरिन्द्रिय जीवोंकी उत्कृष्ट कायस्थिति संख्यात हजार वर्षप्रमाण है, इसीलिए इनमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल संख्यात हजार वर्षप्रमाण कहा है । शेष कथन स्पष्ट ही है ।

१५२. पञ्चेन्द्रिय और पञ्चेन्द्रिय पर्याप्त जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, भय, जुगुप्सा, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, वर्णचतुष्क, अगुरुलघु, उपघात, निर्माण और पाँच अन्तराय प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका काल ओघके समान है । अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल पूर्वकोटि पृथक्त्व अधिक एक हजार सागर और पर्याप्तकोंमें सौ सागर पृथक्त्व है । तिर्यञ्चगति, औदारिक शरीर, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी और नीच गोत्र प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका काल ओघके समान है । अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल साधिक तेतीस सागर है । तथा शेष प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका काल मूलोघके समान है । पञ्चेन्द्रिय अपर्याप्त जीवोंमें अपनी सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका काल तिर्यञ्च अपर्याप्तकोंके समान है ।

विशेषार्थ—प्रथम दण्डकमें कही गई प्रकृतियोंके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल पञ्चेन्द्रिय और पञ्चेन्द्रिय पर्याप्त जीवोंकी कायस्थितिको ध्यानमें रखकर कहा है । सातवें नरकमें मिथ्यादृष्टिके तिर्यञ्चगति आदि पाँच प्रकृतियोंका निरन्तर बन्ध होता रहता है और वहाँसे निकलने पर संक्लेश परिणामवश अन्तर्मुहूर्त काल तक इनका बन्ध होना सम्भव है, इसलिए इनके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल साधिक तेतीस सागर कहा है । शेष कथन स्पष्ट ही है ।

१५३. काय मार्गणाके अनुवादसे पृथिवीकायिक और जलकायिक जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका काल ओघके समान है । अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल असंख्यात लोकप्रमाण है । इनके बादर जीवोंमें अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल कर्मस्थितिप्रमाण है । बादर पर्याप्त जीवोंमें संख्यात हजार वर्षप्रमाण है । तथा इन सब जीवोंमें शेष प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थिति-

अपज्जत्तेसु एइंदियअपज्जत्तभंगो। सुहुमाणं सुहुमेइंदियभंगो। णवरि अणु० जह० एग०, उक्क० तिरिक्खगदितिगं सादभंगो। एवं तेउ० वाउ०। णवरि तिरिक्खगदितिगं धुवं कादव्वं। वणप्फदि-णियोदेसु एइंदियभंगो। णवरि तिरिक्खगदितियं सादभंगो। बादरवणप्फदि० बादरपुढवि०भंगो।

१५४. तस०२ पंचिंदियभंगो। णवरि कायट्ठिदी कादव्वा। अपज्जत्ते पंचिंदिय-अपज्जत्तभंगो।

१५५. पंचमण०-पंचवचि० सव्वपगदीणं उक्क० अणु० जह० एग०, उक्क० अंतो०।

१५६. कायजोगीसु पंचणा०-णवदंस०-मिच्छत्त-सोलसक०-भय-दुगुं०-ओरा-

बन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। इनके अपर्याप्त जीवोंमें सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका काल एकेन्द्रिय अपर्याप्तकोंके समान है। इनके सूक्ष्म जीवोंमें सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका काल सूक्ष्म एकेन्द्रियोंके समान है। इतनी विशेषता है कि इनमें अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका काल एक समय है। तथा तिर्यञ्चगतित्रिकके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका काल साता प्रकृतिके समान है। इसी प्रकार अग्निकायिक और वायुकायिक जीवोंके जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इनके तिर्यञ्च-गतित्रिकका ध्रुवबन्ध होता है। वनस्पतिकायिक और निगोद जीवोंमें सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका काल एकेन्द्रियोंके समान है। इतनी विशेषता है कि तिर्यञ्चगतित्रिकका भङ्ग साता प्रकृतिके समान है। बादर वनस्पतिकायिक जीवोंमें सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका काल बादर पृथिवीकायिक जीवोंके समान है।

विशेषार्थ—एकेन्द्रियोंमें सब प्रकृतियोंके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धके उत्कृष्ट कालका खुलासा कर आये हैं उसे ध्यानमें रखकर यहाँ कालका स्पष्टीकरण कर लेना चाहिए।

१५४. त्रसकायिक और त्रसकायिक पर्याप्त जीवोंमें सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका काल पञ्चेन्द्रियोंके समान है। इतनी विशेषता है कि यहाँ इनकी कायस्थिति कहनी चाहिए। इनके अपर्याप्त जीवोंमें सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका काल पञ्चेन्द्रिय अपर्याप्तकोंके समान है।

विशेषार्थ—पहले पञ्चेन्द्रिय और पञ्चेन्द्रिय पर्याप्त जीवोंमें सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट काल कह आये हैं उसी प्रकार यहाँ भी कहना चाहिए। मात्र यहाँ पाँच ज्ञानावरण आदि ४७ ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल क्रमसे पूर्वकोटिपृथक्त्व अधिक दो हजार सागर और दो हजार सागर प्रमाण कहना चाहिए, क्योंकि इन जीवोंकी इतनी ही कायस्थिति है।

१५५. पाँचों मनोयोगी और पाँचों वचनयोगी जीवोंमें सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है।

विशेषार्थ—इन योगोंका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। इसीसे इनमें सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त कहा है।

१५६. काययोगी जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, सोलह कषाय,

लिय०-तेजा०-क०-वण्ण०४-अगु०-उप०-णिमि० पंचंत० उक्क० ओघं। अणु० जह० एग०, उक्क० अणंतकालं०। तिरिक्खगदितिगं उक्क० अणु० ओघं। सेसाणं मण-जोगिभंगो। ओरालियका० धुविगाणं उक्क० ओघं। अणु० ट्ठिदि० जह० एग०, उक्क० बावीसं वस्ससहस्साणि देसू०। तिरिक्खगदितिगं उक्क० ओघं। अणु० जह० एग०, उक्क० तिण्णि वस्ससहस्साणि देसू०। सेसाणं कायजोगिभंगो।

१५७. ओरालियमि० पंचणा०-णवदंसणा०-मिच्छत्त-सोलसक०-भय-दुगुं०-ओरालि०-तेजा०-क०-वण्ण०४-अगु०-उप०-णिमि०-तित्थय०-पंचंतरा० उक्क० अणु०

भय, जुगुप्सा, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, वर्णचतुष्क, अगुरुलघु, उपघात, निर्माण और पाँच अन्तराय प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका काल ओघके समान है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अनन्त काल है। तिर्यञ्चगतित्रिक प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका काल ओघके समान है। तथा शेष प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका काल मनोयोगी जीवोंके समान है। औदारिक काययोगवाले जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका काल ओघके समान है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल कुछ कम बाईस हजार वर्ष है। तिर्यञ्चगतित्रिकके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका काल ओघके समान है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल कुछ कम तीन हजार वर्ष है। तथा शेष प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका काल काययोगी जीवोंके समान है।

विशेषार्थ—काययोगका उत्कृष्ट काल अनन्त काल है जो एकेन्द्रियोंकी मुख्यतासे उपलब्ध होता है। यही कारण है कि काययोगमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल उक्त प्रमाण कहा है। अग्निकायिक और वायुकायिक जीवोंके निरन्तर तिर्यञ्चगति, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी और नीचगोत्रका नियमसे बन्ध होता है और इनकी कायस्थिति असंख्यातलोक प्रमाण है। इन जीवोंके एक मात्र काययोग होता है यह तो स्पष्ट ही है और ओघसे इन प्रकृतियोंके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल इसी अपेक्षासे असंख्यात लोक प्रमाण कह आये हैं। यही कारण है कि इन प्रकृतियोंके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल ओघके समान कहा है। औदारिक काययोगका उत्कृष्ट काल कुछ कम बाईस हजार वर्ष है। इसीसे इस योगवाले जीवोंके ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल उक्त प्रमाण कहा है। किन्तु औदारिक काययोगका यह काल पृथिवीकायिक जीवोंके ही उपलब्ध होता है, अग्निकायिक और वायुकायिक जीवोंके नहीं। उसमें भी अग्निकायिक जीवकी उत्कृष्ट आयु तीन दिवसमात्र है इसलिए उसकी यहाँ विवक्षा नहीं है। हाँ वायुकायिक जीवोंकी उत्कृष्ट स्थिति अवश्य तीन हजार वर्षप्रमाण है। किन्तु इसमें औदारिक काययोगका काल किञ्चित् न्यून है। तिर्यञ्चत्रिकका इतने काल तक बन्ध औदारिक काययोगमें यहीं पर होता है, इसीसे औदारिक काययोगमें तिर्यञ्चत्रिक प्रकृतियोंके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल कुछ कम तीन हजार वर्षप्रमाण कहा है। शेष कथन सुगम है।

१५७. औदारिक मिश्रकाययोगी जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, भय, जुगुप्सा, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, वर्णचतुष्क, अगुरुलघु, उपघात, निर्माण, तीर्थंकर और पाँच अन्तराय प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट

जह० एग०, उक्क० अंतो० । एवं देवगदि०४ । अथवा से काले पज्जत्ती गाहिदि त्ति कीरदि तदो उक्क० जहण्णु० एग० । अणु० जह० उक्क० अंतो० । सेसाणं परियत्तमाणियाणं उक्क० अणु० जह० एग०, उक्क० अंतो० । अथवा उक्क० जहण्णु० एग० । अणु० जह० एग०, उक्क० अंतो० ।

१५८. वेउव्वियका० मणजोगिभंगो । वेउव्वियमिस्स० धुविगाणं तित्थयरस्स च अथवा पवत्त० उक्क० अणु० जह० एग०, उक्क० अंतो० । से काले सरीरपज्जत्ती जाहिदि त्ति कीरदि तदो उक्क० जह० एग०, अणु० जह० अंतो० । सेसाणं ओरालियमिस्सभंगो ।

स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है । इसी प्रकार देवगति चतुष्कके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका काल जानना चाहिए । अथवा तदनन्तर समयमें पर्याप्तिको पूर्ण करेगा ऐसे समयमें उत्कृष्ट स्थितिबन्ध करता है इसलिए इनके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है । तथा अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है । तथा शेष परिवर्तनशील प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है । अथवा इन प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है तथा अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है ।

विशेषार्थ—औदारिकमिश्रकाययोगमें सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कौन है इस प्रश्नका उत्तर दो प्रकारसे दिया गया है । मूलप्रकृति स्थितिबन्ध प्ररूपणामें स्वामित्वका विचार करते समय यह बतला आये हैं कि जिसके अगले समयमें शरीर पर्याप्ति पूर्ण होगी ऐसा जीव उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी है और इस उत्तरप्रकृति स्थितिबन्ध प्ररूपणामें स्वामित्वका विचार करते समय जो कुछ बतलाया है उसका भाव यह है कि जो उत्कृष्ट संक्लेश परिणामवाला या तद्योग्य संक्लेश परिणामवाला औदारिकमिश्रकाययोगी जीव है वह अपने अपने उत्कृष्ट स्थितिबन्धके कारण भूत परिणामोंके होनेपर उस प्रकृतिका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध करता है । इन्हीं दो विचारोंके आधारपर यहाँ उत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल दो प्रकारसे कहा गया है । प्रथम विचारके अनुसार प्रथम दण्डक और दूसरे दण्डकमें कही गई प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट काल केवल एक समय उपलब्ध होता है और दूसरे विचारके अनुसार वह कमसे कम एक समय और अधिकसे अधिक अन्तर्मुहूर्त उपलब्ध होता है । शेष कथन स्पष्ट ही है ।

१५८. वैक्रियिककाययोगी जीवोंमें सब प्रकितयोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका काल मनोयोगी जीवोंके समान है । वैक्रियिकमिश्रकाययोगी जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली और तीर्थङ्कर प्रकृतिके अथवा प्रवर्तमान प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है । अथवा तदनन्तर समयमें शरीर पर्याप्तिको पूर्ण करेगा ऐसे समयमें उत्कृष्ट स्थितिबन्ध करता है इसलिए उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है । तथा शेष प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका काल औदारिकमिश्रकाययोगवाले जीवोंके समान है।

विशेषार्थ—यहां उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट काल दो

१५६. आहार० मणजोगिभंगो। आहारमिस्से धुविगाणं उक्कस्सं अणुक्कस्सं जहण्णुक्कस्सं० अंतो०। सेसाणं च उक्क० अणु० जह० एग०, उक्क० अंतो०। अथवा वेउव्वियमिस्सभंगो।

१६०. कम्मइग० पंचणा०-णवदंसणा०-सादा०-मिच्छत्त-सोलसक०-णवुंस०-हस्स-रदि-अरदि-सोग-भय-दुगुं० तिरिक्खगदि-एइंदि०-ओरालिय०-तेजा०-क०-हुंडसं०-वण्ण०४-तिरिक्खाणु०-अगुरु०४-आदाउज्जो०-थावर-बादर-सुहुम-पज्जत्ता-पज्जत्त-पत्तेय-साधारण-थिराथिर-सुभासुभ-दूभग-दुस्सर-अणादे०-जस०-अजस०-णिमिण-णीचा०-पंचंत० उक्क० जह० एग०, उक्क० बेसम०। अणु० जह० एग०,

---

प्रकारका क्यों कहा है इसके कारणका निर्देश औदारिकमिश्रकाय योगमें कालका निर्देश करते समय किया ही है उसी प्रकार यहां भी जान लेना चाहिए। आशय यह है कि जब यह माना जाता है कि वैक्रियिक मिश्रकाययोगके सद्भावमें कभी भी उत्कृष्ट स्थितिबन्धके योग्य परिणाम होनेपर उत्कृष्ट स्थितिबन्ध होता है तब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त प्राप्त होता है और जब यह माना जाता है कि शरीर पर्याप्तिके पूर्ण होनेके अनन्तर पूर्व समयमें ही उत्कृष्ट स्थितिबन्ध होता है, तब इसका जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय प्राप्त होता है। शेष कथन सुगम है।

१५९. आहारक काययोगवाले जीवोंमें सब प्रकृतियों के उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका काल मनोयोगी जीवोंके समान है। आहारकमिश्रकाययोगमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। तथा शेष प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट-काल अन्तर्मुहूर्त है। अथवा यहां भी वैक्रियिकमिश्रकाययोगके समान भङ्ग है।

विशेषार्थ—आहारककाययोगका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त होनेसे इसमें बन्धको प्राप्त होनेवाली सब प्रकृतियोंका मनोयोगियोंके समान जघन्य और उत्कृष्ट काल क्रमसे एक समय और अन्तर्मुहूर्त कहा है। आहारकमिश्रकाययोगका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। इसलिए यहां ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त ही उपलब्ध होता है। किन्तु जो ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियां नहीं हैं उनका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त बन जाता है।

१६०. कार्मणकाययोगवाले जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, साता वेदनीय, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, नपुंसकवेद, हास्य, रति, अरति, शोक, भय, जुगुप्सा, तिर्यञ्चगति, एकेन्द्रिय जाति, औदारिक शरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, हुण्ड संस्थान, वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघु चतुष्क, आतप, उद्योत, स्थावर, बादर, सूक्ष्म, पर्याप्त, अपर्याप्त, प्रत्येक शरीर, साधारण शरीर, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, दुर्भग, दुःस्वर, अनादेय, यशःकीर्ति, अयशःकीर्ति, निर्माण, नीचगोत्र और पाँच अन्तराय प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल दो समय है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्टकाल तीन समय है। तथा शेष प्रकृतियोंके त्रसकाय,

उक्क० तिरिण सम० । सेसाणं तस०-पज्जत्ताणं देवगदिपंचगस्स च उक्क० अणु० जह० एग०, उक्क० बेसम० ।

१६१. इत्थिवेदेसु पंचणा०-णवदंसणा०-मिच्छत्त-सोलसक०--भय--दुगुंच्छ--तेजा०-क० वण्ण०४--अगु०-उप०-णिमि०-पंचंत० उक्क० ट्ठिदि० ओघं । अणु० जह० एग०, उक्क० पलिदोवमसदपुधत्तं । सादासा०-इत्थि०-णवुंस-हस्स-रदि-अरदि-सोग-णिरयगदि-तिरिक्खगदि-जादि४-आहार०-पंचसंठा०-अहार०अंगो०-पंचसंघ०-णिरय-तिरिक्खाणुपु०-आदाउज्जो०-अप्पसत्थवि०-थावरादि०४--थिराथिर--सुभासुभ--दूभग--दुस्सर-अणादे०-जस०-अजस०-णीचा० उक्क० अणु० जह० एग०, उक्क० अंतो० । पुरिस०-मणुसगदि-पंचिंदि०--समचदु०--ओरालि०अंगो०--वज्जरिसभ०--मणुसाणु०-पसत्थवि०-तस-सुभग-सुस्सर-आदे०-उच्चागो० उक्क० ओघं । अणुक्क० जह० एग०,

---

पर्याप्त, तथा देवगति पञ्चकके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल दो समय है ।

विशेषार्थ—जो एकेन्द्रिय जीव ब्रह्मलोकके कोणसे मरकर अधोलोकके कोणमें विदिशामें उत्पन्न होता है उसके तीन समयवाली विग्रहगति होती है और उसके इन तीन समयोंमें कार्मणकाययोग होता है । ऐसा जीव एकेन्द्रिय होनेसे इसके किसी भी प्रकृतिका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध नहीं होता । इसीसे सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल दो समय कहा है, क्योंकि यह यथासम्भव संज्ञी तिर्यञ्च और मनुष्यके तथा देव और नारकीके होता है और इनके अधिकसे अधिक दो मोड़ेवाली ही विग्रहगति होती है । अब रहा अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धके कालका विचार सो यहाँ मूलमें जिन प्रकृतियोंका नामोल्लेख किया है उनका बन्ध ऐसे जीवके भी होता रहता है, इसलिए इन पाँच ज्ञानावरण आदि प्रकृतियोंके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल तीन समय कहा है । तथा शेष रहीं स्त्रीवेद, पुरुषवेद आदि कार्मण काययोगमें बँधनेवालीं ३३ प्रकृतियाँ सो इनका तीन मोड़ा लेकर उत्पन्न होनेवाले कार्मणकाययोगी जीवके बन्ध नहीं होता, अतएव उनके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल दो समय कहा है । यहाँ सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय स्पष्ट ही है, क्योंकि कार्मणकाययोगका ही जघन्य काल एक समय है । अतएव कार्मणकाययोगमें इनका जघन्य काल एक समय बन ही जाता है ।

१६१. स्त्रीवेदवाले जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, भय, जुगुप्सा, तैजस शरीर, कार्मणशरीर वर्णचतुष्क, अगुरुलघु, उपघात, निर्माण और पाँच अन्तराय प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका काल ओघके समान है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल सौ पल्यपृथक्त्व है । साता वेदनीय, असाता वेदनीय, स्त्रीवेद, नपुंसकवेद, हास्य, रति, अरति, शोक, नरकगति, तिर्यञ्चगति, चार जाति, आहारक शरीर, पाँच संस्थान, आहारक आङ्गोपाङ्ग, पाँच संहनन, नरकगत्यानुपूर्वी, आतप, उद्योत, अप्रशस्तविहायोगति, स्थावर आदि चार, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, दुर्भग, दुस्वर, अनादेय, यशःकीर्ति, अयशःकीर्ति और नीचगोत्र प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है । पुरुषवेद, मनुष्यगति, पञ्चेन्द्रिय जाति, समचतुरस्रसंस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, वज्रर्षभनाराचसंहनन, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, प्रशस्तविहायोगति, त्रसकाय, सुभग, सुस्वर, आदेय और उच्चगोत्र प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थिति-

उक्क० पणवण्णं पलिदो० देसू० । देवगदि०४ उक्क० ओघं । अणु० जह० एग०, उक्क० तिण्णि पलिदो० देसू० । ओरालिय०-पर०-उस्सा०-बादर-पज्जत्त-पत्तेय उक्क० ओघं । अणु० जह० एग०, उक्क० पणवण्णं पलिदो० सादि० । तित्थय० उक्क० जहण्णुक्क० अंतो० । अणु जह० एग०, उक्क० पुव्वकोडी देसू० ।

१६२. पुरिसेसु मणुसग०-ओरालि०-ओरालि०अंगो०-वज्जरिसभ०-मणुसाणु०-उक्क० ओघं । अणु० जह० एग० उक्क० तेत्तीसं सा० । सादादीणं इत्थिभंगो । धुविगाणं उक्क० ओघो । अणु० जह० एग०, उक्क० सागरोवमसदपुधत्तं । सेसं

बन्धका काल ओघके समान है । अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल कुछ कम पचपन पल्य है । देवगतिचतुष्क प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका काल ओघके समान है । अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल कुछ कम तीन पल्य है । औदारिक शरीर, परघात, उच्छ्वास, बादर, पर्याप्त और प्रत्येक शरीर प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका काल ओघके समान है । अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल साधिक पचपन पल्य है । तीर्थंकर प्रकृतिके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है । अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल कुछ कम पूर्वकोटि वर्षप्रमाण है ।

विशेषार्थ– स्त्रीवेदकी उत्कृष्ट कायस्थिति सौ पल्य पृथक्त्व प्रमाण है, इसलिए प्रथम दण्डकमें कही गई पाँच ज्ञानावरण आदि छ्यालीस प्रकृतियोंके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल उक्त प्रमाण कहा है क्योंकि ये ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियाँ हैं इसलिए इनका इतने काल तक बन्ध होता रहता है । दूसरे दण्डकमें कही गई साता वेदनीय आदि पैंतालीस प्रकृतियाँ परावर्तमान प्रकृतियाँ हैं । इसलिए इनके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त कहा है । तीसरे दण्डकमें कही गई पुरुषवेद आदि तेरह प्रकृतियोंका सम्यग्दृष्टिके भी बन्ध होता है और स्त्रीवेदमें सम्यक्त्वका उत्कृष्ट काल कुछ कम पचपन पल्य है इसलिए इन प्रकृतियोंके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल कुछ कम पचपन पल्य कहा है । चौथे दण्डकमें कही गई देवगतिचतुष्कका उत्तम भोगभूमिमें सम्यग्दृष्टि अवस्थाके रहते हुए कुछ कम तीन पल्य तक सतत बन्ध होता रहता है, इसलिए इनके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल कुछ कम तीन पल्य प्रमाण कहा है । पाँचवें दण्डकमें कही गई औदारिक शरीर आदि छह प्रकृतियोंका देवी अवस्थाके मिलने पर निरन्तर बन्ध होता रहता है और देवीकी उत्कृष्ट भवस्थिति पचपन पल्य है । इसलिए इन प्रकृतियोंके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल साधिक पचपन पल्य कहा है । यहाँ साधिक कहनेका कारण यह है कि जो पूर्व पर्यायमें अन्तर्मुहूर्त काल तक इन प्रकृतियोंका बन्ध करता है और तदनन्तर ऐशानकल्पमें जाकर देवी होता है उसके यह काल साधिक पचपन पल्य पाया जाता है । शेष कथन स्पष्ट ही है ।

१६२. पुरुषवेदवाले जीवोंमें मनुष्यगति, औदारिक शरीर, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, वज्रर्षभनाराच संहनन और मनुष्यगत्यानुपूर्वी प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका काल ओघके समान है । अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्यकाल एक समय है और उत्कृष्ट काल तेतीस सागर है । साता आदिक प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका काल स्त्रीवेदी जीवोंके समान है । ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका काल ओघके समान है । अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल सौ सागर

मूलोघं। णवरि पंचिंदि०-पर०-उस्सा०-तस०४ उक्क० ओघं। अणु० जह० एगं०, उक्क० तेवट्ठिसागरोवमसदं।

१६३. णवुंसगे धुविगाणं ओरालिय० तिरिक्खगदितियं मूलोघं। सादादीणं इत्थिभंगो। पुरिसवेद०-मणुसभ०-समचदु०-वज्जरिसभ०-मणुसाणु०-पसत्थवि०-सुभग०-सुस्सर-आदे० उच्चागो० उक्क० ट्ठिदि० ओघं। अणुक्कस्स० ट्ठिदि० जहण्णेण

पृथक्त्व है। तथा शेष प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिवन्धका काल मूलोघके समान है। इतनी विशेषता है कि पञ्चेन्द्रिय जाति, परघात, उच्छ्वास, और त्रसचतुष्क प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिवन्धका काल ओघके समान है, अनुत्कृष्ट स्थितिवन्धका जघन्यकाल एक समय है और उत्कृष्टकाल एक सौ त्रेसठ सागर है।

विशेषार्थ—देव पर्यायमें तेतीस सागर कालतक मनुष्यगति आदि पाँच प्रकृतियोंका निरन्तर वन्ध होता रहता है, इसलिए इन प्रकृतियोंके अनुत्कृष्ट स्थितिवन्धका उत्कृष्टकाल तेतीस सागर कहा है। साता आदि पैंतालीस प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिवन्धके काल का स्पष्टीकरण जिस प्रकार स्त्रीवेदी जीवोंके कर आये हैं उसी प्रकार यहाँ भी प्राप्त होता है, इसलिए इनका काल स्त्रीवेदी जीवोंके समान कहा है। पुरुषवेदकी उत्कृष्ट कायस्थिति सौ सागर पृथक्त्व है। इतने कालतक पुरुषवेदमें ध्रुववन्धवाली प्रकृतियोंका निरन्तर वन्ध होता रहता है, इसलिए इनके अनुत्कृष्ट स्थितिवन्धका उत्कृष्टकाल सौ सागर पृथक्त्व प्रमाण कहा है। यहाँ शेष प्रकृतियाँ २३ रहती हैं जिनके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिवन्धका काल मूलोघके समान जाननेके लिए कहा है सो ओघ प्ररूपणामें इन प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका काल जिस प्रकार घटित करके वतला आये हैं उसी प्रकार यहाँ भी जानना चाहिए। पञ्चेन्द्रिय जाति आदि ७ प्रकृतियोंके अनुत्कृष्ट स्थितिवन्धके उत्कृष्ट कालके कथनमें कुछ विशेषता है। ओघसे इन प्रकृतियोंके अनुत्कृष्ट स्थितिवन्धका उत्कृष्टकाल १८५ सागर वतला आये हैं किन्तु पुरुषवेदमें वह १६३ सागर उपलब्ध होता है। यथा—कोई एक मनुष्य द्रव्यलिङ्गी जीव ३१ सागरकी आयुके साथ अन्तिम ग्रैवेयकमें उत्पन्न हुआ है। वहाँ भवके अन्तमें उसने उपशम सम्यक्त्वके साथ वेदक सम्यक्त्वको प्राप्त किया। पुनः वह वेदक सम्यक्त्वके साथ ६६ सागर कालतक रहकर सम्यग्मिथ्यात्व को प्राप्त हुआ। अनन्तर पुनः वेदक सम्यग्दृष्टि होकर उसके साथ ६६ सागर कालतक रहा। और अन्तमें मिथ्यादृष्टि हो गया। इस प्रकार इस जीवके १६३ सागर कालतक पञ्चेन्द्रिय जाति आदि सात प्रकृतियोंका निरन्तर अनुत्कृष्ट स्थितिवन्ध होता रहता है, इसलिए इन प्रकृतियोंके अनुत्कृष्ट स्थितिवन्धका उत्कृष्टकाल १६३ सागर कहा है। शेष कथन सुगम है।

१६३. नपुंसकवेदमें ध्रुववन्धवाली प्रकृतियाँ औदारिक शरीर और तिर्यञ्चगतित्रिक अर्थात् तिर्यञ्चगति, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी और नीचगोत्र इन प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिवन्धका काल मूलोघके समान है। साता आदिक प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिवन्धका काल स्त्रीवेदवाले जीवोंके समान है। पुरुषवेद, मनुष्यगति, समचतुरस्रसंस्थान, वज्रर्षभनाराच संहनन, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, प्रशस्त विहायोगति, सुभग, सुस्वर, आदेय और उच्चगोत्र प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका काल ओघके समान है। अनुत्कृष्ट स्थितिवन्धका जघन्यकाल एक समय है और उत्कृष्टकाल कुछ कम तेतीस सागर

एगसमयं, उक्कस्सेण तेत्तीसं साग० देसू० । देवगदि०४ उक्क० ओघं । अणु० जह० एग०, उक्क० पुव्वकोडी देसू० । पंचिंदि०-ओरालि०अंगो०-पर०-उस्सा०-तस०४ उक्क० ओघो । अणु० जह० एग०, उक्क० तेत्तीसं साग० सादि० । तित्थय० उक्क० ओघं । अणु० जह० एग०, उक्क० तिण्णि साग० सादि० ।

१६४. अवगवेदे० सव्वपगदीणं उक्क० अणु० जह० एग०, उक्क० अंतो० ।

१६५. कसायाणुवादेण कोधादि०४ मणजोगिभंगो ।

है। देवगति चतुष्कके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका काल ओघके समान है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्यकाल एक समय है और उत्कृष्टकाल कुछ कम पूर्वकोटिवर्ष प्रमाण है। पञ्चेन्द्रिय जाति, औदारिक शरीर आङ्गोपाङ्ग, परघात, उच्छ्वास और त्रस चतुष्क प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका काल ओघके समान है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल साधिक तेतीस सागर है। तीर्थंकर प्रकृतिके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका काल ओघके समान है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है, और उत्कृष्टकाल साधिक तीन सागर है।

विशेषार्थ—नपुंसकवेदमें सम्यक्त्वका उत्कृष्टकाल कुल कम तेतीस सागर है। इसीसे यहाँ पुरुषवेद आदि दस प्रकृतियोंके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्टकाल कुछ कम तेतीस सागर कहा है; क्योंकि इन प्रकृतियोंका निरन्तर बन्ध इतने कालतक सम्यग्दृष्टिके ही हो सकता है। नपुंसकवेदमें सम्यक्त्वका उत्कृष्टकाल मनुष्य और तिर्यञ्चके कुछ कम पूर्वकोटि वर्षप्रमाण है; इसीलिए यहाँ देवगति चतुष्कके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्टकाल उक्त प्रमाण कहा है, क्योंकि जो नपुंसकवेदी मनुष्य या तिर्यञ्च सम्यग्दृष्टि होता है उसके देवगति चतुष्कके नियमसे बन्ध होता है। पञ्चेन्द्रिय जाति आदि आठ प्रकृतियोंके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल साधिक तेतीस सागर कहनेका कारण यह है कि जिसने पूर्वभवमें अन्तर्मुहूर्त काल शेष रहनेपर इन प्रकृतियोंका बन्ध प्रारम्भ किया है और जो मरकर तेतीस सागर आयुके साथ नरकमें उत्पन्न हुआ है उसके उक्त प्रकृतियोंके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल साधिक तेतीस सागर उपलब्ध होता है। तीर्थंकर प्रकृतिके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट कालका स्पष्टीकरण जिस प्रकार ओघ प्ररूपणाके समय कर आये हैं उसी प्रकार यहाँ जान लेना चाहिए। शेष कथन सुगम है।

१६४. अपगतवेदवाले जीवोंमें सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है।

विशेषार्थ—अपगत वेदका जघन्य काल एक समय है, या जिस जीवने अपगतवेदमें बँधनेवाली प्रकृतियोंका एक समयतक उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्ध किया और दूसरे समयमें वह मरकर देव हो गया तो अपगतवेदमें सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय उपलब्ध हो जाता है। इसीसे वह एक समय कहा है। उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है यह स्पष्ट ही है, क्योंकि यहाँ एक एक स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है।

१६५. कषाय मार्गणाके अनुवादसे क्रोधादि चार कषायोंमें उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका काल मनोयोगी जीवोंके समान है।

विशेषार्थ—चारों कषायोंका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त होनेसे यहाँ मनोयोगी जीवोंके समान सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त बन जाता है।

१६६. मदि०-सुद० धुविगाणं तिरिक्खगदितिगस्स च ओरालि० मूलोघं। सादासा०-सत्तणोक०-णिरयगदि-चदुजादि-पंचसंठा०-छस्संघ०--णिरयाणु०--आदा--उज्जो०-अप्पसत्थवि०--थावर--सुहुम--अपज्जत्त--साधार०--थिराथिर--सुभासुभ[1]--दूभग--दुस्सर०-अणादे०-जस०-अजस० उक्क० अणु० जह० एग०, उक्क० अंतो०। मणु-सग०-मणुसाणु० उक्क० ओघं। अणु० जह० एग०, उक्क० एक्कत्तीसं सा० सादिरे०। देवगदि-वेउव्वियस०-समचदु०-वेउव्वि०अंगो०--देवाणु०--पसत्थवि०--सुभग--सुस्सर--आदे०-उच्चा० उक्क० ओघो। अणु० जह० एग०, उक्क० तिण्णि पलि० देसू०। पंचिंदि०-ओरालि०अंगो०-पर०-उस्सा०-तस०४ उक्क० ओघं। अणु० जह० एग०, उक्क० तेत्तीसं साग० सादि०।

---

१६६. मत्यज्ञानी और श्रुताज्ञानी जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियाँ, तिर्यञ्चगति त्रिक और औदारिक शरीर इन प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिवन्धका काल मूलोघके समान है। साता वेदनीय, असाता वेदनीय, सात नोकषाय, नरकगति, चार जाति, पाँच संस्थान, छह संहनन, नरकगत्यानुपूर्वी, आतप, उद्योत, अप्रशस्त विहायोगति, स्थावर, सूक्ष्म, अपर्याप्त, साधारण, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, सुभग, दुर्भग, दुःस्वर, अनादेय, यशःकीर्ति और अयशःकीर्ति प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिवन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। मनुष्यगति और मनुष्यगत्यानुपूर्वीके उत्कृष्ट स्थितिवन्धका काल ओघके समान है। अनुत्कृष्ट स्थितिवन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल साधिक इकतीस सागर है। देवगति, वैक्रियिक शरीर, समचतुरस्र-संस्थान, वैक्रियिक आङ्गोपाङ्ग, देवगत्यानुपूर्वी, प्रशस्तविहायोगति, सुभग, सुस्वर, आदेय और उच्चगोत्र प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका काल ओघके समान है। अनुत्कृष्ट स्थिति-वन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल कुछ कम तीन पल्य है। पञ्चेन्द्रिय-जाति, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, परघात, उच्छ्वास और त्रस चतुष्क प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थिति-बन्धका काल ओघके समान है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल साधिक तेतीस सागर है।

विशेषार्थ—ओघसे ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके अनुत्कृष्ट स्थितिवन्धका उत्कृष्ट काल अनन्त काल कह आये हैं। यह काल एकेन्द्रियोंकी कायस्थितिकी मुख्यतासे कहा गया है। मत्यज्ञान और श्रुताज्ञानका भी यही काल है। यही कारण है कि इन दोनों अज्ञानोंमें उक्त प्रकृतियोंके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उक्त काल कहा है। एकेन्द्रियोंके औदारिक शरीरका नियमसे बन्ध होता है, इसलिए इसके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका भी यही उत्कृष्ट काल कहा है। जिस मिथ्यादृष्टि मनुष्यने मरणके पूर्व अन्तर्मुहूर्त काल तक मनुष्यगति और मनुष्य-गत्यानुपूर्वीका वन्ध किया है और मरकर जो अन्तिम ग्रैवेयकमें इकतीस सागरकी आयु-वाला मिथ्यादृष्टि देव होकर इनका वन्ध करता रहता है उसके इन दोनों प्रकृतियोंके अनु-त्कृष्ट स्थितिवन्धका साधिक इकतीस सागर काल उपलब्ध होता है। इसीसे इन दोनों अज्ञानोंमें उक्त दोनों प्रकृतियोंके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल साधिक इकतीस सागर कहा है। तीन पल्यकी आयुवाले तिर्यञ्च या मनुष्यके पर्याप्त अवस्थामें देवगति आदि दस प्रकृतियोंका नियमसे वन्ध होता रहता है, इसलिए इन प्रकृतियोंके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल कुछ कम तीन पल्य कहा है। जो मिथ्यादृष्टि मनुष्य या तिर्यञ्च मरणके पूर्व

१. मूलप्रतौ-सुभासुभसुभगदूभग- इति पाठः।

१६७. विभंगे० पंचणा०-णवदंसणा०-मिच्छत्त-सोलसक०-भय-दुगु ०-तिरिक्खग०-पंचिंदि०-ओरालि०-तेजा०-क०-ओरालि० अंगो०-वण्ण०४-तिरिक्खाणु०-अगुरु०४-तस०४-णिमि०-णीचा०-पंचंत० उक्क० ओघं। अणु जह० एग०, उक्क० तेत्तीसं सा० देसू०। मणुसग०-मणुसाणु० उक्क० ओघं। अणु० जह० एग०, उक्क० एक्कत्तीसं सा० देसू०। सेसाणं उक्क० अणु० जह० एग०, उक्क० अंतो०।

१६८. आभि०-सुद०-ओधि० पंचणा०-छदंसणा०-चदुसंज०-पुरिस०-भय-दुगु ०-पंचिंदि०-तेजा०-क०-समचदु०-वण्ण०४-अगुरु०४-पसत्थवि०-तस०४-सुभग-सुस्सर-आदे०-णिमिण-उच्चा०-पंचंत० उक्क० जहण्णु० अंतो०। अणु० जह० अंतो०, उक्क० छावट्ठिसागरो० सादि०। पच्चक्खाणा०४ उक्क० जह० उक्क० अंतो०। अणु० जह० अंतो०, उक्क० वादालसागरो० सादि०। सादावे०-हस्स-रदि-आहार०-

अन्तर्मुहूर्त काल तक पञ्चेन्द्रिय जाति आदि आठ प्रकृतियोंका बन्ध कर रहा है और मरकर तेतीस सागरकी आयुके साथ नरकमें उत्पन्न होनेपर वहाँ भी आयुके अन्तिम समय तक इनका निरन्तर बन्ध करता रहता है उसकी अपेक्षा उक्त दोनों अज्ञानोंमें इन प्रकृतियोंके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल साधिक तेतीस सागर कहा है। शेष कथन सुगम है।

१६७. विभङ्गज्ञानमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, भय, जुगुप्सा, तिर्यञ्चगति, पञ्चेन्द्रियजाति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मणशरीर, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, त्रसचतुष्क, निर्माण, नीचगोत्र और पाँच अन्तराय प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका काल ओघके समान है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल कुछ कम तेतीस सागर है। मनुष्यगति और मनुष्यगत्यानुपूर्वीके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका काल ओघके समान है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल कुछ कम इकतीस सागर है। तथा शेष प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तमुहूर्त है।

विशेषार्थ—विभङ्गज्ञानका उत्कृष्ट काल कुछ कम तेतीस सागर है। इतने काल तक इस ज्ञानमें पाँच ज्ञानावरण आदि ५९ प्रकृतियोंका निरन्तर बन्ध होता रहता है, इसलिए इन प्रकृतियोंके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल उक्त प्रमाण कहा है। किन्तु मनुष्यगति और मनुष्यगत्यानुपूर्वीका सातवें नरकमें मिथ्यादृष्टिके बन्ध नहीं होता, इसलिए इन प्रकृतियोंके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल नौवें ग्रैवेयकमें विभङ्गज्ञानके उत्कृष्ट कालकी अपेक्षा कुछ कम इकतीस सागर कहा है। शेष कथन सुगम है।

१६८. आभिनिबोधिकज्ञानी, श्रुतज्ञानी और अवधिज्ञानी जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, चार संज्वलन, पुरुषवेद, भय, जुगुप्सा, पञ्चेन्द्रियजाति, तैजसशरीर, कार्मण शरीर, समचतुरस्र संस्थान, वर्णचतुष्क, अगुरुलघुचतुष्क, प्रशस्त विहायोगति, त्रस-चतुष्क, सुभग, सुस्वर, आदेय, निर्माण, उच्चगोत्र और पाँच अन्तराय प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट काल साधिक छयासठ सागर है। प्रत्याख्यानावरण चतुष्कके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्यकाल अन्तमुहूर्त है और उत्कृष्ट काल साधिक ब्यालीस

आहारअंगो०-थिर-सुभ-जस० उक्क० अणु० जहराणु० ओघो। असादा०-अरदि-सोग-अथिर-असुभ-अजस० उक्क० जह० उक्क० अंतो०। अणु० जह० एग०, उक्क० अंतो०। मणुस०-ओरालि०-ओरालि०अंगो०-वज्जरिसभ०-मणुसाणु० उक्क० असादभंगो। अणु० जह० उक्क० अंतो० तेत्तीसं सा०। देवगदि०४ उक्क० असादभंगो। अणु० जह० एग०, उक्क० तिरिण पलिदो० सादि०। अपच्चक्खाणा०-४तित्थय० उक्क० अंतो०, अणु० जह० अंतो०। उक्क० तेत्तीसं साग० सादि०।

सागर है। साता वेदनीय, हास्य, रति, आहारक शरीर, आहारक आङ्गोपाङ्ग, स्थिर, शुभ और यशःकीर्ति प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिवन्धका जघन्य और उत्कृष्ट काल ओघके समान है। असातावेदनीय, अरति, शोक, अस्थिर, अशुभ और अयशःकीर्ति प्रकृतियों के उत्कृष्ट स्थितिवन्धका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। अनुत्कृष्ट स्थितिवन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। मनुष्यगति, औदारिकशरीर, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, वज्रर्षभनाराचसंहनन और मनुष्यगत्यानुपूर्वी प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका काल असाता प्रकृतिके समान है। अनुत्कृष्ट स्थितिवन्धका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट काल तेतीस सागर है। देवगतिचतुष्कके उत्कृष्ट स्थितिवन्धका काल असाता प्रकृतिके समान है। अनुत्कृष्ट स्थितिवन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल साधिक तीन पल्य है। अप्रत्याख्यानावरण चतुष्क और तीर्थङ्कर प्रकृतिके उत्कृष्ट स्थितिवन्धका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। अनुत्कृष्ट स्थितिवन्धका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट काल साधिक तेतीस सागर है।

विशेषार्थ—आभिनिवोधिकज्ञान आदि तीन ज्ञानोंका उत्कृष्ट काल चार पूर्वकोटि अधिक छ्यासठ सागर होनेसे इन तीन ज्ञानोंमें पाँच ज्ञानावरण आदि पैंतालीस प्रकृतियोंके अनुत्कृष्ट स्थितिवन्धका उत्कृष्ट काल साधिक छ्यासठ सागर कहा है। सम्यग्दृष्टि जीव संयमके विना असंयम और संयमासंयमके साथ साधिक व्यालीस सागर तक रहता है और इस कालमें इसके प्रत्याख्यानावरण चारका निरन्तर वन्ध होता रहता है। इसीसे यहां प्रत्याख्यानावरण चारके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल साधिक व्यालीस कहा है। यह काल साधिक दो पूर्वकोटि अधिक व्यालीस सागर होता है। इसके वाद यह जीव नियमसे संयम को प्राप्त करता है। देवोंकी उत्कृष्ट आयु तेतीस सागर है और इस कालके भीतर मनुष्यगति आदि पाँच प्रकृतियोंका निरन्तर वन्ध होता रहता है, इसलिए यहां इन प्रकृतियोंके अनुत्कृष्ट स्थितिवन्धका उत्कृष्ट काल तेतीस सागर कहा है। जो सम्यग्दृष्टि मनुष्य मर कर तीन पल्य की आयुवाले मनुष्योंमें उत्पन्न होता है उसके अन्तर्मुहूर्त न्यून पूर्वकोटिका त्रिभाग अधिक तीन पल्य काल तक देवचतुष्कका निरन्तर बन्ध होता रहता है। इसीसे यहां इन प्रकृतियोंके अनुत्कृष्ट स्थितिवन्धका उत्कृष्ट काल साधिक तीन पल्य कहा है। जो सम्यग्दृष्टि जीव संयमके साथ मर कर तेतीस सागरकी आयुवाले देवोंमें उत्पन्न होता है और वहांसे आकर मनुष्य होता है उसके कुछ कम दो पूर्वकोटि काल अधिक तेतीस सागर काल तक तीर्थंकर प्रकृतिका निरन्तर वन्ध होता रहता है। तथा इसी जीवके देव पर्यायमें और वहांसे च्युत होनेके वाद संयमको प्राप्त होनेके पूर्व समय तक अप्रत्याख्यानावरण चतुष्कका निरन्तर वन्ध होता रहता है। यतः ये दोनों काल साधिक तेतीस सागर होते हैं, इसीसे यहां अप्रत्याख्यानावरण चार और तीर्थङ्कर प्रकृतिके अनुत्कृष्ट स्थिति बन्धका उत्कृष्ट काल साधिक तेतीस सागर कहा है। यहां शेष कथनका विचार कर काल जान लेना चाहिए। सुगम होनेसे उसका हमने निर्देश नहीं किया।

१६६. मणपज्जव० पंचणा०-छदंसणा०-चदुसंज०-पुरिस०-भय-दुगु०-देवगदि-पंचिंदिय०-वेउव्विय०-तेजा०-क०-समचदु०-[वेउव्वि०] अंगो०-वण्ण०४-देवाणु०-अगुरु०४-पसत्थवि०-तस०४-सुभग-सुस्सर-आदे०-णिमि०-तित्थय०-उच्चा०-पंचंत० उक्क० जह० उक्क० अंतो०। अणु० जह० एग०, उक्क० पुव्वकोडी देसू०। सादावे०-हस्स-रदि-आहार०-आहार०अंगो०-थिर-सुभ-जस० उक्क० अणु० ओघं। असादा०-अरदि-सोग-अथिर-असुभ-अजस० उक्क० जह० उक्क० अंतो०। अणु० जह० एग०, उक्क० अंतो०। एवं संजद०-सामाइ०-छेदो०-परिहार०। णवरि परिहारे अणु० जह० अंतो०। सुहुमसंपरा० अवगदवेदभंगो।

---

१६९. मनःपर्ययज्ञानमें पाँच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, चार संज्वलन, पुरुषवेद, भय, जुगुप्सा, देवगति, पञ्चेन्द्रिय जाति, वैक्रियिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, समचतुरस्रसंस्थान, वैक्रियिक शरीर आङ्गोपाङ्ग, वर्णचतुष्क, देवगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघु चतुष्क, प्रशस्तविहायोगति, त्रसचतुष्क, सुभग, सुस्वर, आदेय, निर्माण, तीर्थङ्कर, उच्चगोत्र और पाँच अन्तराय प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल कुछ कम पूर्वकोटि है। सातावेदनीय, हास्य, रति, आहारकशरीर, आहारक आङ्गोपाङ्ग, स्थिर, शुभ और यशःकीर्तिके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका काल ओघके समान है। असाता वेदनीय, अरति, शोक, अस्थिर, अशुभ और अयशःकीर्ति प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। इसी प्रकार संयत, सामायिक संयत, छेदोपस्थापनासंयत और परिहारविशुद्धिसंयत जीवोंके जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि परिहारविशुद्धिसंयतमें अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है। सूक्ष्मसाम्परायसंयत जीवोंके अपनी सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका काल अपगतवेदी जीवोंके समान है।

विशेषार्थ—जो मनःपर्ययज्ञानी प्रमत्तसंयत जीव उत्कृष्ट संक्लेश परिणामवाला है, असंयमके अभिमुख है, उत्कृष्ट स्थितिबन्ध कर रहा है और अन्तिम उत्कृष्ट स्थितिबन्धमें अवस्थित है उसके पाँच ज्ञानावरण आदि प्रकृतियोंका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध होता है। यतः उत्कृष्ट स्थितिबन्धका यह काल अन्तर्मुहूर्त है, अतः इन प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त कहा है। जो मनःपर्ययज्ञानी जीव उपशमश्रेणिसे उतरते समय अपने अपने स्थानमें एक समय तक पाँच ज्ञानावरण आदि प्रकृतियोंका बन्ध करता है और दूसरे समयमें मर कर देव हो जाता है उस मनःपर्ययज्ञानी जीवके उक्त प्रकृतियोंके स्थितिबन्धका एक समय काल प्राप्त होता है। इसलिए इनके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय कहा है। तथा मनःपर्ययज्ञानका उत्कृष्ट काल कुछ कम पूर्वकोटि होनेके कारण इसमें उक्त प्रकृतियोंके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल कुछ कम पूर्वकोटिप्रमाण कहा है। असाता वेदनीय आदि तीसरे दण्डकमें कही गई छह प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी पाँच ज्ञानावरण आदिके समान है, इसलिए इसके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त कहा है। तथा जिस मनःपर्ययज्ञानीने इनकी बन्धव्युच्छित्ति कर दी और पुनः प्रमत्तसंयत होकर इनका एक समय तक बन्ध किया और दूसरे समयमें मर कर देव हो गया उसके इन प्रकृतियोंके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्ध-

१७०. संजदासंजदे धुविगाणं तित्थयरस्स च उक्क० जहण्णु० अंतोमु० । अणु० जह० अंतो०, उक्क० पुव्वकोडी देसू० । सादादिवारस० ओधिभंगो ।

१७१. असंजदे धुविगाणं तिरिक्खगदि-मणुसगदि-देवगदि-ओरालिय०-वेउव्विय०-दोअंगो०-तिण्णिआणु०-तित्थय०-णीचागो०-सादादिपरियत्तमाणियाओ मूलोघं । पुरिसवे०-पंचिंदि०-समचदु०-पर०-उस्सा०-पसत्थवि०-तस०४-सुभग-सुस्सर-

---

का जघन्य काल एक समय प्राप्त होनेसे वह एक समय कहा है। तथा छठे गुणस्थानका उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त होनेसे इनके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त कहा है। संयत, सामायिक संयत और छेदोपस्थापना संयत जीवोंमें इन सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका काल इसी प्रकार घटित कर लेना चाहिए। परिहारविशुद्धिसंयम प्रमत्तसंयत और अप्रमत्तसंयत जीवोंके ही होता है और इसका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है, इसलिए इसमें और सब काल तो पूर्वोक्त प्रकार बन जाता है। मात्र जिन प्रकृतियोंके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय कहा है वह नहीं बनता, अतः वह अन्तर्मुहूर्त कहना चाहिए। शेष कथन सुगम है।

१७०. संयतासंयत जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली और तीर्थंकर प्रकृतिके उत्कृष्ट स्थितिबन्ध का जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट काल कुछ कम पूर्वकोटि वर्ष प्रमाण है। साता आदि बारह प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका काल अवधिज्ञानी जीवोंके समान है।

विशेषार्थ—संयतासंयत गुणस्थानमें ५ ज्ञानावरण, ६ दर्शनावरण, ८ कषाय, पुरुषवेद, भय, जुगुप्सा, देवगति, पञ्चेन्द्रिय जाति, वैक्रियिक शरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, समचतुरस्रसंस्थान, वैक्रियिक आङ्गोपाङ्ग, वर्णचतुष्क, देवगति प्रायोग्यानुपूर्वी, अगुरुलघु चतुष्क, प्रशस्त विहायोगति, त्रस चतुष्क, सुभग, सुस्वर, आदेय, निर्माण, उच्चगोत्र और ५ अन्तराय ये ५३ ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियां है। और जिसके तीर्थंकर प्रकृतिका बन्ध होता है उसके साथ इन ५४ प्रकृतियोंका सतत बन्ध होता है। इन प्रकृतियोंका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध मिथ्यात्वके अभिमुख हुए जीवके उत्कृष्ट संक्लेशरूप परिणामोंके होने पर अन्तिम उत्कृष्ट स्थितिबन्धमें अवस्थित होने पर होता है और यह अन्तर्मुहूर्त काल तक होता रहता है, इसलिए इनके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त कहा है। तथा संयमासंयमका जघन्य काल अन्तमुहूर्त और उत्कृष्ट काल कुछ कम पूर्वकोटि प्रमाण होनेसे इन प्रकृतियोंके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट काल देशोन पूर्वकोटि कहा है। साता आदि शेष १२ प्रकृतियां ये हैं—साता वेदनीय, असाता वेदनीय, हास्य, रति, अरति, शोक, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, यशःकीर्ति और अयशःकीर्ति, सो अवधिज्ञानी जीवोंके इन प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जिस प्रकारसे काल घटित करके बतला आये हैं उसी प्रकारसे यहां पर भी घटित कर लेना चाहिए।

१७१. असंयत जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियाँ तथा तिर्यञ्चगति, मनुष्यगति, देवगति, औदारिकशरीर, वैक्रियिकशरीर, दो आङ्गोपाङ्ग, तीन आनुपूर्वी, तीर्थङ्कर, नीचगोत्र और साता आदि परावर्तमान प्रकृतियाँ इनके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका काल मूलोघके समान है। तथा पुरुषवेद, पञ्चेन्द्रिय जाति, समचतुरस्रसंस्थान, परघात, उच्छ्वास,

आदे०-उच्चा० उक्क० ट्ठिदि० ओघं। अणु० जह० एग०, उक्क० तेत्तीसं सा० सादि०।

१७२. चक्खुदं० तसपज्जत्तभंगो। अचक्खुदं० मूलोघं। ओधिदं० ओधिणाणिभंगो।

१७३. किण्णाए धुविगाणं उक्क० ट्ठिदि० ओघं। अणु० जह० अंतो०, उक्क० तेत्तीसं सा० सादि०। सादासादा०-इत्थि०-णवुंस०-हस्स-रदि-अरदि-सोग-णिरयगदि-[देवगदि]-चदुजादि-वेउव्वि०-पंचसंठा०-वेउव्वि०अंगो०-पंचसंघ०-णिरयगदि-देवाणुपु०-आदाउज्जो०-अप्पसत्थ०-थावरादि०४-थिराथिर-सुभासुभ-दूभग-दुस्सर-अणादे०-जस०-अजस० उक्क० अणु० जह० एग०, उक्क० अंतो०। पुरिस०-मणुसग०-समचदु०-वज्जरिसभ०-मणुसाणु०-पसत्थवि०-सुभग-सुस्सर-आदे०-उच्चा० उक्क० ओघं। अणु० जह० एग०, उक्क० तेत्तीसं सा० देसू०। तिरिक्खग०-पंचिंदि०-ओरालि०-ओरालि०अंगो०-तिरिक्खाणु०-पर०-उस्सा०-तस०४-[णीचा०] उक्क० ओघं। अणु० जह० एग०, उक्क० तेत्तीसं सा० सादि०। तित्थय० उक्क० अणु० जहण्णु० अंतो०। एवं णील-काऊणं। णवरि तिरिक्खगदितिगं सादभंगो।

प्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, सुभग, सुस्वर, आदेय और उच्चगोत्र प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका काल ओघके समान है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल साधिक तेतीस सागर है।

१७२. चक्षुदर्शनवाले जीवोंमें सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट काल त्रसपर्याप्त जीवोंके समान है। अचक्षुदर्शनवाले जीवोंमें मूलोघके समान है और अवधिदर्शनवाले जीवोंमें अवधिज्ञानियोंके समान है।

१७३. कृष्णलेश्यामें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका काल ओघके समान है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट काल साधिक तेतीस सागर है। साता वेदनीय, असाता वेदनीय, स्त्रीवेद, नपुंसकवेद, हास्य, रति, अरति, शोक, नरकगति, देवगति, चार जाति, वैक्रियिक शरीर, पाँच संस्थान, वैक्रियिक आङ्गोपाङ्ग, पाँच संहनन, नरकगति प्रायोग्यानुपूर्वी, देवगति प्रायोग्यानुपूर्वी, आतप, उद्योत, अप्रशस्त विहायोगति, स्थावर आदि चार, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, दुर्भग, दुःस्वर, अनादेय, यशःकीर्ति और अयशःकीर्ति प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। पुरुषवेद, मनुष्यगति, समचतुरस्रसंस्थान, वज्रर्षभनाराचसंहनन, मनुष्यगतिप्रायोग्यानुपूर्वी, प्रशस्तविहायोगति, सुभग, सुस्वर, आदेय, और उच्चगोत्र प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका काल ओघके समान है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्ध का जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल कुछ कम तेतीस सागर है। तिर्यञ्चगति, पञ्चेन्द्रिय जाति, औदारिक शरीर, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, तिर्यञ्चगति प्रायोग्यानुपूर्वी, परघात, उच्छ्वास, त्रसचतुष्क और नीचगोत्र प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका काल ओघके समान है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल साधिक तेतीस सागर है। तीर्थंकर प्रकृतिके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। इसी प्रकार नील लेश्यावाले और कापोत लेश्यावाले जीवोंके जानना

तित्थय० उक्क० जह० एग०, उक्क० अंतो० । अणु० जह० उक्क० अंतो० । णवरि काऊए अणु० जह० अंतो०, उक्क० तिण्णि सा० सादि० ।

१७४. तेऊए धुविगाणं पुरिस०-मणुस०-समचदु०-वज्जरिसभ०-मणुसाणु०-पसत्थवि०-सुभग-सुस्सर-आदे०-उच्चा० उक्क० ओघं । अणु० जह० एग०, उक्क०

चाहिए । इतनी विशेषता है कि इनमें तिर्यञ्चगतित्रिकके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका काल साता प्रकृतिके समान है । तीर्थंकर प्रकृतिके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है । अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है । इतनी विशेषता है कि कापोत लेश्यामें अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट काल साधिक तीन सागर है ।

विशेषार्थ—कृष्णलेश्याका उत्कृष्ट काल साधिक तेतीस सागर होनेसे इसमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल साधिक तेतीस सागर कहा है । सातावेदनीय आदि ४४ प्रकृतियाँ सप्रतिपक्ष प्रकृतियाँ होनेसे इनके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त कहा है । पुरुषवेद आदि १० प्रकृतियोंका सातवें नरकमें सम्यग्दृष्टिके नियमसे बन्ध होता है और वहाँ सम्यक्त्वका उत्कृष्ट काल कुछ कम तेतीस सागर है, इसलिए इन प्रकृतियोंके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल कुछ कम तेतीस सागर कहा है । तिर्यञ्चगति आदि १२ प्रकृतियोंका सातवें नरकमें मिथ्यादृष्टि नारकीके नियमसे बन्ध होता है और यहाँ मिथ्यात्वका उत्कृष्टकाल तेतीस सागर है । तथा जो जीव सातवें नरकमें जानेके सम्मुख होता है उस जीवके नरकमें जानेके पूर्व व निकलनेके पश्चात् एक एक अन्तर्मुहूर्त कालतक कृष्ण लेश्या ही होती है । इसलिए उक्त प्रकृतियोंका इस कालमें भी बन्ध होता रहता है । यही कारण है कि इन प्रकृतियोंके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्टकाल साधिक तेतीस सागर कहा है । कृष्ण लेश्यामें तीर्थङ्कर प्रकृतिका बन्ध मनुष्यके ही सम्भव है और मनुष्यके इसका काल अन्तर्मुहूर्त है । इसीसे इस प्रकृतिके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त कहा है । नील लेश्या और कापोत लेश्यामें इसी प्रकार जानना चाहिए । इस कथनका यह आशय है कि नील लेश्या और कापोत लेश्यामें सब प्रकृतियोंका काल अपने अपने कालको ध्यानमें रखकर इसी प्रकार घटित कर लेना चाहिए । मात्र इन लेश्यावाले नरकोंमें मिथ्यादृष्टिके मनुष्यगति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी और उच्चगोत्रका भी बन्ध होता है, इसलिए इन लेश्याओंमें तिर्यञ्चगति, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी और नीचगोत्र इन तीन प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका काल जिस प्रकार साता प्रकृतिका कहा है उसी प्रकार जानना चाहिए, क्योंकि इन लेश्या वाले नरकोंमें इनकी प्रतिपक्षभूत मनुष्यगतित्रिकका भी मिथ्यादृष्टिके बन्ध होता है, इसलिए इनका साता प्रकृतिके समान ही काल उपलब्ध होता है । नील लेश्यामें भी तीर्थंकर प्रकृतिका बन्ध मनुष्यगतिमें ही सम्भव है इसलिए नील लेश्यामें तीर्थंकर प्रकृतिके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त कहा है । किन्तु कापोत लेश्यामें तीर्थङ्कर प्रकृतिका बन्ध नरकगतिमें भी होता है, इसलिए इस लेश्यामें इसके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल साधिक तीन सागर कहा है । शेष कथन स्पष्ट ही है ।

१७४. पीत लेश्यामें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियाँ, पुरुषवेद, मनुष्यगति, समचतुरस्र-संस्थान, वज्रर्षभनाराच संहनन, मनुष्यानुपूर्वी, प्रशस्त विहायोगति, सुभग, सुस्वर, आदेय

बेसाग० सादि० । तित्थय० उक्क० जह० एग०, उक्क० अंतो० । अणु० जह० एग०, उक्क० बेसाग० सादि० । सादादिछ०-तिरिक्खगदि-देवगदि-एइंदि०-वेउव्वि०-आहार०-पंचसंठा०-दोअंगो०-पंचसंघ०-दोआणु०-आदाउज्जो०-अप्पसत्थ०-थावर-थिराथिर-सुभासुभ-दूभग-दुस्सर-अणादे०-अजस०-णीचा० उक्क० अणु० जह० एग०, उक्क० अंतो० । एवं पम्माए वि । णवरि अट्ठारस सागरोवमाणि सादि० । एइंदि० आदाव थावरं वज्ज० ।

१७५. सुक्काए पंचणा०-छदंसणा०-बारसक०-पुरिस०-भय-दुगु०-मणुसग०-पंचिंदि०-तिण्णिसरीर-समचदु०-ओरालि०अंगो०-वज्जरिसभ-[वण्ण]४-मणुसाणु०-अगुरु०४-पसत्थवि०-तस०४-सुभग-सुस्सर-आदे०-णिमि०-तित्थय०-उच्चा०-पंचंत० उक्क० ओघं । अणु० जह० एग०, उक्क० तेत्तीसं साग० सादि० । णवरि मणुसगदिपंचगस्स अणु० जह० एग०, उक्क० तेत्तीसं सा० । थीणगिद्धितियं मिच्छत्तं अणंताणुबंधि०४ उक्क० ओघं । अणु० जह० एग०, उक्क० एक्कत्तीसं

और उच्चगोत्र प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका काल ओघके समान है। अनुत्कृष्ट स्थिति वन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्टकाल साधिक दो सागर है। तीर्थङ्कर प्रकृतिके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्यकाल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तमुहूर्त है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्टकाल साधिक दो सागर है। साता आदि छह, तिर्यञ्चगति, देवगति, एकेन्द्रिय जाति, वैक्रियिक शरीर, आहारक शरीर, पाँच संस्थान, दो आङ्गोपाङ्ग, पाँच संहनन, दो आनुपूर्वी, आतप, उद्योत, अप्रशस्त विहायोगति, स्थावर, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, दुर्भग, दुस्वर, अनादेय, अयशःकीर्ति और नीचगोत्र प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्यकाल एक समय है और उत्कृष्टकाल अन्तर्मुहूर्त है। इसी प्रकार पद्मलेश्यामें भी जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि पद्म-लेश्यामें प्रथम दण्डकमें कही गई प्रकृतियोंके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्टकाल साधिक अठारह सागर है। तथा इस लेश्यावाले जीवोंके एकेन्द्रिय जाति, आतप और स्थावर प्रकृतिका बन्ध नहीं होता।

विशेषार्थ—पीत और पद्मलेश्यामें अपने अपने कालको ध्यानमें रखकर प्रथम दण्डक में कही गई प्रकृतियोंके व तीर्थङ्कर प्रकृतिके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल कहा है। मात्र यह काल सम्यग्दृष्टि जीवके ही प्राप्त होगा। क्योंकि सम्यग्दृष्टिके ही इन प्रकृतियोंका इतने कालतक निरन्तर बन्ध सम्भव है। शेष कथन स्पष्ट ही है।

१७५. शुक्लेश्यामें पांच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, बारह कषाय, पुरुषवेद, भय, जुगुप्सा, मनुष्यगति, पञ्चेन्द्रियजाति, तीनशरीर, समचतुरस्रसंस्थान, औदारिक, आङ्गोपाङ्ग, वज्रर्षभनाराचसंहनन, वर्णचतुष्क, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, प्रशस्तविहायोगति, त्रसचतुष्क, सुभग, सुस्वर, आदेय, निर्माण, तीर्थंकर, उच्चगोत्र और पाँच अन्तराय प्रकृति-योंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका काल ओघके समान है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल साधिक तेतीस सागर है। इतनी विशेषता है कि मनुष्यगति पञ्चकके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल तेतीस सागर है। स्त्यानगृद्धि तीन, मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धी चतुष्कके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका काल ओघके समान है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल

साग० सादि० । सेसाणं उक्क० अणु० सादभंगो ।

१७६. भवसिद्धि० ओघं । अब्भवसिद्धि० मदि०भंगो । सम्मादिट्ठी० ओधिभंगो । खइगसम्मादि० धुविगाणं उक्क० जह० एग०, उक्क० अंतो० । अणु० जह० अंतो०, उक्क० तेत्तीसं सा० सादिरे० । मणुसगदिपंचगस्स उक्क० ओघं । अणु० जह० एग०, उक्क० तेत्तीसं सा० । देवगदिचदुण्णं सेसाणं च ओघं ।

१७७. वेदगस० पंचणा०-छदंसणा०-चदुसंज०-पुरिस०-भय-दुगुं०-पंचिंदि०-तेजा०-क०-समचदु०-वण्ण०४-अगुरु०४-पसत्थवि०-तस०४-सुभग-सुस्सर-आदे०-णिमि०-उच्चागो०-पंचंत०-उक्क० जहण्णु० अंतो० । अणु० जह० अंतो०, उक्क०

साधिक इकतीस सागर है । तथा शेष प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका काल साता प्रकृतिके समान है ।

विशेषार्थ—शुक्ललेश्याका उत्कृष्ट काल साधिक तेतीस सागर है । इतने काल तक इस लेश्यामें पाँच ज्ञानावरण आदि उनसठ प्रकृतियोंका स्थितिबन्ध होता रहता है, इसलिए इन प्रकृतियोंके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल साधिक तेतीस सागर कहा है । किंतु मनुष्यगतिपञ्चक अर्थात् मनुष्यगति, औदारिकशरीर, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, वज्रर्षभनाराच संहनन और मनुष्यगत्यानुपूर्वी इन पाँच प्रकृतियोंका बन्ध संयत मनुष्यके नहीं होता, इसलिए उक्त कालमें से संयत सम्बन्धी शुक्ल लेश्याके अन्तर्मुहूर्त काल कम कर देनेपर देवगति सम्बन्धी शुक्ल लेश्याका तेतीस सागर कालशेष रहता है । यही कारण है कि इन पाँच प्रकृतियोंके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल केवल तेतीस सागर कहा है । मिथ्यादृष्टि शुक्ल लेश्यावाले जीवका उत्कृष्ट काल साधिक इकतीस सागर होनेसे स्त्यानगृद्धि आदि आठ प्रकृतियोंके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल साधिक इकतीस सागर कहा है । शेष कथन सुगम है ।

१७६. भव्य जीवोंमें सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका काल ओघके समान है । अभव्य जीवोंमें मत्यज्ञानी जीवोंके समान है । सम्यग्दृष्टियोंमें अवधिज्ञानी जीवोंके समान है । क्षायिक सम्यग्दृष्टि जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट काल साधिक तेतीस सागर है । मनुष्यगतिपञ्चकके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका काल ओघके समान है । अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल तेतीस सागर है । देवगतिचतुष्क और शेष प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका काल ओघके समान है ।

विशेषार्थ—देवायुका उत्कृष्ट काल तेतीस सागर है । इसी बातको ध्यानमें रखकर यहाँ क्षायिक सम्यक्त्वमें मनुष्यगतिपञ्चकके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल तेतीस सागर कहा है । शेष कथन सुगम है ।

१७७. वेदक सम्यग्दृष्टि जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, चार संज्वलन, पुरुषवेद, भय, जुगुप्सा, पञ्चेन्द्रिय जाति, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, समचतुरस्रसंस्थान, वर्णचतुष्क, अगुरुलघुचतुष्क, प्रशस्तविहायोगति, त्रस चतुष्क, सुभग, सुस्वर, आदेय, निर्माण, उच्चगोत्र और पाँच अन्तराय प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है । अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट काल

छावट्ठिसाग० । सेसं ओधिभंगो । णवरि देवगदिचदुक्कं उक्क० जह० उक्क० अंतो० । [अणुक्क० जह० अंतो, उक्क०] तिण्णि पलिदो० देसू० ।

१७८. उवसमस० ओधिभंगो । णवरि तित्थय० उक्क० जह० एग०, उक्क० अंतो० । अणु० जह० उक्क० अंतो० । सेसं धुविगाणं उक्क० अणु० जह० [उक्क०] अंतो० ।

१७९. सासणे पंचणा०-णवदंस०-सोलसक०-भय-दुगुं०-तिण्णिगदि-पंचिंदिय०-चदुसरीर-समचदु०-दोअंगो०-वण्ण०४-तिण्णिआणुपु०-अगुरु०४-पसत्थवि०-तस०४-सुभग-सुस्सर-आदे०-णिमि०-णीचुच्चागो०-पंचंत० उक्क० ओधिभंगो । अणु० जह० एग०, उक्क० छावलियाओ । तिरिक्खगदितियं सत्तमाए उक्क० उक्कस्सं कालं होहिदि त्ति । मणुसग०-ओरालि०-ओरालि०अंगो-मणुसाणु०-अणादे० देवस्स उक्कस्सभंगं भवदि । देवगदि-वेउव्वि०-समचदु०-वेउव्वि०अंगो०-देवाणु०-

---

छ्यासठ सागर है। शेष प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका काल अवधिज्ञानी जीवोंके समान है। इतनी विशेषता है कि देवगतिचतुष्कके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्टकाल अन्तर्मुहूर्त है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट काल कुछ कम तीन पल्य है।

विशेषार्थ—उत्तम भोगभूमिमें वेदक सम्यक्त्वका उत्कृष्ट काल कुछ कम तीन पल्य है। इसी बातको ध्यानमें रखकर यहाँ देवगति चतुष्कके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल कुछ कम तीन पल्य कहा है। शेष कथन सुगम है।

१७८. उपशम सम्यग्दृष्टि जीवोंमें अवधिज्ञानी जीवोंके समान भङ्ग है। इतनी विशेषता है कि तीर्थंकर प्रकृतिके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। शेष प्रकृतियोंके तथा ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है।

विशेषार्थ—उपशम सम्यग्दृष्टियोंमें अवधिज्ञानी जीवोंके समान भङ्ग है इस कथनका यह अभिप्राय है कि अवधिज्ञानमें परावर्तमान प्रकृतियोंका काल जिस प्रकार कहा है उस प्रकार उनका काल यहाँ भी कहना चाहिए। शेष यहाँ ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियों और तीर्थङ्कर प्रकृतिके विषयमें जो विशेषता है वह यहाँ अलगसे कही ही है।

१७९. सासादनमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, सोलह कषाय, भय, जुगुप्सा, तीन गति, पञ्चेन्द्रिय जाति, चार शरीर, समचतुरस्रसंस्थान, दो आङ्गोपाङ्ग, वर्णचतुष्क, तीन आनुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, प्रशस्त विहायोगति, त्रस चतुष्क, सुभग, सुस्वर, आदेय, निर्माण, नीचगोत्र, उच्चगोत्र और पाँच अन्तराय प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका काल अवधिज्ञानी जीवोंके समान है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल छह आवलि प्रमाण है। तिर्यञ्चगति त्रिकके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल सातवीं पृथिवीमें होगा ऐसा यहाँ समझना चाहिए। मनुष्यगति, औदारिक शरीर, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, मनुष्यगत्यानुपूर्वी और अनादेय प्रकृतियोंका उत्कृष्ट भंग देवके होता है। देवगति, वैक्रियिक शरीर, समचतुरस्रसंस्थान, वैक्रियिक आङ्गोपाङ्ग, देवगत्यानुपूर्वी, प्रशस्त

पसत्थवि०-सुभग-सुस्सर-आदे०-उच्चा० उक्क० असंखेज्जवस्सायुगाणं तिरिक्ख-मणुसाणुगाणं उक्कस्सभंगं भवदि। सादासादा०-इत्थि०-पुरिस०-हस्स-रदि-अरदि-सोग-चदुसंठा०-पंचसंघ०-उज्जो०-अप्पसत्थ०-थिराथिर-सुभासुभ-दूभग-दुस्सर-अणादे०-जस०-अजस० उक्क० अणु० जह० एग०, उक्क० अंतो०।

१८०. सम्मामि० पंचणा०-छदंस०-बारसक०-पुरिस०-भय-दुगुं०-दोगदि-पंचिंदि०-चदुसरीर-समचदु०-दोअंगो०-वज्जरिसभ०-वण्ण०४-दोआणु०-अगुरु०४-पसत्थवि०-तस०४-सुभग-सुस्सर-आदे०-उच्चागो०-णिमि०-पंचंत० उक्क० अणु० जहण्णु० अंतो०। सादा०-हस्स-रदि-थिर-सुभ-जस० उक्क० अणु० ओघं। असादा०-अरदि-सोग-अथिर-असुभ-अजस०उक्क० जहण्णु० अंतो०। अणु० ओघं। मिच्छादि० मदिभंगो।

विहायोगति, सुभग, सुस्वर, आदेय और उच्चगोत्रके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट भङ्ग असंख्यातवर्षकी आयुवाले तिर्यञ्च और मनुष्योंके होता है। साता वेदनीय, असाता वेदनीय, स्त्रीवेद, पुरुषवेद, हास्य, रति, अरति, शोक, चार संस्थान, पाँच संहनन, उद्योत, अप्रशस्त विहायोगति, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, दुर्भग, दुस्वर, अनादेय, यशःकीर्ति और अयशःकीर्ति प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है।

विशेषार्थ—अवधिज्ञानी जीवोंके पाँच ज्ञानावरण आदि प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्ध का जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्तप्रमाण घटित करके बतला आये हैं उसी प्रकार यहाँ भी उन प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका काल जानना चाहिए। यहाँ एक आवलिसे ऊपर कालकी अन्तर्मुहूर्त संज्ञा है। तथा इन प्रकृतियोंके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल छह आवलि है। सो इसका कारण यह है कि सासादन गुणस्थानका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल छह आवलि है। यद्यपि इन प्रकृतियोंमें कुछ परावर्तमान प्रकृतियाँ भी हैं पर उनकी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक अलग अलग गतिके जीव होनेसे यहाँ उनके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त बन जाता है। इनके सिवा शेष सब परावर्तमान प्रकृतियाँ हैं इसलिए उनके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त कहा है।

१८०. सम्यग्मिथ्यादृष्टि जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, बारह कषाय, पुरुषवेद, भय, जुगुप्सा, दो गति, पञ्चेन्द्रिय जाति, चार शरीर, समचतुरस्रसंस्थान, दो आङ्गोपाङ्ग, वज्रर्षभनाराच संहनन, वर्णचतुष्क, दो आनुपूर्वी, अगुरुलघु चतुष्क, प्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, सुभग, सुस्वर, आदेय, उच्चगोत्र निर्माण और पाँच अन्तराय प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। साता वेदनीय, हास्य, रति, स्थिर, शुभ और यशःकीर्ति प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका काल ओघके समान है। असाता वेदनीय, अरति, शोक, अस्थिर, अशुभ और अयशःकीर्ति प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। तथा अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका काल ओघके समान है। मिथ्यादृष्टि जीवोंमें अपनी सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका काल मत्यज्ञानी जीवोंके समान है।

१८१. सण्णि० पंचिंदियपज्जत्तभंगो । असण्णि० धुविगाणं ओरालि० तिरिक्खगदितिगं च चत्तारि आयु० ओघो । सेसाणं उक्क० अणु० जह० एग०, उक्क० अंतो० ।

१८२. आहार० धुविगाणं तिरिक्खगदि-ओरालि०-तिरिक्खाणु०-णीचा० उक्क० ओघं । अणु० जह० एग०, उक्क० अंगुलस्स असं० । सेसाणं पगदीणं मूलोघं । अणाहार० कम्मइगभंगो । एवं उक्कस्सकालं समत्तं ।

विशेषार्थ—सम्यग्मिथ्यादृष्टि गुणस्थानका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है, इसलिए इसमें पाँच ज्ञानावरण आदि प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त ही होता है। कारण कि जो मिथ्यात्वके अभिमुख उत्कृष्ट संक्लेश परिणामवाला जीव होता है उसके उत्कृष्ट स्थितिबन्ध होता है और अन्यके अनुत्कृष्ट, इसलिए ये दोनों अन्तर्मुहूर्तसे न्यून नहीं होते। यद्यपि इन प्रकृतियोंमें कुछ परावर्तमान प्रकृतियाँ हैं पर उनकी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक अलग अलग गतिके जीव होनेसे उनका भी वही काल बन जाता है। साता वेदनीय आदि छह प्रकृतियोंका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध स्वस्थानमें होता है, इसलिए इनके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त कहा है, क्योंकि एक तो इनका स्वस्थानमें बन्ध होता है और दूसरे ये परावर्तमान प्रकृतियाँ हैं, इसलिए इस कालके प्राप्त होनेमें कोई बाधा नहीं आती। शेष असाता वेदनीय आदि छह प्रकृतियोंका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध मिथ्यात्वके अभिमुख हुए उत्कृष्ट संक्लेशवाले जीवके होता है। यतः यह बन्ध अन्तर्मुहूर्त काल तक होता है इसलिए इन प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त कहा है। पर ये प्रकृतियाँ भी परावर्तमान हैं, इसलिए इनके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त कहा है।

१८१. संज्ञी जीवोंमें अपनी सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका काल पञ्चेन्द्रिय पर्याप्त जीवोंके समान है। असंज्ञी जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियां औदारिक शरीर, तिर्यञ्चगति त्रिक और चार आयुके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका काल ओघके समान है। तथा शेष प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है।

विशेषार्थ—पञ्चेन्द्रिय पर्याप्त जीवोंमें सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जो काल घटित करके बतला आये हैं उससे संज्ञी जीवोंके कालमें कोई विशेषता नहीं है, इसलिए संज्ञी जीवोंमें सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका काल पञ्चेन्द्रिय पर्याप्त जीवोंके समान कहा है। शेष कथन स्पष्ट ही है।

१८२. आहारक जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियां तिर्यञ्चगति, औदारिक शरीर, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी और नीचगोत्रके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका काल ओघके समान है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अंगुलके असंख्यातवें भागप्रमाण है। तथा शेष प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका काल मूलोघके समान है अनाहारक जीवोंमें अपनी सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका काल कार्मण काययोगी जीवोंके समान है।

विशेषार्थ—आहारकोंकी उत्कृष्ट कायस्थिति अङ्गुलके असंख्यातवें भागप्रमाण है। इसी

१८३. जहण्णए पगदं। दुवि०—ओघे० आदे०। ओघे०—पंचणा०-चदुदंस०-पंचंत० जह० ट्ठिदिबंधो केवचिरं कालादो होदि? जहण्णु० अंतो०, अजह० चदुसंज०-ट्ठिदि० केवचिरं०? तिभंग०। सादि० जह० अंतो०, उक्क० अद्धपोग्गलपरियट्टं। पंच-दंस०-बारसक०-भय-दुगुं० तेजा०-क० वण्ण०४-अगु०-उप०-णिमि० जह० ट्ठिदि० केवचिरं०? जह० एग०, उक्क० अंतो०। अज० जह० अंतो०, उक्क० असंखेज्जा लोगा। सादा०-[आहारसरीर]-आहार०अंगो०-जस० जह० ट्ठिदि० जहण्णु० अंतो० अज० जह० एग०, उक्क० अंतो०। असादा०-इत्थि०-णवुंस०-हस्स-रदि-अरदि-सोग-णिरयग०-चदुजादि-पंचसंठा०-पंचसंघ०-णिरयाणु०-आदाउज्जो०-अप्प-सत्थवि०-थावरादि०४-थिराथिर-सुभासुभ-दूभग-दुस्सर-अणादे०-अजस० जह० [1]अजह० जह० एग०, उक्क० अंतो०। पुरिस० जह० जहण्णु० अंतो०। अज० ट्ठिदि० जह० एग०, उक्क० वेछावट्ठिसाग० सादि०।

बातको ध्यानमें रखकर यहां प्रथम दण्डकमें कही गई प्रकृतियोंके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल अङ्गुलके असंख्यातवें भागप्रमाण कहा है। शेष कथन स्पष्ट ही है।

इस प्रकार उत्कृष्ट काल समाप्त हुआ।

जघन्य बन्धकाल

१८३. जघन्य कालका प्रकरण है। निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघकी अपेक्षा पांच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, चार संज्वलन और पांच अन्तराय प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका कितना काल है। जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। अजघन्य स्थितिबन्धका कितना काल है? अजघन्य स्थितिबन्धके तीन भङ्ग हैं—अनादि अनन्त, अनादि सान्त और सादि सान्त। उनमेंसे सादि सान्त अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट काल कुछ कम अर्द्धपुद्गल परिवर्तनप्रमाण है। पाँच दर्शनावरण, बारह कषाय, भय, जुगुप्सा, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, वर्णचतुष्क, अगुरुलघु, उपघात और निर्माण प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका कितना काल है? जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट काल असंख्यात लोकप्रमाण है। साता वेदनीय, आहारक शरीर, आहारक आङ्गोपाङ्ग और यशःकीर्ति प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। असाता वेदनीय, स्त्रीवेद, नपुंसकवेद, हास्य, रति, अरति, शोक, नरकगति, चार जाति, पांच संस्थान, पांच संहनन, नरकगत्यानुपूर्वी, आतप, उद्योत, अप्रशस्त विहायोगति, स्थावर आदि चार, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, दुर्भग, दुस्वर, अनादेय और अयशःकीर्ति प्रकृतियोंके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। पुरुषवेदके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल साधिक दो छयासठ सागर है।

---

1. मूलप्रतौ अज्जह० इति पाठः।

१८४. चदुण्णं आयुगाणं जह० ट्ठिदि० जहण्णु० एग० । अज० जहण्णु० अंतो । एवं सव्वत्थ योग-कसायमग्गणाओ वज्ज० । तिरिक्खग०-ओरालि०-तिरिक्खाणु०-णीचा० जह० जह० एग०, उक्क० अंतो० । अज० जह० एग०, उक्क० असंखा लोगा । मणुसग०-वज्जरि०-मणुसाणु० जह० ट्ठिदि० जह० एग०, उक्क० अंतो० । अज० जह० एग०, उक्क० तेत्तीसं सा० । देवगदि०४ जह० ट्ठिदि० जह० एग०, उक्क० अंतो० । अज० जह० एग०, उक्क० तिण्णि पलिदो० सादिरे० । पंचिंदि०-पर०-उस्सा०-तस०४ जह० ट्ठिदि० जह० एग०, उक्क० अंतो०[1] । अज० जह० एग०, उक्क० पंचासीदिसागरोवमसदं । समचदु०-पसत्थवि०-सुभग-सुस्सर-आदे० जह० ट्ठिदि० जह० एग०, उक्क० अंतो० । अजह० जह० एग०, उक्क० वेछावट्ठिसा० सादि० तिण्णि पलिदो० देसू० । ओरालि०अंगो० जह० जह० एग०, उक्क० अंतो० । अज० जह० एग०, उक्क० तेत्तीसं साग० सादि० । तित्थय० जह० ट्ठिदि० जह० उक्क० अंतो० । अज० जह० अंतो०, उक्क०[2] तिण्णि सा० सादि० । उच्चा० जह० ट्ठिदि० जह० उक्क० अंतो० । अज०

१८४. आयुकर्मकी चार प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। योग और कषाय मार्गणाओंको छोड़कर आयुकर्मके विषयमें इसी प्रकार सर्वत्र जानना चाहिए। तिर्यञ्चगति, औदारिक शरीर, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी और नीचगोत्र प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल असंख्यात लोक प्रमाण है। मनुष्यगति, वज्रर्षभनाराच संहनन और मनुष्यगत्यानुपूर्वी प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल तेतीस सागर है। देवगति चतुष्कके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल साधिक तीन पल्य है। पञ्चेन्द्रिय जाति, परघात, उच्छ्वास और त्रस चतुष्क प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल एकसौ पचासी सागर है। समचतुरस्रसंस्थान, प्रशस्त विहायोगति, सुभग, सुस्वर और आदेय प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल साधिक दो छयासठ सागर और कुछ कम तीन पल्योपम है। औदारिक शरीर आङ्गोपाङ्ग प्रकृतिके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल साधिक तेतीस सागर है। तीर्थंकर प्रकृतिके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट काल साधिक तीन सागर है। उच्चगोत्रके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है।

१. मूलप्रतौ अंतो० अज्ज० जह० एग० उक्क अंतो० अज्ज० इति पाठः । २. मूलप्रतौ उक्क० तेत्तीसं सा० सादि० इति पाठः ।

ट्ठिदि० जह० एग०, उक्क० वेछावट्ठिसा० सादि० तिण्णि पलिदो० देसू० ।

अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल साधिक दो छ्यासठ सागर और कुछ कम तीन पल्य है ।

विशेषार्थ—पाँच ज्ञानावरण आदि १८ प्रकृतियोंका जघन्य स्थितिबन्ध क्षपक श्रेणिमें अन्तिम स्थितिबन्धके समय होता है, इसलिए उनके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त कहा है। इन प्रकृतियोंका अजघन्य स्थितिबन्ध अनादि-अनन्त, अनादि-सान्त और सादि-सान्त तीन प्रकारका होता है। जो अन्य ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियाँ हैं उनका भी इसी प्रकारसे तीन प्रकारका बन्ध होता है। उनमेंसे यहाँ सादि-सान्त अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्टकाल कहा गया है। जब यह अजघन्य स्थितिबन्ध अन्तर्मुहूर्तकाल रहकर पुनः श्रेणि पर आरोहण करनेसे छूट जाता है तब इनके अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त उपलब्ध होता है और यदि कुछ कम अर्धपुद्गल काल तक यह जीव श्रेणि पर नहीं चढ़ता है तो इनके अजघन्य स्थितिबन्धका उक्त प्रमाण उत्कृष्ट काल प्राप्त होता है। इसीसे इन प्रकृतियोंके अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट काल कुछ कम अर्धपुद्गल परिवर्तनप्रमाण कहा है। पाँच दर्शनावरण आदि २८ प्रकृतियोंका जघन्य स्थितिबन्ध बादर एकेन्द्रिय पर्याप्त जीवके होता है। यहाँ जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है, इसलिए इन प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल-एक समय और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त कहा है। इन प्रकृतियोंके अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है, क्योंकि एक बार जघन्य स्थितिबन्धके योग्य परिणाम होनेके बाद वे पुनः कमसे कम अन्तर्मुहूर्त बाद होते हैं और उत्कृष्ट काल असंख्यात लोक प्रमाण है, क्योंकि बादर एकेन्द्रिय पर्याप्त जीवका उत्कृष्ट अन्तरकाल असंख्यात लोकप्रमाण है। यही कारण है कि इन प्रकृतियोंके अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट काल असंख्यात लोकप्रमाण कहा है। सातावेदनीय आदि चार प्रकृतियोंका जघन्य स्थितिबन्ध क्षपकश्रेणिमें अपने अपने अन्तिम स्थितिबन्धके अन्तर्मुहूर्त काल तक होता रहता है, इसलिए इनके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त कहा है। जो जीव उपशमश्रेणिसे उतरते समय आहारकद्विकका एक समयके लिए बन्ध करता है और दूसरे समयमें मरकर वह देव हो जाता है उसके आहारकद्विकके अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्यकाल एक समय उपलब्ध होता है। तथा इनके अजघन्य स्थितिबन्धका उत्कृष्ट बन्धकाल अन्तर्मुहूर्त ही है, क्योंकि एक तो ये सप्रतिपक्ष प्रकृतियाँ हैं और दूसरे सातवें और आठवें गुणस्थानका उत्कृष्ट काल ही अन्तर्मुहूर्त है, इसलिए तो इन दोनों प्रकृतियोंके अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त कहा है और साता व यशःकीर्ति ये सप्रतिपक्ष प्रकृतियाँ होनेसे इनके अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त कहा है, क्योंकि साता वेदनीय और यशःकीर्तिका एक समयके लिए अजघन्य स्थितिबन्ध हुआ और दूसरे समयमें इनके स्थानमें असातावेदनीय व अयशःकीर्तिका स्थितिबन्ध होने लगा तो इनके अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय उपलब्ध होता है और यदि इनका निरन्तर स्थितिबन्ध होता रहा तो वह अन्तर्मुहूर्त काल तक ही होगा। इसके बाद इनके स्थितिबन्धका काल समाप्त हो जानेके कारण नियमसे इनका स्थान इनकी प्रतिपक्षभूत प्रकृतियाँ ले लेंगी। इसलिए सातावेदनीय और यशःकीर्तिके अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त कहा है। असातावेदनीय आदि २८ प्रकृतियोंके जघन्य और अजघन्य

१८५. आदेसेण णेरइगा० धुविगाणं जह० ट्ठिदि० जह० एग०, उक्क० बेसम०। अजह० ट्ठिदि० जह० दसवस्ससहस्साणि बिसमयूणाणि, उक्क० ट्ठिदि० तेत्तीसं

स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त इसलिए कहा है, क्योंकि सामान्यतः इनके बन्धका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। पुरुषवेद क्षपक प्रकृति है और क्षपक श्रेणिमें एक एक स्थितिबन्ध अन्तर्मुहूर्त काल तक होता रहता है, इसलिए इसके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त कहा है। इसके अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय इसके प्रतिपक्ष प्रकृति होनेसे है और नपुंसकवेद व स्त्रीवेदकी प्रथम व द्वितीय गुणस्थानमें बन्ध व्युच्छित्ति हो जानेके बाद जीव साधिक दो छ्यासठ सागर काल तक आगेके गुणस्थानोंमें बना रहनेसे इतने काल तक सतत इसका नियमसे बन्ध करता रहता है, इसलिए इसके अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल साधिक दो छ्यासठ सागर कहा है। आयुकर्मका जघन्य स्थितिबन्ध एक समय तक और अजघन्य स्थितिबन्ध अन्तर्मुहूर्त तक होता है ऐसा नियम है इसलिए चारों आयुओंके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त कहा है किन्तु योग और कषाय मार्गणामें इनके जघन्य स्थितिबन्धकी तरह अजघन्य स्थितिबन्धका भी जघन्य काल एक समय बन जाता है, क्योंकि किसी भी जीवके किसी एक कषाय और योगमें एक समय तक आयुका अजघन्य स्थितिबन्ध होकर दूसरे समयमें उसके उस योग और कषायका बदल जाना सम्भव है। अग्निकायिक और वायुकायिक जीवोंकी उत्कृष्ट कायस्थिति असंख्यात लोकप्रमाण है, इसलिए तिर्यञ्चगति आदि चार प्रकृतियोंके अजघन्य स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल असंख्यात लोकप्रमाण कहा है। इनके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय और जघन्य स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त होनेका कारण इन प्रकृतियोंका सप्रतिपक्ष होना है। आगे भी यथासम्भव यह काल इसी प्रकार घटित कर लेना चाहिए। सर्वार्थसिद्धिके देव अपनी आयुके प्रथम समयसे लेकर अन्त तक मनुष्यगति आदि तीन प्रकृतियोंका नियमसे बन्ध करते रहते हैं, इसलिए इनके अजघन्य स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल तेतीस सागर कहा है। जो मनुष्य सम्यग्दृष्टि देवगतिचतुष्कका नियमसे बन्ध कर रहा है उसके तीन पल्यकी आयुवाले जीवोंमें उत्पन्न होने पर भी उनका बन्ध होता रहता है, इसलिए इनके अजघन्य स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल साधिक तीन पल्य कहा है। पञ्चेन्द्रिय जाति आदि सात प्रकृतियोंके स्थितिबन्धका स्वभावसे जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है, इसलिए इनके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त व अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय कहा है। देवगति और नरकगतिमें इनका नियमसे बन्ध होता है, तिर्यञ्चगतिमें दूसरे गुणस्थानसे लेकर पाँचवें गुणस्थान तक नियमसे बन्ध होता है और मनुष्यगतिमें दूसरे गुणस्थानसे लेकर अपनी अपनी बन्ध व्युच्छित्ति होने तक इनका नियमसे बन्ध होता है। अब यदि इन गतियों और इन प्रकृतियोंके बन्धके योग्य अवस्थाका विचार कर इनके बन्धके उत्कृष्ट कालका योग किया जाय तो वह एक सौ पचासी सागरसे अधिक नहीं होता, इसीसे यहाँ इनके अजघन्य स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल एक सौ पचासी सागर कहा है।

१८५. आदेशसे नारकियोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्टकाल दो समय है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्यकाल दो

सा० । थीणगिद्धितिय-मिच्छत्त-अणंताणुबंधि४-तिरिक्खग०-तिरिक्खाणु०-णीचा० जह० [जह०] एग०, उक्क० वे सम० । अज० ट्ठिदि० जह० एग०, मिच्छत्तं अंतो०, उक्क० तेत्तीसं सा० । पुरिस०-मणुसग०-समचदु०-वज्जरिसभ०-मणुसाणु०-पसत्थवि०-सुभग-सुस्सर-आदे०-उच्चा० जह० ट्ठिदि० जह० एग०, उक्क० वे सम० । अज० जह० एग०, उक्क० तेत्तीसं सा० देसू० । तित्थय० जह० ट्ठिदि० जह० एग०, उक्क० अंतो० । अज० ट्ठिदि० जह० एग०, उक्क० तिण्णि साग० सादि० । सेसाणं जह० ट्ठिदि० जह० एग०, उक्क० वे समयं । अज० ट्ठिदि० जह० एग०, उक्क० अंतो० । एवं पढमाए । णवरि तिरिक्खगदितिगं सादभंगो । पुरिस०-[मणुसग० समचदु०-वज्जरिसभ०-मणुसाणु०-पसत्थवि०-सुभग-सुस्सर-आदे०-उच्चा०]-तित्थय० सागरोवमं देसूणं । धुविगाणं सागरोवम० ।

समय कम दस हजार वर्ष है और उत्कृष्टकाल तेतीस सागर है। स्त्यानगृद्धित्रिक, मिथ्यात्व, अनन्तानुबन्धी चतुष्क, तिर्यञ्चगति, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी और नीचगोत्र प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्यकाल एक समय है और उत्कृष्ट काल दो समय है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्यकाल एक समय है किन्तु मिथ्यात्वका अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्टकाल सबका तेतीस सागर है। पुरुषवेद, मनुष्यगति, समचतुरस्र संस्थान, वज्रर्षभनाराच संहनन, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, प्रशस्त विहायोगति, सुभग, सुस्वर, आदेय और उच्चगोत्र प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्यकाल एक समय है और उत्कृष्ट काल दो समय है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्यकाल एक समय है और उत्कृष्ट काल कुछ कम तेतीस सागर है। तीर्थङ्कर प्रकृतिके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्यकाल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्यकाल एक समय है और उत्कृष्टकाल साधिक तीन सागर है। शेष प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्टकाल दो समय है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्यकाल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। इसी प्रकार पहिली पृथिवीमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि तिर्यञ्चगति त्रिकके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका काल साता प्रकृतिके समान है। पुरुषवेद, मनुष्यगति, समचतुरस्रसंस्थान, वज्रर्षभनाराच संहनन, मनुष्यगत्यानुपूर्वी प्रशस्त विहायोगति, सुभग, सुस्वर, आदेय, उच्चगोत्र और तीर्थंकर प्रकृतियोंके अजघन्य स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल कुछ कम एक सागर है तथा ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके अजघन्य स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल एक सागर है।

विशेषार्थ—असंज्ञी जीव मरकर नरकमें उत्पन्न होता है और ऐसे जीवके उत्पन्न होनेके प्रथम समयमें या प्रथम व द्वितीय समयमें जघन्य स्थिति हो सकता है। इसीसे यहाँ सामान्यकी अपेक्षा व प्रथम नरकमें तीर्थङ्कर प्रकृतिके सिवा शेष सब प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्यकाल एक समय और उत्कृष्ट काल दो समय कहा है। तथा इनके अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्टकाल अपनी-अपनी बन्धकी योग्यतानुसार अलग-अलग है यथा—ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंका सतत बन्ध होता रहता है और नरककी जघन्य स्थिति दस हजार वर्ष व उत्कृष्ट स्थिति तेतीस सागर है। इसीसे इन प्रकृतियोंके अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्यकाल दो समय कम दस हजार वर्ष और उत्कृष्ट काल तेतीस सागर कहा है। यहां इन प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल दो समय

१८६. विदियादि याव छट्ठि त्ति थीणगिद्धि०३-मिच्छ०-अणंताणुबंधि०४ जह० ट्ठिदि० जहण्णु० अंतो०। अज० जह० एग०, मिच्छ० अंतो०, उक्क० अप्पप्पणो ट्ठिदी०। सेसाणं जह० अज० उक्क०भंगो। सत्तमाए थीणगिद्धि०३ मिच्छ०-अणंताणुबंधि०४-तिरिक्खगदितिगं जह० ट्ठिदि० जह० उक्क० अंतो०।

कम करके अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्यकाल कहा गया है। जो स्त्यानगृद्धि तीन, अनन्तानुबन्धी चतुष्क, तिर्यञ्चगति, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी प्रकृतियोंका एक समयतक बन्ध करता है और दूसरे समयमें मरकर अन्यगतिमें चला जाता है उसके इन प्रकृतियोंके अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय उपलब्ध होता है। नरकमें मिथ्यात्व गुणस्थानका जघन्यकाल अन्तर्मुहूर्त है, इसलिए मिथ्यात्व प्रकृतिके अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त उपलब्ध होता है। इन प्रकृतियोंके अजघन्य स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल तेतीस सागर है यह स्पष्ट ही है। इसीसे इन प्रकृतियोंके अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट काल उक्त प्रमाण कहा है। पुरुषवेद आदि १० प्रकृतियाँ सप्रतिपक्ष हैं और इनका कमसे कम एक समयतक बन्ध होता है ऐसा नियम है इसलिए इनके अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय कहा है। तथा सम्यग्दृष्टि नारकी इनका नियमसे बन्ध करता है और नरकमें सम्यक्त्वका काल कुछ कम तेतीस सागर है, इसलिए इनके अजघन्य स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल कुछ कम तेतीस सागर है, इसलिए इनके अजघन्य स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल कुछ कम तेतीस सागर कहा है। जिस नारकीने तीर्थङ्कर प्रकृतिका एक समयतक जघन्य स्थितिबन्ध किया और दूसरे समयमें वह जघन्य स्थितिबन्ध करने लगा उसके इसके अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय उपलब्ध होता है और नरकमें तीर्थङ्कर प्रकृतिका निरन्तर बन्धकाल साधिक तीन सागर है यह स्पष्ट ही है। इसीसे यहां इस प्रकृतिके अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल साधिक तीन सागर कहा है। अब रहीं शेष प्रकृतियां सो उनके निरन्तर बन्धका यहाँ जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त होनेसे यह काल उक्त प्रमाण कहा है। प्रथम नरकमें सब काल इसी प्रकार बन जाता है। किन्तु कुछ विशेषता है। यथा—प्रथम नरकमें तिर्यञ्चगति त्रिकके बन्धके समय इनकी प्रतिपक्ष प्रकृतियोंका भी बन्ध सम्भव है, इसलिए साता प्रकृतिके समान इनके अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्यकाल एक समय और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त उपलब्ध होनेसे यह काल साता प्रकृतिके समान कहा है। प्रथम नरककी उत्कृष्ट स्थिति एक सागर है किन्तु यहां वेदक सम्यक्त्वका काल कुछ कम एक सागर है, इसलिए यहां पुरुषवेद आदि १० और तीर्थङ्कर प्रकृतिके अजघन्य स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल कुछ कम एक सागर कहा है। किन्तु ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंका मिथ्यात्व गुणस्थानमें निरन्तर बन्ध होता है इस लिए इनके अजघन्य स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल एक सागर कहा है।

१८६. दूसरी पृथिवीसे लेकर छठवीं पृथिवी तकके नारकियोंमें सत्यानगृद्धि तीन, मिथ्यात्व, अनन्तानुबन्धी चार प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है किन्तु मिथ्यात्वका अन्तर्मुहूर्त है और सबका उत्कृष्ट काल अपनी अपनी स्थिति प्रमाण है। तथा शेष प्रकृतियोंके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका काल उत्कृष्टके समान है। सातवीं पृथिवीमें स्त्यानगृद्धि तीन, मिथ्यात्व, अनन्तानुबन्धी चार और तिर्यञ्चगति त्रिकके जघन्य स्थितिबन्धका

अज० ट्ठिदि० जह० अंतो०, उक्क० तेत्तीसं सा० । मणुसग०-मणुसाणु०-उच्चा० जह० ट्ठिदि० जह० एग०, उक्क० अंतो० । अज० जह० अंतो०, उक्क० तेत्तीसं सा० देसू० । सेसं उक्क०भंगो । णवरि धुविगाणं अज० जह० अंतो० ।

१८७. तिरिक्खेसु पंचणा०-णवदंसणा०-मिच्छत्त-सोलसक०-भय-दुगुं०-तिरिक्खग०-ओरालि०-तेजा०-क०-वण्ण०४-तिरिक्खाणु०-अगुरु०-उप०-णिमि०-णीचा०-पंचंत० जह० ट्ठिदि० जह० एग०, उक्क० अंतो० । अज० जह० एग०, उक्क० असंखेज्जा लोगा । सेसाणं जह० अज० ट्ठिदि० उक्कस्सभंगो । पंचिंदियतिरिक्ख०३ सव्वपगदीणं जह० अज० उक्कस्सभंगो । पंचिंदियतिरिक्खअपज्जत्ता० सव्वपगदीणं जह० अज० उक्कस्सभंगो ।

जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है । अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट काल तेतीस सागर है । मनुष्यगति मनुष्यगत्यानुपूर्वी और उच्चगोत्र प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है । अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट काल कुछ कम तेतीस सागर है । तथा शेष प्रकृतियोंके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका काल उत्कृष्टके समान है । इतनी विशेषता है कि ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है ।

विशेषार्थ—सम्यक्त्वके अभिमुख हुए द्वितीयादि पृथिवीके नारकीके अन्तिम स्थितिबन्धमें अवस्थित होने पर स्त्यानगृद्धि आदि आठ प्रकृतियोंका जघन्य स्थितिबन्ध होता है । इसका काल अन्तर्मुहूर्त है, इसलिए यहां इन प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त कहा है । सातवीं पृथिवीमें इन प्रकृतियोंके व तिर्यञ्चगति त्रिकके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त इसी प्रकार घटित कर लेना चाहिए । सातवीं पृथिवीमें जो असंयत सम्यग्दृष्टि स्वस्थानमें मनुष्यगति आदि तीनका कमसे कम एक समयतक और अधिकसे अधिक अन्तर्मुहूर्त काल तक जघन्य स्थितिबन्ध करता है उसके इन प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त उपलब्ध होता है, इसलिए इन प्रकृतियोंका यह काल उक्त प्रमाण कहा है । तथा इन प्रकृतियोंका अजघन्य स्थितिबन्ध कमसे कम अन्तर्मुहूर्त काल तक और अधिकसे अधिक यहां तीसरे व चौथे गुणस्थानका काल मिलाकर अधिकसे अधिक जितना होता है उतने काल तक होता है, इसलिए अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट काल कुछ कम तेतीस सागर कहा है । शेष कथन सुगम है ।

१८७. तिर्यञ्चोंमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, भय, जुगुप्सा, तिर्यञ्चगति औदारिक शरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघु, उपघात, निर्माण, नीचगोत्र और पाँच अन्तराय प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है । अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्टकाल असंख्यात लोक प्रमाण है । शेष प्रकृतियोंके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका भङ्ग उत्कृष्टके समान है । पञ्चेन्द्रिय तिर्यंचत्रिकमें सब प्रकृतियोंके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका भङ्ग उत्कृष्टके समान है । तथा पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्तकोंमें सब प्रकृतियोंके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका काल उत्कृष्टके समान है ।

१८८. मणुस०३ खवगपगदीणं धुविगाणं जह० ट्ठिदि० ओघं । अज० ट्ठिदि० जह० एग०, उक्क० तिण्णि पलि० पुव्वकोडिपुधत्तं । पंचदंस०-बारसक०-भय-दुगु'०-तेजा०-क०-वण्ण०४-अगुरु०-उप०-णिमि० जह० ट्ठिदि० जह० एग०, उक्क० बेसम० । अज० ट्ठिदि० जह० एग०, उक्क० उक्कस्सभंगो । सादावे०-आहार०-आहार०अंगो०-जस० जह० अज० ओघं । असादा०-इत्थि०-णवुंस०-हस्स-रदि-अरदि-सोग-तिरिक्खग०-मणुसग०-चदुजादि-ओरालि०अंगो०-छस्संघ०-दोआणु०-आदाउज्जो०-अप्पसत्थवि०-थावरादि०४-थिराथिर-सुभासुभ-दूभग-दुस्सर-अणादे०-अजस०-णीचागो० जह० ट्ठिदि० जह० एग०, उक्क० बेसमयं । अज० ट्ठिदि० उक्कस्सभंगो । मिच्छ० जह० ट्ठिदि० जह० एग०, उक्क० बेसम० । अज० ट्ठिदि० ज'ह० खुद्दाभ० बिसमयूणं अंतो०, उक्क० उक्कस्सभंगो । समचदु०-पसत्थ०-सुभग०-सुस्सर-आदे० जह० ट्ठिदि० जह० एग०, उक्क० वे समयं । अज० जह० एग०, उक्क० तिण्णि पलिदो० सादि० । मणुसिणीसु देसू० ।

विशेषार्थ—यह हम अनेक बार बतला आये हैं कि तिर्यञ्चोंमें सूक्ष्म जीवोंकी उत्कृष्ट कायस्थिति असंख्यात लोक प्रमाण है । इसके बाद जीव नियमसे बादर और पर्याप्त होकर जघन्य स्थितिबन्ध करता है । इसीसे यहां पाँच ज्ञानावरण आदिकी अजघन्य स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल असंख्यात लोक प्रमाण कहा है । शेष कथन सुगम है ।

१८८. मनुष्यत्रिकमें क्षपक ध्रुव प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका काल ओघके समान है । अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल पूर्वकोटि पृथक्त्व अधिक तीन पल्य है । पाँच दर्शनावरण, बारह कषाय, भय, जुगुप्सा, तैजसशरीर, कार्मण-शरीर, वर्णचतुष्क, अगुरुलघु, उपघात और निर्माण प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल दो समय है । अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट कालका भङ्ग उत्कृष्टके समान है । सातावेदनीय, आहारकशरीर, आहारक आङ्गोपाङ्ग और यशःकीर्ति प्रकृतियोंके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका काल ओघके समान है । असातावेदनीय, स्त्रीवेद, नपुंसकवेद, हास्य, रति, अरति, शोक, तिर्यञ्च-गति, मनुष्यगति, चार जाति, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, छह संहनन, दो आनुपूर्वी, आतप, उद्योत, अप्रशस्त विहायोगति, स्थावर आदि चार, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, दुर्भग, दुःस्वर, अनादेय, अयशःकीर्ति और नीचगोत्र प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल दो समय है । तथा अजघन्य स्थितिबन्धका भङ्ग उत्कृष्टके समान है । मिथ्यात्वके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल दो समय है । अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल सामान्य मनुष्योंमें दो समय कम क्षुल्लक भवग्रहण प्रमाण और शेष दो में अन्तर्मुहूर्त है । तथा उत्कृष्ट कालका भङ्ग उत्कृष्टके समान है । समचतुरस्रसंस्थान, प्रशस्त विहायोगति, सुभग, सुस्वर और आदेय प्रकृतियों-के जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल दो समय है । अज-घन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल साधिक तीन पल्य है । पर मनुष्यिनियोंमें उत्कृष्ट काल कुछ कम तीन पल्य है । पुरुषवेद, देवगति चतुष्क और उच्च-

---

१. मूलप्रतौ जह० एग० खुद्दाभ० इति पाठः ।

पुरिस०-देवगदि४-उच्चा० जह० ट्ठिदि० जह० उक्क० अंतो० । अज० जह० एग०, उक्क० तिण्णि पलिदो० सादि० । मणुसिणीसु देसू० । णिरयगदि-णिरयाणुपु० जह० अज० उक्कस्सभंगो । पंचिंदि०-पर०-उस्सा०-तस०४ जह० ट्ठिदि० जह० एग०, उक्क० वेसम० । अज० जह० एग०, उक्क० तिण्णि पलिदो० सादि० । तित्थय० जह० ट्ठिदि० ओघं । मणुसिणीसु तित्थय० जह० ट्ठिदि० जह० एग०, उक्क० अंतो० । अज० ट्ठिदि० जह० एग०, उक्क० पुव्वकोडी देसू० ।

१८६. मणुसअपज्ज० धुविगाणं जह० ट्ठिदि० जह० एग०, उक्क० वे सम० । अज० जह० खुद्दाभव० विसमयूणं, उक्क० अंतो० । सेसाणं जह० एग०, उक्क० वे समयं । अज० जह० एग, उक्क० अंतो० ।

गोत्र प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिवन्धका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है । अजघन्य स्थितिवन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल साधिक तीन पल्य है पर मनुष्यिनियोंमें कुछ कम तीन पल्य है । नरकगति और नरकगत्यानुपूर्वीके जघन्य और अजघन्य स्थितिवन्धका भङ्ग उत्कृष्टके समान है । पञ्चेन्द्रिय जाति, परघात, उच्छ्वास और त्रस चतुष्क प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिवन्धका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल दो समय है । अजघन्य स्थितिवन्धका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल साधिक तीन पल्य है । तीर्थङ्कर प्रकृतिके जघन्य स्थितिवन्धका काल ओघके समान है । पर मनुष्यिनियोंमें तीर्थङ्कर प्रकृतिके जघन्य स्थितिवन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है । अजघन्य स्थितिंवन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल कुछ कम पूर्वकोटि वर्ष प्रमाण है ।

१८६. मनुष्य अपर्याप्तकोंमें ध्रुववन्धवाली प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिवन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल दो समय है । अजघन्य स्थितिवन्धका जघन्य काल दो समय कम क्षुल्लकभव ग्रहणप्रमाण है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है । शेष प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिवन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल दो समय है । अजघन्य स्थितिवन्धका जघन्य काल एक समय है, और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है ।

विशेषार्थ—यहां क्षपक प्रकृतियोंसे पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, चार संज्वलन, और पाँच अन्तराय इन १८ प्रकृतियोंका ग्रहण किया है । मनुष्यत्रिकके उनकी उत्कृष्ट कायस्थिति प्रमाण काल तक इनका निरन्तर बन्ध होता रहता है, इसलिए इनके अजघन्य स्थितिवन्धका उत्कृष्ट काल पूर्वकोटि पृथक्त्व अधिक तीन पल्य कहा है । समचतुरस्रसंस्थान आदि पाँच और पुरुषवेद आदि छह प्रकृतियोंका सम्यग्दृष्टि मनुष्यके निरन्तर वन्ध होता रहता है । इसीसे यहां मनुष्यसामान्य और पर्याप्त मनुष्यके इन प्रकृतियोंके अजघन्य स्थितिवन्धका उत्कृष्ट काल साधिक तीन पल्य और मनुष्यिनीके कुछ कम तीन पल्य कहा है । पञ्चेन्द्रिय जाति आदि सात प्रकृतियोंका सम्यग्दृष्टि मनुष्यके तो निरन्तर वन्ध होता ही है पर जो मनुष्य भोगभूमिमें उत्पन्न होते हैं उनके अन्तर्मुहूर्त काल पूर्वसे भी इनका वन्ध होनेमें कोई बाधा नहीं आती । इसीसे इन प्रकृतियोंके अजघन्य स्थितिवन्धका उत्कृष्ट काल साधिक तीन पल्य कहा है । यह काल सामान्य मनुष्य और पर्याप्त मनुष्योंमें कुछकम एक पूर्वकोटिका त्रिभाग अधिक तीन पल्य प्रमाण जानना चाहिए और मनुष्यिनियोंमें अन्तर्मुहूर्त अधिक तीन पल्य जानना चाहिए । तीर्थङ्कर प्रकृतिका वन्ध करनेवाला मनुष्य मर कर मनुष्योंमें

१६०. देवेसु पंचणा०-छदंसणा०-बारसक०-भय-दुगुं०-ओरालि०-तेजा०-क०-वण्ण०४-अगुरु०४-बादर-पज्जत्त-पत्ते०-णिमि०-पंचंत० जह० जह० एग०, उक्क० बे सम० । अज० ट्ठिदि० जह० दस वस्ससहस्साणि बिसमयूणाणि, उक्क० तेत्तीसं सा० । थीणगिद्धि०३-मिच्छ०-अणंताणुबंधि०४ जह० ट्ठिदि० जह० एग०, उक्क० बे सम०, अज० जह० एग०, मिच्छ० अंतो०, उक्क० एक्कत्तीसं सा० । पुरिस०-मणुसग०-पंचिंदि०-समचदु०-ओरालि०अंगो०-वज्जरिसभ०-मणुसाणु०-पसत्थवि०-तस-सुभग-सुस्सर-आदे०-उच्चा० जह० जह० एग०, उक्क० बेसम० । अज० जह० एग०, उक्क० तेत्तीसं सा० । तित्थय० जह० अज० ट्ठिदि० उक्कस्स-भंगो । सेसाणं जह० ट्ठिदि० जह० एग०, उक्क० बेसम० । अज० उक्कस्सभंगो ।

१६१. एवं भवण०-वाणवें० । णवरि सगट्ठिदी भाणिदव्वा । जोदिसि याव णवगेवज्जा त्ति जह० अज० ट्ठिदि० उक्कस्सभंगो । णवरि थीणगिद्धि०३-मिच्छ०-अणंताणुबंधि०४ जह० जह० उक्क० अंतो० । अज० जह० एग०, मिच्छ० अंतो०, उक्क० अप्पप्पणो ट्ठिदि त्ति । एवं णेदव्वं सव्वट्ठ त्ति ।

नहीं उत्पन्न होता । इसीसे यहाँ तीर्थङ्कर प्रकृतिके अजघन्य स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल कुछ कम एक पूर्वकोटि वर्ष प्रमाण कहा है । शेष काल विचार कर जान लेना चाहिए ।

१९०. देवोंमें पाँच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, बारह कषाय, भय, जुगुप्सा, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, वर्णचतुष्क, अगुरुलघुचतुष्क, बादर, पर्याप्त, प्रत्येक, निर्माण और पाँच अन्तराय प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल दो समय है । अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल दो समय कम दस हजार वर्ष है और उत्कृष्ट काल तेतीस सागर है । स्त्यानगृद्धि तीन, मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धी चारके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल दो समय है । अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है, मिथ्यात्वका अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट काल सबका इकतीस सागर है । पुरुषवेद, मनुष्यगति, पञ्चेन्द्रिय जाति, समचतुरस्रसंस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, वज्रर्षभनाराच संहनन, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, प्रशस्त विहायोगति, त्रस, सुभग, सुस्वर, आदेय और उच्चगोत्र प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल दो समय है । अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल तेतीस सागर है । तीर्थंकर प्रकृतिके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका भङ्ग उत्कृष्टके समान है । शेष प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल दो समय है । तथा अजघन्य स्थितिबन्धका भङ्ग उत्कृष्टके समान है ।

१९१. इसी प्रकार भवनवासी और व्यन्तर देवोंके जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि इनमें अपनी स्थिति कहनी चाहिए । ज्योतिषियोंसे लेकर नौ ग्रैवेयक तकके देवोंमें जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका भङ्ग उत्कृष्टके समान है । इतनी विशेषता है कि स्त्यान-गृद्धि तीन, मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धी चार प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है । अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है, मिथ्यात्वका अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट काल अपनी अपनी स्थितिप्रमाण है । इसी प्रकार सर्वार्थसिद्धि तक जानना चाहिए ।

१९३. बेइं०-तेइं०-चदुरिं० तस्सेव पज्जत्तापज्ज० उक्कस्सभंगो। पंचिंदिय०२ खवगपगदीणं ओघं। सेसाणं उक्कस्सभंगो। णवरि धुविगाणं अज० जह० अंतो०, उक्क० कायट्ठिदी०। पंचिंदियअपज्जत्ता उक्कस्सभंगो।

१९४. पंचकायाणं सव्वपगदीणं उक्कस्सभंगो। णवरि यम्हि अंतो० तम्हि जह० एग० कादव्वं।

१९५. तस०२ खवगपगदीणं जह० ओघं। अज० अणु० भंगो। णवरि जह० अंतो०। सेसाणं धुविगाणं जह० ट्ठिदि० जह० एग०, उक्क० अंतो०। अज०

विशेषार्थ—तिर्यञ्च सामान्यके ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियों और तिर्यञ्चगतित्रिकके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त तथा अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल असंख्यात लोकप्रमाण बतला आये हैं। यह काल यहाँ एकेन्द्रियोंमें इसी प्रकार उपलब्ध होता है इसलिए यह कथन सामान्य तिर्यञ्चोंके समान कहा है। बादर एकेन्द्रियोंकी उत्कृष्ट कायस्थिति अङ्गुलके असंख्यातवें भागप्रमाण है। इसलिए इनमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके अजघन्य स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल उक्त प्रमाण कहा है। यह तो स्पष्ट ही है पर इनमें तिर्यञ्चगतित्रिकके अजघन्य स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल कर्मस्थितिप्रमाण कहनेका कारण यह है कि इन तीन प्रकृतियोंका निरन्तर बन्ध अग्निकायिक और वायुकायिक जीवोंके होता है और बादर अग्निकायिक व बादर वायुकायिक जीवोंकी उत्कृष्ट कायस्थिति कर्मस्थितिप्रमाण है। इससे यहां यह काल इतना ही उपलब्ध होता है। इसी प्रकार शेष कालका भी विचार कर उसका कथन कर लेना चाहिए।

१९३. द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय और उनके पर्याप्त अपर्याप्त जीवोंमें अपनी सब प्रकृतियोंका भङ्ग उत्कृष्टके समान है। पञ्चेन्द्रिय और पञ्चेन्द्रिय पर्याप्त जीवोंमें क्षपक प्रकृतियोंका भङ्ग ओघके समान है। शेष प्रकृतियोंका भङ्ग उत्कृष्टके समान है। इतनी विशेषता है कि ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट काल कायस्थिति प्रमाण है। पञ्चेन्द्रिय अपर्याप्तकोंमें अपनी सब प्रकृतियोंका भङ्ग उत्कृष्टके समान है।

विशेषार्थ—विकलत्रय और उनके पर्याप्त अपर्याप्त जीवोंमें अपनी-अपनी प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जो काल कहा है वही यहां जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका काल जानना चाहिए यह उक्त कथनका तात्पर्य है। शेष कथन स्पष्ट ही है।

१९४. पाँच स्थावर कायिक जीवोंमें सब प्रकृतियोंका भङ्ग उत्कृष्टके समान है। इतनी विशेषता है कि जहाँपर जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त कहा है वहाँपर जघन्य काल एक समय कहना चाहिए।

विशेषार्थ—पाँच स्थावरकायिक जीवोंमें अपनी-अपनी प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जो काल कहा है उसी प्रकार यहाँ भी जानना चाहिए। मात्र जघन्य काल अन्तर्मुहूर्तके स्थानमें एक समय कहना चाहिए यह उक्त कथनका तात्पर्य है।

१९५. त्रस और त्रस पर्याप्त जीवोंमें क्षपक प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका काल ओघके समान है। अजघन्य स्थितिबन्धका काल अनुत्कृष्टके समान है। इतनी विशेषता है कि जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है। शेष ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। अजघन्य स्थितिबन्धका काल ज्ञाना-

१९२. एइंदिएसु धुविगाणं तिरिक्खगदितिगं च तिरिक्खोघं। सेसाणं तिरिक्खअपज्जत्तभंगो। बादरे धुविगाणं अंगुलस्स असंखे०। तिरिक्खगदितिगं जह[1]० ओघं। अज० जह० एग०, उक्क० कम्मट्ठिदी०। बादरपज्ज० अज० ट्ठिदि० जह० एग०, उक्क० संखेज्जाणि वस्ससहस्साणि। एवं तिरिक्खगदितिगं पि। सेसाणं जह० अज० ट्ठिदि० जह० एग०, उक्क० अंतो०। बादरअपज्ज० तिरिक्खअपज्जत्तभंगो। सुहुमे धुविगाणं जह० ट्ठिदि० तिरिक्खोघं। अज० जह० एग०, उक्क० अंगुलस्स असंखे०। एवं तिरिक्खगदितिगं। सेसाणं जह० अज० ट्ठिदि० जह० एग०, उक्क० अंतो०। पज्जत्तापज्जत्तेसु सव्वपगदीणं तिरिक्खअपज्जत्तभंगो।

विशेषार्थ—पाँच ज्ञानावरण आदि ४५ प्रकृतियोंका देवोंके निरन्तर बन्ध होता रहता है, इसलिए यहाँ इनके अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल दो समय कम दस हजार वर्ष और उत्कृष्ट काल तेतीस सागर कहा है। मिथ्यात्वके साथ देवोंकी उत्कृष्ट स्थिति इकतीस सागर है। इसीसे यहाँ स्त्यानगृद्धि तीन आदि आठ प्रकृतियोंके अजघन्य स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल इकतीस सागर कहा है। देव सम्यग्दृष्टिके पुरुषवेद आदि तेरह प्रकृतियोंका निरन्तर बन्ध होता रहता है। इसीसे यहाँ इनके अजघन्य स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल तेतीस सागर कहा है। असंज्ञी जीव भवनवासी और व्यन्तर देवोंमें ही मरकर उत्पन्न होता है, इसलिए देव सामान्यकी अपेक्षा यहाँ जो काल कहा है वह उनमें भी घटित हो जाता है। मात्र अजघन्य स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल कहते समय वह उनकी भवस्थितिप्रमाण ही कहना चाहिए, क्योंकि देव सामान्यमें यह काल देवोंकी उत्कृष्ट स्थितिको ध्यानमें रखकर कहा है। शेष कालका स्पष्टीकरण जिस प्रकार उत्कृष्ट स्थितिबन्धके कालके कथनके समय किया है उसी प्रकार यहाँ पर भी कर लेना चाहिए।

१९२. एकेन्द्रियोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियाँ और तिर्यञ्चगति त्रिकका भङ्ग सामान्य तिर्यञ्चोंके समान है। शेष प्रकृतियोंका भङ्ग तिर्यञ्च अपर्याप्तकोंके समान है। बादर एकेन्द्रियोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके अजघन्य स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल अङ्गुलके असंख्यातवें भागप्रमाण है। तिर्यञ्चगति त्रिकके जघन्य स्थितिबन्धका काल ओघके समान है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल कर्मस्थिति प्रमाण है। बादर पर्याप्तकोंमें अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल संख्यात हजार वर्ष है। इसी प्रकार तिर्यञ्चगतित्रिकका काल भी जानना चाहिए। शेष प्रकृतियोंके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। बादर अपर्याप्तकोंमें तिर्यञ्च अपर्याप्तकोंके समान जानना चाहिए। सूक्ष्म एकेन्द्रियोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका काल सामान्य तिर्यञ्चोंके समान है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अंगुलके असंख्यातवें भाग प्रमाण है। इसी प्रकार तिर्यञ्चगतित्रिकका काल जानना चाहिए। शेष प्रकृतियोंके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्यकाल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। सूक्ष्म एकेन्द्रिय पर्याप्त और अपर्याप्त जीवोंमें सब प्रकृतियोंका भङ्ग तिर्यञ्च अपर्याप्तकोंके समान है।

---

1. मूलप्रतौ जह० जह० ओघं इति पाठः।

णाणावरणभंगो । सेसाणं उक्कस्सभंगो । तसअपज्ज० उक्कस्सभंगो ।

१९६. पंचमण०-पंचवचि० सव्वपगदीणं जह० अज० जह० एग०, उक्क० अंतो० । चदुआयु० जह० ट्ठिदि० जहण्णु० एग० । अज० जह० एग०, उक्क० अंतो० ।

१९७. कायजोगि० खवगपगदीणं जह० ट्ठिदि० जह० एग०, उक्क० अंतो० । अज० ट्ठिदि० जह० एग०, उक्क० अणंतकालमसंखे० । णवरि सादा०-पुरिस०-जस०-उच्चा० अंतो० । सेसाणं धुविगाणं तिरिक्खगदितिगस्स य जह० ट्ठिदि० जह० एग०, उक्क० अंतो० । अज० ट्ठिदि० जह० एग०, उक्क० असंखेज्जा लोगा । सेसाणं मणजोगिभंगो ।

वरणके समान है । शेष प्रकृतियोंका भङ्ग उत्कृष्टके समान है । त्रस अपर्याप्तकोंमें अपनी सब प्रकृतियोंका भङ्ग उत्कृष्टके समान है ।

१९६. पाँचों मनोयोगी और पाँचों वचनयोगी जीवोंमें सब प्रकृतियोंके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है । चार आयुओंके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है । अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है ।

विशेषार्थ—पाँचों मनोयोग और पाँचों वचनयोगका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त होनेसे यहां सब प्रकृतियोंके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त कहा है । चारों आयुओंके अजघन्य स्थितिबन्धका साधारणतः जघन्य और उत्कृष्ट काल यद्यपि अन्तर्मुहूर्त है पर उक्त योगोंका जघन्य काल एक समय होनेसे यहां आयुओंके अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय बन जाता है । शेष कथन स्पष्ट ही है ।

१९७. काययोगी जीवोंमें क्षपक प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है । अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अनन्त काल है जो असंख्यात पुद्गलपरिवर्तन प्रमाण है । इतनी विशेषता है कि सातावेदनीय, पुरुषवेद, यशःकीर्ति और उच्चगोत्रके अजघन्य स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है । शेष ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियों और तिर्यञ्चगति त्रिकके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है । अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल असंख्यात लोकप्रमाण है । शेष प्रकृतियोंका भङ्ग मनोयोगी जीवोंके समान है ।

विशेषार्थ—एक तो क्षपक प्रकृतियोंका जघन्य स्थितिबन्ध क्षपक श्रेणिमें होता है और दूसरे काययोगका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट कायस्थिति अनन्त काल है । इसी बातको ध्यानमें रखकर यहाँ क्षपक प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त और अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल अनन्त काल कहा है । मात्र साता वेदनीय आदि चार क्षपक प्रकृतियोंका काययोगमें निरन्तर बन्ध अन्तर्मुहूर्त काल तक ही होता है, क्योंकि जिन गुणस्थानोंमें इनका निरन्तर बन्ध होता है उनमें काययोगका उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त ही उपलब्ध होता है इसलिए इन चार प्रकृतियोंके अजघन्य स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त कहा है । यहाँ

१९८. ओरालिए धुविगाणं जह० ट्ठिदि० जह० एग०, उक्क० अंतो० । अज० ट्ठिदि० जह० एग०, उक्क० वावीसं वस्ससहस्साणि देसू० । तिरिक्खगदि-तिरिक्खाणु०-णीचागो० जह० ट्ठिदि० जह० एग०, उक्क० अंतो० । अज० ट्ठिदि० जह० एग०, उक्क० तिण्णि वाससहस्साणि देसू० । सेसाणं कायजोगिभंगो ।

१९९. ओरालियमिस्से पंचणा०-णवदंस०-मिच्छ०-सोलसक०-भय-दुगु०-ओरालिय-तेजा०-क०-वण्ण४-अगु०-उप०-णिमि०-पंचंत०-देवगदि०४-तित्थय० जह० अज० जह० उक्क० अंतो० । से काले सरीरपज्जत्तीहि जाहिदि त्ति यदि अधाप-

---

शेष ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके अजघन्य स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल असंख्यात लोकप्रमाण कहनेका कारण यह है कि इनका काययोगकी अपेक्षा निरन्तर अजघन्य स्थितिबन्ध सूक्ष्म एकेन्द्रियोंमें होता रहता है और उनकी उत्कृष्ट कायस्थिति असंख्यात लोकप्रमाण है। इसके बाद ये बादर एकेन्द्रिय पर्याप्त होकर इनका जघन्य स्थितिबन्ध करते हैं। यही कारण है कि यहाँ शेष ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके अजघन्य स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल असंख्यात लोक-प्रमाण कहा है। तथा तिर्यञ्चगतित्रिकका निरन्तर बन्ध अग्निकायिक और वायुकायिक जीवोंके होता है और उनकी उत्कृष्ट कायस्थिति असंख्यात लोकप्रमाण है, इसलिए इन तीन प्रकृतियोंके भी अजघन्य स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल असंख्यात लोकप्रमाण कहा है। शेष कथन स्पष्ट ही है।

१९८. औदारिक काययोगी जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल कुछ कम बाईस हजार वर्ष है। तिर्यञ्चगति, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी और नीचगोत्र प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल कुछ कम तीन हजार वर्ष है तथा शेष प्रकृतियोंका भङ्ग काययोगी जीवोंके समान है।

विशेषार्थ—बादर पृथिवीकायिक पर्याप्त जीवोंकी उत्कृष्ट स्थिति बाईस हजार वर्ष है। इनके अन्तर्मुहूर्त कम बाईस हजार वर्ष तक औदारिक काययोग होता है। इसीसे औदारिक काययोगमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके अजघन्य स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल कुछ कम बाईस हजार वर्ष कहा है, तथा बादर वायुकायिक पर्याप्त जीवोंकी उत्कृष्ट भवस्थिति तीन हजार वर्ष है। इनके अन्तर्मुहूर्त कम तीन हजार वर्षतक औदारिक काययोग होता है। इसीसे औदारिक काययोगमें तिर्यञ्चगति त्रिकके अजघन्य स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल कुछ कम तीन हजार वर्ष कहा है, क्योंकि इन तीन प्रकृतियोंका निरन्तर बन्ध औदारिक काययोगके रहते हुए यहीं पर सम्भव है। शेष कथन स्पष्ट ही है।

१९९. औदारिक मिश्रकाययोगी जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, भय, जुगुप्सा, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, वर्णचतुष्क, अगुरुलघु, उपघात, निर्माण, पाँच अन्तराय, देवगतिचतुष्क और तीर्थंकर प्रकृतिके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। तदनन्तर समयमें शरीर पर्याप्तिको पूर्ण करेगा, इसलिए यदि अधःप्रवृत्तका यह काल लेते हैं तो जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। तथा

वत्तस्स जह० अजह० जह० एय०, उक्क० अंतो० । सेसाणं जह० अज० ट्ठिदि० जह० एग०, उक्क० अंतो० ।

२००. वेउव्वियका०-वेउव्वियमि०-आहार०-आहारमि० उक्कस्सभंगो । कम्मइगका० पंचणा०-णवदंसणा०-सादासादा०-मिच्छ०-सोलसक०-णवुंस०-हस्स-रदि-अरदि-सोग-भय०-दुगुंच्छ-तिरिक्ख०-एइंदिय०-तेजा०-कम्म०-हुंडसं०-वण्ण०४-तिरिक्खाणु०-अगु०४-आदाउज्जो०-थावर-बादर-सुहुम०-पज्जत्तापज्ज०-पत्तेग-साधारण०-थिराथिर-सुभासुभ-दूभग-अणादे०-जस०-अजस०-णिमिण-णीचा०-पंचंत० जह० ट्ठिदि० जह० एग०, उक्क० बे सम० । [अज० जह० एग०, उक्क० तिण्णि सम० । सेसाणं जह० अजह० जह० एग०, उक्क० तिण्णि सम० ।]

२०१. इत्थि० खवगपगदीणं जह० जहण्णु० अंतो० । अज० जह० एग०, उक्क० पलिदोवमसदपुधत्तं । पंचदंसणा०-मिच्छत्त-बारसक०-भय-दुगुं०-तेजा०-क०-वण्ण०४-अगु०-उप०-णिमि० जह० ट्ठिदि० जह० एग०, उक्क० अंतो० । अज० जह० एग०, उक्क० पलिदोवमसदपुधत्तं । सादा०-आहार०-आहार०अंगो०-जस० जह० अज० ओघो । असादा०-इत्थि०-णवुंस०-हस्स-रदि-अरदि-सोग-दोगदि-चदु-

शेष प्रकृतियोंके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है ।

२००. वैक्रियिक काययोगी, वैक्रियिकमिश्रकाययोगी, आहारककाययोगी और आहारकमिश्रकाययोगी जीवोंमें अपनी अपनी प्रकृतियोंके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका काल उत्कृष्टके समान है । कार्मणकाययोगी जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, साता वेदनीय, असाता वेदनीय, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, नपुंसकवेद, हास्य, रति, अरति, शोक, भय, जुगुप्सा, तिर्यञ्चगति, एकेन्द्रिय जाति, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, हुण्डसंस्थान, वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, आतप, उद्योत, स्थावर, बादर, सूक्ष्म, पर्याप्त, अपर्याप्त, प्रत्येक शरीर, साधारण शरीर, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, दुर्भग, अनादेय, यशःकीर्ति, अयशःकीर्ति, निर्माण, नीचगोत्र और पाँच अन्तराय प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल दो समय है । अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल तीन समय है । शेष प्रकृतियोंके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्टकाल तीन समय है ।

२०१. स्त्रीवेदमें क्षपक प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है । अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल सौ पल्य पृथक्त्व है । पाँच दर्शनावरण, मिथ्यात्व, बारह कषाय, भय, जुगुप्सा, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, वर्णचतुष्क, अगुरुलघु, उपघात और निर्माण प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है । अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल सौ पल्य पृथक्त्व है । साता वेदनीय, आहारक शरीर, आहारक आङ्गोपाङ्ग और यशःकीर्ति प्रकृतियोंके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका काल ओघके समान है । असाता वेदनीय, स्त्रीवेद, नपुंसकवेद, हास्य, रति, अरति, शोक, दो गति, चार जाति, पाँच संस्थान, पाँच संहनन, दो आनुपूर्वी, आतप, उद्योत, अप्रशस्त विहायोगति,

जादि-पंचसंठाण-पंचसंघडण-दोआणुपुव्वि-आदाउज्जो०-अप्पसत्थ०-थावर०४-थिराथिर-सुभासुभ-[दूभग-दुस्सर-अणादेय]-अज०-णीचागो० जह० अज० जह० एग०, उक्क० अंतो। पुरिस०-उच्चागो० ओघं। णवरि अज० अणुक्कस्सभंगो। आयु० ओघं। मणुसग०-पंचिंदि०-समचदु०-ओरालि०अंगो०-वज्ज०-मणुसाणु०-पसत्थवि०-तस-सुभग-सुस्सर-आदे[1]० जह० ट्ठिदि० जह० एग०, उक्क० अंतो०। अज० जह० एग०, उक्क० पणवण्णं पलिदो देसू०। देवगदि०४ उक्कस्सभंगो। ओरालि०-पर०-उस्सा०-बादर-पज्जत्त-पत्ते० जह० ट्ठिदि० जह० एग०, उक्क० अंतो०। अज० जह० एग०, उक्क० पणवण्णं पलि० सादि०। तित्थयरं जह० जह० एग०, उक्क० अंतो०। अज० अणुक्कस्सभंगो।

स्थावर चतुष्क, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, दुर्भग, दुःस्वर, अनादेय, अयशःकीर्ति और नीचगोत्र प्रकृतियोंके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। पुरुषवेद और उच्चगोत्र प्रकृतियोंके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका काल ओघके समान है। इतनी विशेषता है कि इन प्रकृतियोंके अजघन्य स्थितिबन्धका काल अनुत्कृष्टके समान है। आयुकर्मकी चारों प्रकृतियोंके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका काल ओघके समान है। मनुष्यगति, पञ्चेन्द्रिय जाति, समचतुरस्रसंस्थान, औदारिक शरीर आङ्गोपाङ्ग, वज्रर्षभनाराचसंहनन, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, प्रशस्तविहायोगति, त्रस, सुभग, सुस्वर और आदेय प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल कुछ कम पचपन पल्य है। देवगति चतुष्कका भङ्ग उत्कृष्टके समान है। औदारिक शरीर, परघात, उच्छ्वास, बादर, पर्याप्त और प्रत्येक प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल साधिक पचपन पल्य है। तीर्थंकर प्रकृतिके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। अजघन्य स्थितिबन्धका काल अनुत्कृष्टके समान है।

विशेषार्थ—स्त्रीवेदकी उत्कृष्ट कायस्थिति सौ पल्य पृथक्त्व प्रमाण है, इसलिए इसमें १८ क्षपक प्रकृतियों और पाँच दर्शनावरण आदि २९ प्रकृतियोंके अजघन्य स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल सौ पल्यपृथक्त्व प्रमाण कहा है। स्त्रीवेदमें पुरुषवेद और उच्चगोत्रके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल कुछ कम पचपन पल्य कह आये हैं। वही अजघन्य स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल है, इसलिए यहां यह काल अनुत्कृष्टके समान कहा है। स्त्रीवेदमें सम्यक्त्वका उत्कृष्ट काल कुछ कम पचपन पल्य है, इसलिए यहां मनुष्यगति आदि ११ प्रकृतियोंके अजघन्य स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल कुछ कम पचपन पल्य कहा है, क्योंकि देवी सम्यग्दृष्टिके इन प्रकृतियोंका निरन्तर बन्ध होता रहता है। स्त्रीवेदी देवीके औदारिकशरीर आदि छह प्रकृतियोंका निरन्तर बन्ध होता रहता है। तथा देवी पर्याय छूटनेके बाद भी अन्तर्मुहूर्त काल तक इनका बन्ध होता है, इसलिए इन प्रकृतियोंके अजघन्य स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल साधिक पचपन पल्य कहा है। शेष कथन स्पष्ट ही है।

१. मूलप्रतौ आदे० जस० जह० इति पाठः।

२०२. पुरिसेसु खवगपगदीणं जह० ट्ठिदि० जह० उक्क० अंतो० । अज० जह० अंतो०, उक्क० सागरोवमसदपुधत्तं । पुणो धुविगाणं जह० जह० एग०, उक्क० अंतो० । अज० जह० अंतो०, उक्क० कायट्ठिदि० । सेसाणं उक्कस्सभंगो ।

२०३. णवुंसगे खवगपगदीणं जह० ट्ठिदि० जहण्णुक्कस्सेण अंतो० । अज० ट्ठिदि० जह० एग०, उक्क० अणंतकालमसंखे० । पुणो धुविगाणं तिरिक्खगदितिगस्स ओरालि० तिरिक्खोघं । सेसाणं उक्कस्सभंगो । णवरि तित्थकरं इत्थिवेदभंगो ।

२०४. अवगदवे० सगपगदीणं जह० ओघं । अज० जह० एग०, उक्क० अंतो० । कोधादि०४ उक्कस्सभंगो । णवरि खवगपगदीणं जह० ओघो ।

२०५. मदि०-सुद० धुविगाणं तिरिक्खोघं । णवरि अज० जह० अंतो० । सेसाणं उक्कस्सभंगो । विभंगे उक्कस्सभंगो । णवरि पंचणाणादि सम्मत्ता० संजमाभि-

---

२०२. पुरुषवेदवाले जीवोंमें क्षपक प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है । अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट काल सौ सागर पृथक्त्व है । पुनः ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है । अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट काल अपनी कायस्थिति प्रमाण है । तथा शेष प्रकृतियोंके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका काल उत्कृष्टके समान है ।

२०३. नपुंसकवेदवाले जीवोंमें क्षपक प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है । अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अनन्त काल है जो असंख्यात पुद्गल परिवर्तन प्रमाण है । पुनः ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियाँ तिर्यञ्चगतित्रिक और औदारिक शरीर प्रकृतियोंके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका काल सामान्य तिर्यञ्चोंके समान है । शेष प्रकृतियोंका भङ्ग उत्कृष्टके समान है । इतनी विशेषता है कि तीर्थंकर प्रकृतिका भङ्ग स्त्रीवेदी जीवोंके समान है ।

२०४. अवगतवेदवाले जीवोंमें अपनी प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका काल ओघके समान है । अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है । क्रोधादिक चार कषायवाले जीवोंमें अपनी सब प्रकृतियोंका भङ्ग उत्कृष्टके समान है । इतनी विशेषता है कि क्षपक प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका काल ओघके समान है ।

विशेषार्थ—अपगतवेदमें बन्धको प्राप्त होनेवाली प्रकृतियोंका जघन्य स्थितिबन्ध क्षपक श्रेणीमें अन्तर्मुहूर्त काल तक उपलब्ध होता है । ओघसे भी यह काल इसी प्रकार प्राप्त होता है । इसीसे यहाँ सब प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका काल ओघके समान कहा है । अपगतवेदमें उपशामकका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है । इसीसे यहां अपनी सब प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त कहा है । चार कषायोंमें क्षपक प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धके कालका स्पष्टीकरण अपगतवेदके समान ही है । शेष कथन सुगम है ।

२०५. मत्यज्ञानी और श्रुताज्ञानी जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंका भङ्ग सामान्य तिर्यञ्चोंके समान है । इतनी विशेषता है कि इनमें अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है तथा शेष प्रकृतियोंका भङ्ग उत्कृष्टके समान है । विभङ्गज्ञानी जीवोंमें अपनी सब प्रकृतियोंका भङ्ग उत्कृष्टके समान है । इतनी विशेषता है कि पाँच ज्ञानावरणादि प्रकृतियोंमें से सम्यक्त्वके अभिमुख हुए जीवके और संयमके अभिमुख हुए जीवके उद्योतके

मुहस्स याओ पगदीओ उज्जोववज्जाओ ताओ पग० जह० ट्ठिदि० उक्क० अंतो० ।

२०६. आभि०-सुद०-ओधि० सादादिछण्णं ओघसादभंगो । असादादिछक्कं ओघं । मणुसग०-ओरालि०-ओरालि०अंगो०-वज्जरिसभ०-मणुसाणु० जह० ट्ठिदिं० जह० एग०, उक्क० अंतो० । अज० ट्ठिदि० जह० एग०, उक्क० तेत्तीसं सा० । सेसाणं उक्कस्सभंगो । मणपज्ज०-संजद-सामाइ०-छेदो० उक्कस्सभंगो । णवरि सादादि-असादादि० आभिणि०भंगो ।

२०७. परिहार० धुविगाणं अधापवत्त० जह० ट्ठिदि० जह० एग०, उक्क० अंतो० । अज० ट्ठिदि० जह० एग०, उक्क० पुव्वकोडी देसू० । सेसाणं जह० अज० ट्ठिदि० जह० एग०, उक्क० अंतो० । अथवा दंसणमोहक्खवगस्स कदकरणिज्जस्स दिज्जदि तदो जह० ट्ठिदि० जह० उक्क० अंतो० । अज० ट्ठिदि० जह० अंतो०, उक्क० पुव्वकोडी देसूणं । सादा०-हस्स-रदि-आहारदुग-थिर-सुभ-जस० जह० [जह०] उक्क० अंतो० । अज० जह० एग०, उक्क० अंतो० । असादा०-अरदि-सोग-अथिर-असुभ-अजस० जह० अज० ट्ठिदि० जह० एग०, उक्क० अंतो० । सुहुमसं० सव्वपगदीणं जह० ट्ठिदि० ओघं । अज० ट्ठिदि० जह० एग०, उक्क० अंतो० ।

सिवा जिन प्रकृतियोंका बन्ध होता है उनके जघन्य स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल अन्तमुहूर्त है।

२०६. आभिनिबोधिक ज्ञानी, श्रुतज्ञानी और अवधिज्ञानी जीवोंमें साता आदिक छह प्रकृतियोंका भङ्ग ओघमें कहे गये साताप्रकृतिके समान है। असाता आदि छह प्रकृतियोंका भङ्ग ओघके समान है। मनुष्यगति, औदारिक शरीर, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, वज्रर्षभनाराच संहनन और मनुष्यगत्यानुपूर्वी प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तमुहूर्त है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल तेतीस सागर है। शेष प्रकृतियोंका भङ्ग उत्कृष्टके समान है। मनःपर्ययज्ञानी, संयत, सामायिक संयत और छेदोपस्थापनासंयत जीवोंमें अपनी प्रकृतियोंका भङ्ग उत्कृष्टके समान है। इतनी विशेषता है कि साता आदि और असाता आदि प्रकृतियोंका भङ्ग आभिनिबोधिक ज्ञानी जीवोंके समान है।

२०७. परिहारविशुद्धि संयत जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तमुहूर्त है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल कुछ कम एक पूर्वकोटि है। शेष प्रकृतियोंके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तमुहूर्त है। अथवा मोहनीयकी क्षपणा करनेवाले कृतकृत्य वेदक सम्यग्दृष्टि जीवके इन प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामित्व प्राप्त होता है इसलिए इनके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तमुहूर्त है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल अन्तमुहूर्त है और उत्कृष्ट काल कुछ कम एक पूर्वकोटि है। साता वेदनीय, हास्य, रति, आहारकद्विक, स्थिर, शुभ और यशःकीर्ति प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तमुहूर्त है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तमुहूर्त है। असाता वेदनीय, अरति, शोक, अस्थिर, अशुभ और अयशःकीर्ति प्रकृतियोंके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तमुहूर्त है। सूक्ष्मसाम्परायिक संयतोंमें सब प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका काल ओघके समान है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है।

२०८. संजदासंजदे उक्कस्सभंगो । णवरि सादादि-असादादि० आभिणि०-भंगो । असंजदे धुविगाणं तिक्खिगदितिगं च मदिभंगो । सेसं उक्कस्सभंगो ।

२०९. चक्खुदंसणी० तसपज्जत्तभंगो । अचक्खुदं० ओघं । ओधिदं० ओधिणाणिभंगो ।

२१०. किण्ण०-णील०-काउ० उक्कस्सभंगो । । णवरि तित्थयरं णीलभंगो ।

२११. तेउले० परिहारभंगो । णवरि अप्पप्पणो पगदीओ जाणिदव्वा । धुविबंधियाणं अज० उक्क० सोधम्मभंगो । एवं पम्माए । णवरि सगट्ठिदी ।

२१२. सुक्काए खवगपगदीणं जह० जह० उक्क० अंतो० । अज० ट्ठिदि० जह० अंतो०, उक्क० तेत्तीसं सा० सादिरे० । थीणगिद्धि०३-मिच्छ०-अणंताणुबंधि०४ जह० ट्ठिदि० जह० उक्क० अंतो० । अज० जह० एग०, मिच्छत्तं अंतो०, उक्क० एकत्तीसं साग० सादिरे० । पुरिस० जह० ट्ठिदि०[1] ओघं । अज० ट्ठिदि० जह० एग०, उक्क० तेत्तीसं सा० सादि० । एवं अट्ठकसायाणं परियत्तमाणियाणं । मणुसग०-ओरालि०-ओरालि०अंगो०-वज्जरिसभ०-मणुसाणु० ओधिभंगो । सादा०-

२०८. संयतासंयत जीवोंमें सब प्रकृतियोंका भङ्ग उत्कृष्टके समान है । इतनी विशेषता है कि साता आदि और असाता आदिकका भङ्ग आभिनिबोधिकज्ञानके समान है । असंयत जीवोंमें ध्रुव प्रकृतियाँ और तिर्यञ्चगतित्रिकका भङ्ग मत्यज्ञानियोंके समान है । शेष प्रकृतियोंका भङ्ग उत्कृष्टके समान है ।

२०९. चक्षुदर्शनी जीवोंमें सब प्रकृतियोंका भङ्ग त्रस पर्याप्तकोंके समान है, अचक्षुदर्शनी जीवोंमें ओघके समान है । अवधिदर्शनी जीवोंमें अवधिज्ञानियोंके समान है ।

२१०. कृष्ण, नील और कापोत लेश्यावाले जीवोंमें उत्कृष्टके समान है । इतनी विशेषता है कि तीर्थंकर प्रकृतिका भङ्ग नील लेश्याके समान है ।

२११. पीत लेश्यामें परिहारविशुद्धिसंयतके समान भङ्ग है । इतनी विशेषता है कि अपनी अपनी प्रकृतियाँ जाननी चाहिए । तथा ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके अजघन्य स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल सौधर्मकल्पके समान है । इसी प्रकार पद्म लेश्यामें जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि अपनी स्थिति कहनी चाहिए ।

२१२. शुक्ललेश्यामें क्षपक प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है । अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट काल साधिक तेतीस सागर है । स्त्यानगृद्धित्रिक, मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धी चतुष्कके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है । अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है, मिथ्यात्वका अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट काल साधिक इकतीस सागर है । पुरुषवेदके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट काल ओघके समान है । अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल साधिक तेतीस सागर है । इसी प्रकार परिवर्तमान आठ कषायोंका काल जानना चाहिए । मनुष्यगति, औदारिक शरीर, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, वज्रर्षभनाराच संहनन और मनुष्य गत्यानुपूर्वीका भङ्ग अवधिज्ञानियोंके

१. मूलप्रतौ ट्ठिदि० जह० ओघं इति पाठः ।

हस्स-रदि-आहार०-आहार०अंगो०-थिर-सुभ-जस० ओधिभंगो। तप्पडिवक्खाणं इत्थिवेदादि य परियत्तमाणियाणि ओघं।

२१३. भवसिद्धिया० मूलोघं। अब्भवसिद्धिया० मदिभंगो।

२१४. सम्मादिट्ठि० आभिणिभंगो। खइगसम्मादिट्ठी० ओधिभंगो। णवरि सगट्ठिदिं कादव्वं। एवं वेदगे०। उवसम० पंचणा०-छदंसणा०-बारसक०-पुरिस०-भय-दुगुं०-देवगदि-पंचिंदि०-वेउव्वि०-तेजा०-क०-समचदु०-वेउव्वि०अंगो०-वण्ण०४-

---

समान है। साता वेदनीय, हास्य, रति, आहारक शरीर, आहारक आङ्गोपाङ्ग, स्थिर, शुभ और यशःकीर्तिका भङ्ग अवधिज्ञानियोंके समान है। तथा इनके प्रतिपक्षभूत स्त्रीवेद आदि परिवर्तमान प्रकृतियोंका भङ्ग ओघके समान है।

विशेषार्थ—क्षपकश्रेणिमें एक स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त होता है, इसलिए शुक्ललेश्यामें क्षपक प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त कहा है। तथा शुक्ल लेश्यामें इनका कमसे कम अन्तर्मुहूर्त काल तक और अधिकसे अधिक साधिक तेतीस सागर काल तक निरन्तर बन्ध होता रहता है, इसलिए इनके अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट काल साधिक तेतीस सागर कहा है। जो मिथ्यादृष्टि जीव उपशमसम्यक्त्वको प्राप्त होता है उसके स्त्यानगृद्धि तीन आदि आठ प्रकृतियोंका जघन्य स्थितिबन्ध होता है और वहाँ एक स्थितिबन्धका काल अन्तर्मुहूर्त है, इसलिए इन प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त कहा है। इन प्रकृतियोंके अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल साधिक इकतीस सागर है यह स्पष्ट ही है। मात्र मिथ्यात्व सप्रतिपक्ष प्रकृति न होनेसे उसके अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है। पुरुषवेद भी क्षपक प्रकृति है, इसलिए उसके जघन्य स्थितिबन्धका काल ओघके समान कहा है। तथा एक तो यह सप्रतिपक्ष प्रकृति है और दूसरे सम्यग्दृष्टिके एक मात्र तीन वेदोंमेंसे इसीका बन्ध होता है, इसलिए इसके अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल साधिक तेतीस सागर कहा है। तथा इसी प्रकार आठ कषायोंके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट काल घटित कर लेना चाहिए। मात्र एक तो अप्रत्याख्यानावरण चारका अविरतसम्यग्दृष्टिके और प्रत्याख्यानावरण चारका संयतासंयतके जघन्य स्थितिबन्ध कहना चाहिए और दूसरे अजघन्य स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल साधिक तेतीस सागर कहते समय उसे देवोंकी तेतीस सागर आयुके प्रथम समयसे प्रारम्भ कर साधिक तेतीस सागर घटित कर लेना चाहिए। शेष कथन स्पष्ट ही है।

२१३. भव्यजीवोंमें सब प्रकृतियोंका भङ्ग मूलोघके समान है। अभव्य जीवोंमें अपनी प्रकृतियोंका भङ्ग मत्यज्ञानियोंके समान है।

२१४. सम्यग्दृष्टि जीवोंमें आभिनिबोधिक ज्ञानियोंके समान है। क्षायिक सम्यग्दृष्टि जीवोंमें अवधिज्ञानियोंके समान है। इतनी विशेषता है कि अपनी स्थिति कहनी चाहिए। इसी प्रकार वेदक सम्यग्दृष्टि जीवोंमें जानना चाहिए। उपशम सम्यग्दृष्टि जीवोंमें पांच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, बारह कषाय, पुरुषवेद, भय, जुगुप्सा, देवगति, पञ्चेन्द्रिय जाति, वैक्रियिक शरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, समचतुरस्रसंस्थान, वैक्रियिक आङ्गोपाङ्ग, वर्ण-

देवाणु०-अगु०४-सुभग-सुस्सर-आदे०-णिमिण-तित्थय०-उच्चा०-पंचंतरा० जह० ट्ठिदि० जह० एग, उक्क० अंतो० । अज० ट्ठिदि० जहण्णु० अंतो० । णवरि देवगदि०४ अज० ट्ठिदि० जह० एग० । सेसाणं जह० अज० जह० एग०, उक्क० अंतो० । णवरि अट्ठकसा०-मणुसगदिपंचगस्स जह० अज० जहण्णु० अंतो० । णवरि मणुसगदिपंचगस्स जह० सादभंगो ।

२१५. सासणे सम्मामिच्छे उक्कस्सभंगो । मिच्छादिट्ठी० मदिभंगो । सण्णीसु सव्वपगदीणं जह० मणुसोघं । अज० अणुक्क०भंगो । णवरि केसिं वज्ज० अंतो० । असण्णीसु उक्कस्सभंगो । णवरि धुविगाणं असंखेज्जा लोगा ।

चतुष्क, देवगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघु चतुष्क, सुभग, सुस्वर, आदेय, निर्माण, तीर्थङ्कर, उच्चगोत्र और पाँच अन्तराय प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है । अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है । इतनी विशेषता है कि देवगतिचतुष्कके अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है । शेष प्रकृतियोंके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है । इतनी विशेषता है कि आठ कषायोंके और मनुष्य गतिपञ्चकके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त हैं । इतनी विशेषता है कि मनुष्यगति पञ्चकके जघन्य स्थितिबन्धका काल साताके समान है ।

विशेषार्थ—सम्यग्दृष्टियोंकी उत्कृष्ट कायस्थिति चार पूर्वकोटि अधिक छयासठ सागर, क्षायिक सम्यग्दृष्टियोंकी उत्कृष्ट कायस्थिति कुछ कम दो पूर्वकोटि अधिक तेतीस सागर और वेदकसम्यग्दृष्टियोंकी उत्कृष्ट कायस्थिति छयासठ सागर है । इसे ध्यानमें रखकर इन सम्यक्त्वोंमें अपनी अपनी प्रकृतियोंके अजघन्य स्थितिबन्धका जहां जो सम्भव हो काल कहना चाहिए । शेष विशेषताका निर्देश मूलमें किया ही है । यहां उपशम सम्यग्दृष्टि जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण आदिके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय कहा है सो इसका कारण यह है कि जो उपशम सम्यग्दृष्टि उपशम श्रेणिमें इनका एक समय तक जघन्य स्थितिबन्ध करता है और दूसरे समयमें मर कर वह देव होकर अजघन्य स्थितिबन्ध करने लगता है उसके इन प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय उपलब्ध होता है । इसीसे वह एक समय कहा है । इसी प्रकार देवगति चतुष्कके अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय घटित कर लेना चाहिए । कारण कि उपशम श्रेणिसे उतरते समय जो एक समयके लिए देवगतिचतुष्कका अजघन्य स्थितिबन्ध करता है और दूसरे समयमें मर कर उसके देव हो जाने पर वह इन प्रकृतियोंका अबन्धक हो जाता है, इसलिए यह काल भी एक समय उपलब्ध होता है । शेष कथन सुगम ही है ।

२१५. सासादन सम्यग्दृष्टि और सम्यग्मिथ्यादृष्टि जीवोंमें सब प्रकृतियोंका भङ्ग उत्कृष्टके समान है । मिथ्यादृष्टि जीवोंमें मत्यज्ञानियोंके समान है । संज्ञी जीवोंमें सब प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका काल सामान्य मनुष्योंके समान है । अजघन्य स्थितिबन्धका काल अनुत्कृष्टके समान है । इतनी विशेषता है कि किन्हीं प्रकृतियोंका अन्तर्मुहूर्त काल नहीं है । असंज्ञी जीवोंमें उत्कृष्टके समान भङ्ग है । इतनी विशेषता है कि ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके अजघन्य स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल असंख्यात लोक प्रमाण है ।

२१६. आहारे धुविगाणं थीणगिद्धितियाणं च जह० ट्ठिदि० जह० एग०, उक्क० अंतो। अज० ट्ठिदि० जह० एग०, उक्क० अंगुलस्स असंखे०। णवरि खवगपगदीणं जह० ट्ठिदि० ओघं। सेसाणं पगदीणं ओघं। अणाहार० कम्मइगभंगो।

एवं कालं समत्तं।

अंतरकालपरूवणा

२१७. अंतरं दुविधं—जहण्णयं उक्कस्सयं च। उक्कस्सए पगदं। दुवि०—ओघे०, आदे०। ओघे० पंचणा०-छदंसणा०-सादासा०-चदुसंज०-पुरिस०-हस्स-रदि-अरदि-सोग-भय-दुगुं०-पंचिंदि०-तेजा०-क०-समचदु०-वण्ण०४-अगु०४-पसत्थवि०-तस०४-थिराथिर-सुभासुभ-सुभग-सुस्सर-आदे०-जस०-अजस०-णिमि०-पंचंत० उक्कस्सट्ठिदिबंधंतरं केवचिरं कालादो होदि? जह० अंतो०, उक्क० अणंतकालमसंखे०। अणु० जह० एग०, उक्क० अंतो०। थीणगिद्धि०३-मिच्छ०-अणंताणुबंधि०४-इत्थिवे० उक्क०ट्ठिदि० केवचिरं०? जह० अंतो०, उक्क० अणंतकालमसं०। अणु० जह० एग०, उक्क० बेछावट्ठिसा० देसू०। इत्थिवे० सादि०। अट्ठक० उक्क० ट्ठिदि०

---

२१६. आहारक जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली और स्त्यानगृद्धित्रिक प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अंगुलके असंख्यातवें भाग प्रमाण है। इतनी विशेषता है कि क्षपक प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका काल ओघके समान है। शेष प्रकृतियोंके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका काल ओघके समान है। अनाहारक जीवोंमें अपनी सब प्रकृतियोंका भङ्ग कार्मणकाययोगी जीवोंके समान है।

इस प्रकार जघन्य काल समाप्त हुआ।

इस प्रकार काल प्ररूपणा समाप्त हुई।

अन्तर काल प्ररूपणा

२१७. अन्तर दो प्रकारका है—जघन्य और उत्कृष्ट। उत्कृष्टका प्रकरण है, निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे पांच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, सातावेदनीय, असातावेदनीय, चार संज्वलन, पुरुषवेद, हास्य, रति, अरति, शोक, भय, जुगुप्सा, पञ्चेन्द्रिय जाति, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, समचतुरस्रसंस्थान वर्णचतुष्क, अगुरुलघुचतुष्क, प्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, सुभग, सुस्वर, आदेय, यशःकीर्ति, अयशःकीर्ति, निर्माण और पांच अन्तराय प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर काल कितना है? जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अंतर अनन्त काल है जो असंख्यात पुद्गल परिवर्तन प्रमाण है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। स्त्यानगृद्धि तीन, मिथ्यात्व, अनन्तानुबन्धी चार और स्त्रीवेदके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर काल कितना है? जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर अनन्तकाल है जो असंख्यात पुद्गलपरिवर्तन प्रमाण है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम दो छ्यासठ सागर है। उसमें भी स्त्रीवेदके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तर काल साधिक दो छ्यासठ सागर है। आठ कषायके उत्कृष्ट

जह० अंतो०, उक्क० अणंतकालमसंखे० । अणु० ट्ठिदि० जह० एग०, उक्क० पुव्वकोडि देसू० । णवुंस०-पंचसंठा०-पंचसंघ०-अप्पसत्थ०-दूभग-दुस्सर-अणादे०-णीचा० उक्क० ट्ठिदि० जह० अंतो, उक्क० अणंतकालं० । अणु० जह० एग०, उक्क० बेछावट्ठिसाग० सादि० तिण्णि पलिदो० देसूणा० ।

२१८. णिरयायु० उक्क० ट्ठिदि० जह० पुव्वकोडि-दसवस्ससहस्साणि समयूणाणि, उक्क० अणंतकालं० । अणु० जह० अंतो०, उक्क० अणंतकालं० । तिरिक्खायु० उक्क० जह० पुव्वकोडी समयूणं, उक्क० अणंतकालं० । अणु० जह० अंतो०, उक्क० सागरोवमसदपुधत्तं । मणुसायु० उक्क० ट्ठिदि० जह० पुव्वकोडि समयू०[1], उक्क० अणंतकालं० । अणु० जह० अंतो०, उक्क० अणंतकालं० । देवायु० उक्क० जह० पुव्वकोडि-दसवस्ससहस्सं समयूणं, उक्क० अद्धपोग्गलं० । अणु० जह० अंतो०, उक्क० अणंतकालं० ।

२१९. वेउव्वियछक्कं उक्क० जह० अंतो०, उक्क० अणंतकाल० । अणु० जह० एग०, उक्क० अणंतकालं० । तिरिक्खगदि-तिरिक्खाणु०[2]-[उज्जोव०] उक्क० जह०

स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर अनन्त काल है जो असंख्यात पुद्गल परिवर्तन प्रमाण है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम पूर्वकोटि प्रमाण है। नपुंसकवेद, पांच संस्थान, पांच संहनन, अप्रशस्त विहायोगति, दुर्भग, दुस्वर, अनादेय और नीचगोत्र प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर अनन्त काल है जो असंख्यात पुद्गल परिवर्तन प्रमाण है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक दो छ्यासठ सागर और कुछ कम तीन पल्य है।

२१८. नरकायुके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक पूर्वकोटि और एक समय कम दस हजार वर्ष है और उत्कृष्ट अन्तर अनन्तकाल है जो असंख्यात पुद्गल परिवर्तन प्रमाण है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर अनन्तकाल है जो असंख्यात पुद्गल परिवर्तन प्रमाण है। तिर्यञ्चायुके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय कम पूर्वकोटि है और उत्कृष्ट अन्तर अनन्तकाल है जो असंख्यात पुद्गल परिवर्तन प्रमाण है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर सौ सागर पृथक्त्व है। मनुष्यायुके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय कम पूर्वकोटि है और उत्कृष्ट अन्तर अनन्त काल है जो असंख्यात पुद्गल परिवर्तन प्रमाण है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर अनन्तकाल है जो असंख्यात पुद्गल परिवर्तन प्रमाण है। देवायुके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय कम एक पूर्वकोटि और दस हजार वर्ष है और उत्कृष्ट अन्तर अर्ध पुद्गल परिवर्तन प्रमाण है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर अनन्त काल है जो असंख्यात पुद्गल परिवर्तन प्रमाण है।

२१९. वैक्रियिक छहके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर अनन्त काल है जो असंख्यात पुद्गल परिवर्तन प्रमाण है। अनुत्कृष्ट स्थिति बन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अनन्तकाल है जो असंख्यात पुद्गल

१. मूलप्रतौ कोडि देसू० समयू० इति पाठः। २. मूलप्रतौ तिरिक्खाणु० उज्जो० उक्क० इति पाठः।

अंतो०, उक्क० अणंतकालं० । अणु० जह० एग०, उक्क० तेवट्ठिसागरोवमसदं । मणुसगदि-मणुसाणु०-उच्चा० उक्क० जह० अंतो०, उक्क० अणंतकालं० । अणु० जह० एग०, उक्क० असंखेज्जलोग० । एइं०-बेइं०-तेइं०-चदुरिंदि०-आदाव-थावर०४ उक्क० जह० अंतो०, उक्क० अणंतकालं० । अणु० जह० एग०, उक्क० पंचासीदि-सागरोवमसदं । आहार०-आहार०अंगो० उक्क० अणु० जह० अंतो०, उक्क० अद्ध-पोग्गल० । ओरालि०-ओरालि०अंगो०-वज्जरिसभ० उक्क० जह० अंतो०, उक्क० अणंतकालं० । अणु० जह० एग०, उक्क० तिण्णि पलि० सादि० । तित्थयरं [उक्क०] णत्थि । अणु० जह० एग०, उक्क० अंतो० ।

परिवर्तन प्रमाण है । तिर्यञ्चगति, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी और उद्योतके उत्कृष्ट स्थितिवन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर अनन्तकाल है जो असंख्यात पुद्गल परिवर्तन प्रमाण है । अनुत्कृष्ट स्थितिवन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर एकसौ त्रेसठ सागर है । मनुष्यगति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी और उच्चगोत्रके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर अनन्त काल है जो असंख्यात पुद्गल परिवर्तन प्रमाण है । अनुत्कृष्ट स्थितिवन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर असंख्यात लोक प्रमाण है । एकेन्द्रिय जाति, द्वीन्द्रिय जाति, त्रीन्द्रिय जाति, चतुरिन्द्रिय जाति, आतप और स्थावर चतुष्कके उत्कृष्ट स्थितिवन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्टअन्तर अनन्त काल है जो असंख्यातपुद्गल परिवर्तन प्रमाण है । अनुत्कृष्ट स्थितिवन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर एक सौ पचासी सागर है । आहारक शरीर और आहारक आङ्गोपाङ्गके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिवन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर अर्धपुद्गल परिवर्तन प्रमाण है । औदारिकशरीर, औदारिक आङ्गोपाङ्ग और वज्रर्षभनाराच संहननके उत्कृष्ट स्थितिवन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर अनन्त काल है जो असंख्यात पुद्गल परिवर्तन प्रमाण है । अनुत्कृष्ट स्थितिवन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक तीन पल्य है । तीर्थङ्कर प्रकृतिके उत्कृष्ट स्थितिवन्धका अन्तर काल नहीं है । अनुत्कृष्ट स्थितिवन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है ।

विशेषार्थ—एक वार उत्कृष्ट स्थितिवन्धके योग्य परिणाम होनेके वाद पुनः वे कमसे कम अन्तर्मुहूर्त कालके वाद ही होते हैं । यही कारण है कि यहाँ चार आयु और तीर्थंकर प्रकृतिके सिवा शेष सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिवन्धका जघन्य अन्तर काल अन्तर्मुहूर्त कहा है । तीर्थंकर प्रकृतिका ओघ उत्कृष्ट स्थितिवन्ध नरकगतिके अभिमुख हुए संक्लेश परिणामवाले मनुष्यके होता है । यतः यह अवस्था दो वार नहीं उपलब्ध होती, अतः तीर्थंकर प्रकृतिके उत्कृष्ट स्थितिवन्धके अन्तरकालका निषेध किया है । चार आयुयोंके सम्बन्धमें आगे विचार करनेवाले हैं ही । तथा संज्ञी पञ्चेन्द्रिय पर्याप्त अवस्थाका उत्कृष्ट अन्तर अनन्त काल है । इसीसे यहाँ देवायु, आहारकद्विक और तीर्थंकर प्रकृतिके सिवा शेष सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिवन्धका उत्कृष्ट अन्तर अनन्त काल कहा है, क्योंकि सब प्रकृतियोंका उत्कृष्ट स्थितिवन्ध संज्ञी पञ्चेन्द्रिय पर्याप्त जीवके ही होता है, अन्यके नहीं । देवायु और आहारकद्विकका वन्ध संयतके होता है और इसका उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम अर्धपुद्गल परिवर्तन प्रमाण है । इसीसे इनके उत्कृष्ट स्थितिवन्धका उत्कृष्ट अन्तर अनन्त काल न कहकर कुछ कम

अर्धपुद्गल परिवर्तनप्रमाण कहा है। तीर्थंकर प्रकृतिके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर काल क्यों नहीं होता यह कथन पहले कर ही आये हैं। अब रहा अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धके जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर कालका विचार सो सब प्रकृतियोंका अनुत्कृष्ट स्थितिबन्ध कमसे कम एक समयके अन्तरसे होता है, इसलिए उक्त सब प्रकृतियोंके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर काल एक समय कहा है। मात्र चार आयु आहारकद्विकमें कुछ विशेषता है जिसका खुलासा आगे यथास्थान करेंगे ही। अब रहा सब प्रकृतियोंके अनुत्कृष्ट स्थिति-बन्धके उत्कृष्ट अन्तर कालका विचार सो वह अलग अलग कहा ही है। खुलासा इस प्रकार है—

पाँच ज्ञानावरण आदि जिन ५६ प्रकृतियोंका प्रथम दण्डकमें उल्लेख किया है उनमेंसे कुछ ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियाँ हैं और कुछ सप्रतिपक्ष प्रकृतियाँ हैं। उनमें भी जो सप्रतिपक्ष प्रकृतियाँ हैं उनकी बन्धव्युच्छित्ति इनकी प्रतिपक्ष प्रकृतियोंके पहले होती है और कुछ ऐसी प्रकृतियाँ हैं जिनके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है इसलिए इन सब प्रकृतियोंके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तर काल अन्तर्मुहूर्त कहा है। स्त्यानगृद्धि तीन आदि नौ प्रकृतियोंका बन्ध सम्यग्मिथ्यादृष्टि आदि गुणस्थानोंमें नहीं होता और मिथ्यात्वका उत्कृष्ट अन्तर काल कुछ कम दो छ्यासठ सागर है, इसलिए इन प्रकृतियोंके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तर काल कुछ कम दो छ्यासठ सागर कहा है। परन्तु स्त्रीवेद सप्रतिपक्ष प्रकृति होनेसे उसका यह अन्तरकाल साधिक दो छ्यासठ सागर उपलब्ध होता है। कारण कि जो जीव मिथ्यात्वमें आकर भी स्त्रीवेदका बन्ध न कर नपुंसकवेद और पुरुषवेदका बन्ध करता है उसके यह अन्तरकाल उक्त प्रमाण प्राप्त होता है। संयम और संयमासंयमका उत्कृष्ट काल कुछ कम एक पूर्वकोटि है, इसलिए आठ कषायके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम एक पूर्वकोटि कहा है। कारण कि संयत जीवके प्रत्याख्यानावरण चतुष्कका और संयतासंयत जीवके अप्रत्याख्यानावरण चतुष्कका बन्ध नहीं होता। इसके बाद इस जीवके असंयमको प्राप्त होनेपर उनका नियमसे बन्ध होने लगता है। नपुंसकवेद आदि सोलह प्रकृतियोंका बन्ध सासादन गुणस्थानतक होता है। यतः मिथ्यात्वका उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम दो छ्यासठ सागर है, साथ ही ये सप्रतिपक्ष प्रकृतियां हैं और इनका बन्ध भोगभूमिमें नहीं होता इसलिए इनके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तरकाल साधिक दो छ्यासठ सागर और कुछ कम तीन पल्य कहा है। आयुओंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तरकाल स्पष्ट ही है। एकेन्द्रियका उत्कृष्ट काल अनन्तकाल है और इनके वैक्रियिकषट्कका बन्ध नहीं होता या पञ्चेन्द्रियोंका उत्कृष्ट अन्तरकाल अनन्तकाल है। इसीसे यहां वैक्रियिकषट्कके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तरकाल अनन्त काल कहा है। तिर्यञ्चगति आदि तीन प्रकृतियोंका बन्ध सम्यग्दृष्टिके नहीं होता और सहस्रार कल्पसे आगे नहीं होता। यदि निरन्तररूपसे इस कालका विचार करते हैं तो वह एक सौ त्रेसठ सागर होता है। इसीसे यहां इन तीन प्रकृतियोंके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तरकाल एक सौ त्रेसठ सागर कहा है। अग्निकायिक और वायुकायिक जीवोंके मनुष्यगति आदि तीन प्रकृतियोंका बन्ध नहीं होता और इनकी कायस्थिति असंख्यात लोकप्रमाण है। इसीसे यहां इन तीन प्रकृतियोंके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तर-काल असंख्यात लोकप्रमाण कहा है। संयमका उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम अर्धपुद्गल परिवर्तन प्रमाण है। इसीसे आहारकद्विकके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम अर्धपुद्गल परिवर्तन प्रमाण कहा है। शेष कथन स्पष्ट ही है।

२२०. आदेसेण णेरइएसु पंचणा०-छदंस०-सादासा०-बारसक०-पुरिस०-हस्स-रदि-अरदि-सोग-भय-दुगुं०-पंचिंदि०-ओरालि०-तेजा०-क०-समचदु०-ओरालि० अंगो०-वज्जरिसभ०-वण्ण०४-अगुरु०४-पसत्थवि०-तस०४-थिराथिर-सुभासुभ-सुभग-सुस्सर-आदे०-जस०-अजस०-णिमि०-पंचंत० उक्क० जह० अंतो०, उक्क० तेत्तीसं सा० देसू० । अणु० जह० एग०, उक्क० अंतो० । थीणगिद्धि०३-मिच्छ०-अणंताणुबंधि०४-इत्थि०-णवुंस०-तिरिक्खगदि-पंचसंठा०-पंचसंघ०-तिरिक्खाणु०-उज्जो०-अप्पसत्थ०-दूभग-दुस्सर-अणादे०-णीचागो० उक्क० जह० अंतो०, उक्क० तेत्तीसं सा० देसू० । अणु० जह० एग०, उक्क० तेत्तीसं सा० देसू० । दो आयु० उक्क० णत्थि अंतरं । अणु० जह० अंतो०, उक्क० छम्मासं देसू० । एवं सव्वणेरइयाणं आयु० । मणुसग०-मणुसाणु०-उच्चा० उक्क० जह० अंतो०, उक्क० बावीसं साग० देसू० । अणु० जह० एग०, उक्क० तेत्तीसं देसू० । तित्थय० उक्क० जह० अंतो०, उक्क० तिण्णि साग० सादिरे० । अणु० जह० एग०, उक्क० अंतो० ।

२२१. एवं छसु पुढवीसु । णवरि मणुसग०-मणुसाणु०-उच्चा० सादभंगो ।

---

२२०. आदेशसे नारकियोंमें पांच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, साता वेदनीय, असाता वेदनीय, बारह कषाय, पुरुषवेद, हास्य, रति, अरति, शोक, भय, जुगुप्सा, पञ्चेन्द्रिय जाति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, समचतुरस्र संस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, वज्रर्षभनाराचसंहनन, वर्णचतुष्क, अगुरुलघु चतुष्क, प्रशस्तविहायोगति, त्रस चतुष्क, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, सुभग, सुस्वर, आदेय, यशःकीर्ति, अयशःकीर्ति, निर्माण और पांच अन्तराय प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम तेतीस सागर है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। स्त्यानगृद्धि तीन, मिथ्यात्व, अनन्तानुबन्धी चार, स्त्रीवेद, नपुंसकवेद, तिर्यञ्चगति, पांच संस्थान, पांच संहनन, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, उद्योत, अप्रशस्तविहायोगति, दुर्भग, दुःस्वर, अनादेय और नीचगोत्र प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम तेतीस सागर है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम तेतीस सागर है। दो आयुओंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर काल नहीं है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम छह महीना है। इसी प्रकार सब नारकियोंके आयुकर्मके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तरकाल जानना चाहिए। मनुष्यगति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी और उच्चगोत्रके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम बाईस सागर है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम तेतीस सागर है। तीर्थङ्कर प्रकृतिके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक तीन सागर है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है।

२२१. इसी प्रकार छह पृथिवियोंमें जानना चाहिये। इतनी विशेषता है कि इनमें मनुष्यगति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी और उच्चगोत्रका भङ्ग साता प्रकृतिके समान है।

सेसाणं अप्पप्पणो ट्ठिदी देसूणा। सत्तमाए णिरयोघं। णवरि मणुसगदि-मणु-साणु०-उच्चा० उक्क० अणु० जह० अंतो०, उक्क० तेत्तीसं सा० देसू०।

२२२. तिरिक्खेसु पंचणा०-छदंस०-सादासा०-अट्ठकसा०-सत्तणोक०-पंचिंदिय-तेजा०-क०-समचदु०-वण्ण०४-अगुरु०४-पसत्थवि०-तस०४-थिराथिर-सुभासुभ-सुभग-सुस्सर-आदे०-जस०-अजस०-णिमि०-पंचंत० उक्क० अणु० ओघं। थीणगिद्धि०३-

---

शेष प्रकृतियोंका भङ्ग कुछ कम अपनी-अपनी उत्कृष्ट स्थितिप्रमाण है। सातवीं पृथिवीमें सामान्य नारकियोंके समान अन्तरकाल है। इतनी विशेषता है कि मनुष्यगति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी और उच्चगोत्र के उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम तेतीस सागर है।

विशेषार्थ—जो नारकी उत्पन्न होनेके बाद पर्याप्त होनेपर प्रथम दण्डकमें कही गई पांच ज्ञानावरण आदि प्रकृतियोंका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध करता है और अनन्तर मरणके पूर्व उत्कृष्ट स्थितिबन्ध करता है उसके उक्त प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम तेतीस सागर उपलब्ध होता है, इसलिए यह अन्तरकाल उक्त प्रमाण कहा है। नरकमें सम्यग्दृष्टिका उत्कृष्ट काल कुछ कम तेतीस सागर कहा है और सम्यग्दृष्टिके स्त्यानगृद्धि तीन आदि दूसरे दण्डकमें कही गई प्रकृतियोंका बन्ध नहीं होता। तथा मिथ्यादृष्टि रहनेपर भी जन्मके प्रारम्भमें और अन्तमें पर्याप्त अवस्थामें यदि उक्त प्रकृतियोंका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध होता है तो इन प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका भी वही कुछ कम तेतीस सागर उत्कृष्ट अन्तरकाल प्राप्त होता है। इससे यह भी उक्त प्रमाण कहा है। और सम्यग्दृष्टिके इनका बन्ध नहीं होता इसलिए अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तरकाल भी कुछ कम तेतीस सागर कहा है। नरकमें मनुष्यगति आदि तीन प्रकृतियोंका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध मिथ्यादृष्टि नारकीके छठे नरकतक ही होता है, इसलिए इनके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम बाईस सागर कहा है। पर सातवें नरकमें इनके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम तेतीस सागर बन जाता है। कारण कि सातवें नरकमें जो भवके प्रारम्भमें और अन्तमें सम्यग्दृष्टि होकर इनका बन्ध करता है और मध्यमें कुछ कम तेतीस सागर कालतक मिथ्यादृष्टि रहकर इनका बन्ध नहीं करता उसके इनके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका कुछ कम तेतीस सागर उत्कृष्ट अन्तरकाल उपलब्ध होता है। इसलिए वह उक्त प्रमाण कहा है। तीर्थङ्कर प्रकृतिका तीसरे नरकतक साधिक तीन सागरकी आयुवाले नारकी होनेतक ही बन्ध होता है, इसलिए इसके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तरकाल साधिक तीन सागर कहा है। यह नरकमें सामान्यसे अन्तरकाल कहा है। प्रत्येक नरकमें अपनी अपनी उत्कृष्ट स्थितिको जानकर अन्तरकाल ले आना चाहिए। मात्र छठे नरकतक मनुष्यगति आदि तीन प्रकृतियोंका बन्ध मिथ्यादृष्टिके भी होता है, इसलिए इनके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तरकाल साताप्रकृतिके समान कहनेकी सूचना की है। शेष कथन स्पष्ट ही है।

२२२. तिर्यञ्चोंमें पाँच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, सातावेदनीय, असातावेदनीय, आठ कषाय, सात नोकषाय, पञ्चेन्द्रियजाति, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, समचतुरस्रसंस्थान, वर्णचतुष्क, अगुरुलघुचतुष्क, प्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, सुभग, सुस्वर, आदेय, यशःकीर्ति, अयशःकीर्ति, निर्माण और पांच अन्तराय प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर काल ओघके समान है। स्त्यानगृद्धि तीन,

मिच्छत्त-अणंताणुबंधि०४-इत्थि० उक्क० ट्ठिदि० ओघं। अणु० जह० एग०, उक्क० तिण्णि पलिदो० देसू०। अपच्चक्खाणा०४-णवुंस०-तिरिक्खगदि-चदुजादि-ओरालि०-पंचसंठा०-ओरालि०अंगो०-छस्संघ०-तिरिक्खाणुपु०-आदाउज्जो०-अप्पसत्थवि०-थावरादि०४-दूभग-दुस्सर-अणादे०-णीचा० उक्क० ओघं। अणु० जह० एग०, उक्क० पुव्वकोडी देसू०। णिरय-मणुस-देवायु० उक्क० ट्ठिदि० णत्थि अंतरं। अणुक्क० जह० अंतो०, उक्क० पुव्वकोडितिभागं देसूणं। तिरिक्खायु० उक्क० ओघं। अणु० जह० अंतो०, उक्क० पुव्वकोडी सादिरे०। वेउव्वियछक्क-मणुसग०-मणुसाणु०-उच्चा० ओघं।

२२३. पंचिंदियतिरिक्ख[1]०३ पढमदंडगेण सह देवगदि०४-उच्चा० कादव्वं।

मिथ्यात्व, अनन्तानुवन्धी चार और स्त्रीवेदके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर काल ओघके समान है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम तीन पल्य है। अप्रत्याख्यानावरण चार, नपुंसकवेद, तिर्यञ्चगति, चार जाति, औदारिक शरीर, पांच संस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, छह संहनन, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, आतप, उद्योत, अप्रशस्तविहायोगति, स्थावर आदि चार, दुर्भग, दुःस्वर, अनादेय और नीचगोत्रके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर काल ओघके समान है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम एक पूर्वकोटि है। नरकायु, मनुष्यायु और देवायुके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर काल नहीं है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम पूर्वकोटिका त्रिभागप्रमाण है। तिर्यञ्च आयुके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर काल ओघके समान है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक एक पूर्वकोटि है। वैक्रियिक छह, मनुष्यगति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी और उच्चगोत्रके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर काल ओघके समान है।

विशेषार्थ—तिर्यञ्चोंमें उसी पर्यायमें उत्पन्न हुए सम्यक्त्वका उत्कृष्ट काल कुछ कम तीन पल्य है। इसीसे यहां स्त्यानगृद्धि तीन आदि प्रकृतियोंके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तर काल कुछ कम तीन पल्य कहा है। यहां भवके आदि और अन्तमें इन प्रकृतियोंका वन्ध कराकर यह अन्तर काल ले आना चाहिए। अप्रत्याख्यानावरण चार आदि प्रकृतियोंके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम पूर्वकोटि कहनेका कारण यह है कि संयतासंयत तिर्यञ्चके अप्रत्याख्यानावरण चारका वन्ध नहीं होता और असंयत सम्यग्दृष्टि तिर्यञ्चके शेषका वन्ध नहीं होता। इसलिए प्रारम्भमें और अन्तमें इनका वन्ध करावे और मध्यमें कुछ कम एक पूर्वकोटि काल तक संयमासंयम और सम्यक्त्व गुणके साथ रख कर उक्त अन्तर काल ले आवे। यद्यपि तिर्यञ्चकी उत्कृष्ट आयु तीन पल्यकी भी होती है पर वहां संयमासंयम गुणके न प्राप्त होनेसे अप्रत्याख्यानावरण चारका अन्तरकाल उपलब्ध नहीं होता और भोगभूमिमें नपुंसकवेद आदिका वन्ध नहीं होता, इसलिए वहाँ तिर्यञ्चोंमें अन्तरका प्रश्न ही नहीं उठता, अतः इन सबके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम एक पूर्वकोटि कहा है। शेष कथन सुगम है।

२२३. पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च तीनमें प्रथम दण्डकके साथ देवगति चतुष्क और उच्चगोत्रका कथन करना चाहिए। इनके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट

1. मूलप्रतौ पंचिंदिय तिरिक्खोघो पढम—इति पाठः।

उक्क० ट्ठिदि० जह० अंतो०, उक्क० पुव्वकोडिपुधत्तं। अणु० जह० एगस०, उक्क० अंतो०। सेसाणं सव्वपगदीणं उक्क० जह० अंतो०, उक्क० पुव्वकोडिपुधत्तं। अणु० ट्ठिदि० पगदिअंतरं। णवरि तिण्णिआयु० तिरिक्खोघं। तिरिक्खायु० उक्क० जह० पुव्वकोडी समयूणं, उक्क० पुव्वकोडिपुधत्तं। पंचिंदियतिरिक्खअपज्ज० सव्वपगदीणं उक्क० जह० [उक्क०] अंतो०। अणु० जह० एग०, उक्क० अंतो०। णवरि तिरिक्खायु० उक्क० अणु० जहण्णु० अंतो०। मणुसायु० उक्क० णत्थि अंतरं। अणुक्क० जहण्णु० अंतो०।

२२४. मणुस०३ पंचिंदियतिरिक्खभंगो। णवरि पच्चक्खाणा०४ अपच्चक्खाणावरणभंगो। मणुसायु० उक्क० जह० पुव्वकोडी समयू०, उक्क० पुव्वकोडिपुधत्तं। अणु० जह० अंतो०, उक्क० पुव्वकोडी सादि०। आहार०२ उक्क० अणु० जह० अंतो०, उक्क० पुव्वकोडिपुधत्तं। तित्थय० उक्क० णत्थि अंतरं। अणु० जहण्णु० अंतो०। मणुसअपज्ज० तिरिक्खअपज्जत्तभंगो। णवरि तिरिक्खायु० उक्क० णत्थि

अन्तर पूर्वकोटि पृथक्त्वप्रमाण है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। शेष सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर पूर्वकोटिपृथक्त्वप्रमाण है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर प्रकृतिबन्धके अन्तरके समान है। इतनी विशेषता है कि तीन आयुओंका अन्तर सामान्य तिर्यञ्चोंके समान है। तिर्यञ्च आयुके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय कम एक पूर्वकोटि है और उत्कृष्ट अन्तर पूर्वकोटि पृथक्त्व प्रमाण है। पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्तकोंमें सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। इतनी विशेषता है कि तिर्यञ्चायुके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। मनुष्यायुके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर काल नहीं है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है।

विशेषार्थ—पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चत्रिककी उत्कृष्ट कायस्थिति पूर्वकोटि पृथक्त्व अधिक तीन पल्य है। तथापि उत्कृष्ट स्थितिबन्ध कर्मभूमिमें ही उपलब्ध होता है, इसलिए यहाँ प्रथम दण्डकमें कही गई प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तर काल पूर्व कोटि पृथक्त्व कहा है। यहाँ पूर्वकोटिपृथक्त्वके प्रारम्भ और अन्तमें उत्कृष्ट स्थितिबन्ध कराकर अन्तरकाल ले आवे। चार आयुओंके सिवा शेष प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तरकाल भी इसी प्रकार ले आवे। शेष कथन स्पष्ट ही है।

२२४. मनुष्य चतुष्कमें पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चके समान भङ्ग है। इतनी विशेषता है कि प्रत्याख्यानावरण चारका भङ्ग अप्रत्याख्यानावरण चारके समान है। मनुष्यायुके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय कम एक पूर्वकोटि है और उत्कृष्ट अन्तर पूर्वकोटिपृथक्त्व प्रमाण है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक एक पूर्वकोटि है। आहारकद्विकके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर पूर्वकोटि पृथक्त्व प्रमाण है। तीर्थङ्कर प्रकृतिके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर काल नहीं है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। मनुष्य अपर्याप्तकोंमें तिर्यञ्च अपर्याप्तकोंके समान भङ्ग है, इतनी विशेषता है कि तिर्य-

अंतरं । अणु० जह० उक्क० अंतो० । मणुसायु० उक्क० जह० अंतो० समयू०, उक्क० अंतो० । अणु० जह० उक्क० अंतो० ।

२२५. देवेसु पंचणा०-छदंसणा०-सादासा०-बारसक०-पुरिस०-हस्स-रदि-अरदि-सोग-भय-दुगुं०-मणुसग०-पंचिंदि०-ओरालि०-तेजा०-क०-समचदु०-ओरालि०अंगो०-वज्जरिसभ०-वण्ण०४-मणुसाणु०-अगुरु०४-पसत्थवि०-तस०४-थिराथिर-सुभासुभ-सुभग-सुस्सर-आदे०-जस०-अजस०-णिमि०-तित्थय०-उच्चा०-पंचंत० उक्क० जह० अंतो०, उक्क० अट्ठारस साग० सादि० । अणु० जह० एग०, उक्क० अंतो० । थीणगिद्धि०३-मिच्छ०-अणंताणुबंधि०४-इत्थि०-णवुंस०-पंचसंठा०-पंचसंघ०-अप्पसत्थ०-दूभग-दुस्सर-अणादे०-णीचा० उक्क० जह० अंतो०, उक्क० अट्ठारस साग० सादि० । अणु० जह० एग०, उक्क० एक्कत्तीसं साग० देसू० । दोआयु० णिरयभंगो । तिरिक्खगदि-तिरिक्खाणु०-उज्जो० उक्क० जह० अंतो०, उक्क० अट्ठा-

---

आयुके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर काल नहीं है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर काल अन्तर्मुहूर्त है। मनुष्यायुके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय कम अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है।

विशेषार्थ—मनुष्यत्रिकमें सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर काल पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चोंके समान है यह स्पष्ट ही है। मात्र प्रत्याख्यानावरण चारके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तर काल मनुष्य त्रिकमें कुछ कम एक पूर्वकोटिप्रमाण उपलब्ध होता है और अप्रत्याख्यानावरण चारके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका भी इतना ही उपलब्ध होता है। इसीसे यहां प्रत्याख्यानावरण चारका भङ्ग अप्रत्याख्यानावरण चारके समान है ऐसा कहा है। शेष कथन स्पष्ट ही है।

२२५. देवोंमें पाँच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, साता वेदनीय, असाता वेदनीय, बारह कषाय, पुरुषवेद, हास्य, रति, अरति, शोक, भय, जुगुप्सा, मनुष्यगति, पञ्चेन्द्रिय जाति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, समचतुरस्रसंस्थान, औदारिक शरीर आङ्गोपाङ्ग, वज्रर्षभनाराच संहनन, वर्णचतुष्क, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, प्रशस्त-विहायोगति, त्रसचतुष्क, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, सुभग, सुस्वर, आदेय, यशःकीर्ति, अयशःकीर्ति, निर्माण, तीर्थंकर, उच्चगोत्र और पाँच अन्तराय प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थिति-बन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक अठारह सागर है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। स्त्यान-गृद्धि तीन, मिथ्यात्व, अनन्तानुबन्धी चार, स्त्रीवेद, नपुंसकवेद, पाँच संस्थान, पाँच संहनन, अप्रशस्त विहायोगति, दुर्भग, दुःस्वर, अनादेय और नीचगोत्रके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक अठारह सागर है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम इकतीस सागर है। दो आयुओंका भङ्ग नारकियोंके समान है। तिर्यञ्चगति, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी और उद्योत प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक अठारह सागर है।

रस साग० सादि० । अणु० जह० एग०, उक्क० अट्ठारस साग० सादि० । एइंदिय-अदाव-थावर० उक्क० अणु० जह० अंतो० एग०, [उक्क०] वे साग० सादि० । एवं सव्वदेवाणं अप्पप्पणो अंतरं णादूण णेदव्वं ।

२२६. एइंदिएसु तिरिक्खायु० उक्क० जह० बावीसं० वस्ससहस्साणि समयू०, उक्क० अणंतकालं० । अणुक्क० पगदिअंतरं । मणुसायु० उक्क० णत्थि अंतरं । अणु० पगदिअंतरं । मणुसग०-मणुसाणु०-उच्चा० उक्क० अणु० जह० अंतो० एग०, उक्क० असंखेज्जा लोगा । सेसाणं [उक्क०] जह० अंतो०, उक्क० असंखेज्जा लोगा । अणु० जह० एग०, उक्क० अंतो० ।

अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक अठारह सागर है । एकेन्द्रिय जाति, आतप और स्थावर प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थिति-बन्धका जघन्य अन्तर क्रमसे अन्तर्मुहूर्त और एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक दो सागर है । इसी प्रकार सब देवोंके अपना अपना अन्तर जानकर कथन करना चाहिए ।

विशेषार्थ—देवोंमें ओघ उत्कृष्ट स्थितिबन्ध सहस्रार कल्प तक होता है और सहस्रार कल्पमें उत्कृष्ट आयु साधिक अठारह सागर है, इसलिए यहाँ प्रथम व द्वितीय दण्डकमें कही गई प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तरकाल साधिक अठारह सागर कहा है । यहाँ भवके प्रारम्भ व अन्तमें उत्कृष्ट स्थितिबन्ध करानेसे यह अन्तरकाल उपलब्ध होता है । मिथ्यादृष्टि जीव नौ ग्रैवेयक तक उत्पन्न होता है और अन्तिम ग्रैवेयकके देवकी उत्कृष्ट आयु इकतीस सागर है । इसीसे यहाँ दूसरे दण्डकमें कही गई प्रकृतियोंके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम इकतीस सागर कहा है । यहाँ प्रारम्भ और अन्तमें मिथ्यादृष्टि रखकर इन प्रकृतियोंका वन्ध करावे और मध्यमें कुछ कम इकतीस सागर तक सम्यग्दृष्टि रखकर इन प्रकृतियोंका वन्ध न होनेसे अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तर काल ले आवे । तिर्यञ्चगति आदि तीन प्रकृतियोंका बन्ध सहस्रार कल्प तक होता है इसलिए इनके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तर साधिक अठारह सागर कहा है । मात्र अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तर काल लाते समय मध्यमें जीवको साधिक अठारह सागर कालतक सम्यग्दृष्टि रखे । एकेन्द्रिय जाति आदि तीन प्रकृतियोंका बन्ध ऐशान कल्पतक होता है, इसलिए इनके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तरकाल साधिक दो सागर कहा है । शेष कथन सुगम है ।

२२६. एकेन्द्रियोंमें तिर्यञ्चायुके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय कम बाईस हजार वर्ष है और उत्कृष्ट अन्तरकाल अनन्तकाल है जो असंख्यात पुद्गल परिवर्तनप्रमाण है । अनुत्कृष्ट स्थितिवन्धका अन्तर प्रकृतिवन्धके अन्तरके समान है । मनुष्यायुके उत्कृष्ट स्थितिवन्धका अन्तर काल नहीं है । अनुत्कृष्ट स्थितिवन्धका अन्तर प्रकृतिवन्धके अन्तरके समान है । मनुष्यगति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी और उच्चगोत्रके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थिति-वन्धका जघन्य अन्तर क्रमसे अन्तर्मुहूर्त और एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर असंख्यात लोक प्रमाण है । शेष प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिवन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर असंख्यात लोकप्रमाण है । अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है ।

२२७. बादरे तिरिक्ख-मणुसायु०-मणुसग०-मणुसाणु०-उच्चा०वज्जाणं उक्क० जह० अंतो०, उक्क० अंगुल० असं० । अणु० जह० एग०, उक्क० अंतो० । तिरिक्खायु० उक्क० जह० बावीसं वाससहस्साणि समयू०, उक्क० सगट्ठिदी० । अणु० पगदिअंतरं । मणुसायु० एइंदियोघं । मणुसग०-मणुसाणुपु०-उच्चा० उक्क० जह० अंतो०, उक्क० अंगुल० असंखे० । अणु० जह० एग०, उक्क० कम्मट्ठिदी० ।

२२८. बादरपज्जत्तेसु सव्वाणं उक्क० [जह०] अंतो०, उक्क० संखेज्जाणि वाससहस्साणि । अणु० जह० एग०, उक्क० अंतो० । णवरि तिरिक्खायु० उक्क० जह०, बावीसं वाससहस्साणि समयू०, उक्क० सगट्ठिदी० । अणु० पगदिअंतरं । मणुसायु० एइंदि०ओघं । मणुसग०-मणुसाणुपु०-उच्चा० उक्क० जह० अंतो०[1] । अणु० जह० एग०, उक्क० दो वि संखेज्जाणि वाससहस्साणि । बादरअपज्ज० तिरिक्खअपज्जत्तभंगो ।

२२९. सुहुमेइंदिएसु तिरिक्खायु० उक्क० जह० अंतो० समयू०, उक्क० कायट्ठिदी० । अणु० पगदिअंतरं । मणुसायु० उक्क० णत्थि अंतरं । अणु० पगदिअंतरं ।

२२७. बादर एकेन्द्रियोंमें तिर्यञ्चायु, मनुष्यायु, मनुष्यगति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी और उच्चगोत्रको छोड़कर शेष प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर अंगुलके असंख्यातवें भागप्रमाण है । अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है । तिर्यञ्चायुके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय कम बाईस हजार वर्ष है और उत्कृष्ट अन्तर अपनी स्थितिप्रमाण है । अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर प्रकृतिबन्धके अन्तरके समान है । मनुष्यायुका भङ्ग सामान्य एकेन्द्रियोंके समान है । मनुष्यगति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी और उच्चगोत्रके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर अंगुलके असंख्यातवें भाग प्रमाण है । अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर कर्मस्थितिप्रमाण है ।

२२८. बादर एकेन्द्रिय पर्याप्तक जीवोंमें सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर संख्यात हजार वर्ष है । अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है । इतनी विशेषता है कि तिर्यञ्चायुके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय कम बाईस हजार वर्ष है और उत्कृष्ट अन्तर अपनी स्थितिप्रमाण है । अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर प्रकृतिबन्धके अन्तरके समान है । मनुष्यायुका भङ्ग सामान्य एकेन्द्रियोंके समान है । मनुष्यगति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी और उच्चगोत्रके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है तथा इन दोनोंका उत्कृष्ट अन्तर संख्यात हजार वर्ष है । बादरअपर्याप्तकोंका भङ्ग तिर्यञ्च अपर्याप्तकोंके समान है ।

२२९. सूक्ष्म एकेन्द्रिय जीवोंमें तिर्यञ्चायुके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय कम अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर कायस्थिति प्रमाण है । अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर प्रकृतिबन्धके अन्तरके समान है । मनुष्यायुके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर काल नहीं है । अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर प्रकृतिबन्धके अन्तरके समान है । मनुष्यगति,

1. मूलप्रतौ अंतो उक्क० अणु० इति पाठः ।

मणुसग०-मणुसाणु०-उच्चा० उक्क० जह० अंतो० । अणु० जह० एग०, दोण्णं पि असंखेज्जा लोगा। सेसाणं उक्क० जह० अंतो०, उक्क० अंगुलस्स असं० । अणु० जह० एग०, उक्क० अंतो० । सुहुमाए पज्जत्तापज्जत्त० पंचिंदियतिरिक्खअपज्जत्तभंगो।

२३०. वेइं०-तेइं०-चदुरिं० तेसिं पज्जत्ता[1]० तिरिक्खायु० उक्क० जह० बारस-वरिसाणि एगुणवण्णरादिंदियाणि छम्मासाणि समयू०, उक्क० तिण्णं पि संखेज्जाणि वाससहस्साणि । अणु० पगदिअंतरं । मणुसायु० उक्क० णत्थि अंतरं । अणु० पगदिअंतरं । सेसाणं उक्क० जह० अंतो०, उक्क० संखेज्जाणि वाससह

मनुष्यगत्यानुपूर्वी और उच्चगोत्रके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और दोनोंका उत्कृष्ट अन्तर असंख्यातलोक प्रमाण है। शेष सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर अंगुलके असख्यातवें भाग प्रमाण है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। सूक्ष्म पर्याप्त और सूक्ष्म अपर्याप्त जीवोंमें अपनी सब प्रकृतियोंका भङ्ग पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्तकोंके समान है।

विशेषार्थ—एकेन्द्रियोंकी उत्कृष्ट आयु बाईस हजार वर्ष प्रमाण है। इसीसे एकेन्द्रियोंमें तिर्यञ्चायुके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय कम बाईस हजार वर्ष कहा है। तथा एकेन्द्रियोंकी उत्कृष्ट कायस्थिति अनन्त काल प्रमाण है, इसलिए इनमें तिर्यञ्चायुके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तर अनन्त काल कहा है। एकेन्द्रिय जीव मनुष्यायुका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध करके मरकर मनुष्योंमें उत्पन्न होता है, फिर तिर्यञ्च नहीं रहता इसलिए यहां मनुष्यायुके उत्कृष्ट स्थितिबन्धके अन्तर कालका निषेध किया है। मनुष्यायुके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एकेन्द्रियोंमें मनुष्यायु प्रकृतिबन्धके अन्तरके समान है यह स्पष्ट ही है। जो एकेन्द्रिय असंख्यात लोक प्रमाण काल तक अग्निकायिक और वायुकायिक होकर परिभ्रमण करता रहता है, उसके इतने काल तक मनुष्यगति आदि तीन प्रकृतियोंका बन्ध नहीं होता, इस लिए इनमें इन तीन प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तरकाल असंख्यात लोक प्रमाण कहा है। मात्र इन प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्ध का उत्कृष्ट अन्तर काल लाते समय वह पृथिवीकायिक आदिकी कायस्थितिके प्रारम्भमें और अन्तमें उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करा कर ले आवे। एकेन्द्रियोंमें सूक्ष्म एकेन्द्रियोंकी उत्कृष्ट कायस्थिति भी असंख्यात लोकप्रमाण है और इनमें एकेन्द्रियोंकी दृष्टिसे उत्कृष्ट स्थितिबन्ध नहीं होता, इसलिए एकेन्द्रियोंमें शेष प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तर असंख्यात लोक प्रमाण कहा है। इस प्रकार यह सामान्य एकेन्द्रियोंकी अपेक्षा अन्तरकालका विचार किया। इसी प्रकार बादर आदि एकेन्द्रियोंकी कायस्थिति आदि जान कर अन्तरकालका निर्णय करना चाहिए।

२३०. द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय और उनके पर्याप्त जीवोंमें तिर्यञ्चायुके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय कम बारह वर्ष, एक समय कम उनचास दिन रात और एक समय कम छह महिना है और उत्कृष्ट अन्तर तीनोंका संख्यात हजार वर्ष है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर प्रकृतिबन्धके अन्तरके समान है। मनुष्यायुके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर काल नहीं है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर प्रकृतिबन्धके अन्तरके समान है। शेष प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर

१. मूलप्रतौ पज्जत्तापज्जत्ता तिरि—इति पाठः।

स्साणि। अणु० जह० एग०, उक्क० अंतो०। अपज्जत्त० पंचिंदियतिरिक्ख-अपज्जत्तभंगो।

२३१. पंचिंदिय०२ णाणादि० ओघं। पढमदंडओ ओघं। णवरि उक्क० जह० अंतो०, उक्क० सागरोवमसहस्सं पुव्वकोडिपुधत्तेण०। पज्जत्ते सागरोवमसदपुध०। थीणगिद्धि०३-मिच्छ०-अणंताणुबंधि०४-इत्थि० उक्क० ट्ठिदि० पंचणाणा०भंगो। अणु० ओघं। अट्ठकसा० [उक्क०] णाणावरणभंगो। अणु० ओघं। णिरय-देवायु० उक्क० ट्ठिदि० जह० दसवस्ससहस्साणि पुव्वकोडी समयू०। उक्क० णाणाव०भंगो। अणु० जह० अंतो०, उक्क० सागरोवमसदपुधत्तं। तिरिक्खायु० उक्क० जह० पुव्वकोडी समयू०, उक्क० णाणावरणभंगो। अणु० जह० अंतो०, उक्क० सागरोवमसद-पुधत्तं। मणुसायु० उक्क० तिरिक्खायुभंगो। अणु० जह० अंतो०, उक्क० काय-ट्ठिदी०। णिरयगदि-एइं०-बेइं०-तेइं०-चदुरिं०-णिरयाणुपु०-आदाव-थावरादि०४-

---

संख्यात हजार वर्ष है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। इनके अपर्याप्तकोंमें अपनी सब प्रकृतियोंका भङ्ग पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्तकोंके समान है।

विशेषार्थ—द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय और चतुरिन्द्रिय जीवोंकी भवस्थिति और कायस्थितिको ध्यानमें रखकर अन्तरकालका विचार कर लेना चाहिए। जो द्वीन्द्रिय मरकर द्वीन्द्रिय होता है, त्रीन्द्रिय मरकर त्रीन्द्रिय होता है और चतुरिन्द्रिय मरकर चतुरिन्द्रिय होता है उसीके तिर्यञ्चायुके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तर क्रमसे एक समय कम बारह वर्ष, एक समय कम उनचास दिन रात और एक समय कम छह महीना उपलब्ध होता है। इसी प्रकार अन्यत्र भी जहाँ एक मार्गणामें अपनी आयुके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय कम अपनी उत्कृष्ट आयुप्रमाण कहा है वहाँ इसी प्रकार स्पष्टीकरण कर लेना चाहिए।

२३१. पञ्चेन्द्रियद्विकमें ज्ञानावरणादिकका भङ्ग ओघके समान है। प्रथम दण्डक ओघके समान है। इतनी विशेषता है कि उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर पञ्चेन्द्रियोंमें पूर्वकोटि पृथक्त्व अधिक एक हजार सागर है और पञ्चेन्द्रिय पर्याप्तकोंमें सौ सागर पृथक्त्व है। स्त्यानगृद्धि तीन, मिथ्यात्व, अनन्तानुबन्धी चार और स्त्रीवेदके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका भङ्ग पाँच ज्ञानावरणके समान है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका भङ्ग ओघके समान है। आठ कषायोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है। अनुत्कृष्ट स्थिति-बन्धका भङ्ग ओघके समान है। नरकायु और देवायुके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर दस हजार वर्ष और एक समय कम एक पूर्वकोटि है। उत्कृष्ट अन्तर ज्ञानावरणके समान है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर सौ सागर पृथक्त्व है। तिर्यञ्चायुके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय कम एक पूर्वकोटि है और उत्कृष्ट अन्तर ज्ञानावरणके समान है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर सौ सागर पृथक्त्व है। मनुष्यायुके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका भङ्ग तिर्यञ्चायुके समान है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर कायस्थितिप्रमाण है। नरकगति, एकेन्द्रियजाति, द्वीन्द्रियजाति, त्रीन्द्रियजाति, चतुरिन्द्रिय-जाति, नरकगत्यानुपूर्वी, आतप, स्थावर आदि चारके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका भङ्ग ज्ञानावरणके

उक्क० णाणावरणभंगो। अणु० जह० एग०, उक्क० पंचासीदिसागरोवमसदं०। तिरिक्खगदि-तिरिक्खाणुपु०-उच्चा० उक्क० णाणावरणभंगो। अणु ओघं। मणुसग०-देवगदि-वेउव्वि०-वेउव्वि०अंगो०-मणुस०-देवाणुपु० णाणावरणभंगो। अणु० जह० एग०, उक्क० तेत्तीसं सा० सादि०। ओरालि०-ओरालि०अंगो०-वज्जरिसभ० उक्क० णाणावरणभंगो। अणु० ओघं। आहार०२ उक्क० अणु० जह० अंतो०, उक्क० कायट्ठिदी०। तित्थय० ओघं। अपज्जत्ता० तिरिक्खअपज्जत्तभंगो। णवरि दो आयु० उक्क० जह० अंतो० समयू०, उक्क० अंतो०। अणु० जह० अंतो०, उक्क० अंतो०।

समान है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर एकसौ पचासी सागर है। तिर्यञ्चगति, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी और उच्चगोत्रके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका भङ्ग ओघके समान है। मनुष्यगति, देवगति, वैक्रियिक शरीर, वैक्रियिक आङ्गोपाङ्ग, मनुष्यगत्यानुपूर्वी और देवगत्यानुपूर्वीका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक तेतीस सागर है। औदारिक शरीर, औदारिक आङ्गोपाङ्ग और वज्रर्षभनाराचसंहननके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका भङ्ग ओघके समान है। आहारक द्विकके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर कायस्थितिप्रमाण है। तथा तीर्थंकर प्रकृतिका भङ्ग ओघके समान है। पञ्चेन्द्रिय अपर्याप्तकोंमें तिर्यञ्च अपर्याप्तकोंके समान भङ्ग है। इतनी विशेषता है कि दो आयुओंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय कम अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है।

विशेषार्थ—पञ्चेन्द्रियोंकी उत्कृष्ट कायस्थिति पूर्वकोटि पृथक्त्व अधिक एक हजार सागर और पञ्चेन्द्रिय पर्याप्तकोंकी उत्कृष्ट कायस्थिति सौ सागर पृथक्त्व है इसलिए इनमें ज्ञानावरणादि प्रथम दण्डकमें कही गई प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तर उक्त प्रमाण कहा है। यहाँ कायस्थितिके प्रारम्भमें और अन्तमें उत्कृष्ट स्थितिबन्ध करा कर यह अन्तरकाल ले आवे। नरकायु और देवायुके उत्कृष्ट स्थितिबन्धके जघन्य अन्तरका स्पष्टीकरण मूल प्रकृति स्थितिबन्धके समय जिस प्रकार किया है उसी प्रकार यहाँ कर लेना चाहिए। तथा इन दोनों आयुओंके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त स्पष्ट ही है और उत्कृष्ट अन्तर सौ सागर पृथक्त्व कहनेका कारण यह है कि कोई भी पञ्चेन्द्रिय इतने कालके बाद नरकायु और देवायुका नियमसे बन्ध करता है। तिर्यञ्चायुके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धके उत्कृष्ट अन्तरकालका स्पष्टीकरण भी इसी प्रकार करना चाहिए। मात्र मनुष्यायुके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तरकाल कायस्थिति प्रमाण कहा है सो इसका अभिप्राय यह है कि पञ्चेन्द्रिय रहते हुए अधिकसे अधिक इतने कालतक मनुष्यायुका बन्ध नहीं होता है। बीचमें बन्ध हो या न हो नियम नहीं है। पञ्चेन्द्रिय और पञ्चेन्द्रिय पर्याप्त जीव अधिकसे अधिक एक सौ पचासी सागर कालतक नरकगति आदि ग्यारह प्रकृतियोंका बन्ध नहीं करते, इसलिए इनमें इन प्रकृतियोंके

२३२. पुढविका० तिरिक्खायु० उक्क० [जह०] बावीसं वाससहस्सा० समयू०, उक्क० असंखेज्जा लोगा । अणु० पगदिअंतरं । मणुसायु० उक्क० णत्थि अंतरं । अणु० पगदिअंतरं ! सेसाणं उक्क० जह० अंतो०, उक्क० असंखेज्जा लोगा । अणु० जह० एग०, उक्क० अंतो० । बादरपुढवि० तं चेव । णवरि उक्क० जह० अंतो०, उक्क० कम्मट्ठिदी० । बादरपज्जत्ते संखेज्जाणि वाससहस्साणि । अपज्जत्ते तिरिक्खअपज्जत्त-भंगो । एवं आउ०-तेउ०-वाउ० । णवरि तिरिक्खायु० उक्क० ट्ठिदि० जह० सत्त-वस्ससहस्साणि तिण्णि रादिंदियाणि तिण्णि वस्ससहस्साणि समयू०, उक्क० कायट्ठिदी० । अणु० अप्पप्पणो पगदिअंतरं ।

अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तर एक सौ पचासी सागर कहा है । इसी प्रकार शेष अन्तरकालका विचार कर लेना चाहिए ।

२३२. पृथिवीकायिक जीवोंमें तिर्यञ्चायुके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय कम बाईस हजार वर्ष है और उत्कृष्ट अन्तर असंख्यात लोकप्रमाण है । अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर प्रकृतिबन्धके अन्तरके समान है । मनुष्यायुके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर नहीं है । अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर प्रकृतिबन्धके अन्तरके समान है । शेष प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर असंख्यात लोकप्रमाण है । अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है । बादर पृथिवीकायिक जीवोंमें यही अन्तर काल है । इतनी विशेषता है कि उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर कर्मस्थिति प्रमाण है । बादर पर्याप्तक जीवोंमें संख्यात हजार वर्ष प्रमाण है । अपर्याप्त जीवोंमें तिर्यञ्च अपर्याप्तकोंके समान है । इसी प्रकार जलकायिक, अग्निकायिक और वायुकायिक जीवोंके जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि इनमें तिर्यञ्चायुके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय कम सात हजार वर्ष एक समय कम तीन दिन रात और एक समय कम तीन हजार वर्ष है तथा उत्कृष्ट अन्तर काल कायस्थितिप्रमाण है । अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर अपने अपने प्रकृतिबन्धके अन्तरके समान है ।

विशेषार्थ—पृथिवीकायिककी भवस्थिति बाईस हजार वर्षप्रमाण और कायस्थिति असंख्यात लोकप्रमाण होनेसे यहाँ तिर्यञ्चायुके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय कम बाईस हजार वर्ष और उत्कृष्ट अन्तर असंख्यात लोकप्रमाण कहा है । इनमें शेष प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तर असंख्यात लोकप्रमाण कहनेका यही कारण है । बादर पृथिवीकायिक जीवोंकी उत्कृष्ट कायस्थिति कर्मस्थितिप्रमाण है, इसलिए इनमें तिर्यञ्चायु और मनुष्यायुके बिना शेष प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तर कर्मस्थितिप्रमाण कहा है । बादर पर्याप्तकोंकी कायस्थिति संख्यात हजार वर्ष है, इसलिए इनमें उक्त प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तर संख्यात हजार वर्ष कहा है । जलकायिक, अग्निकायिक और वायुकायिक जीवोंके कथनमें पृथिवीकायिक जीवोंके कथनसे कोई अन्तर नहीं है, इसलिए इनका कथन पृथिवीकायिक जीवोंके समान जाननेको कहा है । मात्र इनकी भवस्थितिमें अन्तर है, इसलिए इनमें तिर्यञ्चायुके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर कहते समय वह एक समय कम अपनी अपनी उत्कृष्ट भवस्थितिप्रमाण कहा है ।

२३३. वणप्फदि० एइंदियभंगो। णवरि तिरिक्खायु० उक्क० ट्ठिदि० जह० दसवस्ससहस्साणि समयू०, उक्क० अणंतकालं अंगुल० असं० संखेज्जाणि वस्स सहस्साणि। अणु० पगदिअंतरं। मणुसायु० उक्क० णत्थि अंतरं। अणुक्क० पगदि अंतरं। णवरि मणुसगदितिगस्स अणु० पगदिअंतरं। बादरवणप्फदिपत्ते० बादरपुढविभंगो। णवरि तिरिक्खायु० उक्क० ट्ठिदि० जह० दसवस्ससहस्साणि समयू०। णिगोदे० वणप्फदिभंगो। णवरि बादरणियोदेसु सव्वेसु उक्क० ट्ठिदि० जह० अंतो०, उक्क० कम्मट्ठिदी०। अणु० जह० एगस०, उक्क० अंतो०। णवरि तिरिक्खायु० उक्क० ट्ठिदि० जह० अंतो० समयू०, उक्क० पलिदो० असं०। अणु० पगदिअंतरं। णिगोदेसु पलिदो० असंखे०, बादरणिगोदपज्जत्ते संखेज्जाणि वाससहस्साणि। सव्वसुहुमाणं सुहुमएइंदियभंगो। णवरि अप्पप्पणो कायट्ठिदी भाणिदव्वा।

---

२३३. वनस्पतिकायिक जीवोंमें एकेन्द्रियोंके समान अन्तर काल है। इतनी विशेषता है कि तिर्यञ्चायुके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय कम दस हजार वर्ष है और उत्कृष्ट अन्तर अनन्त काल, अंगुलके असंख्यातवें भाग प्रमाण तथा संख्यात हजार वर्ष है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर काल प्रकृतिबन्धके अन्तर कालके समान है। मनुष्यायुके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर काल नहीं है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तरकाल प्रकृतिबन्धके अन्तरकालके समान है। इतनी विशेषता है कि मनुष्यगतित्रिकके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर काल प्रकृतिबन्धके अन्तर कालके समान है। बादर वनस्पतिकायिक प्रत्येक शरीर जीवोंमें बादर पृथिवीकायिक जीवोंके समान भङ्ग है। इतनी विशेषता है कि तिर्यञ्चायुके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय कम दस हजार वर्ष है। निगोद जीवोंमें वनस्पतिकायिक जीवोंके समान भङ्ग है। इतनी विशेषता है कि सब बादर निगोद जीवोंमें उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर कर्मस्थितिप्रमाण है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। इतनी विशेषता है कि तिर्यञ्चायुके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय कम अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर प्रकृतिबन्धके अन्तरके समान है। निगोद जीवोंमें पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण है और बादर निगोद पर्याप्त जीवोंमें संख्यात हजार वर्ष है। सब सूक्ष्म जीवोंमें सूक्ष्म एकेन्द्रियोंके समान भङ्ग है। इतनी विशेषता है कि अपनी अपनी कायस्थिति कहनी चाहिए।

विशेषार्थ—एकेन्द्रियोंकी उत्कृष्ट भवस्थिति बाईस हजार वर्ष है और वनस्पतिकायिक जीवोंकी उत्कृष्ट भवस्थिति दस हजार वर्ष है। तथा वनस्पतिकायिक जीवोंकी उत्कृष्ट कायस्थिति अनन्तकालप्रमाण, बादर वनस्पतिकायिकोंकी अङ्गुलके असंख्यातवें भागप्रमाण और बादर पर्याप्त वनस्पतिकायिकोंकी संख्यात हजार वर्षप्रमाण है। इसीसे यहाँ इनमें तिर्यञ्चायुके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय कम दस हजार वर्ष और उत्कृष्ट अन्तर वनस्पतिकायिकोंमें अनन्तकाल, इनके बादरोंमें अङ्गुलके असंख्यातवें भागप्रमाण और इनके बादर पर्याप्तकोंमें संख्यात हजार वर्षप्रमाण कहा है। बादर वनस्पति प्रत्येक शरीर जीवोंकी उत्कृष्ट भवस्थिति भी दस हजार वर्ष है। इसीसे इनमें भी तिर्यञ्चायुके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय कम दस हजार वर्ष कहा है।

२३४. तस०२ पंचिंदियभंगो। णवरि उक्क० ट्ठिदि० जह० अंतो०, उक्क० अप्पप्पणो कायट्ठिदी०। तिण्णि आयु० उक्क० ट्ठिदि० जह० पंचिंदियभंगो। उक्क० कायट्ठिदी०। अणु० जह० अंतो०, उक्क० सागरोवमसदपुधत्तं। मणुसायु० उक्क० अणु० ओघं। णवरि कायट्ठिदी०। अपज्जत्ता० पंचिंदियतिरिक्खअपज्जत्तभंगो।

२३५. पंचमण०-पंचवचि० चदुआयु०-आहार०२-तित्थय० उक्क० अणु० णत्थि अंतरं। सेसाणं उक्क० णत्थि अंतरं। अणु० जह० एग०, उक्क० अंतोमु०।

२३६. कायजोगीसु णिरय-देवायु०-आहार०२ उक्क० अणु० णत्थि अंतरं। तिरिक्खायु० उक्क० ट्ठिदि० णत्थि अंतरं। अणु० पगदिअंतरं। मणुसायु० उक्क०

२३४. त्रसकायिक और त्रसकायिक पर्याप्त जीवोंमें पञ्चेन्द्रियोंके समान भङ्ग है। इतनी विशेषता है कि उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर अपनी अपनी कायस्थिति प्रमाण है। तीन आयुओंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर पञ्चेन्द्रिय जीवोंके समान है और उत्कृष्ट अन्तर कायस्थिति प्रमाण है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर सौ सागर पृथक्त्व प्रमाण है। मनुष्यायुके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर ओघके समान है। इतनी विशेषता है कि उत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तर कायस्थिति प्रमाण है। त्रस अपर्याप्त जीवोंमें पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्तकोंके समान भङ्ग है।

विशेषार्थ—त्रसकायिक और त्रसकायिक पर्याप्त जीवोंकी कायस्थितिका उल्लेख अनेक बार कर आये हैं। उसे ध्यानमें रखकर यहां जो अन्तर कायस्थिति प्रमाण कहा है वह जान लेना चाहिए। नरकायु, तिर्यञ्चायु और देवायुके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तर सौ सागर पृथक्त्व प्रमाण कहा है सो इसका स्पष्टीकरण यह है कि त्रसकायिक और त्रसकायिक पर्याप्त जीव सौ सागर पृथक्त्वके बाद अवश्य ही नारकी, तिर्यञ्च और देव होता है। शेष कथन स्पष्ट ही है।

२३५. पांचों मनोयोगी और पांचों वचनयोगी जीवोंमें चार आयु, आहारक द्विक और तीर्थंकर प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर काल नहीं है। शेष प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर काल नहीं है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है।

विशेषार्थ—पांचों मनोयोगों और पांचों वचनयोगोंका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। तथा इनमें मध्यमें उत्कृष्ट स्थितिबन्ध हो सकता है। इसीसे इनमें प्रथम दण्डकमें कही गई प्रकृतियोंके सिवा शेष प्रकृतियोंके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त कहा है। पर इस प्रकार एक योगमें दो बार उत्कृष्ट स्थितिबन्ध सम्भव नहीं है, इसलिए उसके अन्तरकालका निषेध किया है। अब रहीं प्रथम दण्डकमें कही गई चार आयु आदि सात प्रकृतियाँ सो इनके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तरकाल सम्भव नहीं है। कारणका विचार स्वामित्वको देखकर कर लेना चाहिए।

२३६. काययोगी जीवोंमें नरकायु, देवायु और आहारक द्विकके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर काल नहीं है। तिर्यञ्चायुके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर काल नहीं है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर काल प्रकृतिबन्धके अन्तरके समान है। मनुष्यायुके उत्कृष्ट

णत्थि अंतरं। अणु० जह० अंतो०, उक्क० अणंतकालं असं०। सेसाणं उक्क० णत्थि अंतरं। अणु० ट्ठिदि० जह० एग०, उक्क० अंतो०। णवरि मणुसग०-मणुसाणु०-उच्चा० उक्क० ट्ठिदि० णत्थि अंतरं। अणु० जह० एग०, उक्क० असंखेज्जा लोगा।

२३७. ओरालियका० णिरय-देवायु०-आहार०२-तित्थय० उक्क० अणु० ट्ठिदि० णत्थि अंतरं। तिरिक्ख-मणुसायु० उक्क० णत्थि अंतरं। अणु० पगदि-अंतरं। सेसाणं मणजोगिभंगो।

२३८. ओरालियमिस्स० पंचणा०-णवदंसणा०-मिच्छ०-सोलसक०-भय-दुगुं०-ओरालि०-तेजा०-क०-वण्ण०४-अगु०४-उप०-णिमि०-पंचंत० उक्क० ट्ठिदि० णत्थि अंतरं। अणु० जह० एग०, उक्क० अंतो०। देवगदि०४-तित्थय० धुविगाणं भंगो।

स्थितिबन्धका अन्तर काल नहीं है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर अनन्त काल है जो असंख्यात पुद्गल परिवर्तन प्रमाण है। शेष प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर काल नहीं है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। इतनी विशेषता है कि मनुष्यगति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी और उच्चगोत्रके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर काल नहीं है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर असंख्यात लोक प्रमाण है।

विशेषार्थ—लब्ध्यपर्याप्तक मनुष्यके एकमात्र काययोग होता है। इसीसे काययोगमें मनुष्यायुके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तरकाल उपलब्ध हो जाता है। जो मनुष्यायुका अजघन्य स्थितिबन्ध करके और लब्ध्यपर्याप्त मनुष्य होकर पुनः मनुष्यायुका अजघन्य स्थितिबन्ध करता है उसके मनुष्यायुके अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तरकाल उपलब्ध होता है और जो प्रारम्भमें मनुष्यायुका बन्ध करके अनन्तकालतक काययोगके साथ रहकर अन्तमें मनुष्यायुका बन्ध करता है उसके मनुष्यायुके अजघन्य स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तर अनन्तकाल उपलब्ध होता है। इसीसे मनुष्यायुके अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट अन्तर अनन्त काल कहा है। शेष कथन स्पष्ट ही है।

२३७. औदारिक काययोगी जीवोंमें नरकायु, देवायु, आहारकद्विक और तीर्थङ्कर प्रकृतिके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर काल नहीं है। तिर्यञ्चायु और मनुष्यायुके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर काल नहीं है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर प्रकृतिबन्धके अन्तरके समान है। तथा शेष प्रकृतियोंका भङ्ग मनोयोगी जीवोंके समान है।

विशेषार्थ—औदारिककाययोगमें तिर्यञ्चायु और मनुष्यायुके प्रकृतिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट अन्तर साधिक सात हजार वर्ष कह आये हैं वही यहाँ इन दोनों आयुओंके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तरकाल जानना चाहिए यह उक्त कथनका तात्पर्य है। शेष कथन स्पष्ट ही है।

२३८. औदारिक मिश्रकाययोगी जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, भय, जुगुप्सा, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, वर्णचतुष्क, अगुरुलघु चतुष्क, उपघात, निर्माण और पाँच अन्तराय प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर काल नहीं है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। देवगतिचतुष्क और तीर्थंकर प्रकृतिका भङ्ग ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके समान है। शेष प्रकृ-

सेसाणं उक्क० ट्ठिदि० णत्थि अंतरं। अणु० जह० एग०, उक्क० अंतो०। एवं अधापवत्तस्स। अथवा से काले पज्जत्ती जाहिदि त्ति सामित्तं दिज्जदि तदो धुवि-गाणं देवगदिपंचगस्स उक्क० अणु० णत्थि अंतरं। सेसाणं परियत्तमाणियाणं उक्क० णत्थि अंतरं। अणु० ट्ठिदि० जह० एग०, उक्क० अंतो०। दो आयु० पंचिंदियतिरिक्खअपज्जत्तभंगो।

२३९. वेउव्विय०-आहार० मणजोगिभंगो। वेउव्विय-आहारमि० ओरालि-यमिस्सभंगो। कम्मइग० सव्वपगदीणं उक्क० अणु० णत्थि अंतरं।

२४०. इत्थिवे० ओघं। पढमदंडओ सो चेव इत्थं वि। णवरि पलिदोवमसद-पुधत्तं। थीणगिद्धि० ३-मिच्छ०--अणंताणुबंधि०४--इत्थि०-णवुंस०--तिरिक्खगदि--एइंदि०-पंचसंठा०--पंचसंघ०--तिरिक्खाणु०--आदउज्जो०--अप्पसत्थ०--थावर--दूभग--दुस्सर-अणादे०-णीचा० उक्क० णाणावरणभंगो। अणु० जह० एग०, उक्क०

तियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर काल नहीं है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। इसी प्रकार अधःप्रवृत्तके जानना चाहिए। अथवा तदनन्तर समयमें पर्याप्तिको ग्रहण करेगा ऐसे समयमें उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामित्व प्राप्त होता है इसलिए ध्रुवबन्धवाली और देवगतिपञ्चकके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर काल नहीं है। शेष परिवर्तनशील प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर काल नहीं है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। दो आयुओंका अन्तरकाल पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्तकोंके समान है।

विशेषार्थ—मूलप्रकृतिस्थितिबन्ध प्रकरणमें जो तदनन्तर समयमें शरीर पर्याप्तिको प्राप्त होगा वह सात कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी कह आये हैं और यहाँ उत्तर प्रकृति स्थितिबन्ध प्रकरणमें तद्योग्य संक्लेश परिणामोंके होने पर अथवा उत्कृष्ट संक्लेश परि-णामोंके होने पर उत्कृष्ट स्थितिबन्धका स्वामी होता है यह कहा है। इसी बातको ध्यानमें रखकर यहाँ अन्तर कालका निरूपण दो प्रकारसे किया है। फिर भी हर हालतमें किसी भी कर्मके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर काल नहीं प्राप्त होता इतना स्पष्ट है। कारण कि औदा-रिकमिश्रकाययोगका काल इतना अल्प होता है जिसमें दो बार उत्कृष्ट स्थितिबन्धके योग्य परिणाम नहीं प्राप्त होते।

२३९. वैक्रियिककाययोगी और आहारक काययोगी जीवोंमें मनोयोगी जीवोंके समान भङ्ग है। वैक्रियिकमिश्रकाययोगी और आहारकमिश्रकाययोगी जीवोंमें औदारिमश्रकाययोगी जीवोंके समान भङ्ग है। कार्मणकाययोगी जीवोंमें सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर काल नहीं है।

२४०. स्त्रीवेदी जीवोंमें ओघके समान भङ्ग है। प्रथमदण्डक भी उसी प्रकार है। इतनी विशेषता है कि यहाँ सौ पल्य पृथक्त्व कहना चाहिए। स्त्यानगृद्धि तीन, मिथ्यात्व, अनन्तानुबन्धी चार, स्त्रीवेद, नपुंसकवेद, तिर्यञ्चगति, एकेन्द्रिय जाति, पाँच संस्थान, पाँच संहनन, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, आतप, उद्योत, अप्रशस्त विहायोगति, स्थावर, दुर्भग, दुस्वर, अनादेय और नीचगोत्रके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर काल ज्ञानावरणके समान है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम पचपन

पणवण्णं पलिदोव० देसू० । तिरिक्ख-मणुसायु० उक्क० जह० पुव्वकोडि समयू०, उक्क० णाणावरणीयभंगो । अणु० जह० अंतो०, उक्क० पलिदो० सदपुधत्तं । णिरयायु० उक्क० णत्थि अंतरं । अणु० ट्ठिदि० जह० अंतो, उक्क० पुव्वकोडितिभागं देसू० । देवायु० उक्क० जह० दसवस्ससहस्साणि पुव्वकोडी समयू०, उक्क० कायट्ठिदी० । अणु० जह० अंतो०, उक्क० अट्ठावण्णं पलिदोवमाणि पुव्वकोडिपुधत्तेणब्भहियाणि । वेउव्वियछक्क-बीइं०-तीइं०-चदुरिं०-सुहुम-अपज्ज०-साधार० उक्क० ट्ठिदि० जह० अंतो०, उक्क० णाणाव०भंगो । अणु० ट्ठिदि० जह० एग०, उक्क० पणवण्णं पलिदो० सादि० । मणुस०-ओरालि०-ओरालि०अंगो०-वज्जरिसभ०-मणुसाणु० उक्क० जह० अंतो०, उक्क० णाणाव०भंगो । अणु० जह० एग०, उक्क० तिण्णि पलिदो० देसू० । आहार०२ उक्क० अणु० जह० अंतो०, उक्क० कायट्ठिदी० । तित्थय० उक्क० अणु० णत्थि अंतरं ।

पल्य है । तिर्यञ्चायु और मनुष्यायुके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय कम एक पूर्वकोटि है और उत्कृष्ट अन्तर ज्ञानावरणके समान है । अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर सौ पल्य पृथक्त्व प्रमाण है । नरकायुके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तरकाल नहीं है । अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम एक पूर्वकोटिके त्रिभाग प्रमाण है । देवायुके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर दस हजार वर्ष और एक समय कम एक पूर्वकोटि है और उत्कृष्ट अन्तर कायस्थितिप्रमाण है । अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर पूर्वकोटि पृथक्त्व अधिक अट्ठावन पल्य है । वैक्रियिक छह, द्वीन्द्रिय जाति, त्रीन्द्रिय जाति, चतुरिन्द्रिय जाति, सूक्ष्म, अपर्याप्त और साधारण प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर ज्ञानावरणके समान है । अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक पचपन पल्य है । मनुष्यगति, औदारिक शरीर, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, वज्रर्षभनाराचसंहनन और मनुष्यगत्यानुपूर्वीके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर ज्ञानावरणके समान है । अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम तीन पल्य है । आहारकद्विकके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर कायस्थितिप्रमाण है। तीर्थंकर प्रकृतिके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर काल नहीं है ।

विशेषार्थ—स्त्रीवेदकी उत्कृष्ट कायस्थिति सौ पल्य पृथक्त्व प्रमाण है । इसीसे यहां प्रथम दण्डकमें कही गई प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तरकाल सौ पल्य पृथक्त्व प्रमाण कहा है । कायस्थितिके प्रारम्भमें और अन्तमें उत्कृष्ट स्थितिबन्ध कराकर यह अन्तर ले आना चाहिए । सम्यक्त्वके कालमें स्त्यानगृद्धि तीन आदि प्रकृतियोंका बन्ध नहीं होता, इसलिए इनके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तर काल कुछ कम पचवन पल्य कहा है । चारों आयुओंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धके अन्तर कालके विषयमें पहले अनेक वार निर्देश कर आये हैं । उसे ध्यानमें रखकर यहां अन्तरकाल जान लेना चाहिए । मात्र देवायुके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तर जो पूर्वकोटि पृथक्त्व अधिक अट्ठावन पल्य

२४१. पुरिसेसु पढमदंडओ ओघं। णवरि उक्क० ट्ठिदि० जह० अंतो०, उक्क० सागरोवमसदपुधत्तं। थीणगिद्धि०३-मिच्छ०-अणंताणुबंधि०४-इत्थि० उक्क० णाणाव०भंगो। अणु० जह० एग०, उक्क० ओघं। णवुंस०-पंचसंठा०-पंचसंघ०-अप्पसत्थ०-दूभग-दुस्सर-अणादे०-णीचा० उक्कस्सं णाणावर०भंगो। अणु० ओघं। णिरयायु० उक्क० णत्थि अंतरं। अणु० इत्थि०भंगो। तिरिक्ख-मणुसायु० इत्थि-भंगो। णवरि सगट्ठिदी०। देवायु० उक्क० जह० दसवस्ससहस्साणि पुव्वकोडी समयू०, उक्क० णाणावर०भंगो। अणु० जह० अंतो०, उक्क० तेत्तीसं सागरोवमाणि सादि०। णिरयग०-बेइं०-तेइं०-चदुरिं०-णिरयाणु०-आदाव-थावरादि०४ उक्क० णाणाव०भंगो। अणु० जह० एग०, उक्क० तेवट्ठिसागरोवमसदं। देवगदि०४ उक्क० ट्ठिदि० णाणाव०भंगो। अणु० जह० एग०, उक्क० तेत्तीसं साग० सादि०।

कहा है सो उसका स्पष्टीकरण इस प्रकार है कि किसी स्त्रीवेदीने देवायुका पचवन पल्य-प्रमाण स्थितिबन्ध किया पश्चात वह स्त्रीवेदके साथ पूर्वकोटि पृथक्त्व काल तक परिभ्रमण कर तीन पल्यकी आयुवाला स्त्रीवेदी हुआ और वहां छह महीना शेष रहने पर उसने पुनः देवायुका बन्ध किया तो देवायुका यह अन्तरकाल प्राप्त हो जाता है। देवी पर्यायमें वैक्रियिक छह आदि बारह प्रकृतियोंका बन्ध नहीं होता और वहांसे च्युत होनेके बाद भी अन्तर्मुहूर्त काल तक इनका बन्ध न होना सम्भव है, क्योंकि ये सप्रतिपक्ष प्रकृतियां हैं, इसलिए इनके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तरकाल साधिक पचवन पल्य कहा है। सम्यग्दृष्टि मनुष्यनीके सम्यक्त्वका उत्कृष्ट काल कुछ कम तीन पल्य है। इसीसे स्त्रीवेदमें मनुष्यगति आदि पाँच प्रकृतियोंके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम तीन पल्य कहा है, क्योंकि मनुष्य सम्यग्दृष्टिके इनका बन्ध नहीं होता। शेष कथन स्पष्ट ही है।

२४१. पुरुषवेदी जीवोंमें प्रथम दण्डक ओघके समान है। इतनी विशेषता है कि उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर सौ सागर पृथक्त्व है। स्त्यानगृद्धि तीन, मिथ्यात्व, अनन्तानुबन्धी चार और स्त्रीवेदके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तरकाल ज्ञानावरणके समान है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर ओघके समान है। नपुंसकवेद, पांच संस्थान, पांच संहनन, अप्रशस्त विहायोगति, दुर्भग, दुस्वर, अनादेय और नीचगोत्रके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तरकाल ज्ञानावरण के समान है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर काल ओघके समान है। नरकायुके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर काल नहीं है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर काल स्त्रीवेदके समान है। तिर्यञ्चायु और मनुष्यायुका भङ्ग स्त्रीवेदके समान है। इतनी विशेषता है कि अपनी स्थिति कहनी चाहिए। देवायुके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर दस हजार वर्ष और एक समय कम एक पूर्वकोटि है और उत्कृष्ट अन्तर ज्ञानावरणके समान है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक तेतीस सागर है। नरकगति, द्वीन्द्रियजाति, त्रीन्द्रियजाति, चतुरिन्द्रियजाति, नरक गत्यानुपूर्वी, आतप, स्थावर आदिचारके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर काल ज्ञानावरणके समान है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर एक सौ त्रेसठ सागर है। देवगति चारके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर ज्ञानावरणके समान है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक तेतीस सागर है। मनुष्यगतिपञ्चकके

मणुसगदिपंचगस्स उक्क० ट्ठिदि० णाणाव०भंगो। अणु० जह० एग०, उक्क० तिण्णि पलिदो० सादि०। आहार०२ उक्क० अणु० जह० अंतो०, उक्क० सगट्ठिदी०। तित्थय० उक्क० णत्थि अंतरं। अणु० ओघं।

२४२. णवुंस० पढमदंडओ मूलोघं। थीणगिद्धि०३-मिच्छ०-अणंताणुबंधि०४-इत्थि०-णवुंस०-तिरिक्खग०-पंचसंठा०-पंचसंघ०-तिरिक्खाणु०-उज्जो०-अप्पसत्थ०-दूभग-दुस्सर-अणादे०-णीचागो० उक्क० ट्ठिदि० ओघं। अणु० जह० एग०, उक्क० तेत्तीसं सा० देसू०। तिण्णि आयु०-वेउव्वियछक्क-मणुसग०-मणु-

---

उत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर ज्ञानावरणके समान है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक तीन पल्य है। आहारक द्विकके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर अपनी स्थितिप्रमाण है। तीर्थंकर प्रकृतिके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर काल नहीं है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर काल ओघके समान है।

विशेषार्थ—पुरुषवेदकी उत्कृष्ट कायस्थिति सौ सागर पृथक्त्वप्रमाण है। इसीसे इसमें प्रथम दण्कमें कही गई प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तरकाल उक्त प्रमाण कहा है। पुरुषवेदमें मिथ्यात्वका उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम दो छयासठ सागर है। ओघसे स्त्यानगृद्धि तीन आदि नौ प्रकृतियोंके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तर उक्त प्रमाण ही प्राप्त होता है। इसीसे यहां इन प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तरकाल ओघके समान कहा है। मात्र स्त्रीवेद सप्रतिपक्ष प्रकृति होनेसे यहां ओघके समान इसके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तर साधिक दो छयासठ सागर कहना चाहिए। नपुंसकवेद आदि सोलह प्रकृतियोंका सम्यग्दृष्टि और सम्यग्मिथ्यादृष्टिके तो बन्ध होता ही नहीं। साथ ही इनका अकर्मभूमिज जीवके भी बन्ध नहीं होता। इसलिए इनके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तर ओघसे साधिक दो छयासठ सागर और कुछ कम तीन पल्य कहा है। पुरुषवेदमें यह अन्तर इसी प्रकार प्राप्त होता है, इसलिए यहां यह ओघके समान कहा है। जो जीव दो छयासठ सागर तक सम्यग्दृष्टि और मध्यमें सम्यग्मिथ्यादृष्टि रहा और अन्तमें नौ ग्रैवेयकमें उत्कृष्ट आयुके साथ उत्पन्न हुआ उसके एक सौ त्रेसठ सागर काल तक पुरुषवेदमें नरकगति आदि दस प्रकृतियोंका बन्ध नहीं होता, इसलिए यहां इनके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तर एक सौ त्रेसठ सागर काल प्रमाण कहा है। उपशम श्रेणिपर चढ़ा हुआ जो जीव उतरते समय देवगतिचतुष्कका बन्ध करनेके अनन्तर पूर्व समयमें मरकर तेतीस सागर की आयुवाला देव होता है उसके साधिक तेतीस सागर काल तक देवगति चतुष्कका बन्ध नहीं होता, इसलिए यहां इनके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तरकाल साधिक तेतीस सागर कहा है। सम्यग्दृष्टि मनुष्यके मनुष्यगतिपञ्चकका बन्ध नहीं होता और मनुष्यके सम्यक्त्वका उत्कृष्ट काल साधिक तीन पल्य है। इसीसे यहां इनके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तर साधिक तीन पल्य कहा है। शेष कथन स्पष्ट ही है।

२४२. नपुंसकवेदमें प्रथम दण्डक मूलोघके समान है। स्त्यानगृद्धि तीन, मिथ्यात्व, अनन्तानुबन्धी चार, स्त्रीवेद, नपुंसकवेद, तिर्यञ्चगति, पांच संस्थान, पांच संहनन, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, उद्योत, अप्रशस्त, विहायोगति, दुर्भग, दुस्वर, अनादेय और नीचगोत्रके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर ओघके समान है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम तेतीस सागर है। तीन आयु, वैक्रियिक छह, मनुष्यगति,

साणु०-उच्चा०-आहार०२ उक्क० अणु० ओघं। देवायु० उक्क० ट्ठिदि० णत्थि अंतरं। अणु० ट्ठिदि० पगदिअंतरं। एइंदि०-बीइंदि०-तीइंदि०-चदुरिंदि०-आदाव-थावर०४ उक्क० णाणाव०भंगो। अणु० जह० एग०, उक्क० तेत्तीसं सा० सादि०। तित्थय० मणुसभंगो। ओरालि०-ओरालि०अंगो०-वज्जरिसभ० उक्क० णाणाव०भंगो०। अणु० जह० एग०, उक्क० पुव्वकोडी देसू०। एवं अट्ठकसा०।

२४३. अवगदवेदे सव्वपगदीणं उक्क० णत्थि अं०। अणु० जह० उक्क० अंतो०।

मनुष्यगत्यानुपूर्वी, उच्चगोत्र और आहारक द्विकके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तरकाल ओघके समान है। देवायुके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर काल नहीं है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तरकाल प्रकृतिबन्धके अन्तरके समान है। एकेन्द्रिय जाति, द्वीन्द्रियजाति, त्रीन्द्रियजाति चतुरिन्द्रिय जाति, आतप और स्थावर चतुष्कके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर काल ज्ञानावरणके समान है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर काल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक तेतीस सागर है। तीर्थङ्कर प्रकृतिका भङ्ग मनुष्योंके समान है। औदारिक शरीर, औदारिक आङ्गोपाङ्ग और वज्रर्षभनाराच संहननके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तरकाल ज्ञानावरणके समान है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम एक पूर्व कोटि है। इसी प्रकार आठ कषायोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तरकाल जानना चाहिए।

विशेषार्थ—नरकमें मिथ्यात्वका उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम तेतीस सागर है। इसीसे यहाँ स्त्यानगृद्धि तीन आदि अट्ठाइस प्रकृतियोंके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम तेतीस सागर कहा है। नरकमें एकेन्द्रिय जाति आदि नौ प्रकृतियोंका बन्ध नहीं होता और सप्रतिपक्ष प्रकृतियाँ होनेसे अन्तर्मुहूर्त कालतक और इनका बन्ध सम्भव नहीं है। इसीसे इन प्रकृतियोंके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तर साधिक तेतीस सागर कहा है। नपुंसकवेदी सम्यग्दृष्टि मनुष्य या तिर्यञ्चके कुछ कम एक पूर्वकोटि कालतक औदारिक शरीर आदि तीन प्रकृतियोंका बन्ध नहीं होता, इसलिए इनके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम एक पूर्वकोटि प्रमाण कहा है। यहाँ तिर्यञ्च पर्यायकी अपेक्षा उत्कृष्ट अन्तरकाल उपलब्ध होगा। मात्र प्रारम्भमें और अन्तमें इनका बन्ध कराके यह अन्तरकाल ले आना चाहिए। शेष कथन सुगम है।

२४३. अपगतवेदमें सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तरकाल नहीं है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है।

विशेषार्थ—नपुंसक वेदसे उपशम श्रेणिपर चढ़े हुए जीवके उतरते समय सवेदी होनेके एक समय पहिले अपनी सब प्रकृतियोंका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध होता है। इसलिए अवगत वेदमें उत्कृष्ट स्थितिबन्धके अन्तर कालका निषेध किया है तथा उपशान्त मोहका काल अन्तर्मुहूर्त होनेसे यहां अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर काल अन्तर्मुहूर्त कहा है। चार संज्वलनकी बन्ध व्युच्छित्ति होनेके बाद उनका पुनः बन्ध अपगत वेदमें अन्तर्मुहूर्त कालके बाद ही होता है इसलिए इनके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर काल अन्तर्मुहूर्त कहा है।

२४४. कोधादि०४ मणजोगिभंगो ।

२४५. मदि०-सुद० पंचणा०-णवदंस०-सादासा०-मिच्छत्त-सोलसक०-अट्ठणोक०-पंचिंदि०-तेजा०-क०-समचदु०-वण्ण०४-अगुरु०४-पसत्थ०-तस०४-थिराथिर-सुभासुभ-सुभग-सुस्सर-आदे०-जस०-अजस०-णिमि०-पंचंत० उक्क० ट्ठिदि० जह० अंतो०, उक्क० अणंतकालं० । अणु० जह० एग०, उक्क० अंतो० । णवुंस०-ओरालि०-पंचसंठा०-ओरालि०अंगो०-छस्संघ०-अप्पसत्थ०-दूभग-दुस्सर-अणादे०-णीचा० उक्क० ट्ठिदि० ओघं । अणु० जह० एग०, उक्क० तिण्णि पलिदो० देसू० । चदुण्णंआयु०-वेउव्वियछ०-मणुसग०-मणुसाणु०-उच्चा० मूलोघं । णवरि देवायु० उक्क० ट्ठिदि० जह० दसवस्ससहस्साणि पुव्वकोडी समयू०, उक्क० अणंतकालमसंखे० । तिरिक्खगदि-तिरिक्खाणुपु०-उज्जो० उक्क० ओघं । अणु० ट्ठिदि० जह० एग०, उक्क० एक्कत्तीसं सा० सादि० । चदुजादि-आदाव-थावरादि०४ उक्क० ट्ठिदि० ओघं । अणु० ट्ठिदि० जह० एग०, उक्क० तेत्तीसं सा० सादि० ।

---

२४४. क्रोधादि चार कषायवाले जीवोंमें सब प्रकृतियोंका भङ्ग मनोयोगी जीवोंके समान है ।

विशेषार्थ—मनोयोगका काल और चारों कषायोंका काल एक समान है इसलिए इनमें सब प्रकृतियोंके स्थितिबन्धका अन्तरकाल मनोयोगी जीवोंके समान कहा है ।

२४५. मत्यज्ञानी, और श्रुताज्ञानी जीवोंमें पांच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, साता और असाता वेदनीय, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, आठ नोकषाय, पञ्चेन्द्रिय जाति, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, समचतुरस्र संस्थान, वर्णचतुष्क, अगुरुलघुचतुष्क, प्रशस्त विहायोगति, त्रस चतुष्क, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, सुभग, सुस्वर, आदेय, यशःकीर्ति, अयशःकीर्ति, निर्माण और पांच अन्तरायके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर अनन्तकाल है जो असंख्यात पुद्गल परिवर्तन प्रमाण है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। नपुंसकवेद, औदारिक शरीर, पांच संस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, छह संहनन, अप्रशस्त विहायोगति, दुर्भग, दुस्वर, अनादेय और नीचगोत्रके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तरकाल ओघके समान है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम तीन पल्य है। चार आयु, वैक्रियिक छह, मनुष्यगति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी और उच्चगोत्रका अन्तर काल मूलोघके समान है। इतनी विशेषता है कि देवायुके उत्कृष्ट स्थितिबन्ध का जघन्य अन्तर दस हजार वर्ष और एक समय कम एक पूर्वकोटि है। तथा उत्कृष्ट अन्तर अनन्तकाल है जो असंख्यात पुद्गल परिवर्तन प्रमाण है। तिर्यञ्चगति, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी और उद्योतके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तरकाल ओघके समान है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक इकतीस सागर है। चार जाति, आतप और स्थावर आदि चारके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तरकाल ओघके समान है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक तेतीस सागर है।

२४६. विभंगे पंचणा०-णवदंसणा०-सादासा०-मिच्छ०-सोलसक०-णवणोक०-तिरिक्खगदि-पंचिंदि०-ओरालि०-तेजा०-क०-छस्संठाण-ओरालि०अंगो०-छस्संघ०-वण्ण०४-तिरिक्खाणु०-अगुरु०४-उज्जो०-दोविहा०-तस०४-थिरादिछक्क-णिमि०-णीचा०-पंचंत० उक्क० ट्ठिदि० जह० अंतो०, उक्क० तेत्तीसं सा० देसू० । अणु० जह० एग०, उक्क० अंतो० । णिरय-देवायु० उक्क० अणु० ट्ठिदि० णत्थि अंतरं । तिरिक्ख-मणुसायु० उक्क० ट्ठिदि० णत्थि अंतरं । अणु० जह० अंतो०, उक्क० छम्मासं देसू० । वेउव्वियछ०-तिण्णिजादि-सुहुम-अपज्जत्त-साधारण० उक्क० णत्थि अंतरं । अणु० जह० एग०, उक्क० अंतो० । मणुसगदिदुगं उच्चा० उक्क० ट्ठिदि० जह० अंतो०, उक्क० बावीसं सा० देसू० । अणु० जह० एग०, उक्क० अंतो० । एइंदि०-आदाव-थावर० उक्क० जह० अंतो०, उक्क० बेसाग० सादि० । अणु० जह० एग०, उक्क० अंतो० ।

---

२४६. विभङ्गज्ञानमें पांच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, साता वेदनीय, असाता वेदनीय, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, नौ नवकषाय, तिर्यञ्चगति, पञ्चेन्द्रिय जाति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, छह संस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, छह संहनन, वर्णचतुष्क तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघु चतुष्क, उद्योत, दो विहायोगति, त्रसचतुष्क, स्थिर आदि छह, निर्माण, नीचगोत्र और पांच अन्तराय प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिवन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम तेतीस सागर है। अनुत्कृष्ट स्थितिवन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर, अन्तर्मुहूर्त है। नरकायु और देवायुके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिवन्धका अन्तरकाल नहीं है। तिर्यञ्चायु और मनुष्यायुके उत्कृष्ट स्थितिवन्धका अन्तरकाल नहीं है। अनुत्कृष्ट स्थितिवन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम छह महिना है। वैक्रियिक छह, तीन जाति, सूक्ष्म, अपर्याप्त और साधारणके उत्कृष्ट स्थितिवन्धका अन्तरकाल नहीं है। अनुत्कृष्ट स्थितिवन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। मनुष्यगति द्विक और उच्चगोत्रके उत्कृष्ट स्थितिवन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम बाईस सागर है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। एकेन्द्रिय जाति, आतप और स्थावरके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक दो सागर है। अनुत्कृष्ट स्थितिवन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है।

विशेषार्थ—नरकमें विभङ्गज्ञानका उत्कृष्ट काल कुछ कम तेतीस सागर है। इसीसे यहां पाँच ज्ञानावरण आदि ८७ प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम तेतीस सागर कहा है। यहां प्रारम्भ और अन्तमें उत्कृष्ट स्थितिबन्ध कराकर यह अन्तर काल ले आवे। वैक्रियिक छह आदि बारह प्रकृतियोंका वन्ध देव और नारकियोंके नहीं होता। मनुष्य और तिर्यञ्चोंके होता है। फिर भी इनके विभङ्गज्ञानके कालमें इन प्रकृतियोंके दो बार उत्कृष्ट स्थितिबन्धके योग्य परिणाम नहीं होते, इसलिए यहां इन प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिवन्धके अन्तरकालका निषेध किया है। नरकमें मनुष्यगतिद्विक और उच्चगोत्रका विभङ्गज्ञानमें बन्ध छठे नरकतक ही होता है। इसीसे यहां इन प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम बाईस सागर कहा है। एकेन्द्रिय जाति आदि

२४७. आभि०-सुद०-ओधि० पंचणा०-छदंसणा०-असादा०-चदुसंज०-पुरिस०-अरदि-सोग-भय-दुगुं०-पंचिंदि०-तेजा०-क०-समचदु०-वण्ण०४-अगुरु०४-पसत्थवि०-तस०४-अथिर-असुभ-सुभग-सुस्सर-आदे०-अज०-णिमि०-तित्थय०-उच्चागो०-पंचंत० उक्क० ट्ठिदि० णत्थि अंतरं। अणु० जह० एग०, उक्क० अंतो०। सादावे०-हस्स-रदि-थिर-सुभ-जस० उक्क० ट्ठिदि० जह० अंतो०, उक्क० छावट्ठि साग० सादि०। अणु० ट्ठिदि० जह० एग०, उक्क० अंतो०। मणुस-देवायु० उक्क० ट्ठिदि० जह० पलिदो० सादि०, उक्क० छावट्ठिसाग० सादि०। देवायु० छावट्ठिसाग० देसू०। अणु० जह० अंतो०, उक्क० तेत्तीसं० सा० सादि०। अट्ठक० उक्क० ट्ठिदि० णत्थि अंतरं। अणु'० ओघं। मणुसगदिपंचगस्स उक्क० णत्थि अंतरं। अणु० जह० वासपुधत्तं०, उक्क० पुव्वकोडी०। देवगदि०४ उक्क० ट्ठिदि० णत्थि अंतरं। अणु० जह० अंतो०, उक्क० तेत्तीसं सा० सादि०। आहार०२ उक्क० अणु० जह० अंतो०, उक्क० छावट्ठिसा० सादि० तेत्तीसं सा० सादि०। अथवा उव्वेल्लिज्जदि तदो उक्क० अणु० छावट्ठिसा० सादि० दोहि पुव्वकोडीहि सादिरे०।

तीन प्रकृतियोंका बन्ध ऐशान कल्पतक होता है। इसीसे यहाँ इन प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तर साधिक दो सागर कहा है। यहां भी प्रारम्भमें और अन्तमें उत्कृष्ट स्थितिबन्ध कराकर यह अन्तर काल ले आवे। शेष कथन सुगम है।

२४७. आभिनिबोधिकज्ञानी, श्रुतज्ञानी और अवधिज्ञानी जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, असातावेदनीय, चार संज्वलन, पुरुषवेद, अरति, शोक, भय, जुगुप्सा, पञ्चेन्द्रिय जाति, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, समचतुरस्र संस्थान, वर्णचतुष्क, अगुरुलघुचतुष्क, प्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, अस्थिर, अशुभ, सुभग, सुस्वर, आदेय, अयशःकीर्ति, निर्माण, तीर्थंकर, उच्चगोत्र और पाँच अन्तरायके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर काल नहीं है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। साता वेदनीय, हास्य, रति, स्थिर, शुभ और यशःकीर्तिके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक छ्यासठ सागर है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। मनुष्यायु और देवायुके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर साधिक पल्य प्रमाण है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक छ्यासठ सागर है। किन्तु देवायुका कुछ कम छ्यासठ सागर है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक तेतीस सागर है। आठ कषायोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर काल नहीं है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर काल ओघके समान है। मनुष्यगति पाँचके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर काल नहीं है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर वर्षपृथक्त्व है और उत्कृष्ट अन्तर एक पूर्वकोटि है। देवगतिचतुष्कके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तरकाल नहीं है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक तेतीस सागर है। आहारकद्विकके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक छ्यासठ सागर और साधिक तेतीस सागर है।' अथवा इनकी उद्वेलना करता है इसलिए उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तरकाल दो पूर्वकोटि अधिक साधिक छ्यासठ सागर है।

---

१. मूलप्रतौ अणु० जह० ओघं इति पाठः।

२४८. मणपज्ज० पंचणा०-छदंसणा०-चदुसंज०-पुरिस०-भय-दुगुं०-देवगदि-पंचिंदि०-वेउव्वि०-तेजा०-क०-समचदु०-वेउव्वि०अंगो०-वण्ण०४-देवाणु०-अगुरु०४-पसत्थवि०-तस०४-सुभग-सुस्सर-आदे०-णिमि०-तित्थय०-उच्चा०-पंचंत० उक्क० ट्ठिदि० णत्थि अंतरं। अणु० जह० उक्क० अंतो०। सादा०-हस्स-रदि-थिर-सुभ-

विशेषार्थ— उक्त तीन ज्ञानोंमें पाँच ज्ञानावरण आदि ५२ प्रकृतियोंका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध मिथ्यात्वके अभिमुख हुए जीवके होता है, इसलिए यहाँ इनके उत्कृष्ट स्थितिबन्धके अन्तर कालका निषेध किया है। तथा जो सातवें आदि गुणस्थानोंमें कमसे कम एक समयके लिए और अधिकसे अधिक अन्तर्मुहूर्तके लिए इनका अबन्धक होकर पुनः मरणकर या उतरकर इनका बन्ध करता है उसके इनके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त उपलब्ध होता है, इसलिए इनके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त कहा है। सातावेदनीय आदि छह प्रकृतियोंका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध यहाँ स्वस्थानवर्ती जीवके होता है और आभिनिबोधिक आदि तीनों ज्ञानोंका उत्कृष्ट काल साधिक छयासठ सागर है, इसलिए यहाँ इन प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तरकाल साधिक छयासठ सागर कहा है। इन तीन ज्ञानोंका उत्कृष्ट काल चार पूर्वकोटि अधिक छयासठ सागर बतलाया है। उसे देखते हुए मनुष्यायुके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तर काल साधिक छयासठ सागर बन जाता है पर देवायुके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तर काल कुछ कम छयासठ सागर ही उपलब्ध होता है, इसलिए यहाँ मनुष्यायुके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तर काल साधिक छयासठ सागर और देवायुके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तर काल कुछ कम छयासठ सागर कहा है। इनके आठ कषायोंका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध भी मिथ्यात्वके अभिमुख हुए जीवके होता है, इसलिए इनके उत्कृष्ट स्थितिबन्धके अन्तर कालका निषेध किया है। सम्यग्दृष्टि देवके मनुष्यगति पञ्चकका नियमसे बन्ध होता है। यह मनुष्योंमें कमसे कम वर्षपृथक्त्वप्रमाण और अधिकसे अधिक पूर्वकोटि प्रमाण आयुके साथ उत्पन्न हुआ और मरकर पुनः देव हो गया। तो इसके मनुष्यगतिपञ्चकके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर वर्षपृथक्त्व प्रमाण और उत्कृष्ट अन्तर एक पूर्वकोटिप्रमाण उपलब्ध होता है। इसीसे यहाँ यह अन्तर उक्त प्रमाण कहा है। देवगतिचतुष्कका देव और नारकीके बन्ध नहीं होता। तथा नरकमें जानेके पहले और वहाँसे निकलने पर अन्तर्मुहूर्त काल तक इनका और भी बन्ध सम्भव नहीं है, क्योंकि ये सप्रतिपक्ष प्रकृतियाँ हैं, इसलिए इनके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तर साधिक तेतीस सागर कहा है। आहारकद्विकके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तर काल दो प्रकारसे बतलाया है। प्रथम अन्तर काल उद्वेलनाकी विवक्षा न करके कहा गया है और दूसरा अन्तर काल उद्वेलनाकी विवक्षासे कहा गया है। शेष कथन सुगम है।

२४८. मनःपर्ययज्ञानी जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, चार संज्वलन, पुरुषवेद, भय, जुगुप्सा, देवगति, पञ्चेन्द्रिय जाति, वैक्रियिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, समचतुरस्रसंस्थान, वैक्रियिक आङ्गोपाङ्ग, वर्णचतुष्क, देवगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, प्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, सुभग, सुस्वर, आदेय, निर्माण, तीर्थंकर, उच्चगोत्र और पाँच अन्तरायके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर काल नहीं है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर काल अन्तर्मुहूर्त है। सातावेदनीय, हास्य, रति, स्थिर, शुभ

जस० उक्क० जह० अंतो०, उक्क० पुव्वकोडी देसू० । अणुक्क० ओघं । असादा०-अरदि-सोग-अथिर-असुभ-अजस० उक्क० णत्थि अंतरं । अणु० ओघं । देवायु० उक्क० ट्ठिदि० णत्थि अंतरं । अणु० पगदिअंतरं । आहार०२ उक्क० जह० अंतो०, उक्क० पुव्वकोडी देसू० । अणु० जह० उक्क० अंतो० । एवं संजदा० । सामाइ०-छेदो० धुविगाणं उक्क० अणु० ट्ठिदि० णत्थि अंतरं । सेसाणं मणपज्जवभंगो । एवं परिहारे । सुहुमसंप० सव्वपगदीणं उक्क० अणु० णत्थि अंतरं । संजदासंजद० परिहारभंगो ।

२४९. असंजदेसु पढमदंडओ ओघं । णवरि अट्ठक० धुविगाणं सह भाणिदव्वं । थीणगिद्धि३-मिच्छ०-अणंताणुबंधि०४-इत्थि०-णवुंस०-तिरिक्खगदि-पंचसंठा०-पंचसंघ०-उज्जो०-तिरिक्खाणु॰[1]०-अप्पसत्थ०-दूभग-दुस्सर-अणादे०-णीचा० उक्क० ट्ठिदि० ओघं । अणु० जह० एग०, उक्क० तेत्तीसं सा० देसू० ।

और यशःकीर्तिके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम एक पूर्वकोटि है । अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर ओघके समान है । असातावेदनीय, अरति, शोक, अस्थिर, अशुभ और अयशःकीर्तिके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर काल नहीं है । अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर काल ओघके समान है । देवायुके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर काल नहीं है । अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर प्रकृतिबन्धके अन्तरके समान है । आहारकद्विकके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम एक पूर्वकोटि है । अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है । इसी प्रकार संयत जीवोंके जानना चाहिए । सामायिक और छेदोपस्थापना संयत जीवोंके ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर काल नहीं है । शेष प्रकृतियोंका भङ्ग मनःपर्ययज्ञानी जीवोंके समान है । इसी प्रकार परिहारविशुद्धि संयत जीवोंके जानना चाहिए । सूक्ष्मसाम्परायसंयत जीवोंमें सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर काल नहीं हैं । संयतासंयत जीवोंमें सब प्रकृतियोंका भङ्ग परिहार विशुद्धि• संयत जीवोंके समान है ।

विशेषार्थ—मनःपर्ययज्ञानीके प्रथम दण्डकमें कही गई प्रकृतियोंका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध असंयमके अभिमुख होने पर होता है, इसलिए इनके उत्कृष्ट स्थितिबन्धके अन्तर कालका निषेध किया है । इसी दृष्टिसे असातावेदनीय आदि छह प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धके अन्तर कालका निषेध किया है । यहाँ जिन प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम एक पूर्वकोटिप्रमाण कहा है उसे प्रारम्भमें और अन्तमें उत्कृष्ट स्थितिबन्ध कराकर ले आना चाहिए । शेष कथन स्पष्ट ही है ।

२४९. असंयत जीवोंमें प्रमथ दण्डक ओघके समान है । इतनी विशेषता है कि आठ कषायोंका कथन ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके साथ करना चाहिए । स्त्यानगृद्धि तीन, मिथ्यात्व, अनन्तानुबन्धी चार, स्त्रीवेद, नपुंसकवेद, तिर्यञ्चगति, पाँच संस्थान, पाँच संहनन, उद्योत, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, अप्रशस्त विहायोगति, दुर्भग, दुस्वर, अनादेय और नीचगोत्रके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर ओघके समान है । अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम तेतीस सागर है । चार आयु, वैक्रियिक छह और मनुष्यगतिका

१. मूलप्रतौ -वखाणु० उज्जो० अप्प- इति पाठः ।

चदुआयु०-वेउव्वियछक्क-मणुसगदि०[1] मदि०भंगो। चदुगदि-आदाव-थावर०४ उक्क० ट्ठिदि० ओघं। अणु० णवुंसगभंगो। ओरालि०-ओरालि०अंगो०-वज्जरिसभ० उक्क० अणु० ओघं। तित्थय० उक्क० णत्थि अंतरं। अणु० जह० उक्क० अंतो०। चक्खुदंस० तसपज्जत्तभंगो। अचक्खु० मूलोघं। ओधिदं० ओधिणाणिभंगो।

२५०. किण्णले० पंचणा०-छदंसणा०-असादा०-बारसक०-अरदि-सोग-भय-दुगुं०-पंचिंदि०-तेजा०-क०-वण्ण०४-अगुरु०४-तस०४-अथिर-असुभ-अजस०-णिमि०-पंचंत० उक्क० जह० अंतो०, उक्क० तेत्तीसं सा० सादि०। अणु० जह० एग०, उक्क० अंतो०। थीणगिद्धि०३-मिच्छ०-अणंताणुबंधि०४-णवुंस०-हुंडसं०-अप्पसत्थ०-दूभग-दुस्सर-अणादे०-णीचा० उक्क० णाणाव०भंगो। अणु० जह० एग०, उक्क० तेत्तीसं सा० देसू०। सादा०-पुरिस०-हस्स-रदि-ओरालि०-समचदु०-

भङ्ग मत्यज्ञानियोंके समान है। चार गति, आतप और स्थावर चारके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर ओघके समान है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका भङ्ग नपुंसकवेदी जीवोंके समान है। औदारिक शरीर, औदारिक आङ्गोपाङ्ग और वज्रर्षभनाराचसंहननके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर ओघके समान है। तीर्थंकर प्रकृतिके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर काल नहीं है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर काल अन्तर्मुहूर्त है। चक्षुदर्शनवाले जीवोंका भङ्ग त्रसपर्याप्तकोंके समान है। अचक्षुदर्शनवाले जीवोंका भङ्ग मूलोघके समान है। अवधिदर्शनवाले जीवोंका भङ्ग अवधिज्ञानी जीवोंके समान है।

विशेषार्थ—असंयत जीवोंके आठ कषायोंका निरन्तर बन्ध होता रहता है, इसलिए यहाँ इनके ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके साथ इनका निर्देश करनेकी सूचना की है। असंयत अवस्थामें स्त्यानगृद्धि तीन आदि २८ प्रकृतियोंका कुछ कम तेतीस सागर काल तक बन्ध नहीं होता, इसलिए इनके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम तेतीस सागर कहा है। यह अन्तर सातवें नरककी अपेक्षासे कहा गया है, क्योंकि देवोंमें जो तेतीस सागरकी आयुके साथ उत्पन्न होता है वह मनुष्य पर्यायमें आकर नियमसे संयमको प्राप्त करता है, इसलिए ऐसे जीवके इनका बन्ध ही नहीं होता, अतएव इस अपेक्षासे असंयमका काल लेने पर इन प्रकृतियोंके बन्धका अन्तरकाल नहीं उपलब्ध होता। शेष कथन स्पष्ट ही है।

२५०. कृष्ण लेश्यावाले जीवोंमें पांच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, असाता वेदनीय, बारह कषाय, अरति, शोक, भय, जुगुप्सा, पञ्चेन्द्रिय जाति, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, वर्णचतुष्क, अगुरुलघुचतुष्क, त्रसचतुष्क, अस्थिर, अशुभ, अयशःकीर्ति, निर्माण और पांच अन्तरायके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक तेतीस सागर है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। स्त्यानगृद्धि तीन, मिथ्यात्व, अनन्तानुबन्धी चार, नपुंसक वेद, हुण्डकसंस्थान, अप्रशस्त विहायोगति, दुर्भग, दुःस्वर, अनादेय, और नीचगोत्रके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर ज्ञानावरणके समान है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम तेतीस सागर है। साता वेदनीय, पुरुष वेद, हास्य, रति, औदारिक शरीर, समचतुरस्र संस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, वज्रर्षभनाराच

१. मूलप्रतौ गदि० विभंगमदि०भंगो इति पाठः।

ओरालि०अंगो०-वज्जरिसभ०-पसत्थ०-थिरादिछ० उक्क० जह० अंतो०, उक्क० तेत्तीसं० देसू० । अणु० जह० एग०, उक्क० अंतो० । इत्थिवे०-तिरिक्खगदि-चदुसंठा०-पंचसंघ०-तिरिक्खाणु०-उज्जो० उक्क० सोदभंगो । अणु० जह० एग०, उक्क० तेत्तीसं सा० देसू० । णिरय-देवायु० उक्क० अणु० णत्थि अंतरं । तिरिक्खमणुसायु० उक्क० ट्ठिदि० णत्थि अंतरं । अणु० जह० अंतो०, उक्क० छम्मासं देसू० । णिरयगदि-देवगदि-चदुजादि-दोआणु०-आदाव-थावरादि०४ उक्क० ट्ठिदि० णत्थि अंतरं । अणु० जह० एग०, उक्क० अंतो० । मणुसग०-मणुसाणु०-उच्चा० उक्क० जह० अंतो०, उक्क० बावीसं सा० देसू० । अणु० जह० एग०, उक्क० तेत्तीसं सा० देसू० । वेउव्विय०-वेउव्विय०अंगो० उक्क० णत्थि अंतरं । अणु० जह० एग०, उक्क० बावीसं सा० । तित्थय० उक्क० अणु० णत्थि अंतरं ।

२५१. णील-काऊ० पंचणा०-णवदंस०-सादासादा०-बारसक०-पुरिस०-छण्णोक०-मणुसग०-पंचिंदि०-ओरालि०-तेजा०-क०-समचदु०-ओरालि०अंगो०-वज्जरिसभ०-वण्ण०४-मणुसाणु०-अगु०४-पसत्थ०-तस०४-थिराथिर-सुभासुभ-सुभग-सुस्सर-आदे०-जस०-अजस०-णिमि०-उच्चा०-पंचंत० उक्क० जह० अंतो०, उक्क०

संहनन, प्रशस्त विहायोगति और स्थिर आदिक छह प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम तेतीस सागर है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। स्त्रीवेद, तिर्यञ्चगति, चार संस्थान, पांच संहनन, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी और उद्योतके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका भङ्ग साता प्रकृतिके समान है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम तेतीस सागर है। नरकायु और देवायुके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर काल नहीं है। तिर्यञ्चायु और मनुष्यायुके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तरकाल नहीं है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम छह महिना है। नरकगति, देवगति, चार जाति, दो आनुपूर्वी, आतप, स्थावर आदि चारके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर काल नहीं है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। मनुष्यगति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी और उच्चगोत्रके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम बाईस सागर है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम तेतीस सागर है। वैक्रियिक शरीर और वैक्रियिक आङ्गोपाङ्गके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तरकाल नहीं है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर बाईस सागर है। तीर्थङ्कर प्रकृतिके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तरकाल नहीं है।

२५१. नील और कापोतलेश्यावाले जीवोंमें पांच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, साता वेदनीय, असाता वेदनीय, बारह कषाय, पुरुषवेद, छह नोकषाय, मनुष्य गति, पञ्चेन्द्रिय जाति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मणशरीर, समचतुरस्र संस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, वज्रर्षभनाराच संहनन, वर्णचतुष्क, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, प्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, सुभग, सुस्वर, आदेय, यशःकीर्ति,

सत्तारस-सत्तसाग० देसू० । अणु० जह० एग०, उक्क० अंतो० । थीणगिद्धि०३-मिच्छ०-अणंताणुबंधि०४-इत्थि०-णवुंस०-तिरिक्खग०-पंचसंठा०-पंचसंघ०-तिरिक्खाणु०-उज्जो०-अप्पसत्थ०-दूभग-दुस्सर-अणादे०-णीचा० उक्क० णाणाव०भंगो । अणु० ट्ठिदि० जह० एग०, उक्क० सत्तारस-सत्तसाग० देसू० । णिरय-देवायु० उक्क० अणु० णत्थि अंतरं । तिरिक्ख-मणुसायु० किण्ण०भंगो । णिरयगदि-देवगदि-चदुजादि-दोआणु०-आदाव-थावरादि०४ उक्क० ट्ठिदि० णत्थि अंतरं । अणु० जह० एग०, उक्क० अंतो० । वेउव्वि०-वेउव्वि०अंगो० उक्क० णत्थि अंतरं । अणु० जह० एग०, उक्क सत्तारस-सत्तसाग० । तित्थय० उक्क० ट्ठिदि० जह० अंतो०, उक्क० तिण्णि साग० सादि० । अणु० जह० एग०, उक्क अंतो० । णीलाए उक्क० णत्थि अंतरं । अणु० जह० एग०, उक्क० अंतो० ।

२५२. तेऊए पंचणा०-छदंसणा०-सादासादा०-बारसक०-पुरिस०-छण्णोक०-मणुसग०-पंचिंदि०-ओरालिय-तेजा०-क०-समचदु०-ओरालि०अंगो०-वज्जरिसभ०-वण्ण०४-मणुसाणु०-अगुरु०४-पसत्थ०-तस०४-थिराथिर-सुभासुभ-सुभग-सुस्सर-

---

अयशःकीर्ति, निर्माण, उच्चगोत्र और पाँच अन्तरायके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम सत्रह सागर व कुछ कम सात सागर है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। स्त्यानगृद्धि तीन, मिथ्यात्व, अनन्तानुबन्धी चार, स्त्रीवेद, नपुंसकवेद, तिर्यञ्चगति, पांच संस्थान, पांच संहनन, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, उद्योत, अप्रशस्त विहायोगति, दुर्भग, दुस्वर, अनादेय और नीचगोत्रके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर ज्ञानावरणके समान है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम सत्रह सागर व कुछ कम सात सागर है। नरकायु और देवायुके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर काल नहीं है। तिर्यञ्चायु और मनुष्यायुके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर काल कृष्ण लेश्याके समान है। नरकगति, देवगति, चार जाति, दो आनुपूर्वी, आतप और स्थावर आदि चारके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर काल नहीं है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। वैक्रियिक शरीर और वैक्रियिक आङ्गोपाङ्गके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर काल नहीं है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर सत्रह सागर व सात सागर है। तीर्थङ्कर प्रकृतिके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक तीन सागर है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। किन्तु नील लेश्यामें उत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तरकाल नहीं है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है।

२५२. पीत लेश्यामें पांच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, साता वेदनीय, असाता वेददनीय, बारह कषाय, पुरुषवेद, छह नोकषाय, मनुष्यगति, पञ्चेन्द्रिय जाति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, समचतुरस्र संस्थान, औदारिक शरीर आङ्गोपाङ्ग, वज्रर्षभनाराच संहनन, वर्णचतुष्क, मनुष्यानुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, प्रशस्त विहायोगति, त्रस चतुष्क, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, सुभग, सुस्वर, आदेय, यशःकीर्ति, अयशःकीर्ति, निर्माण,

आदे०-जस०-अजस०-णिमि०-तित्थय०-उच्चा०-पंचंत० उक्क० जह० अंतो०, उक्क० बे साग० सादि० । अणु० जह० एग०, उक्क० अंतो० । थीणगिद्धि०३-मिच्छ०-अणंताणुबंधि०४-इत्थि०-णवुंस०-तिरिक्खग०-एइंदि०-पंचसंठा०-पंचसंघ०-तिरिक्खाणु०-आदा०-उज्जो०-अप्पसत्थ०-दूभग-दुस्सर-अणादे०-णीचा० उक्क० णाणाव०भंगो । अणु० जह० एग०, उक्क० बे साग० सादि० । तिरिक्ख०-मणुसायु० उक्क० ट्ठिदि० णत्थि अंतरं । अणु० जह० अंतो०, उक्क० छम्मासं देसूणं । देवायु०-आहारस०२ उक्क० अणु० णत्थि अंतरं । देवगदि०४ उक्क० णत्थि अंतरं । अणु० जह० पलिदो० सादि०, उक्क० बेसाग० सादि० । पम्माए सो चेव भंगो । णवरि सगट्ठिदी कादव्वा । एइंदिय०-आदाव-थावरं च वज्ज० ।

२५३. सुक्काए पंचणा०-छदंसणा०-सादासा०-बारसक०-सत्तणोक०-मणुसग०-पंचिंदि०-ओरालि०-तेजा०-क०-समचदु०-ओरालि०अंगो०-वज्जरिसभ०-वण्ण०४-मणुसाणु०-अगु०४-पसत्थ०-तस०४-थिराथिर-सुभासुभ-सुभग-सुस्सर-आदे०-जस०-अजस०-णिमि०-तित्थय०-उच्चा०-पंचंत० उक्क० जह० अंतो०, उक्क० अट्ठारस साग० सादि० । अणु० जह० एग०, उक्क० अंतो० । थीणगिद्धि०३-

---

तीर्थङ्कर, उच्चगोत्र और पांच अन्तराय प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक दो सागर है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। स्त्यानगृद्धि तीन, मिथ्यात्व, अनन्तानुबन्धी चार, स्त्रीवेद, नपुंसक वेद, तिर्यञ्चगति, एकेन्द्रिय जाति, पांच संस्थान, पांच संहनन, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, आतप, उद्योत, अप्रशस्त विहायोगति, दुर्भग, दुस्वर, अनादेय और नीचगोत्र प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तरकाल ज्ञानावरणके समान है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक दो सागर है। तिर्यञ्चायु और मनुष्यायुके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर काल नहीं है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम छह महीना है। देवायु और आहारक शरीर द्विकके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तरकाल नहीं है। देवगति चतुष्कके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तरकाल नहीं है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर साधिक एक पल्य प्रमाण है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक दो सागर है। पद्मलेश्यामें यही भंग है। इतनी विशेषता है कि इनके अपनी स्थिति कहनी चाहिए। और इनके एकेन्द्रिय जाति, आतप और स्थावर प्रकृतिका बन्ध नहीं होता।

२५३. शुक्ललेश्यामें पाँच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, साता वेदनीय, असाता वेदनीय, बारह कषाय, सात नोकषाय, मनुष्यगति, पञ्चेन्द्रिय जाति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, समचतुरस्रसंस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, वज्रर्षभनाराचसंहनन, वर्णचतुष्क, मनुष्यानुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, प्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, सुभग, सुस्वर, आदेय, यशःकीर्ति, अयशःकीर्ति, निर्माण, तीर्थङ्कर, उच्चगोत्र और पाँच अन्तराय प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक अठारह सागर है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और

मिच्छ०-अणंताणुबंधि०४-इत्थि०-णवुंस०-पंचसंठा०-पंचसंघ०-अप्पसत्थ०-दूभग-दुस्सर-अणादे०-णीचा० उक्क० णाणाव०भंगो। अणु० जह० एग०, उक्क० एक्कत्तीसं सा० देसू०। मणुसायु० देवभंगो। देवायु० उक्क० अणु० णत्थि अंतरं। आहार०२ उक्क० ट्ठिदि० णत्थि अंतरं। अणु० ट्ठिदि० जह० उक्क० अंतो०। देवगदि०४ उक्क० णत्थि अंतरं। अणु० जह० अंतो०, उक्क० तेत्तीसं साग० सादि०।

२५४. भवसिद्धिया ओघं। अब्भवसिद्धिया० मदिभंगो। सम्मादिट्ठी० ओधिभंगो। खइगसम्मा० पंचणा०-छदंसणा०-सादासा०-चदुसंज०-सत्तणोक०- पंचिंदिय-तेजा०-क०-समचदु०-वण्ण०४-अगु०४-पसत्थवि०-तस०४-थिराथिर-सुभासुभ-सुभग-सुस्सर-आदे०-जस०-अजस०-णिमि०-तित्थय०-उच्चा०-पंचंत० उक्क० जह० अंतो०, उक्क० तेत्तीसं सा० सादि०। अणु० ओघं। अट्ठक० उक्क० णाणाव०-भंगो। अणु० ओघं। मणुस-देवायु० उक्क० णत्थि अंतरं। अणु० पगदिअंतरं। मणुसगदिपंचगस्स उक्क० ट्ठिदि० जह० अंतो०, उक्क० तेत्तीसं साग० देसू०। अणु० जह० एग०, उक्क० अंतो०। देवगदि०४ उक्क० जह० अंतो०। अणु०

उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। स्त्यानगृद्धि तीन, मिथ्यात्व, अनन्तानुबन्धी चार, स्त्रीवेद, नपुंसकवेद, पाँच संस्थान, पाँच संहनन, अप्रशस्त विहायोगति, दुर्भग, दुःस्वर, अनादेय और नीचगोत्र प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर ज्ञानावरणके समान है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम इकतीस सागर है। मनुष्यायुके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर देवोंके समान है। देवायुके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तरकाल नहीं है। आहारकद्विकके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर काल नहीं है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। देवगतिचतुष्कके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तरकाल नहीं है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक तेतीस सागर है।

२५४. भव्य जीवोंमें सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर काल ओघके समान है। अभव्य जीवोंमें मत्यज्ञानियोंके समान है। सम्यग्दृष्टियोंमें अवधिज्ञानियों के समान है। क्षायिक सम्यग्दृष्टियोंमें पाँच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, साता वेदनीय, असाता वेदनीय, चार संज्वलन, सात नोकषाय, पञ्चेन्द्रिय जाति, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, समचतुरस्रसंस्थान, वर्णचतुष्क, अगुरुलघुचतुष्क, प्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, सुभग, सुस्वर, आदेय, यशःकीर्ति, अयशःकीर्ति, निर्माण, तीर्थङ्कर, उच्चगोत्र और पाँच अन्तराय प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक तेतीस सागर है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर ओघके समान है। आठ कषायोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर ज्ञानावरणके समान है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर ओघके समान है। मनुष्यायु और देवायुके उत्कृष्ट स्थितिबंधका अन्तर काल नहीं है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तरकाल प्रकृतिबन्धके अन्तरकालके समान है। मनुष्यगति-पञ्चकके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम तेतीस सागर है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर

जह० एग०, उक्क० दो वि तेत्तीसं साग० सादि० । आहार०२ उक्क० अणु० जह० अंतो०, उक्क तेत्तीसं साग० सादि० ।

२५५. वेदगे० पंचणा०-छदंसणा०-चदुसंज०-पुरिस०-भय-दु०-पंचिंदिय-तेजा०-क०-समचदु०-वण्ण०४-अगु०४-पसत्थवि०-तस०४-सुभग-सुस्सर-आदे०-णिमि०-तित्थय०-उच्चा०-पंचंत० उक्क० अणु० णत्थि अंतरं । सादावे०-हस्स-रदि-थिर-सुभ-जस० उक्क० जह० अंतो०, उक्क० छावट्ठि० देसू० । अणु० ओघं । असादा०-अरदि-सोग-अथिर-असुभ-अजस० ओधिभंगो । दो आयु० उक्क० ट्ठिदि० जह० पलिदो० सादि०, उक्क० छावट्ठि साग० देसू० । अणु० ओधिभंगो । मणुसगदि-पंचगस्स ओधिभंगो । देवगदि०४ उक्क० ट्ठिदि० णत्थि अंतरं । अणु० जह० पलिदो० सादि०, उक्क० तेत्तीसं साग० । आहार०२ उक्क० अणु० जह० अंतो०, उक्क० तेत्तीसं साग० सादि० ।

२५६. उवसम० पंचणा०-छदंसणा०-असादा०-चदुसंज०-पुरिस०-अरदि-सोग-भय-दुगुं०-[पंचिंदिय०-तेजा०-क०-समचदु०-वण्ण४-अगुरु०४-पसत्थवि०-तस०४-

---

अन्तर्मुहूर्त है । देवगतिचतुष्कके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है । तथा दोनों ही उत्कृष्ट अन्तर साधिक तेतीस सागर है । आहारकद्विकके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक तेतीस सागर है ।

२५५. वेदक सम्यक्त्वमें पाँच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, चार संज्वलन, पुरुषवेद, भय, जुगुप्सा, पञ्चेन्द्रिय जाति, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, समचतुरस्रसंस्थान, वर्णचतुष्क, अगुरुलघुचतुष्क, प्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, सुभग, सुस्वर, आदेय, निर्माण, तीर्थङ्कर, उच्चगोत्र और पाँच अन्तराय प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तरकाल नहीं है । साता वेदनीय, हास्य, रति, स्थिर, शुभ, और यशःकीर्ति प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम छ्यासठ सागर है । अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर ओघके समान है । असाता वेदनीय, अरति, शोक, अस्थिर, अशुभ और अयशःकीर्ति प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर अवधिज्ञानके समान है । दो आयुओंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर साधिक एक पल्यप्रमाण है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम छ्यासठ सागर है । अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर अवधिज्ञानके समान है । मनुष्यगति पञ्चकके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर अवधिज्ञानके समान है । देवगतिचतुष्कके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तरकाल नहीं है । अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर साधिक एक पल्यप्रमाण है और उत्कृष्ट अन्तर तेतीस सागर है । आहारकद्विकके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक तेतीस सागर है ।

२५६. उपशम सम्यक्त्वमें पाँच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, असाता वेदनीय, चार संज्वलन, पुरुषवेद, अरति, शोक, भय, जुगुप्सा, पञ्चेन्द्रिय जाति, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, समचतुरस्रसंस्थान, वर्णचतुष्क, अगुरुलघुचतुष्क, प्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, अस्थिर, अशुभ, सुभग, सुस्वर, आदेय, अयशःकीर्ति, निर्माण, उच्चगोत्र और पाँच अन्तरायके

अथिर-असुभ-सुभग-सुस्सर-आदेय--अजस०--णिमिण--उच्चा०--पंचंत०] ओधिभंगो। सादावे०-हस्स-रदि-थिर-सुभ-जस० तित्थय० उक्क० जह० उक्क० अंतो०। अणु० ओघं। अट्ठक०-देवगदि०४ उक्क० ट्ठिदि० णत्थि अंतरं। अणु० जहण्णु० अंतो०। मणुसगदिपंचग० उक्क० अणु० णत्थि अंतरं। आहार०२ उक्क० अणु०[1] जह० उक्क० अंतो०।

उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर अवधिज्ञानके समान है। साता वेदनीय, हास्य, रति, स्थिर, शुभ, यशःकीर्ति और तीर्थङ्कर प्रकृतिके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर ओघके समान है। आठ कषाय और देवगतिचतुष्कके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तरकाल नहीं है। अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। मनुष्यगतिपञ्चकके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तरकाल नहीं है। आहारकद्विकके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है।

विशेषार्थ—यहाँ प्रथम दण्डकमें कही गई ज्ञानावरण पाँच आदि प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तरकाल उपलब्ध नहीं होता, क्योंकि इनका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध मिथ्यात्वके अभिमुख हुए जीवके होता है। तथा इनके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त कहनेका कारण यह है कि जो जीव इनका कमसे कम एक समयके लिए और अधिकसे अधिक अन्तर्मुहूर्तके लिए अबन्धक होकर पुनः इनका बन्ध करता है उसके जघन्य अन्तर एक समय और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त उपलब्ध होता है। अवधिज्ञानमें इन प्रकृतियोंका यह अन्तरकाल इसी प्रकार उपलब्ध होता है, इसलिए यहाँ यह अन्तरकाल अवधिज्ञानके समान कहा है। साता वेदनीय आदि प्रकृतियोंका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध स्वस्थानमें होता है, इसलिए यहाँ इनके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर ओघके समान कहा है। आठ कषाय और देवगतिचतुष्कका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध मिथ्यात्वके अभिमुख हुए जीवके होता है, इसलिए इनके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तरकाल उपलब्ध नहीं होनेसे वह नहीं कहा है। तथा इनके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त कहनेका कारण यह है कि जिस जीवने इनकी उपशमसम्यक्त्वमें बन्धव्युच्छित्ति की वह पुनः इनका बन्ध अन्तर्मुहूर्त कालके बाद ही करता है। मनुष्यगतिपञ्चकका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध मिथ्यात्वके अभिमुख हुए जीवके होता है, इसलिए तो यहाँ इनके उत्कृष्ट स्थितिबन्धके अन्तरकालका निषेध किया है और उपशमसम्यग्दृष्टि तिर्यञ्च और मनुष्यके इनका बन्ध नहीं होता, इसलिए उपशमसम्यक्त्वमें इनके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धके अन्तरकालका निषेध किया है। यद्यपि उपशमसम्यग्दृष्टि देव और नारकियोंके इनका बन्ध होता है पर वहाँ मिथ्यात्वके अभिमुख होनेके पूर्वतक इनका अनुत्कृष्ट स्थितिबन्ध ही होता रहता है, इसलिए वहाँ भी इनके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तरकाल सम्भव नहीं है। आहारकद्विकके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त कहनेका कारण यह है कि जो प्रमत्तसंयमके अभिमुख जीव होता है उसके इनका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध होता है। पुनः उसके अप्रमत्त होनेपर अनुत्कृष्ट स्थितिबन्ध होता है। इस प्रकार इनके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त उपलब्ध हो जाता है।

1. मूलप्रतौ अणु० जहण्णु० जह० इति पाठः।

२५७. सासणे तिरिण आयु० उक्क० अणु० णत्थि अंतरं। सेसाणं उक्क० णत्थि अंतरं। अणु० जह० एग०, उक्क० अंतो०।

२५८. सम्मामि० सादासादा०-हस्स-रदि-अरदि-सोग-थिराथिर-सुभासुभ-जस० अजस० उवसमसम्मादिट्ठिभंगो। धुविगाणं उक्क० अणु० णत्थि अंतरं।

२५९. मिच्छादिट्ठी० मदिभंगो। सरिण० पंचिंदियपज्जत्तभंगो। असरणी० चदु-आयु० तिरिक्खोघं। वेउव्वियछक्क-मणुसगदि-मणुसाणु०-उच्चा० उक्क० [अणुक्क०] ओघं। सेसाणं उक्क० जह० अंतो०, उक्क० अणंतकालं। अणु० जह० एग०, उक्क० अंतो०। आहार० मूलोघं। णवरि यम्हि अणंतकालं तम्हि अंगुलस्स असंखेज्जदि-भागो। अणाहार० कम्मइगभंगो। एवं उक्कस्सयं अंतरं समत्तं।

---

२५७. सासादनमें तीन आयुओंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तरकाल नहीं है। शेष प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तरकाल नहीं है। तथा अनुत्कृष्ट स्थिति-बन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है।

विशेषार्थ—सासादनका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल छह आवलि है। इसमें आयुकर्मके बन्धके दो अपकर्ष काल सम्भव नहीं हैं। इसलिए तो यहाँ तिर्यञ्चायु, मनुष्यायु और देवायु इन तीन आयुओंके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धके अन्तरकालका निषेध किया है और एक पर्यायमें आयुकर्मका दो बार उत्कृष्ट स्थितिबन्ध होता नहीं, इसलिए यहाँ उक्त तीनों आयुओंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धके अन्तरकालका निषेध किया है।

२५८. सम्यग्मिथ्यात्वमें सातावेदनीय, असातावेदनीय, हास्य, रति, अरति, शोक, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, यशःकीर्ति और अयशःकीर्तिके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्ध-का अन्तर उपशमसम्यग्दृष्टि जीवोंके समान है। तथा ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तरकाल नहीं है।

विशेषार्थ—प्रथम दण्डकमें कही गई सातावेदनीय आदि सप्रतिपक्ष प्रकृतियाँ हैं और सम्यग्मिथ्यात्वका काल उपशमसम्यक्त्वके समान अन्तर्मुहूर्त है, इसलिए यहाँ इन प्रकृतियों के उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तरकाल उपशमसम्यक्त्वके समान घटित हो जानेके कारण वह उपयमसम्यक्त्वके समान कहा है। इनके सिवा यहाँ जितनी प्रकृतियोंका बन्ध होता है उनका सतत बन्ध होता रहता है। उसमें भी इनका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध मिथ्यात्वके अभिमुख हुए जीवके होता है, इसलिए इनके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तरकाल उपलब्ध नहीं होनेसे उसका निषेध किया है।

२५९. मिथ्यादृष्टि जीवोंमें सब प्रकृतियोंका भङ्ग मत्यज्ञानियोंके समान है। संज्ञी जीवोंमें पञ्चेन्द्रिय पर्याप्तकोंके समान है। असंज्ञी जीवोंमें चार आयुओंका भङ्ग सामान्य तिर्यञ्चोंके समान है। वैक्रियिक छह, मनुष्यगति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी और उच्चगोत्रके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका अन्तर ओघके समान है। शेष प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर अनन्त काल है जो असंख्यात पुद्गल परि-वर्तनप्रमाण है। तथा अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। आहारक जीवोंमें सब प्रकृतियोंका भङ्ग मूलोघके समान है। इतनी विशेषता है कि ओघमें जहाँ अनन्त काल कहा है वहाँ अङ्गुलका असंख्यातवां भाग कहना चाहिए। अनाहारकोंमें अपनी सब प्रकृतियोंका भङ्ग कार्मणकाययोगी जीवोंके समान है।

इस प्रकार उत्कृष्ट अन्तरकाल समाप्त हुआ।

२६०. जहण्णए पगदं । दुविधं—ओघे० आदे० । ओघे० पंचणा०-चदुदंस० सादावे०-चदुसंज०-पुरिस०-जस०-तित्थय०-पंचंत० जह० ट्ठिदि० णत्थि अंतरं । अज० जह० एग०, उक्क० अंतो० । णिद्दा-पचला-असादा०-हस्स-रदि-अरदि-सोग-भय-दुगुं०-पंचिंदि०-तेजा०-क०-समचदु०-वण्ण०४-अगुरु०४-पसत्थवि०-तस०४-थिराथिर-सुभासुभ-सुभग-सुस्सर-आदे०-अजस०-णिमि० जह० जह० अंतो०, उक्क० असंखेज्जा लोगा । अज० जह० एग०, उक्क० अंतो० । थीणगिद्धितियं मिच्छत्तं अणंताणुबंधि०४-इत्थि० जह० ट्ठिदि० जह० अंतो०, उक्क० असंखेज्जा लोगा । अज० जह० एग०, उक्क० बे छावट्ठिसाग० देसू० । इत्थिवे० सादिरे० । एवं अट्ठक० । णवरि अज० उक्क० पुव्वकोडी देसू० । णवुंस०-पंचसंठा०-पंचसंघ०-अप्पसत्थ०-दूभग-दुस्सर-अणादे०-णीचा० जह० जह० अंतो०, उक्क० असंखेज्जा लोगा । अज० जह० एग०, उक्क० बे छावट्ठिसाग० सादि० तिण्णि पलिदो० देसू० ।

२६१. णिरयायु०-देवायु० जह० ट्ठिदि० [जह०] दसवस्ससहस्साणि सादि०, उक्क० अणंतकालं । अज० जह० अंतो०, उक्क० अणंतकालं । तिरिक्खायु०

---

२६०. अब जघन्य अन्तर कालका प्रकरण है। उसकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश । ओघसे पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, साता वेदनीय, चार संज्वलन, पुरुषवेद, यशःकीर्ति, तीर्थंकर और पाँच अन्तराय प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका अन्तर काल नहीं है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। निद्रा, प्रचला, असाता वेदनीय, हास्य, रति, अरति, शोक, भय, जुगुप्सा, पञ्चेन्द्रिय जाति, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, समचतुरस्रसंस्थान, वर्णचतुष्क, अगुरुलघुचतुष्क, प्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, सुभग, सुस्वर, आदेय, अयशःकीर्ति और निर्माण प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर असंख्यात लोकप्रमाण है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। स्त्यानगृद्धि तीन, मिथ्यात्व, अनन्तानुबन्धी चार और स्त्रीवेद प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर असंख्यात लोकप्रमाण है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम दो छ्यासठ सागर है। किन्तु स्त्रीवेदके अजघन्य स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तर साधिक दो छ्यासठ सागर है। इसी प्रकार आठ कषायोंके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तर काल है। इतनी विशेषता है कि आठ कषायोंके अजघन्य स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम एक पूर्वकोटि है। नपुंसकवेद, पाँच संस्थान, पाँच संहनन, अप्रशस्त विहायोगति, दुर्भग, दुस्वर, अनादेय और नीचगोत्र प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर असंख्यात लोकप्रमाण है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक दो छ्यासठ सागर और कुछ कम तीन पल्य है।

२६१. नरकायु और देवायुके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर साधिक दस हजार वर्ष है और उत्कृष्ट अन्तर अनन्त काल है जो असंख्यात पुद्गल परिवर्तनप्रमाण है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर अनन्त काल है जो असंख्यात पुद्गल परिवर्तनप्रमाण है। तिर्यञ्चायुके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर

जह० ट्ठिदि० जह० खुद्दाभव० समयू०, उक्क० बेसागरोवमसहस्साणि सादि० । अज० जह० अंतो०, उक्क० सागरोवमसदपुधत्तं । मणुसायु० जह० ट्ठिदि० जह० खुद्दाभव० समयू०, उक्क० अणंतकालं० । अज० जह० अंतो०, उक्क० अणंतकालं० । वेउव्वियछ० जह० ट्ठिदि० जह० अंतो०, उक्क० अणंतकालं० । अज० जह० एग०, उक्क० अणंतकालं० । तिरिक्खग०-तिरिक्खाणु०-उज्जो० जह० ट्ठिदि० जह० अंतो०, उक्क० अणंतकालं० । अज० जह० एग०, उक्क० तेवट्ठिसागरोवमसदं । मणुसग०-मणुसाणु० जह० ट्ठिदि० जह० अंतो०, अज० जह० एग०, उक्क० दो वि असंखेज्जा लोगा । चदुजादि-आदाव-थावरादि०४ जह० जह० अंतो०, उक्क० असंखेज्जा लोगा । अज० जह० एग०, उक्क० पंचासीदिसागरोवमसदं । ओरालि०-ओरालि० अंगो०-वज्जरिसभ० जह० ट्ठिदि० जह० अंतो०, उक्क० असंखेज्जा लोगा । अज० जह० एग०, उक्क० तिण्णि पलिदो० सादि० । आहार०२ जह० ट्ठिदि० जह० णत्थि अंतरं । अज० ट्ठिदि० जह० अंतो०, उक्क० अद्धपोग्गलपरि० । उच्चा० जह० ट्ठिदि० णत्थि अंतरं । अज० ज० एग०, उक्क० असंखेज्जा लोगा ।

एक समय कम क्षुल्लक भवग्रहणप्रमाण है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक दो हजार सागर है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर सौ सागर पृथक्त्व है। मनुष्यायुके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय कम क्षुल्लक भवग्रहण प्रमाण है और उत्कृष्ट अन्तर अनन्त काल है जो असंख्यात पुद्गलपरिवर्तनप्रमाण है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। वैक्रियिक छहके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर अनन्त काल है जो असंख्यात पुद्गल परिवर्तनप्रमाण है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अनन्त काल है जो असंख्यात पुद्गल परिवर्तनप्रमाण है। तिर्यञ्चगति, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी और उद्योतके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर अनन्त काल है जो असंख्यात पुद्गल परिवर्तनप्रमाण है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय हैं और उत्कृष्ट अन्तर एक सौ त्रेसठ सागर है। मनुष्यगति और मनुष्यगत्यानुपूर्वीके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और दोनोंका ही उत्कृष्ट अन्तर असंख्यात लोकप्रमाण है। चार जाति, आतप और स्थावर आदि चारके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर असंख्यात लोकप्रमाण है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर एक सौ पचासी सागर है। औदारिक शरीर, औदारिक आङ्गोपाङ्ग और वज्रर्षभनाराच संहननके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर असंख्यात लोकप्रमाण है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक तीन पल्य है। आहारकद्विकके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर काल नहीं है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर अर्धपुद्गल परिवर्तनप्रमाण है। उच्चगोत्रके जघन्य स्थितिबन्धका अन्तर काल नहीं है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर असंख्यात लोकप्रमाण है।

विशेषार्थ—पाँच ज्ञानावरण आदि बाईस प्रकृतियोंका जघन्य स्थितिबन्ध क्षपकश्रेणिमें होता है, इसलिए इनके जघन्य स्थितिबन्धके अन्तर कालका निषेध किया है। इनके अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त उपशमश्रेणिकी अपेक्षासे कहा है। तात्पर्य यह है कि जो जीव उपशमश्रेणिमें इन प्रकृतियोंका कमसे कम एक समयके लिए और अधिकसे अधिक अन्तर्मुहूर्तके लिए अबन्धक होकर पुनः इनका बन्ध करता है उसके इन प्रकृतियोंके अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त उपलब्ध होता है। निद्रा आदि बत्तीस प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका बन्ध कमसे कम अन्तर्मुहूर्त कालके बाद होता है, क्योंकि अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य बन्धकाल अन्तर्मुहूर्त है, इसलिए इनके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त कहा है और बादर पर्याप्त जीवोंका उत्कृष्ट अन्तरकाल असंख्यात लोक प्रमाण है, इसलिए इन प्रकृतियोंके अजघन्य स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तरकाल असंख्यात लोक प्रमाण कहा है। तथा इन प्रकृतियोंके अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तरकाल एक समय और उत्कृष्ट अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है यह स्पष्ट ही है, क्योंकि इनके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्यकाल एक समय और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। मिथ्यात्व गुणस्थानका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है, इसलिए स्त्यानगृद्धि तीन आदि नौ प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त कहा है और बादर पर्याप्त जीवोंकी उत्कृष्ट कायस्थिति असंख्यात लोक प्रमाण है इसलिए इनके जघन्य स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तरकाल असंख्यात लोक प्रमाण कहा है। इन प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है, इसलिए इनके अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय कहा है और मिथ्यात्वका उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम छ्यासठ सागर है, इसलिए इनके अजघन्य स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम दो छ्यासठ सागर प्रमाण कहा है। मात्र स्त्रीवेद सप्रतिपक्ष प्रकृति है, इसलिए इसका यह अन्तरकाल साधिक दो छ्यासठ सागर बन जानेसे वह उक्त प्रमाण कहा है। अप्रत्याख्यानावरण चार और प्रत्याख्यानावरण चार इन आठ कषायोंका यह अन्तर काल अपनी विशेषताको ध्यानमें रखकर इसी प्रकार प्राप्त होता है। मात्र संयमासंयम और संयमका उत्कृष्ट काल कुछ कम पूर्व कोटि प्रमाण होनेसे इनके अजघन्य स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम एक पूर्वकोटि कहा है। नपुंसक वेद आदि सोलह प्रकृतियोंका जघन्य स्थितिबन्ध कमसे कम अन्तर्मुहूर्त कालतक और अधिकसे अधिक असंख्यात लोकप्रमाण कालतक नहीं होता, इसलिए इनके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त प्रमाण और उत्कृष्ट अन्तर असंख्यात लोक प्रमाण कहा है। इसका स्पष्टीकरण पहले किया ही है। तथा इनका अजघन्य स्थितिबन्ध कमसे कम एक समय तक नहीं होता, और अधिकसे अधिक दो छ्यासठ सागर और कुछ कम तीन पल्य काल तक नहीं होता, इसलिए इनके अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय और उत्कृष्ट अन्तर दो छ्यासठ सागर तथा कुछ कम तीन पल्य कहा है। देवायु और नरकायुका जघन्य स्थितिबन्ध पञ्चेन्द्रिय पर्याप्त जीवके होता है, इसलिए इनके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर साधिक दस हजार वर्ष कहा है और पञ्चेन्द्रिय पर्याप्त जीवोंका उत्कृष्ट अन्तर अनन्त काल है, इसलिए इनके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तर अनन्तकाल कहा है। इनके अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है यह स्पष्ट ही है। तिर्यञ्चायुका जघन्य स्थितिबन्ध क्षुल्लकभवग्रहण प्रमाण है। और इसमेंसे एक समय जघन्य स्थितिबन्धमें लगता है इसलिए इसके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर

एक समय कम क्षुल्लकभव ग्रहण प्रमाण कहा है। तथा त्रस पर्याप्तकी उत्कृष्ट कायस्थिति दो हजार सागर है और एकेन्द्रिय पर्याप्तकोंकी कायस्थिति संख्यात हजार वर्ष है इतने कालके भीतर तिर्यञ्चायुका जघन्य स्थितिबन्ध नियमसे नहीं होता। यहां एक ऐसा जीव लो जिसने तिर्यञ्चायुका जघन्य स्थितिबध किया है। इसके बाद वह क्रमसे त्रस पर्याप्त हो गया और अपनी कायस्थितिके भीतर उसने तिर्यञ्चायुका जघन्य स्थितिबन्ध नहीं किया। पुनः वह पर्याप्त एकेन्द्रियोंमें संख्यात हजार वर्षतक परिभ्रमण करता रहा। इसके बाद वह अपर्याप्तकोंमें उत्पन्न होता है और तिर्यञ्चायुका जघन्य स्थितिबन्ध करता है, इसलिए यहां तिर्यञ्चायुके जघन्य स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तर साधिक दो हजार सागर कहा है। एक बार आयुबन्धके बाद पुनः दूसरी बार आयुबन्धमें कमसे कम अन्तमुहूर्त काल लगता है, इसलिए तिर्यञ्चायुके अजघन्य स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तर अन्तमुहूर्त कहा है। तथा एक जीवके निरन्तर यदि तिर्यञ्चायुका बन्ध नहीं होता है तो सौ सागर पृथक्त्व कालतक नहीं होता, इसके बाद वह नियमसे तिर्यञ्चायुका बन्ध करता है, इसलिए इसके अजघन्य स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तर सौ सागर पृथक्त्व प्रमाण कहा है। मनुष्यगतिका उत्कृष्ट अन्तर अनन्त काल है, इसलिए यहां मनुष्यायुके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तर अनन्त काल कहा है। शेष खुलासा तिर्यञ्चायुके समान है। वैक्रियिक छहके अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल अन्तमुहूर्त है और जघन्य स्थितिबन्धका जघन्यकाल एक समय है। तथा एकेन्द्रियों और विकलत्रयमें अनन्त कालतक परिभ्रमण करते हुए इनका बन्ध नहीं होता, इसलिए इनके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तमुहूर्त, अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय और दोनोंका उत्कृष्ट अन्तर अनन्तकाल कहा है। तिर्यञ्चगति आदि तीनका जघन्य स्थितिबन्ध अनन्त काल तक नहीं होता और अजघन्य स्थितिबन्ध एक सौ त्रेसठ सागर कालतक नहीं होता। इसीसे इनके जघन्य स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तर अनन्त काल और अजघन्य स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तर एक सौ त्रेसठ सागर कहा है। शेष खुलासा वैक्रियिक षट्कके समान है। अग्निकायिक और वायुकायिक जीवोंके मनुष्यगतिद्विकका बन्ध नहीं होता और इनकी उत्कृष्ट कायस्थिति असंख्यात लोकप्रमाण है, इसीसे इनके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तर असंख्यात लोकप्रमाण कहा है। शेष स्पष्टी करण वैक्रियिकषट्कके समान है। सूक्ष्म जीवोंकी कायस्थिति असंख्यात लोकप्रमाण है। इनके चार जाति आदि नौ प्रकृतियोंका ओघ जघन्य स्थितिबन्ध नहीं होता और इनका अजघन्य स्थितिबन्ध एक सौ पचासी सागर कालतक नहीं होता। इसीसे इनके जघन्य स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तर असंख्यात लोकप्रमाण और अजघन्य स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तर एक सौ पचासी सागर कहा है। एक जीव जो छठवें नरकमें बाईस सागर प्रमाण आयुके अन्तमें वेदक सम्यग्दृष्टि हुआ। पुनः कुछ कम छ्यासठ सागर काल तक वेदक सम्यक्त्वके साथ रहकर सम्यग्मिथ्यादृष्टि हो गया। पुनः कुछ कम छ्यासठ सागर प्रमाण काल तक वेदक सम्यक्त्वके साथ रहकर अन्तमें इकतीस सागरप्रमाण आयुके साथ नौ ग्रैवेयकमें उत्पन्न हुआ। उसके एक सौ पचासी सागर काल तक चार जाति आदि प्रकृतियोंका बन्ध नही होनेसे इनके अजघन्य स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तर काल उपलब्ध होता है। तथा इसमेंसे प्रारम्भके बाईस सागर कम कर देने पर तिर्यञ्चगति आदि तीन प्रकृतियोंके अजघन्य स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तर काल उपलब्ध होता है। शेष अन्तर कालका स्पष्टीकरण वैक्रियिकषट्कके समान है। सूक्ष्म एकेन्द्रियोंके औदारिक शरीर आदि तीन प्रकृतियोंका ओघ जघन्य स्थितिबन्ध नहीं होता, इसलिए इनके जघन्य स्थितिबन्धका उत्कृष्ट

२६२. आदेसेण णेरइएसु पंचणा०-छदंसणा०-बारसक०-भय-दुगुं०-पंचिंदि०-ओरालिय०-तेजा०-क०-ओरालि०अंगो०-वण्ण०४-अगुरु०४-तस०४-णिमि०-पंचंत० जह० अज० ट्ठिदि० णत्थि अंतरं। थीणगिद्धितियं मिच्छत्तं अणंताणुवंधि०४ जह० ट्ठिदि० णत्थि अंतरं। अज० जह० अंतो०, उक्क० तेत्तीसं सा० देसू०। इत्थि०-णवुंस०-दोगदि-पंचसंठा०-पंचसंघ०-दोआणु०-उज्जो०-अप्पसत्थ०-दूभग-दुस्सर-अणादे०-णीचुच्चा० जह० ट्ठिदि० णत्थि अंतरं। अज० जह० एग०, उक्क० तेत्तीसं सा० देसू०। सादासा०-पुरिस०-हस्स-रदि-अरदि-सोग-समचदु०-वज्जरिस०-पसत्थ०-थिराथिर-सुभासुभ-सुभग-सुस्सर-आदे० [-जस०-अजस०] जह०[1] ट्ठिदि० णत्थि अंतरं। अज० जह० एग०, उक्क० अंतो०। दो आयु० जह० ट्ठिदि० णत्थि अंतरं। अज० ट्ठिदि० जह० अंतो०, उक्क० छम्मासं देसू०। तित्थय० जह० ट्ठिदि० जह० अंतो०, उक्क० तिण्णि सागरो० सादि०। अज० जह० एग०, उक्क० अंतो०। एवं पढ-

अन्तर असंख्यात लोकप्रमाण कहा है और मनुष्य सम्यग्दृष्टिके इनका वन्ध नहीं होता, इसलिए इनके अजघन्य स्थितिवन्धका उत्कृष्ट अन्तर साधिक तीन पल्य कहा है। शेष अन्तर कालका स्पष्टीकरण वैक्रियिकषट्कके समान है। संयमका उत्कृष्ट अन्तर काल कुछ कम अर्धपुद्गल परिवर्तनप्रमाण है, इसलिए आहारकद्विकके अजघन्य स्थितिवन्धका उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम अर्धपुद्गलपरिवर्तनप्रमाण कहा है। तथा उच्चगोत्रका अग्निकायिक और वायुकायिक जीवोंके वन्धका नहीं होता, इसलिए इनके अजघन्य स्थितिवन्धका उत्कृष्ट अन्तर असंख्यात लोकप्रमाण कहा है। शेष कथन स्पष्ट ही है।

२६२. आदेशसे नारकियोंमें पाँच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, बारह कषाय, भय, जुगुप्सा, पञ्चेन्द्रिय जाति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, वर्णचतुष्क, अगुरुलघुचतुष्क, त्रसचतुष्क, निर्माण और पाँच अन्तराय प्रकृतियोंके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तर काल नहीं है। स्त्यानगृद्धि तीन, मिथ्यात्व और अनन्तानुवन्धी चार प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका अन्तर काल नहीं है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम तेतीस सागर है। स्त्रीवेद, नपुंसकवेद, दो गति, पाँच संस्थान, पाँच संहनन, दो आनुपूर्वी, उद्योत, अप्रशस्त विहायोगति, दुर्भग, दुस्वर, अनादेय, नीचगोत्र और उच्चगोत्रके जघन्य स्थितिबन्धका अन्तर काल नहीं है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम तेतीस सागर है। सातावेदनीय, असातावेदनीय, पुरुषवेद, हास्य, रति, अरति, शोक, समचतुरस्रसंस्थान, वज्रर्षभनाराचसंहनन, प्रशस्तविहायोगति, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, सुभग, सुस्वर और आदेय, यशःकीर्ति और अयशःकीर्ति प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल नहीं है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। दो आयुओंके जघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल नहीं है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम छह महीना है। तीर्थङ्कर प्रकृतिके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक तीन सागर है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्त-

1. जह० अज० जह० ट्ठिदि० इति पाठः।

माए। णवरि सगट्ठिदी भाणिदव्वा। मणुसगदितिगं सादभंगो। विदियादि याव छट्ठि त्ति उक्कस्सभंगो। णवरि थीणगिद्धितियं मिच्छत्तं अणंताणुबंधि०४ जह० अज०जह० अंतो०, उक्क० तिण्णि-सत्त-दस-सत्तारस-बावीसं साग० देसू०। सत्तमाए एवं चेव णादव्वं। णवरि तिरिक्खगदि-तिरिक्खाणु०-उज्जो०-णीचा० जह० अज० थीणगिद्धितियभंगो। मणुसगदितिगं इत्थिभंगो।

२६३. तिरिक्खेसु पंचणा०-छदंस०-सादासा०-अट्ठक०-सत्तणोक०-पंचिंदि०-

मुहूर्त है। इसी प्रकार पहली पृथिवीमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि अपनी स्थिति कहनी चाहिए। तथा मनुष्यगति त्रिकका भङ्ग साता प्रकृतिके समान कहना चाहिए। दूसरी पृथिवीसे लेकर सातवीं पृथिवीतक उत्कृष्टके समान भङ्ग है। इतनी विशेषता है कि स्त्यानगृद्धित्रिक, मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धी चारके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर क्रमसे कुछ कम तीन सागर, कुछ कम सात सागर, कुछ कम दस सागर, कुछ कम सत्रह सागर और कुछ कम बाईस सागर है। सातवीं पृथिवीमें इसी प्रकार जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि तिर्यञ्चगति, तिर्यञ्चानुपूर्वी, उद्योत और नीचगोत्र प्रकृतियोंके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तर स्त्यानगृद्धित्रिकके समान है। तथा मनुष्यगतित्रिकका भङ्ग स्त्रीवेदके समान है।

विशेषार्थ—सामान्यसे नारकियोंमें असंज्ञी जीव मरकर उत्पन्न होता है और ऐसे नारकी जीवके उत्पन्न होनेके प्रथम व द्वितीय समयमें जघन्य स्थितिबन्ध होता है। इसीसे यहाँ दो आयु और तीर्थङ्कर प्रकृतिके सिवा शेष सब प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धके अन्तरकालका निषेध किया है। इनके इसके सिवा पाँच ज्ञानावरण आदि ४८ प्रकृतियोंका निरन्तर अजघन्य स्थितिबन्ध होता रहता है, इसलिए यहाँ इनके अजघन्य स्थितिबन्धके अन्तर कालका भी निषेध किया है। नरकमें सम्यक्त्वका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट काल कुछ कम तेतीस सागर है और सम्यग्दृष्टिके स्त्यानगृद्धि तीन आदि आठ प्रकृतियोंका बन्ध नहीं होता, इसीसे यहाँ इन प्रकृतियोंके अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम तेतीस सागर कहा है। इसी दृष्टिको ध्यानमें रखकर यहाँ स्त्रीवेद आदि बाईस प्रकृतियोंके अजघन्य स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम तेतीस सागर कहा है। उच्चगोत्रका सातवें नरकमें मिथ्यादृष्टिके बन्ध नहीं होता, इसलिए इस अपेक्षासे इसके अजघन्य स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम तेतीस सागर कहा है। तथा ये सब सप्रतिपक्ष प्रकृतियाँ हैं, इसलिए इनके अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय कहा है। शेष कथन स्पष्ट ही है। प्रथम नरकमें यह व्यवस्था अविकल घटित हो जाती है, इसलिए इसमें सब प्रकृतियोंका कथन सामान्य नारकियोंके समान कहा है। मात्र जहाँ कुछ कम तेतीस सागर कहा है वहाँ प्रथम नरककी स्थितिको ध्यानमें रखकर अन्तर कहना चाहिए। तथा यहाँ मनुष्यगतित्रिकका बन्ध मिथ्यादृष्टि और सम्यग्दृष्टि दोनोंके होता है, इसलिए यहाँ इनके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल साता प्रकृतिके समान कहा है। दूसरीसे लेकर सातवीं पृथिवीतक उत्कृष्टके समान अन्तरकाल होनेका कारण यह है कि इन पृथिवियोंमें असंज्ञी जीव मरकर नहीं उत्पन्न होता। जिन प्रकृतियोंके सम्बन्धमें विशेषता है वह अलगसे कही ही है सो विचार कर जान लेना चाहिए।

२६३. तिर्यञ्चोंमें पाँच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, साता वेदनीय, असाता वेदनीय, आठ कषाय, सात नोकषाय, पञ्चेन्द्रिय जाति, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, समचतुरस्र-

तेजा०-क०-समचदु०-वण्ण०४-अगु०४-पसत्थ०-तस०४-थिराथिर-सुभासुभ-सुभग-सुस्सर-आदे०-जस०-अजस०-णिमि०-पंचंत० जह० ट्ठिदि० जह० अंतो०, उक्क० असंखेज्जा लोगा। अज० जह० एग०, उक्क० अंतो०। थीणगिद्धितियं मिच्छत्तं अणंताणुबंधिचदुक्कं जह० ट्ठिदि० णाणाव०भंगो। अज० जह० एग०, उक्क० तिण्णि पलिदो० देसू०। एवं इत्थिवे०। अपच्चक्खाणा०४-णवुंस-चदुजादि०-ओरालि०-पंचसंठा०-ओरालि०अंगो०-छस्संघ०-आदाव०-अप्पसत्थ०-थावरादि०४-दूभग-दुस्सर-अणादे० जह० ट्ठिदि० णाणाव०भंगो। अज० ट्ठिदि० जह० एग०, उक्क० पुव्वकोडी देसू०। तिण्णि आयु० जह० ट्ठिदि० णत्थि अंतरं। अज० जह० अंतो०, उक्क० पुव्वकोडितिभागं देसू०। तिरिक्खायु० जह० ट्ठिदि० जह० खुद्दा० समयू०, उक्क० पलिदो० असं०। अज० जह० अंतो०, उक्क० पुव्वकोडी सादि०। वेउव्वियछ०-मणुसग०-मणुसाणु० ओघं। उच्चा० मणुसाणु०भंगो। तिरिक्खग०-तिरिक्खाणु०-णीचागो०-उज्जो० जह० ट्ठिदि० जह० अंतो०, उक्क० अणंतकालं०। अज० जह० एग०, उक्क० पुव्वकोडी देसू०।

संस्थान, वर्णचतुष्क, अगुरुलघुचतुष्क, प्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, सुभग, सुस्वर, आदेय, यशःकीर्ति, अयशःकीर्ति, निर्माण और पाँच अन्तराय प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर असंख्यात लोकप्रमाण है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। स्त्यानगृद्धि तीन, मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धी चारके जघन्य स्थितिबन्धका अन्तर ज्ञानावरणके समान है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम तीन पल्य है। इसी प्रकार स्त्रीवेदके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल जानना चाहिए। अप्रत्याख्यानावरण चार, नपुंसकवेद, चार जाति, औदारिक शरीर, पाँच संस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, छह संहनन, आतप, अप्रशस्त विहायोगति, स्थावर आदि चार, दुर्भग, दुस्वर और अनादेय प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका अन्तर ज्ञानावरणके समान है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम एक पूर्वकोटि है। तीन आयुओंके जघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल नहीं है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर पूर्वकोटिका कुछ कम तीसरा भाग है। तिर्यञ्चायुके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय कम क्षुल्लकभवग्रहणप्रमाण है और उत्कृष्ट अन्तर पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक एक पूर्वकोटि वर्षप्रमाण है। वैक्रियिक छह, मनुष्यगति और मनुष्यानुपूर्वीके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तर ओघके समान है। उच्चगोत्रके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तर मनुष्यानुपूर्वीके समान है। तिर्यञ्चगति, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, नीचगोत्र और उद्योतके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर अनन्त काल है जो असंख्यात पुद्गल परिवर्तन प्रमाण है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम एक पूर्वकोटि है।

विशेषार्थ—तिर्यञ्चोंमें बादर एकेन्द्रिय पर्याप्तकोंका उत्कृष्ट अन्तर काल असंख्यात

२६४. पंचिंदियतिरिक्ख०३ जह० ट्ठिदि० उक्क०भंगो। अज० अणुक्क०भंगो। णवरि तिरिक्खायु० जह० ट्ठिदि० जह० खुद्दाभ० समयू०, उक्क० पुव्वकोडिपुधत्तं। पज्जत्त-जोणिणीसु जह० ट्ठिदि० जह० णत्थि अंतरं। पंचिंदियतिरिक्खअपज्ज० सव्वपगदीणं जह० अज० ट्ठिदि० उक्कस्सभंगो। णवरि तिरिक्खायु० जह० ट्ठिदि० जह० खुद्दाभ० समयू०, उक्क० अंतो०। अज० जह० उक्क० अंतो०। मणुसायु० जह० ट्ठिदि० णत्थि अंतरं। अज० जह० उक्क० अंतो०।

लोकप्रमाण है, इसलिए इनमें पाँच ज्ञानावरण आदि प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तरकाल असंख्यात लोकप्रमाण कहा है। तिर्यञ्चोंमें वेदक सम्यक्त्वका काल कुछ कम तीन पल्य है इसलिए इनमें स्त्यानगृद्धि तीन आदि आठ प्रकृतियोंके अजघन्य स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम तीन पल्य कहा है। यहाँ स्त्रीवेदकी स्थिति स्त्यानगृद्धिके समान है, इसलिए इनके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तर स्त्यानगृद्धि तीनके समान कहा है। संयमासंयमका काल कुछ कम एक पूर्वकोटि है और मनुष्योंमें वहीं उत्पन्न हुए सम्यक्त्वका काल भी इतना ही है इसलिए अप्रत्याख्यानावरण चार आदि इकतीसके अजघन्य स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम एक पूर्वकोटि वर्षप्रमाण कहा है। तीन आयुओंके जघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल नहीं है तथा अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट अन्तर एक पूर्वकोटिका कुछ कम त्रिभागप्रमाण है यह स्पष्ट ही है। तिर्यञ्चोंमें जो निरन्तर एकेन्द्रियोंमें परिभ्रमण करते रहते हैं उनमें तिर्यञ्चायुका जघन्य स्थितिबन्ध कमसे कम एक समय कम क्षुल्लकभवग्रहणके बाद और अधिकसे अधिक पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण कालके बाद नियमसे होता है, इसलिए इनमें तिर्यञ्चायुके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय कम क्षुल्लकभवग्रहणप्रमाण और उत्कृष्ट अन्तर पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण कहा है। शेष कथन स्पष्ट ही है।

२६४. पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च तीनमें जघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल उत्कृष्टके समान है और अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल अनुत्कृष्टके समान है। इतनी विशेषता है कि तिर्यञ्चायुके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय कम क्षुल्लकभवग्रहण प्रमाण है और उत्कृष्ट अन्तर पूर्वकोटिपृथक्त्वप्रमाण है। परन्तु पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च पर्याप्त और पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च योनिनी जीवोंमें जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तरकाल नहीं है। पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्त जीवोंमें सब प्रकृतियोंके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल उत्कृष्टके समान है। इतनी विशेषता है कि तिर्यञ्चायुके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय कम क्षुल्लक भवग्रहणप्रमाण है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। मनुष्यायुके जघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल नहीं है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है।

विशेषार्थ—पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चोंकी उत्कृष्ट कायस्थिति पूर्वकोटिपृथक्त्व अधिक तीन पल्य है। परन्तु तीन पल्यकी आयु प्राप्त होनेके बाद जीव नियमसे देव होता है। इसीसे यहाँ तिर्यञ्चायुके जघन्य स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तर सामान्यसे पूर्वकोटि पृथक्त्व कहा है। इसमें पूर्वकोटि पृथक्त्व कालके प्रारम्भमें और अन्तमें तिर्यञ्चायुका जघन्य स्थितिबन्ध कराके यह अन्तर काल ले आना चाहिए। शेष कथन स्पष्ट ही है।

२६५. मणुस०३ पंचणा०-छदंसणा०-चदुसंज०-भय-दुगुं०-तेजा०-क०-वण्ण०४-अगु०-उप०-णिमि०-तित्थय०-पंचंत० जह० ट्ठिदि० णत्थि अंतरं। अज० जह० उक्क० अंतो०। थीणगिद्धि०३-मिच्छ०-अणंताणुबंधि०४ जह० ट्ठिदि०[1] णत्थि अंतरं। अज० ट्ठिदि० जह० अंतो०, उक्क० तिण्णि पलिदो० देसू०। एवं इत्थि०। णवरि अज० एग०। अट्ठक० जह० णत्थि अंतरं। अज० ट्ठिदि० जह० अंतो०, उक्क० पुव्वकोडी देसू०। सादासा०-पुरिस०-हस्स-रदि-अरदि-सोग-देवगदि-पंचिंदि०-वेउव्वि०-समचदु०-वेउव्वि०अंगो०-देवाणु०-पर०-उस्सा०-पसत्थ०-तस०४-थिराथिर-सुभासुभ-सुभग-सुस्सर-आदे०-जस०-अजस०-उच्चा० जह० ट्ठिदि० णत्थि अंतरं। अज० जह० एग०, [उक्क०] अंतो०। णवुंस०-तिरिक्ख-मणुसगदि-चदुजादि-ओरालि०-पंचसंठा०-ओरालि०अंगो०-छस्संघ०-दोआणु०-आदाउज्जो०-अप्पसत्थ०-थावरादि०४-दूभग-दुस्सर-अणादे०-णीचा० जह० ट्ठिदि० णत्थि अंतरं। अज० ट्ठिदि० जह० एग०, उक्क० पुव्वकोडी देसू०। तिण्णिआयु० जह० ट्ठिदि० णत्थि अंतरं। अज० ट्ठिदि० जह० अंतो०, उक्क० पुव्वकोडितिभागं देसू०। मणुसायु० जह०

२६५. मनुष्यत्रिकमें पाँच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, चार संज्वलन, भय, जुगुप्सा, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, वर्णचतुष्क, अगुरुलघु, उपघात, निर्माण, तीर्थङ्कर और पाँच अन्तराय प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका अन्तर काल नहीं है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। स्त्यानगृद्धि तीन, मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धी चारके जघन्य स्थितिबन्धका अन्तर काल नहीं है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम तीन पल्य है। इसी प्रकार स्त्रीवेदके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तर काल जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इसके अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है। आठ कषायोंके जघन्य स्थितिबन्धका अन्तर काल नहीं है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम एक पूर्वकोटि है। साता वेदनीय, असाता वेदनीय, पुरुषवेद, हास्य, रति, अरति, शोक, देवगति, पञ्चेन्द्रिय जाति, वैक्रियिक शरीर, समचतुरस्रसंस्थान, वैक्रियिक आङ्गोपाङ्ग, देवानुपूर्वी, परघात, उच्छ्वास, प्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, सुभग, सुस्वर, आदेय, यशःकीर्ति, अयशःकीर्ति और उच्चगोत्र प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका अन्तर काल नहीं है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। नपुंसकवेद, तिर्यञ्चगति, मनुष्यगति, चार जाति, औदारिक शरीर, पाँच संस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, छह संहनन, दो आनुपूर्वी, आतप, उद्योत, अप्रशस्त विहायोगति, स्थावर आदि चार, दुर्भग, दुःस्वर, अनादेय और नीचगोत्र प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका अन्तर काल नहीं है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम एक पूर्वकोटि है। तीन आयुओंके जघन्य स्थितिबन्धका अन्तर काल नहीं है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर एक पूर्वकोटिका कुछ कम त्रिभाग प्रमाण है। मनुष्यायुके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर

1. मूलप्रतौ ट्ठिदि० जह० णत्थि इति पाठः।

ट्ठिदि० जह० खुद्दाभव० समयू०, उक्क० पुव्वकोडिपुधत्तं । अज० जह० अंतो०, उक्क० पुव्वकोडी सादि० । पज्जत्त-जोणिणीसु मणुसायु० जह० ट्ठिदि० णत्थि अंतरं । अज० ट्ठिदि० जह० अंतो०, उक्क० पुव्वकोडी सादि० । णिरयगदि-णिरयाणु० जह० जह० अंतो०, उक्क० पुव्वकोडिपुधत्तं । अज० ट्ठिदि० जह० एग०, उक्क० पुव्वकोडी देसू० । आहार०२ जह० ट्ठिदि० णत्थि अंतरं । अज० जह० अंतो०, उक्क० पुव्वकोडिपुधत्तं ।

२६६. मणुसअपज्जत्ते धुविगाणं जह० अज० णत्थि अंतरं । तिरिक्खायु० जह० ट्ठिदि० णत्थि अंतरं । अज० जह० उक्क० अंतो० । मणुसायु० जह० ट्ठिदि० जह० खुद्दाभ० समयू०, उक्क० अंतो० । अज० जह० उक्क० अंतो० । सेसाणं जह० ट्ठिदि० णत्थि अंतरं । अज० जह० एग०, उक्क० अंतो० ।

एक समय कम क्षुल्लक भवग्रहणप्रमाण है और उत्कृष्ट अन्तर पूर्वकोटि पृथक्त्वप्रमाण है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक एक पूर्वकोटि वर्षप्रमाण है। किन्तु पर्याप्त और योनिनी मनुष्योंमें मनुष्यायुके जघन्य स्थितिबन्धका अन्तर काल नहीं है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक एक पूर्वकोटि है। नरकगति और नरकगत्यानुपूर्वीके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर पूर्वकोटि पृथक्त्वप्रमाण है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम एक पूर्वकोटि है। आहारकद्विकके जघन्य स्थितिबन्धका अन्तर काल नहीं है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर पूर्वकोटि पृथक्त्व प्रमाण है।

विशेषार्थ—मनुष्यत्रिकमें कुछ प्रकृतियोंका जघन्य स्थितिबन्ध क्षपकश्रेणिमें होता है और जिनका क्षपकश्रेणिमें नहीं होता उनमेंसे चार आयुओंको छोड़कर शेषका असंज्ञीचर मनुष्यके भवके प्रथम और द्वितीय समयमें होता है, इसलिए यहाँ जघन्य स्थितिबन्धमें अन्तर कालका निषेध किया है। शेष अन्तर कालका विचार सुगम है।

२६६. मनुष्य अपर्याप्तकोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तर काल नहीं है। तिर्यञ्चायुके जघन्य स्थितिबन्धका अन्तर काल नहीं है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। मनुष्यायुके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय कम क्षुल्लक भवग्रहणप्रमाण है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। शेष प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका अन्तर काल नहीं है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है।

विशेषार्थ—जो असंज्ञी जीव मनुष्य अपर्याप्तकोंमें उत्पन्न होता है उसके उत्पन्न होनेके प्रथम और द्वितीय समयमें दो आयुके बिना शेष प्रकृतियोंका जघन्य स्थितिबन्ध होता है, इसलिए इनके जघन्य स्थितिबन्धके अन्तरका निषेध किया है। तथा जो ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियाँ हैं उनका इसके बाद निरन्तर अजघन्य स्थितिबन्ध होता रहता है इसलिए इनके अजघन्य स्थितिबन्धके अन्तर कालका निषेध किया है। परन्तु इनके सिवा जो सप्रतिपक्ष प्रकृतियाँ हैं उनका अदल बदलके बन्ध होना सम्भव है, इसलिए उनके अजघन्य स्थितिबन्धका

२६७. देवेसु तित्थय० जह० ट्ठिदि० जह० अंतो०, उक्क० तेत्तीसं सा० देसू० । अज० जह० एग०, उक्क० अंतो० । सेसाणं णिरयोघं । णवरि सगट्ठिदी० । भवण०-वाणवेंत० पढमपुढविभंगो । णवरि सागरो० सादि० पलिदो० सादि० । जोदिसिय याव सव्वट्ठ त्ति उक्कस्सभंगो । णवरि थीणगिद्धि०३-मिच्छ०-अणंताणुवंधि०४ जह० अज०[1] ट्ठिदि० जह०अंतो०, उक्क० अप्पप्पणो ट्ठिदी० ।

२६८. एइंदिए तिरिक्ख०४ [जह०] जह० अंतो०, उक्क० अणंतकालं० अंगुलस्स असं० संखेज्जाणि वाससहस्साणि असंखेज्जा लोगा अंतोमु० । अज० जह० एग०, उक्क० अंतो० यथासंखाए एइंदि०-वादर-वादरपज्जत-सुहुम-सुहुमपज्जत्ताणं । तिरिक्खायु० जह० ट्ठिदि० जह० खुद्दाभव० समयू०, उक्क० पलिदो० असंखे० । अज० अणुक्क०-

अन्तर काल कमसे कम एक समय और अधिकसे अधिक अन्तर्मुहूर्त उपलब्ध हो जाता है, इसलिए शेष प्रकृतियोंके अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त कहा है। शेष कथन सुगम है ।

२६७. देवोंमें तीर्थंकर प्रकृतिके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम तेतीस सागर है । अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। तथा शेष प्रकृतियोंके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तर नारकियोंके समान है। इतनी विशेषता है कि अपनी स्थिति कहनी चाहिए । भवनवासी और व्यन्तर देवोंमें प्रथम पृथिवीके समान भङ्ग है । इतनी विशेषता है कि साधिक एक सागर और साधिक एक पल्य कहना चाहिए । ज्योतिषियोंसे लेकर सर्वार्थसिद्धि तक उत्कृष्टके समान भङ्ग है। इतनी विशेषता है कि स्त्यानगृद्धि तीन, मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धी चारके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर अपनी अपनी स्थितिप्रमाण है ।

विशेषार्थ—देवोंमें तीर्थंकर प्रकृतिका जघन्य स्थितिबन्ध अन्यतरके सर्वविशुद्ध परिणामोंसे होता है, इसलिए यहाँ जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम तेतीस सागर कहा है । अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है यह स्पष्ट ही है । मूलमें शेष प्रकृतियोंके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर नारकियोंके समान कहकर अपनी स्थिति कहनेकी सूचना की है सो इसका यह अभिप्राय है कि जिन प्रकृतियोंका मिथ्यादृष्टि और सासादनदृष्टिके ही बन्ध होता है उनका नौग्रैवेयक तक, तिर्यञ्चगति आदिका सहस्रार कल्प तक और एकेन्द्रिय जाति आदि तीनका ऐशान कल्प तक बन्धका विधान करके इनका अन्तर काल इस हिसावसे प्राप्त करे। शेष कथन सुगम है ।

२६८. एकेन्द्रियोंमें एकेन्द्रिय, बादर एकेन्द्रिय, बादर पर्याप्त एकेन्द्रिय, सूक्ष्म एकेन्द्रिय और सूक्ष्म पर्याप्त एकेन्द्रियोंमें तिर्यञ्चगति चतुष्कके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर क्रमसे अनन्त काल, अङ्गुलके असंख्यातवें भागप्रमाण, संख्यात हजार वर्ष, असंख्यात लोकप्रमाण और अन्तर्मुहूर्त है । अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है । तिर्यञ्चायुके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय कम क्षुल्लक भवग्रहणप्रमाण है और उत्कृष्ट अन्तर पल्यके असंख्यातवें भाग प्रमाण है । अजघन्य स्थितिबन्धका भङ्ग अनुत्कृष्टके समान है । तथा शेष प्रकृतियोंका भङ्ग

[1] मूलप्रतौ अज० जह० ट्ठिदि० इति पाठः ।

भंगो। सेसाणं उक्कस्सभंगो। बादरे तिरिक्खायुग० एइंदियभंगो। सुहुम-बादरपज्जत्ते तिरिक्खायु० जह० ट्ठिदि० जह० णत्थि अंतरं। सेसं उक्कस्सभंगो। अपज्जत्ता० तिरिक्खअपज्जत्तभंगो। सुहुमे तिरिक्खायु० जह० ट्ठिदि० जह० खुद्दाभव० समयू०, उक्क० पलिदो० असंखे०। अज० अणुक्क०भंगो। सेसाणं उक्कस्सभंगो। सव्वाणं मणुसायु० जह० ट्ठिदि० णत्थि अंतरं। अज० ट्ठिदि० पगदिअंतरं।

२६९. बीइं०-तीइं०-चदुरिं० पज्जत्तापज्जत्ता० उक्कस्सभंगो। णवरि तिरिक्खायु० जह० जह० खुद्दाभव० समयू०, उक्क० ट्ठिदि०। पज्जत्ते० जह० ट्ठिदि० णत्थि अंतरं। अज० ट्ठिदि० अणुक्क०भंगो।

२७०. पंचिंदिय०२ खवगपगदीणं तित्थयरस्स जह० ट्ठिदि० णत्थि अंतरं। अज० ओघं। णिद्दापचला-असादा०-हस्स-रदि-अरदि-सोग-भय-दुगुं०-देवगदि-

---

उत्कृष्टके समान है। बादरोंमें तिर्यञ्चायुका भङ्ग एकेन्द्रियोंके समान है। सूक्ष्म जीवोंमें और बादर पर्याप्त जीवोंमें तिर्यञ्चायुके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर काल नहीं है। तथा शेष भङ्ग उत्कृष्टके समान है। अपर्याप्तकोंमें तिर्यञ्च अपर्याप्तकोंके समान भङ्ग है। सूक्ष्म एकेन्द्रियोंमें तिर्यञ्चायुके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय कम क्षुल्लक भवग्रहण प्रमाण है और उत्कृष्ट अन्तर पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण है। तथा अजघन्य स्थितिबन्धका भङ्ग अनुत्कृष्टके समान है। तथा शेष प्रकृतियोंका भङ्ग उत्कृष्टके समान है। इन सबके मनुष्यायुके जघन्य स्थितिबन्धका अन्तर काल नहीं है। तथा अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तर प्रकृतिबन्धके अन्तरके समान है।

विशेषार्थ—एकेन्द्रियोंमें तिर्यञ्चगति, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, उद्योत और नीचगोत्र प्रकृतियोंका जघन्य स्थितिबन्ध अग्निकायिक और वायुकायिक जीवोंके होता है और इनका उत्कृष्ट अन्तर अनन्त काल है, इसलिए यहाँ उक्त प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तर अनन्त काल कहा है। तथा बादर एकेन्द्रियोंमें अग्निकायिक और वायुकायिक जीवोंका उत्कृष्ट अन्तर अङ्गुलके असंख्यातवें भागप्रमाण, बादर पर्याप्त एकेन्द्रियोंमें संख्यात हजार वर्षप्रमाण, सूक्ष्म एकेन्द्रियोंमें असंख्यात लोकप्रमाण और सूक्ष्म पर्याप्तकोंमें अन्तर्मुहूर्त प्रमाण है, इसलिए इनमें उक्त प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तर उक्त काल प्रमाण कहा है। इन सबके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है यह स्पष्ट ही है। शेष कथन स्पष्ट ही है।

२६९. द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय और इनके पर्याप्त तथा अपर्याप्त जीवोंमें सब प्रकृतियोंके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल उत्कृष्टके समान है। इतनी विशेषता है कि तिर्यञ्चायुके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय कम क्षुल्लक भवग्रहण प्रमाण है और उत्कृष्ट अन्तर अपनी अपनी कायस्थितिप्रमाण है। इनके पर्याप्तकोंमें जघन्य स्थितिबन्धका अन्तर काल नहीं है तथा अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तर अनुत्कृष्टके समान है।

२७०. पञ्चेन्द्रियद्विकमें क्षपक प्रकृतियोंके और तीर्थङ्कर प्रकृतिके जघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल नहीं है। अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तर काल ओघके समान है। निद्रा, प्रचला, असाता वेदनीय, हास्य, रति, अरति, शोक, भय, जुगुप्सा, देवगति, पञ्चेन्द्रिय जाति, वैक्रियिक

पंचिंदि०-वेउव्विय-तेजा०-क०-समचदु०-वेउव्वि०अंगो०-वण्ण०४-देवाणु०-अगुरु०४-पसत्थवि०-तस०४-थिराथिर-सुभासुभ-सुभग-सुस्सर-आदे०-अजस०-णिमि० जह० ट्ठि० जह० अंतो०, उक्क० कायट्ठिदी० । अज० जह० एग०, उक्क० अंतो० । णवरि देवगदि०४ अज० उक्क० तेत्तीसं साग० सादि० । णेरइय-देवायु० जह० ट्ठिदि० जह० दसवस्ससहस्साणि सादि०, उक्क० कायट्ठिदी० । तिरिक्ख०-मणुसायु० जह० जह० खुद्दाभव० समयू०, उक्क० कायट्ठिदी० । अज० सव्वाणं उक्क०भंगो । पज्जत्तगे तिरिक्ख-मणुसायु० जह० णत्थि अंतरं । अज० पगदिअंतरं । आहार०२ जह० णत्थि अंतरं । अज० जह० अंतो०, उक्क० कायट्ठिदी० । सेसाणं उक्कस्सभंगो । पंचिंदियअपज्जत्त० तिरिक्ख-मणुसायु० जह० जह० खुद्दाभव० समयू०, उक्क० अंतो० । अज० जह० उक्क० अंतो० । सेसं उक्कस्सभंगो ।

शरीर, तैजसशरीर, कार्मण शरीर, समचतुरस्रसंस्थान, वैक्रियिक आङ्गोपाङ्ग, वर्णचतुष्क, देवगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, प्रशस्त विहायोगति, त्रस चतुष्क, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, सुभग, सुस्वर, आदेय, अयशःकीर्ति और निर्माण प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर कायस्थितिप्रमाण है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। इतनी विशेषता है कि देवगतिचतुष्कके अजघन्य स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तर साधिक तेतीस सागर है। नरकायु और देवायुके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर साधिक दस हजार वर्ष है और उत्कृष्ट अन्तर कायस्थितिप्रमाण है। तिर्यञ्चायु और मनुष्यायुके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय कम क्षुल्लक भवग्रहणप्रमाण है और उत्कृष्ट अन्तर कायस्थितिप्रमाण है। तथा सबके अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तर उत्कृष्टके समान है। पर्याप्तकोंमें तिर्यञ्चायु और मनुष्यायुके जघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल नहीं है। अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तर प्रकृतिबन्धके अन्तरके समान है। आहारकद्विकके जघन्यस्थितिबन्धका अन्तरकाल नहीं है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है, और उत्कृष्ट अन्तर कायस्थितिप्रमाण है। शेष प्रकृतियोंका भङ्ग उत्कृष्टके समान है। पञ्चेन्द्रिय अपर्याप्तकोंमें तिर्यञ्चायु और मनुष्यायुके जघन्यस्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय कम क्षुल्लक भवग्रहणप्रमाण है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। तथा शेष प्रकृतियोंका भङ्ग उत्कृष्ट के समान है।

विशेषार्थ—पञ्चेन्द्रिय और पञ्चेन्द्रिय पर्याप्त जीवोंमें क्षपक प्रकृतियों और तीर्थङ्कर प्रकृतिका जघन्य स्थितिबन्ध क्षपकश्रेणिमें होता है, इसलिए इनके अजघन्य स्थितिबन्धके अन्तरकालका निषेध किया है। यहाँ निद्रा आदि प्रकृतियोंका जघन्य स्थितिबन्ध विशुद्ध परिणामोंसे असंज्ञी जीवके होता है, इसलिए इनके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट अन्तर अपनी अपनी कायस्थिति प्रमाण कहा है। यहाँ कायस्थितिके प्रारम्भमें और अन्तमें असंज्ञियोंमें उत्पन्न कराकर उत्कृष्ट अन्तरकाल ले आना चाहिए। देवगतिचतुष्कका देवोंके और नारकियोंके बन्ध नहीं होता, इसलिए इनके अजघन्य स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तरकाल साधिक तेतीस सागर कहा है। मात्र इनके सिवा निद्रादि शेष प्रकृतियोंके अजघन्य स्थितिके बन्धमें अधिकसे अधिक अन्तर्मुहूर्तका अन्तर पड़ता है, इसलिए इन प्रकृतियोंके अजघन्य स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त कहा है। शेष कथन स्पष्ट ही है।

२७१. पुढविका० तिरिक्खायु० एइंदियभंगो । सेसं उक्कस्सभंगो । एवं पंच-कायाणं । तस०२ पंचिंदियभंगो । णवरि सगट्ठिदी भाणिदव्वा । तसअपज्जत्त० पंचिं-दियअपज्जत्तभंगो ।

२७२. पंचमण०-पंचवचि० पंचणा०-णवदंसणा०-मिच्छत्त-सोलसक०-भय-दुगुं०-चदुआयु०-तिण्णिसरीर०-आहार०अंगो०-वण्ण०४-अगु०-उप०-णिमि०-तित्थय०-पंचंत० जह० अज० णत्थि अंतरं । णवरि वचिजोगि०-असच्चमोस० पंचणा०-णवदंस०-मिच्छत्त-बारसक०-भय-दुगुं०-तेजा०-क०-वण्ण०४-अगुरुलहु०-उपघा०-णिमि० अज० जह० एग०, उक्क० अंतो० । सेसाणं जह० णत्थि अंतरं । अज० जह० एग०, उक्क० अंतो० ।

२७३. कायजोगीसु खवगपगदीणं वेउव्वियछक्क-तित्थय० जह० णत्थि अंतरं । अज० ट्ठिदि० जह० एग०, उक्क० अंतो० । णिरय-देवायु० जह० अज० णत्थि

---

२७१. पृथिवीकायिक जीवोंमें तिर्यञ्चायुका भङ्ग एकेन्द्रियोंके समान है । शेष प्रकृतियों-का भङ्ग उत्कृष्टके समान है । इसी प्रकार पाँच कायवाले जीवोंके जानना चाहिए । त्रस और त्रस पर्याप्त जीवोंमें सब प्रकृतियोंके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धके अन्तरकालका भङ्ग पञ्चेन्द्रियोंके समान है । इतनी विशेषता है कि अपनी स्थिति कहनी चाहिए । त्रस अपर्याप्तकोंमें पञ्चेन्द्रिय अपर्याप्तकोंके समान भङ्ग है ।

२७२. पाँचों मनोयोगी और पाँचों वचनयोगी जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शना-वरण,मिथ्यात्व, सोलह कषाय, भय, जुगुप्सा, चार आयु, तीन शरीर, आहारक आङ्गोपाङ्ग, वर्ण-चतुष्क, अगुरुलघु, उपघात, निर्माण, तीर्थङ्कर और पाँच अन्तराय प्रकृतियोंके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल नहीं है । इतनी विशेषता है कि वचनयोगी और असत्यमृषावचनयोगी जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, मिथ्यात्व बारह कषाय, भय, जुगुप्सा, तैजस शरीर, कार्मणशरीर, वर्णचतुष्क, अगुरुलघु, उपघात और निर्माण प्रकृतियोंके अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है । शेष प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल नहीं है । अजघन्य स्थिति-बन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है ।

विशेषार्थ—यहाँ प्रथम दण्डकमें कही गई ज्ञानावरणादि प्रकृतियोंमेंसे कुछ ऐसी प्रकृ-तियाँ हैं जिनका जघन्य स्थितिबन्ध क्षपकश्रेणिमें होता है और कुछ ऐसी प्रकृतियाँ हैं जिनका जघन्य स्थितिबन्ध संयमके अभिमुख हुए मिथ्यादृष्टि, असंयतसम्यग्दृष्टि या संयतासंयतके होता है, इसलिए इनके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धके अन्तरकालका निषेध किया है । मात्र वचनयोगी और अनुभयवचनयोगी जीवोंमें पाँच दर्शनावरण आदि प्रकृतियोंका जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्ध द्वीन्द्रिय पर्याप्तके होता है, इसलिए इनके अजघन्य स्थिति-बन्धका जघन्य अन्तर एक समय और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त प्राप्त होनेमें कोई बाधा नहीं आती, इसलिए यह उक्त प्रकारसे कहा है । यहाँ चार आयुओंके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धके अन्तरकालका निषेध किया है यह स्पष्ट ही है ।

२७३. काययोगी जीवोंमें क्षपकप्रकृतियाँ वैक्रियिक छह और तीर्थङ्कर इन प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल नहीं है । अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है । नरकायु और देवायुके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्ध-

अंतरं। तिरिक्खायु० जह० ट्ठिदि० तिरिक्खोघं। अज० अणुक्कस्सभंगो। मणुसा० मूलोघं। तिरिक्खगदि०४ एइंदियभंगो। मणुसग०-मणुसाणु० जह० जह० अंतो०, अज० जह० एग०, उक्क० दोण्णं पि असंखेज्जा लोगा। एवं उच्चा०। णवरि जह० णत्थि अंतरं। सेसाणं जह० ट्ठिदि० जह० अंतो०, उक्क० असंखेज्जा लोगा। अज० जह० एग०, उक्क० अंतो०।

२७४. ओरालियका० खवगपगदीणं णेरइय-देवायु०-आहारदुग-तित्थय० जह० अज० णत्थि अंतरं। सादासादा०-पुरिस०-वेउव्वियछक्क-जसगि० जह० णत्थि अंतरं। अज० [जह०] एग०, उक्क० अंतो०। तिरिक्ख-मणुसायु० जह० ट्ठिदि० णत्थि अंतरं। अज[1]० पगदिअंतरं। तिरिक्खगदि०४ जह० ट्ठिदि० जह० अंतो०, उक्क० तिण्णि वाससहस्साणि देसू०। अज० जह० एग०, उक्क अंतो०। सेसाणं जह० जह०

का अन्तरकाल नहीं है। तिर्यञ्चायुके जघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल सामान्य तिर्यञ्चोंके समान है। अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल अनुत्कृष्टके समान है। मनुष्यायुके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल मूलोघके समान है। तिर्यञ्चगति चारके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल एकेन्द्रियोंके समान है। मनुष्यगति और मनुष्यगत्यानुपूर्वीके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है, अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर दोनोंका ही असंख्यात लोकप्रमाण है। इसी प्रकार उच्चगोत्रका जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इसके जघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल नहीं है। शेष प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर असंख्यात लोकप्रमाण है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है।

विशेषार्थ—काययोगी जीवोंके प्रथम दण्डकमें कही गई प्रकृतियोंका जघन्य स्थितिबन्ध क्षपकश्रेणिमें होता है, इसलिए इनके जघन्य स्थितिबन्धके अन्तरकालका निषेध किया है। परन्तु जो जीव काययोगमें उपशमश्रेणिमें इनका कमसे कम एक समयके लिए और अधिकसे अधिक अन्तर्मुहूर्तके लिए अबन्धक होकर और मरकर देव होनेपर काययोगके सद्भावमें ही पुनः इनका बन्ध करने लगता है उसके इनके अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त उपलब्ध होनेसे वह उक्त प्रमाण कहा है। शेष कथन स्पष्ट ही है।

२७४. औदारिककाययोगी जीवोंमें क्षपक प्रकृतियाँ, नरकायु, देवायु, आहारकद्विक और तीर्थङ्कर प्रकृतियोंके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल नहीं है। सातावेदनीय, असातावेदनीय, पुरुषवेद, वैक्रियिक छह और यशःकीर्ति प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका अन्तर काल नहीं है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। तिर्यञ्चायु और मनुष्यायुके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तरकाल नहीं है। अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल प्रकृतिबन्धके अन्तरकालके समान है। तिर्यञ्चगति चारके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम तीन हजार वर्ष है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। शेष प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है

१. अज० जह० पगदि—इति पाठः।

अंतो०, उक्क० बावीसं वाससहस्साणि देसू० । अज० जह० एग०, उक्क० अंतो० ।

२७५. ओरालियमि० उक्कस्सभंगो । केण कारणेण उक्कस्सभंगो ? येण बादर-एइंदिए वि अधापवत्तो वा से काले सरीरपज्जत्ती जाहिदि त्ति वा सामित्तं दिण्णं तेण कारणेण उक्कस्सभंगो । णवरि दो आयु० तसअपज्जत्तभंगो ।

और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम बाईस हजार वर्ष है । अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है ।

विशेषार्थ—औदारिककाययोगमें क्षपक प्रकृतियाँ, आहारकद्विक और तीर्थङ्कर प्रकृतियोंका जघन्य स्थितिबन्ध क्षपकश्रेणिमें होता है । तथा इसके सिवा अन्यत्र इस योगमें अजघन्य स्थितिबन्ध होता है, इसलिए इनके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धके अन्तर-कालका निषेध किया है । इस योगमें नरकायु और देवायुके जघन्य स्थितिबन्धका अन्तर-काल नहीं है यह स्पष्ट ही है । सातावेदनीय, पुरुषवेद और यशःकीर्तिका जघन्य स्थिति-बन्ध क्षपकश्रेणिमें होता है, इसलिए यहाँ इनके जघन्य स्थितिबन्धके अन्तरकालका निषेध किया है । वैक्रियिक छहका जघन्य स्थितिबन्ध सर्वविशुद्ध असंज्ञीके होता है पर इसके योगपरिवर्तन होता रहता है, इसलिए यहाँ इनके भी जघन्य स्थितिबन्धके अन्तर कालका निषेध किया है । तथा ये सब प्रतिपक्ष प्रकृतियाँ हैं इसलिए इनके अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त कहा है । तिर्यञ्चगतिचतुष्कका जघन्य स्थितिबन्ध अग्निकायिक और वायुकायिक जीवोंके होता है और वायुकायिक जीवोंमें औदा-रिक काययोगका उत्कृष्ट काल कुछ कम तीन हजार वर्ष है, इसलिए यहाँ इन प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम तीन हजार वर्ष कहा है । शेष प्रकृतियोंका जघन्य स्थितिबन्ध बादरपृथिवीकायिक पर्याप्त जीवोंके भी होता है और वहाँ औदा-रिक काययोगका उत्कृष्ट काल कुछ कम बाईस हजार वर्ष है । इसलिए यहाँ शेष प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम बाईस हजार वर्ष कहा है । शेष कथन सुगम है ।

२७५. औदारिक मिश्रकाययोगमें उत्कृष्टके समान भङ्ग है । यहाँ उत्कृष्टके समान भङ्ग किस कारणसे है ? यतः बादर एकेन्द्रिय जीवमें भी अधःप्रवृत्त होता है अथवा तदनन्तर समयमें शरीर पर्याप्तिको प्राप्त करेगा उसे जघन्य स्थितिबन्धका स्वामित्व प्राप्त होता है, इस कारणसे उत्कृष्टके समान भङ्ग है । इतनी विशेषता है कि दो आयुओंका भङ्ग त्रसअपर्याप्तकोंके समान है ।

विशेषार्थ—औदारिक मिश्रकाययोगमें उत्कृष्ट स्थितिबन्धके अन्तरकालका विचार दो प्रकारसे किया है । बादर एकेन्द्रिय जीवके भी वह प्रकार सम्भव है, इसलिए यहाँ भी सब प्रकृतियोंके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तर काल उत्कृष्टके समान जानना चाहिए यह उक्त कथनका तात्पर्य है । मात्र यहाँ बन्धको प्राप्त होनेवाली तिर्यञ्चायु और मनुष्यायुके सम्बन्धमें कुछ विशेषता है । जिसका निर्देश मूलमें अलगसे किया ही है । बात यह है कि अपर्याप्त अवस्थाके बाद भवान्तरमें भी औदारिक मिश्रकाययोगका सातत्य बना रहता है, इसलिए त्रस अपर्याप्तकोंमें उक्त दोनों आयुओंके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तर काल कह आये हैं उसी प्रकार वह यहाँ भी बन जाता है ।

२७६. वेउव्विय०-वेउव्वियमि० उक्कस्सभंगो। आहार०-आहारमिस्स० मण-जोगिभंगो। कम्मइगका० उक्कस्सभंगो।

२७७. इत्थिवेदे० पंचणा०-चदुदंस०-चदुसंज०-तित्थय०-पंचंत० जह० अज० णत्थि अंतरं। णिद्दा-पचला-असादा०-हस्स-रदि-अरदि-सोग-भय-दुगुंच्छ-पंचिंदियजा-दि-तेजा०-क०-समचदुं०-वण्ण०४-अगु०४-पसत्थवि०-तस०४-थिराथिर-सुभासुभ-[सुभग]-सुस्सर[1]०-आदे०-[अजस०]-णिमि० जह० जह० अंतो०, उक्क० पलिदोवम-सदपुधत्तं। अज० जह० एग०, उक्क० अंतो०। थीणगिद्धि०३-मिच्छ०-अणंताणु-बंधि०४-इत्थि०-णवुंस०-तिरिक्खगदि-एइंदि०-पंचसंठा०-पंचसंघ०-तिरिक्खाणु०-आदाउज्जो०-अप्पसत्थ०-थावर-दूभग-दुस्सर-अणादे०-णीचा० जह० अज० उक्कस्स-भंगो। अट्ठक० जह० जह० अंतो०, उक्क० पलिदो० सदपुधत्तं। अज० जह० एग०, उक्क० पुव्वकोडी देसू०। सादावे०-पुरिस०-जस०-उच्चा० जह० ट्ठिदि० णत्थि अंतरं। अज० जह० एग०, उक्क० अंतो०। णिरयायु० उक्कस्सभंगो। तिरिक्ख-मणुसायु० जह० ट्ठिदि० जह० णत्थि अंतरं। अज० अणु०भंगो। देवायु० जह० ट्ठिदि० जह० दसवस्ससहस्साणि सादि०, उक्क० पलिदोवमसदपुधत्तं। अज०

२७६. वैक्रियिक काययोग और वैक्रियिक मिश्र काययोगमें उत्कृष्टके समान भङ्ग है। आहारक काययोग और आहारक मिश्रकाययोगमें मनोयोगी जीवोंके समान भङ्ग है। तथा कार्मणकाययोगमें उत्कृष्टके समान भङ्ग है।

२७७. स्त्रीवेदमें पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, चार संज्वलन, तीर्थंकर और पाँच अन्तराय प्रकृतियोंके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल नहीं है। निद्रा, प्रचला, असाता वेदनीय, हास्य, रति, अरति, शोक, भय, जुगुप्सा, पञ्चेन्द्रिय जाति, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, समचतुरस्रसंस्थान, वर्णचतुष्क, अगुरुलघुचतुष्क, प्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, सुभग, सुस्वर, आदेय अयशःकीर्ति, और निर्माण प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर सौ पल्य पृथक्त्व है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। स्त्यानगृद्धि तीन, मिथ्यात्व, अनन्तानुबन्धी चार, स्त्रीवेद, नपुंसकवेद, तिर्यञ्चगति, एकेन्द्रिय जाति, पाँच संस्थान, पाँच संहनन, तिर्यञ्चानुपूर्वी, आतप, उद्योत, अप्रशस्त विहायोगति, स्थावर, दुर्भग, दुःस्वर, अनादेय और नीचगोत्र प्रकृतियोंके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तर काल उत्कृष्टके समान है। आठ कषायोंके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर सौ पल्य पृथक्त्व है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम एक पूर्वकोटि है। साता वेदनीय, पुरुषवेद, यशःकीर्ति और उच्चगोत्रके जघन्य स्थितिबन्धका अन्तर काल नहीं है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। नरकायुका भङ्ग उत्कृष्टके समान है। तिर्यञ्चायु और मनुष्यायुके जघन्य स्थितिबन्धका अन्तर काल नहीं है। अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तर काल अनुत्कृष्टके समान है। देवायुके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर साधिक दस हजार वर्ष है और उत्कृष्ट अन्तर सौ पल्य पृथक्त्व है। तथा अजघन्य स्थितिबन्धका

1. मूलप्रतौ सुस्सर० आदा० णिमि० आदे० जह० इति पाठः।

अणु०भंगो। वेउव्वियछक्क०-तिण्णिजा०-सुहुम०-अपज्ज०-साधार० जह० अज० उक्क०भंगो। मणुसगदिपंचगस्स जह० अज० उक्क०भंगो। आहार०२ जह० ट्ठिदि० णत्थि अंतरं। अज० जह० अंतो०, उक्क० कायट्ठिदी०।

२७८. पुरिस० पंचणा०-चदुदंस०-चदुसंज०-पंचंत० जह० अज० णत्थि अंतरं। थीणगिद्धि०३-मिच्छ०-अणंताणुबंधि०४-इत्थि०-णवुंस०-पंचसंठा०-पंचसंघ०-अप्पसत्थ०-दूभग-दुस्सर-अणादे०-णीचागो० जह० अज० उक्कस्सभंगो। णिद्दा-पचला-असादा०-हस्स-रदि-अरदि-सोग-भय-दुगुं०-पंचिंदि०-तेजा०-क०-समचदु०-वण्ण०४-अगु०४-पसत्थवि०-तस०४-थिराथिर-सुभासुभ-सुभग-सुस्सर-अणादे०-अजस०-णिमि० जह० ट्ठिदि० उक्कस्सभंगो। अज० जह० एग०, उक्क० अंतो०। [अट्ठक०

अन्तर काल अनुत्कृष्टके समान है। वैक्रियिक छह, तीन जाति, सूक्ष्म अपर्याप्त और साधारण प्रकृतियोंके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तर उत्कृष्टके समान है। मनुष्यगति पञ्चकके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तर उत्कृष्टके समान है। आहारकद्विकके जघन्य स्थितिबन्धका अन्तर काल नहीं है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर कायस्थिति प्रमाण है।

विशेषार्थ—स्त्रीवेदमें प्रथम दण्डकमें कही गई प्रकृतियोंका जघन्य स्थितिबन्ध क्षपकश्रेणीमें होता है और इसके सिवा अन्यत्र अजघन्य स्थितिबन्ध होता है, इसलिए इनके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धके अन्तरकालका निषेध किया है। मात्र तीर्थंकर प्रकृतिका जघन्य स्थितिबन्ध उपशम श्रेणीमें प्राप्त होता है पर यहाँ इसके भी जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल सम्भव नहीं है, इसलिए यहाँ इसका भी निषेध किया है। स्त्रीवेद की उत्कृष्ट कायस्थिति सौ पल्यपृथक्त्वप्रमाण है। जिस असंज्ञी स्त्रीवेदी जीवने इसके प्रारम्भ में और अन्तमें जघन्य स्थितिबन्ध किया और मध्यमें अजघन्य स्थितिबन्ध किया उसके दूसरे दण्डकमें कही गई निद्रा आदि प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तरकाल सौ पल्यपृथक्त्व उपलब्ध होता है इसलिए यह उक्त प्रमाण कहा है। आठ कषायोंके जघन्य स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तर इसी प्रकार ले आना चाहिये। तथा संयमासंयम और संयमका उत्कृष्ट काल कुछ कम एक पूर्वकोटि होनेसे यहाँ आठ कषायोंके अजघन्य स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम एक पूर्वकोटि कहा है। क्योंकि संयमासंयममें अप्रत्याख्यानावरण चारका और संयममें प्रत्याख्यानावरण चारका बन्ध नहीं होता। सातावेदनीय आदि चार प्रकृतियोंका जघन्य स्थितिबन्ध क्षपकश्रेणिमें उपलब्ध होता है, इसलिए यहाँ इनके अन्तरकालका निषेध किया है। फिर भी ये सप्रतिपक्ष प्रकृतियाँ है इसीलिए इनके अजघन्य स्थितिबन्धके अन्तरकालके उपलब्ध होनेमें कोई बाधा नहीं आती। सामान्यतः प्रतिपक्ष प्रकृतियोंके अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त प्राप्त होता है, इसलिए यह उक्तप्रकारसे कहा है। शेष कथन स्पष्ट ही है।

२७८. पुरुषवेदमें पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, चार संज्वलन और पाँच अन्तरायके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल नहीं है। स्त्यानगृद्धि तीन, मिथ्यात्व, अनन्तानुबन्धी चार, स्त्रीवेद, नपुंसकवेद, पाँच संस्थान, नपुंसकवेद, पाँच संहनन, अप्रशस्त विहायोगति, दुर्भग, दुस्वर, अनादेय और नीचगोत्रके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल उत्कृष्टके समान है। निद्रा, प्रचला, असातावेदनीय, हास्य, रति, अरति, शोक, भय, जुगुप्सा,

ज० जह० अंतो०, उक्क० सागरोवमसदपु० । अज० जह० एग०, उक्क० पुव्वकोडी देसू० ।] सादावे०-पुरिस०-जस०-तित्थय०-उच्चा० जह० णत्थि अंतरं । अज० ट्ठिदि० जह० एग०, उक्क० अंतो० । णिरयायु० उक्क०भंगो । तिरिक्ख-मणुसायु० जह० ट्ठिदि० णत्थि अंतरं । अज० अणुक्क०भंगो । देवायु० जह० जह० दसवस्ससहस्साणि सादि०, उक्क० कायट्ठिदी० । अज० ट्ठिदि० पगदिअंतरं । णिरयगदि-चदुजा०-णिरयाणु०-आदाव-थावरादि०४ उक्कस्सभंगो । तिरिक्खगदि-तिरिक्खाणु०-उज्जो० जह० अज० उक्कस्सभंगो । मणुसगदिपंचगस्स जह० अज० उक्कस्सभंगो । देवगदि०४ जह० अज० उक्कस्सभंगो । आहार०२ जह० णत्थि अंतरं । अज० जह० अंतो०, उक्क० कायट्ठिदी० ।

पञ्चेन्द्रिय जाति, तैजसशरीर, कार्मण शरीर, समचतुरस्रसंस्थान, वर्णचतुष्क, अगुरुलघु चतुष्क, प्रशस्तविहायोगति, त्रसचतुष्क, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, सुभग, सुस्वर, अनादेय, अयशःकीर्ति और और निर्माण प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल उत्कृष्टके समान है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। आठ कषायोंके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर सौ सागर पृथक्त्व है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम एक पूर्वकोटि है। सातावेदनीय, पुरुषवेद, यशःकीर्ति, तीर्थङ्कर और उच्चगोत्र प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल नहीं है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। नरकायुके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तर उत्कृष्टके समान है। तिर्यञ्चायु और मनुष्यायुके जघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल नहीं है। अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल अनुत्कृष्टके समान है। देवायुके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर साधिक दस हजार वर्ष है और उत्कृष्ट अन्तर कायस्थितिप्रमाण है। अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल प्रकृतिबन्धके अन्तरकालके समान है। नरकगति, चार जाति, नरकगत्यानुपूर्वी, आतप और स्थावर आदि चार प्रकृतियोंके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल उत्कृष्टके समान है। तिर्यञ्चगति, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी और उद्योत प्रकृतियोंके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तर उत्कृष्टके समान है। मनुष्यगतिपञ्चकके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तर उत्कृष्टके समान है। देवगतिचतुष्कके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तर उत्कृष्टके समान है। आहारकद्विकके जघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल नहीं है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर कायस्थितिप्रमाण है।

विशेषार्थ—पुरुषवेदमें पांच ज्ञानावरण आदि प्रथम दण्डकमें कही गई प्रकृतियोंका जघन्य स्थितिबन्ध क्षपकश्रेणिमें अपने अपने बन्धके अन्तमें होता है। अन्यत्र अजघन्य स्थितिबन्ध होता है, इसलिए इनके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धके अन्तरकालका निषेध किया है। सातावेदनीय आदि पांच प्रकृतियोंका जघन्य स्थितिबन्ध क्षपकश्रेणिमें होता है, इसलिए इनके जघन्य स्थितिबन्धका तो निषेध किया है पर तीर्थङ्कर प्रकृतिके सिवा इनके सप्रतिपक्ष प्रकृतियाँ होनेके कारण इनके अजघन्य स्थितिबन्धके प्राप्त होनेमें कोई बाधा नहीं आती इसलिये उसका जघन्य अन्तर एक समय और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त कहा है।

२७६. णवुंस० पंचणा०-चदुदंस०-चदुसंज०पंचंत० जह० अज० णत्थि अंतरं। थीणगिद्धि०३-मिच्छ०-अणंताणुबंधि०४-इत्थि०-णवुंस०-पंचसंठा०-पंचसंघ०-अप्पसत्थवि०-दूभग-दुस्सर-अणादे०-णीचा० जह० ट्ठिदि० ओघं। अज० जह० एग०, उक्क० तेत्तीसं० देसू०। णिद्दा-पचला-असादा०-हस्स-रदि-अरदि-सोग-भय-दुगुं०-पंचिंदि०-तेजा०-क०-समचदु०-वण्ण०४-अगुरु०४-पसत्थवि०-तस०४-थिराथिर-सुभासुभ-सुभग-सुस्सर-आदे०-अजस०-णिमि० जह० जह० अंतो०, उक्क० असंखेज्जा लोगा। अज० जह० एग०, उक्क० अंतो०। सादा०-पुरिस०-जस० जह० अज० ओघं। दो आयु०-वेउव्वियछक्क०-मणुसग०-मणुसाणु० ओघं। तिरिक्खायु० जह० जह० खुद्दाभव० समयू०, उक्क० सागरोवमसदंपुधत्तं। अज० ओघं। देवायु० तिरिक्खोघं। तिरिक्खग०-तिरिक्खाणु०-उज्जो०-णीचा० जह० ट्ठिदि० जह० अंतोमु०, उक्क० अणंतकालं०।

तथा उपशमश्रेणिमें मरणकी अपेक्षा तीर्थङ्कर प्रकृतिके अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त उपलब्ध होनेसे वह उक्त प्रमाण कहा है। तात्पर्य यह है कि जो उपशमश्रेणिमें एक समयके लिए अबन्धक होकर मरता है और देव होकर पुनः बन्ध करने लगता है उसके एक समय अन्तरकाल उपलब्ध होता है और जो अन्तर्मुहूर्त अबन्धक होकर मरता है और देव होकर पुनः बन्ध करने लगता है उसके अन्तर्मुहूर्त अन्तरकाल उपलब्ध होता है। आहारकद्विकका भी जघन्य स्थितिबन्ध क्षपकश्रेणिमें उपलब्ध होता है। इसलिए इसके जघन्य स्थितिबन्धके अन्तरकालका निषेध किया है। तथा शेष कथन स्पष्ट ही है।

२७६. नपुंसकवेदमें पांच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, चार संज्वलन और पांच अन्तराय प्रकृतियोंके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल नहीं है। स्त्यानगृद्धि तीन, मिथ्यात्व, अनन्तानुबन्धी चार, स्त्रीवेद, नपुंसकवेद, पाँच संस्थान, पांच संहनन, अप्रशस्त विहायोगति, दुर्भग, दुःस्वर अनादेय और नीचगोत्र प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्ध का अन्तरकाल ओघके समान है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है, और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम तेतीस सागर है। निद्रा, प्रचला, असातावेदनीय, हास्य, रति, अरति, शोक, भय, जुगुप्सा, पञ्चेन्द्रिय जाति, तैजसशरीर, कार्मण शरीर, समचतुरस्र-संस्थान, वर्णचतुष्क, अगुरुलघुचतुष्क, प्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, स्थिर अस्थिर, शुभ, अशुभ, सुभग, सुस्वर, आदेय, अयशःकीर्ति और निर्माण प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर असंख्यात लोक प्रमाण है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। सातावेदनीय, पुरुषवेद और यशःकीर्तिके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल ओघके समान है। दो आयु, वैक्रियिक छह, मनुष्यगति और मनुष्यगत्यानुपूर्वी प्रकृतियोंके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल ओघके समान है। तिर्यञ्चायुके जघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल एक समय कम क्षुल्लकभवग्रहण प्रमाण है और उत्कृष्ट अन्तर सौ सागर पृथक्त्व है। अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल ओघके समान है। देवायुके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल सामान्य तिर्यञ्चोंके समान है। तिर्यञ्चगति, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, उद्योत और नीचगोत्र प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर अनन्त काल है। अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तर अनुत्कृष्टके

अज० अणु०भंगो। चदुजादि-आदाव-थावरादि०४ जह० ओघं। अज० अणु०भंगो। ओरालि०-ओरालि०अंगो०-वज्जरिसभ० [जह०] ओघं। अज० जह० एग०, उक्क० पुव्वकोडी देसू०। अट्ठक० जह० अज० ओघं। आहार०२ जह० ट्ठिदि० णत्थि अंतरं। अज० ओघं। तित्थय० उक्कस्सभंगो।

२८०. अवगदवे० सगपगदीणं जह० ट्ठिदि० णत्थि अंतरं। अज० जह० उक्क० अंतो०।

२८१. कोधादि०४ खवगपगदीणं चदुआयु०-आहार०२ जह० अज० णत्थि

समान है। चार जाति, आतप और स्थावर आदि चार प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल ओघके समान है। अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तर अनुत्कृष्टके समान है। औदारिक शरीर, औदारिक आङ्गोपाङ्ग और वज्र्रषभनाराचसंहननके जघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल ओघके समान है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम एक पूर्वकोटि है। आठ कषायोंके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तर ओघके समान है। आहारकद्विकके जघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल नहीं है। अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल ओघके समान है। तीर्थङ्कर प्रकृतिके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल उत्कृष्टके समान है।

विशेषार्थ—नपुंसकवेदमें प्रथम दण्डकमें कही गई पांच ज्ञानावरण आदि प्रकृतियोंके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धके अन्तरकालके न होनेका स्पष्टीकरण जिस प्रकार पुरुषवेदमें कर आये हैं उसी प्रकार यहां भी कर लेना चाहिये। नपुंसकवेदमें सम्यक्त्वका उत्कृष्ट काल कुछ कम तेतीस सागर है और सम्यक्त्वके सद्भावमें स्त्रीवेद आदि दूसरे दण्डकमें कही गई प्रकृतियोंका बन्ध नहीं होता, इसलिए इनके अजघन्य स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम तेतीस सागर कहा है। बादर एकेन्द्रिय पर्याप्तका उत्कृष्ट अन्तरकाल असंख्यात लोकप्रमाण है, इसलिए यहां निद्रा आदि तीसरे दण्डकमें कही गई प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तरकाल असंख्यात लोकप्रमाण कहा है। बादर अग्निकायिक पर्याप्त और बादर वायुकायिक पर्याप्त जीवोंका उत्कृष्ट अन्तरकाल अनन्त काल है, इसलिए यहां तिर्यञ्चगति आदि तीन प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तर अनन्तकाल कहा है। कर्मभूमिज मनुष्य और तिर्यञ्चके उसी पर्यायमें उत्पन्न हुए सम्यक्त्वका उत्कृष्ट काल कुछ कम एक पूर्वकोटि है, और इसके औदारिक शरीर आदि चार प्रकृतियोंका बन्ध नहीं होता, इसलिए यहां इन प्रकृतियोंके अजघन्य स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम एक पूर्वकोटि कहा है। शेष कथन स्पष्ट ही है।

२८०. अपगतवेदमें अपनी प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका अन्तर काल नहीं है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है।

विशेषार्थ—अपगतवेदमें अपनी सब प्रकृतियोंका जघन्य स्थितिबन्ध क्षपक श्रेणिमें उपलब्ध होता है, इसलिए इनके जघन्य स्थितिबन्धके अन्तरकालका निषेध किया है तथा उपशम श्रेणिमें अपगतवेदीके अपनी प्रकृतियोंका अन्तर्मुहूर्त काल तक बन्ध नहीं होता, इसलिए यहां अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त कहा है।

२८१. क्रोधादि चार कषायवाले जीवोंमें क्षपक प्रकृतियां, चार आयु और आहारकद्विकके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल नहीं है। इतनी विशेषता है कि मान-

अंतरं । णवरि माणस्स कोधसंज० अज० जह० एग०, उक्क० अंतो० । एवं मायाए दो संजल०, लोभ० [चत्तारि] संजल० । सेसाणं जह० ट्ठिदि० णत्थि अंतरं । अज० जह० एग०, उक्क० अंतो० ।

२८२. मदि-सुद० पंचणा०-णवदंसणा०-सादासा०-मिच्छ०-सोलसक०-अट्ठणोक०-पंचिंदिय-तेजा०-क०-समचदु०-वण्ण०४-अगु०४-पसत्थवि०-तस०४-थिराथिर-सुभासुभ-सुभग-सुस्सर-आदे०-जस०-अजस०-णिमि०-पंचंत० जह० ट्ठि० जह० अंतो०, उक्क० असंखेज्जा लोगा । अज० जह० एग०, उक्क० अंतो० । णवुंस-ओरालि०-

---

कषायमें क्रोध संज्वलनके अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है । इसी प्रकार माया कषायमें दो संज्वलनोंका और लोभकषायमें चार संज्वलनोंका अन्तरकाल जानना चाहिए । तथा चारों कषायोंमें शेष प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल नहीं है । अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है ।

विशेषार्थ—चारों कषायोंमें चारों आयुओंका अजघन्य स्थितिबन्ध अन्तरके साथ दो बार सम्भव नहीं है और जघन्य स्थितिबन्ध एक बार ही होता है इसलिए तो इनके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धके अन्तरकालका निषेध किया । और क्षपक प्रकृतियों और आहारकद्विकका जघन्य स्थितिबन्ध क्षपक श्रेणिमें होता है । साथ ही उपशम श्रेणिमें कषायोंके रहते हुए क्षपक प्रकृतियोंकी बन्धव्युच्छित्ति नहीं होती । यद्यपि आहारकद्विककी बन्धव्युच्छित्ति हो जाती है पर उपशमश्रेणि पर चढ़ते और उतरते हुए कषायमें परिवर्तन होता है और उपशान्तमोहमें कषायका अभाव हो जाता है इसलिए इन चारों कषायोंमें न तो क्षपक प्रकृतियोंके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल उपलब्ध होता है और न आहारकद्विकके ही जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल उपलब्ध होता है, इसलिए यहां इसका निषेध किया है । यहां शेष प्रकृतियोंका एक कषायमें दो बार जघन्य स्थितिबन्ध सम्भव नहीं है, इसलिए सब प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धके अन्तरकालका निषेध किया है । पर जिसके एक कषायमें कमसे कम एक समयके लिए और अधिकसे अधिक अन्तर्मुहूर्तके लिए सब प्रकृतियोंका जघन्य स्थितिबन्ध होता है उसके अन्य सब प्रकृतियोंके अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त होनेसे वह उक्त प्रमाण कहा है । यहां मानकषायमें क्रोधसंज्वलनके, मायाकषायमें क्रोध और मान संज्वलनके और लोकषायमें क्रोध, मान माया और लोभ संज्वलनके अजघन्य स्थितिबन्धका जो जघन्य अन्तर एक समय और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त कहा है वह उपशमश्रेणिमें मरणकी अपेक्षासे जानना चाहिए । कारण स्पष्ट है ।

२८२. मत्यज्ञान और श्रुतज्ञानमें पांच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, सातावेदनीय, असातावेदनीय, मिथ्यात्व, सोलहकषाय, आठ नोकषाय, पञ्चेन्द्रिय जाति, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, समचतुरस्रसंस्थान, वर्णचतुष्क, अगुरुलघुचतुष्क, प्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, सुभग, सुस्वर, आदेय, यशःकीर्ति, अयशःकीर्ति, निर्माण और पाँच अन्तराय प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर असंख्यात लोक प्रमाण है । अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है । नपुंसकवेद, औदारिकशरीर, पाँच संस्थान, औदारिक

पंचसंठा०-ओरालि० अंगो०-छस्संघ०-अप्पसत्थ०-दूभग-दुस्सर-अणादे० ज० ट्ठि० ओघं। अज० जह० एग०, उक्क० तिण्णि पलिदो० देसू०। चदुआउ-वेउव्वियछक्क-मणुसग०-मणुसाणु० ओघं। तिरिक्खगदि-तिरिक्खाणु०-उज्जो० जह० ट्ठिदि० ओघं। अज० जह० एग०, उक्क एक्कत्तीसं साग० सादि०। चदुजादि-आदाव-थावरादि०४ जह० अज० णवुंसगभंगो। णीचागो० ज० ट्ठि० ओघं। अज० जह० एग०, उक्क० तिण्णि पलिदो० देसू०। उच्चा० जह० अज० जह० अंतो० एग०, उक्क० असंखेज्जा लोगा।

२८३. विभंगे पंचणा०-णवदंसणा०-मिच्छत्त-सोलसक०-भय-दुगु०-णिरय-

आङ्गोपाङ्ग, छह संहनन, अप्रशस्त विहायोगति, दुर्भग, दुःस्वर और अनादेय प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल ओघके समान है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम तीन पल्य है। चार आयु, वैक्रियिक छह, मनुष्यगति और मनुष्यगत्यानुपूर्वीके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तर ओघके समान है। तिर्यञ्चगति, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी और उद्योत प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल ओघके समान है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक इकतीस सागर है। चार जाति आतप और स्थावर आदि चार प्रकृतियोंके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल नपुंसकवेदके समान है। नीचगोत्रके जघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल ओघके समान है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम तीन पल्य है। उच्चगोत्रके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर क्रमसे अन्तर्मुहूर्त और एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर दोनों का असंख्यात लोक प्रमाण है।

विशेषार्थ—इन दोनों अज्ञानोंमें प्रथम दण्डकमें कही गई प्रकृतियोंका जघन्य स्थितिबन्ध बादर एकेन्द्रिय पर्याप्तक जीवोंके होता है और इनकी कायस्थिति असंख्यात लोक प्रमाण है, इसलिए यहाँ उक्त प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तर असंख्यात लोक प्रमाण कहा है। यहाँ कायस्थितिके प्रारम्भमें और अन्तमें जघन्य स्थितिबन्ध करा कर यह अन्तरकाल ले आना चाहिए। नपुंसकवेद आदि दूसरे दण्डकमें कही गई प्रकृतियोंका भोगभूमिमें बन्ध नहीं होता, इसलिए यहाँ उनके अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धका कुछ कम तीन पल्य अन्तरकाल कहा है। यहाँ इन प्रकृतियोंके अजघन्य स्थितिबन्धका यह अन्तरकाल इसी प्रकार कहा है। यह तीन पल्यमें कुछ कम कहा यह विचारणीय है। नीचगोत्रके अजघन्य स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तरकाल इसी प्रकार जानना चाहिए। तिर्यञ्चगति आदि तीन प्रकृतियोंका बारहवें कल्पके ऊपर बन्ध नहीं होता और वहाँ दोनों अज्ञानोंका उत्कृष्ट काल इकतीस सागर है। इसीसे यहाँ उक्त प्रकृतियोंके अजघन्य स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तरकाल साधिक सागर कहा है। ये सप्रतिपक्ष प्रकृतियाँ होनेसे यह साधिक काल बन जाता है। जिस बादर पृथिवीकायिक पर्याप्त जीवने कायस्थितिके आदिमें और अन्तमें उच्चगोत्रका जघन्य स्थितिबन्ध किया उसके तो इसके जघन्य स्थितिबन्धका असंख्यात लोक प्रमाण उत्कृष्ट अन्तरकाल उपलब्ध होता है तथा अग्निकायिक और वायुकायिक जीवोंके इसका बन्ध नहीं होनेसे अजघन्य स्थितिबन्धका उक्त प्रमाण उत्कृष्ट अन्तरकाल उपलब्ध होता है। इसलिए वह उक्त प्रमाण कहा है। शेष कथन स्पष्ट ही है।

२८३. विभङ्गज्ञानमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, भय,

देवायु०-तेजा०-क०-वएण०४-अगु०-उप०-णिमि०-पंचंत० जह० अज० णत्थि अंतरं। सादा०-पुरिस०-हस्स-रदि-वेउव्वियछ०-चदुजादि-समचदु०-वज्जरिसभ०-पर०-उस्सा० उज्जो०-पसत्थ०-तस०-बादर-सुहुम-पज्जत्तापज्जत्त-पत्तेय०-साधारण-थिरादिछक्क-णीचुच्चा० ज० ट्ठिदि० णत्थि अंतरं। अज० जह० एग०, उक्क० अंतो०। असादा०-इत्थि०-णवुंस०-अरदि-सोग-पंचसंठा०-पंचसंघ०-अप्पसत्थ०-अथिरादिछ० जह० जह० अंतो०, उक्क० तेत्तीसं सा० देसू०। अज० जह० एग०, उक्क० अंतो०। तिरिक्ख-मणुसायु० णिरयोघं। एइंदि०-आदाव-थावर०जह० जह० अंतो०, उक्क० वेसाग० सादि०। अज० जह० एग०, उक्क० अंतो०। दोगदि-ओरालि०-ओरालि०-अंगो०-दोआणु० ज० ट्ठि० णत्थि अंतरं। अज० ज० एग०, उक्क० अंतो०।

जुगुप्सा, नरकायु, देवायु, तैजसशरीर, कार्मणशरीर वर्णचतुष्क, अगुरुलघु, उपघात, निर्माण और पाँच अन्तराय प्रकृतियोंके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल नहीं है। सातावेदनीय, पुरुषवेद, हास्य, रति, वैक्रियिक छह, चार जाति, समचतुरस्रसंस्थान, वज्रर्षभनाराचसंहनन, परघात, उच्छ्वास, उद्योत, प्रशस्त विहायोगति, त्रस, बादर, सूक्ष्म, पर्याप्त, अपर्याप्त, प्रत्येक शरीर, साधारण, स्थिर आदि छह, नीच गोत्र और उच्चगोत्र प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल नहीं है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। असातावेदनीय, स्त्रीवेद, नपुंसकवेद, अरति, शोक, पांच संस्थान, पांच संहनन, अप्रशस्त विहायोगति और अस्थिर आदि छहके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम तेतीस सागर है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। तिर्यञ्चायु और मनुष्यायुके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तर सामान्य नारकियोंके समान है। एकेन्द्रिय जाति, आतप और स्थावरके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक दो सागर है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। दो गति, औदारिक शरीर, औदारिक आङ्गोपाङ्ग और दो आनुपूर्वीके जघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल नहीं है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है।

विशेषार्थ—विभङ्गज्ञानमें नरकायु और देवायुके सिवा प्रथम दण्डकमें कही गई प्रकृतियोंका जघन्य स्थितिबन्ध संयमके अभिमुख हुए जीवके होता है, इसलिए यहां इनके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धके अन्तरकालका निषेध किया है। नरकायु और देवायुके जघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल नहीं है यह तो स्पष्ट ही है। इसी प्रकार इनके अजघन्य स्थितिबन्धके अन्तरकालका यथायोग्य अभाव जान लेना चाहिए। सातावेदनीय आदि दूसरे दण्डकमें कही गई प्रकृतियोंका जघन्य स्थितिबन्ध संयमके अभिमुख हुए जीवके होता है इसलिए इनके जघन्य स्थितिबन्धके अन्तरकालका निषेध किया है। इनके अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल स्पष्ट ही है। जो नारकी भवके प्रारम्भमें पर्याप्त होने पर असातादि प्रकृतियोंका जघन्य स्थितिबन्ध करके पुनः भवके अन्तमें बन्ध करता है उसके इन प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम तेतीस सागर उपलब्ध होनेसे वह उक्त प्रमाण कहा है। शेष कथन स्पष्ट ही है।

२८४. आभि०-सुद०-ओधि० पंचणा०-छदंसणा०-सादा०-चदुसंज०-पुरिस०-हस्स-रदि-भय-दुगुं०-पंचिंदि०-तेजा०-क०-समचदु०-वण्ण०४-अगुरु०४-पसत्थ०-तस०४-थिरादिछक्क-णिमि०-तित्थय०-उच्चा०-पंचंत० ज० ट्ठिदि० णत्थि अंतरं। अज० जह० एग०, उक्क० अंतो०। णवरि णिद्दा-पचला अज० ज० उक्क० अंतो०। असादा०-अरदि-सोग-अथिर-असुभ-अजस० जह० [जह०] अंतो०, उक्क० छावट्ठिसाग० सादि०। अज० जह० एग०, उक्क० अंतो०। अट्ठक० ज० ट्ठि० ज० अंतो०, उक्क० छावट्ठिसाग० सादि०। अज० ज० अंतो०, उक्क० पुव्वकोडी देसू०। दो आयु० उक्कस्सभंगो। मणुसगदिपंचगस्स ज० ट्ठि० ज० अंतो०, उक्क० छावट्ठिसाग० सादि०। अज० ज० एग०, उक्क० पुव्वकोडी० सादि०। देवगदि०४-आहार०२ ज० ट्ठि० णत्थि अंतरं। अज० ज० अंतो०, उक्क० तेत्तीसं सा० सादि०।

---

२८४. आभिनिवोधिकज्ञानी, श्रुतज्ञानी और अवधिज्ञानी जीवोंमें पांच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, सातावेदनीय, चार संज्वलन, पुरुषवेद, हास्य, रति, भय, जुगुप्सा, पञ्चेन्द्रिय-जाति, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, समचतुरस्रसंस्थान, वर्णचतुष्क, अगुरुलघु४, प्रशस्तविहायोगति, त्रसचतुष्क, स्थिर आदि छह, निर्माण, तीर्थङ्कर, उच्चगोत्र और पाँच अन्तराय प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिवन्धका अन्तरकाल नहीं है। अजघन्य स्थितिवन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। इतनी विशेषता है कि निद्रा और प्रचलाके अजघन्य स्थितिवन्धका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। असातावेदनीय, अरति, शोक, अस्थिर, अशुभ और अयशःकीर्ति प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिवन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक छ्यासठ सागर है। अजघन्य स्थितिवन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। आठ कषायोंके जघन्य स्थितिवन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक छ्यासठ सागर है। अजघन्य स्थितिवन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम एक पूर्वकोटि है। दो आयुओंका भङ्ग उत्कृष्टके समान है। मनुष्यगति पञ्चकके जघन्य स्थितिवन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक छ्यासठ सागर है। अजघन्य स्थितिवन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक एक पूर्वकोटि है। देवगति चतुष्क और आहारकद्विकके जघन्य स्थितिवन्धका अन्तरकाल नहीं है। अजघन्य स्थितिवन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक तेतीस सागर है।

विशेषार्थ—इन तीन ज्ञानोंमें प्रथम दण्डकमें कही गई प्रकृतियोंका जघन्य स्थितिवन्ध क्षपकश्रेणिमें होता है, इसलिए इनके जघन्य स्थितिवन्धके अन्तर कालका निषेध किया है। तथा इनमेंसे कुछ तो सान्तर प्रकृतियां है, सव नहीं हैं, फिर भी उपशम श्रेणिमें मरणकी अपेक्षा इनके अजघन्य स्थितिवन्धका जघन्य अन्तर एक समय और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त उपलब्ध होनेसे वह उक्त प्रमाण कहा है। इतनी विशेषता है कि आठवें गुणस्थानके जिस भागमें निद्रा और प्रचलाकी व्युच्छित्ति होती है वह मरणसे रहित है इसलिए इनके अजघन्य स्थितिवन्धका जघन्य अन्तर भी अन्तर्मुहूर्त कहा है। जिस जीवने सम्यक्त्वको प्राप्त कर प्रमत्तसंयत गुणस्थानमें असाता आदिका जघन्य स्थितिवन्ध किया। पुनः वह साधिक छ्यासठ सागर काल तक सम्यक्त्वके साथ रहा और अन्तमें पुनः प्रमत्तसंयत गुणस्थानमें जघन्य स्थितिवन्ध किया उसके असाता आदि प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिवन्धका

२८५. मणपज्ज० पंचणा०-छदंसणा०-चदुसंज०-पुरिस०-भय-दुगुं०-देवगदि-पंचिंदि०-तिण्णिसरीर-समदु०-वेउव्वि०अंगो०-वण्ण०४-देवाणु०-अगु०४-पसत्थ०-तस०४-सुभग-सुस्सर-आदे०-णिमि०-तित्थय०-उच्चा०-पंचंत० ज० णत्थि अंतरं। अज० ज० उक्क० अंतो०। सादा०-हस्स-रदि-थिर-सुभ-जस० ज० णत्थि अंतरं। अज० जह० एग०, उक्क० अंतो०। असादा०-अरदि-सोग-अथिर-असुभ-अजस० ज० ज० अंतो०, उक्क० पुव्वकोडी देसू०। अज० ज० एग०, उक्क० अंतो०। देवायु० उक्कस्सभंगो। आहार०२ ज० ट्ठि० णत्थि अंतरं। अज० ज० उक्क० अंतो०। एवं संजदाणं।

उत्कृष्ट अन्तर साधिक छ्यासठ सागर उपलब्ध होनेके कारण वह उक्त प्रमाण कहा है। इसी प्रकार आठ कषायोंके जघन्य स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तर काल साधिक छ्यासठ सागर ले आना चाहिए। मात्र इनका जघन्य स्थितिबन्ध अविरत सम्यग्दृष्टि और संयतासंयत जीवके करा कर यह अन्तरकाल लाना चाहिए। यहां इनके अजघन्य स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम एक पूर्वकोटि कहा है। सो यह अन्तर इतने कालतक संयतासंयत और संयत रख कर लाना चाहिए। मनुष्यगतिपञ्चकके जघन्य स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तर भी साधिक छ्यासठ सागर तक सम्यग्दृष्टि रखकर प्राप्त करना चाहिए। मात्र इस कालके प्रारम्भमें और अन्तमें देव और नारकीके जघन्य स्थितिबन्ध कराकर इसे लाना चाहिए। आहारकद्विकका जघन्य स्थितिबन्ध क्षपकश्रेणिमें प्राप्त होता है। इसलिए यहां इनके अन्तरकालका निषेध किया है। जो संयत जीव इनका अजघन्य स्थितिबन्ध करके और मर कर तेतीस सागरकी आयुके साथ देव होता है और वहांसे आकर अप्रमत्त संयत होकर पुनः आहारकद्विकका बन्ध करता है उसके इनके अजघन्य स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तर साधिक तेतीस सागर प्राप्त होनेके कारण वह उक्त प्रमाण कहा है। शेष कथन सुगम है।

२८५. मनःपर्ययज्ञानमें पांच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, चार संज्वलन, पुरुषवेद, भय, जुगुप्सा, देवगति, पञ्चेन्द्रिय जाति, तीन शरीर, समचतुरस्रसंस्थान, वैक्रियिक आङ्गोपाङ्ग, वर्णचतुष्क, देवगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, प्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, सुभग, सुस्वर, आदेय, निर्माण, तीर्थङ्कर, उच्चगोत्र और पांच अन्तराय प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल नहीं है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है। सातावेदनीय, हास्य, रति, स्थिर, शुभ और यशःकीर्ति प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल नहीं है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। असातावेदनीय, अरति, शोक, अस्थिर, अशुभ और अयशःकीर्ति प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम एक पूर्वकोटि है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। देवायुका भङ्ग उत्कृष्टके समान है। आहारकद्विकके जघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल नहीं है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। इसी प्रकार संयत जीवोंके जानना चाहिए।

विशेषार्थ—मनःपर्ययज्ञानमें प्रथम दण्डकमें कही गई पांच ज्ञानावरण आदि प्रकृतियोंका जघन्य स्थितिबन्ध क्षपक श्रेणिमें होता है, इसलिए इनके जघन्य स्थितिबन्धके अन्तर कालका निषेध किया है। मनःपर्ययज्ञानमें इन प्रकृतियोंकी बन्धव्युच्छित्ति हो जानेपर पुनः अन्तर्मुहूर्तके बाद इनका बन्ध होता है इसलिए यहाँ इनके अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य

२८६. सामाइ०-छेदो० धुविगाणं ज० अज० ट्ठि० णत्थि अंतरं। तित्थयरं धुविगाणं भंगो। सेसाणं मणपज्जवभंगो। परिहार० सव्वपगदीणं जह० ज० अंतो०, उक्क० पुव्वकोडी देसू०। अज० जह० एग०, उक्क० अंतो०। सुहुमसांपराइ० सव्वपगदीणं जह० अज० णत्थि अंतरं। संजदासंजदा० धुविगाणं ज० अज० णत्थि अंतरं। परियत्तमाणियाणं संजदभंगो। आयु० परिहारभंगो।

२८७. असंज० पंचणा०-छदंसणा०-सादासा०-बारसक०-[सत्तणोक०-]पंचिंदि०-तेजा०-क०-समचदु०-वण्ण०४-अगुरु०४-पसत्थ०-तस०४-थिराथिर-सुभासुभ-सुभग-सुस्सर-आदे०-जस०-अजस०-णिमि०-पंचंत० ज० अज० मदि०भंगो। थीणगिद्धि०३-मिच्छ०-अणंताणुबंधि०४-इत्थि०-णवुंस०-पंचसंठा०-पंचसंघ०-अप्पसत्थ०-दूभग-

और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त कहा है। यहाँ सातावेदनीय आदिका भी जघन्य स्थितिबन्ध क्षपक श्रेणिमें होता है, इसलिए इनके भी जघन्य स्थितिबन्धके अन्तर कालका निषेध किया है। इनके अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त स्पष्ट ही है। असाता वेदनीय आदिका जघन्य स्थितिबन्ध प्रमत्तसंयतके होता है। जो मनःपर्ययज्ञानके प्राप्त होनेके प्रारम्भमें और अन्तमें इनका जघन्य स्थितिबन्ध करता है उसके इनके जघन्य स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम एक पूर्व कोटि प्राप्त होनेसे वह उक्त प्रमाण कहा है। संयम मार्गणाके कथनमें मनःपर्ययज्ञानके कथनसे कोई अन्तर नहीं है इसलिए इसमें सब प्रकृतियोंके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल मनःपर्ययज्ञानके समान कहा है। शेष कथन स्पष्ट ही है।

२८६. सामायिक संयत और छेदोपस्थापना संयत जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल नहीं है। तीर्थङ्कर प्रकृतिका भङ्ग ध्रुवबन्ध प्रकृतियोंके समान है। शेष प्रकृतियोंका भंग मनःपर्ययज्ञानके समान है। परिहारविशुद्धि संयत जीवोंमें सब प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर एक पूर्वकोटि है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। सूक्ष्मसाम्परायिक संयत जीवोंमें सब प्रकृतियोंके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल नहीं है। संयतासंयत जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल नहीं है। परावर्तमान प्रकृतियोंका भङ्ग संयतोंके समान है और दोनों आयुओंका भङ्ग परिहारविशुद्धि संयत जीवोंके समान है।

विशेषार्थ—इन सब संयमोंमें सब प्रकृतियोंका जो अन्तरकाल कहा है उसे स्वामीका विचार कर ले आना चाहिये। विशेष बात न होनेसे यहाँ हमने अलग-अलग स्पष्टीकरण नहीं किया है।

२८७. असंयत जीवोंमें पांच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, साता वेदनीय, असाता वेदनीय, बारह कषाय, सात नोकषाय, पञ्चेन्द्रिय जाति, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, समचतुरस्र संस्थान, वर्णचतुष्क, अगुरुलघु चतुष्क, प्रशस्तविहायोगति, त्रसचतुष्क, स्थिर, अस्थिर, शुभ अशुभ, सुभग, सुस्वर, आदेय, यशःकीर्ति, अयशःकीर्ति, निर्माण और पांच अन्तराय प्रकृतियोंके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल मत्यज्ञानियोंके समान है। स्त्यानगृद्धि तीन, मिथ्यात्व, अनन्तानुबन्धी चार, स्त्रीवेद, नपुंसकवेद, पांच संस्थान, पांच संहनन, अप्रशस्तविहायोगति, दुर्भग, दुःस्वर और अनादेय प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्ध

दुस्सर-अणादे० ज० ओघं। अज० णवुंसगभंगो। चदुआयु०-वेउव्वियछ०-मणुसग०-मणुसाणु०-उच्चा० मदि०भंगो। तिरिक्खगदि०४ ज० ट्ठि० जह० ओघं। अज० जह० एग०, उक्क० तेत्तीसं० देसू०। चदुजादि-आदाव-थावरादि०४ णवुंसगभंगो। ओरालि०-ओरालि०अंगो०-वज्जरि० ओघं। तित्थय० ज० णत्थि अंतरं। अज० जह० उक्क० अंतो०।

२८८. चक्खु० तसपज्जत्तभंगो। अचक्खु० मूलोघं। ओधिदं० ओधिणाणिभंगो।

२८९. तिण्णिलेस्साणं पंचणा०-छदंसणा०-सादासा०-बारसक०-सत्तणोक०-णिरयगदि-देवगदि-पंचजादि-ओरालि०-तेजा०-क०-समचदु०-ओरालि०अंगो०-वज्ज-रिसभ०-वण्ण०४-दोआणु०-अगु०४-[आदाव-]पसत्थ०-तस०४- [थावर०४] थिराथिर-सुभासुभ-सुभग-सुस्सर-आदे०-जस०-अजस०-णिमि०-तित्थय०-पंचंत० ज० ट्ठि० णत्थि अंतरं। अज० ज० एग०, उक्क० अंतो०। थीणगिद्धि०३-मिच्छ०-अणंताणुबंधि०४-इत्थि०-णवुंस०-तिरिक्ख-मणुसग०-पंचसंठा०-पंचसंघ०-दोआणुपु०-उज्जो०-

का अन्तरकाल ओघके समान है। तथा अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तर नपुंसकवेदके समान है। चार आयु, वैक्रियिक छह, मनुष्यगति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी और उच्चगोत्रका भङ्ग मत्यज्ञानियोंके समान है। तिर्यञ्चगति चतुष्कके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर ओघके समान है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम तेतीस सागर है। चार जाति, आतप और स्थावर आदि चारका भङ्ग नपुंसक वेदी जीवोंके समान है। औदारिक शरीर, औदारिक आङ्गोपाङ्ग और वज्रर्षभनाराच संहनन का भङ्ग ओघके समान है। तीर्थङ्कर प्रकृतिके जघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल नहीं है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है।

विशेषार्थ—सातवें नरकमें सम्यक्त्वका उत्कृष्ट काल कुछ कम तेतीस सागर होनेसे यहाँ अजघन्य स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तर काल कुछ कम तेतीस सागर कहा है। यहाँ तीर्थङ्कर प्रकृतिका बन्ध संयमके अभिमुख हुए जीवके होता है, इसलिए इसके जघन्य स्थितिबन्धके अन्तरकालका निषेध किया है। शेष कथन सुगम है।

२८८. चक्षुदर्शनवाले जीवोंमें त्रसपर्याप्तकोंके समान भङ्ग है। अचक्षुदर्शनवाले जीवोंमें मूलोघके समान भङ्ग है। अवधिदर्शनवाले जीवोंमें अवधिज्ञानियोंके समान भङ्ग है।

२८९. तीन लेश्याओंमें पांच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, साता वेदनीय, असाता वेदनीय, बारह कषाय, सात नोकषाय, नरकगति, देवगति, पांच जाति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, समचतुरस्रसंस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, वज्रर्षभनाराच संहनन, वर्णचतुष्क दो आनुपूर्वी, अगुरुलघु चतुष्क, आतप, प्रशस्त विहायोगति, त्रस चतुष्क, स्थावर चतुष्क, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, सुभग, सुस्वर, आदेय, यशःकीर्ति, अयशःकीर्ति, निर्माण, तीर्थङ्कर और पांच अन्तराय प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल नहीं है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। स्त्यानगृद्धि तीन, मिथ्यात्व, अनन्तानुबन्धी चार, स्त्रीवेद, नपुंसकवेद, तिर्यञ्चगति, मनुष्यगति, पांच संस्थान, पांच संहनन, दो आनुपूर्वी, उद्योत, अप्रशस्त विहायोगति, दुर्भग,

१. मूलप्रतौ अगु०४ अपसत्थ० तस ४ इति पाठः।

अप्पसत्थ०-दूभग-दुस्सर-अणादे०-णीचुच्चा० जह० ट्ठिदि० णत्थि अंतरं। अज[1]० जह० एग०, उक्क० तेत्तीसं सत्तारस सत्त सागरो० देसू०। णिरय-देवायु० जह० अज० णत्थि अंतरं। तिरिक्ख-मणुसायु० णिरयभंगो। वेउव्वि०-वेउव्वि०अंगो० जह० ट्ठिदि० णत्थि अंतरं। अज० जह० एग०, उक्क० वावीसं सत्तारस सत्त साग०। णवरि णील-काऊए मणुसग०-मणुसाणु०-उच्चा० पढमदंडगे भाणिदव्वं। काऊए तित्थय० जह० जह० अंतो०, उक्क० तिण्णि साग० सादि०। अज० जह० एग०, उक्क० अंतो०।

दुःस्वर, अनादेय, नीचगोत्र और उच्च गोत्र प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल नहीं है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम तेतीस सागर, कुछ कम सत्रह सागर और कुछ कम सात सागर है। नरकायु और देवायुके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल नहीं है। तिर्यञ्चायु और मनुष्यायुके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल नारकियोंके समान है। वैक्रियिक शरीर और वैक्रियिक आङ्गोपाङ्गके जघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल नहीं है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय और उत्कृष्ट अन्तर बाईस सागर, सत्रह सागर और सात सागर है। इतनी विशेषता है कि नील और कापोत लेश्यामें मनुष्यगति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी और उच्चगोत्रको प्रथम दण्डकमें कहना चाहिए। कापोत लेश्यामें तीर्थङ्कर प्रकृतिके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक तीन सागर है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है।

विशेषार्थ—कृष्ण लेश्यामें सम्यक्त्वका उत्कृष्ट काल कुछ कम तेतीस सागर, नील लेश्यामें कुछ कम सत्रह सागर और कापोत लेश्यामें कुछ कम सात सागर है। इसीसे यहाँ स्त्यानगृद्धि तीन आदिके अजघन्य स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तर इन लेश्याओंमें उक्त प्रमाण कहा है। इतनी विशेषता है कि कृष्ण लेश्यामें मनुष्यगति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी और उच्चगोत्रके अजघन्य स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तरकाल मध्यमें कुछ कम तेतीस सागरतक मिथ्यादृष्टि रखकर ले आना चाहिये। कारण कि सातवें नरकमें इन तीन प्रकृतियोंका मिथ्यादृष्टिके बन्ध नहीं होता। तथा नील और कापोत लेश्यामें इनका बन्ध मिथ्यादृष्टिके भी होता है। यही कारण है कि मूलमें इन दोनों लेश्याओंमें इन प्रकृतियोंका प्रथम दण्डक के साथ कथन करनेकी सूचना की है। यहां तीनों लेश्याओंमें जो जीव नरकगतिमें जाता है और वहांसे आता है उसके इन लेश्याओंके सद्भावमें नरकगति, देवगति, नरकानुपूर्वी और देवानुपूर्वीका बन्ध नहीं होता। इसीसे यहां इन तीन लेश्याओंमें इन प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धके अन्तरकालका निषेध किया है और अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त कहा है। तथा इसी प्रकार सातवें नरकमें जानेवाले जीवके कृष्णलेश्यामें वैक्रियिकद्विकका बन्ध नहीं होता। इन तीन लेश्याओंमें छठवें नरकतक जानेवाले जीवके नरक जानेके पूर्व और वहांसे आनेके बाद इन लेश्याओंमें अवश्य ही इन दोनों प्रकृतियोंका स्थितिबन्ध सम्भव है। इसीसे इन तीन लेश्याओंमें इन दोनों प्रकृतियोंके अजघन्य स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तर क्रमसे बाईस सागर, सत्रह सागर और सात सागर कहा है। शेष कथन सुगम है।

1. मूलप्रतौ जह० जह० एग० इति पाठः।

२६०. तेऊए पंचणा०-छदंसणा०-चदुसंज०-भय-दुगुं०-तेजा०-क०-वण्ण०४-अगुरु०४--बादर--पज्जत्त--पत्तेय--णिमिण--तित्थय०-पंचंत० ज० णत्थि अंतरं। अज० ज० उक्क० अंतो०। अथवा जह० एग०, उक्क० अंतो०। थीणगिद्धि०३-मिच्छ०--अणंताणुबंधि०४ जह० ट्ठिदि० णत्थि अंतरं। अज० जह० अंतो०, उक्क० बेसाग० सादि०। सादासा०-पुरिस०-हस्स-रदि-अरदि-सोग-पंचिंदि०-समचदु०-पसत्थवि०-तस०-[थावर०-] थिराथिर-सुभासुभ-सुभग-सुस्सर-आदे०-जस०-अजस०-उच्चा० जह० ट्ठिदि० णत्थि अंतरं। अज० जह० एग०, उक्क० अंतो०। अट्ठक०-देवायु०-आहार०२ जह० अज० णत्थि अंतरं। इत्थि०-णवुंस०-तिरिक्खगदि-एइंदि०-पंचसंठा०-पंचसंघ०--तिरिक्खाणु०--आदाउज्जो०--अप्पसत्थ०--दूभग--दुस्सर--अणादे०-णीचा० जह० अंतो०, उक्क० बेसाग० सादि०। अज० जह० एग०, उक्क० बेसाग० सादि०। तिरिक्ख-मणुसा० देवोघं। मणुसगदिपंचग० जह० जह०[1] अंतो०, उक्क० बेसाग० सादि०। अज० जह० एग०, उक्क० अंतो०। देवगदि०४ जह० णत्थि अंतरं। अज० जह० पलिदो० सादि०, उक्क० बेसाग० सादि०। एवं पम्माए। णवरि सगट्ठिदी भाणिदव्वा। पंचिंदिय-तस० पढमदंडगे पविट्ठं।

२९०. पीतलेश्यामें पाँच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, चार संज्वलन, भय, जुगुप्सा, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, वर्णचतुष्क, अगुरुलघुचतुष्क, बादर, पर्याप्त, प्रत्येकशरीर, निर्माण, तीर्थङ्कर और पाँच अन्तराय प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल नहीं है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। अथवा जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। स्त्यानगृद्धि तीन, मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धी चार प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल नहीं है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक दो सागर है। सातावेदनीय, असातावेदनीय, पुरुषवेद, हास्य, रति, अरति, शोक, पञ्चेन्द्रिय जाति, समचतुरस्रसंस्थान, प्रशस्तविहायोगति, त्रस, स्थावर, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, सुभग, सुस्वर, आदेय, यशःकीर्ति, अयशःकीर्ति और उच्चगोत्र प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल नहीं है, अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। आठ कषाय, देवायु और आहारकद्विकके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल नहीं है। स्त्रीवेद, नपुंसकवेद, तिर्यञ्चगति, एकेन्द्रिय जाति, पांच संस्थान, पांच संहनन, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, आतप, उद्योत, अप्रशस्तविहायोगति, दुर्भग, दुःस्वर, अनादेय और नीच गोत्र प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तरकाल साधिक दो सागर है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक दो सागर है। तिर्यञ्चायु और मनुष्यायुका भङ्ग सामान्य देवोंके समान है। मनुष्यगतिपञ्चकके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक दो सागर है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। देवगतिचतुष्कके जघन्य स्थितिबन्धका अन्तर काल नहीं है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर साधिक एक पल्य है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक दो सागर है। इसी प्रकार पद्म लेश्यामें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि अपनी स्थिति कहनी चाहिए। तथा पञ्चेन्द्रिय जाति और त्रसकाय ये दो प्रकृतियाँ प्रथम दण्डकमें सम्मिलित कर लेनी चाहिए।

१. मूलप्रतौ जह० अज्ज० अंतो० इति पाठः।

२६१. सुक्काए पंचणा०-छदंसणा०-सादासा०-चदुसंज०-सत्तणोक०-पंचिंदिय-तेजा०-क०-समचदु०-वण्ण०४-अगुरु०४-[आदाव-] पसत्थ०-तस०४-थिराथिर-सुभासुभ-सुभग-सुस्सर-आदे०-जस०-अजस०-णिमि०-तित्थय०-उच्चा०-पंचंत० जह० ट्ठिदि० णत्थि अंतरं। अज० जह० एग०, उक० अंतो०। थीणगिद्धि०३-मिच्छ०-अणंताणुबंधि०४ जह० ट्ठिदि० णत्थि अंतरं। अज० जह० अंतो०, उक० एकत्तीसं० देसू०। अट्ठक०-देवायु० जह० अज० णत्थि अंतरं। इत्थि०-णवुंस०-पंचसंठा०-पंचसंघ०-अप्पसत्थ०-दूभग-दुस्सर-अणादे०[1] जह० अज० जह० अंतो० एग०,

विशेषार्थ—पीतलेश्यामें प्रथम दण्डकमें कही गई प्रकृतियोंका जघन्य स्थितिबन्ध सर्वविशुद्ध अप्रमत्तसंयतके होता है और इस लेश्याके कालके भीतर दूसरी बार जघन्य स्थितिबन्धके योग्य परिणाम उपलब्ध नहीं होते, इसलिए यहाँ इन प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धके अन्तरकालका निषेध किया है। तथा यहाँ इन प्रकृतियोंके अजघन्य स्थितिबन्धका काल दो प्रकारसे बतलाया है सो इसका कारण यह प्रतीत होता है कि जो अप्रमत्तसंयत जीव क्षायिक सम्यक्त्वकी उत्पत्तिके समय स्थितिबन्धापसरण करते हुए इन प्रकृतियोंका जघन्य स्थितिबन्ध करता है उसके *अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट* अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त उपलब्ध होता है और जो स्वस्थानमें इनका जघन्य स्थितिबन्ध करता है उसके इनके अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त उपलब्ध होता है। इससे वह दो प्रकारका कहा है। स्त्यानगृद्धि तीन आदि आठ प्रकृतियोंका जघन्य स्थितिबन्ध यहां संयमके अभिमुख जीवके होता है, इसलिए इनके जघन्य स्थितिबन्धके अन्तरकालका निषेध किया है। तथा इस लेश्यामें सम्यक्त्वका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट काल साधिक दो सागर होनेसे यहां इन प्रकृतियोंके अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट अन्तर साधिक दो सागर कहा है। साता आदि प्रकृतियोंमेंसे कुछका यहां अप्रमत्तसंयत जीवके और कुछका प्रमत्तसंयत जीवके जघन्य स्थितिबन्ध होता है। यहां भी लेश्याके कालके भीतर दो बार जघन्य स्थितिबन्ध नहीं होता, इसलिए इन प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका निषेध किया है। इसी प्रकार आगे भी स्वामित्वका विचारकर शेष प्रकृतियोंके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल जान लेना चाहिए।

२६१. शुक्ललेश्यामें पांच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, सातावेदनीय, असातावेदनीय, चार संज्वलन, सात नोकषाय, पञ्चेन्द्रिय जाति, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, समचतुरस्र-संस्थान, वर्णचतुष्क, अगुरुलघुचतुष्क, आतप, प्रशस्तविहायोगति, त्रसचतुष्क, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, सुभग, सुस्वर, आदेय, यशःकीर्ति, अयशःकीर्ति, निर्माण, तीर्थङ्कर, उच्चगोत्र और पाँच अन्तराय प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल नहीं है। अजघन्य स्थिति-बन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। स्त्यानगृद्धि तीन, मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धी चारके जघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल नहीं है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम इकतीस सागर है। आठ कषाय और देवायुके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल नहीं है। स्त्रीवेद, नपुंसकवेद, पाँच संस्थान, पाँच संहनन, अप्रशस्तविहायोगति, दुर्भग, दुःस्वर, और अनादेयके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त और एक

1. मूलप्रतौ अणादेय णीचागो० जह० इति पाठः।

उक्क० एक्कत्तीसं सा० देसू० । मणुसायु० देवभंगो । मणुसगदिपंचगस्स जह० जह० अंतो०, उक्क० तेत्तीसं सा० देसू० । अज० जह० एग०, उक्क० अंतो० । देवगदि०४ जह०[1] णत्थि अंतरं । अज० जह० अंतो०, उक्क० तेत्तीसं सा० सादिरे० । आहार०२ [जह०] णत्थि अंतरं । अज० जह० [उक्क०] अंतो० ।

२९२. भवसिद्धिया० ओघं । अब्भवसिद्धिया मदि०भंगो । सम्मादिट्ठी० ओधिभंगो । खइगस० पढमदंडओ ओधिभंगो । [असादा० अरदि-सोग-अथिर-असुभ-अजस० जह० जह० अंतो०, उक्क० तेत्तीससाग० सादिरे० । अज० जह० एग०, उक्क० अंतो० ।] अट्ठक० जह० जह० अंतो, उक्क० तेत्तीसं साग० सादि० । अज० ओधिभंगो । [दो] आयु० उक्कस्सभंगो । मणुसगदिपंचगस्स देवगदि०४ सुक्कभंगो । आहार०२ जह० णत्थि अंतरं । अज० जह० अंतो०, उक्क० तेत्तीसं साग० सादि० ।

समय है और उत्कृष्ट अन्तर दोनोंका कुछ कम इकतीस सागर है । मनुष्यायुका भङ्ग देवोंके समान है । मनुष्यगति पञ्चकके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम तेतीस सागर है । अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है । देवगति चतुष्कके जघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल नहीं है । अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक तेतीस सागर है । आहारकद्विकके जघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल नहीं है । अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है ।

विशेषार्थ—जिन प्रकृतियोंका केवल मिथ्यादृष्टि और सासादनसम्यग्दृष्टिके बन्ध होता है उनमेंसे यहाँ स्त्यानगृद्धि तीन, मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धी चारके अजघन्य स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तर और स्त्रीवेद आदिके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम इकतीस सागर कहा है सो यह नौवें ग्रैवेयकमें प्रारम्भमें और अन्तमें मिथ्यादृष्टि रखकर ले आना चाहिए । तथा मनुष्यगतिपञ्चकके जघन्य स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम तेतीस सागर देवोंमें प्रारम्भमें और अन्तमें जघन्य स्थितिबन्ध कराके ले आना चाहिए । देवगतिचतुष्कका देवोंके बन्ध नहीं होनेसे उत्कृष्ट अन्तर प्राप्त होता है ।

२९२. भव्य जीवोंका भङ्ग ओघके समान है । अभव्य जीवोंका भङ्ग मत्यज्ञानियोंके समान है । सम्यग्दृष्टियोंका भङ्ग अवधिज्ञानियोंके समान है । क्षायिकसम्यग्दृष्टियोंमें प्रथम दण्डकका भङ्ग अवधिज्ञानियोंके समान है । असातावेदनीय, अरति, शोक, अस्थिर, अशुभ और अयशःकीर्तिके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक तेतीस सागर है । अजघन्य स्थितिबन्ध जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है । आठ कषायोंके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक तेतीस सागर है । अजघन्य स्थितिबन्धका भङ्ग अवधि ज्ञानियोंके समान है । दो आयुओंका भङ्ग उत्कृष्टके समान है । मनुष्यगतिपञ्चक और देवगति चतुष्कका भङ्ग शुक्ललेश्याके समान है । आहारकद्विकके जघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल नहीं है । अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक तेतीस सागर है ।

---

१. मूलप्रतौ जह० अज्ज० णत्थि इति पाठः ।

२९३. वेदगे धुविगाणं जह० ट्ठिदि० णत्थि अंतरं। अज० जह० उक्क० अंतो०। सादा०-हस्स-रदि-थिर-सुभ-जस० जह० णत्थि अंतरं। अज० जह० एग०, उक्क० अंतो०। असादा०-अरदि-सोग-अथिर-असुभ-अजस० जह० [जह०] अंतो०, उक्क० छावट्ठि साग० देसू०। अज० जह० एग०, उक्क० अंतो०। अट्ठक० जह० जह० अंतो०, उक्क० छावट्ठि०देसू०। अज० जह० अंतो०, उक्क० पुव्वकोडी देसू०। दोआयु० उक्कस्सभंगो। मणुसगदिपंचगस्स जह० जह० अंतो०, उक्क० छावट्ठिसाग० देसू०। अज० जह० एग०, उक्क०[1] पुव्वकोडी। देवगदि०४ जह० णत्थि अंतरं। अज० जह० पलिदो० सादि०, उक्क० तेत्तीसं सा०। अथवा जह० जह० अंतो०, उक्क० छावट्ठि-साग० देसू०। अज० जह० एग०, उक्क० तेत्तीसं साग० सादि०। आहारदुगं जह० ट्ठि० णत्थि अंतरं। अज० जह० अंतो०, उक्क० तेत्तीसं सा०। तित्थय०

विशेषार्थ—अप्रत्याख्यानावरण चार और प्रत्याख्यानावरण चारका जघन्य स्थितिबन्ध मनुष्यके होता है। जीव इनका जघन्य स्थितिबन्ध करके और मर कर तेतीस सागरकी आयुवाला देव होता है। पुनः वहाँसे आकर और मनुष्य होकर पुनः इनका जघन्य स्थितिबन्ध करता है उसके इनके जघन्य स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तर साधिक तेतीस सागर उपलब्ध होनेसे वह उक्त प्रमाण कहा है। इसी प्रकार आहारकद्विकके अजघन्य स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तरकाल ले आना चाहिए। शेष कथन स्पष्ट ही है।

२९३. वेदक सम्यक्त्वमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल नहीं है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। सातावेदनीय, हास्य, रति, स्थिर, शुभ, और यशःकीर्तिके जघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल नहीं है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। असातावेदनीय अरति, शोक, अस्थिर, अशुभ और अयशःकीर्तिके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम छयासठ सागर है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। आठ कषायोंके जघन्य स्थितिबंधका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम छयासठ सागर है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम एक पूर्वकोटि है। दो आयुओंका भङ्ग उत्कृष्टके समान है। मनुष्यगतिपञ्चकके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम छयासठ सागर है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर एक पूर्वकोटि है। देवगतिचतुष्कके जघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल नहीं है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर साधिक एक पल्य है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक तेतीस सागर है। अथवा जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम छयासठ सागर है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक तेतीस सागर है। आहारकद्विकके जघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल नहीं है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक तेतीस सागर

१. मूलप्रतौ उक्क० अंतो० पुव्वकोडी देसू० सादि० देवगदि० इति पाठः।

धुविगाहि सह कादव्वा । धुविगाणं अथवा जह० जह० अंतो०, उक्क० छावट्ठि० देसू० । अज० जह० एग०, उक्क० अंतो० । सेसाणं आयु०-तित्थयरवज्जाणं सव्वपगदीणं जह० ट्ठिदि० [जह०] अंतो०, उक्क० छावट्ठि० देसू० । अज० ओधिभंगो । तित्थय० जह०[1] जह० अंतो०, उक्क० तेत्तीसं सा० सादि० । अज० जह० एग०, उक्क० अंतो० ।

है । तीर्थङ्कर प्रकृतिकी ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके साथ गणना करनी चाहिये । अथवा ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम छ्यासठ सागर है । अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है । आयु और तीर्थंकर प्रकृतिके सिवा शेष सब प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम छ्यासठ सागर है । अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तर अवधिज्ञानके समान है । तीर्थंकर प्रकृतिके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक तेतीस सागर है । अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है ।

विशेषार्थ—वेदसम्यक्त्वमें सब प्रकृतियोंके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल दो प्रकारसे बतलाया है । सर्वप्रथम कृतकृत्यवेदक सम्यग्दृष्टि विवक्षित प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका स्वामी होता है इस दृष्टिको ध्यानमें रखकर अन्तरकाल कहा है । इस अपेक्षासे ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियों और दूसरे दण्डकमें कही गई साता आदि प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका अन्तर उपलब्ध नहीं होता है । वेदकसम्यक्त्वका उत्कृष्ट काल कुछ कम छ्यासठ सागर होनेसे यहाँ असाता आदिके जघन्य स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम छ्यासठ सागर कहा है । प्रारम्भमें और अन्तमें जघन्य स्थितिबन्ध करानेसे यह अन्तरकाल उपलब्ध होता है । इसी प्रकार आठ कषायोंके जघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल प्राप्त करना चाहिए । संयमासंयम और संयमका उत्कृष्ट काल कुछ कम पूर्वकोटि होनेसे यहाँ आठ कषायोंके अजघन्य स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम एक पूर्वकोटि कहा है । मनुष्यगतिपञ्चकका जघन्य स्थितिबन्ध सर्वविशुद्ध देव और नारकीके होता है, इसलिए यहाँ इसके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त कहा है, क्योंकि ये परिणाम अन्तर्मुहूर्तके बाद पुनः हो सकते हैं और यदि ये परिणाम वेदक सम्यक्त्वके कालके प्रारम्भमें और अन्तमें होते हैं तो इनके जघन्य स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम छ्यासठ सागर उपलब्ध होनेसे वह उक्त प्रमाण कहा है । तथा इनके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य काल एक समय है, इसलिए अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय कहा है और जो वेदक सम्यग्दृष्टि देव मर कर मनुष्य होता है और एक पूर्वकोटिप्रमाण आयुको बिताकर पुनः देव होता है उसके इन पाँच प्रकृतियोंके अजघन्य स्थितिबन्धका उत्कृष्ट अन्तर एक पूर्वकोटि देखा जाता है, इसलिए वह उक्त प्रमाण कहा है । देवगति चतुष्कका जघन्य स्थितिबन्ध जब कृतकृत्य वेदक सम्यग्दृष्टिके होता है तब इसके अन्तरकाल उपलब्ध नहीं होनेसे उसका निषेध किया है । और देवोंमें इन चार प्रकृतियोंका बन्ध नहीं होता, अतएव यहाँ अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य

---

१. जह० एग० अंतो इति पाठः ।

२९४. उवसम० पढमदंडओ ओधिभंगो। असादा०-अरदि-सोग-मणुसगदि-पंचगस्स० अथिर-असुभ-अजस० जह० जह० उक्क० अंतो०। अज जह० एग०, उक्क० अंतो०। अट्ठक० जह०[1] [अजह०] जह० उक्क० अंतो०। देवगदि०४-आहार०२-तित्थय० जह० णत्थि अंतरं। अज० जह० उक्क० अंतो०। णवरि तित्थय० अज० जह० एग०, उक्क० अंतो०।

अन्तर साधिक एक पल्यप्रमाण और उत्कृष्ट अन्तर साधिक तेतीस सागर उपलब्ध होनेसे यह उक्त प्रमाण कहा है। अथवा अप्रमत्तके इनका जघन्य स्थितिवन्ध मानने पर जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम छ्यासठ सागर उपलब्ध होनेसे वह उक्त प्रमाण कहा है। यहाँ जघन्य अन्तर प्रमत्त गुणस्थानसे अन्तरित करके ले आना चाहिए और उत्कृष्ट अन्तर लानेके लिए कुछ कम छ्यासठ सागर कालके प्रारम्भमें और अन्तमें जघन्य स्थितिवन्ध करा कर ले आना चाहिए। इनके अजघन्य स्थितिवन्धका जघन्य अन्तर एक समय तक जघन्य स्थितिवन्ध करानेसे उपलब्ध होता है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक तेतीस सागर लाते समय उपशम श्रेणी पर आरोहण करा कर और उतार कर देवगति चतुष्कके बन्ध होने के एक समय पूर्व मरण करा कर तेतीस सागरकी आयुवाले देवोंमें उत्पन्न करानेसे प्राप्त होता है, इसलिए यह उक्त प्रमाण कहा है। इसी प्रकार आगे भी अन्तरकालका विचार कर लेना चाहिये।

२९४. उपशमसम्यग्दृष्टि जीवोंमें प्रथम दण्डकका भङ्ग अवधिज्ञानके समान है। असातावेदनीय, अरति, शोक, मनुष्यगतिपञ्चक, तथा अस्थिर, अशुभ और अयशःकीर्तिके जघन्य स्थितिवन्धका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। अजघन्य स्थितिवन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। आठ कषायोंके जघन्य और अजघन्य स्थितिवन्धका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। देवगतिचतुष्क, आहारकद्विक और तीर्थङ्कर प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिवन्धका अन्तरकाल नहीं है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। इतनी विशेषता है कि तीर्थङ्कर प्रकृतिके अजघन्य स्थितिवन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है।

विशेषार्थ—यहां देवगतिचतुष्क आदि सात प्रकृतियोंका जघन्य स्थितिवन्ध उपशम श्रेणीमें होता है, इसलिए उसके अन्तरकालका निषेध किया है और उपशमश्रेणीपर आरोहण कर उतरनेमें अन्तर्मुहूर्त काल लगता है, इसलिए इनके अजघन्य स्थितिवन्धका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त कहा है, क्योंकि अपूर्वकरणके विवक्षित भागमें इनकी बन्धव्युच्छित्ति होनेपर उपशम श्रेणीसे उतरकर पुनः उसी भागको प्राप्त होनेतक इन प्रकृतियोंका बन्ध नहीं होता। आहारकद्विकका अन्तरकाल प्रमत्तगुणस्थानमें लाकर और पुनः अप्रमत्त गुणस्थामें ले जानेसे भी प्राप्त किया जा सकता है। मात्र जो जीव अपूर्वकरणमें एक समयके लिए तीर्थङ्कर प्रकृतिका अवन्धक होकर और दूसरे समयमें मरकर देव होकर पुनः उसका वन्ध करने लगता है उसके तीर्थङ्कर प्रकृतिके अजघन्य स्थितिवन्धका जघन्य अन्तर एक समय उपलब्ध होनेसे वह उक्तप्रमाण कहा है। शेष कथन सुगम है।

---

१. मूलप्रतौ जह० अंतो० जह० इति पाठः।

२६५. सासणे तिणिण आयु० जह० अज० णत्थि अंतरं । सेसाणं सव्वपग० जह० णत्थि अंतरं । अज० जह० एग०, उक्क० अंतो० ।

२६६. सम्मामि० धुविगाणं जह० अज० णत्थि अंतरं । सादा०-हस्स-रदि-थिर-सुभ-जस० जह० णत्थि अंतरं । अज० जह० एग०, उक्क० अंतो० । तप्पडिपक्खाणं जह० ट्ठिदि० जहण्णु० अंतो० । अज० जह० एग०, उक्क० अंतो० । मिच्छादिट्ठी० मदि०भंगो ।

२६७. सण्णीसु पंचणा०-छदंसणा०-सादासा०-चदुसंज०-सत्तणोक०-पंचिंदि०-तेजा०-क०-समचदु०-वण्ण०४-अगु०४-पसत्थवि०-तस०४-थिराथिर-सुभासुभ-सुभग-सुस्सर-आदे०-जस०-अजस०-णिमि०-तित्थय०-पंचंत० जह० ट्ठिदि० णत्थि अंतरं । अज० जह० एग०, उक्क० अंतो० । थीणगिद्धि०३-मिच्छ०-अणंताणुबंधि०४ जह० ट्ठिदि० णत्थि अंतरं । अज० जह० अंतो०, उक्क० बेछावट्ठि साग० देसू० । एवं इत्थिवे० जह० ट्ठिदि० णत्थि अंतरं । अज० ओघं । अट्ठकसा० जह० णत्थि अंतरं । अज० जह० अंतो०, उक्क० पुव्वकोडी देसू० । णवुंस०-पंचसंठा०-पंचसंघ०-

---

२९५. सासादनसम्यक्त्वमें तीन आयुओंके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तर काल नहीं है । शेष सब प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका अन्तर काल नहीं है । अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है ।

२९६. सम्यग्मिथ्यादृष्टि जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तर काल नहीं है। सातावेदनीय, हास्य, रति, स्थिर, शुभ और यशःकीर्तिके जघन्य स्थितिबन्धका अन्तर काल नहीं है । अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है । तथा इनकी प्रतिपक्ष प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है । अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है । मिथ्यादृष्टियोंमें सब प्रकृतियोंका भङ्ग मत्यज्ञानियोंके समान है ।

विशेषार्थ—यहाँ स्वामित्वका विचारकर अन्तरकाल ले आना चाहिए ।

२९७. संज्ञी जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, सातावेदनीय, असातावेदनीय, चार संज्वलन, सात नोकषाय, पञ्चेन्द्रिय जाति, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, समचतुरस्र संस्थान, वर्णचतुष्क, अगुरुलघु चतुष्क, प्रशस्तविहायोगति, त्रस चतुष्क, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, सुभग, सुस्वर, आदेय, यशःकीर्ति, अयशःकीर्ति, निर्माण, तीर्थङ्कर और पाँच अन्तराय प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल नहीं है । अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है । स्त्यानगृद्धि तीन, मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धी चारके जघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल नहीं है । अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम दो छ्यासठ सागर है । इसी प्रकार स्त्रीवेदके जघन्य स्थितिबन्धका अन्तर काल नहीं है । अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तर ओघके समान है । आठ कषायोंके जघन्य स्थितिबन्धका अन्तर काल नहीं है । अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम एक पूर्वकोटि है । नपुंसकवेद, पाँच संस्थान, पाँच संहनन, अप्रशस्त

अप्पसत्थ०-दूभग-दुस्सर-अणादे०-णीचा० जह० णत्थि अंतरं। अज० जह० एग०, उक्क० वेछावट्ठि० सादि० तिण्णि पलिदो० देसू०। णिरय-देवायु० जह० [जह०] दस वस्ससहस्साणि सादि०, उक्क० सगट्ठिदी०। अज० अणु०भंगो। तिरिक्ख-मणुसायु० जह० जह० खुद्दाभव० समयू०, उक्क० सगट्ठिदी०। अज० जह० अंतो०, उक्क० सागरोवमसदपुधत्तं। णिरयग०-णिरयाणु० जह० जह० अंतो०, उक्क० सगट्ठिदी०। अज० जह० एग०, उक्क० पंचासीदिसागरोवमसदं०। तिरिक्खग०-तिरिक्खाणु०-उज्जो० जह० णत्थि अंतरं। अज० ओघं। मणुसगदि-देवगदि-वेउव्वि०-वेउव्वि०अंगो०-दोआणु०-उच्चा० जह० णत्थि अंतरं। अज० जह० एग०, उक्क० तेत्तीसं सा० सादि०। चदुजा०-आदाव-थावर०४ जह० णत्थि अंतरं। अज० ओघं। ओरालि०-ओरालि०अंगो०-वज्जरिसभ० जह० णत्थि अंतरं। अज० ओघं। आहार०२ जह० णत्थि अंतरं। अज० जह० अंतो०, उक्क० सगट्ठिदी०।

विहायोगति, दुर्भग, दुःस्वर, अनादेय और नीचगोत्रके जघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल नहीं है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक दो छ्यासठ सागर और कुछ कम तीन पल्य है। नरकायु और देवायुके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर साधिक दस हजार वर्ष है और उत्कृष्ट अन्तर अपनी स्थितिप्रमाण है। अजघन्य स्थितिबन्धका भङ्ग अनुत्कृष्टके समान है। तिर्यञ्चायु और मनुष्यायुके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय कम क्षुल्लकभवग्रहणप्रमाण है और उत्कृष्ट अन्तर अपनी स्थितिप्रमाण है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर सौ सागर पृथक्त्व प्रमाण है। नरकगति और नरकगत्यानुपूर्वीके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर अपनी स्थितिप्रमाण है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर एक सौ पचासी सागर है। तिर्यञ्चगति, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी और उद्योतके जघन्य स्थितिबन्धका अन्तर काल नहीं है। अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तर काल ओघके समान है। मनुष्यगति, देवगति, वैक्रियिक शरीर, वैक्रियिक आङ्गोपाङ्ग, दो आनुपूर्वी और उच्चगोत्रके जघन्य स्थितिबन्धका अन्तर काल नहीं है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक तेतीस सागर है। चार जाति, आतप और स्थावर चारके जघन्य स्थितिबन्धका अन्तर काल नहीं है। अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल ओघके समान है। औदारिक शरीर, औदारिक आङ्गोपाङ्ग और वज्रर्षभनाराचसंहननके जघन्य स्थितिबन्धका अन्तर काल नहीं है। अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल ओघके समान है। आहारकद्विकके जघन्य स्थितिबन्धका अन्तर काल नहीं है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर अपनी स्थितिप्रमाण है।

विशेषार्थ—यहाँ अलग-अलग प्रकृतियोंके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका जो अन्तरकाल कहा है उसका अन्य मार्गणाओंमें अनेक बार स्पष्टीकरण कर आये हैं उसे देखकर यहाँ अन्तरकालका विचार कर लेना चाहिए।

२९८. असण्णीसु पंचणा०-णवदंसणा०-सादासादा०-मिच्छ०-सोलसक०-णवणोक०-पंचजादि-तिण्णिसरीर-छस्संठा०-ओरालि०अंगो०-छस्संघ०-वण्ण०४-अगु०४-आदाव-दोविहा०-तस-थावरादिदसयुगल-णिमि०-पंचंत० जह० जह० अंतो०, उक्क० असंखेज्जा लोगा। अज० जह० एग०, उक्क० अंतो०। चदु आयु०-वेउव्वियछ०-मणुसग०-मणुसाणु०-उच्चा० तिरिक्खोघं। तिरिक्खग०-तिरिक्खाणु०-उज्जो०-णीचा० जह० जह० अंतो०, उक्क० अणंतकालं०। अज० जह० एग०, उक्क० अंतो०।

२९९. आहारगे खवगपगदीणं जह० णत्थि अंतरं। अज० जह० एग०, उक्क० अंतो०। थीणगिद्धि०३-मिच्छत्त-अणंताणुबंधि०४-इत्थि० जह० जह० अंतो०, उक्क० सगट्टिदी०। अज० ओघं। णिद्दा-पचला-असादा०-छण्णोक०-पंचिंदि०-तेजा०-क० समचदु०-वण्ण०४-अगु०४-पसत्थवि०-तस०४-थिराथिर-सुभासुभ-सुभग-सुस्सर-आदे०-[अजस०-]णिमि० जह० जह० अंतो०, उक्क० अंगुलस्स असंखे०। अज० जह० एग०, उक्क० अंतो०। अट्ठक० जह० जह० अंतो०, उक्क० सगट्टिदी०। अज० ओघं। णवुंस०-पंचसंठा०-पंचसंघ०-अप्पसत्थ०-दूभग-दुस्सर-अणादे०-णीचा०

---

२९८. असंज्ञी जीवोंमें, पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, सातावेदनीय, असातावेदनीय, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, नौ नोकषाय, पाँच जाति, तीन शरीर, छह संहनन, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, वर्णचतुष्क, अगुरुलघुचतुष्क, आतप, दो विहायोगति, त्रस और स्थावर आदि दस युगल, निर्माण और पाँच अन्तराय प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर असंख्यात लोकप्रमाण है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। चार आयु, वैक्रियिक छह, मनुष्यगति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, और उच्चगोत्रके जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल सामान्य तिर्यञ्चोंके समान है। तिर्यञ्चगति, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, उद्योत और नीचगोत्रके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर अनन्तकाल है जो असंख्यात पुद्गल परिवर्तन प्रमाण है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है।

२९९. आहारक जीवोंमें क्षपक प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल नहीं है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। स्त्यानगृद्धि तीन, मिथ्यात्व, अनन्तानुबन्धी चार और स्त्रीवेदके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर अपनी स्थितिप्रमाण है। अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तर ओघके समान है। निद्रा, प्रचला, असातावेदनीय, छह नोकषाय, पञ्चेन्द्रिय जाति, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, समचतुरस्र संस्थान, वर्णचतुष्क, अगुरुलघुचतुष्क, प्रशस्त विहायोगति, त्रस चतुष्क, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, सुभग, सुस्वर, आदेय, अयशःकीर्ति और निर्माणके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर अङ्गुलके असंख्यातवें भाग प्रमाण है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। आठ कषायोंके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर अपनी स्थितिप्रमाण है। अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल ओघके समान है। नपुंसकवेद, पाँच संस्थान, पाँच संहनन, अप्रशस्त विहायोगति, दुर्भग,

जह० ट्ठिदि० जह० अंतो०, उक्क० सगट्ठिदी० । अज० ओघं। णिरय-देवायु० जह० ट्ठिदि० जह० दसवस्ससहस्साणि सादि०, उक्क० सगट्ठिदी० । अज० जह० अंतो०, उक्क० अंगुलस्स असंखे० । तिरिक्खायु० जह० ट्ठिदि० जह० खुद्दाभव० समयू०, उक्क० वेसाग० सहस्साणि सादिरे० । अज० जह० अंतो०, उक्क० सागरोवमसद-पुधत्तं । मणुस० जह० जह० खुद्दाभव० समयू०, उक्क० सगट्ठिदी० । अज० जह० अंतो०, उक्क० अंगुलस्स असं० । वेउव्वियछक्क-मणुसग०-मणुसाणु जह० जह० अंतो०, उक्क० सगट्ठिदी० । [अजह० जह० एग०, उक्क० पुव्वकोडी] तिरिक्खग०-तिरि-क्खाणु०-उज्जो० जह० ट्ठिदि० जह० अंतो०, उक्क० सगट्ठिदी० । अज० ओघं । चदुजादि-आदाव-थावरादि०४ जह० ट्ठिदि० जह० अंतो०, उक्क० सगट्ठिदी० । अज० ओघं । ओरालि०-ओरालि०अंगो०-वज्जरिसभ० जह० जह० अंतो०, उक्क० सगट्ठिदी० । अज० ओघं । आहार०२ जह० ट्ठिदि० णत्थि अंतरं । अज० जह० अंतो०, उक्क० सगट्ठिदी० । अणाहार० कम्मइगभंगो । अंतरं समत्तं ।

दुःस्वर, अनादेय और नीचगोत्रके जघन्य स्थितिवन्धका जघन्य अन्तर अन्तमुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर अपनी स्थितिप्रमाण है। अजघन्य स्थितिवन्धका अन्तर ओघके समान है। नरकायु और देवायुके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर साधिक दस हजार वर्ष है और उत्कृष्ट अन्तर अपनी स्थितिप्रमाण है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तमुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर अङ्गुलके असंख्यातवें भागप्रमाण है। तिर्यञ्चायुके जघन्य स्थितिवन्धका जघन्य अन्तर एक समय कम क्षुल्लकभवग्रहण प्रमाण है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक दो हजार सागर है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तमुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर सौ सागर पृथक्त्व है। मनुष्यायुके जघन्य स्थितिवन्धका जघन्य अन्तर एक समय कम क्षुल्लक भवग्रहण प्रमाण है और उत्कृष्ट अन्तर अपनी स्थितिप्रमाण है। अजघन्य स्थितिवन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर अङ्गुलके असंख्यातवें भागप्रमाण है। वैक्रियिक छह, मनुष्यगति और मनुष्यगत्यानुपूर्वीके जघन्य स्थितिवन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर अपनी स्थितिप्रमाण है। अजघन्य स्थितिवन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर एक पूर्व कोटिवर्ष प्रमाण है। तिर्यञ्चगति, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी और उद्योतके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर अपनी स्थितिप्रमाण है। अजघन्य स्थितिवन्धका अन्तर काल ओघके समान है। चार जाति, आतप और स्थावर आदि चारके जघन्य स्थितिवन्धका जघन्य अन्तर अन्तमुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर अपनी स्थितिप्रमाण है। अजघन्य स्थितिवन्धका अन्तर काल ओघके समान है। औदारिक शरीर, औदारिक आङ्गोपाङ्ग और वज्रर्षभनाराच संहननके जघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर अपनी स्थितिप्रमाण है। अजघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल ओघके समान है। आहारकद्विकके जघन्य स्थितिबन्धका अन्तरकाल नहीं है। अजघन्य स्थितिबन्धका जघन्य अन्तर अन्तमुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर अपनी स्थितिप्रमाण है। अनाहारक जीवोंमें अपनी सब प्रकृतियोंके जघन्य और अजघन्य स्थितिवन्धका अन्तर काल कार्मणकाययोगी जीवोंके समान है।

इस प्रकार अन्तरकाल समाप्त हुआ।

भारतीय ज्ञानपीठके सुरुचिपूर्ण प्रकाशन

[हिन्दी ग्रन्थ]

१. मुक्तिदूत [उपन्यास]—अञ्जना-पवनञ्जयकी पुण्यगाथा	५)
२. पथचिह्न [स्वर्गीया बहिनके पवित्र संस्मरण और युगविश्लेषण]	२)
३. दो हजार वर्ष पुरानी कहानियाँ	३)
४. पाश्चात्य तर्कशास्त्र [अप्राप्य]	६)
५. शेरो-शायरी [उर्दूके सर्वोत्तम १५०० शेर और १६० नज़्म]	८)
६. मिलनयामिनी [बच्चनजीके नवीनतम गीत]	४)
७. वैदिक साहित्य [वेदोंपर हिन्दीमें साधिकार मौलिक विवेचन]	६)
८. मेरे बापू [महात्मा गाँधीके प्रति श्रद्धाञ्जलि]	२॥)
९. पंच प्रदीप [श्री शान्ति एम० ए० के मधुर गीत]	२)
१०. भारतीय विचारधारा [भारतीय दर्शनका महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ]	२)
११. ज्ञानगंगा [संसारके महान् साधकोंकी सूक्तियोंका अक्षय भण्डार]	६)
१२. गहरे पानी पैठ [सूक्तिरूपमें ११८ मर्मस्पर्शी कहानियाँ]	२॥)
१३. वर्द्धमान [महाकाव्य]	६)
१४. शेर-ओ-सुख़न [उर्दू शायरीका प्रामाणिक इतिहास]	८)
१५. जैन-जागरणके अग्रदूत	५)
१६. हमारे आराध्य	३)
१७. संस्मरण	३)
१८. रेखाचित्र	४)
१९. भारतीय ज्योतिष [ज्योतिष शास्त्रका प्रामाणिक ग्रन्थ]	६)
२०. रजतरश्मि [डॉ० वर्माके ५ एकांकी नाटक]	२॥)
२१. आकाशके तारे : धरतीके फूल	२)
२२. आधुनिक जैन कवि [श्रीमती रमा जैन]	३॥)
२३. जैनशासन [जैनधर्मका परिचय तथा विवेचन करनेवाली सुन्दर रचना]	३)
२४. कुन्दकुन्दाचार्यके तीन रत्न [अध्यात्मवादका अद्भुत ग्रन्थ]	२)
२५. हिन्दी जैन साहित्यका संक्षिप्त इतिहास	२॥=)

[प्राकृत, संस्कृत ग्रंथ]

२६. महाबन्ध [महाधवल सिद्धान्त शास्त्र]—प्रथम भाग, हिन्दी अनुवाद सहित	१२)
२७. महाबन्ध—[महाधवल सिद्धान्तशास्त्र]—द्वितीय भाग	११)
२८. करलक्खण [सामुद्रिक शास्त्र]—हस्तरेखा विज्ञानका नवीन ग्रन्थ [स्टाक समाप्त]	१)
२९. मदनपराजय [भाषानुवाद तथा ७८ पृष्ठकी विस्तृत प्रस्तावना]	८)
३०. कन्नडप्रान्तीय ताडपत्रीय ग्रन्थसूची	१३)
३१. न्यायविनिश्चय विवरण [प्रथम भाग]	१५)
३२. तत्त्वार्थवृत्ति [श्रुतसागर सूरिरचित टीका । हिन्दी सार सहित]	१६)
३३. आदिपुराण भाग १ [भगवान् ऋषभदेवका पुण्य चरित्र]	१०)
३४. आदिपुराण भाग २ [भगवान् ऋषभदेवका पुण्य चरित्र]	१०)
३५. नाममाला सभाष्य	३॥)
३६. केवलज्ञानप्रश्नचूडामणि [ज्योतिष ग्रन्थ]	४)
३७. सभाष्यरत्नमंजूषा [छन्दशास्त्र]	२)
३८. समयसार—[अंग्रेजी]	८)
३९. थिरुकुरल—तामिल भाषाका पञ्चमवेद [तामिल लिपि]	४)
४०. वसुनन्दि-श्रावकाचार	५)
४१. तत्त्वार्थवार्तिक [राजवार्तिक] भाग १	१२)
४२. जातक [प्रथम भाग] सा० ८)वि०	९)

भारतीय ज्ञानपीठ, दुर्गाकुण्ड रोड, बनारस ५

हमारे सुरुचिपूर्ण प्रकाशन

[मूर्त्तिदेवी जैन संस्कृत, प्राकृत ग्रंथमाला]

१. महाबन्ध [महाधवल सिद्धान्त] १२)
२. मदन पराजय ८)
३. कन्नड प्रान्तीय ताडपत्रीय ग्रंथसूची १३)
४. न्यायविनिश्चय विवरण [प्रथम भाग] १५)
५. तत्त्वार्थवृत्ति [हिन्दीसार सहित] १६)
६. सभाष्य रत्नमंजूषा २)
७. नाममाला सभाष्य ३॥)
८. केवलज्ञानप्रश्नचूडामणि ४)
९. आदिपुराण [प्रथम भाग] १०)
१०. आदिपुराण [द्वितीय भाग] १०)
११. वसुनन्दि-श्रावकाचार ५)
१२. तत्त्वार्थवार्तिक [राजवार्तिक] भाग १ १२)
१३. समयसार [अंग्रेजी] ८)
१४. थिरुक्कुरल (तामिल भाषाका पंचमवेद) ५।
१५. जातक (प्रथम भाग) मूल अट्ठकथा सहित सा० मू० ८) वि० मू० ९)

[मूर्त्तिदेवी जैन हिन्दी ग्रंथमाला]

१. आधुनिक जैन कवि ३॥)
२. जैन शासन [द्वितीय संस्करण] ३।
३. हिन्दी जैन साहित्यका संक्षिप्त इतिहास २॥=)
४. कुन्दकुन्दाचार्यके तीन रत्न २)

[लोकोदय हिन्दी ग्रंथमाला]

१. मुक्तिदूत [पौराणिक रोमांस] ५)
२. दो हजार वर्ष पुरानी कहानियाँ ३)
३. पथचिह्न [स्मृति रेखाएँ] २)
४. शेर-ओ-शायरी [द्वितीय संस्करण] ८)
५. मिलन यामिनी [गीत] ४)
६. वैदिक साहित्य ६)
७. मेरे बापू २॥)
८. पंच-प्रदीप [गीत] २)
९. भारतीय विचारधारा २)
१०. ज्ञानगंगा [श्रेष्ठतम सूक्तियाँ] ६)
११. गहरे पानी पैठ २॥)
१२. वर्द्धमान ६)
१३. शेर-ओ-सुखन [भाग १] ८)
१४. जैन-जागरणके अग्रदूत ५)
१५. हमारे आराध्य ३)
१६. रजतरश्मि २॥)
१७. भारतीय ज्योतिष ६)
१८. संस्मरण ३)
१९. आकाशके तारे : धरतीके फूल २)
२०. रेखाचित्र ४)

भारतीय ज्ञानपीठ, दुर्गाकुण्ड रोड, बनारस ५